अप्सरोलोकवर्णनम्—नवमेऽध्याये अप्सरसो लोकस्य तत्रत्यसुखवैभवस्याप्सरोयोनिजनेः पुण्यकर्मणाम्, सौरलोकस्य, गायत्री महामन्त्रमहिम्नः, सन्ध्याकरणस्येत्यादीनां शास्त्रानुसारि वर्णनं लभ्यते । अस्मिन्नध्याये सौरमहिम्नो वर्णनप्रसङ्गे सूर्यस्य सप्ततिनाम्नामुल्लेखो विहितः, फलश्रुतिसहितः ७७ तमश्लोकादारभ्य ८४ तमश्लोकपर्यन्तम् । यैर्यथोक्तविधानेनादित्यं प्रत्यर्घसमर्पणेन रोगीजनो विनौषधैर्विना वैद्यैर्विना पथ्यपरिग्रहैर्व्याधिभिर्मुच्यते—इत्यनुभवसिद्धम् ।

(१०)

अमरावत्या ज्योतिष्मत्याः प्रसङ्गः—दशमेऽध्यायेऽस्य ग्रन्थस्येन्द्रपुर्या अमरावत्याः (स्वर्गस्य) विस्तरेण वर्णनं विद्यते । तत्रत्यवैभवानां कामधेनु-कल्पलता-कल्पवृक्षादीनाम्, तत्रस्थस्य मणिमयमार्गस्य, रत्नमयवृक्षाणाम्, महेन्द्रस्य रथाश्वगजेन्द्रादीनाम्, देवराजसभाया वर्णनं महताऽभिनिवेशेनोपश्लोकितम् । ततश्च अर्चिष्मत्याः (ज्योतिष्मत्या वैश्वानरपुर्याः=अग्निनगर्या वा) सवैभवं समाहात्म्यं चारुतरं चित्रणं पुराणकारेण कृतम् । अस्मिन्नेव प्रसङ्गे अग्नेर्देवस्य माहात्म्यम्, गृहस्थाश्रमस्य महत्त्वं सकलेषु चाश्रमेषु तस्य श्रेष्ठत्वं महिष्ठत्वं गरिष्ठत्वं च श्रुतिस्मृतिप्रमाणैर्निरूपितम् । तत्रैव च अग्निरूपस्य वैश्वानरस्योत्पत्तिप्रसङ्गे विश्वानरमुनेः सपत्नीकस्य कथोल्लिखिता वर्त्तते । सा तत एव पारायणपरायणैर्ज्ञेया ।

अस्मिन्नध्याये भगवतो वीरेश्वरस्य महादेवस्य प्रसादाय विश्वानरमुनिकृतमभिलाषाष्टकं स्तोत्रं पुत्रदं सर्वसिद्धिदं चेति साम्प्रदायिकाः ।

एतस्मिन्नध्याये वीरेश्वरमहादेवसन्दर्भ एकमनुमानमत्रोपस्थापयामि । दक्षिणदेशस्य वीरशैवमतानुयायिनां शैवानामत्र काश्यां जङ्गममठः सर्वेषु तेषां मठेषु प्राचीनतमः । वीरशैवानां तेषां समुपास्यरूपेण कदाचित् काशीखण्डरचनाकाले वीरेश्वरस्य पूजा प्रचलिताऽऽसीत्, यतोऽत्रैकस्मिन् प्रसङ्गे महादेवस्य सदाशिवेति नाम्न उल्लेखोऽस्तीत्यलमतिविस्तरेण ।

(११)

अग्निलोकस्य विस्तरेण वर्णनम्—एकादशेऽस्मिन्नध्याये गृहपतिनामकस्य पुत्रस्योत्पत्तिविषयकमाख्यानं नारदेन च तस्य पुत्रस्य स्वल्पायुष्ट्वं सूचितम्[१] । अयं विश्वानरतनुजो महातेजस्वी, अलौकिकव्यक्तित्वसमृद्धोऽतीवमेधावी प्रतिभाशाली चासीत्; परन्तु तस्य शरीरपरिवर्तनं वयसि द्वादशे वर्षे विधिना निर्धारितम् । विलपन्तौ पितरौ समाश्वस्य काशीं गत्वा गृहपतिः स्वकीयेनाद्भुतेन तपसा शिवं प्रसादयामास[२] । मध्ये च शतक्रतुरागत्य तं प्रलोभयामास, असफलत्वात् स तं वज्रस्य तेजसा तर्जयन् मूर्च्छितमकरोत् । अन्ततश्च तपसाऽर्चनेन प्रसन्नः शङ्करः प्रकटीभूय वरप्रदानेन तं वैश्वानरं गृहपतिमग्निपदमाग्नेयदिशश्च लोकपालं विधायामरकीर्तिमन्तं चकार । अस्मिन्नध्यायेऽग्नेर्महत्त्वमपि वर्णितमस्ति ।

(१२)

नैर्ऋतवरुणलोकपालयोस्तयोर्दिशश्च वृत्तम्—द्वादशेऽध्याये नैर्ऋतलोकस्य वरुणलोकस्य चोपाख्यानं विस्तारपूर्वकं लिखितं वर्तते । कथं पिङ्गाक्षो धार्मिकः सदाचारी पथिकजनमार्गागतपरिपन्थिनो नाशयन् शत्रुभिर्निधनं प्राप्य नैर्ऋतस्य दिशो लोकपालत्वमवापेति मिषेण नैर्ऋतलोकस्य वर्णनं कृतम् ।

अतः परमस्मिन्नेवाध्याये कर्दममुनेः पुत्रो विनीतो मेधावी कथं यादसां पतिरपांपतिः पाशपाणिर्वरुणो बभूव । कथं च स मणिकर्णिकेश्वरस्य नैर्ऋत्यदिग्देशे शिवलिङ्गं वरुणेश्वरं वाराणस्यां स्थापयामास, तस्य च पूजादिकं कृतवानित्यादि-

१. एतस्य जन्मकाले मुनिमन्दिरे देवा गन्धर्वा विद्याधरा अप्सरसः प्रजापतयो मुनयो ब्रह्मर्षि-राजर्षि-देवर्षिप्रभृतयः समुपस्थिता आसन् । यथाशक्यं तेषु प्रमुखाणामिह नामोल्लेखो जिज्ञासुभिर्द्रष्टव्यः ।

२. अत्रापि विस्तरेण काशीमहिमा वर्णिता वर्त्तते ।

कथा विस्तरेण वर्णिताऽस्ति । वरुणपूजनस्य माहात्म्यं वरुणेश्वरपूजनस्य महत्फलं तदध्यायपठनादेवावगन्तव्यम्[१] ।

इत्थं चास्मिन् द्वादशेऽध्याये नैर्ऋतवरुणलोकयोः नैर्ऋत्यदिक्पाल-वारुणी-दिक्पालयोश्चोपाख्याने वर्णिते । तयोरेव मिषेण काश्याः काश्यां शिवलिङ्गस्था-पनपूजनप्रभृतीनां सविधानं फलकथनं प्रवर्णितम् ।

(१३)

वायुकुबेरयोर्गन्धवत्यलकापुर्योश्च वृत्तान्तम्—त्रयोदशे काशीखण्डस्याध्याये वायुदेवस्य वायव्यदिक्पालस्य तस्य गन्धवतीनगर्या गुह्यकेश्वरस्योदीचीदिक्पालस्य कौबेरीदिङ्नाथस्य कुबेरस्यालकापुर्याश्च वर्णनं वर्तते ।

पुरा काश्यपदायादः पूतात्माख्यो वाराणस्यां पवनेश्वरं महादेवलिङ्गं संस्थाप्य तदपूजयत् । अस्य कथाप्रसङ्ग उक्तम्—

ज्ञानशक्तिर्भवानीश इच्छाशक्तिरुमा स्मृता ।
क्रियाशक्तिरिदं विश्वं तस्य त्वं कारणं ततः ।। (का०ख० १३।१८)

इत्थमिह पूर्वोक्तशक्तित्रयजुष्टस्य शैवदर्शनवादिनो महेश्वरस्य परोक्षरूपेण निर्देशो लभ्यते । भगवाँच्छिवः पवनं प्रत्याशीर्वचनं वदताऽघोषयद् यत्सर्वेषा-मायुषो रूपं भवानेव भविष्यतीति । ततो वायुलोकपालस्य मरुद्देवस्य लोकपालत्वं वायव्यदिशि वर्णितम् । एतदग्रे चालकापुरीं दर्शयन्तौ विष्णुदूतौ यक्ष-(गन्धर्व-किन्नर-गुह्यकप्रभृति) पतेर्विश्वश्रवसः सुतस्य कथा समुपस्थापिता । तत्र कुबेरस्यै-कतो वैभवस्य, शिवसखित्वप्राप्तेरलकाधिपतित्वस्य वर्णनमस्ति । अपरतश्चैकस्य कुबेरनेत्रस्य हानेः कुत्सितशरीरवत्त्वस्य चोल्लेखो विद्यते । कुबेरेश्वरस्य शिवलिङ्ग-स्य वाराणस्यां प्रतिष्ठापनादिकं विस्तरेणात्र लभ्यते ।

(१४)

दिव्यस्येशानलोकस्य चन्द्रलोकस्य च विवरणम्—चतुर्दशे काशीखण्ड-स्याध्याये प्रथममीशानलोकस्य (ऐशान्या दिशो लोकपालस्य) वर्णनमस्ति, यत्र तपोधना रुद्रभक्ताः सततं निवसन्ति । ते सदा शिवस्मरणसक्ताः शिवपूजारतास्त-

---

१. वैदिकेषु देवेषु वरुणदेवस्य स्थानमनुपमम् । स खलु नैतिकतायाः, सदाचारस्य, न्यायस्य, दण्डविधानादिकस्य च महान् देवः । यद्यपि इन्द्राग्न्योरपेक्षया तस्य सूक्तानि स्वल्पसंख्यकानि, तथापि मन्ये, तस्य महिष्ठत्वं नाल्पम् । अपि चास्माकं संस्कारेषु, यज्ञेषु, किं बहुना सत्यनारायणकथादिष्वपि कलशपूजनस्य (यस्मिन् कलशे सर्वे देवा अधिष्ठिताः, तस्य पूजनस्य) सर्वाधिकं महत्त्वं लक्ष्यते ।

स्थुः । एतस्मिन् रुद्रपुरे रुद्ररूपधराः सन्तो वासं कुर्वन्ति, येषु एकादशरुद्रास्त्रि-शूलोद्यतपाणयः 'अज-एकपाद-अहिर्बुध्न्यादयः' आसन् । इमे वाराणसीं निवसन्तम् ईशानेश्वराख्यं शिवलिङ्गं संस्थाप्य तं पूजयन्तस्तपश्चरन्ति स्म ।

तदनन्तरं शिवशर्मा दिवाकाल एव चन्द्रिकोज्ज्वलं लोकं पश्यन् जिज्ञासितवान्, तस्य विषये । देवदूतौ तं विज्ञापयाञ्चक्रतुर्यदयमेव लोकः कलानिधेश्चन्द्रस्य, यस्य स्वामिना सुधांशुना स्वकीयैः पीयूषवर्षिभी रश्मिभिर्जगदाप्यायते । एतस्य जनको ब्रह्मणो मानसपुत्रो महर्षिरत्रिर्यस्य नेत्राभ्यामस्योत्पत्तिरभवत् । अध्यायेऽस्मिंश्चन्द्रस्यात्रिनेत्रोत्पत्तिविषयिणी कथा विस्तरेण वर्णिताऽस्ति । अस्मिन् प्रसङ्गे द्रुहिणा सागरान्ताया वसुन्धराया एकविंशतिवारं प्रदक्षिणा कृता । अत्रौषधीनां समुदयवनवर्णनमप्यस्ति । चन्द्रोऽपि वाराणसीं प्राप्य चन्द्रेश्वरनामानममृतमयं लिङ्गं चन्द्रकूपं च व्यधात् । इमे द्वे चन्द्रकूप-चन्द्रेश्वरलिङ्गे काश्यामद्यापि वर्त्तेते । चन्द्रकूपस्य (अमृतोदकूपस्य) पानस्नानाभ्यां नरोऽज्ञानात्प्रमुच्यते । तुष्टश्च देवदेवः शङ्करः कलानिधेरेकां जगत्सञ्जीवनीनाम्नीं कलां स्वमौलौ धारयति स्म । दक्षेण शप्त आप्तक्षयोऽपि चन्द्रस्तस्याः शिवशेखरस्थायाः कलायाः प्रभावेण पौनःपुन्येन वर्द्धते । तस्य राजसूययागे स्वयं स्वयम्भूर्ब्रह्मपदस्थितोऽभवत् । अत्रि-मरीचि-भृग्वादयो हि ऋत्विजोऽभवन् । स सोम औषधीनां जीवानां ब्राह्मणानाञ्च राजा बभूव ।

इत्थञ्चास्मिन्नध्याये सुधांशोर्वैभवमथ च चन्द्रलोकस्य लोकोत्तरत्वं देवदूतौ महताऽभिनिवेशेनावर्णयताम् ।

(१५)

नक्षत्रलोकस्य वृत्तं बुधजन्मकथा बुधलोकवर्णनञ्च—पञ्चदशाध्याये सर्वतः प्रथमं सिसृक्षोः स्रष्टुरङ्गुष्ठाद् दक्षप्रजापतेर्जन्मोपाख्यानम्, तत्पश्चाच्च षष्टिसंख्यकानामपरिमितानां लावण्यमण्डितानां रोहिणीप्रभृतीनां दुहितॄणां जन्मवर्णनम्, तदनन्तरं च ताः कथं वाराणसीं गत्वा तप्त्वा च तपःप्रसन्नेन शिवेन वरं याचितवत्यो यच्छङ्करतुल्यस्तासां भर्त्ता भवेदिति । वरणातटे सङ्गमेश्वरनिकटे नक्षत्रेश्वरलिङ्गस्य स्थापनां कृत्वा पुनश्च घोरं पुरुषायितनामकं तपश्चरितवत्यः । ता वरदानं प्राप्तवत्यः, तेन एवैतासां नक्षत्रमण्डलस्थानां रोहिण्यादीनामेकः पतिरभवत् ।

पश्चाच्च बुधलोकं पश्यञ्छिवशर्मा दृश्यमानं बुधलोकवर्णनं प्रति जिज्ञासितवान् । चन्द्रस्य महिमानं वर्णयन्तौ देवदूतौ कामवशीभवतो बृहस्पतिपत्नीं तारां कामेच्छया बलाद्गृहीतवतश्चन्द्रमसः प्रसिद्धं प्रसङ्गं श्रावयामासतुः । अस्मिन्

प्रसङ्गे पुष्पकधन्वनः प्रभावं चावर्णयताम्[1]। एतत्कुकृत्यं मृगाङ्कस्य दर्शं दर्शं रुद्रस्तेन सह समरं रचयामास। प्रलयङ्करं घोरं संग्रामं समापयितुकामो हिरण्यगर्भो निशापतेर्गर्भधारिणीं तारां चन्द्राद्दूरीकृत्य बृहस्पतिं समर्पयत्। हिरण्यगर्भेण कस्यायं गर्भो बृहस्पतेर्वा चन्द्रस्येति भृशं पृष्टा तारा लज्जावनतमुखी तं गर्भं शशाङ्कस्येत्यब्रवीत्। काले जाते तेन गर्भेण पुत्रो बभूव। यस्य चन्द्रजस्य ब्रह्मणा **'बुधः'** इति नाम कृतम्। बुधश्च पितरमापृच्छ्य तपस्तप्तुं काशीमाजगाम। तत्र स्वनाम्ना बुधेश्वरलिङ्गं संस्थाप्य सततं तमर्चयन् घोरं तपश्चचार[2]। तेजोऽभवद्देवदेवो बुधोक्तेन स्तवनेन (अध्याये १५, श्लोकाः ५५-६१) परमतुष्टो हृष्टो चन्द्रभालो बुधाय बुधलोकं निर्माय तं तस्याधीश्वरं कारयाम्बभूव।

(१६)

शुक्रलोकवर्णनम्—अध्यायेऽस्मिन् शुक्रलोकवर्णनं विद्यते। जानन्त्येव पुराणरसिकास्तद्वृत्तं यद्दैत्यदानवानां गुरुः शुक्रः सञ्जीविनीविद्याविज्ञो देवासुरसंग्रामे मृतानसुरान् तद्विद्याबलेन सञ्जीवयति स्म। अस्मिन्नध्याये द्वे वार्त्ते वैशिष्ट्यमावहतः। पूर्ववर्णितः प्रसङ्गस्तु न बहु प्रचलितः। अस्मिन् प्रसङ्गे रुद्रगणैः प्रमथैः पराजिता दैत्यदानवाः स्वगुरुमाचार्यं कविं (शुक्रम्) प्रार्थयामासुः। स्वकीयसञ्जीविनीमन्त्रप्रयोगेणासुरान् रुद्रगणैर्विमर्दितान् पुनरुज्जीवनाय स चाचार्यो भार्गवोऽभ्यस्तां तां विद्यां पुनरभ्यासेन स्वोपासनेन सक्षमां विधाय दैत्यानुज्जीवयाञ्चकार। प्रमथगणानां सन्देशेन रुद्रप्रेषितो नन्दी भृगुनन्दनं बलादाजग्राह। रुद्रसन्निधौ च तमानयाञ्चकार। रुद्रश्च तं फलवत् स्वमुखे चिक्षेप। बहुकालानन्तरं चासौ शङ्करस्य लिङ्गमार्गेण शुक्रद्रव इव बहिराजगाम। शिवप्रसादेन शिवार्थकृताष्टमूर्तिस्तवेन वरदानेन श्रीरुद्रेण शुक्रलोकाधिपतिर्बभूव[3], 'शुक्र' इति संज्ञां च लेभे[4]।

---

१. यः कामेन न निर्जितस्त्रिजगतां पुष्पायुधेनाप्यहो !
क: क्रोधस्य वशं गतो न च को लोभेन सम्मोहितः।
योषिल्लोचनभल्लभिन्नहृदयः को नाप्तवानापदं
को राज्यश्रियमाप्य नान्धपदवीं यातोऽपि सल्लोचनः॥
(का०ख० १५।३५)

२. चन्द्रेश्वरात्पूर्वभागे दृष्ट्वा लिङ्गं बुधेश्वरम्।
न बुद्ध्या हीयते जन्तुरन्तकालेऽपि जातुकृत्॥ (का०ख० १५।६७)

३. अष्टमूर्तिस्तवः फलदोऽध्याये षोडशे काशीखण्डस्य १०१-११० श्लोकेषु द्रष्टव्यः।

४. 'शुक्रे'ति नामोपाख्यानसन्दर्भे शुक्रेति-नाम्नः सार्थक्यं विधीयमानेनैतेन पुराणेनात्र पौराणिकीनामव्युत्पत्तिः कथाकथनमाध्यमेन प्रदर्शिता। भाषावैज्ञानिकास्त्वामनन्ति यद्ग्रहेषु शुक्रग्रहोऽतिभास्यमानत्वात् शुक्लः। देशभेदेन विभाषाभेदेन शुक्रशुक्लशब्दावभिन्नौ, रलयोरभेदात्। यः शुक्लः, स एव शुक्र इत्यपि भाषाशास्त्रिणां परिकल्पना नोपेक्षणीया।

एतदनन्तरं भृगुनन्दनः कथं तां सञ्जीविन्याख्यां विद्यामधिगतवानिति जिज्ञासवे शिवशर्मण एतत्सम्बन्धि प्रसिद्धां कथां देवदूतौ व्यावर्णयामासतुः । तत्र प्रसङ्गे भृगुनन्दनस्य वाराणसीगमनम्, शिवलिङ्गस्य शुक्रेश्वराख्यस्य स्थापनम्, तपसा विधिविधानेन शङ्करपूजनम्, तस्मिन् चर्चाप्रसङ्गे रमणीयतरेण भावगाम्भीर्यपूर्णेनाष्टमूर्तिस्तवेन च (श्लो० १०१-१०९) रुद्रप्रसादेन तस्याः पुनर्जीवनदायिन्याः सञ्जीविनीविद्याया अधिगतिर्वर्णिता । स एव भार्गवः शुक्रः शुक्रलोकाधिष्ठाता चेत्यलं प्रसङ्गविस्तरेण[१] ।

(१७)

मङ्गलबृहस्पतिशनिलोकानामुद्भवोपाख्यानम्—दाक्षायण्याः (दक्षपुत्र्याः सत्याः) वियोगेन तपस्यतो रुद्रस्य (शिवस्य) भालदेशात् स्वेदबिन्दुरेकः पपात । स एव धात्रीरूपया मह्या स्नेहसंवर्द्धितो बभूव । वयःप्राप्तो माहेयः काशीं गत्वा अङ्गारेश्वराख्यं शिवलिङ्गं पाञ्चमुद्रे महास्थाने कम्बलाश्वतरोत्तरे संस्थाप्य तमर्चयन्तस्तपश्चरन् तपोबलेन चाङ्गारसंकाशां दीप्तिमवाप्य शिवप्रसादेनाङ्गारको लोकेश्वरो भूत्वा भौमग्रहलोकाधिपतित्वं भुनक्ति[२] ।

ततो ब्रह्मणो मानसपुत्रस्याङ्गिरसः सुतस्य आङ्गिरसस्य (बृहस्पतेः) लोकवर्णनं देवदूताभ्यां शिवशर्मणः कृते कृतम् । यथा पूर्वं सर्वत्र वर्णितमस्ति, तथैव आङ्गिरसो वाराणसीं गत्वा शिवलिङ्गं बृहस्पतीश्वराख्यं संस्थाप्य शरदाभयुतं पूजनं तपश्चरणं च सम्पाद्य भगवतः शङ्करस्याद्भुतां स्तुतिं निर्माय महादेवं शङ्करं प्रसाद्य बृहस्पतिलोकेश्वरो भूत्वा अद्यापि नभसि देदीप्यते[३] ।

ततः परमस्मिन्नेवाध्याये सावर्णेः शनैश्चरलोकस्य वर्णनं वर्त्तते । अस्मिन् वर्णने वैशिष्ट्यमिदं यद्यथा सूर्यस्य महत्त्वं सर्वप्राणिसवितृत्वं च सत्सर्वमुपाख्यातम् । तस्य द्वयोः पत्न्योः (प्रथमायाः त्वष्टुः सुतायाः संज्ञायाः, द्वितीयायाश्च छायायाः) उपाख्याने वर्णिते । कथं संज्ञया सूर्यस्य तिस्रः सन्ततयः, एका कन्या—यमुना, द्वौ च पुत्रौ—वैवस्वतमनुः, यमश्च जातौ ? कथं च तदनन्तरं

---

१. विश्वेश्वराद्दक्षिणतः शुक्रेशोऽस्ति परन्तप ।
तस्य दर्शनमात्रेण शुक्रलोके महीयते ॥ (का०ख० १६।१२८)

२. कम्बल-अश्वतरेति द्वौ नागविशेषयोः संज्ञे ।

३. एतदाङ्गिरसरचितं "जय शङ्करशान्तशशाङ्करुचे" इत्यादि स्तोत्रं सद्यः सिद्धिप्रदम् । एतत्स्तोत्रपाठस्यापूर्वं फलं स्तोत्रे वर्त्तते । बुद्धिव्यवसायिभिरेतस्य पाठोऽवश्यं करणीयः । अङ्गिरसं वरं प्रयच्छन् शिवो हि बृहस्पति-वाचस्पतिजीवादिनामकरणस्य हेतवः प्रावोचद् ग्रहमण्डले चैव नक्षत्ररूपो गुरुर्बृहच्चेत्यादि नूनं न विस्मरणीयम् ।

यमं संज्ञा शप्तवतीत्यादयः सर्वा वार्ता अस्मिन्नेवाध्याये ग्रथिता। सूर्यस्यात्युग्र-तेजसोऽसहिष्णुः संज्ञा कथं स्वरूपसवर्णां छायामुत्पाद्य स्वप्रतिनिधिरूपेण सूर्य-पत्नीपदेऽभिषिक्ता। पितृगृहं गता सा (संज्ञा) जनकेन भर्त्स्यमाना ततो निर्गत्य कथं वडवारूपेण तपश्चचार, कथं च पुनस्तयोः सङ्गमो जातः, कथं च छाययापि तिस्रः सन्ततयः (१. अष्टमः सावर्णिर्मनुः, २. शनैश्चरः, ३ भद्रा कन्या) जाताः ? शनैश्चरेण कृतस्य विश्वेश्वरमन्दिरे दक्षिणभागे स्थितस्य शनैश्चरलिङ्गस्य स्थानमस्ति। अथ च सूर्यपुत्रस्य तपः, शिवपूजनादिकं सर्वं वर्णितमस्ति, विस्त-रेण शनैश्चरेश्वरोपासनामाहात्म्यं शनैश्चरलोकस्य महिमा च। आनुषङ्गिकरूपेणा-श्विनीकुमारयोर्जन्मापि वर्णितमस्ति।

इत्थं च सवर्णायाश्छायाया गर्भसम्भवस्य शनैश्चरस्य शनिलोकेश्वरस्योपा-ख्यानं निर्दिष्टम्। काश्यां सावर्णिना स्थापितं शनैश्चरेश्वरलिङ्गं विश्वेश्वरलिङ्गाद्दक्षिणे शुक्रेश्वरस्योत्तरे भागेऽद्यापि स्थितमस्ति।

(१८)

नभसि देदीप्यमानसप्तर्षिमण्डलस्य वृत्तान्तः—ब्रह्मणो मानसपुत्राणां सप्त-प्रजासर्जकानामृषीणां मरीचि-अत्रि-पुलह-पुलस्त्य-क्रतु-अङ्गिरस्-वसिष्ठानां यन्मण्डलं सप्तर्षिमण्डलसंज्ञया प्रसिद्धिं गतम्, तदद्यापि केन न ज्ञायते। तस्यैव वृत्तान्तमिह वर्ण्यते। शिवोपासकाः सप्तर्षयः शङ्करस्याविमुक्तक्षेत्रमागत्य स्वस्वनाम्नाऽत्राध्याये निर्दिष्टेषु स्थलीविशेषेषु तपश्चरित्वा, अत्रीश्वरादीनि लिङ्गानि स्थापयित्वा, चिर-कालपर्यन्तमुपासनां च कृत्वा ते सप्तर्षयः शिवानुग्रहेण नभोमण्डलं सप्तर्षि-मण्डलरूपेण राराज्यन्ते। सप्तर्षिमण्डलस्य नेदीयसः स्थिताया अरुन्धत्या माहा-त्म्यम्, तस्या लोकोत्तरपातिव्रतस्यान्येषां च गुणानां कीर्तनेनास्याध्यायस्य सम्पन्नता जाता।

(१९)

ध्रुवस्योत्तानपादपुत्रस्योपाख्यानोपक्रमः—एकोनविंशतितमाध्यायत आरभ्यैक-विंशत्यध्यायपर्यन्तं ध्रुवोपाख्यानम्। तत्रैकोनविंशाध्याये स्वायम्भुवसुतोत्तानपादस्य द्वयोः पत्न्योः परमसुन्दर्योः रुचि-(कान्ति)मत्याः, सुनीत्याश्च पुत्रयोर्द्वयोरुत्तमध्रुवयोः कथाऽस्ति। एतस्मिन्नध्याये सुरुचिद्वाराऽपूर्णनवमवर्षस्य ध्रुवस्यापमानः, पितु-रुत्सङ्गाभिलाषिणो पितुरुत्सङ्गस्थस्य ध्रुवस्य खेदः, मातृ-पुत्रयोः संवादः, खेदजेन विषादेन तस्य तपश्चरणाय वनगमनम्, तत्र सप्तर्षीणां वासुदेवमुद्दिश्य तपःप्रवृत्तये उपदेशो विद्यते। अन्यश्चानुषङ्गिकः संवादोऽप्यतिरुचिरश्चानुशीलनीयः, यत एत-दुपाख्यानमनेकपुराणाख्यातं लोके च प्रकामं प्रसिद्धिं गतम्।

(२०)

ध्रुवतपोवर्णनं वासुदेवस्य दर्शनञ्च—अस्मिन्नध्याये वनान्निर्गतस्य मधुवनं गिरिधरक्षेत्रं प्राप्तस्य कृतदृढनिश्चयस्य ध्रुवस्य तपश्चरणैकचित्तस्य घोरस्य तपसः प्रसङ्गा वर्णिताः सन्ति । अस्मिन्नेव देवादीनां विशेषतश्च देवेन्द्रस्य मनसि भयं जातम्, यदसौ ध्रुवः स्वतपोबलेन देव-देवराजादीन् स्व-स्वपदेभ्योऽपदस्थान् न कदाचित्कुर्यात् । तेन बालध्रुवविषये स्वर्गपतिः स्वकीयानि सर्वाणि प्रहरणानि कोमलानि मेनकादीनि कठोराणि वज्रादीनि च प्रयोगाक्षमाणि ध्रुवस्य तपोभङ्गार्थं निभालयामास; परन्तु बाले ध्रुवे तेषां प्रयोगावसर एव नायातः । तदनन्तरं घोर-भूतप्रेतादीनां भयङ्करदर्शनानामवलिं सम्प्रेषयन्नपि देवेन्द्रस्तस्य हृदि न भयं न वा तपसि बाधां कर्तुमशकत् । अनन्तरं मायारचितया मात्रा सुनीत्या सौनतेयं मातृ-मोहेन विचालयितुं यत्नः कृतः । अन्ततश्च ते देवाः सेन्द्रा ब्रह्माणं गत्वा ततोऽभीत्याश्वासनं च प्राप्य परावर्त्तन्ते स्म ।

एतदनन्तरं दृढं तपोऽचलां च भक्तिं निभाल्य वासुदेव आविर्बभूव । ध्रुवश्च कातरचित्तो भक्तिभरितो दण्डवत्प्रणिपत्य परितः परिलुण्ठ्य च रुरोद । करुणार्द्र-हृदयः करुणावरुणालयो भगवान् वासुदेवः करेण धृत्वा तं बालमुत्थापयाञ्चक्रे । देवदेवस्य वासुदेवस्य स्पर्शादेव ध्रुवमुखात् संस्कृतमयी वाक् प्रसृता ।

(२१)

ध्रुवोपाख्यानोपसंहारः—ध्रुवोऽकस्मात् स्फुरितया संस्कृतवाण्या भगवतः स्तुतिं पञ्चसप्ततिश्लोकात्मिकां विष्णुमहिमकीर्त्तनभरितां महाफलदायिनीं करोति स्म । ततश्च प्रसन्नो भवन् भगवान् तद्गतं मनोरथं जानन् सूर्यस्याप्याधारभूतं तं ध्रुवं ध्रुवलोकं निर्माय तत्र स्थापयामास । मनु-देव-सुरपति-सप्तर्ष्यादिभिरप्राप्यं ध्रुवलोकपदं कल्पान्तरस्थायि विधाय तमदात् । ध्रुवकृतस्तोत्रपाठस्य सर्वाणि फलानि श्रावयन् तस्मिन्नवसरे कार्तिकपूर्णिमायां तमात्मना सहैव वासुदेवो वाराणसीमानयत् । तत्र स्नानदर्शनादिकं विधाय ध्रुवेश्वरस्य लिङ्गस्य स्थापनाय, तस्योपासनाकरणाय, तत्र तपश्चरणाय च प्रेरणां दत्वाऽन्तर्हितो बभूव । एत-न्मन्दिरं वैद्यनाथेश्वरसमीपवर्तीति । अद्यापि विश्वेश्वरमन्दिरं काश्यामस्ति ।

(२२)

महस्-तपस्-सत्यलोकानां संक्षिप्ततरं विवरणं ब्रह्मणा च प्रयाग-काशी-माहात्म्यवर्णनञ्च—देवदूतौ प्रावोचतां यद्दृश्यमानो लोको **महर्लोको** स्वर्लोका-

दप्यद्भुतो यत्र अध्याये वर्णिताः कल्पायुषः सदाचार-तपस्-सदनुष्ठानसाधका वसन्ति । ततः परं देवदूताभ्यां नीयमानं विमानं **जनलोकं** प्राप्तवान् । तौ प्रोचतुर्यदत्र ब्रह्मणो मानसपुत्रा ऊर्ध्वरेतसोऽखण्डब्रह्मचर्यशालिनोऽमला मुनीन्द्राः, सनक-सनन्दन-सनातन-सनत्कुमारादिमहर्षयोऽन्ये तत्सदृक्षा योगीन्द्रास्तत्र निवासं लभ्यन्ते ।

तदनन्तरं **तपोलोकं** दृष्ट्वा शिवशर्मणि परिचयं जिज्ञास्यमाने देवदूतौ व्यज्ञापयताम्—'शिलोञ्छवृत्तिशीला दन्तोलूखलिका उग्रतपस्विनः (पञ्चाग्नितापादितप्तारो) मुनयस्तत्र निवसन्ति' । अत्रोग्रतपसो निदर्शनरूपेणोल्लेखो वर्त्तते । ते चाकुतोऽभया ब्रह्मायुःसदृक्षायुष्मन्तस्तपोधना भवन्ति ।

इतः परमत्र **सत्यलोकस्य** महोज्ज्वलस्य वर्णनमस्ति । तत्र सम्प्राप्ते विमाने स्वयं ब्रह्माऽऽत्मानं दर्शयाम्बभूव । रथादवतीर्य देवदूतौ तं प्रणेमतुः । शिवशर्माऽपि तथैवाचरति स्म । हिरण्यगर्भश्च सर्वज्ञो शिवशर्माणं सम्बोध्य व्यज्ञापयद्यद् मार्गे भूर्लोकादारभ्य सत्यलोकपर्यन्तं भवान् यान् लोकान् पश्यति स्म, ते सर्वे नश्वरा गत्वराश्च । तथोच्यते—

सत्वरं गत्वरं सर्वे यच्चैतद्भवतेक्षितम् ।
दैनन्दिनप्रलयतः सृजामि च पुनः पुनः ।।
आ वैराजं प्रतिपदमुपसंहरते हरः ।
का कथा मशकाभानां नृणां मरणधर्मिणाम् ।।

(का०ख० २२।२६-२७)

जीवेषु च मानवो लोभ-काम-क्रोध-मदाहङ्कारमोहादीन् रिपून् दूरीकृत्य भारते वर्षे, तत्रापि चार्यावर्ते, तत्रापि चान्तर्वेद्यां जन्म प्राप्य मोक्षकामो यतितुं शक्यते । अत एव देवा अप्यस्मिन् कर्मभूम्यास्पदे भारतवर्षे जन्मावाप्तुं स्पृहयन्ति । एतस्मिन् प्रसङ्गे रम्यभूमिं स्वर्गं केवलां कर्मभूमिरिति निगद्य ततोऽपि रम्यतरं पाताललोकं नागलोकं विवृत्य इलावर्षान्तर्गत-जम्बुद्वीपान्तर्गत-कर्मभूमेर्भारतस्य महान् महिमा वर्णितोऽस्ति ।

अग्रे च तीर्थराजस्य निष्कामकर्मकुर्वते जनाय मोक्षदायिनः प्रयागस्य प्रभूता पुण्यकीर्तिर्निरूपिता ।

अन्ते चाप्यधिकफलदायिन्याः काश्या माहात्म्यमवश्यमेव पठनमननयोग्यम् । यत्रोक्तम्—

विना तपोजपाद्यैश्च विना योगेन सुव्रत ।
निःश्रेयो लभ्यते काश्यामिहैकेनैव जन्मना[१] ।।
(का०ख० २२।११२)

(२३)

वैष्णवलोकवर्णनं विष्णोरभिषेकवर्णनञ्च—पूर्वाध्याये ब्रह्मणा विज्ञापितः शिवशर्मा यत्तस्य मोक्षप्राप्तिसम्बन्धिवार्तां देवदूतौ कथयिष्यतः । देवदूतौ तं शिवशर्माणं विमानेनादाय विष्णुलोकं प्रति जग्मतुः । अस्मिन्नेव प्रसङ्गे भूलोकतः सत्यलोकपर्यन्तं ये नाना लोकाः, यावन्तो दूरे उपर्युपरि च स्थितास्तेषां विवरणं देवदूतावुपस्थापयामासतुः । अन्ते चैतदपि निर्दिष्टं वर्त्तते यद् ब्रह्मणः सत्यलोकाद्वैकुण्ठलोकस्य स्थितिः । तद्यथा—

सत्यादुपरि वैकुण्ठो योजनानां प्रमाणतः ।
भूर्लोकात्परिसंख्यातो कोटिषोडशसंज्ञितः ।। (का०ख० २३।२१)

ततोऽपि शिवस्यालयः कैलासः षोडशगुणीपरिमितं दूरे तिष्ठति । तत्र स्थायिरूपेण निवसञ्छिवो लीलामूर्तिधृक्सर्वं सृष्टि-पालन-संहारं सम्पादयति । एतदनन्तरं शिवविभूतयो वर्णिताः । एतस्याध्यायस्य एकचत्वारिंशत्संख्यके श्लोके शिवस्य विष्णवोश्चाभेदः प्रतिपादितः[२] । अस्मिन्पुराणे बहुषु प्रसङ्गेषु शैव-वैष्णवयोर्मध्ये या विरोधभावना यत्र तत्र वर्त्तते, तां निराकृत्य तयोर्मध्ये सामञ्जस्यस्थापनाया दृढः प्रयासो लभ्यते । पुराणमुनीनामसौ सामञ्जस्यदृष्टिः सर्वत्र प्रसृता वर्त्तते, इति तु कथमपि न विस्मरणीयम् । अत एव शिवेन स्वहस्तेन कमलापतिं विष्णुलोकेऽयथाविध्यभिषिच्य ब्रह्माणं विष्णुं नमस्कर्तुं न्यदिशत्, स्वयमपि च प्रणनाम[३] । विष्णवे च स्वकीया इच्छा-ज्ञान-क्रियाशक्तीः समर्प्य ब्रह्माण्डसञ्चालनाय न्यवेदयत् ।

तदनन्तरं च शिव इत्यप्यकथयद्विष्णुभक्तेभ्योऽपि शिवेन निर्वाणं दातव्यं भविष्यति । स्वकीयां मायां विष्णवे प्रयच्छन् शिव उवाच—

---

१. अविमुक्तान्महाक्षेत्राद्विश्वेशमधितिष्ठितात् ।
न च किञ्चित्क्वचिद्रम्यमिह ब्रह्माण्डगोलके ।।
अविमुक्तमिदं क्षेत्रमपि ब्रह्माण्डमध्यगम् ।
ब्रह्माण्डमध्ये न भवेत् पञ्चक्रोशप्रमाणतः ।। (का०ख० २२।८२-८३)

२. यथा शिवस्तथा विष्णुर्यथा विष्णुस्तथा शिवः ।
अन्तरं शिवविष्ण्वोश्च मनागपि न विद्यते ।। (तत्रैव-२३।४१)

३. मम वन्द्यस्त्वयं विष्णुः प्रणम त्वममुं हरिम् ।
इत्युक्त्वाऽथ स्वयं रुद्रो ननाम गरुडध्वजम् ।। (तत्रैव-२३।५४)

मायां चेमां गृहाणेमां दुष्प्रणेद्यां सुरासुरैः ।
यया सम्मोहितं विश्वमकिञ्चिज्ज्ञं भविष्यति ।।
वामबाहुर्मदीयस्त्वं दक्षिणोऽसौ पितामहः ।
अस्यापि हि विधेः पाता जनितापि भविष्यसि ।।

(का०ख० २४।६४-६५)

(२४)

शिवशर्मणोपाख्यानसमाप्तिस्तस्य च मोक्षलाभः—देवदूतौ प्रावोचतां शिवशर्माणम्—'त्वं हि ब्रह्मणो वर्षपर्यन्तं विष्णुलोकं वसन्नप्सरोगणै रममाणः पुनर्मानवजन्मावाप्य नन्दिवर्धनदेशे वृद्धकालो रिपुञ्जयो नाम भूपतिर्भविष्यसि । पत्नीं च पतिव्रताम् अनङ्गलेखां प्राप्स्यसि । परमधार्मिको गोब्राह्मणदेवादिपूजकोऽनेकयागकर्ता, प्रजां धर्मेण पालयन् नैकसमरविजेता राजा भविष्यसि' । अध्यायेऽस्मिन् तस्य राज्यस्य परिवृत्याद्यलङ्काररमणीयं काव्यगुणोत्कृष्टं रुचिरं बृहद्विवरणं लिखितमस्ति ।

एकदा शौर्यौदार्यसौभाग्यादिगुणसमृद्धायां भूपतिसभायां काशीतः समागतौ कार्पटिकौ प्रभूतैराशीर्वचनै राजानमभिनन्दयन्तो मिषेण काशीं विश्वनाथं च चर्चितवन्तः । पुनश्च राज्ञः कृते काश्यां विश्वनाथे च आशिराशीर्व्याजह्रुः । देवदूतौ च पुनर्विज्ञापितवन्तौ—"त्वं वृद्धकाल ! भूपाल ! तेषामाशीर्वचनानां श्रवणमात्रेण तेभ्यः प्रचुरं द्रविणं दत्वा मदीयमुक्तं वृत्तान्तं स्मरन् योग्ये सुते राज्यं न्यस्य स्वपत्न्या सह सद्यः काशीं प्रति प्रस्थाय, तं क्षेत्रं चावाप्य तत्र वृद्धकालेश्वरस्य महता समारम्भेण प्रभूतोपकरणेन महामन्दिरं निर्माय तत्रैवाग्रे च कूपमपि विधाय तत्र व्रतोपवासनियमैः परिक्षीणविग्रहस्तिष्ठन्नेकदा तत्रागतं कञ्चनातीव तेजसोज्ज्वलम्, क्षीणविग्रहम्, परिपिङ्गजटाधरम्, साक्षान्मूर्तिमन्तं जनमनोहरं धर्ममिव तपोधनं द्रक्ष्यसि" । मन्ये, साक्षाच्छिवो हि शिवशर्माणं स्वभक्तं मुक्तिलाभोपायमुपदेष्टुं तपोधनवेषं धृत्वोपस्थितः ।

स खलु मन्दिरसभामण्डपादागत्य अन्तरङ्गमण्डपे उपविश्यानेकानेकैः प्रश्नोत्तरैः सर्वज्ञोऽसौ सर्वं स्वयं प्रकारान्तरेण वर्णयन् निखिलं शिवशर्मणो वृत्तं संक्षेपेणोक्त्वा पुनरिदमपि कथयित्वा यदिदं वृद्धकालेश्वरलिङ्गमनादिः, परन्तु त्वां निमित्तीकृत्यास्य निर्माणं जातम् । वृद्धकालेश्वरदर्शनस्य वृद्धकालकूपस्नानस्य च फलान्युक्त्वा देवदूतौ—'स जटिलो महात्मा सानङ्गलेखं त्वां महीपालं हस्ते गृहीत्वा तस्मिन्नेव लिङ्गे लयं यास्यति । तदनन्तरं च तथैव त्वया मोक्षो लप्स्यते' इति । तथैव सर्वं घटितम् । शिवशर्मा च विश्वेश्वरमाराध्यान्ते च निर्वाणपदं सायुज्यरूपमलभत । इत्थं चागस्त्योक्तमनेकाध्यायव्यापि शिवशर्मोपाख्यानमपि समाप्तिं जगाम ।

(२५)

अगस्त्यस्य कार्तिकेयदर्शनम्—शिवशर्मनिर्वाणप्राप्तिवृत्तं लोपामुद्रां श्रावयित्वा लोपामुद्रया सह श्रीशैलं प्रदक्षिणीकृत्य सुवर्णगिरिप्रभं लोकोत्तरप्रभामण्डितं लोहितगिरिं प्राप्य गिरिजातनुजं षडाननं साक्षाद्दृष्टिपथीकृत्य रमणीयेनाष्टश्लोकमयेन स्तोत्रेण (१० श्लोकत: १७ श्लोकपर्यन्तम्) दण्डवद्भूतौ प्रणनाम। स्कन्दश्च त्र्यम्बकरक्षिताया: काश्या वैभवं वर्णयित्वा तस्या: पुर्या: शिवकृपयैव लभ्यतां निरूप्य श्रुत्यादिषूक्तेषु बहुषु मोक्षसाधनेषु विज्ञापितं यदन्यानि तु निखिलानि तानि साधनानि काशीप्राप्तिकराणि—

'प्राप्य काशीं भवेन्मुक्तो जन्तुर्नान्यत्र कुत्रचित्' ।

काश्या बहु माहात्म्यं प्रज्ञाप्य ततश्च बाल्ये मातुरुत्सङ्गस्थित: स्कन्द: साक्षाच्छिवेन यत्काशीमाहात्म्यमाकर्णि सावहितमनसा, तदपि सूचितम् । सर्वमेतदुक्त्वा काश्यां गतस्यागस्त्यस्य देहं स्नेहेन श्रद्धया परिष्वज्य पुनरगस्तीश्वरस्यागस्त्यकुण्डस्य वाराणस्याश्च महिमानं भूयो भूय: कीर्तयता स्कन्देनामृतसरोवरे तत्रैव सुखं विगाह्य पुन: पुन: काशीं वर्णयता परा तृप्ति: प्राप्ता ।

इत्थं काशीखण्डस्यास्य पञ्चविंशाध्यायात्मकस्य प्रथमं पुष्पं काशीविश्वेश्वराय निवेद्य विरमामि । मन्ये, यदन्यान्यपि काशीखण्डस्य पुष्पाणि विश्वेश्वरकृपयाऽचिरादेव स्फुटीभविष्यन्तीति ।

॥ ॐ शान्ति: शान्ति: शान्ति: ॥

काश्याम्,
वसन्तपञ्चम्याम्,
२०४७ तमे वैक्रमाब्दे
(२१.१.१९९१ तमे खैस्ताब्दे

विदुषां कृपाभिलाषी
करुणापतित्रिपाठी
पूर्व-कुलपति:,
सम्पूर्णानन्दसंस्कृतविश्वविद्यालयस्य

॥ श्रीशौ वन्दे ॥

॥ श्रीगणेशाय नमः ॥

प्रथम संस्करण में प्रकाशित

काशीखण्ड की भूमिका

काशीखण्ड स्कन्दमहापुराण के चतुर्थखण्ड का नाम है। तीनों गुणों से परे होने से काशी तुरीय है। जैसे—

"अयोध्या, मथुरा, माया, काशी, काञ्ची, अवन्तिका।
पुरी द्वारावती चेति, सप्तैता मोक्षदायिकाः" ॥

सातों मोक्षपुरियों में प्रधान होने के कारण ही काशी मध्य में कही गई है, वैसे ही काशीखण्ड भी सात खण्डों के मध्य में चतुर्थ ही रखा गया है। इस ग्रन्थ में पुराणोपयोगी सभी बातें उत्तम रीति से निवेशित हैं। अष्टादश पुराणों के रचयिता भगवान् कृष्णद्वैपायन हैं। उनका 'वेदव्यास' नाम आपामर प्रसिद्ध है। वही इस ग्रन्थ के भी प्रणेता हैं।

इस अनूठे ग्रन्थ की लेखप्रणाली जैसी अमृतवर्षिणी है, वैसी ही मधुर कविता भी बहुत चढ़ी बढ़ी है। क्या प्राचीन क्या नवीन कहीं भी इस ढर्रे की मनोहर कविता स्यात् (शायद) ही दीख पड़ेगी; क्योंकि "श्रीहर्ष" तथा "माघ" महाकवियों ने भी—इसके भावों को कौन कहे, श्लोकों को ही अपने बड़े-बड़े काव्यों में केवल छन्द बदलकर ज्यों का त्यों लिख दिया है। यथा—

"याचमानमनोवृत्तिपूरणे यस्य नो जनिः।
तेन भूर्भारवत्येषा समुद्रागद्रुमैर्न हि" ॥ (का० ख० ५८।११७)

यही "नैषधचरित" काव्य के पाँचवें सर्ग का ८८ वाँ श्लोक यों है—

"याचमानजनमानसवृत्तेः पूरणाय बत जन्म न यस्य।
तेन भूमिरतिभारवतीयं न द्रुमैर्न गिरिभिर्न समुद्रैः" ॥

दूसरा उदाहरण, यथा—

"युगे युगे द्वारवत्या रत्नानि परितो मुषन्।
अब्धी रत्नाकरोऽद्यापि लोकेषु परिगीयते" ॥

(का० ख० ७।११०)

इसी का साँचा "माघ" ने अपने "शिशुपालवध" नामक प्रसिद्ध काव्य में तीसरे सर्ग के ३८वें श्लोक में यों उतारा है—

"वणिक्पथे पूगकृतानि यत्र भ्रमागतैरम्बुभिरम्बुराशिः ।
लोलैरलोलद्युतिभाञ्जि मुष्णन् रत्नानि रत्नाकरतामवाप" ।।

इसी भाँति यदि परिश्रम किया जाय, तो बहुतेरे उदाहरण मिल सकेंगे । रहा इस ग्रन्थ की कविता का आनन्द सो तो सहृदय पाठक लोग आप से आप लूट ले सकते हैं । उसका उदाहरण ग्रन्थभर में सर्वत्र ही बिखरा पड़ा है । अत एव उसे दिखलाना आवश्यक नहीं जान पड़ता ।

इस अलौकिक ग्रन्थ में केवल आख्यायिका और उपाख्यानों की ही भर-मार नहीं है, वरन् वेदवचनों के प्रमाण, मन्वादि स्मृतियों के कथित आचारादि विषयों का निर्णय, दर्शनशास्त्रों के परम निगूढ़तत्त्व, वेदान्त का सर्वस्व, सामुद्रिकशास्त्र का निचोड़, सती स्त्री तथा सदाचारी पुरुषों के कर्त्तव्य, बौद्धधर्म का सार एवं काशीपुरी, भगवान् विश्वनाथ और कलिकलुषहारिणी भगवती जी का इतिहास, माहात्म्य और रहस्य आदि का यथास्थान विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया है ।

इस काशीखण्ड को केवल साधारण पुराण ही नहीं समझना चाहिए, यह ग्रन्थ धर्मशास्त्रों में भी बहुत ही प्रामाणिक माना जाता है । "निर्णयसिन्धु" इत्यादि निर्णयविषयक ग्रन्थों में इसके बहुतेरे वचन प्रमाणरूप से उद्धृत किये गये हैं । व्रतादिकों का वर्णन तथा निर्णय भी इस ग्रन्थ में पाया जाता है ।

यद्यपि काशी का वर्णन और माहात्म्य "यजुर्वेद" के "जाबालोपनिषद्" तथा "रामतापनी" इत्यादि स्थलों पर, तथा "लिखितस्मृति", "शङ्खस्मृति" और "पराशरस्मृति" इत्यादि स्मृतियों में एवं महाभारत के "वनपर्व ८४वाँ अध्याय", "भीष्मपर्व २४वाँ अध्याय", "कर्णपर्व ५वाँ अध्याय" एवं "अनुशासनपर्व ३० वाँ अध्याय" इत्यादि में विस्तारपूर्वक कथित है ।

पुराणों में काशी-महिमा के सम्बन्ध में इतना ही कहना पर्याप्त है कि प्रायः सभी पुराणों में पाया जाता है । यह कथन युक्तिहीन नहीं हो सकता । "शिवपुराण", "लिङ्गपुराण" तथा (प्राचीन) "ब्रह्मवैवर्तपुराण" में तो इसका वर्णन एक छोटे से "काशीखण्ड" के ही समान है; परन्तु नारदीयपुराण के उत्तर-खण्ड में २९ अ० एवं ४८ से ५१ अ० तक, आदि ब्रह्मपुराण के ११वें अध्याय, कूर्मपुराण की ब्राह्मीसंहिता में ३१ अ० से ३५ अ० तक मत्स्यपुराण के १८० अ० से १८५ अध्याय तक, पद्मपुराण के सृष्टिखण्ड में १४वाँ अध्याय, पद्मपुराण के स्वर्गखण्ड में ३३ अ० से ३७ अ० तक एवं पद्मपुराण के भूमिखण्ड ९१वें अध्याय, वामनपुराण के ३ अध्याय, अग्निपुराण के ११२ अध्याय एवं मार्कण्डेयपुराण के ८वें अध्याय में विशेष रूप से काशी का

माहात्म्य कहा गया है। इन्हीं सब में इतस्तत: फुटकर वर्णन भी पाया जाता है। फिर इन सबके अतिरिक्त "वायुपुराण", "सौरपुराण", "भविष्यपुराण", "शिवरहस्य", "रामायण", "भागवत", "देवीभागवत", "सनत्कुमारसंहिता", "त्रिस्थलीसेतु" आदि ग्रन्थों अथवा "नैषधचरित" सदृश उत्तम काव्यों आदि में भी सर्वत्र ही काशी-वर्णन दृष्टिगोचर होता है। यदि इन सब ग्रन्थों के प्रकरणों का एकत्र संग्रह किया जाय, तो सम्भव है कि काशीखण्ड का दूना किं वा तिगुना बड़ा ग्रन्थ बन जावेगा।

इनके अतिरिक्त "काशीरहस्य" (प्राचीन ब्रह्मवैवर्तपुराण का), "काशी-माहात्म्य" (१-पद्मपुराण का, २-"मत्स्यपुराण का", ३-"रसमयसिद्धकृत" और ४-"पण्डित ईश्वरीदत्त कृत"), "काशीदर्पण" (श्रीकृष्णचन्द्रकृत), "काशी-प्रकाश" (पूर्वार्द्ध तथा उत्तरार्द्ध दो भाग), "काशीस्थितिचन्द्रिका" (प्राचीन ग्रन्थ), "काशीमुक्तिविवेक" (प्राचीन ग्रन्थ), "काशीतत्त्वविवेक" (प्राचीन ग्रन्थ), "काशीविनोद" (नवीन ग्रन्थ), "काशीयात्राप्रकाश" (आधुनिक), "काशी-कुतूहल" (मेरे पूर्वज पं० रामानन्द त्रिपाठी का बनाया हुआ) आदि रचनाओं में पर्याप्त काशी-विवरण मिलता है।

इसी भाँति अनेक छोटे-बड़े ग्रन्थ आज भी काशी के विषय में वर्तमान दीखते हैं। एतद्भिन्न बहुतेरे ऐसे भी हैं, जिनमें "नित्ययात्रा" अथवा "पञ्च-क्रोशी-यात्रा" आदि का वर्णन पाया जाता है। संस्कृत, हिन्दी, उर्दू अथवा अंग्रेजी में भी अनेक ग्रन्थ इतिहास इत्यादि के आधार पर लिखे गये हैं, जो आज दिन प्रचलित हैं; पर इन समस्त ग्रन्थों का आचार्य और आधार "काशीखण्ड" ही है। वास्तव में काशीखण्ड से बढ़कर काशी के विषय में सर्वाङ्गपूर्ण दूसरा कोई ग्रन्थ आज तक नहीं दीख पड़ा। अतएव यदि इस "काशीखण्ड" को काशी का प्रमाणपत्र (कवाला) कहा जावे, तो स्यात् कुछ अनुचित नहीं होगा; क्योंकि इसमें काशी की चतुस्सीमा (चौहदी) भी निवेशित (मुन्दर्ज) कर दी गई है।

यद्यपि इस काशीखण्ड के लिखे जाने का समय मैं अपनी तुच्छबुद्धि के अनुसार स्थिर नहीं कर सकता; पर इतना अवश्य कहूँगा कि इस ग्रन्थ में काशी का केवल माहात्म्य ही नहीं, वरन् पूरा-पूरा इतिहास भी है। इसमें यहाँ तक लिखा गया है कि—इतने घाट, इतने कुण्ड अथवा कूप, इतने देवमन्दिर, इतने शिवलिङ्ग, इतने अमुक-अमुक देव-देवी, अर्थात् इतने राम, इतने कृष्ण, इतने नृसिंह इत्यादि एवं इतनी संख्या के ब्राह्मण लोग काशी में वर्तमान थे, तथा अमुक-अमुक तीर्थों अथवा स्थानों का यह वृत्तान्त किं वा माहात्म्य है।

विश्वेश्वर के मन्दिर के खम्भों में जड़ाऊ पुतरियों का वर्णन एवं ज्ञानवापी के माहात्म्य में कलावती के चित्रपट (तसवीर-नक्शा) वर्णन से उस काल के शिल्प और चित्रविद्या का भी बहुत कुछ ज्ञान प्राप्त हो जाता है । यद्यपि यह आजकल के इतिहासों की चाल पर (सन् व तारीख) नहीं लिखा गया है; पर इसे पुराने ढर्रे का इतिहास अवश्य ही मानना पड़ेगा; क्योंकि इस ग्रन्थ के लिखे जाने के युग में क्या जाने किसी का संवत् चलता था अथवा नहीं, यह कौन बता सकता है ।

इस ग्रन्थ में सबसे बड़ी बात यह है कि जैसे शैवलोगों के ''शिवपुराण'', वैष्णवों के ''भागवत'' अथवा ''नारदपाञ्चरात्र'', शाक्तों के ''देवी-भागवत'' इत्यादि ग्रन्थों में केवल ग्रन्थनायक (अर्थात् जिन-जिन के नामानुसार पुराण लिखा गया है, उन्हीं) का माहात्म्य सबसे अधिक लिखा रहता है, वैसे ही यह ग्रन्थ भी भले ही काशी को सर्वश्रेष्ठ सिद्ध कर देता है; पर शिव और विष्णु के विषय में वैसा ही लिखता है, जैसा कि ''कूर्मपुराण'' का मत है, किं वा जैसे यह किसी प्राचीन कवि का श्लोक कहता है—

''उभयोः प्रकृतिस्त्वेका प्रत्ययभेदेन भिन्नवद्भाति ।
पश्यति कश्चन मूढो हरिहरभेदं विना शास्त्रम्'' ।।

इससे यह बात निश्चित हो जाती है कि यह ''काशीखण्ड'' कुछ शैवों का ही ग्रन्थ नहीं है, वरन् इस पाञ्चभौतिक शरीर को शुद्ध कर देने वाली पाञ्चदैविक आराधना का स्पष्ट रूप से उपदेश कर देता है ।

जो हो, पर इतना तो मैं अवश्य (ताली ठोंक कर) कह सकता हूँ कि जो आस्तिक हिन्दूलोग काशी में रहते हैं, या जो लोग काशीवास करना चाहते हैं, उन पर अपनी आस्था बनाये रहते हैं, उनकी प्राप्ति का उपाय सोचा करते हैं, किं वा उत्तमोत्तम उपाख्यानों से सदुपदेश ग्रहण करने की अभिलाषा रखते हैं, अथवा—काशी ही क्यों मुक्तिक्षेत्र है, किं वा मोक्ष ही क्योंकर मिल सकता है, इन सब बातों को जान लेने को उत्सुक हैं, या जिन लोगों को शिव और विष्णु में कुछ भेद दीखता हो, वे लोग कष्ट उठाकर, समय लगाकर, चित्त देकर, पक्षपात छोड़कर, आग्रह-रहित होकर एक बार इस ''काशीखण्ड'' को आद्योपान्त पढ़ जावें—फिर देखें कि मेरी बात अक्षरशः सत्य है वा नहीं ?

इस ग्रन्थ में एक और भी विचित्रता है कि जिस काशी का नाम ''अन्नपूर्णाक्षेत्र'' सर्वत्र प्रसिद्ध है और लोक में यह भी ख्याति है कि ''काशी में अन्नपूर्णा ही सब किसी को भोजन पहुँचा देती हैं, जिससे कोई भूखा नहीं रहने पाता'' । उस जगज्जननी ''अन्नपूर्णा'' महारानी का नाम इस ग्रन्थ में कहीं भी

नहीं दीख पड़ता । यदि भगवान् शिव जी काशी में "विश्वनाथ" रूप से विराजमान हैं, तो भगवती का "अन्नपूर्णा" रूप तो रहना बहुत ही आवश्यक है; क्योंकि अन्न से पूर्ण हुए विना विश्व का काम ही कैसे चल सकता है ? और इस प्राचीन श्लोक में तो दूसरी ही बात कही गई है—

"स्वयं पञ्चाननः पुत्रौ गजाननषडाननौ ।
दिगम्बरः कथं जीवेदन्नपूर्णा न चेद् गृहे" ।।

इस ग्रन्थ में अन्नपूर्णाशब्द के स्थान पर भवानी-शब्द का प्रयोग किया गया है । 'मातर्भवानि !' (अ०६१, श्लोक ३७) इत्यादि श्लोक तो मन्त्ररूप से लिखा गया है; पर काशीखण्ड के जोड़ का जो "काशीरहस्य" नामक छोटा ग्रन्थ है, उसमें वेदव्यास जी ने अन्नपूर्णा-शब्द का ही बारम्बार उल्लेख किया है । यथा—

"मातर्विशालाक्षि ! भवानि ! सुन्दरि !
त्वामन्नपूर्णे ? शरणं प्रपद्ये"—(अ० २०, श्लो० १०२)

और भी उदाहरण—

"जय जयान्नपूर्णे ! अन्नप्रदाननिरते !
अन्नार्थिसंग्रहपरे ! अन्धबधिरपङ्गुपतितमहापापि-
शरणागतत्राणनिरते !"—इत्यादि (अ० २०, श्लो० ११०)

इसका मुख्य कारण तो मैं नहीं जान सकता; पर इतना समझ पड़ता है कि बड़े-बड़े ग्रन्थों में किसी विशेष संकेत से कभी कोई शब्द अवश्य छोड़ दिया जाता है, अथवा किसी नियमित शब्द का अवश्यमेव प्रयोग किया जाता है; क्योंकि इन्हीं "व्यास जी" ने जैसे "काशीखण्ड" में अन्नपूर्णा-शब्द का प्रयोग बचा रक्खा है । ऐसे ही "श्रीमद्भागवत" में भी "राधा" शब्द को नहीं आने दिया है । पर "ब्रह्मवैवर्त" इत्यादि पुराणों में "राधा" शब्द की ही भरमार मचा दी है । यह प्रथा केवल व्यास जी की ही नहीं है, आदिकवि महर्षि "वाल्मीकि" ने भी अपने बनाये हुए "रामायण" में "रामचन्द्र" पद का कहीं भी उल्लेख नहीं किया है; पर प्रत्येक सहस्र श्लोकों पर गायत्री के अक्षरों का क्रमशः प्रयोग किया है । यों ही काव्यों में भी "महाकवि" "श्रीहर्ष" ने "नैषधचरित" में "आनन्द" शब्द, "भारवि" ने "किरातार्जुनीय" में "लक्ष्मी" शब्द एवं "माघ" ने "शिशुपालवध" में "श्री" शब्द का प्रयोग प्रत्येक सर्ग के अन्तिम श्लोकों में स्पष्टरूप से दिखा दिया है । ऐसे ही तुलसीकृत रामायण की प्रत्येक चौपाई में भी रकार वा मकार प्रायः पाया जाता है । इससे यही बात सूचित होती है कि बड़े-बड़े ग्रन्थकारों की यह प्रणाली ही है । वे लोग या तो किसी एक प्रधान शब्द

का प्रयोग नहीं करेंगे अथवा किसी नियमित शब्द को यथास्थान पर अवश्य ही लाकर धर देवेंगे। अस्तु ''व्यास जी'' ने चाहे जो सोचकर ''अन्नपूर्णादेवी'' का नाम न लिखा हो; पर हमलोगों को आजकल ऐसे कठोर दुर्भिक्ष के काल में एकमात्र ''अन्नपूर्णामाता'' का ही स्मरण और भरोसा रखना चाहिए। कदापि भूलना नहीं चाहिए। एकमन होकर उन्हीं से बारम्बार यह प्रार्थना करनी उचित है कि ''अम्ब ! अब तू इस भूखे भारत-सन्तान पर कृपादृष्टि फेरकर और यहाँ से अन्य देशों की यात्रा को त्याग कर इस (विचारे) दीन देश को अन्न-पूर्ण कर दे''।

इस ''काशीखण्ड'' पर ''यतीन्द्र रामानन्द स्वामी जी'' की संस्कृत-टीका प्राचीन और प्रसिद्ध है एवं वह टीका भी बहुत उत्तम बनी है। इस भाषानुवाद में जहाँ-तहाँ उसी टीका से कथा वा श्लोक भी उद्धृत किये गये हैं। टीका में प्रत्येक अध्यायों के आदि में एक श्लोक लिखकर अध्याय भर की सार-सूचना दी गई है। उसी प्रथा के अनुसार इस अनुवाद में भी प्रत्येक अध्यायों के अन्त में कुछ एक पद्यों से अध्याय भर की कथा का आभास झलकाया गया है और कहीं-कहीं तो बीच में भी उपयुक्त श्लोकों का पद्यानुवाद पाठकों के थोड़ा-सा मनफेर कर लेने के लिये लिख दिया गया है।

सभी पुराणों का प्रादुर्भाव संस्कृत-भाषा में ही हुआ है, इसी कारण से अब इस देश के वे लोग, जो कि संस्कृत पढ़ने का श्रम नहीं उठाते, यहाँ की बहुतेरी पुरानी बातों को, अर्थात् धर्मविषयक, इतिहासविषयक एवं रहन-सहन, मिलन और वर्त्तन (जीवनक्रम) इत्यादि को अच्छी रीति से नहीं जान पाते। इसी का फल यह होता है कि इस देश के व्यवहारों को छोड़कर विदेशीय वर्ताव और चाल-ढाल पर चलने लगते हैं। धीरे-धीरे आजकल यहाँ तक हो गया है कि पुराणों की कथायें गप्प कहाने लगीं; लोग उनके पढ़ने-सुनने में अपना अमूल्य समयरत्न खोने से किसी अच्छे उपन्यास वा (शुकबहत्तरी जैसे) किस्सा कहानी की पुस्तकों को दो-चार दिन नहाना-खाना छोड़कर भी पढ़ डालना उचित समझने लगे। जो हो, पर मेरी तुच्छ समझ में तो जब तक किसी विषय का मर्म नहीं समझ लिया जाता, तब तक कदापि उसका आनन्द नहीं मिल सकता है।

पर हाँ, यदि कोई परिश्रम उठाकर सभी पुराणों की कथाओं को जान लेवे, तो सम्भव है कि उसे इस देश की बहुतेरी प्राचीन रीतियाँ आपसे आप ज्ञात हो जावेंगी। यद्यपि मैंने पुराण बाँचने वाले कुछ एक व्यास लोगों की इच्छा के विरुद्ध इस अनुवाद के लिखने का साहस किया है; क्योंकि उन महात्माओं का यही कथन है कि—''पुराणों में वेद की भी बहुतेरी ऋचायें, किं वा मन्त्र आ जाते हैं, जो केवल अधिकारियों के पढ़ने-सुनने के योग्य होते हैं, वे सब लोगों

के लिए नहीं हैं" । यद्यपि यह बात सर्वथा माननीय है कि, हिन्दी में ग्रन्थ का अनुवाद हो जाने पर केवल हिन्दी जानने वाले भी उन विषयों को पढ़ ले सकते हैं, तथापि इस झगड़े का न्याय (फैसला) "गोस्वामी तुलसीदास जी" ने "अध्यात्मरामायण" का अनुवादरूप अपना जगत्प्रसिद्ध "मानसरामायण" लिखकर निपटा दिया है । फिर यह बात भी बहुत ठीक है कि ईश्वर के स्मरण करने का अधिकार प्रत्येक जन को सब प्रकार से सर्वदैव और सर्वत्र ही समान है, जैसा कि कहा भी है—

"जाति पाति पूछे नहिं कोई ।
हरि को भजै सो हरि का होई" ।।

एक बात और भी है—यदि भक्ति रखने वाले श्रद्धालुजनों से परम गोप्य विषय भी प्रकट कर दिया जाता है, तो मेरे इस अनुवाद के पढ़ने से यदि किसी को कुछ भी लाभ पहुँचा अथवा कोई उपकार ही हो सका, तो मेरे दोषों का प्रायश्चित्त अनायास ही हो जायेगा । काशी के विषय में कथाओं के जानने की इच्छा रखने वाले किं वा काशीवास करने वाले, अथवा बिगड़ैल अधिकारी को ही इससे कुछ भी सहायता मिल सकी, तो मेरा परिश्रम अक्षरशः सफल हो जावेगा—इसमें कुछ भी सन्देह नहीं है ।

तिस पर (इतने पर) भी यावच्छक्य उक्त दोषों को दूर करने की चेष्टा की गई है । अनुवाद में इसी इच्छा से श्लोकाङ्क भी लगाया गया है कि जो लोग इसे मूल से मिलाकर पढ़ेंगे, उन्हें ये सब बातें यथार्थ रीति से विदित हो जावेंगी ।

इस काशीखण्ड के "महाराष्ट्री", "गुजराती", "तैलंगी" और "बंगला" इत्यादि भारतवर्ष की अवान्तर भाषाओं में गद्य और पद्य में अनेक अनुवाद हो चुके हैं । एक अनुवाद "फारसी" में भी (शायद राजा पटनी-मल्ल का बनाया हुआ) है; पर काशीपुरी की प्रचलित हिन्दी-भाषा में अभी तक कोई पूर्ण अनुवाद मुझे नहीं दीख पड़ा । यों तो अध्यायों की कथामात्र का भावार्थ लेकर एक अनुवाद दोहा, चौपाइयों में ३५ अध्याय तक "जयनारायण जी" का बनाया हुआ कलकत्ते में छपा था; पर वैसे अनुवाद से ग्रन्थ के प्रत्येक श्लोकों का भाव नहीं समझा जा सकता । हाँ, कथा का कुछ आभास अवश्य ही झलक जा सकता है । बस "हिन्दी" ऐसी प्रधान भाषा में ऐसे अलौकिक ग्रन्थ का अनुवाद नहीं दिखाई पड़ने पर कतिपय सज्जन सुहृदों के अनुरोध से यह अनुवाद शुद्ध हिन्दी (अर्थात् उर्दूरहित) भाषा में मन्दबुद्धि के अनुसार लिखा गया है । इसी कारण से इसमें बहुतेरे दोषों के पड़े रहने की विशेष संभावना है । पर साथ ही यह आशा भी दृढ़ है कि सुधारक लोग अपने कर्त्तव्य में कभी कोई त्रुटि नहीं होने

देंगे और मेरी भूलों-चूकों को अवश्य ही सुधार देने की अपार दया दरसावेंगे; क्योंकि—

"काल सुभाव कर्म बरिआई, भलेउ प्रकृति बस चूक भलाई।
सो सुधारि हरिजन जिमि लेहीं, दलि दुख दोष विमल जस देहीं" ।।

फिर इस परम पवित्र श्रीवेदव्यासोक्त "काशीखण्ड" की अनुगामिनी हो जाने से मेरी टूटी-फूटी भी हिन्दी-भाषा अवश्यमेव स्वीकार के योग्य हो जावेगी। जैसा कहा गया है—

"धूमहु तजै सहज करुआई।
अगर प्रसंग सुगंध बसाई" ।। (तु०रा०)

और भी किसी ने यह बहुत ठीक कहा है कि—

"कहा न होत सुसंग ते, देखहु तिल अरु तेल।
मोल तोल सब फिरि गयो, पायो नाम फुलेल" ।।

अन्त में मैं केवल इतना कहकर चुप हो रहता हूँ कि—

"छमिहहिं सज्जन मोरि ढिठाई।
सुनिहहिं बालवचन मन लाई" ।। (तु०रा०)

इस ग्रन्थ के प्रायः प्रत्येक अध्यायों की कथाएँ अन्य पुराणों से भी बहुत मिलती हैं—जैसे कि लोकों का वर्णन प्रायः सभी पुराणों में वर्तमान है। सदाचारादि का निरूपण "मनुस्मृति" इत्यादि धर्मशास्त्र एवं "पद्मपुराण" से विशेष मिल जाता है। यों ही काशी के अवान्तर तीर्थ, जैसे कपालमोचन की कथा प्रायः "वामनपुराण" और "नारदीयपुराण" में एवं और भी बहुतेरे पुराणों में समान ही वर्णित है। गङ्गा जी का 'दशहरा" स्तोत्र "नारदीयपुराण में" ज्यों का त्यों है; फिर "ब्रह्माण्डपुराण के उपसंहार पाद में" और "स्कन्दमहापुराण के प्रभासखण्ड में", शैवपुर=अविमुक्तक्षेत्र का वर्णन एक-सा है। इसी रीति पर भगवान् विश्वेश्वर को कौन कहे, काशी के अनेकानेक तीर्थ और शिवलिङ्गों का माहात्म्य प्रायः पूर्वोक्त तथा अन्यान्य पुराणादिकों से बहुत कुछ मिल जाता है। यदि परिश्रम उठाया जावे, तो यथेष्ट सम्भव है कि काशीखण्ड के प्रत्येक अध्यायों की कथाओं का पुराणान्तर से मिलान किया जा सकता है।

एक बात और भी निवेदनीय है कि मैंने यह अनुवाद अपने घर की (सं० १६७६, ज्येष्ठ कृष्णा० ११ की) लिखित पुस्तक के पाठानुसार लिखा है; पर उस प्राचीन काशीखण्ड में श्लोकाङ्क कहीं भी नहीं हैं। अतएव अङ्क-गणना बम्बई के "गणपतिकृष्णा जी" द्वारा छापे हुए ग्रन्थ से ली गई है। इससे यदि कहीं कोई श्लोक दूसरी पुस्तकों से घट-बढ़ जावे तो पाठकगण उसे ठीक करके सुधार

लेवें; क्योंकि कुछ पाठभेद हो जाना कोई असंभव नहीं है;, पर प्रयत्न तो ऐसा ही किया गया है, जिसमे कोई भ्रम नहीं पड़ने पावे ।

अब एक बहुत आवश्यक बात यह है कि इस काशीखण्ड में जिस काशी की महिमा विस्तारपूर्वक वर्णन की गई है, उसका दूसरा नाम "वाराणसी" है और अपभ्रंश अब "बनारस" प्रसिद्ध है । इसी रीति पर समय के फेर-फार से एवं विधर्मी यवनराजादिकों के अत्याचार से इस ग्रन्थ के अनुसार बहुतेरे देवस्थान और तीर्थादिकों में कुछ उलट-पलट होकर प्राय: अन्तर पड़ गया है । औरों की बात तो दूर जाने दीजिए, स्वयं भगवान् विश्वेश्वर ही का मन्दिर इस ग्रन्थ के अनुसार ज्ञानवापी के उत्तर ओर था । पर अब वह स्थान जहाँ पर भगवान् विराजमान हैं, ज्ञानवापी से दक्षिण-दिशा में वर्तमान है ।

इसी रीति से जहाँ तक स्थान के परिवर्तन अथवा अन्तर की व्यवस्था ज्ञात हो सकी है, उसका कुछ थोड़ा-सा वर्णन कहीं-कहीं अध्यायों के अन्त में वा कथा के अन्त में दे दिया गया है; पर इस विषय का सविस्तर वृत्तान्त तथा काशी की वर्तमान अवस्था एवं देवस्थानों के अतिरिक्त दर्शनीय अन्य विषयों का संग्रह और उनकी छान-बीन हो रही है । आशा है कि आजकल के नव्य और प्राचीन दोनों शैली के लोगों के उपयुक्त एक छोटा-सा ग्रन्थ बन जावेगा और उसी में "उत्तर-काशी" अथवा "गुप्तकाशी" इत्यादि के विषय में भी जो कुछ वक्तव्य है, लिखा जावेगा । इस ग्रन्थ से उन सब काशियों का कोई सम्बन्ध नहीं है ।

अन्त में केवल यही निवेदन है कि इस "काशीखण्ड" का तत्त्व निचोड़-कर किसी प्राचीन विद्वान् ने यह बहुत ठीक लिख रक्खा है, यथा—

"असारे खलु संसारे सारमेतच्चतुष्टयम् ।
काश्यां वासः सतां सङ्गो गङ्गाम्भः शिवपूजनम्" ।।

इत्यलं पल्लवितेनेति शम् ।

निवेदक
त्रिपाठिनारायणपतिशर्मा

श्रीकाशी, गंगासप्तमी
भानुमती सं० १९६४

॥ श्रीशौ वन्दे ॥

॥ श्रीगणेशाय नमः ॥

प्रथम संस्करण में प्रकाशित

काशीयात्रा

विश्वेश्वरं माधवढुण्डिराजौ श्रीदण्डपाणिं सह भैरवेण ।
काशीं गुहां देवधुनीं ग्रहेशं वन्दे भवानीं मणिकर्णिकाञ्च ॥१॥

श्रीकाशीखण्ड में काशी की प्रायः सभी यात्राएँ कही गयी हैं; पर इन यात्राओं का विशेषरूप से वर्णन अन्य-अन्य पुराणादिकों में भी पाया जाता है। यद्यपि काशी के यात्राविषय पर अनेक छोटे-बड़े ग्रन्थ बने और छपे हैं; पर सभी ग्रन्थ सर्वाङ्गपूर्ण नहीं दीख पड़ते। इसीलिए यह एक छोटी-सी यात्राविधि संक्षेपरूप से लिख दी गई है। इसमें यात्राभिलाषी लोगों को बहुत ढूँढ़े विना ही सामान्य विधि प्राप्त हो जायेगी। जो लोग अन्य देश से काशी की यात्रा करने के लिये आते हैं, वे स्वयं यात्रा के विषयों में अनभिज्ञ (अनजान) होते हैं और यात्रा कराने वाले लोग भी प्रायः अपठित एवं आलसी होने के कारण शुद्ध रीति से यात्रा नहीं करा पाते। इसलिये इस लघु पुस्तिका से यदि उन लोगों को कुछ भी सहायता मिल सके, तो इसका लिखा जाना सफल होगा।

श्रीकाशीखण्ड के सौवें अध्याय में यात्राओं की विधि विहित है, (देखिये) यथा—

''न वन्ध्यं दिवसं कुर्याद्विना यात्रां क्वचित्कृती''।

अर्थात् पुण्यवान् जन काशी में एक दिन भी विना यात्रा का व्यर्थ न होने देवे। अतएव काशीवास करने वालों को प्रतिदिन यात्रा करनी चाहिए; क्योंकि काशीखण्ड में ही यह भी लिखा है कि—

''यस्य वन्ध्यं दिनं यातं काश्यां निवसतः सतः ।
निराशाः पितरस्तस्य तस्मिन्नेव दिनेऽभवन्''॥

अर्थ—काशीवास करने वाले जिस सज्जन का दिन व्यर्थ बीत जाता है, उस दिन उसके पितरगण निराश हो जाते हैं। (इसका विस्तार लिखने की आवश्यकता नहीं है, काशीखण्ड १००वाँ अध्याय देख लीजिये)।

अब विदेशी यात्रियों को काशीयात्रा करने के लिए तीर्थविधि के अनुसार अर्थात् जब यात्रा करनी हो, तब अपने घर में गणेशादिपूजन और घृतश्राद्धादिक

कर श्राद्धशेष घृत प्राशनपूर्वक कार्पटिक वेश धारण करके यात्रा के लिये अपना ग्राम गोंठकर प्रस्थान करना चाहिए। फिर तीर्थ में पहुँचकर—उपवास, मुण्डन, स्नान, श्राद्ध, दान एवं अवान्तर तीर्थयात्राओं को करना चाहिए। यात्राओं में यान (सवारी), उपानह, छत्र (जूता, छाता) इत्यादि का यथाशक्ति परित्याग ही करना उचित है।

(स्त्रियों को मुण्डन नहीं कराना चाहिए; क्योंकि उन लोगों को केवल तीन अङ्गुल चोटी का अग्रभाग ही कटा देने की विधि है)।

इन बातों को प्राय: यात्रीलोग जानते हैं, इससे इसका विस्तार नहीं लिखा गया।

जो कोई अपने इष्ट-मित्र अथवा बन्धु-बान्धवों की कुशमूर्ति बनाकर तीर्थ में नहवा देता है, उसे भी अष्टमांश फल होता है। स्वयं काशीवास करने की अपेक्षा किसी कर्मनिष्ठ ब्राह्मण को, वास कराने में और भी अधिक पुण्य होता है—जैसा "काशीरहस्य" का वचन है—

"वस्तुः कोटिगुणं पुण्यं काश्यां वासयितुर्ध्रुवम्।
आत्मानं तारयेद्वस्ता तौ द्वौ वासयिता यतः" ॥

अर्थ—काशी में स्वयं वास करनेवाले से वास करानेवाले को करोड़गुना पुण्य अधिक होता है; क्योंकि वास करनेवाला तो केवल अपने ही को तारता है; पर वासयिता अपने को तथा जिसे वास कराता है उसे—दोनों ही का उद्धार कर देता है (यही बात यात्रा के विषय में भी समझनी चाहिए)।

काशी से मृत्तिका भी बाहर नहीं ले जानी चाहिए; क्योंकि "काशीरहस्य" में उसका भी निषेध लिखा है—

"काशीतो मृत्तिकाऽन्यत्र नेतुमिच्छति यः पुमान्।
कुलं वै पतितं तस्य रौरवे चाऽतिभैरवे" ॥

अर्थ—जो कोई काशी से मिट्टी (भी) बाहर ले जाना चाहता है, उसका कुल भयंकर रौरव नामक नरक में गिरता है। इस प्रकार के बहुतेरे वचन "विष्णु-धर्मोत्तरपुराण" एवं "सौभरीसंहिता" इत्यादि में भी पाये जाते हैं।

यात्री लोगों को अपना नित्य नियम समाप्त करके यथाविधि यात्रा करनी चाहिए। यात्रा के समय में मौन होकर मन ही मन अपने इष्टदेव का नाम स्मरण करते रहना चाहिए, अथवा काशीवासी लोगों की प्रथा के अनुसार एक साथ गोल बाँध उच्चस्वर से—

"हर ! हर ! महादेव ! शम्भो ! काशी विश्वनाथ गङ्गे" !

इस वाक्य को कहते रहना चाहिए; क्योंकि अकेला यात्री तो सुखपूर्वक मौन रह सकता है; पर जब भीड़-भाड़ में यात्रा करनी पड़ती है, तब चुपके रहना कठिन हो जाता है। अतएव उक्त वाक्य को काशीवासी यात्रीगण मन्त्ररूप से उच्चस्वर में कहते रहते हैं। यह प्राचीन रीति है।

यात्रा में जहाँ-जहाँ स्नान, मार्जन, तर्पण, देवपूजन और दान इत्यादि विहित हैं, वहाँ-वहाँ यात्रियों को अपनी शक्ति के अनुसार उन्हें अवश्यमेव करना चाहिए।

कतिपय विशिष्ट यात्राओं का वर्णन—

काशीखण्ड में कहा है कि गङ्गा-विश्वनाथ की यात्रा प्रतिदिन करनी चाहिए, यथा—

"यात्राद्वयं प्रयत्नेन कर्त्तव्यं प्रतिवासरम्।
आदौ स्वर्गतरङ्गिण्यास्ततो विश्वेशितुर्ध्रुवम्"॥

(का०ख० १००अ०)

अर्थ—प्रतिदिन प्रयत्नपूर्वक दो यात्रायें अवश्य करनी चाहिए। पहले तो गङ्गा जी (में स्नान करे) और तदनन्तर विश्वेश्वर (के दर्शन-पूजन इत्यादि)। अतएव इसे प्रधान यात्रा अथवा नित्यकर्म समझना चाहिए; क्योंकि "काशी-रहस्य" में भी ऐसा ही वचन पाया जाता है। यथा—

"चक्रपुष्करिणीतीर्थे स्नातव्यं प्रतिवासरम्।
पत्रैः पुष्पैः फलैस्तोयैः पूज्यो विश्वेश्वरः सदा"॥

अर्थ—प्रतिदिन मणिकर्णिका तीर्थ में स्नान करना चाहिए और सदैव फल, फूल, जल एवं (बिल्व) दल से विश्वनाथ की पूजा करनी चाहिए। इस यात्रा के करने से जो फल प्राप्त होता है, अथवा जिसे इसके करने की आवश्यकता है, वह बात भी "सनत्कुमारसंहिता" के इस वचन से स्पष्ट हो जावेगी। यथा—

"स्नात्वा मुमुक्षुर्मणिकर्णिकायां मृडानि गङ्गाहृदये त्वदास्ये।
विश्वेश्वरं पश्यति योऽपि कोऽपि शिवत्वमायाति पुनर्न जन्म"॥

अर्थ—जो कोई मोक्षार्थी श्रीगङ्गा जी के हृदयस्वरूप और तुम्हारे मुखरूप (गौरीमुख) श्रीमणिकर्णिकातीर्थ में नहाकर भगवान् विश्वेश्वर का दर्शन करता है, वह शिवरूप हो जाता है, हे पार्वति! फिर उसका जन्म नहीं होता। यही यात्रा "काशीखण्ड" के अनुसार "एकायतनयात्रा" भी कही गई है। यथा—

"दृश्यो विश्वेश्वरो नित्यं स्नातव्या मणिकर्णिका" ।

अर्थ—नित्य ही विश्वनाथ का दर्शन और मणिकर्णिका का स्नान करना चाहिए । **यद्यपि मणिकर्णिकाकुण्ड** गङ्गा जी के **पश्चिम तट पर विराजमान है और उसमें ब्रह्मनाल** से द्रव भी होता रहता है; **पर गङ्गा जी में उस तीर्थ के बहुत कुछ भाग मिल जाने से वह मणिकर्णिकाघाट कहा जाता है, इसीलिए "सनत्कुमारसंहिता"** के श्लोक में—**"गङ्गाह्रदये" विशेषण भी दिया है । इससे मणिकर्णिका में स्नान करने के जो वचन मिले हैं, उनमें गङ्गास्नान का विरोध नहीं समझना चाहिए, वरन् इसी प्रकार से दशाश्वमेधघाट में रुद्र-सरोवर अथवा ब्रह्मकुण्ड एवं पञ्चगङ्गाघाट में धर्मह्रद भी गङ्गा ही में मिल गया है** । उसका पृथक् कोई चिह्न नहीं है । मणिकर्णिका में प्रातःकाल की अपेक्षा मध्याह्नकाल में स्नान का विशेष माहात्म्य पाया जाता है । इसके उदाहरण "काशीखण्ड" में बहुत हैं तथा "लिङ्गपुराण" में ऐसा कहा है—

"प्रातः पञ्चनदे स्नात्वा मध्याह्ने मणिकर्णिकाम्" ।

अर्थ—प्रातःकाल पञ्चगङ्गा और दोपहर को मणिकर्णिका में स्नान करे । यों ही "शिवरहस्य" में भी यही बात मिलती है, यथा—

"प्रातर्दशाश्वमेधे च मध्याह्ने मणिकर्णिकाम्" ।

अर्थ—प्रातःकाल दशाश्वमेध एवं मध्याह्न में मणिकर्णिका का स्नान करना चाहिए । **केवल मणिकर्णिका के स्नान का नाम एकतीर्थी यात्रा, पञ्चगङ्गा और मणिकर्णिका के स्नान का नाम द्वितीर्थी यात्रा एवं दशाश्वमेध और मणिकर्णिका एवं पञ्चगङ्गा के स्नान का नाम त्रितीर्थी यात्रा कही गई है,** इसका प्रमाण "लिङ्गपुराण" में आया है—

"काश्यां तीर्थत्रयी श्रेष्ठा नित्यं सेव्या प्रयत्नतः ।
आदौ स्नात्वा प्रयागे तु पञ्चगङ्गा ततः परम् ।।
ततः पुष्करिणीतीर्थे स्नात्वा मुच्येत बन्धनात्"[१] ।।

अर्थ—काशी में तीन तीर्थ (घाट) प्रधान हैं, पहला प्रयाग (दशाश्वमेध), फिर पञ्चगङ्गा, तदनन्तर मणिकर्णिका । इन सबों में स्नान करने से मनुष्य भव-बन्धन से छूट जाता है । (का०ख०अ० ६१ में ४३ से ४६ श्लो० तक) ।

---

१. इन तीनों प्रधान घाटों के चित्र (फोटो) भी काशीखण्ड के अध्यायों की अङ्क-सूचना और तीर्थसीमा के परिमाण वचनों के सहित इसी ग्रन्थ में लगे हैं—(उन्हें देख लीजिए) ।

यों ही चतुस्तीर्थी यात्रा भी "काशीदर्पण" में काशीखण्ड के ही अनुसार लिखी गई है, यथा—अ० ७५, श्लो० ४७ से ५५ तक—

"पुण्ये पिलिपिलातीर्थे[१] त्रिसरित्परिसेविते ।
स्नात्वा गृह्योक्तविधिना तर्पणीयान् प्रतर्प्य च ।।
ततः पञ्चह्रदे स्नात्वा मणिकर्णीह्रदे ततः ।
ततो [२]ज्ञानोदवाप्यां तु स्नात्वा विश्वेशमर्चयेत् ।।
प्रायश्चित्तमिदं प्रोक्तं महापापविशोधनम्" ।।

अर्थ—(गंगा, यमुना, सरस्वती अथवा नर्मदा) इन तीन मिली हुई नदियों से सेवित पुण्यमय पिलपिलातीर्थ (त्रिलोचनघाट) में गृह्यसूत्र—इत्यादि में बताई हुई विधि के अनुसार स्नान एवं पितरगण का तर्पण कर फिर पञ्चगङ्गा और मणिकर्णिका में नहावे । तदनन्तर ज्ञानवापी में स्नान करके श्रीविश्वनाथ जी की पूजा करें । इस (यात्रा) को बड़े-बड़े पापों को शोधनेवाला प्रायश्चित्त कहा गया है ।

इसी प्रकार से पाञ्चभौतिक शरीर को शुद्ध करने के लिए पञ्चतीर्थी यात्रा भी काशीखण्ड के ८४ अध्याय में १०७-११४ श्लोक तक कही गई है; यथा—

"प्रथमं चासिसम्भेदं तीर्थानां प्रवरं परम् ।
ततो दशाश्वमेधाख्यं सर्वतीर्थनिषेवितम् ।।
ततः पादोदकं तीर्थमादिकेशवसन्निधौ ।
ततः पञ्चनदः पुण्यः स्नानमात्रादघौघहृत् ।।
एतेषामपि तीर्थानां चतुर्णामपि सत्तमम् ।
पञ्चमं मणिकर्णाख्यं मनोवाक्कायशुद्धिदम् ।।
पञ्चतीर्थ्यां नरः स्नात्वा न देहं पाञ्चभौतिकम् ।
गृह्णाति जातुचित्काश्यां पञ्चास्यो नाभिजायते"[३] ।।

अर्थ—प्रथम तो समस्त तीर्थों में परम श्रेष्ठ असिसंगम है, तब सब तीर्थों से सुसेवित दशाश्वमेध है । फिर आदिकेशव जी (वरनासंगम) के पास ही में

---

१. नाम्नि ।
२. "ततो विश्वेशमभ्यर्च्य प्राप्नोति सुकृतं महत्" काशीखण्ड में यही पाठ है—यहाँ पर पाठान्तर ही स्वीकृत और अपेक्षित है ।
३. आज भी यह 'पञ्चतीर्थी' यात्रा पर्याप्त प्रचलित है । वैशाख, कार्तिक और माघ मास में विशेषरूप से की जाती है । श्रद्धालु काशीवासी जीवन में 'पञ्चतीर्थी' अवश्य करते हैं । —सम्पादक

पादोदक तीर्थ है, तदनन्तर स्नानमात्र से समस्त पापपुञ्जों का हरण करने वाला पवित्र पञ्चनद (पञ्चगङ्गा) तीर्थ है । इन चारों ही तीर्थों से बहुत उत्तम पाँचवाँ (पञ्चस्वरूप) मणिकर्णिकातीर्थ है, जो मन, वचन और शरीर को भी शुद्ध कर देता है । मनुष्य काशी के इन पाँच तीर्थों में नहा लेने से फिर कभी पञ्चभूत-रचित देह को नहीं ग्रहण करता, यदि (कुछ) होता है, तो साक्षात् पञ्चमुख शिव ही बन जाता है । (यह यात्रा काशी में बहुत ही प्रचलित है, प्रायः पर्वों में इसे बहुत लोग नौका पर चढ़कर करते हैं ।) इसी यात्रा में गौरीकुण्ड, केदारघाट और पिलिपिलातीर्थ (त्रिलोचनघाट) को भी मिला देवे, तो यही पञ्चतीर्थी से सप्ततीर्थी यात्रा हो जाती है । इस रीति से यह एकतीर्थी से लेकर सप्ततीर्थी-पर्यन्त यात्राएँ हुईं ।

काशी की आयतन यात्राएँ—

इनकी विधि यह है कि, कहीं भी गङ्गा इत्यादि तीर्थ में स्नान करके भगवान् विश्वेश्वर का दर्शन-पूजन कर ले, तो उसका नाम **एकायतन यात्रा है** । जैसा कि पूर्व में सप्रमाण लिखा गया है । इसीलिए ''नन्दिपुराणोक्त'' **द्विरायतनयात्रा** की यह विधि है, यथा—

> **''मणिकर्ण्यां नरः स्नात्वा मणिकर्णीशमर्चयेत् ।**
> **ततो वाप्यां नरः स्नात्वा विश्वेशं पूजयेत्तु यः ।।**
> **सर्वपापविनिर्मुक्तो ब्रह्मभूयाय कल्पते''[१] ।।**

अर्थ—मणिकर्णिका में स्नान कर जो नर मणिकर्णिकेश्वर का पूजन करके ज्ञानवापी में नहाकर विश्वेश्वर की पूजा करता है, वह मनुष्य ब्रह्मस्वरूप हो जाता है । इसी भाँति **त्र्यायतनयात्रा** भी ''लिङ्गपुराण'' में कही गई है—

> **''अविमुक्तञ्च स्वर्लीनं तथा मध्यमकं पदम् ।**
> **एतल्लिङ्गत्रयं देवि ! दृष्ट्वा पापानि नङ्क्ष्यति''[२] ।।**

अर्थ—हे देवि ! अविमुक्तेश्वर, स्वर्लीनेश्वर और मध्यमेश्वर—इन तीनों ही लिङ्गों के दर्शन से समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं । यों ही **चतुरायतन एवं पञ्चायतन यात्रा** भी उक्त ''लिङ्गपुराण'' ही में पाई जाती है, यथा—

> **''शैलेशं सङ्गमेशं च स्वर्लीनं मध्यमेश्वरम् ।**
> **दृष्ट्वा न जायते मर्त्यः संसारे दुःखसागरे''[३] ।।**

१-३. इन सब लिङ्गों के स्थानादि का पता चतुर्दशायतन यात्रा की विधि में देखना चाहिए, जो चतुर्दशी के प्रकरण में लिखी गई है ।

अर्थ—शैलेश्वर, सङ्गमेश्वर, स्वर्लीनेश्वर और मध्यमेश्वर—इन (चारों लिङ्गों) के दर्शन कर लेने से मनुष्य दुःख के सागररूप संसार में (फिर) नहीं उत्पन्न होता । **पञ्चायतन यात्रा** यथा—

"कृत्तिवासो मध्यमेशः ओङ्कारश्च कपर्दिकः ।
विश्वेश्वर इति ज्ञेयं पञ्चायतनमुत्तमम्"[१] ।।

अर्थ—कृत्तिवासेश्वर, मध्यमेश्वर, ओङ्कारेश्वर, कपर्दीश्वर और विश्वेश्वर–इन्हीं को उत्तम पञ्चायतन समझना चाहिए । इसी **पञ्चायतन में केदारेश्वर और त्रिलोचनेश्वर** को मिला देने से **सप्तायतन यात्रा** हो जाती है, जैसा कि सप्त-तीर्थों के विषय में कहा जा चुका है ।

बहुतेरी यात्राओं के लिए तिथि, वार इत्यादि के भी नियम बताये गये हैं । यथाक्रम वे आगे लिखे जावेंगे । पर यात्रार्थी लोगों को उचित है कि जभी श्रद्धा होवे, तभी सब यात्राओं को यथाशक्ति कर डालें । हाँ, पर्व इत्यादि पर लिखित यात्राओं के करने से अवश्य विशेष पुण्यलाभ होता है; पर इन उक्त पञ्चतीर्थी अथवा पञ्चायतन इत्यादि यात्राओं के लिए तिथ्यादि के कोई विशेष नियम नहीं कहे हैं । अतएव इन सबों को लोग प्रायः सर्वदैव करते रहते हैं ।

अब वर्ष, अयन, ऋतु, मास, पक्ष, तिथि, वार एवं नक्षत्र-योगादिक की यात्राएँ यथाक्रम लिखी जाती हैं ।

इन यात्राओं में पहले वार्षिक यात्राएँ चैत्रमास के शुक्लपक्ष वर्षारम्भ दिन से क्रमपूर्वक लिखी जाती हैं । (ये यात्राएँ जो लिखी जाती हैं, प्रायः दिन में स्नानोत्तर की जाती हैं, पर फाल्गुन और श्रावण इत्यादि मासों में प्रायः विश्वेश्वरादि देवस्थानों में वार्षिक शृङ्गारोत्सव भी होता है, जिसमें प्रायः रात ही में दर्शन किया जाता है; पर वे सब शृङ्गारोत्सव शिष्टाचार के अनुसार होते हैं, अतएव उनका वर्णन इस वार्षिक-यात्रा में यद्यपि छोड़ दिया गया है; पर पृथक् करके थोड़ा-सा लिख भी दिया गया है । अन्नपूर्णा-मन्दिर का एक विशेष-शृङ्गार होता है कार्तिक-कृष्ण-चतुर्दशी से कार्तिक-शुक्ल-प्रतिपदा तक । इसमें अन्नपूर्णा-मन्दिर में सीढ़ी से ऊपर जाकर दर्शन करना होता है । यह दर्शन भी शिष्टाचारी ही है ।)—सम्पादक

---

१. इन सब लिङ्गों के स्थानादि का पता चतुर्दशायतन यात्रा की विधि में देखना चाहिए, जो चतुर्दशी के प्रकरण में लिखी गई है ।

देवयात्रा-नाम	स्थानादि (पता)	मास-तिथि	पुराण-प्रमाण
श्री दुर्गादेवी	दुर्गाकुण्ड	चैत्र-शु०१ से ९ तक	का०ख० ७२ अ० ८३ श्लो०
मङ्गलागौरी	लक्ष्मणबाला घाट पर	चैत्र-शु० ३	का०ख० ४९ अ० ८० श्लो०
चित्रघण्टा	चौक से पूर्व, चन्दू की गली में	चैत्र-शु० ३	का०ख० ७० अ० ४१ श्लो०
पार्वतीश्वर	त्रिलोचन के समीप	चैत्र-शु० ३	का०ख० ९० अ० २२ श्लो०
अन्नपूर्णादेवी	विश्वनाथ के पास प्रसिद्ध	चैत्र-शु० ८	का०ख० ६१ अ० १२६ श्लो० एवं शिवपुराण खण्ड ६, अ० १
महामुण्डा	जैतपुरा के समीप	चै० शु० ८	का०ख० ६६ अ० १६ श्लो०
मध्यमेश्वर	नेसगंज (कंपनी-बाग)	चै० शु० ८	का०ख० ९७ अ० १५० श्लो०
सुभद्रादेवी	चन्द्रकूप के समीप	चै० शु० ८	नन्दिपुराण (अप्रचलित)
राम (जन्म)	रामघाट	चै०शु० (राम)९	का०ख० ८४ अ० ६९ श्लो०
कामेश्वर	मछोदरी के पास ही गली में	चैत्र-शु० १३ (शनिप्रदोष)	का०ख० ८५ अ० ७५ श्लो० तथा का० ख० ९७ अ० ९७ श्लो०
पशुपतीश्वर	इसी नाम का महाल है,	चैत्र-शु० १४	का०ख० ६१ अ० १०९ श्लो०
कृत्तिवासेश्वर	हरतीरथ-वृद्धकाल पर	चैत्री पूर्णिमा	का०ख० ६८ अ० ५१ श्लो० एवं शिव-पुराण–खण्ड ५, अ० ५५
चन्द्रेश्वर	सिद्धेसरी–चन्द्रकूप	चैत्री पूर्णिमा	का०ख० १४ अ० ६१ श्लो०
पञ्चमुद्रादेवी	पञ्चगङ्गाघाट	वैशाख-कृ० ८	नन्दिपुराण (अप्रसिद्ध)
त्रिलोचन	त्रिलोचनघाट	वैशाख-शु० (अक्षय) ३	का०ख० ७५ अ० ६७ श्लो०
परशुरामेश्वर	नन्दनसाहु	वैशाख-शु० १४	का०ख० ८३ अ० ७५-७६ श्लो०

ओङ्कारेश्वर	मछोदरी के उत्तर महाल हुक्कालेसन प्रसिद्ध है	वैशाख-शु० १४	का०ख० ७४ अ० १०० श्लो० (कूर्म-पुराण, ब्राह्मीसंहिता अ० ३१ शिवपु० लिङ्गपुराणादि)
नृसिंह	प्रह्लादघाट	वैशाख-शु०१४	का०ख० ६१ अ० वाशिष्ठाचार नृसिंह-लीला भी होती है।
ज्येष्ठविनायक	काशीपुरा (कर्णघण्टा)	ज्येष्ठ-शु० ४	का०ख० ५७ अ० १०३ श्लो० में चतुर्दशी कही है।
ज्येष्ठागौरी	काशीपुरा (कर्णघण्टा)	ज्येष्ठ-शु० ८	का०ख० ६३ अ० १४ श्लो०
दशाश्वमेधेश्वर	दशाश्वमेधघाट	ज्ये० शु० १ से १० तक	का०ख० ५२ अ० ९२ श्लो० (शिव-पुराण-खण्ड ६ अ०९)
गङ्गेश्वर	ज्ञानवापी के पूर्व पीपरतर	ज्ये० शु० १०	का०ख० ९१ अ० ५ श्लो०
ज्येष्ठेश्वर	काशीपुरा (कर्णघण्टा)	ज्ये० शु० १४	का०ख० ६३ अ० ९ श्लो०
रथयात्रा	राजातालाब–प्राचीन वाराणसी नगर से बाद रथयात्रा चौमुहानी के पश्चिम	आषाढ़शुक्ल २ आषाढ़-शुक्ल २-४ तक	
आषाढ़ीश्वर	कासीपुरा, राजा बेंतिया के घेरे में, शिवालय के पीछे	आषा० शु० १४ अथवा १५	का०ख० ५५ अ० २९ श्लो०
व्यासेश्वर	करनघंटा पर	आषाढ़ी पूर्णिमा	का०ख० ९५ अ० ७४ श्लो०
वृद्धकाल	दारानगर में प्रसिद्ध	श्रावण के प्रति रविवार को	का०ख० २४ अ० में कथा है।
केदारेश्वर	केदारघाट	श्रावण के प्रति सोमवार को	का०ख० ७७ अ० एवं शिवरहस्य में उक्त दिन की यात्रा है।
सारनाथ	प्रसिद्ध	,, ,,	शिष्टाचार (मेला)
दुर्गा-देवी	दुर्गाकुण्ड	श्रावण के प्रति मंगलादिक वार	देवीभागवत तथा शिष्टा-चार

			इसके अतिरिक्त प्रत्येक मंगलवार को भी दर्शन करने से अरिष्ट-शान्ति होती है।
नागयात्रा (वा) वासुकीश्वर	नागकूँआ अथवा कर्कोटक वापी	श्रा०शु० ५ (नागपंचैया)	का०ख० ६६ अ० १० श्लो० तथा वाराहपुराण अ० २४, भविष्यपुराण अ०३०। ३४ और शिवरहस्य इत्यादि
(आदि) महादेव	त्रिलोचन के पास	श्रावण-शु०१४	का०ख० ६९ अ० ३५ श्लो० (पवित्रा-रोपण)
विशालाक्षी	धरमकूप के समीप	भाद्रकृ० ३	का०ख० ७० अ० ९ श्लो०
आग्नीध्रेश्वर	इसरगंगी पर प्रसिद्ध (जागेश्वर)	भाद्रकृ० ६	शिष्टाचार
कृष्ण (जन्म)	आदिकेशव से बिन्दु-माधव लों (तक) (गोपालमन्दिर इत्यादि)	भाद्रकृ० ८ जन्माष्टमी	का०ख० ६१ अ० में इन्हें विष्णुतीर्थ कहा गया है, शिष्टाचार।
ऋणमोचन	हनुमानफाटक	भाद्रकृ० १५	शिष्टाचार
मङ्गलागौरी	लक्ष्मणबालाघाट	भाद्रशु० ३	शिष्टाचार
गणेश	बड़े गनेस	भाद्रशु० चौथ (तथा भाद्रकृ० चौथ और माघकृष्ण चौथ को दर्शन करते हैं।	शिवरहस्य तथा गणेश-पुराण
लोलार्क	भदैनी में प्रसिद्ध	भाद्रशु० ६	का०ख० ४६ अ० में अगहन मास कहा है। शिष्टाचार
महालक्ष्मी	लक्ष्मीकुण्ड	भाद्रशु० ८ से आश्विनकृ० ८ तक	का०ख० ७० अ० ६७ श्लो० एवं भवि-ष्योत्तरपुराण
कुलस्तम्भ	लाटभैरो पर	भाद्रशु० १५	का०ख० १०० अ० ९९ श्लो०
ललितादेवी	ललिताघाट	आश्विनकृ० २	का०ख० ७० अ० २० श्लो०
लक्ष्मीगोपाल	लक्ष्मीकुण्ड से उत्तर घीहट्टा में	आश्वि०कृ० ८	वायुपुराण की लक्ष्मी-संहिता में वर्णन है (सोरहिया में मेला—त्रिपाठी भवन में)

मातृदेवी	लल्लापुरा-माताकुण्ड	आश्वि०कृ० ९	का०ख० ९७ अ० २४५-४६ श्लो०
पित्रीश्वर	पितरकुण्डा	पितृपक्ष में पिता की मरण-तिथि को	का०ख० ९७ अ० २३५ श्लोक (शिष्टाचार
विश्वभुजागौरी	धरमकूप के पास	आश्वि०शु०१ से ९ तक नवरात्रि भर	का०ख० ७० अ० २३ श्लो० (शुक्ला तृतीया की कथा है) तथा का०ख० ८० अ० ३० श्लो०
दुर्गादेवी	दुर्गाकुण्ड	आश्वि० शु० १ से ९ तक नवरात्रभर	का०ख० ७२ अ० ८७ श्लोक
नवदुर्गा[1]	भिन्न-भिन्न ९ स्थान	,,	देवीभा० और वाराहपुराणादि का
चतुष्षठी[2]	चौंसठ्ठीघाट और कुछ स्थान भिन्न-भिन्न हैं	,,	का०ख० ४५ अ० ४८ श्लो०
हनुमान्	हनुमानघाट (बड़े हनुमान जी) इत्यादि	कार्तिककृ० १४	शिष्टाचार
यमेश्वर	जमघाट	कार्तिकशु० २	का०ख० ५१ अ० ११ श्लो० (पर यमद्वितीया नहीं कही गई है)
धर्मेश्वर	धरमकूप पर	कार्तिकशु० ८	का०ख० ७८ अ० ५५ श्लो०
बिन्दुमाधव	पञ्चगङ्गाघाट	कार्तिकशु० ११ से १५ पर्यन्त (भीष्मपञ्चक भर)	का०ख० ५९ और ६० अ० एवं पद्मपुराणादि
विश्वेश्वर	प्रसिद्ध (विश्वनाथमंदिर)	कार्तिकशु० १४ (वैकुण्ठचतुर्दशी)	का०ख० २१ अ० १०९ श्लो०
स्वामिकार्तिक	केदारघाट पर	कार्तिकी पूर्णिमा	का०ख० ६१ अ० १२० श्लो०
काशी-महायात्रा	काशी भर सर्वत्र	कार्तिकी पूर्णिमा	का०ख० २१ अ० १०९ श्लो०
कालभैरव	प्रसिद्ध भैरवनाथ	अगहनकृ० ८	का०ख० ३१ अ० १४६ श्लो०

---

१. नवमी की यात्रा देखिये।

२. चैत्रकृ० १ की यात्रा देखिये।

मालतीश्वर	वृद्धकाल के घेरे में	अगहनशु० ६	का०ख० ९७ अ० १३५ श्लो०
कालमाधव	भैरवनाथ के पास	अगहनशु० ११	का०ख० ६१ अ० १८७ श्लो०
पादोदकतीर्थ	वरनासंगम के पास	अग०शु० ११ से पूर्णिमा १५ तक	नन्दिपुराण
कपर्दीश्वर	पिशाचमोचन	अगहनशु० १४	का०ख० ५४ अ० ७७ श्लो० वामनपु० ३ अ० एवं सनत्कुमारसंहिता इत्यादि (लोटाभंटा मेला)
गोपीगोविन्द	लालघाट	अगहनशु० १५	का०ख० ६१ अ० १९ श्लो०
नगरप्रदक्षिणा	(वरना का) चौकाघाट	अगहनशु० १५	काशीरहस्य
उत्तरार्क	अलईपुर	पौष के रविवार	का०ख० ४७ अ० ५७ श्लो० (यह बकरियाकुण्ड की यात्रा लुप्त होकर जेठ के रविवार को गाजीमीयाँ के व्याह के नाम से प्रसिद्ध है)
विधीश्वर	अगस्तकुण्डा के पास	पौष की सप्तमी	नन्दिपुराण (अप्रसिद्ध)
नरनारायण	महथाघाट	पौषशु० १५	का०ख० ६१ अ० १६ श्लो०
गणेश	बड़े गनेश प्रसिद्ध	माघकृ० ४	का०ख० १०० अ० ७३-७४ श्लो०
ढुण्डिराज	विश्वेश्वर के पास प्रसिद्ध	माघशु० ४	का०ख० ५७ अ० ४८ श्लो० लिङ्गपुराण, कूर्मपुराण एवं त्रिस्थलीसेतु
मुखप्रेक्षणिका	मङ्गलागौरी के पास	माघशु० ४	लिंगपुराण (अप्रचलित) (का०ख० ९७ अ० १८८ श्लो०)
लोलार्क	भदैनी में प्रसिद्ध	माघशु० ७	का०ख० ४६ अ० ५५ श्लो० (वामनपुराण १५ अ०)
केशवादित्य	वरनासंगम	माघशु० भानु०७	का०ख० ५१ अ० ७३-७७ श्लो०

द्वादशादित्य	भिन्न-भिन्न १२ स्थान (रविवार की यात्रा देखिए)	माघशु० भानु०७	शिवरहस्य
प्रयागतीर्थ	दशाश्वमेधघाट	प्राय: माघ भर	का०ख० ६१ अ० १९ से ४६ श्लो० तक
अविमुक्तेश्वर	विश्वनाथ जी के घेरे में	(माघ) फाल्गु० कृ० १४	का०ख० ३९ अ० ८९ श्लो०
कृत्तिवासेश्वर	हरतीरथ पर	फाल्गु० कृ० १४ शिवरात्रि	का०ख० ६८ अ० ४४ श्लो०
प्रीतिकेश्वर	साक्षीविनायक पर	,,	का०ख० ९७ अ० २१९ श्लो० और लिङ्गपुराण
दालभ्येश्वर	मानमन्दिरघाट	फाल्गु० शु० १५	सनत्कुमारसंहिता
चतुष्षष्ठी[1]	चौंसट्ठीघाट	चैत्रकृ० १	का०ख० ४५ अ० ५२ श्लो०
वारुणीस्नान	वरनासंगम	चैत्रकृ० १३	का०ख० ५८ अ० १७ से २६ श्लो० वारुणीपर्व, शिष्टाचार (भाद्रशु० १२ को मेला)
केदारेश्वर	केदारघाट	चैत्रकृ० १४ (वा चैत्री पूर्णिमा)	का०ख० ७७ अ० ६१ श्लो०
साम्बादित्य	सूरजकुण्ड	चैत्र का कोई भी रविवार	का०ख० ४८ अ० ५३ श्लो०

प्रमुख वार्षिक-शृङ्गारोत्सव

ये सब शृङ्गारोत्सव प्रतिवर्ष अपने नियमित तिथि-वार पर होते हैं। इनमें कितने ही स्थानों पर नृत्य और गायनादिक भी होता है। प्राय: सायंकाल से आरम्भ होकर अखण्ड रात्रि भर झाँकियाँ हुआ करती हैं। जहाँ गाने-बजाने का भी प्रकरण रहता है, वहाँ तो दूसरे दिन पहर-दोपहर दिन तक धूमधाम मचा रहता है। विशेष आनन्द देखने ही से प्राप्त हो सकता है। लिखने में वे बातें कहाँ तक आ सकती हैं।

---

१. इन चौसठों ६४ योगिनियों के नाम काशीखण्ड के ४५वें अध्याय में ३४ से ४१वें श्लोक तक वर्णित हैं। इनमें ६० योगिनियों का स्थान तो चौसट्ठीघाट के ऊपर रानामहल में है; पर वाराही का—मानमन्दिर, मयूरिका—लक्ष्मीकुण्ड, शुकी का—डौढियावीर और कामाक्षा का—कमच्छा में है; किन्तु यात्रा चौसट्ठीघाट पर ही होती है।

१. सबसे प्रधान श्री विश्वनाथ जी की इस यात्रा में फाल्गुन मास की शुक्ला एकादशी को होता है । इसी दिन श्री अन्नपूर्णा देवी, ढुण्डिराज गणेश, हनुमान् जी तथा ज्ञानवापी इत्यादि उस प्रान्त के सभी स्थानों में शृङ्गार की अद्‌भुत छटा देखने ही योग्य होती है ।

२. इसी फाल्गुनमास की शुक्ला तृतीया को संकटा जी के समीप पीताम्बरा (बगलामुखी) देवी जी का शृङ्गार बड़ी उत्तमता से होता है ।

३. फाल्गुनमास के शुक्लपक्ष में शुक्रवार को लक्ष्मीकुण्ड पर लक्ष्मी जी का शृङ्गार होता है । इसी रीति से श्रावणमास के शुक्लपक्ष में शुक्रवार को भी होता है ।

४. चैत्रशुक्ला ११ को चित्रकूट के पास धूमावती (धूपचण्डी) देवी का शृङ्गार भी दर्शनीय ही होता है ।

५. वैशाखशुक्ला गङ्गासप्तमी को गङ्गा जी के तट पर बहुतेरे स्थानों में शृङ्गार और गान इत्यादि होता है ।

६. श्रावण के शुक्लपक्ष में मंगलवार को बटुकभैरव जी का (कमच्छा पर) शृङ्गार और गान इत्यादि होता है ।

७. जन्माष्टमी का उत्सव बहुतेरे स्थानों में होता है । कहीं-कहीं छट्ठी अथवा बरही भी मनायी जाती है । यह उत्सव प्रायः सभी वैष्णव-मन्दिरों में होता है । वल्लभ-मतानुसारी प्रसिद्ध 'गोपाल-मन्दिर' में यह शृङ्गार और उत्सव १२ दिनों तक बड़ी धूमधाम से होता है ।

८. जन्माष्टमी के छठवें दिन दुर्गाकुण्ड पर श्रीदुर्गा जी का शृङ्गारोत्सव और नृत्यादिक भी होता है ।

९. कार्तिकमास की शुक्ला ११ से १५ तक पञ्चगङ्गाघाट पर सभी मन्दिरों में विशेष शृङ्गारादि होता है ।

१०. मृत्युञ्जयमहादेव, संकटादेवी और हनुमान् घाट पर हनुमान् जी इत्यादि देवस्थानों में भी प्रायः फाल्गुन ही में शृङ्गार होते हैं, इनके अतिरिक्त और भी बहुतेरे मन्दिरों में शृङ्गारोत्सव मनाये जाते हैं ।

अयन-यात्रा

यद्यपि "काशीखण्ड" में पञ्चक्रोशी यात्रा का सविस्तार वर्णन नहीं है; पर "काशीरहस्य" नामक ग्रन्थ में पञ्चक्रोशी यात्रा का विशेष वर्णन पाया जाता

है। काशीक्षेत्र की पञ्चक्रोशी यात्रा शरीरादि की शुद्धि के लिये बहुत ही प्रचलित है। काशी की समस्त यात्राओं में यही सर्वप्रधान मानी जाती है। यह पञ्च-क्रोशी यात्रा अयन-यात्रा भी कही जाती है, जैसा कि ''सनत्कुमारसंहिता'' में कहा है—

''दक्षिणे चोत्तरे चैव ह्ययने सर्वदा मया।
क्रियते क्षेत्रदाक्षिण्यं भैरवस्य भयादपि'' ।।

अर्थ—(श्री महादेव जी कहते हैं)—'हम सर्वदैव दक्षिणायन और उत्तरा-यण में भैरवनाथ के भय से (काशी) क्षेत्र की प्रदक्षिणा अर्थात् पञ्चक्रोशी यात्रा करते हैं'।

काशीवासी लोग प्रायः अगहन और फाल्गुनमास में यह यात्रा करते हैं। फाल्गुन में ठाकुर जी भी पञ्चक्रोशी यात्रा करते हैं। इससे प्रत्येक निवास स्थानों पर साथ में कभी-कभी रामलीला, कृष्णलीला और गाना-बजाना भी होता जाता है। प्रायः अधिमास (लवन) में विशेष बाहरी यात्री भी आ जाते हैं, पर यों तो सभी मासों में यात्री लोग पञ्चक्रोशी करते ही रहते हैं। वास्तव में जब जी चाहे, तभी यात्रा कर डालनी चाहिए; क्योंकि ''काशीरहस्य'' में ऐसा ही वचन मिलता है, यथा—

''यथाकथञ्चिद्देवेशि ! पञ्चक्रोशप्रदक्षिणम्।
कुर्यादेव न मासादि चिन्तयेद्धर्म्मकोविदः ।।
स एव शुभदः कालो यस्मिन् श्रद्धोदयो भवेत्'' ।।

अर्थ—जैसे बन पड़े, वैसे ही पञ्चक्रोश की प्रदक्षिणा करे, धार्मिक जन मास इत्यादि की कुछ भी चिन्ता न करें। वही काल शुभप्रद है, जब (चित्त में) श्रद्धा का उदय हो जावे। इसी भाँति से इस पञ्चक्रोशी यात्रा की चाल भी प्रचलित है और उसका माहात्म्य ''काशीरहस्य'' में अधिक वर्णित है। ''नारदीय-पुराण'' का यह श्लोक पञ्चक्रोशी यात्रा का प्रयोजन भी बतला रहा है, यथा—

''काशीप्रदक्षिणा येन कृता त्रैलोक्यपावनी।
सप्तद्वीपा साब्धिशैला कृता तेन प्रदक्षिणा'' ।।

अर्थात् जिसने त्रैलोक्यपावनी काशीपुरी की प्रदक्षिणा को कर लिया, वह सातों द्वीप, समुद्र और पर्वतों के सहित (भूमण्डल भर की) प्रदक्षिणा कर चुका, उक्त प्रदक्षिणा का फल पा जाता है।

यद्यपि "काशीरहस्य" में एक, दो, तीन और चार दिनों का वास पञ्चक्रोशी के मार्ग में कहा है एवं "शिवरहस्य" में सात दिनों तक की भी आज्ञा है; पर प्रायः लोग तीन वा पाँच निवास करते हैं। इस यात्रा में देवदर्शन इत्यादि के लिए इस प्रकार जाना और लौटकर आना चाहिए, जिसमें प्रदक्षिणा में तिलमात्र भी भूमि छूटने न पावे। यात्री को पञ्चक्रोशी में ब्रह्मचर्य से रहना और सीमा के बाहर मलमूत्र का त्याग करना उचित है। इसका विशेष वर्णन उक्त "काशीरहस्य" के दशवें अध्याय में लिखा है एवं यात्रा का प्रकार भी यों कहा है।

पञ्चक्रोशी-यात्रा-विधि

यात्रीगण पञ्चक्रोशी जाने से एक दिन पूर्व ही गङ्गास्नान और नित्ययात्रा कर मुक्ति-मण्डप (ज्ञानवापी) में जाकर सङ्कल्पपूर्वक ढुण्डिराज का पूजन करें। हो सके तो उस दिन अन्तर्गृही यात्रा भी कर डालें। एक बार हविष्य भोजन करें। फिर दूसरे दिन स्नान एवं नित्य-नियम समाप्त कर, मुक्तिमण्डप में जाँय। इस प्रकार से प्रतिज्ञा करें—"मानसिक, वाचिक, कायिक, ज्ञात और अज्ञात पापों के शुद्ध्यर्थ एवं पुण्यलाभार्थ, पञ्चक्रोशात्मक ज्योतिर्लिङ्गस्वरूप विश्वनाथ, अन्नपूर्णा, लक्ष्मीनारायण, ढुण्डिराजादि छप्पन विनायक, द्वादश आदित्य, नृसिंह, केशव (तीन), राम, कृष्ण, कूर्म-मत्स्यादि अवतारों से युक्त विष्णु, अनेक शिव और गौरी इत्यादि समस्त देवताओं से परिपूर्ण इस क्षेत्र की प्रदक्षिणा हम करते हैं"। इस रीति से सङ्कल्प कर विश्वेश्वर से यह प्रार्थना करें—

"पञ्चक्रोशस्य यात्रां वै करिष्ये विधिपूर्वकम्।
प्रीत्यर्थं तव देवेश! सर्वाऽघौघप्रशान्तये"॥

अर्थ—हे महादेव! मैं आपकी प्रसन्नता और समस्त पापपुञ्ज के शान्त्यर्थ विधिपूर्वक पञ्चक्रोशी-यात्रा को करूँगा। ऐसी प्रार्थना कर, मौन हो, फिर ढुण्डिराज की पूजा करके उनसे आज्ञा माँगें, यथा—

"ढुण्डिराज! गणेशान! महाविघ्नौघनाशन!
पञ्चक्रोशस्य यात्रार्थं देह्याज्ञां कृपया विभो"!॥

अर्थ—हे ढुण्डिराज! गणेश! आप बड़े-बड़े विघ्नसमूहों के विनाशक हैं। अतएव हे विभो! कृपा करके मुझे पञ्चक्रोश की यात्रा के लिए आज्ञा दीजिए। इसके उपरान्त विश्वेश्वर को तीन प्रदक्षिणा और साष्टाङ्ग प्रणाम करके मोहादि पञ्चविनायक, दण्डपाणि और कालभैरव का पूजन एवं फिर से विश्वेश्वर की पूजा कर मणिकर्णिका पर जाँय। पुनः स्नान करके तब परिक्रमा के लिए

चलना चाहिए। मार्ग में इन सब देवताओं का दर्शन और (यथासम्भव) पूजन करना उचित है।

देवताओं के नाम	स्थान*
मणिकर्णिकेश्वर	मनिकनिकाघाट
सिद्धिविनायक	मनिकनिकाघाट
गङ्गाकेशव	ललिताघाट
ललितादेवी	ललिताघाट
जरासन्धेश्वर	मीरघाट
सोमनाथ	मानमन्दिरघाट
दालभ्येश्वर	मानमन्दिरघाट
शूलटंकेश्वर	दशाश्वमेधघाट
(आदि) वाराहेश्वर	दशाश्वमेधघाट
दशाश्वमेधेश्वर	दशाश्वमेध–शीतला के मन्दिर में
बन्दीदेवी	प्रयागेश्वर के मन्दिर में
सर्वेश्वर	पाण्डेघाट के पास में
केदारेश्वर	केदारघाट
हनुमदीश्वर	हनुमान् घाट
संगमेश्वर	अस्सीसंगम
अर्कविनायक	लोलार्क के समीप
लोलार्क	भदैनी में प्रसिद्ध
दुर्गाकुण्ड	प्रथम निवास लिखा है; पर अब लोग वहाँ नहीं टिकते, कँदवाँ चले जाते हैं। पर नगवा में एक धर्मशाला है।
दुर्गविनायक	दुर्गाकुण्ड
दुर्गादेवी	प्रसिद्ध, यहाँ पर ब्राह्मणों को पायस और लड्डू खिलाना चाहिए एवं नीचे लिखे मन्त्र से दुर्गा जी की प्रार्थना करनी चाहिए–

"जय दुर्गे ! महादेवि ! जय काशिनिवासिनि।
क्षेत्रविघ्नहरे ! देवि ! पुनर्दर्शनमस्तु ते"॥

* किसी धार्मिक सज्जन ने 'पञ्चक्रोशी' यात्रा के मन्दिरों के द्वार पर संगमरमर से लघुशिलापट्ट पर तत्तद्देवों के नाम और संख्या लिखकर जड़वा दिया है।
—सम्पादक

अर्थ—हे महादेवि दुर्गे ! जय, हे काशीनिवासिनि ! जय, देवि ! आप क्षेत्र के **विघ्नों को हर** लेती हो, (अतः आपसे प्रार्थना है कि) फिर आपका दर्शन होवे । (यह कहकर आगे चले)

विष्वक्सेनेश्वर	मार्ग के करमैतापुर गाँव में
कर्दमेश्वर	कँदवाँ गाँव (पञ्चव्रीहि और तिल चढ़ावे)
कर्दमतीर्थ	कँदवाँ का पोखरा (में नहावे)
कर्दमकूप	(में अपना मुख देखे)
सोमनाथ	कँदवाँ में
विरूपाक्ष	कँदवाँ में
नीलकण्ठेश्वर	कँदवाँ में अब पहली टिकान होती है । (कई एक धर्मशालाएँ हैं, बाजार भी हैं) । कर्दमेश्वर से यह प्रार्थना करनी चाहिए—

''कर्दमेश ! महादेव ! काशिवासिजनप्रिय ।
त्वत्पूजनान्महादेव ! पुनर्दर्शनमस्तु ते'' ।।

नागनाथ	अमरा गाँव में
चामुण्डादेवी	अबड़े गाँव में
मोक्षेश्वर	अबड़े गाँव में
करुणेश्वर	अबड़े गाँव में
वीरभद्रेश्वर	देलहना गाँव में
विकटदुर्गा	देलहना गाँव में
उन्मत्तभैरव	देउरा गाँव में
नीलगण	देउरा गाँव में
कालकूटगण	देउरा गाँव में
विमलादुर्गा	देउरा गाँव में
महादेव	देउरा गाँव में
नन्दिकेश्वर	देउरा गाँव में
भृंगिरिटिगण	देउरा गाँव में
गणप्रिय	देउरा गाँव में
विरूपाक्ष	गौरा गाँव में
यज्ञेश्वर	चक्कमातलदेई
दि[illegible]लेश्वर	पयागपुर में
मोक्षदेश्वर	पयागपुर में
ज्ञानदेश्वर	पयागपुर में

अमृतेश्वर
गन्धर्वसागर — असवारी गाँव में
भीमचण्डीदेवी — भीमचण्डी (गाँव) बालापोखरा
(यहीं पर अब दूसरा वास होता है, अनेक धर्मशालाएँ और बाजार भी हैं)
(भीम) चण्डविनायक — ,,
(तालुका जक्खिनी में)
रविरक्ताक्षगन्धर्व — ,, ,,
नरकार्णवतारणशिव — ,, ,,

उक्त भीमचण्डी की प्रार्थना यह है—

"भीमचण्डि ! प्रचण्डानि ! मम विघ्नान् विनाशय ।
नमस्तेऽस्तु गमिष्यामि पुनर्दर्शनमस्तु ते" ।।

एकपादगण — कचनार गाँव में (तिल अक्षत चढ़ावे)
महाभीम — हर्रैका तालाब (हरपुर गाँव)
भैरवनाथ — हरसोस गाँव में
भैरवीदेवी — हरसोस गाँव में
भूतनाथेश्वर — दीनदासपुरा
सोमनाथेश्वर — दीनदासपुरा, प्रसिद्ध (लंगोटिया हनुमान् जी)
सिन्धुरोधसतीर्थ — सिन्धुसागर पोखरा प्रसिद्ध है (यहाँ भी एक धर्मशाला है)
जनसा गाँव
कालनाथ — जनसा गाँव (आगे क्रम से)
कपर्दीश्वर — चौखण्डी गाँव
कामेश्वर — चौखण्डी गाँव
गणेश्वर — चौखण्डी गाँव
वीरभद्रगण — चौखण्डी गाँव
चारुमुखगण — भटौली गाँव
गणनाथेश्वर
देहली-विनायक — प्रसिद्ध (इनको लड्डू, लावा, ईख और सत्तू चढ़ावे)। यहाँ पर सात दिन की यात्रा वाले टिकते हैं। (एक धर्मशाला भी है)।
डेवढियाविनायक के पास ही में है।
षोडशविनायक — आगे मार्ग में (मुड़ली गाँव)
उद्दण्डविनायक — हीरामपुर गाँव में
उत्कलेश्वर — आगे मार्ग में
रुद्राणीदेवी

तपोभूमि	मार्ग में (रुद्राणीदेवी की तपोभूमि है)
वरणानदी	रामेसर गाँव में (वहाँ स्नान-तर्पण करे)
रामेश्वर	प्रसद्धि है (श्वेत तिल, बिल्वपत्र से पूजा करे)
सोमेश्वर	रामेश्वर के पास ही में
भरतेश्वर	रामेश्वर के पास ही में
लक्ष्मणेश्वर	रामेश्वर के पास ही में
शत्रुघ्नेश्वर	रामेश्वर के पास ही में
द्यावाभूमीश्वर	रामेश्वर के पास ही में
नहुषेश्वर	" रामेश्वर में प्रधान वास है। एक ही वास करने वाले भी यहीं टिकते हैं। यहाँ पर कई एक धर्मशालाएँ हैं। रामेश्वर से प्रार्थना का यह मन्त्र है—

"श्रीरामेश्वर ! रामेण पूजितस्त्वं सनातन ! ।
आज्ञां देहि महादेव ! पुनर्दर्शनमस्तु ते" ।।

अर्थ—हे रामेश्वर ! आप सनातन देव हैं। आप श्री रामचन्द्र जी से पूजित हैं। हे महादेव ! आप मुझे आज्ञा देवें कि फिर आपका दर्शन हो (ऐसी प्रार्थना कर वरणा पार जाना बँधा है)।

असंख्यात शिवलिंग	वरना पार (भुलनीवारी के आसपास)
देवसंघेश्वर	करोमा गाँव (विशेष—जैसे दुर्गाकुण्ड का वास छूट गया है, वैसे ही शिवपुर में जहाँ पर द्रौपदीकुण्ड के समीप पञ्चपाण्डवों के नामाङ्कित पाँच लिंग विराजमान हैं, वहाँ चतुर्थ निवास होता है। यहाँ पर नगरवाले अपने घर के यात्रियों से मिलने के लिए शिवपुर जाते हैं। अनुमान से यही सिद्ध होता है कि इसी कारण से वहाँ टिकान हो गया है। यहाँ पर कई एक धर्मशाला, बाजार, पोखरा इत्यादि हैं। पर इस निवास की चर्चा "काशीरहस्य" इत्यादि में नहीं है। ठाकुर जी तो आगे बढ़कर सारंग तालाब पर भी एक दिन टिकते हैं)।

पाशपाणि-गणेश	सदर बाजार (रेलवे लाइन के पास)
पृथिवीश्वर	खजुरी गाँव (पिसनहरिया के कुँआ के पास)
स्वर्गभूमि	वही स्थान (इसी के आगे ठाकुर जी का पञ्चम निवास सारंग तालाब पर होता है। वहाँ एक छोटी-सी धर्मशाला भी है; पर और यात्री लोग नहीं टिकते। शिवपुर से सीधे कपिलधारा चले जाते हैं)
यूपसरोवर (तीर्थ)	दीनदयालपुरा में
कपिलधारातीर्थ	पँचवाँ वासस्थान (अनेक धर्मशालाएँ और बाजार इत्यादि हैं) ("काशीखण्ड" २२वाँ अध्याय)
वृषभध्वजेश्वर	कपिलधारा (गाँव) प्रसिद्ध स्थान। अन्तिम निवास। प्रार्थनामन्त्र यों है—

"वृषभध्वज ! देवेश ! पितॄणां मुक्तिदायक ! ।
आज्ञां देहि महादेव ! पुनर्दर्शनमस्तु ते" ।।

अर्थ—यह पितरों का बड़ा प्यारा और मुक्तिदायक तीर्थ है, काशी में जैसे सब तीर्थों का वास है, वैसे यहाँ पर गयातीर्थ रहता है। इसी से इसका नाम "शिवगया" प्रसिद्ध है। यहाँ पर तर्पण, श्राद्ध और ब्राह्मणभोजनादि यथाशक्ति कराना चाहिए।

ज्वालानृसिंह	कोटवाँ गाँव
वरणासंगम	फुटहीकोट के नीचे। यहाँ नदी बँध जाने पर सूखी रहती है, नहीं तो नाव से वरना पार होना चाहिए। संगम पर स्नान अथवा मार्जन अवश्य करे।
आदिकेशव	वरनासंगम मे समीप फुटहीकोट के कोने पर
संगमेश्वर	आदिकेशव से नीचे के मन्दिर में
खर्वविनायक	फुटहीकोट (वा किला) के भीतर। (यहाँ से गङ्गा के तट में जौ छींटने की विधि है। यहाँ से विनायक तक)
प्रह्लादेश्वर	प्रह्लादघाट
त्रिलोचनमहादेव	तिलोचनघाट
पंचगंगातीर्थ	पंचगंगाघाट
बिन्दुमाधव	(बेनीमाधो वा माधोराय) प्रसिद्ध
गभस्तीश्वर	प्रसिद्ध (लक्ष्मणबालाघाट)

मङ्गलागौरी	उसी मन्दिर में प्रसिद्ध देवी
वशिष्ठेश्वर	संकटाघाट पर
वामदेवेश्वर	संकटाघाट पर
पर्वतेश्वर	आत्मावीरेश्वर के समीप
महेश्वर	मनिकनिकाघाट
सिद्धिविनायक	मनिकनिकाघाट प्रसिद्ध
सप्तावरणविनायक	ब्रह्मनाल में ("जयविनायक" प्रसिद्ध हैं)
मणिकर्णिकामहातीर्थ	" यहाँ पर परिक्रमा पूर्ण हो जाती है। स्नान करके श्रीविश्वनाथ जी के पूजनार्थ जावे।

श्री विश्वनाथ जी के मन्दिर में जाकर प्रणामपूर्वक पूजन करे। उनको बारंबार दण्डवत्प्रणाम करके मुक्तिमण्डप में जाय। (अन्नपूर्णा), विष्णु, दण्ड-पाणि, ढुण्डिराज, भैरव, आदित्य और (मोदादिक) पञ्चविनायकों का पुनः पूजन करना चाहिए। फिर पञ्चक्रोशी प्रदक्षिणा के (उक्त) समस्त देवताओं को स्मरण करे और अक्षत छोड़ता जावे। पश्चात् विश्वेश्वर भगवान् से इस भाँति प्रार्थना करे—

"जय विश्वेश ! विश्वात्मन् ! काशीनाथ ! जगद्गुरो !
त्वत्प्रसादान्महादेव ! कृता क्षेत्रप्रदक्षिणा ।।
अनेकजन्मपापानि कृतानि मम शङ्कर ! ।
गतानि पञ्चक्रोशात्म-लिङ्गस्यास्य प्रदक्षिणात् ।।
त्वद्भक्तिकाशिवासाभ्यां सहैवापापकर्मणा ।
सत्सङ्गश्रवणाद्यैश्च कालो गच्छतु नः सदा ।।
हर ! शम्भो ! महादेव ! सर्वज्ञ ! सुखदायक ! ।
प्रायश्चित्तं सुनिर्वृत्तं पापानां त्वत्प्रसादतः ।।
पुनः पापरतिर्मास्तु धर्म्मबुद्धिस्सदाऽस्तु मे" ।।

अर्थ—"हे काशीनाथ ! जगद्गुरो ! विश्वात्मन् ! विश्वेश्वर ! जय, हे महादेव ! आपके ही प्रसाद से मैंने (काशी वा वाराणसी) क्षेत्र की प्रदक्षिणा की। हे शङ्कर ! मेरे किये हुए अनेक जन्म के पाप इस पञ्चक्रोशात्मक लिंग के प्रदक्षिण करने से नष्ट हो गये। आपकी भक्ति, काशीवास और पापरहित कर्मों के साथ एवं सत्सङ्ग (और पुराण-श्रवण) इत्यादि से हमलोगों का काल सदा बीता करे। हे हर ! शम्भो ! महादेव ! सर्वज्ञ ! सुखदायक ! आपके ही प्रसाद से (मेरे) पापों का प्रायश्चित्त समाप्त हो सका। अब फिर मेरी रुचि पाप में न होवे और धर्म की बुद्धि सदैव बनी रहे"। इस प्रकार से प्रार्थना कर ब्राह्मणों को यथाशक्ति दक्षिणा दे हाथ जोड़कर इस मन्त्र को पढ़े—

"पञ्चक्रोशस्य यात्रेयं यथाविधि मया कृता ।
न्यूनं सम्पूर्णतां यातु त्वत्प्रसादादुमापते" ! ।।

अर्थ—'हे उमापते ! यह जो पञ्चक्रोश की यात्रा मैंने यथाविधि की (इसमें जो कुछ कर्म) न्यून रह गया हो, वह आपके अनुग्रह से सम्पूर्ण हो जावे' ।

इस प्रकार से प्रार्थनादिक करके अपने घर पर जाकर ब्राह्मण तथा कुटुम्बियों को भोजन कराकर तब स्वयं भोजनादिक करे । इस रीति से साधारण-रूप की पञ्चक्रोशी यात्रा होती है । और उसकी विधि भी अपने बुद्धि-वैभव तथा "काशीरहस्य" और "काशीदर्पण" इत्यादि ग्रन्थों के आधार पर यथासम्भव संक्षेप करके लिख दी गई । विशेष विधि को यात्री लोग स्वयं विचारपूर्वक ढूंढ़ लेवें ।

यह पञ्चक्रोशी यात्रा मणिकर्णिका किं वा मुक्तिमण्डप से आरम्भ होती है और वहीं पर (आकर) समाप्त की जाती है—यद्यपि "काशीखण्ड" में इस यात्रा की विधि इत्यादि विस्तारपूर्वक जैसी कि "काशीरहस्य" में है, नहीं कही है; पर इन सब देवस्थानों का वर्णन और माहात्म्य विशेषरूप से कथित है ।

मणिकर्णिका से कर्दमेश्वर (कँदवाँ) ३ कोस, भीमचण्डी ८ कोस, रामेश्वर १५ कोस, शिवपुर १९ कोस, कपिलधारा २२ कोस और मणिकर्णिका साढ़े २३ कोस पर है । फिर डेढ़ कोस देवदर्शन के लिए, जो हटकर जाना पड़ता है और वहाँ लौटना पड़ता है । इस रीति से यह पञ्चक्रोशी यात्रा सब मिलाकर २५ कोसों की होती है । इसमें मणिकर्णिका से अस्सीसंगम और वरनासंगम से मणिकर्णिका तक गङ्गा जी के तीर-तीर जाना पड़ता है । बरसात में लोग गङ्गा जी के बढ़ जाने से नाव पर जाते हैं (नाव पर जाने का दोष नहीं होता), बाकी सर्वत्र ही कच्ची सड़क है, (जो कि अब प्राय: पक्की हो गई है) । इस पर दाहिनी ओर देवमन्दिर, बड़े-बड़े पेड़ों का लखरावँ और कुँआ इत्यादि सुशोभित हैं । प्रत्येक पट्टी वा ठिकानों पर धर्मशालाएँ हैं । बाजारों में खाने-पीने की वस्तु मिलती है ।

इसी प्रकार से वार्षिक और शारदीय दोनों नवरात्रों में दुर्गायात्रा एवं भादों तथा माघ मास की चतुर्थी में गणेश-यात्राओं को भी अयन-यात्रा में ही समझना चाहिए ।

यदि दोनों अयनों में पञ्चक्रोशी यात्रा न हो सके, तो वर्ष में एक बार अवश्य ही करनी चाहिए; क्योंकि क्षेत्र में जो पापादिक होते हैं, उनका प्रायश्चित्त यही पञ्चक्रोशी यात्रा है । अतएव काशीवासियों को यह अवश्य कर्त्तव्य है ।

यों ही अन्तर्गृह की यात्रा अवकाश वालों को तो प्रतिदिन करनी चाहिए, ऐसा "काशीखण्ड" में लिखा है, यथा—"अन्तर्गृहस्य यात्रा वै कर्तव्या प्रतिवासरम्" । पर प्रतिदिन न हो सके, तो प्रत्येक चतुर्दशी को करना उचित है। वह भी नहीं बन पड़े, तो प्रत्येक अयन वा वर्ष में भी कर डालने से अनेक प्रकार के पापों की शान्ति हो जाती है ।

काशीखण्ड के १००वें अध्याय के अनुसार "अन्तर्गृही-यात्रा" का वर्णन—

पहले प्रातः स्नान कर मोद १, प्रमोद २, दुर्मुख ३, सुमुख ४ एवं गणनायक ५, इन पाँच गणेशों को प्रणाम कर मुक्तिमण्डप में जाय । भगवान् विश्वेश्वर को दण्डवत् प्रणाम करे, फिर "मैं समस्त पापों के शान्त्यर्थ अन्तर्गृह की यात्रा करूँगा" ऐसा सङ्कल्प कर वहाँ से मौन होकर मणिकर्णिका पर जावे। वहाँ स्नानादि करके मणिकर्णिकेश्वर का पूजन करे । तदनन्तर यात्रा और देवों के दर्शन आरम्भ करे ।

देव-नाम	**स्थानों के नामादिक**
मणिकर्णिकातीर्थ	प्रसिद्ध
मणिकर्णिकेश्वर	गोमठ के पास वर्दमान की कोठी में
(सिद्धिविनायक)	(यहाँ भी लोग दर्शन कर लेते हैं)
कंबलाश्वतरेश्वर	गोमठ के समीप
वासुकीश्वर	संकटाघाट
पर्वतेश्वर	संकटाघाट
गङ्गाकेशव	ललिताघाट
ललितादेवी	ललिताघाट
जरासन्धेश्वर	मीरघाट
सोमनाथ	मानमन्दिरघाट
(आदि) वाराहेश्वर	मानमन्दिरघाट
(दालभ्येश्वर)	" (मार्गस्थ होने से दर्शन किया जाता है)
ब्रह्मेश्वर	बालमुकुन्द का चौहट्टा
अगस्तीश्वर	अगस्तकुण्डा (गोदौलिया के पास)
कश्यपेश्वर	जंगमबाड़ी
हरिकेशवनेश्वर	जंगमबाड़ी
वैद्यनाथ (वैद्येश्वर)	कोदई की चौकी (थाने के उत्तर मंदिर है)
ध्रुवेश्वर	इसी नाम से महाल प्रसिद्ध है
गोकर्णेश्वर	कोदई की चौकी के पास
हाटकेश्वर	हड़हा (प्राचीन स्थान गुप्त है)

अस्थिक्षेपतडाग	'' बेनियाँ (में मिलकर गुप्तप्राय है)
कीकसेश्वर	राजादरवाजे के भीतर
भारभूतेश्वर	गोविन्दपुरा में (मछरहट्टा के पास)
चित्रगुप्तेश्वर	मछरहट्टा में
चित्रघण्टादेवी	चौक के पूर्व चन्दू की गली में
पशुपतीश्वर	महाल का भी वही नाम प्रसिद्ध है ।
पितामहेश्वर	शीतला गली में (ये अँधेरे गड्हे में हैं, इनका दर्शन वर्ष भर में शिवरात्रि के ही दिन होता है)
कलसेश्वर	'' कलसेश्वरी की ब्रह्मपुरी
चन्द्रेश्वर	सिद्धेश्वरी के मन्दिर में चन्द्रकूप पर
वीरेश्वर	वीरतीर्थ (सिंधियाघाट) के ऊपर "आत्मावीरेश्वर" प्रसिद्ध हैं । (यहाँ और भी बहुत देवता हैं)
विघ्नेश्वर	नीमवाली ब्रह्मपुरी
अग्नीश्वर	अग्नीश्वर (नया) घाट उपशान्त शिव के समीप वाले दूसरे मन्दिर में
नागेश्वर	भोंसलाघाट के समीप में सटे हुए
हरिश्चन्द्रेश्वर	संकटाघाट पर
चिन्तामणिविनायक	''
सेनाविनायक	''
वसिष्ठेश्वर	''
कामदेवेश्वर	''
सीमाविनायक	''
करुणेश्वर	महाल लहाउरी टोला में
त्रिसंध्येश्वर	''
विशालाक्षी	'' प्रसिद्ध
धर्मेश्वर	'' प्रसिद्ध धर्मकूप
विश्वभुजादेवी	''
आशाविनायक	मीरघाट के पास
वृद्धादित्य	''
चतुर्वक्त्रेश्वर	सकरकन्द की गली
ब्राह्मीश्वर	''
मनःप्रकामेश्वर	साखीविनायक (साक्षीविनायक)
ईशानेश्वर	कोतवालपुरा

चण्डिकादेवी	कालिका गली
चण्डीश्वर	,,
भवानी-शङ्कर	,, शुक्रकूप के समीप
(अन्नपूर्णादेवी)	(काशीखण्ड में नहीं लिखा है, पर यात्रा होती है)
ढुण्डिराज गणेश	प्रसिद्ध महाल
राजराजेश्वर	जवविनायक के समीप
लांगलीश्वर	खोवा बाजार
नकुलीश्वर	विश्वेश्वर के पास हनुमान् जी के पीछे
परान्नेश्वर	दण्डपाणि के सामने ज्ञानवापी के पीछे
परद्रव्येश्वर	,,
प्रतिग्रहेश्वर	,,
निष्कलंकेश्वर	दण्डपाणि के सामने ज्ञानवापी के पीछे
मार्कण्डेयेश्वर	,,
अप्सरेश्वर	,, उत्तर फाटक के पास
गङ्गेश्वर	पीपल के नीचे ज्ञानवापी-महजिद के सामने (मूर्ति गुप्त है)
ज्ञानवापी	प्रसिद्ध (यहाँ स्नान वा मार्जन करे)
नन्दिकेश्वर	,, ज्ञानवापी के पास नाँदिया (विशाल नन्दी)
तारकेश्वर	गौरीशङ्कर की मूर्ति के नीचे स्थान है
महाकालेश्वर	उक्त स्थान के पास
दण्डपाणि	ज्ञानवापी के पच्छिम घेरे से बाहर
महेश्वर	,, नैर्ऋत्यकोण-पीपर के नीचे
मोक्षेश्वर	वहीं पर स्थान है
वीरभद्रेश्वर	,, वायुकोण पर
अविमुक्तेश्वर	अब विश्वेश्वर के मन्दिर में हैं; पर पुराना स्थान ज्ञानवापी के उत्तर फाटक पर है ।
मोदादिपञ्चविनायक	ज्ञानवापी के पास (औरंगजेब के मन्दिर तोड़ने से यहाँ के अनेक देवता लुप्त हो गये हैं । पर महजिद के नीचे चारों ओर प्राचीन देवस्थानों पर पूजनादिक किया जाता है) ।
श्रीविश्वनाथ जी	प्रसिद्ध । वहाँ जाकर दर्शन, पूजन कर मौनव्रत को त्याग (हाथ जोड़) यह मन्त्र पढ़े—

"अन्तर्गृहस्य यात्रेयं यथावद्या मया कृता ।
न्यूनातिरिक्तया शम्भुः प्रीयतामनया विभुः" ।।

अर्थ—यथाविधि मेरी की हुई इस अन्तर्गृह की यात्रा से चाहे वह न्यून (कमती) हो अथवा अतिरिक्त (अधिक) हो गई हो, भगवान् प्रसन्न होवें ।

ऐसी प्रार्थना कर मुक्तिमण्डप में विश्राम करने के अनन्तर यात्री अपने घर चला जावे । जो कुछ बन पड़े ब्राह्मण को दक्षिणा, भोजन इत्यादि अपनी शक्ति और भक्ति के अनुसार देवे । इसमें यात्रा की सांगता पूर्ण हो जाती है । इस "अन्तर्गृही-यात्रा" के करने से मनुष्य निष्पाप और पुण्यभागी हो जाता है ।

अथ ऋतुयात्रा (सप्तपुरी-यात्रा)

ऋतु का नाम	तीर्थयात्रा-नाम	स्थान
वर्षाऋतु	द्वारकापुरी	संखूधारा
शरदऋतु	विष्णुकांचीपुरी	पञ्चगङ्गाप्रान्त
वसन्तऋतु	मथुरापुरी	अलईपुर में (उत्तरार्क से लेकर वरना-तीर नक्खीघाट तक)
ग्रीष्मऋतु	अयोध्यापुरी	रामेश्वर (पंचक्रोशी के रमेस्सर वरना-तट पर)
हेमन्तऋतु	अवन्तिकापुरी	हरतीर्थ पर वृद्धकालेश्वर से कृत्तिवासेश्वर-पर्यन्त
शिशिरऋतु	मायापुरी	अस्सीसंगम पर
प्रत्येक ऋतु में	काशीपुरी	ललिताघाट पर

ये सातों मोक्षपुरियों की यात्राएँ हैं । इनमें यथाशक्ति स्नान, पूजन, श्राद्ध और दानादिक करने से उक्त पुरियों की यात्रा का फल प्राप्त होता है । काशी-खण्ड के सातवें अध्याय में इन पुरियों का माहात्म्य विस्तारपूर्वक वर्णित है । काशी में सब तीर्थ और देवताओं का सदैव वास रहता है । अतएव काशी-वासी के यात्रार्थ ये सब सातों पुरियाँ यहाँ टिकी रहती हैं । इसी यात्रा को ऋतु-यात्रा वा सप्तपुरी-यात्रा भी कहते हैं ।

मास-यात्रा

मास-नाम	तीर्थ और देवताओं का नाम	कर्तृनामादिक और स्थान
चैत्र	कामकुण्ड में स्नान, कामेश्वर का पूजन	इस यात्रा को देवताओं ने किया है । (कामकुण्ड लुप्त है) महाल त्रिलोचन

वैशाख	विमलकुण्ड-स्नान, विमलेश्वर का पूजन	इसे दैत्यों ने किया है, कुण्ड लुप्त है, जंगमबाड़ी
ज्येष्ठ	रुद्रावासतीर्थ-रुद्रावासेश्वर	देवताओं ने यह यात्रा की है, तीर्थ गङ्गा में है, मणि-कर्णिकाघाट
आषाढ़	लक्ष्मीकुण्ड-लक्ष्मीदेवी	इसे गन्धर्वों ने किया है, प्रसिद्ध
श्रावण	कामाक्षाकुण्ड-कामाक्षादेवी	इसे विद्याधरों ने किया है, कमच्छा
भाद्रपद	कपालमोचनतीर्थ-कुलस्तम्भ (कोल्हुआ वा लाटभैरव)	यह किन्नरों की यात्रा है, लाटभैरव प्रसिद्ध
आश्विन	मार्कण्डेयतीर्थ-मार्कण्डेयेश्वर	पितरों ने इसे किया है, तीर्थ गुप्त है, ज्ञानवापी के पास
कार्तिक	पञ्चगङ्गातीर्थ-बिन्दुमाधव	ऋषिकृत, प्रसिद्ध
मार्गशीर्ष	पिशाचमोचन-कंपर्दीश्वर	विद्याधरकृत, प्रसिद्ध
पौष	धनदकुण्ड-धनदेश्वर	गुह्यककृत, कुण्ड लुप्त, अन्नपूर्णा के मन्दिर में कुबेरेश्वर हैं
माघ	कोटितीर्थ-कोटिलिङ्गेश्वर	यक्षकृत, तीर्थ गुप्त, साखीविनायक
फाल्गुन	गोकर्णकुण्ड-गोकर्णेश्वर	पिशाचों ने इसे किया है, गोकर्णकूप को कुण्ड कहा है, कोदई की चौकी

ये सब मासयात्राएँ "लिङ्गपुराण" में कथित हैं। तीर्थों में स्नान, मार्जन और अधिष्ठाता देवों का दर्शन और पूजन करना चाहिए। "लिङ्गपुराण" में तो मास भर प्रतिदिन की यही विधि कही गई है। पर पूरे मास भर न होवे, तो यथाशक्ति अवश्य करनी चाहिए। यद्यपि "काशीखण्ड" में इस क्रम से नहीं कही हैं; पर सभी देवताओं के नामादिक माहात्म्य के सहित यथास्थान वर्णित हैं।

इन मासकथित यात्राओं को प्रायः बहुत लोग नहीं करते। इससे ये अप्रचलित हैं; परन्तु वैशाख भर मणिकर्णिका-स्नान, कार्तिक भर पञ्चगङ्गा-स्नान एवं माघ भर दशाश्वमेध-स्नान को बहुतेरे लोग करते हैं। पाठकगण विचार कर जो बन पड़े, यथासम्भव करें। इसी प्रकार से पक्षयात्रा को भी समझ लेना

चाहिए; क्योंकि पक्ष मासों के भीतर आ जाते हैं; पर उनमें भी जहाँ कहीं आधिक्य है, लिख दिया जाता है। यथा—

ज्येष्ठे मासि सिते पक्षे पक्षं रुद्रसरे (रुद्रसरोवरे) नरः।
कुर्वन् वै वार्षिकीं यात्रां न विघ्नैरभिभूयते ।।

(का०ख० ५२।९३)

अर्थात् जेठ मास के शुक्लपक्ष में पक्ष भर रुद्रसरोवर (दशाश्वमेध) की वार्षिकी यात्रा करने वाला मनुष्य विघ्नों से अतिक्रान्त नहीं होने पाता। अतएव जेठ के शुक्लपक्ष भर दशाश्वमेध-स्नान की यात्रा कही गई है। यों ही श्रावण के शुक्लपक्ष में दुर्गाकुण्ड पर श्री दुर्गा जी के दर्शन-पूजन की यात्रा और प्रायः वैष्णव स्थानों पर जैसे गोपाल-मन्दिर अथवा रामनगर, रामबाग में दोलायात्रा (हिड़ोरा वा झूला) का दर्शन सन्ध्याकाल में होता है। यह दर्शनयात्रा वा मेला भी है।

इसी भाँति आश्विनमास के कृष्ण (पितृ) पक्ष में भी लोग गङ्गा जी के घाटों पर अथवा पितरकुण्डा इत्यादि पवित्र तीर्थों पर पक्ष भर स्नान, तर्पण और श्राद्धादिक कर्मों से पितृगण की यात्रा करते हैं। (का० ख० ९७ वें अ० के २३५-३६ श्लोकों में माहात्म्य लिखा है)।

फिर कार्तिक मास के शुक्लपक्ष भर (रवि और मंगलवार को छोड़कर) प्रायः बगीचों में सकुटुम्ब जाकर श्रद्धालुगण धात्री (आँवलावृक्ष) का पूजन कर, ब्राह्मणभोजन करा कर, स्वयं इष्टजन के सहित भोजन करके योगिराज राजर्षि "भर्तृहरि के" इस पद्य को सार्थक बनाकर दिखा देते हैं—

"उद्यानेषु विचित्रभोजनविधिस्तीव्रातितीव्रं तपः
कौपीनावरणं सुवस्त्रममितं भिक्षाटनं मण्डनम्।
आसन्नं मरणञ्च मङ्गलसमं यस्यां समुत्पद्यते
तां काशीं परिहृत्य हन्त ! विबुधैरन्यत्र किं स्थीयते" ? ।।

(वैराग्य-शतक)

अर्थात्—जहाँ पर बगीचों में नाना प्रकार के भोजन बनाकर खाने की विधि (चाल) है। फिर कठिन से भी कठिन तप जहाँ पर हो जाता है, यों ही जहाँ कौपीन (लँगोटी) का पहनना ही उत्तम वस्त्र (समझा जाता) है, फिर भीख माँगना ही जहाँ पर भूषण है एवं जिसमें मृत्यु का पहुँच जाना ही (परम) मङ्गल के समान (होता) है, उस काशीपुरी को छोड़कर पण्डित लोग दूसरे स्थानों पर क्यों रहते हैं ?

इसी प्रकार से कुछ लोग अगहन मास के शुक्लपक्ष में कदम्बवृक्ष का पूजन और उसके समीप भोजनादिक भी बगीचों में करते हैं ।

माघ मास के शुक्लपक्ष भर काशीवासियों की वेदव्यासयात्रा गङ्गा जी के पार "व्यासपुरा" (गाँव) तथा श्रीमान् काशिराज के दुर्ग (किला) में होती है। लोग व्यास जी का (जो शिवलिङ्गरूप से हैं) दर्शन-पूजन करते हैं । फिर बहुतेरे लोग रामनगर के पोखरे पर चले जाते हैं, वहाँ खाना-पीना इत्यादि करके रात्रि के समय अपने घर पर लौट आते हैं । माघ मास में भगवान् वेदव्यास जी का दर्शन करना बहुत आवश्यक समझते हैं । दक्षिणदेश इत्यादि के यात्रीगण भी गङ्गापार "व्यासकाशी" की यात्रा के लिये प्रायः जाते हैं ।

इन यात्राओं में सभी यात्रा पक्ष भर की नहीं है । दशाश्वमेध और पितृ-पक्ष भर तो सभी को पूरी यात्रा वा तर्पणादिक करना चाहिए और अवशिष्ट यात्राओं में जैसे श्रावण, कार्तिक, अगहन और माघ मास के शुक्लपक्ष भर, जब जिसकी रुचि होती है, अपने मनोनुकूल एक-दो दिन यथावकाश कर लेता है । यद्यपि ये सब यात्राएँ अब मेला समझी जाती हैं, पर इनकी जड़ यात्रा ही है ।

तिथि-यात्रा

यद्यपि वार्षिक यात्राओं में भी बहुतेरी तिथियों की यात्राएँ आ जाती हैं, तथापि नियमित रूप से जिन-जिन तिथियों में जो-जो यात्राएँ "काशीखण्ड" इत्यादि में कही गई हैं, उनका भी संक्षेपतः वर्णन लिख दिया जाता है । प्रत्येक शुक्ल-तृतीया में गौरीयात्रा करनी चाहिए, यथा—

"अतः परं प्रवक्ष्यामि गौरीयात्रामनुत्तमाम् ।
शुक्लपक्षतृतीयायां यात्रेयं विश्वगृद्धिदा" ।।

अर्थ—अब (नव)गौरियों की परमोत्तम यात्रा कहता हूँ । शुक्ल-पक्ष की तृतीया (तीज) को यह यात्रा (करने से) बड़ी समृद्धि देती है । तीर्थों के सहित नवगौरियों के नाम-धामादिक इस प्रकार से हैं ।

नवगौरी-यात्रा*

गौरी-नाम	तीर्थ-नाम	स्थान-नाम (पता)
मुखनिर्मालिका गौरी	गोप्रेक्ष (गायघाट)	हनुमान् जी के मन्दिर में घाट के ऊपर

* चैत्र मास के वासन्तिक नवरात्र में नवगौरियों की यात्रा आज भी काशीवासी श्रद्धालुवों के लिए प्रचलित है । (संपादक)

ज्येष्ठा गौरी	ज्येष्ठावापी (गुप्त है)	कर्णघण्टा महाल में ज्येष्ठेश्वर के पास
सौभाग्य गौरी	ज्ञानवापी	विश्वनाथ जी के मन्दिर में वायुकोण पर की पार्वती जी
शृङ्गार गौरी	ज्ञानवापी	विश्वेश्वर मन्दिर के ईशानकोण की अन्नपूर्णा जी
विशालाक्षी गौरी	विशाल तीर्थ (मीरघाट)	अपने नाम से प्रसिद्ध
ललिता गौरी	ललितातीर्थ	ललिता घाट पर प्रसिद्ध
भवानी गौरी	भवानीतीर्थ	कालिका गली में शुक्रेश्वर के पास
मङ्गला गौरी	बिन्दुतीर्थ (पञ्चगङ्गा घाट)	प्रसिद्ध (गभस्तीश्वर के मंदिर में)
महालक्ष्मी गौरी	लक्ष्मीकुण्ड	प्रसिद्ध महाल

॥ इति नवगौरीयात्रा ॥

अब प्रत्येक कृष्णपक्ष की चतुर्थी (चौथ) को (छप्पन ५६) विनायकों की यात्रा कही गई है । यदि चतुर्थी तिथि को मंगल का वार पड़ जावे, तो वह तिथिवार (तिहवार) यात्रा विशेष फलदायक होती है—

''कुर्यात् प्रतिचतुर्थीह यात्रां विघ्नेशितुः सदा ।
ब्राह्मणेभ्यः तदुद्देशाद्देया वै मोदका मुदे'' ।।

अर्थ—प्रत्येक चतुर्थी (चौथ) को गणेश जी की यात्रा करनी चाहिए और उन्हीं के उद्देश्य से ब्राह्मणों को लड्डू देना चाहिए । (एक ही दिन ५६ विनायकों की समग्र यात्रा का करना असम्भव है, अतएव यथाशक्ति प्रत्येक चतुर्थी को यात्रा कर लेना उचित है) । सातों आवरणों के ८-८ की गणना से ५६ विनायकों के नामादि ''काशीखण्ड'' के ५७ वें अध्याय में इस क्रम से कहे गये हैं—

	विनायक-नाम	**स्थान (पता)**
१.	अर्कविनायक	लोलारक कुण्ड के समीप गङ्गा के तट पर
२.	दुर्गविनायक	दुर्गाकुण्ड पर
३.	भीमचण्डविनायक	भीमचण्डी गाँव (पञ्चक्रोशी में)
४.	देहलीविनायक	प्रसिद्ध (पञ्चक्रोशी में)
५.	उद्दण्डविनायक	भुइली गाँव में, रामेश्वर के समीप
६.	पाशपाणिविनायक	महाल-सदर बाजार (लेन में)

७.	खर्वविनायक	वरनासंगम पर, आदिकेशव से पश्चिम
८.	सिद्धिविनायक	मनिकनिकाघाट पर अमेठी के शिवालय के समीप

ये ही आठों प्रथमावरण (घेरे) के विनायक हैं।

९.	लम्बोदरविनायक	केदार जी के पास "चिन्तामणिविनायक" के नाम से प्रसिद्ध हैं
१०.	कूटदन्तविनायक	महाल कृमिकुण्ड
११.	शालकण्टकविनायक	मडुआडीह (बाजार)
१२.	कूष्माण्डविनायक	फुलवरिया गाँव, चण्डीश्वर के पास
१३.	मुण्डविनायक	त्रिलोचन के पास, वाराणसी देवी के मन्दिर में
१४.	विकटदन्तविनायक	धूपचण्डी देवी के पिछवाड़े
१५.	राजपुत्रविनायक	फुटहीकोट, राजघाट
१६.	प्रणवविनायक	त्रिलोचनघाट, हिरण्यगर्भेश्वर की मढ़ी में।

ये ही उपर्युक्त द्वितीयावरण के आठ विनायक हैं।

१७.	वक्रतुण्डविनायक	चौंसठ्ठी घाट पर रानामहल में, जो "सरस्वतीविनायक" कहे जाते हैं।
१८.	एकदन्तविनायक	बंगाली टोला (पुष्पदन्तेश्वर में)
१९.	त्रिमुखविनायक	सिगरा पर (इन्हें वानर, सिंह और हस्ती के मुख हैं)
२०.	पञ्चास्यविनायक	पिशाचमोचन-तालाब पर
२१.	हेरम्बविनायक	पिशाचमोचन-वाल्मीकि का टीला
२२.	विघ्नराजविनायक	चित्रकूट के पोखरे पर बगीचे में
२३.	वरदविनायक	राजघाट से प्रह्लादघाट की सड़क पर
२४.	मोदकप्रियविनायक	त्रिलोचन पर आदि-महादेव के मन्दिर में।

ये ही उपर्युक्त तृतीयावरण के आठ विनायक हैं।

२५.	अभयदविनायक	दशाश्वमेधघाट पर शूलटङ्केश्वर के मंदिर में
२६.	सिंहतुण्डविनायक	बालमुकुन्द के चौहट्टा के पास ब्रह्मेश्वर में
२७.	कूणिताक्षविनायक	लक्ष्मीकुण्ड पर
२८.	क्षिप्रप्रसादनविनायक	पितरकुण्डा पर
२९.	चिन्तामणिविनायक	इसरगंगी पर

३०.	दन्तहस्तविनायक	बड़े गनेश के घेरे में (इनको "हस्तदन्त" भी कहा जाता है)
३१.	पिचण्डिलविनायक	पहलादघाट पर
३२.	उद्दण्डमुण्डविनायक	त्रिलोचन के घेरा में वाराणसी देवी के मन्दिर में।

ये ही उपर्युक्त चतुर्थावरण के आठ विनायक हैं।

३३.	स्थूलदन्तविनायक	मानमन्दिर घाट–सोमेश्वर के द्वार पर
३४.	कलिप्रियविनायक	साक्षीविनायक पर, मनःप्रकामेश्वर के मंदिर में
३५.	चतुर्दन्तविनायक	ध्रुवेश्वर के मन्दिर में, कोदई की चौकी के पास
३६.	द्वितुण्डविनायक	सूर्यकुण्ड साम्बादित्य के मन्दिर के दलान में (इनको "द्विमुख-गणेश" कहते हैं)
३७.	ज्येष्ठविनायक	महाल काशीपुरा, कर्णघण्टा के पास ज्येष्ठेश्वर के समीप में
३८.	गजविनायक	मछरहट्टा में भारभूतेश्वर के मन्दिर में (इनका नाम "राजविनायक" प्रसिद्ध है)
३९.	कालविनायक	रामघाट पर
४०.	नागेशविनायक	घोंसलाघाट पर नागेश्वर के मन्दिर में।

ये ही उपर्युक्त पञ्चमावरण के आठ विनायक हैं।

४१.	मणिकर्णविनायक	मनिकनिका पर चौकी के पास
४२.	आशाविनायक	मीरघाट–हनुमान् जी के मन्दिर में
४३.	सृष्टिविनायक	कालिका गली में
४४.	यक्षविनायक	ढुण्ढिराज के पास पश्चिम फाटक पर
४५.	गजकर्णविनायक	बांसफाटक–कोतवालपुरा में ईशानेश्वर के समीप में
४६.	चित्रघण्टाविनायक	चाँदनी चौक–पूरब के फाटक में

पञ्चगङ्गा पर मङ्गला गौरी के पास (इन्हें ——" भी प्रायः कहते हैं)

४९.	मोदविनायक	ज्ञानवापी के दक्षिण ओर
५०.	प्रमोदविनायक	ज्ञानवापी विश्वनाथ की कचहरी में
५१.	सुमुखविनायक	ज्ञानवापी विश्वनाथ की कचहरी में
५२.	दुर्मुखविनायक	ज्ञानवापी विश्वनाथ की कचहरी में
५३.	गणनाथविनायक	ज्ञानवापी विश्वनाथ की कचहरी में
५४.	ज्ञानविनायक	'' ज्ञानवापी पर
५५.	द्वारविनायक	'' द्वारदेश पर
५६.	अविमुक्तविनायक	'' अविमुक्तेश्वर के पास ।

ये ही उपर्युक्त सप्तमावरण के आठ विनायक हैं ।

प्रत्येक पञ्चमी तिथि को यात्रा के प्रेमी लोग सप्तर्षियात्रा करते हैं । इन देवताओं के नाम ''काशीखण्ड'' में हैं, पर यात्रा की विधि शिष्टाचार से प्राप्त है । सप्तऋषियों की कथा ''काशीखण्ड'' के १८ वें अध्याय में कही गयी है ।

देवताओं के नाम	**का.ख.अ.श्लो.**	**स्थान (पता)**
कश्यपेश्वर		जंगमबाड़ी की सड़क पर (का. ख. में इनके स्थान पर आंगिरेश्वर का नाम १८ अध्याय के २० श्लोक में है)
अत्रीश्वर	(१८।१६)	कोदई की चौकी, गोकर्णेश्वर से पश्चिम इनका स्थान गुप्त है ।
मरीचीश्वर	(१८।१८)	
	(९७।११६)	नागकूवाँ पर इनकी मूर्ति है
गौतमेश्वर	(९७।२३८)	गोदौलिया पर महाराज काशीनरेश के शिवाला के घेरे में । (का. ख. १८ अ. के २१ श्लोक में क्रत्वतीश्वर लिखे हैं)
पुलहेश्वर	(१८।१९)	मनिकनिका, स्वर्गद्वार पर (पश्चिम ओर)
पुलस्त्येश्वर	(१८।१९)	'' '' वहीं
वशिष्ठेश्वर	(१८।२१)	संकटाघाट पर (यहीं अरुन्धतीश्वर का भी दर्शन करना चाहिए । काशीखण्ड में इनका स्थान वरना के तट पर कहा है)

इस यात्रा को सप्तर्षि-यात्रा कहते हैं ।

प्रत्येक अष्टमी को भैरवीयात्रा, दुर्गायात्रा, स्वप्नेश्वरीयात्रा, मत्स्योदरीयात्रा और ज्ञानवापीयात्रा काशीखण्ड में कथित हैं। पर इन सब यात्राओं में अष्टायतन यात्रा की प्रधानता है और वही विशेष प्रचलित है। भैरवयात्रा और दुर्गायात्रा को लोग प्रायः भौमवार को ही करते हैं। अतएव उसका वर्णन वारयात्रा में किया गया है (वहाँ देख लीजिए), त्रिलोचन का माहात्म्य काशीखण्ड के ७५-७६ वें अध्याय में है। स्वप्नेश्वरी का वर्णन ७०वें अध्याय के अन्त में है। मत्स्योदरी की कथा ओंकारेश्वर के वर्णन में ७३वें अध्याय की है। यों ही ज्ञानवापी का माहात्म्य ३३-३४वें अध्याय में देखना चाहिए। अष्टमी की प्रायः सभी यात्राएँ चतुर्दशी को भी कही गई हैं। इसलिए यात्रार्थी लोग अपनी सुविधा के अनुसार जब चाहें कर सकते हैं।

का० ख० के १००वें अ० में अष्टायतन यात्रा का वर्णन है, यथा—

का०ख० की क०	अध्यायाङ्क	देव-नाम	स्थान (पता)
(१)	८९	दक्षेश्वर	वृद्धकाल-कूप के उत्तर बड़े शिवालय में
(२)	९०	पार्वतीश्वर	त्रिलोचन पर आदिमहादेव के पास
(३)	६१	पशुपतीश्वर	इसी नाम से महाल प्रसिद्ध है।
(४)	९१	गंगेश्वर	ज्ञानवापी के पूर्व पीपर के पास स्थान है।
(५)	९२	नर्मदेश्वर	त्रिलोचन-मंदिर से पूर्व की ओर के शिवाला में
(६)	४९	गभस्तीश्वर	मङ्गलागौरी जी के मन्दिर में
(७)	९३	सतीश्वर	वृद्धकाल की सड़क पर—रत्नेश्वर के समीप
(८)	६१	तारकेश्वर	ज्ञानवापी के पूर्व गौरीशङ्कर के नीचे स्थान है, मूर्ति गुप्त है।

प्रत्येक नवमी को नवदुर्गा अथवा नवचण्डी की यात्रा कही गई है, जैसा कि "लिङ्गपुराण" का वचन है—

"नवम्यामथवाऽष्टम्यां चण्डीयात्रा शुभावहा"।

अर्थ—नवमी अथवा अष्टमी तिथि को चण्डिका की शुभकारिणी यात्रा करनी चाहिए। इसके आगे नवचण्डियों का नाम भी लिखा है, यथा—दक्षिण में—दुर्गा, नैर्ऋत्यकोण में—उत्तरेशी, पश्चिम में—अङ्गारेश्वरी, वायव्यकोण में—भद्रकाली, उत्तर में—भीष्मचण्डी, ईशानकोण में—महामुण्डा, पूर्वदिशा में—शंकरी, अग्निकोण में—ऊर्ध्वकेशी तथा क्षेत्र के मध्य में—चित्रघण्टा देवी। पर यह यात्रा बहुत ही अप्रचलित है; किन्तु दोनों नवरात्र की नवमियों को अथवा प्रतिपदा से आरम्भ करके क्रम से नवमीपर्यन्त नव दिनों में भी नवदुर्गा की यात्रा बहुतेरे लोग करते हैं। नवदुर्गाओं के नामादिक "वाराहपुराणोक्त" देवीकवच के अनुसार कहे जाते हैं।

देवियों के नाम	**स्थान (पता)**
१. शैलपुत्री-दुर्गा	वरना के तट पर मढ़ियाघाट के पास—शैलेश्वर के मन्दिर में।
२. ब्रह्मचारिणी-दुर्गा	पञ्चगङ्गा के पास दुर्गाघाट पर प्रसिद्ध हैं।
३. चित्रघण्टा-दुर्गा	चौक के पूर्व चन्दू की गली में।
४. कूष्माण्डा-दुर्गा	दुर्गाकुण्ड पर दुर्गा जी प्रसिद्ध हैं।
५. स्कन्दमाता-दुर्गा	जैतपुरा महाल में प्रसिद्ध वागीश्वरी जी। सिद्धमाता की गली—बुलानाला के पास भी एक देवी का दर्शन होता है; पर बहुधा नवगौरी के दर्शन के क्रम में वहाँ लोग जाते हैं। वहीं एक मन्दिर भी है। उसमें पञ्चक्रोशी के समस्त दर्शनार्ह देवों की मूर्तियाँ उत्कीर्ण हैं। उपर्युक्त सिद्धेश्वरी या स्कन्दमाता की गली में नवमी को भी दर्शन होता है। (आगे निर्दिष्ट है।)
६. कात्यायनी-दुर्गा	आत्मावीरेश्वर के मन्दिर में।
७. कालरात्री-दुर्गा	कालिका गली में कालिका माई।
८. महागौरी-दुर्गा	अन्नपूर्णा जी (पञ्चगङ्गा पर), मङ्गलागौरी और संकटा जी—इन तीनों देवियों का दर्शन अपने मत के अनुसार लोग करते हैं; पर अन्नपूर्णा जी में विशेष भीड़-भाड़ यात्रियों की होती है।

९. सिद्धिदात्री-दुर्गा — बुलानाला महाल में सिद्धमाता की गली में हैं। (कोई-कोई चन्द्रकूप के घेरे में सिद्धेश्वरी देवी, जिनके नाम से वह महाल है, दर्शन करते हैं)।

यद्यपि यह नवरात्रि की यात्रा लिखी गई है; पर काशीखण्ड के १००वें अ० के ७६वें श्लोक में प्रति अष्टमी वा नवमी को दुर्गायात्रा विहित है।

फिर ७२वें अध्याय के ८९-९१ श्लोकों के अनुसार आठों दिशाओं की आठ एवं मध्य की एक—इस प्रकार से नव अधिष्ठात्री देवियाँ और शक्तियाँ भी कही गई हैं। वे अविमुक्त क्षेत्र की सहस्रों उपद्रवों से रक्षा करती रहती हैं। उनके नाम हैं—(१) शतनेत्रा, (२) सहस्रास्या, (३) अयुतभुजा, (४) अश्वारूढ़ा, (५) गजास्या, (६) त्वरिता, (७) शववाहिनी, (८) विश्वागौरी और (९) सौभाग्यगौरी।

''सनत्कुमारसंहिता'' में व्यासेश्वर की यात्रा भी कही गयी है। यथा—

''दृष्ट्वा व्यासपुरीमेतां नवम्यां चापि पर्वणि।
उपवासीह जागर्ति व्यासमाराध्य सन्निधौ।।
प्रातर्व्यासेश्वरं दृष्ट्वा सर्वपापैः प्रमुच्यते'' ।।

अर्थ—(कर्णघण्टा पर) नवमी अथवा (पूर्णिमा इत्यादि) पर्व पर व्यासपुरी का दर्शन कर कोई उपवासी जो व्यासकुण्ड में स्नान कर व्यासेश्वर की आराधना करके उनके समीप में ही रात्रि-जागरण करता है और फिर प्रातःकाल व्यासेश्वर का दर्शन (पूजन) करता है, वह सब पापों से छूट जाता है। (किसी-किसी का मत है कि उक्त ''व्यासपुरी'' गङ्गापार के ''व्यासपुरा'' गाँव का नाम है। वहाँ पर भी व्यासेश्वर का स्थान और मन्दिर प्राचीन है; पर काशीखण्ड के ९५वें अध्याय में व्यासेश्वर का वर्णन कर्णघण्टा ही पर किया है[1])।

प्रत्येक एकादशी तिथि को विष्णुतीर्थों में भगवान् विष्णु की यात्रा करनी उचित है। काशीखण्ड के ६१वें अध्याय में विष्णुतीर्थों का वर्णन है और यही बात ''वायुपुराण'' की ''लक्ष्मीसंहिता'' में भी कही गई है, यथा—

''तत्र तीर्थान्यनेकानि लिङ्गानि मुनिसत्तम।
तत्र तत्र हरेर्मूर्तिर्वर्तते मुक्तिदायिका।।

---

१. व्यासकुण्डरूप पुरी की कुछ वर्षों पूर्व खोदाई कर व्यासपूर्णिमा को दर्शन होता है। (सम्पादक)

पञ्चक्रोशेषु सर्वत्र बहिरन्तरमेव च ।
तत्तत्तीर्थादिनाम्ना वै स्थितो विष्णुः सनातनः'' ।।

अर्थ—काशी में अनेक तीर्थ और अनेक लिंग हैं । वहाँ-वहाँ (जहाँ तीर्थ और लिंग हैं) हे मुनिसत्तम ! विष्णु की भी मोक्ष देने वाली मूर्ति विराजमान है । फिर पाँच कोश के बाहर अथवा भीतर सर्वत्र ही उन-उन तीर्थों के नाम से सनातन विष्णु वर्तमान रहते हैं ।

काशी शिवपुरी होने पर भी हरिहरात्मिका है; क्योंकि हरि-हर में कुछ भी अन्तर नहीं है, अतएव सभी लोगों को यह वचन मान्य है—

''सम्प्राप्य वासरं विष्णोर्विष्णुतीर्थेषु सर्वतः ।
यात्रा कार्या प्रयत्नेन महाफलसमृद्धये'' ।।

अर्थात्—विष्णुवासर (एकादशी तिथि) को प्रयत्नपूर्वक समस्त विष्णु-तीर्थों में बड़े फल की समृद्धि के लिये यात्रा करनी चाहिए । पञ्चगङ्गा पर बिन्दु-माधवादिक एवं गोपाल-मन्दिर इत्यादि भगवान् विष्णु के स्थान शिवलिङ्गों के समान ही काशी में अगणित हैं । अतएव यात्री लोग अपने मनोनुकूल यथेष्ट यात्रा करें ।

काशीखण्ड के ८१वें अध्याय के २९वें श्लोक में एकादशी को शंखोद्धार तीर्थ (संखूधारा) पर भी स्नान करने का बड़ा माहात्म्य कहा गया है ।

प्रत्येक द्वादशी को काशी देवी की यात्रा ''काशीरहस्य'' में लिखी है, यथा—

''द्वादश्यां प्रातरेवाद्यां काशीं यः पूजयेत्सुधीः ।
तस्य पापे न रमते बुद्धिर्धर्मे प्रवर्तते'' ।।

अर्थ—द्वादशी के प्रातःकाल (ललिताघाट पर) काशी देवी का पूजन जो बुद्धिमान् जन करता है, उसकी बुद्धि पाप में नहीं रमती, वरन् धर्म में प्रवृत्त होती है । उक्त तिथि को ज्ञानवापी की यात्रा करने में भी बड़ा फल होता है । ''काशीखण्ड'' के ३३वें अध्याय में लिखा है ।

प्रत्येक त्रयोदशी को प्रदोष का व्रत करके सायंकाल में महादेव की पूजा करनी चाहिए, जैसा कि ''ब्रह्मोत्तरखण्ड'' में कहा है—

''पक्षद्वये त्रयोदश्यां निराहारो भवेद्दिवा ।
घटीत्रयादस्तमयात्पूर्वं स्नानं समाचरेत् ।।
शुक्लाम्बरधरो भूत्वा वाग्यतो नियमान्वितः ।
कृतसन्ध्याजपविधिः शिवपूजां समाचरेत्'' ।।

अर्थ—(कृष्ण और शुक्ल) दोनों पक्षों की त्रयोदशी तिथि को दिन में निराहार रहकर व्रत करे। फिर सूर्य के अस्त होने से तीन घड़ी पूर्व ही स्नान करे। तदनन्तर शुक्ल वस्त्र पहन, मौनावलम्बनपूर्वक नियमयुक्त हो, नित्य की सन्ध्या और जपादिक कृत्यों को कर, महादेव की पूजा करे।

यह प्रदोष-व्रत सन्ध्या समय में जब त्रयोदशी मिलती है, तब किया जाता है। दिन भर उपवास करके सायंकाल में शिव के पूजन करने के उपरान्त रात्रि में भोजन करने का निषेध नहीं है। जब कभी शनैश्चर अथवा सोमवार को प्रदोष होता है, तब उसका विशेष माहात्म्य कहा गया है। इसी शनिप्रदोष को कामेश्वर की (त्रिलोचन पर) प्रधान यात्रा काशीखण्ड के ८५वें अध्याय के ७५ से ७७ श्लोकों में वर्णित है और १४वें अ० के ४९वे श्लो० में चन्द्रेश्वर का भी पूजन लिखा है। पर लोग सोमप्रदोष में चन्द्रेश्वर अथवा सोमेश्वर की पूजा करते हैं। इससे भिन्न अन्य प्रदोषों में जहाँ सुगम पड़े, अपनी रुचि के अनुसार शिव जी का पूजन करना चाहिए। इस व्रत से सन्तान, सम्पत्ति का फललाभ सर्वत्र ही प्रसिद्ध है। काशी में स्त्रियाँ (और पुरुष भी) इस (उक्त) प्रदोष-व्रत और पूजन को बहुतायत से करती हैं।

यद्यपि चतुर्दशी की बहुतेरी यात्राएँ अष्टमी के यात्रा-प्रसङ्ग में कही जा चुकी हैं; पर प्रतिपदा से आरम्भ करके चतुर्दशीपर्यन्त अथवा प्रतिचतुर्दशी को ही तीनों चतुर्दश आयतनों की यात्रा का विशेष माहात्म्य वर्णित है। यदि तीनों चतुर्दशायतनों की यात्रा नहीं हो सके, तो एक ही एक चतुर्दशायतन की अथवा एकादश महारुद्रों की यात्रा यथाशक्ति अवश्य करनी चाहिए। काशीखण्ड के १००वें अध्याय में ४२ से लेकर ६६वें श्लोक तक इन यात्राओं की विधि लिखी है। प्रत्येक मास के कृष्णपक्ष की चतुर्दशी को शिवरात्रि कहा जाता है। इस दिन बहुत से लोग व्रत भी रहते हैं।

(जिन्हें यात्रा करने की इच्छा हो, वे लोग देख लेवें, विशेष वचन होने से यहाँ उद्धृत नहीं किये गये)।

शिवलिङ्गों के नाम	**स्थान (पता)**	**काशीखण्ड के अध्याय**
ओङ्कारेश्वर	मछोदरी के उत्तर महाल हुक्कालेसन (कोयला बाजार के पास)	७३-७४ वें अ० में (कूर्मपु० ब्राह्मी-संहिता ३१ अ०)।
त्रिलोचनेश्वर	तिलोचनघाट पर	७५-७६ वें अ० में।
आदिमहादेव	त्रिलोचन के मन्दिर से पूर्व की ओर	६९ वें अ० के २६ से ३५ श्लोकों तक।

कृत्तिवासेश्वर	वृद्धकाल के पास हरतीर्थ पर	६८वाँ अ० (शिवपुराण के ५वें ख० के ५५वें अ० में भी यह कथा है)।
रत्नेश्वर	वृद्धकाल की सड़क पर	६७ वाँ अ० (शिवपु० ६ वाँ ख० २१-२२ अ०)।
चन्देश्वर	सिद्धेसरी के मन्दिर में	१४वें अ० में।
केदारेश्वर	केदारघाट (हाड़ा का बाग)	७७ वाँ अ० (शिवरहस्य)।
धर्मेश्वर	मीरघाट पर धरमकूप	७८-७९-८०-८१ वें अ०।
वीरेश्वर	संकटाघाट पर आत्मा-वीरेश्वर	८२-८३-८४ वें अ०।
कामेश्वर	मछोदरी के दक्षिण सड़क पर	८५ वाँ अध्याय।
विश्वकर्मेश्वर	हनुमान् फाटक के पास ग्वालगड्डा (गोलगड्डा) पर	८६ वाँ अ०।
मणिकर्णिकेश्वर	मनिकनिकाघाट के ऊपर गोमठ के सामने काकाराम की गली में वर्दमान की कोठी के घेरे में नीचे	६१वें अ० के ४-५ श्लोकों में।
अविमुक्तेश्वर	विश्वनाथ जी के मन्दिर में	३९ वाँ अ०।
विश्वेश्वर	प्रसिद्ध (काशी के राजा विश्वनाथ बाबा)	९९ वाँ अ०।

ये ही उपर्युक्त ओङ्कारेश्वरादि चतुर्दश लिंग काशीखण्ड के ८६वें अ० में १०८ से ११० श्लोकों में कहे हैं और ये ही **प्रथम चतुर्दशायतन कहे जाते हैं।**

अमृतेश्वर	सरगदुआरी से आगे कुञ्ज बिहारी जी गङ्गापुत्र के घ में	९४वें अ० में, आदि से १९ श्लोकों तक।
तारकेश्वर	ज्ञानवापी के पूर्व स्थान है (मूर्ति गुप्त है)	६९ वें अ० के ५३ से ५६ श्लोकों तक।
ज्ञानेश्वर	लाहौरी टोला में धनीराम खत्री के आँगन में नीचे	८१ वें अ० के ४७ वें श्लोक में एवं ८४ अ० के ५८वें श्लो० में।
करुणेश्वर	ललिताघाट के ऊपर प्राचीन पं० नारायणपति तिवारी जी की हवेली के समीप में	९४वें अ० में २०-२८ श्लोक तक।
मोक्षद्वारेश्वर	,, ,, वहीं पर	९७ अ० २३३ श्लोक, फिर ९४वें अ० में २९ वें श्लोकों में दोनों ही लिंगों का वर्णन।
स्वर्गद्वारेश्वर	ब्रह्मनाल के पास सरग-दुआरी पर (बच्चासिंह के घर में)	,, ,,

ब्रह्मेश्वर	बालमुकुन्द का चौहट्टा	५२ वें अ० में ७३ वाँ श्लो०, ५३वें अ० में ९७ वाँ श्लो० ।
लांगलीश्वर	पाँचों पंडवा के पास खोआ बाजार के कोने पर	९७ अ० के २१४ से २१६ श्लोक में वर्णित हैं ।
वृद्धकालेश्वर	दारानगर में "विधकाल" प्रसिद्ध हैं	२४वें अ० में ।
वृषेश्वर	गोरखटीला के भीतर महाल मैदागिन पर	६९ वें अ० में ९२ श्लोक ।
चंडीश्वर	(वरना के) इमिलियाघाट के पास	६९ वें अ० में ५७-५८ श्लोक ।
नन्दिकेश्वर	ज्ञानवापी पर	९७ अ० में २८-२९ श्लो० और २२१ वें श्लोक में भी ।
महेश्वर	मनिकनिकाघाट पर मढ़ी में	३३ अ० के ७वें श्लोक में ।
ज्योतीरूपेश्वर	मणिकर्णिकेश्वर के समीप एक गृह की दलान में ।	९४ अ० में ३० से ३४ श्लोकों तक ।

ये ही उपर्युक्त अमृतेश्वरादि चौदह लिंग **द्वितीय चतुर्दशायतन** कहे जाते हैं ।

शैलेश्वर	(वरना के मढ़ियाघाट पर)	६६वें अ० में ३३ श्लोक से अध्याय के अन्त तक ।
संगमेश्वर	वरना संगम पर आदि-केशव के समीप	९७वें अ० में १६ वाँ श्लोक ।
स्वर्लीनेश्वर	राजघाट और पहलाद-घाट के बीच में गङ्गा के तट पर	९७वें अ० में ३६ वाँ श्लोक ।
मध्यमेश्वर	मदाकिन (वर्तमान मैदा-गिन) पर गनेसगंज में	९७ अ० ४९ से ५४ श्लो० (तथा लिंगपु० ९२वाँ अ०) ।
हिरण्यगर्भेश्वर	तिलोचनघाट के उत्तर मढ़ी में	८४वें अ० के ३७ वें श्लोक में इनका तीर्थ कहा है ।
ईशानेश्वर	बाँसफाटक पर कोतवालपुरा में	१४वें अ० में आदि से १२ श्लोक एवं ९१ अ० में ९३-९४ श्लोक ।
गोप्रेक्षेश्वर	लालघाट पर गोपीगोविंद जी के मन्दिर में गौरी-शङ्कर प्रसिद्ध	९७वें अ० में ९ से ११ श्लो० तक ।
वृषभध्वजेश्वर	कपिलधारा पर प्रसिद्ध	६२वाँ अ० (लिंगपु० ९२ अ० एवं शिवपु० ६वाँ खण्ड १७वाँ अ०) ।
उपशान्तशिव	अग्नीश्वर नया घाट के ऊपर गली में	९७ अ० के ४८ से ५० श्लोक तक वर्णन है ।
ज्येष्ठेश्वर	काशीपुरा में कर्णघण्टा के पास	६३वें अ० में आदि से २० श्लो० तक ।

निवासेश्वर	काशीपुरा में भूतभैरो के मन्दिर से पश्चित ओर (का० खं० में चतु:समुद्रेश्वर भी लिखे हैं)	६३वें अ० में १६-१७ श्लो० तथा ९७वें अ० १६७ वाँ श्लोक।
शुक्रेश्वर	कालिका गली में	१६वाँ अ०।
व्याघ्रेश्वर	काशीपुरा में भूतभैरो के नैर्ऋत्य कोन पर	६५ अ० में ४४ श्लो० से अन्त तक वर्णन है।
जम्बुकेश्वर	बड़े गनेस के पास	९७वाँ अ० १५९ वाँ श्लोक।

ये उपर्युक्त चौदहों लिंग तृतीय आयतन के देवता हैं।

इस प्रकार से तीनों चतुर्दशायतनों को मिलाकर ४२ लिंग होते हैं।

।। एककादश महारुद्र ।।

आग्नीध्रेश्वर	इसरगङ्गी पर "जागेश्वर" नाम से प्रसिद्ध हैं।	१००वें अ० में ६३वाँ श्लोक।
उर्वशीश्वर	औसानगंज गोलाबाग में	" " "
नकुलीश्वर	विश्वनाथ जी के पास महावीर जी के मन्दिर में अक्षयवट के नीचे	६९वें अ० में १६-१७ श्लोक।
आषाढ़ीश्वर	काशीपुरा में राजा बेतिया के घेरे में बड़े मन्दिर के पिछवाड़े	५५वें अ० में २७ से २९ श्लोक तक, और ९७ अ० में १७७ वाँ श्लोक।
भारभूतेश्वर	राजा-दरवाजा-गोविन्दपुरा में म० म० पं० शिव-कुमार शास्त्री जी के घर के समीप	५५ अ० में १३-१४ श्लोक में एवं ९७ वें अ० में १७८ वाँ श्लोक।
लांगलीश्वर	पाँचों पंडवा के आगे खोवा बाजार में	५५ वाँ अ० में २०-२१ श्लोक और ९७ वें अ० के २१४ से २१६ श्लोक।
त्रिपुरान्तकेश्वर	सिगिरा के टीला पर	६९ वें अ० में ७३ वें श्लोक से ७५ और ९७ अ० वें अ० में २३२ वाँ श्लोक।
मन:प्रकामेश्वर	साखीविनायक (साक्षी-विनायक) पर प्रसिद्ध	१०० अ० में ६५ वाँ श्लोक।
प्रीतिकेश्वर	कालिका गली में बाड़ा में	९७ अ० में २१८ और २१९ श्लोक।
मदालसेश्वर	कालिका गली के सामने	९७ अ० में २३० वाँ श्लोक।
तिलपर्णेश्वर	दुर्गाकुण्ड पर	५३वें अ० में १२२ वाँ श्लोक।

यह एकादश-आयतन की यात्रा कही गई है। कोई-कोई यात्रा के प्रेमी लोग इसे एकादशी को भी करते हैं। पर काशीखण्ड में एकादशी की कोई विधि नहीं है।

त्रिकोण-यात्रा

प्रथम दुर्गाकुण्ड में स्नान कर दुर्गादेवी का पूजन करे, फिर वहाँ से लक्ष्मीकुण्ड में आकर मार्जन करके महालक्ष्मी का पूजन करे, तदनन्तर जैतपुरा में जाकर वागीश्वरी देवी की पूजा करे। (यहाँ पर भी पूर्व में कुण्ड था, जो अब पटकर लुप्त हो गया है)। ये ही तीनों स्थान महाकाली, महालक्ष्मी और महा-सरस्वती के हैं और ये तीनों ही काशी के तीन कोनों में हैं, अर्थात् दक्षिण दिशा—भदैनी गाँव में दुर्गा जी, पश्चिम दिशा—रामापुरा गाँव में लक्ष्मी जी और उत्तर दिशा—जैतपुरा गाँव में वागीश्वरी देवी विराजमान हैं। इन तीनों देवियों के गाँवों में प्राचीन ब्राह्मणों की बस्तियाँ हैं और प्राय: समस्त नगर की पुरोहिती उन्हीं ब्राह्मणों की है (कालानुसार यवन लोग उन्हीं स्थानों के थोड़े अन्तर पर बसते गये हैं, जो मदनपुरा, लल्लापुरा और अलईपुरा के नाम से महाल प्रसिद्ध हैं। ये ही यवन बनारसी साड़ी तथा दुपट्टों के बनाने वाले तन्तुवाय (जोलाहे) हैं।

यह यात्रा प्राय: मंगलवार या चतुर्दशीयुक्त मंगल को देवी जी के भक्त लोग करते हैं। प्रत्येक पूर्णमासी को [काशीखण्ड के १४वें अध्याय के ४२-४३ श्लोकों के आधार पर] चन्द्रेश्वर (सिद्धेश्वरी के मन्दिर में) की यात्रा करनी चाहिए।

प्रत्येक अमावास्या को [काशीखण्ड ६२वें अध्याय के ६६वें श्लोक में] कपिलधारा पर (वृषभध्वज की यात्रा और) श्राद्ध-तर्पण इत्यादि का बड़ा माहा-त्म्य कहा है।

इस प्रकार से तिथियात्रा निरूपित हुई। यात्रार्थी लोगों को यथासम्भव इनका सम्पादन करना चाहिए।

वार-यात्रा

प्रति रविवार को सूर्यनारायण की यात्रा प्रधानरूप से करनी चाहिए। काशी में द्वादश (१२) आदित्यों के स्थानादि सप्रमाण लिखे जाते हैं। (रविवार को भैरव की यात्रा भी कही है, जो भौमवार की यात्रा में लिखी गई है, पाठक लोग वहीं देख लेवें)।

द्वादश अर्क (सूर्य-देव) के स्थानादि

सूर्य के नाम	धाम (पता)	काशीखण्ड की कथा के अध्याय के अङ्क
लोलार्क	भदैनी में अस्सीसंगम के पास प्रसिद्ध लोलारक-कुण्ड	४६ वाँ (१५ अ० वामनपुराण)।
उत्तरार्क	अलईपुर में बकरियाकुण्ड पर	४७ वाँ
साम्बादित्य	सूरजकुण्ड पर प्रसिद्ध	४८ वाँ

(यहाँ प्रति रविवार को बहुत से लोग सूर्यकुण्ड में स्नान भी किया करते थे। तदनन्तर सूर्य (साम्बादित्य) का दर्शन)।

द्रौपदादित्य	विश्वनाथ जी के समीप हनुमान् जी के मन्दिर में अक्षयवट के नीचे	४९ वाँ
मयूखादित्य	पञ्चगङ्गा के पास मङ्गलगौरी जी के मन्दिर में	४९ वाँ
खखोल्कादित्य	त्रिलोचन पर कामेश्वर के घेरे में (इन्हीं का नाम विनतादित्य भी है)	५० वाँ
अरुणादित्य	त्रिलोचन के मन्दिर में	५१ वाँ
वृद्धादित्य	मीरघाट पर हनुमान् जी के मन्दिर के पास एक घेरे में	५१ वाँ
केशवादित्य	वरनासंगम पर आदिकेशव जी के मन्दिर में	५१ वाँ
विमलादित्य	गोदौलिया के पास जंगमबाड़ी में	५१ वाँ
गङ्गादित्य	ललिताघाट पर	५१ वाँ
यमादित्य	जमघाट (संकटाघाट) पर	५१ वाँ

यही द्वादशादित्य यात्रा है। षष्ठी अथवा सप्तमी तिथि को रविवार पड़ने से भानुषष्ठी किं वा भानुसप्तमी को पद्मक योग होता है। उस दिन इन आदित्यों की यात्रा बहुत ही फलदायक होती है; क्योंकि यह पद्मक योग सहस्र सूर्यग्रहण के समान फलदायक माना गया है।

प्रत्येक सोमवार को काशीखण्ड के १४वें अध्याय में चन्द्रेश्वर की यात्रा, ३३वें अध्याय के अनुसार ज्ञानवापी की यात्रा, ६२वें अध्याय में सोमवती अमा-वास्या को कपिलधारातीर्थ पर श्राद्ध और ८४वें अध्याय के २० से २८ श्लोकों

तक करुणेश्वर की भी यात्रा लिखी है; पर इन सब यात्राओं में प्रधानयात्रा विश्वनाथ जी की है। जो लोग प्रतिदिन दर्शन नहीं कर सकते, वे प्राय: सोमवार ही को दर्शन-यात्रा किया करते हैं। जैसा कि ३३वें अध्याय में ज्ञानवापी के माहात्म्य में वर्णन किया है। श्रावण मास के प्रति सोमवार को प्राय: विशेष यात्रा होती है; क्योंकि सोमप्रदोष का व्रत करके लोग सायंकाल में स्नान और शिवपूजन इत्यादि करते हैं। इसमें जिसे जहाँ सुगम पड़ता है, वहीं पूजनादि कर लेता है; पर सारनाथ, जो नगर से प्राय: तीन कोस उत्तरदिशा में है (जहाँ पर भगवान् विष्णु ने बौद्धधर्म का उपदेश किया था, काशीखण्ड का ५८वाँ अध्याय देखिए, मेला गलता है) और नगर में केदारघाट पर स्नान की भीड़ होती है, जैसा कि "शिवरहस्य" में कहा है—

"काश्यामन्यमिह स्थानं केदाराभिधमुत्तमम्।
तस्य केदारनाथस्य श्रावणे सोमवासरे।।
पूजा कार्या विशेषेण साधनैर्विविधैः शुभैः"।।

अर्थ—काशी में केदार नामक एक बड़ा उत्तम दूसरा ही स्थान है। सावनमास के सोमवार को उन केदारनाथ जी की अनेक प्रकार की शुभ-सामग्रियों से विशेषरूप की पूजा करनी चाहिए।

प्रत्येक मंगलवार को (काशीखण्ड के ७२वें अध्याय के ८२वें श्लोक में) दुर्गा जी की यात्रा कही है। (३१वें अध्याय के १५५ श्लोक में) भैरव की यात्रा लिखी है और (७०वें अध्याय के ४८वें श्लोक में) बन्दीदेवी की यात्रा विहित है। यों ही (१७वें अध्याय में आदि से २१ श्लोकों तक) मंगलवार को चतुर्थी हो, तो और भी उत्तम है। अङ्गारकेश्वर की यात्रा भी कही है। इन सबसे भिन्न आज-कल के शिष्टाचारानुसार हनुमान् जी की यात्रा विशेष प्रचलित है। श्रावण के मङ्गलवार को संकटमोचन हनुमान् तथा हनुमानघाट के बड़े हनुमान् के दर्शन में विशेष भीड़ होती है। जब कभी भौमवार को प्रदोष अथवा अमावास्या पड़ती है, तब उक्त केदारेश्वर की यात्रा और गौरीकुण्ड पर श्राद्धादिक का (काशीखण्ड के ७७वें अध्याय के ५९वें श्लोक में) विशेष माहात्म्य लिखा है। यदि चतुर्थी को मंगलवार पड़े, तो गणेश जी की यात्रा भी अवश्य कर्तव्य है। यों ही चतुर्दशी पड़ने पर कलशेश्वर की यात्रा और भरणी नक्षत्र मिलने से यमघाट पर स्नान, तर्पण और श्राद्धादिक का भी (का० ख० के ५१वें अध्याय के १११वें श्लोक में) विशेष फल कहा है। श्रावण मास के प्रत्येक मंगलवार को दुर्गा-कुण्ड पर दुर्गा जी के दर्शन-पूजन का बड़ा भारी मेला होता है। "शिवरहस्य" में कामाक्षा (कमच्छा पर) के पूजन का भी बड़ा माहात्म्य पाया जाता है। (का० ख० ७२वें अ० के ९३ श्लोक में) अष्टभैरवों के ये नाम हैं—

अष्ट-भैरव

नाम	धाम
रुरुभैरव	हनुमान् घाट के समीप।
चण्डभैरव	दुर्गाकुण्ड, दुर्गा जी के घेरे में काली जी के मन्दिर में।
असिताङ्गभैरव	वृद्धकाल के घेरे में अमृतकुण्ड से पूर्व की ओर।
कपालभैरव	प्रसिद्ध "लाटभैरो"।
क्रोधनभैरव	कमच्छा पर "वटुकभैरो" प्रसिद्ध है।
उन्मत्तभैरव	पञ्चक्रोशी में भीमचण्डी की सड़क पर देवरा गाँव में।
संहारभैरव	तिलोचनगंज के पाठन दरवाजे के निकट।
भीषणभैरव	कासीपुरा में "भूतभैरो" के नाम से प्रसिद्ध हैं, वरन् इसी नाम से वह महाल भी कहा जाता है।

['दण्डपाणि' को भी कुछ लोग 'भैरव' का ही एक रूप बताते हैं।]

पर इन सब लोगों के कोतवाल कालभैरव हैं और प्रधान भैरव की यात्रा भैरवनाथ की ही लोग करते हैं (का० खं० के ३१वें अध्याय में इनकी कथा है)। इनसे भिन्न और भी कई भैरवों के स्थान प्रसिद्ध हैं, जैसे—रामघाट के ऊपर गली में "आनन्दभैरव", चौक से आगे नीचीबाग की सड़क पर "मोहन-भैरव" और विश्वनाथ जी के पश्चिम द्वार पर "द्वारभैरव" इत्यादि विराजमान हैं।

प्रत्येक बुधवार को काशीखण्ड के १५वें अध्याय के आधार पर बुधेश्वर की (जो आत्मावीरेश्वर के घेरे में मंगलेश्वर के समीप में हैं) यात्रा करनी चाहिए। यदि बुधवार को अष्टमी पड़े, तो वह एक पर्वदिन हो जाता है। उस बुधाष्टमी को स्नानदान का विशेष फल होता है। यों ही बुधवार, द्वादशी तिथि और श्रवण-नक्षत्र इन तीनों ही के मिलने से वरणासंगम पर स्नान-दान और श्राद्धादिक करने से अधिक पुण्यलाभ होता है।

प्रत्येक बृहस्पतिवार को (का०ख० के १७वें अध्याय के अनुसार) बृह-स्पतीश्वर (जो आत्मावीरेश्वर के पास में हैं), उनकी यात्रा करनी चाहिए। यदि बृहस्पतिवार को पुष्य-नक्षत्र मिल जावे तो उस गुरुपुष्य योग में वहाँ की यात्रा उक्त अध्याय के ६०वें श्लोक के अनुसार अधिक फलदायक कही है। यों ही गुरुपुष्य, शुक्लाष्टमी और व्यतीपात योग—इन सबके एकत्र प्राप्त होने पर ज्ञानवापी में श्राद्ध करने से गयाश्राद्ध का कोटिगुण फल लिखा है। (का०ख० ३३वें अध्याय के ३६वें श्लोक में यह बात पायी जाती है)।

प्रत्येक शुक्रवार को (का० ख० के १६वें अध्याय के अनुसार) शुक्रेश्वर (जो कालिका गली में हैं), उनकी यात्रा करनी चाहिए । आजकल के शिष्टाचार के अनुसार शुक्रवार को लक्ष्मीकुण्ड पर महालक्ष्मी जी, संकटाघाट पर संकटादेवी और जैतपुरा में वागीश्वरी देवी का भी दर्शन करते हैं । पर इसके लिए कोई प्रमाण नहीं मिलता । श्रावण के शुक्रवार को इन स्थानों के अतिरिक्त दुर्गाकुण्ड पर दुर्गा जी के दर्शन-पूजन का बड़ा भारी मेला होता है ।

प्रत्येक शनिवार को काशीखण्ड के १६वें अध्याय के अनुसार (विश्वनाथ जी के घेरे में पश्चिम-दक्षिण कोण पर) शनैश्चरेश्वर का दर्शन-पूजन लिखा है । शनिवार को प्रदोष पड़ने पर कामेश्वर (त्रिलोचन पर) की यात्रा पूर्वकथित है । शनिवार को भी मीरघाट, शिवालाघाट, हनुमान् घाट और संकटमोचन इत्यादि हनुमान् जी के स्थानों पर यात्रा प्रचलित है ।

ये ही सब उपर्युक्त दर्शनादि वारयात्राएँ कही जाती हैं ।

इसी भाँति नक्षत्र-यात्रा के इच्छुक लोगों को (का० ख० १५वें अध्याय के आदि से १९ श्लोकपर्यन्त) नक्षत्रेश्वर की कथा अवश्य देखनी चाहिए । नक्षत्रेश्वर का स्थान वरनासंगम के पास आदिकेशव जी के घेरे के बाहर दक्षिण ओर के मन्दिर में है । नक्षत्रादिक की शान्ति के लिए उनका दर्शन-पूजन करना उचित है ।

नवग्रहों की शान्ति के लिए कालभैरव की पूर्वगली में कालदण्ड के समीप ही में नवग्रहेश्वर का पूजन आवश्यक है और व्यतीपातादिक दुष्ट योगों के शान्त्यर्थ वहीं पर व्यतीपातेश्वर का दर्शन-पूजन बहुत ही उपयोगी है ।

जैतपुरा महाल में प्रसिद्ध वागीश्वरी देवी के समीप सिद्धेश्वर के मन्दिर से सटे हुए छोटे शिवालय में ज्वरहरेश्वर-नामक लिङ्ग है । इनको दुधभंगा चढ़ाने से प्रायः ज्वर छूट जाता है और [का० खं० ९७वें अध्याय के १३-१४ श्लोकों में] विज्वरनामक लिंग का माहात्म्य भी मिलता है ।

वृद्धकाल पर मृत्युञ्जय (भतखौआ) महादेव प्रसिद्ध हैं । इनकी चर्चा (का०ख० ९७वें अध्याय के १२९वें श्लोक में) मृत्वीश नाम से लिखी है । इनकी आराधना से लोगों का बहुत उपकार होता है और बहुतेरे लोगों की ओर से महामृत्युञ्जय का जप करने के लिए अनेक ब्राह्मण प्रतिदिन इनके छोटे से मन्दिर में भरे रहते हैं ।

वृद्धकाल के अमृतकुण्ड (धन्वन्तरि-कुण्ड) में स्नान करने से अब तक बहुतेरे लोगों की कठिन से कठिन व्याधियाँ, चर्मरोग और कुष्ठ इत्यादिक छूट

जाते हैं । यों ही लोलार्क और सूर्यकुण्ड भी इन्हीं बातों के लिए सेवन किया जाता है और आराधकों की कामनाएँ प्रायः सिद्ध हो जाती हैं ।

ये सब यात्राएँ कामिक (काम्य) वा नैमित्तिक कही जाती हैं, अर्थात् जब जिसे जो आवश्यक होती है, तब वह ऐसी यात्राओं को करता है[१] । पर काशीखण्ड में और भी बहुतेरी यात्राएँ नैमित्तिक अथवा आगन्तुक रूप से लिखी हैं, जिनका कुछ थोड़ा-सा उदाहरण लिख दिया जाता है ।

जब कभी ग्रहण लगता है, तो काशी में बहुत बड़ी भीड़-भाड़ हो जाती है । यद्यपि सूर्यग्रहण में सबसे बड़ा मेला कुरुक्षेत्र का होता है; पर चन्द्रग्रहण में काशो में ही विशेष यात्रीगण देश-देशान्तर से आ जाते हैं; क्योंकि काशीक्षेत्र में गङ्गा जी का विशेष माहात्म्य ''भविष्यपुराण'' में यों कहा है—

''कुरुक्षेत्रसमा गङ्गा यत्र कुत्रावगाहिता ।
कुरुक्षेत्राद्दशगुणा यत्र विन्ध्येन सङ्गता ।।
ततः शतगुणा प्रोक्ता यत्र पश्चिमवाहिनी ।
तस्मात्सहस्रगुणिता काश्यामुत्तरवाहिनी'' ।।

अर्थ—गङ्गा में कहीं पर भी (गङ्गोत्री से लेकर समुद्र के संगमपर्यन्त) स्नान करने से कुरुक्षेत्र के समान (पुण्य) होता है । फिर जहाँ पर विन्ध्याचल से मिली हैं, वहाँ कुरुक्षेत्र का दसगुना फल मिलता है और जहाँ पर पश्चिमवाहिनी हो गई हैं, वहाँ सौगुना एवं काशी में उत्तरवाहिनी गङ्गा सहस्रगुना अधिक फलदात्री कही गई हैं । अतएव **''ग्रहणेषु काशी''** प्रसिद्ध है । यद्यपि ग्रहण में समुद्र-स्नान का भी बड़ा माहात्म्य ''सौरपुराणादिक में'' पाया जाता है; पर ''व्यासस्मृति'' का यह वचन विशेष प्रचलित है, यथा—

''इन्दोर्लक्षगुणं पुण्यं रवेर्दशगुणं ततः ।
गङ्गातोये तु सम्प्राप्ते इन्दोः कोटी रवेर्दश'' ।।

अर्थ—साधारण स्नान की अपेक्षा चन्द्रग्रहण में लाख गुना और सूर्य-ग्रहण में दस लाख गुना विशेष फल होता है; पर गङ्गाजल के प्राप्त हो जाने पर चन्द्रग्रहण करोड़ गुना और सूर्यग्रहण दस करोड़ गुना अधिक पुण्यप्रद हो जाता है ।

---

१. जैसे कर्म तीन प्रकार के—(१) नित्य, (२) नैमित्तिक और (३) काम्य-होते हैं, वैसे ही यात्राएँ दर्शनस्नानादि भी काशी में नित्य, नैमित्तिक और काम्य होती हैं ।

जो हो, पर काशी में ग्रहण के दिनों में इतने मनुष्य आ जाते हैं कि रहने का स्थान नहीं मिलता। सूर्यग्रहण में काशीवासी लोग प्रायः दुर्गाकुण्ड के समीप "कुरुक्षेत्र" नामक पोखरे में स्नान करके तब गङ्गा जी स्नान करते हैं और (काशीखण्ड के ६१वें अध्याय के ३२वें श्लोक में) स्पष्ट लिखा है कि काशी के दशाश्वमेधघाट पर सूर्यग्रहण में कुरुक्षेत्र का दसगुना फल प्राप्त होता है। इन्हीं कारणों से काशी में सबसे बड़ी और प्रधान स्नानयात्रा प्रत्येक घाटों पर ग्रहणों में होती है। उसमें भी मणिकर्णिकाघाट पर तो अपार भीड़ हो जाती है। ग्रहण पर प्रायः सभी देव-मन्दिर बन्द रहते हैं, उस समय कोई भी दर्शन-पूजन नहीं करने पाता।

इसी विधि से वारुणी इत्यादि और भी छोटे-बड़े बहुतेरे पर्वों पर काशी में विशेष मेला हो जाता है, जिनमें कभी-कभी देशान्तर के तथा प्रान्त के भी यात्रीगण आ जाया करते हैं। उन सब पर्वों का सूचीपत्र बनाने से ग्रन्थ का बहुत विस्तार हो जाने की संभावना है। अतएव धार्मिक लोग स्वयं उन्हें समझ लेवें और ग्रन्थों की कौन बात है (खास), इसी काशीखण्ड की कितनी ही यात्राएँ, जो कि आजकल अप्रचलित हैं, छोड़ दी गई हैं। (९७वें अध्याय के ४६वें श्लोक में) पूर्वभाद्रपद नक्षत्र से युक्त पौर्णमासी होने पर भद्रह्रद की यात्रा एवं (उक्त अध्याय के ९०वें श्लो० में) आर्द्रानक्षत्र से युक्त चतुर्दशी तिथि होने पर रुद्रकुण्ड की यात्रा कही है; पर उक्त ग्रन्थ के लिखित कितने ही कुण्ड, देव-स्थान और देवमूर्तियाँ काल के फेर-फार एवं विधर्मी म्लेच्छ महाराजों (मुसल-मान बादशाहों) के अत्याचार से नष्ट-भ्रष्ट और लुप्त-गुप्त हो गई हैं। इन्हीं सब कारणों से अब ग्रन्थोक्त सभी यात्राएँ प्रचलित नहीं हैं। बहुतेरी यात्राएँ आज-कल मेला (तमाशा) के रूप में बदल गई हैं; पर यात्रा के प्रेमी लोग अपने कर्तव्य का पूर्णरूप से निर्वाह कर ही लेते हैं, अतएव इस विषय को बहुत बढ़ाकर लिखने की कोई विशेष आवश्यकता नहीं जान पड़ती।

काशीतीर्थ अपने ठीक ठिकाने पर वर्तमान है; क्योंकि काशीखण्ड में जहाँ-जहाँ स्रोतों का वर्णन है, वहाँ-वहाँ अब तक सोतियाँ बराबर चला करती हैं। जैसे दशाश्वमेध के वर्णन में (६१वें अध्याय के ३१वें श्लोक में) जो यमुना को पूर्ववाहिनी लिखा है, वह शूलटंकेश्वर के दक्षिण ओर (पोटियाघाट से सट के) पहले गोदौलिया का नाला बहता था। अब नाला पाटकर उसके ऊपर सड़क चलती है और नीचे से नाला है। पर जहाँ यमुना का संगम लिखा है, वहाँ पर बारहों मास पत्थर की सीढ़ी के ऊपर से एक सोती बहा करती है। उक्त श्लोक के अनुसार वह ठीक पूर्व ओर से बहकर गङ्गा में गिरती है और गङ्गा-यमुना के संगम को स्पष्ट करती हुई दिखाई पड़ती है।

यों ही मणिकर्णिका के कुण्ड में ब्रह्मनाल से ब्रह्मद्रव (का जल) गोमुखी के द्वारा बराबर आया करता है। जैसा कि उक्त ग्रन्थ के ६१वें अध्याय के १५१ वें श्लोक में कहा है। इसी सोती से मणिकर्णिका के उत्तर सिंधियाघाट (जो कि वीरतीर्थ है) धँसकर टूट गया है। (अब यह पुनः नया बन गया है)। कहा जाता है कि घाट बाँधने वालों ने अज्ञातवश उस ब्रह्मस्रोत के निकास को बन्द कर दिया था, जिससे वह घाट धँसकर बैठ गया। जो हो, पर वहाँ पर एक सोती स्पष्ट बहा करती है, जो दत्तात्रेय के मन्दिर के नीचे गङ्गा में मिली है।

इसी प्रकार से पञ्चगङ्गा घाट पर जटार के मन्दिर और लक्ष्मणबाला जी के मन्दिर के मध्य से जो मार्ग (रास्ता) आता है, जिसके ऊपर गभस्तीश्वर का स्थान है, उसी के नीचे एक सोती बहा करती है। उसको काशीखण्ड के ५९वें अध्याय के १०९वें श्लोक में किरणा नदी कहकर लिखा है। वह सोती अब तक बहा करती है। इसी भाँति पञ्चगङ्गा पर और भी कई एक सोतियाँ दीख पड़ती हैं। इनसे उस स्थान पर पञ्चगङ्गा नाम पड़ना कोई अनुचित नहीं कहा जा सकता।

इस रीति के अनुसार (काशीखण्ड के ९७ वें अध्याय के २५३ वें श्लोक में) असी नदी को शुष्का नदी कहा है, जो कि आजकल भी वर्षाऋतु बीत जाने पर सूख जाती है। इन बातों से यह स्पष्ट हो जाता है कि काशीखण्ड के कहे हुए देवस्थान इत्यादि चाहे किसी कारण से नष्ट-भ्रष्ट होकर हट-बढ़ गये हैं; पर ये सब सोतियाँ अथवा वरना और असी नदी यथास्थान पर रहकर उक्त स्थानों का ठीक-ठीक प्रमाण (सबूत) सिद्ध कर देती हैं, जो कि काशीखण्ड के लिखे जाने के समय से आज तक अपने स्थान पर सुशोभित हैं।

काशी में "आठ वार नव तिवहार" की कहावत बहुत ही प्रसिद्ध है। वास्तव में काशी की यात्राओं को पूर्णरीति से लिख देना बड़ा ही कठिन काम है; क्योंकि "शिवरहस्य" की कथा है कि "एक बार ब्रह्मा और विष्णु इत्यादि देवगण काशी की पञ्चक्रोशीयात्रा का सङ्कल्प करके चले। बीस वर्ष में भीम-चण्डी के समीप पहुँचे। तब विचार करने लगे कि यह यात्रा विधिवत् कैसे पूर्ण हो सकेगी ? क्योंकि इतने दिन बीत जाने पर भी अभी यात्रा का बहुत भाग अवशिष्ट (बाकी) है। फिर किसी प्रकार से यात्रा समाप्त करके अपने-अपने लोकों में चले गये। पञ्चक्रोशी यात्रा को पूर्णरीति से एक बार महाबली नन्दी; गणेश और भैरव ही कर सके हैं"। तब अब विचारना चाहिए कि जब देवताओं की यह गति हुई, तो कामादिक छहों शत्रुओं से पराभूत शक्तिहीन मनुष्य (बिचारा) क्योंकर यात्रा कर सकता है ? अतएव यथाशक्ति और पूर्णभक्ति होकर

जहाँ तक बन पड़े, इन यात्राओं को करना चाहिए; क्योंकि ये सब यात्राएँ तो साधारणरूप से लिखी हैं। इनसे भिन्न और भी कितनी ही यात्राएँ शास्त्रोक्त, अशास्त्रीय और शिष्टाचार इत्यादि से प्रचलित हैं। कितनी ही नीच, अन्त्यज और विधर्मियों की यात्राएँ (तिवहार) होती हैं। फिर कितने ही देवताओं के वार्षिक (शृङ्गार) उत्सव और रामलीला, कृष्णलीला इत्यादि भी होती हैं। इन सबके कारण काशीवासियों का एक दिन भी व्यर्थ नहीं जाने पाता। यदि उन सब बातों का भी उल्लेख किया जावे, तो यह यात्रा की पुस्तिका एक बहुत भारी ग्रन्थ बन जावेगी। अतएव इन सब बातों का संग्रह हो जाने पर एक स्वतन्त्र ग्रन्थ लिख दिया जावेगा।

काशी एक प्रधान तीर्थस्थान है। यद्यपि इसका रूप एक बड़े नगर के समान है; पर वास्तव में यह शुद्ध तीर्थभूमि ही है। अतएव यहाँ पर देवदर्शन, मन्दिरों की रचना और घाटों की छटा ही मुख्य दर्शनीय वस्तु है। विदेशीय लोगों के मन प्रसन्न करने को और भी बहुतेरे उत्तमोत्तम दृश्य-स्थान हैं। उनका नामादिक संक्षेप रूप से लिख देना स्यात् (शायद) अनुचित नहीं होगा।

१. अस्सी से राजघाट तक घाटों की शोभा, जिनके ऊपर प्रायः मन्दिर तथा लोगों के भवन भी शोभायमान हैं।
२. श्रीदुर्गा जी का मन्दिर, दुर्गाकुण्ड पर।
३. पानीघर (पम्पस्टेशन) भेलूपुर।
४. सेन्ट्रल हिन्दू कालिज, कमच्छा।
५. महाराज बनारस का शिवाला, गोदौलिया।
६. श्रीविश्वनाथ जी का सुवर्ण-मन्दिर।
७. श्रीअन्नपूर्णा देवी जी का मन्दिर।
८. टाउनहाल, कोतवाली, (जो अब "भैरोनाथ" महाल में बनी है।)
९. कंपनी बाग, यह मन्दाकिनी तीर्थ है। अब "मैदागिन" प्रसिद्ध है। इसी के पूर्व-दक्षिण कोण पर "काशी नागरी प्रचारिणी सभा" का भवन और पुस्तकालय है।
१०. प्रिंस आफ वेल्स अस्पताल (जिसके समीप में ईश्वरी अस्पताल स्त्रियों के लिए है)।
११. गवर्नमेण्ट संस्कृत कालिज (इसमें पत्थर खोदकर बनवाने वालों के नामादिक विविध भाषाओं में लिखे हैं)।
१२. विक्टोरिया पार्क, यह "बेनियाबाग" प्रसिद्ध है। यही अस्तिकक्षेपतड़ाग तीर्थ है। इसी में स्वर्गीया महारानी विक्टोरिया की मूर्ति वर्तमान प्रिन्स

आफ वेल्स से स्थापित कराई गई थी । उसे स्वतन्त्र भारत में दासता का परिचायक मानकर हटा दिया गया है ।

१३. माधवराय का "धरहरा" । यह औरंगजेब की बनाई हुई मसजिद है ! इसमें ऊपर तक सीढ़ियाँ लगी हैं । अब यह धरहरे नहीं हैं, जीर्ण हो जाने के कारण हटा दिये गये हैं ।

१४. सारनाथ का "धमेष" । यहाँ पर बौद्ध लोगों के समय की बहुतेरी प्राचीन वस्तुएँ सरकार की ओर से खोदवा कर रक्खी गई हैं । यहाँ का संग्रहालय विश्वप्रसिद्ध है । विश्वभर से बौद्ध यहाँ आते रहते हैं ।

(यों ही और भी बहुतेरे दर्शनीय स्थान हैं, जो स्वतन्त्ररूप से दूसरे ग्रन्थ में लिखे जावेंगे) ।

अन्तिम-प्रार्थना

जिस काशी का माहात्म्य काशीखण्ड इत्यादि ग्रन्थों में भरा पड़ा है, उसी की यात्रा और चित्रादिक इस ग्रन्थ में लगाये गये हैं । चित्रों में घाटों की शोभा अद्भुत दीख पड़ती है, पर चित्र से चरित्र में बहुत ही अन्तर (फर्क) रहता है । समय के फेरफार से अब लोगों के घाट वा मन्दिर इत्यादि के विषय में धन लगाने की इच्छा नहीं होती । काशी में कितने ही घाट और बड़े-बड़े मन्दिर राजों-महाराजों के बनाये वर्तमान हैं । पर अब स्वतन्त्र भारत में उनके वंशधर राजे-महाराजे नहीं रहे । उन पर तनिक भी कोई अन्य ध्यान नहीं देता । सभी धर्मप्राण उदार दानवीरों से यही प्रार्थना है कि जो घाट सुगमतापूर्वक स्नानादिक के लिये बने थे, वे टूट कर ऐसे हो गये हैं कि अनजान यात्री लोग उनमें गिर कर चोट खा जाते हैं । घाटों के भीतर बड़ी-बड़ी पालें पड़ गई हैं, जिनके भीतर जा पड़ने पर फिर बाहर होना असम्भव है । इन दिनों घाटों की इन दुर्दशाओं के कारण अनेक मनुष्य डूबकर मर चुके हैं ।

ग्रहण इत्यादि मेलों में सरकार की ओर से बाँस बाँधा जाता है, जिससे कोई यात्री धक्का खाकर खड्ढों में नहीं चले जावें । कुछ घाट नये बन गये हैं । यही दशा बहुतेरे मन्दिरों की भी हो गई है । कितने ही प्राचीन स्थान लोगों के घर बन गये हैं । कितने ही देवता दो-चार पुरुष (पोरसा) नीचे पड़ गये हैं । कितने ही मन्दिर टूट-फूट कर जीर्ण-शीर्ण हो रहे हैं । कितने ही मन्दिरों में पूजादि कुछ भी नहीं होता है । अतएव वर्तमान काल के दानवीर धनपतियों से एकमात्र यही प्रार्थना है कि वे लोग पूर्वजों की अटलकीर्ति का जीर्णोद्धार करा-कर अक्षय पुण्य लूटें और उदार लोगों को चाहिए कि नवीन शिवालय इत्यादि

का बनवाना रोक कर यथाशक्ति प्राचीन स्थानों का ही जीर्णोद्धार करावें; क्योंकि "काशीरहस्य" में नवीन की अपेक्षा प्राचीन देवस्थानों के जीर्णोद्धार (मरम्मत) करने का विशेष पुण्य लिखा है, यथा—

"खण्डस्फुटितसंस्कारमत्र कुर्वन्ति ये नराः ।
ते रुद्रलोकमासाद्य मोदन्ते सुखिनः सदा" ।।

फिर काशीखण्ड में भी यही बात कही है—

"कालेन भङ्गमापन्नं जीर्णोद्धारं करोति यः ।
इह तस्य फलस्यान्तः प्रलयेऽपि न जायते" ।।

अतएव काशी में एक "जीर्णोद्धारिणी" सभा स्थापित हुई है । इसके उद्योग से कुछ एक स्थानों का जीर्णोद्धार हुआ है; पर अभी बहुत विशेष अंश (बाकी) पड़े हैं । यदि धार्मिक लोग सहायता करेंगे, तो आशा है कि बहुत कुछ उत्तम कार्य हो सकेंगे ।

नारायणपतिश्शर्मा काशीखण्डानुसारतः ।
ग्रन्थाननेकानालोच्य काशीयात्राविधिं व्यधात् ।।

।। इति श्रीत्रिपाठिनारायणपतिशर्मलिखिता श्रीकाशीयात्रा* समाप्ता ।।

।। शुभमस्तु ।।

***काशीयात्रा का परिशिष्ट**

काशी में गङ्गास्नान—

काशी में गङ्गास्नान की महिमा अवर्णनीय और अपरम्पार है । गङ्गास्नान सर्वत्र ही असीम पुण्यजनक है, अवर्णनीय फलप्रद है । पर हरिद्वार, प्रयाग और गङ्गासागर-संगम में स्नान का बड़ा माहात्म्य है । सर्वत्र ही गङ्गास्नान बड़े पुण्य और सौभाग्य से प्राप्त होता है । पर उपर्युक्त तीर्थों में तो गङ्गास्नान का अवसर सुदुर्लभ है । कहा जाता है—

हरिद्वारे प्रयागे च गङ्गासागरसङ्गमे ।
सर्वत्र दुर्लभा गङ्गा त्रिस्थानेषु सुदुर्लभा ॥

परन्तु वाराणसी में उत्तरवाहिनी गङ्गा का स्थान प्राप्त करना सुदुर्लभतर है—

काश्यां सुदुर्लभतरा केनचित्पुण्यशालिना ।
प्राप्यते पूर्वसंस्कारैस्तपोभिर्धर्मचारिणा ॥

इस प्रसङ्ग में कुछ विस्तार के साथ द्वितीय भाग के आरम्भ में लिखने का प्रयास किया जायेगा । वहाँ तीर्थमाहात्म्य की चर्चा करते समय गङ्गा और काशी—इन तीर्थद्वय की महिमा का सिंहावलोकन करने की सदिच्छा है । काशी की उत्तरवाहिनी गङ्गा की महिमा काशीयात्रा में सप्रमाण बताई गई है । यहाँ काशी के स्नान से सम्बद्ध कुछ शब्द आगे लिखे जा रहे हैं ।

काशी में गङ्गास्नान बारहों मास 'नेमी' लोग करते हैं। इनकी संख्या लाखों है। इनमें श्रद्धालुवों की संख्या विपुल रहती है। वैसे गङ्गातटवर्ती गृहों के बहुत से लोग आदतन नित्य गङ्गास्नान करते हैं। ग्रीष्म ऋतु में इनकी संख्या विपुलतर हो जाती है। पर्वों पर विशेषत: श्रद्धावान् स्नान करते हैं।

विक्रम नववर्षारम्भ अर्थात् चैत्रशुक्ल प्रतिपदा से विशेष स्नान प्रारम्भ हो जाता है। नवरात्रभर विशेष स्नान और नवगौरी, नवदुर्गा अथवा देवीदर्शन प्रारम्भ हो जाता है। चैत्रशुक्ल १५ पूर्णिमा से वैशाख-स्नान प्रारम्भ हो जाता है। बंगाली लोग मेषसंक्रान्ति से आरम्भ कर सौरवैशाखपर्यन्त स्नान करते हैं। यह मास हरिद्वार में विशेष स्नान और मेला का होता है। ग्रीष्म ऋतु होने के कारण काशी में भी वैशाख-स्नान करने वालों की संख्या कई लाख हो जाती है। वै० शु० ३ अक्षयतृतीया और वैशाखी पूर्णिमा को अपार भीड़ होती है। वैशाख में दशाश्वमेधघाट पर सर्वाधिक भीड़ होती है।

वैशाख में प्रात:स्नान का, सूर्योदय से कम से कम तीन घड़ी (दण्ड) या पाँच घड़ी पूर्व प्रात:स्नान करना चाहिए—

निश्चरेदेकभावेन वैशाखे यो जितेन्द्रिय:।
प्रात:स्नायी नर: स्त्री वा जातीनां श्रेष्ठतां व्रजेत् ॥

वैशाख और मेषार्क में दान की महिमा—

यो मेषस्थेऽर्के ददाति सक्तूनम्बुघटान्वितान्।
उद्दिश्य पितॄन् देवाँश्च सर्वपापै: प्रमुच्यते ॥

और भी कहा है—

गन्धमाल्यानि च तथा वैशाखे सुरभीणि च।
देयानि द्विजमुख्येभ्यो मधुसूदनतुष्टये ॥

अर्थ—मेषराशि सूर्य में सतुआ, जलभरा घट पितरों और देवों के उद्देश्य से जो दान करता है, वह सब पापों से मुक्त हो जाता है। और भी, उससे मधुसूदन भगवान् विष्णु प्रसन्न होते हैं, जो ब्राह्मणों को गन्ध, माला से और गायों को सुब्राह्मणों को दान करता है। वैशाखस्नानपरक श्लोक-मन्त्रों का स्नान के समय पाठ करे—

वैशाखे सकले मासि मेषसंक्रमणे रवे:।
प्रात: सविनयं स्नास्ये प्रीयतां मधुसूदन ॥
मधुहन्तु: प्रसादेन ब्राह्मणानामनुग्रहात्।
निर्विघ्नमस्तु मे पुण्यं वैशाखस्नानमन्वहम् ॥
मेषगे माधवे भानौ मुरारे! मधुसूदन।
प्रात:स्नानेन मे नाथ फलदो भव पापहन् ॥

ज्येष्ठ मास में ज्ये०शु० प्रतिपदा से निर्जला एकादशी तक नियमपूर्वक स्नान विशेषफलप्रद है। आषाढ़ मास सामान्य है। श्रावण मास में बहुत से लोग स्नान और बाबा विश्वनाथ के दर्शन करते हैं। भाद्र मास भी सामान्य है। आश्विन मास में पूरे पितृपक्ष—देवर्षिपितृतर्पणार्थियों की भारी भीड़ लगी रहती है। काशी के बाहर से भी क्रमश: लाखों श्रद्धालु हिन्दू आते रहते हैं। तदनन्तर आ०शु० पक्ष में शरद-नवरात्र और विजया-दशमी-एकादशी तक गङ्गास्नानार्थियों की संख्या बहुत अधिक हो जाती है।

कार्तिक मास में काशी की गङ्गा की अत्यन्त मनोहारी छटा होती है। पञ्चगङ्गा और परिसर के घाटों, मणिकर्णिकाघाट एवं दशाश्वमेधघाट पर प्रातः तीन बजे से ही स्नानार्थी जुटने लगते हैं। बाँस के सीकों से बने कण्डीलों में आकाशदीप जलते रहते हैं। पञ्चगङ्गाघाट पर उनकी संख्या अत्यधिक होती है। उनकी छाया भी गङ्गा की तरंगों में झिलमिलाती रहती है। काशी में रहने वाले और बाहर के लोग इस अपूर्व सुषमा की छवि निहारते हैं और नौका-विहार भी रात्रि में और पूर्व उषःकाल करते हैं। विदेशी पर्यटक भी इस शोभा को बड़ी चाव और विस्मयभरी आँखों से नावों पर बैठ-बैठे देखते रहते हैं।

कार्तिक पूर्णिमा के दिन पञ्चगङ्गा आदि घाटों पर बने अनेक पत्थर के हजारों दीपाधारों की दीपावली विश्व में अपूर्व है। ऐसे अनेक दीपाधार बिन्दुमाधवघाट और दुर्गाघाट पर हैं। महाराष्ट्र भक्तबन्धु इस उत्सव को बड़े उत्साह से मनाते हैं। मैंने (सम्पादक करुणापति त्रिपाठी ने) आज से लगभग पचास वर्ष पूर्व अपने मस्तमौला मित्रों के साथ दशाश्वमेधघाट से त्रिलोचनघाट तक की शरच्चन्द्रिका से धवलित गङ्गा की धार में नौका-यात्रा की थी। उस समय देखा गया कि बिन्दुमाधवघाट और परिसर से लेकर दुर्गाघाट आदि तक हजारों दीपाधार तो जल ही रहे हैं, साथ ही सीढ़ियों पर भी झिलमिलाती दीयों की अवलियाँ (कतारें) किनारों पर और जल में दिखाई देती हैं।

सुना है कि इधर कुछ दिनों से यह दीपमहोत्सव स्थगित था। कारण मँहगाई थी। पर पढ़ा कि १९८६ ई० से यह उत्सव पुनः दशगुणित उत्साह से प्रारम्भ हो गया है। श्रीनारायण गुरु के अपार प्रयास और क्षेत्रीय युवकों के अदम्य उत्साह से इस नये उत्सव को 'देव-दीवाली' के नाम से आरम्भ किया गया है। इसका विशेष वर्णन करने का यहाँ अवसर नहीं है। कार्तिक-पूर्णिमा की धवल-कौमुदी से गङ्गा की रजताभधारा में नौका द्वारा और पार की रेती से इस 'कौमुदीमहोत्सव' का अपूर्व नयनानन्द उठाया जा सकता है। विश्व की यह एक अद्भुत छटा है। अस्तु, अगले भाग में इस विषय पर यथास्थान कुछ और लिखा जायगा।

इस घाट पर किंवदन्ती के अनुसार पाँच तथाकथित नदियाँ हैं। इनका नामोल्लेख होता है प्रातःकाल से पूर्व—

> किरणा धूतपापा च पुण्यतोया सरस्वती।
> गङ्गा च यमुना चैव पञ्चनद्यः पुनन्तु माम्॥

पुनश्च—

> कार्तिकेऽहं करिष्यामि प्रातःस्नानं जनार्दन।
> प्रीत्यर्थं तव देवेश दामोदर मया सह॥
> ध्यात्वा नत्वा इहागत्य जलेऽस्मिन् स्नातुमुद्यतः।
> त्वत्प्रसादात्पापं मे दामोदर। विनश्यतु॥
> नित्ये नैमित्तिके कृत्ये कार्तिके पापनाशने।
> गृहाणार्घ्यं मया दत्तं दानवेन्द्रनिषूदन॥

अधिक विस्तार में न जाकर अब आगे लिखा जा रहा है। यद्यपि भगवान् कृष्ण ने श्रीमद्भगवद्गीता में कहा है—'मासानां मार्गशीर्षोऽहम्', तथापि स्नान की दृष्टि से यह मास सामान्य है। पौषमास भी इसी प्रकार का है। यद्यपि मलमास के कारण जब पूस में खिचड़ी मेषसंक्रान्ति पड़ जाती है, तब उस दिन या उस तिथि से भी अनेक लोग माघ-स्नान आरम्भ कर देते हैं।

प्रयाग के संगम पर उसी समय से कल्पवास और माघ-स्नान प्रारम्भ हो जाता है। इस मास में खिचड़ी, तिलवा आदि के दान का विशिष्ट माहात्म्य है।

काशी में प्रयागघाट पर इस स्नान की विशेष महिमा है। यह प्रयागघाट शीतलाघाट के पास है। काली जी के मन्दिर की ओर से जो सड़क गङ्गा जी की ओर जाती है, वही सीधे सीढ़ियाँ उतर कर प्रयागघाट चली जाती है। वहीं सीढ़ियों के ऊपर-ऊपर चढ़ते समय दाहिनी ओर बन्दीदेवी का मन्दिर है। उसी में प्रयागेश्वर महादेव का माघभर दर्शनार्थी दर्शन करते हैं।

माघस्नान के सम्बन्ध में संस्कृत-भाषा की जनश्रुति स्मरणीय है—

माघमासे रटन्त्यापः किञ्चिदभ्युदिते रवौ।
ब्रह्मघ्नं वा सुरापं वा कम्पन्तं हि पुनीमहि ॥

'कम्पन्तम्' इस पद का अर्थ है—काँपते हुए। जो 'कम्' अर्थात् जल में कूदता है—उसे महापातक से भी छुटकारा मिल जाता है। 'कं पतन्तम्' भी पाठान्तर है।

माघ में विशेषरूप से गङ्गास्नान या कहीं भी स्नान से पूर्व अधस्तात् अंकित श्लोकों का पाठ करना चाहिए—

कुरुक्षेत्रं गया-गङ्गा-प्रभास-पुष्कराणि च।
तीर्थान्येतानि नामानि स्नानकाले भवन्त्विह ॥
गङ्गे च यमुने चैव गोदावरि सरस्वति।
नर्मदे, सिन्धु, कावेरि जलेऽस्मिन् सन्निधिं कुरु ॥
धर्मद्रवेति विख्याते पापं मे हर जाह्नवि ॥
जाह्नवी सर्वतः पुण्या ब्रह्महत्यापहारिणी।
वाराणस्यां विशेषेण गङ्गा चोत्तरवाहिनी ॥
गङ्गा गङ्गेति यो ब्रूयाद्योजनानां शतैरपि।
मुच्यते सर्वपापेभ्यो विष्णुलोकं स गच्छति ॥

प्रयाग तीर्थराज है। वहाँ तीन दिन भी त्रिवेणीसंगम के स्नान का वही फल है, जो सहस्र अश्वमेध यज्ञ करने से प्राप्त होता है।

परन्तु काशी (वाराणसी) के प्रयागघाट में भी उसी भाँति वही पुण्य और उसी फल की प्राप्ति वर्णित है। यथा—

काश्यां दशाश्वमेधे ये तपसि स्नान्ति मानवाः।
दशाश्वमेधजनितं फलं तेषां भवेद् ध्रुवम् ॥

माघमास में वसन्तपञ्चमी भी पड़ती है। माघकृष्ण ३० को कुम्भपर्व होता है। प्रयागराज और वाराणसी में उस दिन विशेष स्नान होता है। अर्धकुम्भी और महाकुम्भ में प्रयागराज के संगम-स्नान का धार्मिक उत्सव, विश्व का सबसे बड़ा जनभीड़ है। माघ में ही षट्तिला एकादशी मा० कृ० एकादशी को होती है। उस दिन काशी में अनेक श्रद्धावान् विधिपूर्वक षट्तिला मनाते हैं। तदनुसार उस दिन—(१) तिलस्नान, (२) तिल का उबटन लगाना, (३) तिलहवन, (४) तिलतर्पण, (५) तिलभोजन और (६) तिल अथवा तिलवा दान करने से पाप नष्ट होते हैं—

तिलस्नायी तिलोद्वर्ती तिलहोमी तिलोदकी ।
तिलभुक् तिलदाता च षट्तिला पापनाशिनी ॥

माघपूर्णिमा को 'रविदास'-जयन्ती होती है । कन्दवाँ-ग्राम (पञ्चक्रोशी यात्रा का पहला विश्राम-स्थान) में उनकी जयन्ती बड़ी धूमधाम से मनायी जाती है । काशी के राजघाट पर रविदास का स्मारकरूप बड़ा विशाल मन्दिर है । वहाँ भक्तगण गङ्गास्नान के बाद रविदास की स्थापित प्रतिमा का दर्शन करते हैं ।

गङ्गास्नान की दृष्टि से फाल्गुन मास में शिवरात्रि पर भारत के कोने-कोने से विश्वनाथ-भक्त काशी आते हैं । गङ्गास्नान, विश्वनाथादि-दर्शन, ज्योतिर्लिङ्गादि का दर्शन करते हैं । इसका वर्णन 'काशीयात्रा' में हो चुका है । इसी प्रकार 'रंगभरी एकादशी' (फा० शु० ११) का वर्णन भी वहीं देखें । चैत्रकृष्ण त्रयोदशी को वारुणी-पर्व पर गङ्गा-वरना के संगम पर स्नान होता है । इसका उल्लेख भी हो चुका है ।

संक्षेप में काशीयात्रा के परिशिष्ट के रूप में काशी में गङ्गास्नान के विषय में इतना ही यहाँ दिया गया है । अनेक प्रमुख बातें वा स्नान-पर्व छूट गये होंगे । कुछ पर्व जानबूझ कर त्वरा और विस्तारभय से नहीं लिखे गये । इसमें जो त्रुटियाँ हो सकती हैं, तदर्थ क्षमा-प्रार्थना के साथ काशी-मर्मज्ञ विद्वानों और काशीवासी-विषयविज्ञों को प्रणाम करता हूँ । आशा करता हूँ, उनके द्वारा अगले संस्करण के परिष्कारार्थ सुझाव प्राप्त होंगे ।

विनीत

करुणापति त्रिपाठी—सम्पादक

विषयानुक्रमणिका

विषयाः	पृष्ठाङ्काः
सम्पादकीयं निवेदनम्	अ–ऊ
उपोद्घातः	१–५४
भूमिका (प्रथमसंस्करणस्य, हिन्दी-भाषामयी)	१–९
काशीयात्रा (प्रथमसंस्करणस्य, हिन्दी-भाषामयी)	१–५७
विन्ध्यवर्धनवर्णनम्	१
विन्ध्येन नारदपूजनवर्णनम्	३१
विन्ध्यचिन्तनवर्णनम्	३८
सत्यलोकवर्णनम्	४३
सूर्यगत्यवरोधवर्णनम्	४७
ब्रह्मणा देवसान्त्वनवर्णनम्	५७
अगस्त्याश्रमवर्णनम्	७२
अगस्त्याश्रमे पशूनां परस्परमवैरत्ववर्णनम्	७८
काशीवासफलवर्णनम्	८९
पतिव्रताख्यानवर्णनम्	९८
नारीदोषवर्णनम्	१०४
विधवाकर्तव्यवर्णनम्	११२
बृहस्पतिना विन्ध्यवृद्धिनिषेधाय प्रार्थनकरणम्	११७
अगस्त्यप्रस्थानवर्णनम्	१२१
काशीमाहात्म्यवर्णनम्	१२८
अगस्त्येन महालक्ष्मीदर्शनम्	१४४
लक्ष्मीस्तोत्रमाहात्म्यवर्णनम्	१५१
तीर्थाध्यायवर्णनम्	१५३
अगस्त्येन तीर्थवर्णनम्	१५६
तीर्थे पापप्रशमनवर्णनम्	१६३
सप्तपुरीवर्णने शिवशर्मविप्रकथानकवर्णनम्	१६८
विप्रेण प्रयागगमनवर्णनम्	१७६
विप्रेण काशीगमनवर्णनम्	१८२
विप्रेण मायापुरीगमनम्	१९४
यमलोकवर्णनम्	२००
शिवशर्म-धर्मराजसंवादवर्णनम्	२०७

नरकवर्णनम्	२११
यमेनाष्टोत्तरशतनाममाहात्म्यवर्णनम्	२२०
अप्सरःसूर्यलोकवर्णनम्	२२६
अप्सरसां कृत्यवर्णनम्	२२९
गायत्रीमहत्त्ववर्णनम्	२३६
सूर्यलोकवर्णनम्	२४०
इन्द्राग्निलोकवर्णनम्	२४७
अग्न्युपासनवर्णनम्	२५३
विश्वानराख्यानवर्णनम्	२५६
विश्वानरेण काशीस्थलिङ्गमहिमवर्णनम्	२६३
विश्वानरकृताभिलाषाष्टकस्तोत्रवर्णनम्	२६९
वह्निलोकवर्णने विश्वानरपुत्राख्यानवर्णनम्	२७५
नारदेन मात्रापित्रोर्महत्त्ववर्णनम्	२८४
शुचिस्मत्या पुत्रविषये चिन्ताकरणम्	२९३
गृहपतिना काशीगमनवर्णनम्	३०२
गृहपतिसमीपे शिवागमनवर्णनम्	३०९
निर्ऋतिवरुणलोकवर्णने पिङ्गाक्षाख्यानवर्णनम्	३१३
वरुणलोकनिवासप्रदकर्मवर्णनम्	३२३
वरुणकथानकवर्णनम्	३२६
गन्धवत्यलकावर्णनम्	३३४
अलकाधिपपूर्वभववृत्तान्तवर्णनम्	३४१
दीक्षितेन पुत्रदुर्वृत्तश्रवणवर्णनम्	३४७
यज्ञदत्तपुत्रानयनाय शिवपार्षदागमनम्	३५६
कुबेराय शिववरदानवर्णनम्	३६६
सोमलोकवर्णनम्	३७०
चन्द्रेश्वरमाहात्म्यवर्णनम्	३७७
नक्षत्रबुधलोकयोर्वर्णनम्	३८५
बुधेश्वरमाहात्म्यवर्णनम्	३९६
शुक्रलोकवर्णनम्	४०२
शुक्रेण मृतसञ्जीविनीविद्याप्राप्तिवर्णनम्	४०५
अन्धकेन दैत्यप्रोत्साहनवर्णनम्	४११
शुक्रस्य वाराणस्यां तपश्चर्यावर्णनम्	४१८
शुक्रोदये शुभकार्यकरणवर्णनम्	४२८
भौमगुरुशनिलोकवर्णनम्	

आङ्गिरसकृतशिवस्तुतिवर्णनम्	४३८
शनिलोकाख्यानवर्णनम्	४४६
संज्ञां प्रति सूर्योक्तिविवरणम्	४५३
सप्तर्षिलोकवर्णनम्	४५९
ध्रुवलोकवर्णने ध्रुवोपदेशवर्णनम्	४६६
ध्रुवं प्रति सुरुच्याऽऽक्रोशवाक्यवर्णनम्	४६८
सुनीत्या ध्रुवं प्रति राज्यप्राप्त्युपायवर्णनम्	४७२
ध्रुवस्य तपोवनगमनवर्णनम्	४८०
ध्रुवं प्रति सप्तर्षिवाक्यवर्णनम्	४८६
ध्रुवाख्याने भगवद्दर्शनवर्णनम्	४९३
इन्द्रेण ध्रुवसमीपे भूतालिप्रेषणम्	५०१
देवैर्ब्रह्मसमीपे ध्रुवतपःप्रभाववर्णनम्	५१०
ध्रुवकृतभगवत्स्तुतिवर्णनम्	५१५
ध्रुवस्तुतिफलवर्णनम्	५३६
ध्रुवेश्वरमाहात्म्यवर्णनम्	५४५
ब्रह्मकृतकाशीप्रशंसावर्णनम्	५४७
शिवशर्मणा सत्यलोकगमनम्	५५२
ब्रह्मणा प्रयागमहिमवर्णनम्	५६०
वाराणसीपापकरणदोषवर्णनम्	५६७
लोकपरिस्थितिवर्णनम्	५७२
गणाभ्यां महेशकृताभिषेकवर्णनम्	५८१
शिवशर्मनिर्वाणप्रापणवर्णनम्	५८७
शिवशर्मणो भाविजन्मवृत्तान्तवर्णनम्	५९५
शिवशर्मणो निर्वाणप्राप्तिवर्णनम्	६०४
स्कन्दागस्त्यदर्शनवर्णनम्	६०६
अगस्त्यकृतस्कन्दस्तुतिवर्णनम्	६०८
स्कन्देन शिवकथितवाराणसीमाहात्म्यवर्णनम्	६१९
श्लोकपादानुक्रमणिका	६२५

महर्षिव्यासप्रणीतः
श्रीस्कन्दमहापुराणान्तर्गतः

काशीखण्डः

[प्रथमो भागः]

श्रीमन्महर्षिव्यासविरचिते

स्कन्दमहापुराणे

काशीखण्डः

प्रथमोऽध्यायः

तं मन्महे महेशानं महेशानप्रियार्भकम् ।
गणेशानं करिगणेशाननमनामयम् ।। १ ।।

रामानन्दी टीका

।। श्रीगणेशाय नमः । श्रीपरमात्मने नमः ।।

सच्चिदानन्दसन्दोहं भक्तैकामोदमन्दिरम् ।
सादरं प्रणुवे भक्त्या श्रीगोपीजनवल्लभम् ।। १ ।।

संहारखेदादिव यः स्वयं प्रभुः
श्रितो विमुक्तं भगवान् सहोमया ।
दिशत्यभीक्ष्णं परमात्मतारकं
भजे तमानन्दवने तनुत्यजाम् ।। २ ।।

माधवं गिरिजां ढुण्ढिं भैरवं दण्डनायकम् ।
मणिकर्णीं गुहां काशीमुदक्स्रोतोवहां नुमः ।। ३ ।।

नारायणी टीका

विश्वेशं माधवं ढुण्ढिं दण्डपाणिञ्च भैरवम् ।
वन्दे काशीं गुहां गङ्गां भवानीं मणिकर्णिकाम् ।।१।

प्रणमत करिपतिवदनं शुभसदनं महाप्रत्यूहकदनम् ।
सिद्धिबुद्धिहृन्मदनं भक्तेष्टदमेकरदनम् ।।२।

यत्सत्तावलेशमात्रमखिलब्रह्माण्डभाण्डोदरं
मिथ्याप्येतदतीव सत्यसदृशं विज्ञायतेऽज्ञानिभिः ।
यद्गत्वा न निवर्ततेऽमृतपदं यत्सेवयापद्यते
सोमः सोमधरोऽवतान्निजजनाञ्छ्रीविश्वनाथो विभुः ।।३।

अद्वैताब्जविकासकैकतरणिं हार्दान्धकारच्छिदं
शान्त्यादेर्निलयं दयैकशरणं वैराग्यवन्मूर्तिकम् ।
हृत्कान्तारमहाटवीसुविलसत्कामेभपञ्चाननं
श्रीरामेन्द्रवनाभिधं गुरुमहो भक्त्या नमामस्तराम् ॥ ४ ।

यत्पादाम्बुरुहध्यानाद्‌धार्दं मे गलितं तमः ।
परमं तं गुरुं भक्त्या श्रीदेवेन्द्रवनं नुमः ॥ ५ ।

व्यासोक्ते स्कान्दसंज्ञेऽयं पुराणे काशिकाह्वयः ।
खण्डो यस्तस्य टीकेयं रामानन्देन रच्यते ॥ ६ ।

श्रीवासुदेवाभिधभूसुरेन्द्रगुणैकरत्नामलसत्त्ववार्द्धेः ।
वाक्याग्रहेणाहमिह प्रवृत्तः क्षन्तव्यमस्मच्च[1]पलं कृतीन्द्रैः ॥ ७ ।

अध्यायानां शतं प्रोक्तं व्यासेनात्र तदादितः ।
विन्ध्यनारदसंवादो वर्ण्यतेऽतिमनोहरः ॥ ८ ।

तत्रादौ तावच्चिकीर्षितस्य पुराणस्य निष्प्रत्यूहसमाप्तिप्रचयाभ्यां नानेतिहास-पुराणशास्त्रप्रबन्धसम्बन्धाविष्कृतलीलावतारो भगवान् द्वैपायनो विघ्नाधिराजं पूजयति । तं मन्मह इति । तत्र सर्वनाम्नस्तावदौत्सर्गिकं प्रसिद्धार्थत्वम् । यथाहुः—सर्वनामप्रसिद्धार्थं प्रसाध्यार्थविधान[2]कृदिति' । न च यदाग्नेयोऽष्टाकपालो भवतीत्यत्र व्यभिचारः, वचनानित्यत्वपूर्वत्वादिति न्यायेन तदर्थस्य तत्रान्यतोऽलब्धत्त्वात् प्रसिद्धार्थत्वं सर्वनाम्नो बलादपलप्यते । अत्र तु तदपवादाभावे पुनरुत्सर्गस्य स्थितिरेवेत्यभिप्रेत्य प्रसिद्धार्थमाह । तमिति । तं प्रसिद्धं पारमेश्वरं रूपं मन्महे ध्यायामः चिन्तयाम इत्यर्थः । मन्मह इति मनु अवबोधन इत्यस्मात्तनादेर्धातोर्लट्डुत्तमपुरुषबहुवचनं लोपश्चास्यान्यतरस्यां म्वोरित्युकारलोपः । सर्वनाम्ना परामृष्टं विशेष्यं दर्शयति । **करिगणेशाननमिति** । करः शुण्डादण्डो विद्यते येषां ते करिणो हस्तिन इति यावत् । गणाः समूहाः करीणां गणाः करिगणास्तेषामीशान ईश्वरः श्रेष्ठ इत्यर्थः । तस्येवाननं तस्याननमिवाननं यस्य, स तथा ताम् ।

एवं हि पाद्मे श्रूयते चक्रेश्वरमाहात्म्यप्रसङ्गे "विघ्नाधिराजे जाते तदवलोकनाय

हे ढुण्ढिराज मणिकर्णि सुरापगेऽन्न-
पूर्णे गुहेऽम्ब गुह भैरव दण्डपाणे ।
काशि ग्रहेश्वर रमापतिविश्वनाथौ
कार्या स्वपादरजसा मम वाक्पवित्रा ॥४।
श्रीचन्द्रशेखरमहं स्वगुरुं पितृव्यं
तातं रमापतिमथो निजमातरञ्च ।
लक्ष्मीपतिं स्वकसहोदरमग्रजातं
विद्यापतिं समभिवन्द्य लिखामि भाषाम् ॥५।

१. भावप्रधाननिर्देशाच्चापलमित्यर्थः;

२. विधातकृदित्यपि क्वचित्पाठः ।

ब्रह्मादयो मिलिता अभूवन्, शनैश्चरस्तु नागतोऽभूत्। ततोऽम्बिकायां रुष्टायामागते च तस्मिन् गणेशस्य मौलिरपतत्। ततो महादेवेन हस्तिवृन्देन्द्रशिरश्छित्वा योजितमिति"। कदाचिद् गात्रोद्वर्तनं कृत्वा तज्जनितमलेन गणेशप्रतिकृतिं विधाय जीवञ्च तस्यां सञ्चार्य यावन्मया स्नायते, तावदत्र कोऽप्यागन्तुं न देय इति गौरी तं व्याजहार। ततश्च तस्मिन् द्वारि स्थिते कुतश्चिदागतो महेशस्तेन प्रतिरुद्धोऽन्तःपुरं प्रवेष्टुमलभमानः क्रुद्धः सन् बहु-युद्धं कृत्वा पश्चात्तस्य मौलिमुज्जहार। पश्चाच्छोकरोषाभ्यामाविष्टायां पार्वत्यां करिगणेन्द्र-शिरश्छित्त्वा योजितमिति च भविष्ये। गजीभूय क्रीडतोर्भगवतोर्जातत्वाद्वा गजानन इति च पुराणान्तरम्।

तथाहि—गजासुरः किल लीलया स्वर्गमाक्रम्य देवान् व्याजहार—हे देवाः! मया सार्द्धं युद्ध्यध्वम्, यद्वा त्रिदिवं विहाय पलायध्वमथवा करं प्रयच्छतेति। ततो देवैः कः करो देव इत्युक्ते तेनोक्तं स्वकर्णौ धृत्वा स्वशिरोधूननं स्वशिरःकुट्टनञ्च मदग्रे कर्तव्य-मिति। ततो देवा ब्रह्माणं प्रति तदुक्तं न्यवेदयन्। कथं तस्यासुराधमस्याग्रेऽस्माभिरेवं कर्तव्यमिति? ततो ब्रह्मा विष्णुश्च विश्वनाथं गत्वा तदेतत्सर्वं विज्ञापितवन्तौ। तत ईश्वरेण गजीभूय क्रीडतोरावयोर्गजाननः पुत्रो जातोऽस्ति, तेन स मारणीय इत्युक्त्वा गणेशमाहूय तत्सर्वं निवेद्य त्वमपि गजाननः, सोऽपि तादृश इति त्वमेव तस्य प्रतियोद्धे-त्यादि प्रोत्साह्य त्वयैव हन्तव्य इत्युक्तेन गणेशेनोक्तम्, तदा मया एवेदानीमपि गणेशास्याग्रे श्रीसार्वभौमभट्टाचार्या दाक्षिणात्याश्च स्वकर्णौ धृत्वा शिरोधूननं शिरःकुट्टनं च कुर्वन्तीति।

उक्तञ्च—

विनायकं वन्दकमस्तकाहतिसन्नादसंघुष्टसमस्तविष्टपम्।
नमामि नित्यं प्रणतार्तिनाशनं कविं कवीनामुपमश्रवस्तमम्॥ इति।

कदाचिदीश्वरं द्रष्टुं कैलासं गतेन भार्गवेण रामेण गणेशप्रतिरुद्धेनाभ्यन्तरं गन्तुमलभमानेन तज्जनितप्रचण्डकोपानले गणेशस्य हस्तात् परशुं बलात्कारेण गृहीत्वा गणेशस्य शिरोऽच्छेदि। ततो ज्ञाताशेषवृत्तान्तेनेश्वरेण रामायाभ्यधायि त्वमद्यारभ्यानेन परशुना परशुरामो भाविष्यसीति गजेन्द्रस्य शिरच्छित्वा गणेशस्य मौलौ योजितमिति पौराणिकाः। क्रियाशक्तिमत्सूत्रात्मत्वाद्बलाधिक्यमाह। **गणेशानमिति**। नन्दिभृङ्गि-प्रमुखा गणास्तेषां तेषु वा ईशानमीश्वरं नियन्तारमिति यावत्। गणश्चासावीशानश्च तं वेत्यर्थः। योनितोऽपि श्रैष्ठ्यमाह। महांश्चासावीशानश्चेति महेशानो महेश्वर इत्यर्थः, तस्य प्रिया वल्लभा उमा चिद्रूपा शक्तिस्तस्या अर्भकस्तयोर्वाऽर्भको महेशान-प्रियार्भक इति वा। प्रियश्चासावर्भकश्चेति प्रियार्भकः। यद्वा प्रसिद्धत्वे हेतुमाह। **महेशानप्रियार्भकमिति**।

काशीखण्डे मनोज्ञे सहृदयहृदयैः पेयवाक्याम्बुराशौ
गङ्गास्तोत्रादिवीचौ विधिहरिगिरिजेशोक्तिपूतप्रतीरे।
शक्यो भाषानुवादः प्रचलितवचसा सेतुरूपो न बद्धुं[1]
व्याजेनैतेन शम्भोर्गुणकथनधिया साहसं मेऽस्त्वनिन्द्यम्॥६।

१. कर्तुम्।

ननु परमात्मनः सर्वात्मत्वादन्येषामपि तदीयानां रूपाणां भूयसां भावादिदमेव पारमेश्वरं रूपं कस्मादादावनुस्मर्यते तत्राह। **महेशानमिति**। विरोधिलक्षणया पुण्यजनो राक्षस इतिवन्महान्तोऽत्राकारप्रश्लेषाद्वाऽहमान्तो हिंस्रस्वभावा विघ्नाः श्रेयोविघातकत्वात्ते च ते स्वकार्ये प्रभुत्वादीशाश्च तानानयति चेष्टयति प्रवर्त्तयतीति, तथा तम्। अथवा न विद्यते मह उत्सवो येभ्यः, तेऽमहाविघ्नास्तेषामीशानं विघ्नप्रोत्सारणायैव विघ्नानामधिष्ठातारमिति यावत्। तत्प्राप्तिस्तु प्राणिनां स्वदोषवशादिति भावः। महांश्चासावीशानश्चेति वा महत्त्वं चात्र विघ्नाधिष्ठातृत्वेनैव। एतदिहाकूतम्। सर्वात्मकोऽपि परमात्मा विघ्नाधिराजोपाधिरेव विघ्नान् जरीहर्त्ति, तदुक्तम्—

स जयति सिन्धुरवदनो देवो यत्पादपङ्कजस्मरणम्।
वासरमणिरिव तमसां राशिं नाशयति विघ्नानाम्॥ इति।

महोदये च पुराणारम्भे विघ्नानां सम्भवात् तन्निरासाय युक्तं परस्य प्रकृतदेवतात्मकस्यैवानुसन्धानमिति भावः। यद्वा ननु—'कृष्णद्वैपायनं विद्धि साक्षान्नारायणं प्रभुम्। को ह्यन्यः पुण्डरीकाक्षान्महाभारतकृद्भवेत्।' इति वैष्णवाद्युक्तेर्व्यासस्येश्वरत्वावगमाद्विघ्ना एव न सम्भाव्यन्ते। अतः कथं तन्निवृत्त्यर्थं गणेशानुस्मरणमित्याशङ्कायामाह। **महेशानमिति**। महांश्चासावीशानश्चेति महेशानस्तम्। अत्रापि महत्त्वं ब्रह्मादिनियन्तृत्वेनैव बोद्धव्यम्। तथा चायमर्थः सम्पद्यते—महतां ब्रह्मादीनामीशानं नियन्तारम्। अपूजितं सन्तं तत्कार्याणां प्रतिबद्धारमसिद्धिप्रदमित्यर्थः। तदुक्तं संक्षेपशारीरके—

आरम्भाः फलिनः प्रसन्नहृदयो यश्चेत्तिरश्चामपि
नो चेद्विश्वसृजोऽप्यलं विफलतामायान्त्युपायोद्यमाः।
विश्वैश्वर्यमतो निरङ्कुशमभूद्यस्यैव विश्वप्रभोः
सोऽयं विश्वहिते रतो विजयते विघ्नेश्वरो विश्वकृत्॥

अत्रापि च वक्ष्यति—'जय सृष्टिकृतां वन्द्य त्वद्दुष्टदृष्टिविशिखैर्न्निहितान्निहन्मि। दैत्यान् पुरान्धकजलन्धरमुख्यकांश्च कस्यास्ति शक्तिरिह यस्त्वदृतेऽपि तुच्छम्॥ वाञ्छेद्विधातुमिह सिद्धिदकार्यजातम्' इत्यादि। इदमत्रतत्त्वम्। गणेशव्यासादीनामीश्वरत्वाविशेषेऽपि सेव्यसेवकत्वं बाध्यबाधकत्वञ्च यथोमेशरमेशयोर्यथा वा रामपरशुरामयोरिति। तदुक्तं वैष्णवे—सर्वं विष्णुमयं जगदित्युपक्रम्य तथाप्यनेकरूपस्य तस्य रूपाण्यहर्निशं बाध्यबाधकतां यान्ति कल्लोला इव सागर इति।

नन्वसिद्धमहेशानत्वं गणेशस्य शनैश्चरावलोकमात्रेण शिरःपाताद्यवगमादित्याशङ्क्याहानामयमिति। आमयो रोगस्तेन तापत्रयं लक्ष्यते। ततश्चायमर्थः। न विद्यते आमयः, तापत्रयं यस्य यस्मादिति वा, स तथा तम्।

नेत्रर्तुनिधिभूवर्षे[1] श्रीगङ्गासप्तमीतिथौ।
गुरुपुष्यसमायोगे काश्यां प्रारभ्यते मया॥७॥

१. वैक्रमसंवत् १९६२ वर्षे।

अयं भावः। न शिरःपातादिकमनीश्वरत्वे कारणमवश्यं भाविनोऽर्थस्येश्वरस्यापि दुष्परिहरत्वात्। तदुक्तम्—

अवश्यं भाविनो भावा भवन्ति महतामपि।
नग्नत्वं नीलकण्ठस्य महाहिशयनं हरेः ॥इति।

यद्वा शिरःपातादिकं तु लीलामात्रम्, यथा निकुम्भपरिघप्रहारेण मोहः श्रीकृष्णस्य, यथा चेन्द्रजित्प्रयुक्तनागपाशबन्धनं श्रीदाशरथेर्यथा वा बलेरध्वरे याञ्चा श्रीविष्णोरिति। तदुक्तं हरिवंशे—

नूनमात्मेच्छया कृष्णस्तथा चक्रे सुरोत्तमः।
को हि शक्तो महात्मानं युद्धे मोहयितुं हरिम्॥

भागवते च :—

को वेत्ति भूमन् भगवन् परात्मन् योगेश्वरो तीर्थंवतस्त्रिलोक्याम्।
क्वाहो कथं दा कति वा कदेति विस्तारयन् क्रीडसि योगमायाम्॥ इति।

श्रुतौ च विष्णोः शिरः प्रचिच्छिदतुरिति। यद्वा ग्रन्थारम्भे मंगलाय पञ्चायतनदेवतानुसन्धानमनुविधत्ते। **तमिति**। तं प्रसिद्धम्। अत्राऽकारप्रश्लेषात् अः वासुदेवश्चासौ महेशानश्च तं मन्महे ध्यायाम इति सर्वत्र। तत्र अमित्युक्ते 'अक्षराणामकारोऽस्मि' इति भगवद्वचनादकाराक्षरे गच्छति तद्वारणाय महेशानमित्युक्तम्। तावत्युक्ते विश्वनाथे गच्छति तद्वारणाय 'अकारो वासुदेवः स्यात्' इति वचनादमित्युक्तम्। **महेशानप्रियार्भकम्**। विश्वनाथभवानीगणेशेति द्वन्द्वैकवद्भावेन त्रयं निर्दिष्टम्। तत्रार्भकमित्युक्ते शाखविशाखादावतिव्याप्तिः स्यात्, तद्वारणाय गणेशानमित्युक्तम्। तथापि स्वामिकार्तिकेये गच्छति तद्वारणाय करिगणेशाननमिति। अत्र समासनिष्ठस्यार्भकपदस्य विशेष्यत्वं छान्दसम्।

तत् कथ्यतां महाभाग यदि विष्णुकथाश्रयम्।
अथवास्य पदाम्भोजमकरन्दलिहां सताम्॥ इति।

तथा—

प्राचीनबर्हिर्भगवान् पातालतलचारिणः।
समुद्रतनया या तु कृतदारोऽभवत् प्रभुः॥

इत्यादिवद्बोद्धव्यम्।

अनामयम्, न विद्यते आमयो रोगमात्रं यस्मात्तं सर्वरोगनाशकं सूर्यं विरञ्चिनारायणशङ्करात्मकम्। आरोग्यं भास्करादिच्छेदिति वचनादित्यर्थः ॥१॥

विद्वद्रमापतेस्सूनुर्नारायणपतिर्द्विजः।
भाषानुवादं तनुते काशीखण्डे यथामति ॥८॥

श्रीमहादेव पार्वती के पुत्र, गजेन्द्रमुख, त्रिविधतापरहित, उस सुप्रसिद्ध, महाप्रभु गणाधिराज का हम सब ध्यान करते हैं ॥१॥

भूमिष्ठापि न यात्र भूस्त्रिदिवतोऽप्युच्चैरधस्थापि या
या बद्धा भुवि मुक्तिदा स्युरमृतं यस्यां मृता जन्तवः।
या नित्यं त्रिजगत्पवित्रतटिनीतीरे सुरैः सेव्यते
सा काशी त्रिपुरारिराजनगरी पायादपायाज्जगत् ॥२॥

एवं विघ्नाधिराजं प्रपूज्य जगन्निःश्रेयसमाशासानः पुराणार्थश्रियभूतम- विमुक्तं प्रस्तौति। भूमिष्ठेति। सा काशी अपायाज्जगत्पायादित्यन्वयः। सेति प्रसिद्धेत्यर्थः। प्रसिद्धत्वञ्चास्याः सोऽविमुक्ते उपास्यो य एषोऽनन्तोऽव्यक्त आत्मा सोऽविमुक्ते प्रतिष्ठित इत्याद्यया श्रुत्या बोद्धव्यम्। अविमुक्तं काशीत्यनर्थान्तरम्। तत्त्वग्रे वक्ष्यति। **काशीति**। अनाख्येयं स्वप्रकाशं चैतन्यं प्रकाशतेऽस्यां इति काशी। तथा च वक्ष्यति—

काशतेऽत्र यतो ज्योतिस्तदनाख्येयमीश्वरः।
अतो नामापरं चास्तु काशीति प्रथितं प्रभो ॥

यद्वा काशन्ते राजन्ते स्वप्रकाशतयाऽस्यांतनुत्यागमात्रेण प्राणिन इति काशी। एतदप्युक्तमत्रैव।

कीटाः पतङ्गा मशकाश्च वृक्षा जले स्थले ये विचरन्ति जीवाः।
मण्डूकमत्स्याः कृमयोऽपि काश्यां त्यक्त्वा शरीरं शिवमाप्नुवन्ति ॥ इत्यादि।

अत एवोक्तं अपायाज्जगत्पायादिति। अपगतोऽयनमयो ज्ञानम्। सर्वे गत्यर्था ज्ञानार्था इति न्यायाद्यस्मिन्नित्यपयमज्ञानं तात्कर्यम्, तस्मात्। गच्छति जन्मादिषड्भाव- विकारान् प्राप्नोति। सर्वे गत्यर्थाः प्राप्त्यर्था इति न्यायाज्जगत्समष्टिव्यष्टिजीवजात- मित्यर्थः। पायान्मोचयत्वित्यर्थः। यद्वा सर्वाभ्योऽयोध्यादिपुरीभ्योऽधिकतया काशते राजत इति काशी। वक्ष्यति हि—

अन्यानि पुण्यक्षेत्राणि काशीप्राप्तिकराणि वै।
काशीं प्राप्य विमुच्येत नान्यथा कल्पकोटिभिः ॥ इति।

अधिकत्वे जगन्मोचकत्वे च हेतुं वदन् विरोधाभासालङ्कारलक्षणैश्चतुर्भिर्विशेषणै- र्विशिनष्टि। **भूमिष्ठेत्यादि**! यस्यां मृतां जन्तव इत्यन्तेन। भूमिष्ठापि न यात्र भूरिति विरोधाभासः सर्वत्र स्पष्ट एव। भूमौ तिष्ठतीति भूमिष्ठा। अम्बाम्बगोभूमिसव्येत्यादिना षत्वम्। भूमिष्ठत्वेन भूम्यवयवत्वेनायोध्यादिक्षेत्रवत्प्रतीयमानापि या काशी अत्र भूमौ

जो भूतल में विराजमान रहने पर भी स्वयं भूमि नहीं है, जो अधोभाग में स्थित होने पर भी स्वर्ग के ऊपर है, जो स्वयं भूमण्डल में बद्ध होने पर भी मुक्ति का दान करती है; फिर जिसमें मृत होनेवाले प्राणिमात्र अमृतपदके अधिकारी हो जाते हैं एवं जिसे त्रैलोक्य पावनी गंगा के तीरपर देवगण सदेव सेवते रहते हैं, वही त्रिपुरा- न्तक की राजधानी श्रीकाशी अज्ञानरूप विपत्ति से जगत् की रक्षा करे ॥ २।

भूर्न्न भवति भूम्यधिकरणिका भूर्न्न भवति भूमौ न तिष्ठतीति यावत्। अन्यैवेयं काचिद्-भूरित्यर्थः, ईश्वरस्य त्रिशूलाग्रे स्थितत्वात्। वक्ष्यति च—

क्षेत्रमेतत्त्रिशूलाग्रे शूलिनस्तिष्ठति द्विज।
अन्तरिक्षे न भूमिष्ठं नेक्षन्ते मूढबुद्धयः॥

भूर्लोके न च संलग्नमन्तरिक्षे ममालयम्।
विमूढास्तं न पश्यन्ति मुक्ताः पश्यन्ति चेतसा॥ इत्यादि।

त्रिदिवतोऽप्युच्चैरधस्थापि येति। अधस्तिष्ठतीत्यधस्था भुवर्लोकादीनां षण्णां मध्यस्थापि या काशी त्रिदिवतोऽप्युच्चैस्त्रिदिवतोऽप्युपरि तिष्ठतीत्यर्थः। प्रलयसमये एव त्रिशूलाग्रेणोर्ध्वीकृत्य विश्वनाथेन धृतत्वात्। तत्र दैनन्दिनप्रलये त्रिदिवतः स्वर्लोका-दित्येव। प्राकृतप्रलये तु त्रयो ब्रह्मविष्णुमहेश्वरा दीव्यन्ति क्रीडन्ति यस्मिन्निति त्रिदिवं ब्रह्माण्डम्, तस्मादिति व्याख्येयम्। तथा च वक्ष्यति—

अहो जनानां जडता विहाय काशी यदन्यत्र नयन्ति चेतः।
परिस्फुरद्गाङ्गजलाभिरामां कामारिशूलाग्रधृतां लयेऽपि॥

महासंवर्तसंवृत्ततापाद्विश्वेशपालिताम्।
स्वर्धुन्याहारयष्ट्येव राजितां कण्ठभूमिषु॥

सनत्कुमारसंहितायाञ्च—

गते परार्द्धद्वितये विलीने जगत्यशेषे मयि देवि सर्वे।
रक्षन्ति सर्वैर्विविधायुधौघैर्वाराणसीं काशितसूक्ष्मसिद्धिम्॥ इति।

ननु दैनन्दिनप्रलये त्रिशूलाग्रे महेशेनोर्ध्वीकृत्य धृतत्वात् कथञ्चित् काशी तिष्ठतु नाम, प्राकृते तु प्रलये प्रकृतिकार्यमात्रस्य सर्वस्य विलयात् कथं तिष्ठेत् कुतस्तराङ्गणाः कुतस्तमां त्रिशूलमिति? किञ्च धर्तुर्विश्वनाथस्याप्यभावः श्रूयते। तथा चोक्तवान् वासिष्ठे भगवान् रामः—

परमेष्ठ्यपि निष्ठावान् ह्रियते हरिरप्यजः।
भवोऽप्यभावमायाति कैवास्था मादृशे जने॥ इति।

तस्मात् तदेतत्सर्वमर्थवादमात्रमिति।

न भूर्लोके न च संलग्नं तत्क्षेत्रं त्वन्तरिक्षगम्।
अयोगिनो न वीक्षन्ते पश्यन्त्येव च योगिनः॥

अविमुक्तमिदं क्षेत्रमपि ब्रह्माण्डमध्यगम्।
ब्रह्माण्डमध्ये न भवेत् पञ्चक्रोशप्रमाणतः॥

यथा यथा हि वर्द्धेत जलमेकार्णवस्य च।
तथा तथोन्नयेदीशस्तत्क्षेत्रं प्रलयादपि॥

क्षेत्रमेतत्त्रिशूलाग्रे शूलिनस्तिष्ठति द्विजाः।
अन्तरिक्षे न भूमिष्ठं नेक्षन्ते मूढबुद्धयः॥

यावन्तो भास्वतः स्पर्शाद्भासन्ते सैकताकणाः।
तावन्तो द्रुहिणा जग्मुर्नैत्येषा मणिकर्णिका॥
तामसीं प्रकृतिं प्राप्य कालो भूत्वा चराचरम्।
ग्रसामि लीलया देवि काशीं रक्षामि यत्नतः॥
सा माणिकर्णिकेतीयं नाभिगाम्भीर्यभूमिका।
ब्रह्माण्डगोलकं सर्वं यस्यामेति लयोदरम्॥
न यदा भूमिवलयं न यदापां समुद्भवः।
तदा विहर्तुमीशेन क्षेत्रमेतद्विनिर्मितम्॥
अभावः कल्प्यते मूढैर्यदा च शिवयोस्तयोः।
क्षेत्रस्यास्य तदाभावः कल्प्यो निर्वाणकारिणा॥

इत्याद्यभ्यादर्शनात्।

अभ्यासे हि अर्थस्य भूयस्त्वं दूरतस्तूपचरितार्थत्वम्। यथा अहो रमणीया रमणीया लक्ष्मीरिति।

पुराणेष्वर्थवादत्वं ये वदन्ति नराधमाः।
तैरर्जितानि पुण्यानि तद्वदेव भवन्ति हि॥
समस्तकर्मनिर्मूलसाधनानि नराधमः।
पुराणान्यर्थवादेन मृतो नरकमश्नुते॥
यावद्ब्रह्मा सृजत्येतज्जगत्स्थावरजङ्गमम्।
तावत्स पच्यते पापी नरकान्तेषु सन्ततम्॥
अहो हि वाक्ये चतुरक्षरे द्वे पुण्यस्य पापस्य निदानभूते।
उच्चारणादेव नृणां मुनीन्द्रा नारायणश्चेति तथार्थवादः॥
पुराणेषु द्विजश्रेष्ठाः सर्वधर्मप्रवक्तृषु।
प्रवदन्त्यर्थवादत्वं ये ते नरकभाजनाः॥

इत्यादीनाञ्च भूयसामर्थवादवक्तृनिन्दापराणां बृहन्नारदीये दर्शनात्। शैवे च—

वेदाः प्रतिष्ठिता देवि पुराणे नात्रसंशयः।
पुराणमयन्यथाकृत्वा तिर्यग्योनिमवाप्नुयात्॥
सुशान्तोऽसुदान्तोऽपि न गतिं प्राप्नुयात्क्वचित्। इत्यादि।

अत्रापि च वक्ष्यति—

उदाहरन्ति ये मूढाः कुतर्कबलदर्पिताः।
काश्यां सर्वार्थवादोऽयं ते विड्कीटा युगे युगे॥ इत्यादि।

तर्हि युक्तिविरोधस्य का गतिरिरिति चेत्, यैव गतिः, सैव गतिरिति ब्रूमः। नहि श्रुतिस्मृतीतिहासपुराणात्मा भगवान् वराकेण युक्तिविरोधेनास्माभिरनुयोक्तव्यः। तथा च श्रुतिः 'नैषा मतिस्तर्केणापनेयेति'।

ननु ग्रावाणः प्लवन्ते यजमानः प्रस्तर इत्यादीनां वेदवाक्यानामप्यर्थवादो दृश्यते, तद्वदत्रापि भविष्यतीति चेद् दृश्यतां नाम, पुराणानां तदपवादस्योक्तत्वादिति। किञ्च प्राकृतप्रलये ब्रह्माण्डतदन्तर्वर्त्तिनां लयेन भवितव्यम् न च काशी ब्रह्माण्डगा। तथा चात्रैव वक्ष्यति दर्शितमेव तत्पूर्वम्।

अविमुक्तमिदं क्षेत्रमपि ब्रह्माण्डमध्यगम्।
ब्रह्माण्डमध्येन भवेत् पञ्चक्रोशप्रमाणतः॥
यथा यथा हि वर्द्धेत जलमेकार्णवस्य च।
तथा तथोन्नयेदीशस्तत्क्षेत्रं प्रलयादपि॥ इत्यादि।

अतो ब्रह्माण्डाद्बहिः स्थितायाः काश्याः कुतो नाशावकाशो भुशुण्डवत्। तथा च वासिष्ठे निर्वाणप्रकरणे भुशुण्डाख्येन भुशुण्डवाक्यम्—

ब्रह्माण्डपारमारभ्य तत्त्वान्ते विमले पदे।
सुषुप्तावस्थया तावत्तिष्ठामि प्रलये सति॥

यावत्पुनः कमलजः सृष्टिकर्मणि तिष्ठति।
तत्प्रविश्य ब्रह्माण्डं तिष्ठामि विहगालये॥ इति।

श्लोकद्वयस्यायमर्थः—प्रलये प्राकृतप्रलये सति ब्रह्माण्डस्य पारं बहिर्मार्गमासाद्य तत्त्वान्ते ब्रह्माण्डावरणभूतानामप्तेजोवाय्वाकाशाहङ्कारमहत्प्रकृतिरूपाणां सप्तानामन्ते विमले पदे सुषुप्तावस्थया समाध्यवस्थया तावत्तिष्ठामि, यावत्कमलजः पुनः सृष्टिकर्मणि तिष्ठति। तदा पुनः सृष्टौ ब्रह्माण्डं प्रविश्य विहगालये तिष्ठामि। अन्यथा ब्रह्माण्डमावरणानि च भित्त्वा लिङ्गशरीरेण वैकुण्ठं गतानामपि विदेहकैवल्यप्रसङ्गात्। यत्त्वत्र ब्रह्माण्डपारमासाद्येत्यत्र महाप्रलयसम्पत्ताविति पाठं प्रकल्प्य महाप्रलयसम्पत्तावित्यादि-चिरजीवित्वातिरेकार्थवादः।

ब्रह्मणा सह ते सर्वे सम्प्राप्ते प्रतिसञ्चरे।
परस्यान्ते कृतात्मानः प्रविशन्ति परं पदम्॥
ते ब्रह्मलोकेषु परान्तकाले परामृताः परिमुच्यन्ति सर्वे॥

इत्याद्यागमाज्जीवन्मुक्तानामधिकारिणां महाप्रलये विदेहमुक्त्यवगमादिति विद्यारण्यश्रीचरणैरुक्तम्, तत्, न, तेषामागमानां ब्रह्माण्डान्तरावस्थितजीवन्मुक्तविषयत्वाद्ब्राह्माण्डबहिर्गतानां तदभावात्। एतेन—

नाहो न रात्रिर्न नभो न भूमिर्नासीत्तमोज्योतिरभून्न चान्यत्।
श्रोत्रादिबुद्ध्यादुपलभ्यमेकं प्राधानिकं ब्रह्मपुमांस्तदासीत्॥ इति।

'तर्ह्येदमव्याकृतमासीत्' 'सदेव सोम्येदमग्र आसीत्' इत्यादिश्रुतिस्मृतीनां विरोधाभावोऽपि व्याख्यातः। विशेषतो विरोधाभावं अग्रे व्याख्यास्यामः।

यत्तु दैनन्दिनेऽथ प्रलये त्रिशूलकोटौ समुत्क्षिप्य पुरीं हरः स्वाम्।
विभर्ति संवर्तमहास्थिभूषणस्ततो हि काशी कलिकालवर्जिता॥ इति।

अलुब्धैर्दानशीलैश्च सप्तभिर्धार्यते मही ॥ ९० ।
मम लोकात् परो लोको वैकुण्ठ इति गीयते ।
तस्योपरिष्टात् कौमार उमालोकस्ततः परम् ॥ ९१ ।

नीराजयति प्रोञ्छति मार्जयतीत्यर्थः । अङ्गानि स्वाङ्गानि ॥ ८९ ।

जो कोई इस मन्त्र का उच्चारण करके अनेक अथवा एक भी गोदान (गौ का दान) उत्तम ब्राह्मण को कर देता है, वह सब लोगों में विशेष समझा जाता है ॥ ८६ ।

मैं, विष्णु, शिव और महर्षियों के सहित गौओं के गुणों को विचार कर नित्य ही यह प्रार्थना करता रहता हूँ ॥ ८७ ।

गायें मेरे सन्मुख रहें, गायें मेरे पीछे रहें, गायें मेरे हृदय में रहे और मैं गौओं ही के बीच में वास करूँ ॥ ८८ ।

जो भाग्यवान् गौओं की पूँछ से अपने शरीर को पोंछता है (मार्जित करता है), उसके अंगों से दरिद्रता, कलह और रोग दूर हो जाते हैं ॥ ८९ ।

गौ, ब्राह्मण, वेद, सती स्त्री, सत्यवादी पुरुष, निर्लोभी और दानशील, इन्हीं सातों के भरोसे पृथिवी थमी रहती है ॥ ९० ।

मेरे इस लोक के ऊपर जो लोक है, वह वैकुण्ठ कहा जाता है। उसके ऊपर कुमार लोक है। उसके भी ऊपर उमा लोक है ॥ ९१ ।

शिवलोकस्तदुपरि गोलोकस्तत्समीपतः ।
गोमातरः सुशीलाद्यास्तत्र सन्ति शिवप्रियाः ॥ ९२ ।
गवां शुश्रूषका ये च गोप्रदाये च मानवाः ।
एषामन्यतमे लोके ते स्युः सर्वसमृद्धयः ॥ ९३ ।
यत्र क्षीरवहा नद्यो यत्र पायसकर्दमाः ।
न जरा बाधते यत्र तत्र गच्छन्ति गोप्रदाः ॥ ९४ ।
श्रुति-स्मृति-पुराणज्ञा ब्राह्मणाः परिकीर्तिताः ।
तदुक्ताचारचरणा इतरे नामधारकाः ॥ ९५ ।
श्रुतिस्मृती तु नेत्रे द्वे पुराणं हृदयं स्मृतम् ।
श्रुति-स्मृतिभ्यां हीनोऽन्धः काणः स्यादेकया विना ॥ ९६ ।
पुराणहीनाद्धृच्छून्यात्काणान्धावपि तौ वरौ ।
श्रुतिस्मृत्युदितो धर्मः पुराणे परिगीयते[1] ॥ ९७ ।

एषां सत्यलोकादि गोलोकान्तानाम् ॥ ९३ ।

उसके उपरान्त शिवलोक है । उसके पास में गोलोक है । वहाँ पर जो सुशीला आदि गोमाताएँ हैं । वे महादेव को बहुत ही प्रिय हैं ॥ ९२ ॥

गौओं की सेवा करनेवालों तथा गौओं के दाता मनुष्य इन्हीं लोकों के मध्य से किसी एक लोक में सब समृद्धियों से परिपूर्ण होकर वास करते हैं ॥ ९३ ।

जहाँ पर दूध की धारा बहानेवाली नदियाँ हैं और जहाँ पायस (खोआ) का कीचड़ बना रहता है, फिर जहाँ पर जरा (बुढ़ापा) कुछ बाधा नहीं दे सकती । गोदान करनेवाले लोग वहाँ पर ही जाते हैं ॥ ९४ ।

श्रुति, स्मृति और पुराण के अभिज्ञ तथा तदनुसार आचार-निर्वाह करनेवाले ही यथार्थ ब्राह्मण कहे जाते हैं और दूसरे तो केवल नाममात्र के ब्राह्मण हैं ॥ ९५ ।

वेद और धर्मशास्त्र—ये दोनों तो नेत्र और पुराण हृदय कहलाता है । अतएव जो ब्राह्मण श्रुति-स्मृति से हीन होता है, वह अन्धा और जो एक से रहित हो वह काना है ॥ ९६ ।

पर पुराण से अनभिज्ञ हृदयशून्य जन से काने और अन्धे दोनों ही अच्छे हैं, (कारण) श्रुति-स्मृति दोनों के कथित धर्म पुराणों में कहे जाते हैं ॥ ९७ ।

---

१. 'परिपठ्यते' इत्यपि क्वचित्पाठः ।

तद्ब्राह्मणाय[1] गौर्देया सर्वत्र सुखमिच्छता ।
न देया द्विजमात्राय दातारं सोऽप्यधो नयेत् ॥ ९८ ।
यस्य धर्मेऽस्ति जिज्ञासा यस्य पापाद् भयं महत् ।
श्रोतव्यानि पुराणानि धर्ममूलानि तेन वै ॥ ९९ ।
चतुर्दशसु विद्यासु पुराणं दीप उत्तमः ।
अन्धोऽपि न तदालोकात्संसाराब्धौ क्वचित्पतेत् ॥ १०० ।
श्रोतव्यानि पुराणानि वस्तव्यं जाह्नवी तटे ।
तर्पणीया द्विजा नित्यं मम लोकेप्सुभिः सदा ॥ १०१ ।
इत्युद्देशान्मया ख्याता [2]सत्यलोकव्यवस्थितिः ।
अभयं यद् भयार्तानां न भेतव्यं च हे सुराः ॥ १०२ ।
स्पर्धते मेरुणा विन्ध्यो ब्रध्नाध्वपरिरोधकृत् ।
तदर्थमागता यूयं तदुपायं दिशामि वः ॥ १०३ ।

उपसंहरति । इत्युद्देशादिति । उद्देशात् संक्षेपात् । भयार्तानां भीतिपीडितानां यदभयम्, तद्व्याख्यानमित्यर्थः ॥ १०२ ।

एवं काशीप्रकर्षपुरःसरान् धर्मानुक्त्वा देवागमनकारणं स्वयमेव वर्णयन् सूर्यमार्गपरिरोधाभावोपायं प्रतिजानीते । स्पर्धत इति ॥ १०३ ।

अतएव सर्वत्र सुखाभिलाषी, जन को उचित है कि ऐसे ही श्रुति-स्मृति-पुराणज्ञ (पूर्वोक्त) उत्तम ब्राह्मण को गोदान करें, नामधारी द्विज को गायें नहीं देनी चाहिएं; क्योंकि ऐसा करने से दाता की भी अधोगति होती है ॥ ९८ ।

जिसकी इच्छा धर्म जानने की हो किंवा जिसे पाप से बड़ा डर लगता हो, उसे सब धर्मों की जड़ पुराणों को अवश्य सुनना चाहिए ॥ ९९ ।

चतुर्दश विद्याओं में पुराण ही सर्वोत्तम दीपक हैं; क्योंकि उनके प्रकाश से अन्धा भी संसाररूपी समुद्र में कभी नहीं गिरने पाता ॥ १०० ।

जो लोग मेरे लोक की प्राप्ति चाहते हों, उनको पुराणों का श्रवण, गङ्गा के तट पर वास और ब्राह्मणों को सन्तुष्ट अवश्य करना चाहिए ॥ १०१ ।

हे देवगण ! यह तो मैंने प्रसङ्गवश इस सत्यलोक की व्यवस्था कह सुनायी, यह तो भयातुर लोगों के लिए एक निर्भय स्थान है, अब तुम लोग कुछ भी मत डरो ॥ १०२ ।

विन्ध्यपर्वत सुमेरु से स्पर्द्धा करके सूर्य का मार्ग रोके हुए है, उसी के लिए तुम लोग आये हो । अतः मैं उसका उपाय तुम सबको बतला देता हूँ ॥ १०३ ।

---

१. स श्रुतिस्मृतिपुराणज्ञो यो ब्राह्मणस्तस्मै । २. लोकस्य च स्थितिरित्यपि क्वचित्पाठः ।

ब्रह्मोवाच—

अस्त्यगस्त्यस्तप्यमानस्तप उग्रं महातपाः ।
मैत्रावरुणिराधाय चित्तं विश्वेश्वरे विभौ ॥ १०४ ।
अविमुक्ते महाक्षेत्रे सर्वेषां मुक्तिहेतुके ।
तारकस्योपदेशार्थं विश्वेशाधिष्ठिते स्वयम् ॥ १०५ ।
याचध्वं तत्र गत्वा तं स वः कार्यं विधास्यति ।
तेनैकदा विना लोका वातापील्वलभक्षणात् ॥ १०६ ।

अस्तीति । मित्रावरुणयोरपत्यं मैत्रावरुणिः । उर्वशीदर्शनात् स्कन्नं रेतस्ताभ्यां कुम्भे निषिक्तम्, तस्मादगस्त्यो जज्ञे । तथा च श्रुतिः—कुम्भे रेतः सिषिचतुः समानमिति । तत्र मैत्रावरुणिरित्युक्ते वसिष्ठेऽपि गच्छति, तद्वारणार्थमगस्त्य इत्युक्तम् । तावत्युक्ते अङ्गानि निष्क्रियाणि गात्राणि स्त्यायति सङ्घातयतीत्यगस्त्यः, अगस्त्यनामा वा कश्चित्तत्रातिव्याप्तिः स्यात्, तद्वारणार्थमुक्तं मैत्रावरुणिरित ॥ १०४ ।

तारकस्य प्रणवस्य षडक्षरश्रीराममन्त्रराजस्य वा ॥ १०५ ।

वो युष्माकम् । कथमृषिमात्रस्य तादृग् दुर्घटकार्यकरणसामर्थ्यमित्याशङ्कायामाह । तेनैकदेति । वातापील्वलभक्षणाद् इल्वलस्य सम्बन्धी वातापिर्वातापील्वलः राजदन्तादित्वात्पूर्वनिपातः । तस्य भक्षणात् । तथा चोक्तम्—वातापिर्भक्षितो येन समुद्रः शोषितः पुरा । यद्वा वातापिश्च इल्वलश्च तयोर्भक्षणात् । तत्र वातापेर्भक्षणं शरीरतः, इल्वलस्य भक्षणं त्वर्थतः । मनुष्यान् भक्षयिष्यन्ति ह्यर्थतो न शरीरत इत्यादौ धननाशेऽपि भक्षण शब्दप्रयोगात् । यद्वा भ्रातुर्भक्षणात् सोऽपि भक्षित इति तथोक्तम् । यद्वा वातापील्वलभक्षणात् तयोर्मारणादित्यर्थः ।

तदुक्तं रामायणे अरण्यकाण्डे—

अगस्त्येन ततः क्रोधादागत्य भ्रातुराश्रमम् ।
अनुभूयैकदा श्राद्धं भक्षितः स निशाचरः ॥
ततः सम्पन्नमित्युक्त्वा दत्वा हस्तावसेचनम् ।
भ्रातरं निष्क्रमेत्युच्चैरिल्वलः सोऽभ्यभाषत ॥

ब्रह्मा ने कहा—

जहां पर भगवान् विश्वेश्वर तारक-मन्त्र का उपदेश करने को स्वयं विराजमान रहते हैं, सब किसी की मुक्ति के एकमात्र कारण, उसी अविमुक्त महाक्षेत्र में मित्रावरुण के पुत्र परम तपस्वी अगस्त्यमुनि विश्वेश्वर में चित्त लगा कर घोर तपस्या कर रहे हैं ॥ १०४-१०५ ।

वहां जाकर उनसे प्रार्थना करो । वे ही तुम लोगों के कार्य को सिद्ध करेंगे । एक बार वातापी और इल्वल नामक राक्षसों का भक्षण कर, वे समस्त लोकों की रक्षा कर चुके हैं ॥ १०६ ।

अतिमित्रं तत्र तेजो मित्रावरुणजे मुनौ ।
तदा प्रभृति लोकेषु [2]कोऽगस्त्यान्नैव बिभ्यति ॥ १०७ ।
इत्युक्त्वान्तर्दधे वेधास्तेऽपि प्रमुदिताननाः ।
देवाः परस्परं प्रोचुरहो धन्यतमा वयम् ॥ १०८ ।
प्रसङ्गतोऽपि द्रष्टव्यौ काशीकाशीपती शिवौ ।
अहो अहोभिर्बहुभिः फलितो नो मनोरथः ॥ १०९ ।
उत्फुल्लपद्मनयना निर्मिताः सुकृतार्थिनः ।
तावेव चरणौ धन्यौ काशीमभिप्रयायिनौ ॥ ११० ।

तं तथाहूयमानन्तु राक्षसं मेषरूपिणम् ।
अब्रवीत्प्रहसञ्छ्रीमानगस्त्यो मुनिसत्तमः ॥
कुतो निष्क्रमितुं शक्तिर्मया जीर्णस्य रक्षसः ।
भ्रातुस्ते मेषरूपस्य गतस्य यमसादनम् ॥
तस्यैतद्वचनं श्रुत्वा भ्रातुर्मरणशङ्कितः ।
प्रधर्षयितुमारेभे मुनिं क्रोधान्निशाचरः ॥
अभ्यद्रवदगस्त्यन्तु मुनिना दीप्ततेजसा ।
चक्षुषा दीप्तकल्पेन निर्दग्धः स पपात ह ॥

न चैवं सति रामायण-भारतयोः परस्परविरोधः, कल्पभेदेन व्यवस्थोपपत्तेः । तथान्यत्रापि ॥ १०६ ।

अतिमित्रं सूर्यमतिक्रम्य वर्तत इति तत्तेजस्तथा ॥ ७ ।

उत्फुल्लपद्मनयनाः सुराः काशीं समाययुरिति तृतीयेनान्वयः । उत्फुल्लपद्मानीव नयनानि येषां ते तथा । कथम्भूताः, निर्मिताः निःशेषेण मितं काशीकाशीपती द्रष्टव्यावित्यादि चिन्तितं यैः, ते तथा । काशीगमने कृतसम्यङ्निश्चया इत्यर्थः । तत्र हेतुमाह । **तावेवेति** ॥ ११० ।

वहाँ पर मित्रावरुण-नन्दन अगस्त्य मुनि में सूर्य से भी अधिक तेज है । तभी से लोक में अगस्त्य मुनि से कौन नहीं भय खाता है ? ॥ १०७ ।

इतना कहकर ब्रह्मा जी अन्तर्धान हो गये और वे सब देवता लोग प्रसन्न मुख होकर परस्पर कहने लगे कि, अहो ! हम लोग परम धन्य हैं ॥ १०८ ।

वे (देवगण) प्रसङ्ग वश काशी और काशीपति, महादेव-पार्वती का दर्शन पा जावेंगे—"अहो ! बहुत दिनों पर हम सबका मनोरथ सफल हुआ ॥ १०९ ।

वे ही चरण धन्य हैं, जो काशी के लिए प्रस्थान करते हैं । आज हम लोगों ने ब्रह्मा जी की कही हुई इस कथा को सुना है, बस इसी के श्रवण करने का यह पुण्य है,

---

१. अत्र के इत्यपेक्षितमिति भाति ॥

येयं कथा श्रुताऽस्माभिर्वेधसा समुदीरिता ।।
तस्याः श्रवणजात्पुण्यात्प्राप्नुमस्त्वद्य काशिकाम् ।। १११ ।
एका क्रिया द्व्यर्थकरी प्राप्यते पुण्यगौरवात् ।
एवं वदन्तो हृष्टास्याः सुराः काशीं समाययुः ।। ११२ ।

व्यास उवाच—

इदं पुण्यतमाख्यानं ये श्रोष्यन्तीह मानवाः ।
विधूय सर्वपापानि पुत्रदारसमान्विताः ।। ११३ ।
इह वंशं परिस्थाप्य भुक्त्वा सर्वसुखानि च ।
सत्यलोके चिरं स्थित्वा ततो यास्यन्ति शाश्वतम् ।। ११४ ।

।। इति श्रीस्कन्दपुराणे काशीखण्डे पूर्वार्द्धे सत्यलोकवर्णनं नाम द्वितीयोऽध्यायः ।। २ ।

प्राप्नुयुः प्राप्स्यामः ।। १११ ।
श्रोतृप्ररोचनार्थमाह इदमिति ।। ११३ ।
शाश्वतं कैवल्यम् ।। ११४ ।।

जो काशी को चल रहे हैं । जब बहुत भारी पुण्य रहता है, तभी एक कर्म से दो प्रयोजन सिद्ध होते हैं ।" इस प्रकार से काशी यात्रा के लिए दृढ़ संकल्प हो विकसित नयन-कमल, प्रसन्न-वदन, सुकृतार्थी देवगण परस्पर (आपस में) बात-चीत करते हुए काशी में जा पहुँचे ।। ११०-११२ ।।

व्यास जी ने कहा—

इस परम पवित्र कथा को जो मनुष्य सुनेंगे, वे इस लोक में समस्त सुखों को भोग, अपना वंश स्थापित कर, स्त्री-पुत्र के सहित समग्र पापों से छुटकारा पाकर, अन्त में चिरकाल पर्यन्त सत्यलोक में निवासकर, तदनन्तर शाश्वत (परम) पद को प्राप्त होंगे ।। ११३-११४ ।।

करहिं सत्य यहि लोक जे, तप जप व्रत उपवास ।
गोदानादिक ते लहहिं, सत्यलोक में वास ।। १ ।।

।। इति श्रीस्कन्दमहापुराणे चतुर्थे काशीखण्डे पूर्वार्द्धे भाषाटीकायां सत्यलोकवर्णनं नाम द्वितीयोऽध्यायः ।। २ ।।

अथ तृतीयोऽध्यायः

सूत उवाच—

भगवन् भूतभव्येश सर्वज्ञानमहानिधे ।
अवाप्य काशीं गीर्वाणैः किमकारि वदाच्युत ॥ १ ।
अधीत्येमां कथां दिव्यां न तृप्तिमधियाम्यहम् ।
शेवधिस्तपसां देवैरगस्तिः प्रार्थितः कथम् ॥ २ ।
कथं विन्ध्योऽप्यवाप स्वां प्रकृतिं तादृगुन्नतः ।
तव वागमृताम्भोधौ मनो मे स्नातुमुत्सुकम् ॥ ३ ।
इति कृत्स्नं समाकर्ण्य व्यासः पाराशरो मुनिः ।
श्रद्धावते स्वशिष्याय वक्तुं समुपचक्रमे ॥ ४ ।

अगस्तेराश्रमपदे देवतानां समागमः ।
तस्य चाश्रममाहात्म्यं तृतीयेऽध्याय ईर्यते ॥

एवं वदन्तो हृष्टास्याः सुराः काशीं समाययुरित्युक्तं तत्र पृच्छति । **भगवन्निति**। अच्युत निर्विकार हे विष्णो[1] इति वा ॥ १ ।

न तृप्तिमधियामि अलं प्रत्ययं नाधिगच्छामि। तपसां शेवधिर्निधिः । यथा पद्मादिनिधिर्धननानामाश्रयः, तथा तपासामाश्रयः खनिरित्यर्थः ॥ २ ।

वागमृताम्भोधौ वाक्सुधासमुद्रे । उत्सुकमुत्कण्ठितम् ॥ ३ ।

कृत्स्नं समग्रम् । प्रश्नमिति वा पाठः । समुपचक्रमे उपक्रान्तवान् ॥ ४ ।

(देवताओं का अगस्त्य के आश्रम पर जाना)

सूत जी ने कहा—

"हे भगवन् ! आप भूत और भव्य के स्वामी, समस्त ज्ञानों के परमनिधि एवं साक्षात् अच्युतरूप हैं। देवताओं ने काशी में पहुँच कर क्या किया ? आप उसे कहें ॥ १ ।

इस दिव्य कथा के श्रवण करने से तो मेरी तृप्ति नहीं होती । देवताओं ने तपोनिधि अगस्त्य मुनि से क्यों प्रार्थना की ? ॥ २ ।

फिर वैसा ऊँचा विन्ध्याचल ही किस प्रकार से अपने पूर्वभाव को प्राप्त हुआ ? मेरा चित्त आपके वचनामृतरूपी समुद्र में स्नान करने को व्याकुल हो रहा है" ॥ ३ ।

पराशर मुनि के पुत्र भगवान् वेदव्यास इस प्रकार के सब (प्रश्नों) को सुनकर अपने परम श्रद्धाशील शिष्य सूत जी से (उत्तर) कहने लगे ॥ ४ ।

---

१. व्याससम्बोधनम् ।

पाराशर उवाच—

शृणु सूत महाबुद्धे भक्तिश्रद्धासमन्वितः ।
शुकवैशम्पायनाद्याः शृण्वन्त्वेते च बालकाः ॥ ५ ।
ततो वाराणसीं प्राप्य गीर्वाणाः समहर्षयः ।
अविलम्बं प्रथमतो मणिकर्ण्यां विधानतः ॥ ६ ।
सचैलमभिमज्ज्याथ कृतसन्ध्यादिसत्क्रियाः ।
सन्तर्प्य तर्प्यादिपि न् कुशगन्धतिलोदकैः ॥ ७ ।
तीर्थवासार्थिनः सर्वान् सन्तर्प्य च पृथक् पृथक् ।
रत्नैर्हिरण्यवासोभिरश्वाभरणधेनुभिः ॥ ८ ।

संसाराङ्गारे विपच्यमानान् संसारिणोऽज्ञान् करुणया शोचतीति शुकः । तदुक्तं भागवते—'संसारिणां करुणया ह पुराणगुह्यमिति' । यद्वा शुकवन्मनोज्ञं वचनं वक्तीति शुकः ।

तथा च ब्रह्मवैवर्त्ते व्यासं प्रति भगवद्वचनम्—व्यास! त्वदीयतनयः शुकवन्मनोज्ञं ब्रूते वचः, भवतु तच्छुक एव नाम्ना ।

हर्म्ये न वत्स्यति तवापि न माययाऽसौ ।
स्पृष्टो यतो मम कथा हृदि मास्य शोकम् ॥ इति ।

तथा विगतं नामोच्चारणादेव शम्पायाः शतह्लदाया अयनं पतनं यस्य, स विशम्पायनः, स एव वैशम्पायनः । स्वार्थे तद्धितः । उक्तञ्च—

शम्पां शतह्लदामाहुरयनं पतनं यतः ।
विगतं पतनं यस्माद्वैशम्पायन इत्युत ॥ इति ।

तौ शुक-वैशम्पायनावाद्यौ येषां ते तथा । आद्यपदेन जातूकर्ण्यजैमिनिपैलसुमन्तूनां संग्रहः । शृण्वन्त्वन्ये महर्षय इति क्वचित्पाठः ॥ ५ ।

तर्प्यास्तर्पणीयाश्च ते आदिपितरस्तांस्तर्प्यादिपितॄन् सन्तर्प्य । तर्प्यान्देवपितॄनिति पाठेऽक्षराधिक्यमार्षम् । सन्तर्प्य विधिवद्दिव्यपितॄन् कुशतिलोदकैरिति क्वचित्पाठः ॥ ७ ।

रत्नैरित्यादिसप्रदक्षिणैरित्यन्तानां तृतीयान्तानां तीर्थवासार्थिनः सर्वान् सन्तर्प्य चेत्यनेनान्वयः । चकाराद्देवादीनामपि ॥ ८ ।

व्यास जी ने कहा—

"हे महाबुद्धे ! सूत ! तुम भक्ति और श्रद्धा से परिपूर्ण होकर (इसे) श्रवण करो और शुकदेव और वैशम्पायन आदि ये सब लड़के भी सुनें ॥ ५ ।

"तदनन्तर देवता लोग महर्षियों के साथ वाराणसी पुरी में पहुँचकर, पहले झटपट मणिकर्णिका में विधिपूर्वक सचैल स्नान करने के उपरान्त सन्ध्यादिक नित्य-कर्मों को कर, कुश, गन्ध, तिल और जल से देव-पितरों का तर्पण करके रत्न, सुवर्ण, वस्त्र, आवरण, घोड़ा, गौ, सोने-चाँदी के चित्र-विचित्र वर्तन, अमृत के समान स्वादिष्ट

विचित्रैश्च तथा पात्रैः स्वर्णरौप्यादिनिर्मितैः ।
अमृतस्वादुपक्वान्नैः पायसैश्च सशर्करैः ॥ ९ ।
सगोरसैरन्नदानैर्धान्यदानैरनेकधा ।
गन्धचन्दनकर्पूरैस्ताम्बूलैश्चारुचामरैः ॥ १० ।
सतूलैर्मृदुपर्य्यङ्कैर्दीपिकादर्पणासनैः ।
शिविकादासदासीभिर्विमानैः पशुभिर्गृहैः ॥ ११ ।
चित्रध्वजपताकाभिरुल्लोचैश्चन्द्रचारुभिः ।
वर्षाशनप्रदानैश्च गृहोपस्करसंयुतैः ॥ १२ ।
उपानत्पादुकाभिश्च यतिनश्च तपस्विनः ।
योग्यैः पटदुकूलैश्च विविधैश्चित्ररल्लकैः ॥ १३ ।
दण्डैः कमण्डलुयुतैरजिनैर्मृगसम्भवैः ।
कौपीनैरुच्चमञ्चैश्च परिचारककाञ्चनैः ॥ १४ ।

अमत्रैः पात्रैः। पात्रामत्रं च भाजनमित्यमरः ॥ ९ ।

मृदुपर्य्यङ्कैः कोमलखट्वाभिः। मृदुत्वे हेतुमाह। सतूलैर्हंसतूलिकाभिः सहितैरित्यर्थः। यद्वा मृदुपर्य्यङ्कैः सूत्रादिनिर्मितपर्य्यङ्कैः। शिविका नरयानम्। विमाने रथैः ॥ ११ ।

उल्लोचैश्चन्द्रातपैर्वितानैरिति यावत्। '**अस्त्री वितानमुल्लोचः**' इत्यमरः ॥ १२।

उपानत्पादुकाभिश्च, चर्मनिर्मिता उपानहः, काष्ठनिर्मिताः पादुकास्ताभिश्च। च शब्दाः समुच्चयार्थाः। पटदुकूलैर्नूतनक्षौमैः। क्षौमं दुकूलमित्यमरः। पट्टदुकूलैरिति क्वचित्पाठः, स चिन्त्यः। चित्ररल्लकैश्चित्रकम्बलैः। समौ रल्लककम्बलावित्यमरः ॥ १३।

अजिनैर्मृगचर्मभिः। उच्चमञ्चैरुन्नतकाष्ठनिर्मितखट्वादिकैः। परिचारककाञ्चनैः शुश्रूषकाणां देयैः स्वर्णैः। परिचारिकेति पाठेऽपि स एवार्थः ॥ १४।

पकवान, मिश्री मिली हुई खोवा की मिठाईयाँ, गोरस के सहित अन्न, अनेक प्रकार के धान्य, गन्ध, चन्दन, कपूर, ताम्बूल, सुन्दर चामर, तोशक के साथ पलंग, दीयठ, दर्पण, आसन (बिछौना), पालकी, दास-दासी, विमान (तामजान), पशु, गृह, चित्र, ध्वजा, पताका, चन्द्र के समान सुन्दर चंदवा, गृहस्थी की सामग्रियों के साथ वर्षभर के भोजन की वस्तुएं, जूता (पनही) और खड़ाऊँ इत्यादि समस्त वस्तुओं के दान से समस्त तीर्थवासियों को पृथक्-पृथक् संतुष्ट कर, संन्यासी और तपस्वी लोगों को भी यथायोग्य पटवस्त्र, विविध भाँति के कम्बल, दण्ड, कमण्डलु, मृगछाला, कोपीन, ऊँची चौकी एवं सेवकों के वेतनार्थ सुवर्ण, मठ, विद्यार्थियों के लिए अन्न, अतिथियों के हेतु बहुत धन, पुस्तकों की ढ़ेर, लेखकों की जीवन-वृत्ति एवं बहुत से औषधालय, अनेक सदावर्त्त, गर्मी

मठैर्विद्यार्थिनामन्नैरतिथ्यर्थं महाधनैः ।
महापुस्तकसम्भारैर्लेखकानाञ्च जीवनैः ॥ १५ ॥
बहुधौषधदानैश्च सत्रदानैरनेकशः ।
ग्रीष्मे प्रपार्थद्रविणैर्हेमन्तेऽग्निष्टिकेन्धनैः ॥ १६ ॥
छत्राच्छादनिकाद्यर्थे वर्षाकालोचितैर्बहु ।
रात्रौ पाठप्रदीपैश्च पादाभ्यञ्जनकादिभिः ॥ १७ ॥
पुराणपाठकांश्चापि प्रतिदेवालयं धनैः ।
देवालये नृत्यगीतकरणार्थैरनेकशः ॥ १८ ॥
देवालयसुधाकार्यैर्जीर्णोद्धारैरनेकधा ।
चित्रलेखनमूल्यैश्च रङ्गमालादिमण्डनैः ॥ १९ ॥
नीराजनैर्गुग्गुलुभिर्दशाङ्गादिसुधूपकैः ।
कर्पूरवर्त्तिकाद्यैश्च देवार्चार्थैरनेकशः ॥ २० ॥

महापुस्तकसम्भारैरनेकैः पुस्तकसमूहैः । नानापुस्तकसामग्रीभिरिति वा ॥१५॥
सत्रदानैर्वस्त्रदानैर्यज्ञदानैर्धनदानैरिति वा । 'सत्रमाच्छादने यज्ञे सदा दाने धनेऽपि च' इत्यमरः । हेमन्तेऽग्निष्टिकेन्धनैः शिशिरर्तौ शीतापनोदाय लोहमृदादिनिर्मितान्यग्न्याधारपात्राणि अग्निष्टिकास्ताश्च तास्वग्निकरणार्थानीन्धनानि काष्ठानि च तैः ॥ १६ ॥

आच्छादनिकं छदिर्गृहादिकम् ॥ १७ ॥

देवालयसुधाकार्यैः देवप्रसादचूर्णदानैः। रङ्गमालादिमण्डनैः, रङ्गमाला रङ्गसमूहाः, आदिशब्देन सम्मार्जनादीनि गृह्यन्ते। तैर्यानि मण्डनानि, तान्येव वा मण्डनानि, तैः। मण्डलैरिति पाठे मण्डलं सर्वतोभद्रादि ॥ १९ ॥

नीराजनैः आरार्तिकैः बहुवर्तियुक्तदीपैरित्यर्थः । तदुक्तं विष्णुभक्तिरहस्ये—

बहुवर्तिसमायुक्तं ज्वलन्तं केशवोपरि ।
कुर्यादारार्तिकं यस्तु कल्पकोटिदिवं वसेत् ॥ इति ।

में पौसरा के लिए धन, जाड़ा में अंगीठी और इन्धन आदि के लिए द्रव्य, वर्षा ऋतु के योग्य (छाता,) छावनी और छप्पर, रात्रि में पढ़ने के लिए दीपक एवं पाँव की लतरी इत्यादि के व्यय से सन्तुष्ट कर प्रत्येक देव-मन्दिरों में पुराण बाँचने वालों को प्रचुर धन से सन्तोषित कर, देवालयों में अनेक भाँति के नृत्य-गीतादिक की व्यवस्था कर, बहुतेरे देवस्थानों को चूने से छुहवा कर, अनेकों का जीर्णोद्धार कराकर, कहीं पर चित्रकारी लिखने का मूल्य देकर और रंगमाला आदि से सजावट कराकर, आरती, गुग्गुल इत्यादि दशांग, धूप, कर्पूर, वत्ती एवं अनेक भाँति की देव-पूजन की सामग्रियाँ, पञ्चामृत

पञ्चामृतानां स्नपनैः सुगन्धस्नपनैरपि ।
देवार्थं मुखवासैश्च देवोद्यानैरनेकशः ॥ २१ ।
महापूजार्थमाल्यादिगुम्फनार्थैस्त्रिकालतः ।
शङ्खभेरीमृदङ्गादिवाद्यनादैः शिवालये ॥ २२ ।
घण्टागडुककुम्भादिस्नानोपस्करभाजनैः ।
श्वेतैर्मार्जनवस्त्रैश्च सुगन्धैर्यक्षकर्दमैः ॥ २३ ।
जपहोमैः स्तोत्रपाठैः शिवनामोच्चभाषणैः ।
रासक्रीडादिसंयुक्तैश्चलनैः सप्रदक्षिणैः ॥ २४ ।

आरार्तिकैरिति वा पाठः । **दशाङ्गादिसुधूपकैरिति—**

षड्भागकुष्ठो द्विगुणो गुडश्च लाक्षात्रयं पञ्चनखस्य भागाः ।
हरीतकीसर्जरसश्च मांसं भागत्रयं चैव तु शैलजस्य ॥
घनस्य चत्वारि पुरस्य चैको दशाङ्गधूपः कथितो मुनीन्द्रैः ॥

इत्यनेनोक्तो दशाङ्गधूप आदिर्येषां ते च ते सुधूपाश्च तैः । **कर्पूरवर्तिकाद्यैरिति** । कर्पूरं वर्तिका यस्य स कर्पूरवर्तिकः, आदौ भव आद्यः, कर्पूरवर्तिको दीप आद्यो येषां ते दीपास्तथा तैः । कर्पूरवर्तिकार्थैरिति क्वचित्पाठः । देवार्चार्थैर्देवपूजानिमित्तेधनैः ॥ २० ।

पञ्चामृतानां स्नपनैर्घृतदुग्धदधिमधुशर्कराणां स्नानैः ॥ २१ ।

गुम्फनार्थैः ग्रन्थनार्थद्रविणैः । 'गुम्फनं ग्रन्थसन्दर्भे दर्पे गुम्फनमिष्यते' इति **मेदिनीकारः** ॥ २२ ।

गडुकं भृङ्गारम् अङ्गुलीयकं वा । 'गडुकं त्वङ्गुलीयकम्' **इत्युत्पलिनी** । मड्डुकेति पाठे मड्डुको वाद्यभेदः । तथा च माघे—'जग्मुर्जलानि जलमड्डुकवाद्यवल्गु वलद्घनस्तनतटस्खलितानि मन्दम्' इति । 'वाद्यप्रभेदा डमरुमड्डुडिण्डिमझर्झराः' इति चामरः । यक्षकर्दमैः कर्पूरागुरुकस्तूरीकंकोलैः । 'कर्पूरागुरुकस्तूरीकंकोलैर्यक्षकर्दमः' इत्यमरः ॥ २३ ।

और सुगन्धित जलों से स्नान, देवताओं के हेतु मुखवास एवं पूजार्थ पुष्प-वाटिका, त्रिकाल की महापूजा में माला आदि गूँथने के लिए धन-दान, शिवालय में शङ्ख, नगाड़ा, मृदङ्ग इत्यादि बाजे, घंटा, गडुआ, घड़ा इत्यादि स्नान के उपयुक्त पात्र, श्वेत रंग के स्वच्छ पोछने के वस्त्र, सुगन्धित यक्षकर्दम, जो कपूर, कस्तूरी, अगर और कङ्कोल से बनता है, जप, होम, स्तोत्रपाठ, उच्च स्वर से महादेव का नामोच्चरण एवं रासक्रीड़ा (रुद्र-ताण्डव) के सहित चलने और प्रदक्षिणा इत्यादि विविध भाँति के क्रिया-कलापों में पांच रात्रि का वास और बहुतेरी तीर्थ-यात्राओं को पूरा कर भगवान् विश्वनाथ को

एवमादिभिरुद्दण्डैः क्रियाकाण्डैरनेकशः ।
पञ्चरात्रमुषित्वा तु कृत्वा तीर्थान्यनेकशः ॥ २५ ॥
दीनानाथांश्च सन्तर्प्य नत्वा विश्वेश्वरं विभुम् ।
ब्रह्मचर्यादिनियमैस्तीर्थमेवं प्रसाध्य च ॥ २६ ॥
पुनः पुनर्विश्वनाथं दृष्ट्वा स्तुत्वा प्रणम्य च ।
जग्मुः परोपकारार्थमगस्तिर्यत्र तिष्ठति ॥ २७ ॥
स्वनाम्ना लिङ्गमास्थाप्य कुण्डं कृत्वा तदग्रतः ।
शतरुद्रियसूक्तेन जपन्निश्चलमानसः ॥ २८ ॥
तं दृष्ट्वा दूरतो देवा द्वितीयमिव भास्करम् ।
ज्वलज्ज्वलनसंकाशैरङ्गैः सर्वत्र सोज्ज्वलम् ॥ २९ ॥

उपसंहरति । एवमादिभिरिति । उद्दण्डैर्नानाप्रकारैः क्रियाकाण्डैः कर्मकाण्डप्रतिपादितैः कर्मभिरित्यर्थः । यद्वा क्रियाकाण्डैः क्रियासमूहैरित्यर्थः । पञ्चरात्रमुषित्वेति । पञ्चरात्रेण यावान् कालो भवति, तावन्तं कालं स्थित्वेत्यर्थः । यद्वा काश्यां रात्रिदिनविभागस्य दिविष्ठचन्द्रसूर्याभ्यां विनैवेश्वरेण कृतत्वाद्यथाश्रुत एवार्थः । ताभ्यां दिनरात्रिविभागप्रतीतिस्तु भूम्यां काशी तिष्ठतीति प्रतीतिवद्भ्रान्तैव । अत एव विन्ध्योन्नतेः सर्वस्मिन् जगति भयद्रुतेऽपि काशीस्थानां भयद्रवणाद्यभावाद्द्वागमनतीर्थवासार्थिसन्तर्पणादिकं च सर्वं सङ्गच्छते ।

तथा चात्रैव स्मृत्यर्थापत्तिः—

क्षुब्धेषु तेषु वीरेषु चकम्पे भुवनत्रयम् ।
दुर्वाससश्च कोपाग्निज्वालाभिर्व्याकुलीकृतम् ॥
तदा विविशतुः काश्यां सूर्याचन्द्रमसावपि ।
न गणैरकृतानुज्ञौ तत्तेजः शमितप्रभौ ॥ इति ।

अनेकश आवृत्यावृत्य बहुवारानित्यर्थः ॥ २५ ।

अगस्तिरिति । अगस्तिः स्यादगस्त्यश्चेति द्विरूपकोशादिकारान्तोऽपि ॥ २७ ।

तं दृष्ट्वेति । प्रथमतस्तमगस्त्यं दूरतो दृष्ट्वा पश्चाद् गीर्वाणा देवा मुनेरुटजं प्राङ्गणं ददृशुरिति द्विसप्ततितमश्लोकेनान्वयः ॥ २९ ।

प्रणाम एवं दीन और अनाथ लोगों को दान कर ब्रह्मचर्य्यादिक नियमों से तीर्थ-विधि का साधन कर, बारम्बार विश्वेश्वर का दर्शन स्तोत्र-पाठ एवं प्रणाम करके वे सब (देवता) लोग परोपकार के लिए वहाँ गये, जहाँ पर अगस्त्य मुनि अपने नामानुसार (अगस्तीश्वर) शिवलिंग की स्थापना कर और उसके आगे (अगस्त्य) कुण्ड बनाकर दृढ़-चित्त हो शतरुद्रीय सूक्त का जप करते हुए विराजमान थे ॥ ६-२८ ।

साक्षात्किं वाडवाग्निर्वा मूर्त्या वै तप्यते तपः ।
स्थाणुवन्निश्चलतरं निर्मलं सन्मनो यथा ।। ३० ।
अथवा सर्वतेजांसि श्रित्वेमां ब्राह्मणीं तनुम् ।
शीलयन्ति परं धाम शान्तं शान्तपदाप्तये ।। ३१ ।
तपनस्तप्यतेऽत्यर्थं दहनोऽपि हि दह्यते ।
यत्तीव्रतपसाद्यापि चपलाऽचपलाऽभवत् ।। ३२ ।
यस्याश्रमेऽत्र दृश्यन्ते हिंस्रा अपि समन्ततः ।
सत्त्वरूपा अमी सत्त्वास्त्यक्त्वा वैरं स्वभावजम् ।। ३३ ।
शुण्डादण्डेन करटिः सिंहं कण्डूयतेऽभयः ।
अष्टापदाङ्के स्वपिति केसरी केसरोद्भटः ।। ३४ ।

आगाम्यर्धत्रिशच्छ्लोकस्थितेति शब्दपरामृष्टं कर्माहुः । साक्षादित्यादि । तत्र त्रयेण मुनेरुत्प्रेक्षा । अवशिष्टेनाश्रमपशुपक्ष्यादिवर्णनमिति विवेक्तव्यम् । सतां मनः सन्मनः ॥ ३० ।

चपला विद्युत् । 'तडित्सौदामिनीविद्युच्चञ्चलाचपला अपि' इत्यमरः । अचपला स्थिरेति यावत् ॥ ३२ ।

हिंस्राः क्रूराः । सत्त्वरूपाः सात्त्विकाः सत्त्वगुणप्रधाना इत्यर्थः । स्वभावजं साहजिकम् ॥ ३३ ।

करटः प्रशस्तगण्डोऽस्यास्तीति करटिः हस्ती । छान्दसत्वात्साधुत्वम् । 'काकेभगण्डौ करटौ गजगण्डकटीकटौ' इति द्वादशसाहस्री । 'करटो गजगण्डे स्यात् कुसुम्भे निन्द्यजीवने' इति मेदिनीकारः । अष्टापदः शरभः । 'अष्टापदं स्यात्कनके सारीणां

देवता लोग दूर से ही दूसरे सूर्य के समान तथा धधकती अग्नि की ज्वाला की तरह अंगों से उज्ज्वल देखकर यह सोचने लगे कि क्या यह साक्षात् वडवानल मूर्ति धारण कर के तपस्या कर रहा है जो ठूंठे पेड़ की तरह अत्यन्त स्थिर है, जैसे सज्जनों का मन निर्मल होता है ॥ २९-३० ।

अथवा सब तेज इस ब्राह्मण-शरीर का आश्रयण कर शान्तपद (मोक्ष) की प्राप्ति के लिए प्रशान्त परम धाम का ध्यान कर रहे हैं ॥ ३१ ।

अहा ! इनकी तपस्या के तेज से सूर्य भी बड़े सन्तापित और अग्निदेव दग्ध हो रहे हैं; फिर बिचारी विद्युत् ने तो अपनी चपलता ही छोड़ दी है ॥ ३२ ।

यहाँ पर इनके आश्रम के चारों ओर घातक जन्तु भी अपने स्वाभाविक वैर को भूल कर सत्त्वगुण से परिपूर्ण दीखते हैं ॥ ३३ ।

(देखो) हाथी निर्भय होकर अपने सूँड़ से सिंह को खुजला रहा है, और सिंह भी अपने केसरों (अयालों) को फटकार कर शरभ (अष्टापद) की गोद में सो रहा है ॥ ३४ ।

सूकरस्तब्धरोमापि विहाय निजयूथकम् ।
चरेद्वनशुनां मध्ये मुस्तान्यस्तेक्षणो बली ॥ ३५ ।

भूदारोऽपि न भूदारं तथा कुर्याद्यथाऽन्यतः ।
सर्वा लिङ्गमयी काशी यतस्तद्भीतियन्त्रितः ॥ ३६ ।

क्रोडीकृत्य क्रोडपोतं तरक्षुः क्रीडयत्यहो ।
शार्दूलबालानुत्सार्य शार्दूलीमेणपोतकः ॥ ३७ ।

फलकेऽपि च । अष्टापदं च शरभे चन्द्रमण्यां च मर्कटः' इति च विश्वप्रकाशः । तस्याङ्के क्रोडे केसरी सिंहः । 'सिंहो मृगेन्द्रः पञ्चास्यो हर्यक्षः केसरी हरिः' इत्यमरः । कीदृशः केसराद्भटः केसरैः स्कन्धस्थैर्लोमविशेषैः । 'किञ्जल्के केसरः पुष्पपशुरोमविशेषयोः' इति मेदिनीकारः । उद्भट उन्नद्धः ॥ ३४ ।

सूकरो वराहः । स्तब्धरोमेति तस्य विशेणम् । अतिक्रूरतया स्तब्धानि उन्नतानि रोमाणि यस्य स तथाविधोऽपि इत्यतो न पौनरुक्त्यम् । वनश्वानोऽत्र व्याघ्राः अरण्यभवाः श्वान इति वा । मुस्तासु कुरुविल्लेषु । 'कुरुविल्लो मेघनामा मुस्तामुस्तकमस्त्रियाम्' इत्यमरः । मोथा इति प्रसिद्धासु न्यस्ते दत्ते ईक्षके नेत्रे येन स तथा ॥ ३५ ।

भूदार इति सार्धम् । भुवं पृथ्वीं दारयतीति भूदारः, सूकरः, तथाविधोऽपि । यथान्यत्र भूविदारं करोति, तथात्र न करोतीत्यर्थः । तत्र हेतुमाह । सर्वा लिङ्गमयीति ॥ ३६ ।

क्रोडपोतं सूकरशावकम् । 'वराहः सूकरो घृष्टिः कोलः पोत्री किरिः किटिः । दंष्ट्री घोणी स्तब्धरोमा क्रोडो भूदार इत्यपि' इत्यमरः । तरक्षुर्मृगादनः । तरक्षुस्तु मृगादन इत्यमरः । शार्दूलबालान् व्याघ्रशावकान् उत्सार्य दूरीकृत्य शार्दूलीं व्याघ्रीं एणपोतको हरिणबालकः । दयायां कः ॥ ३७ ।

खड़े रोम वाला शूकर बलवान् होने पर भी मोथा घास की ओर ताकता हुआ अपने यूथ को छोड़कर बनैले कुत्तों के बीच में विचरण कर रहा है ॥ ३५ ।

वह भूदार होने पर भी वहाँ की भूमि को, जैसा कि और स्थानों में खोदता है, नहीं खोद रहा है; क्योंकि काशी की सब भूमि लिङ्गरूप है । बस इसी भय से वह जकड़ा हुआ है ॥ ३६ ।

तेन्दुआ सूकर के बच्चों को गोद में लेकर खिला रहा है । (वह) हरिण का बच्चा बाघ के बच्चों को हटाकर पूँछ हिला-हिला कर अपने फेनैले मुँह से बाघिन का दूध पी रहा है । (वानर) अपनी अँगुलियों से बीन-बीन कर बड़े रोओं वाले सोते हुए भालू के जूओं को देख-देखकर दाँत के अग्रभाग से खा रहा है । ये सब लालमुख और काले

चलत्पुच्छोऽथ पिबति फेनिलेनाननेन वै ।
स्वपन्तं लोमशं भल्लं वानरश्चलदङ्गुलिः ॥ ३८ ।
यूकां संवीक्ष्य वीक्ष्यैव भक्षयेद्दन्तकोटिभिः ।
गोलाङ्गूलारक्तमुखा नीलाङ्गा यूथनायकाः ॥ ३९ ।
जातिस्वभावमात्सर्यं त्यक्त्वैकत्र रमन्ति च ।
शशाः क्रीडन्ति च वृकैस्तैः पृष्ठलुण्ठनैर्मुहुः ॥ ४० ।
आखुश्चाखुभुजः कर्णं कण्डूयेत चलाननः ।
मयूरपुच्छपुटगो निद्रात्योतुः सुखाधिकम् ॥ ४१ ।

चलत्पुच्छं यस्य स तथा। पिबति पय इति शेषः। पिबतिरत्र द्विकर्मकः। लक्षणया वा शार्दूल्याः स्तनं पिबतीत्यर्थः। फेनिलेन फेनयुक्तेन। स्वपन्तं शयानं भल्लुं ऋक्षम्। 'अथ भल्लुके ऋक्षाच्छभल्लभल्लूकाः' इत्यमरः॥ कथम्भूतम्? लोमशं बहुलोमयुक्तम्॥ ३८।

यूका लिक्षाः। 'यूका लिक्षा कीटभेदा लाक्षा तु स्याद्रुमामये' इति मालती। समुपसर्गस्य वीक्ष्येत्यनेनाग्रेऽपि सम्बन्धः। दन्तकोटिभिर्दन्ताग्रैर्भक्षयेत्। अत्र साहजिकवैराभावस्य विवक्षितत्वाद्यूकाभक्षणं न दोषावहम्। यद्वा मृतानामेव यूकानां भक्षणमत्र विवक्षितम्। अत एव संवीक्ष्य वीक्ष्येत्युक्तम्। अथवा लक्षणयाङ्गुलीभिर्विचार्य संवीक्ष्य दन्तकोटिभिर्दूरीकरोतीत्यर्थः। अथवा वानरजातिस्वभावत्वाद् भक्षयेदिवेत्यर्थः। गोलाङ्गूलाः कपिविशेषास्तेषां विशेषणं रक्तमुखाः, नीलाङ्गा इति च स्वतन्त्रा वा॥ ३९।

शशा मृगविशेषाः। तैः प्रसिद्धैः। ते इति पाठेऽपि स एवार्थः। पृष्ठलुण्ठनैः पृष्ठसंघर्षणैः॥ ४०।

आखुभुजो मार्जारस्य। ओतुर्बिडालः। 'ओतुर्बिडालो मार्जारो वृषदंशक-आखुभुग्' इत्यमरः॥ ४१।

देह वाले पोंछ के यूथनायक लंगूर-जाति सुलभ अपनी स्वाभाविक मत्सरता को त्याग कर एक ही स्थान पर क्रीड़ा कर रहे हैं। शशकगण (खरहे) हुंडारों (भेड़िये) की पीठ पर बार-बार लोट कर खेल रहे हैं॥ ३७-४०।

चूहा भी मुंह हिलाता हुआ बिलार के कानों को खुजला रहा है। (फिर) बिड़ाल भी मोर की पूंछ के पुट में बड़े सुख से सो रहा है॥ ४१।

स्वकण्ठं घर्षयत्येव केकिकण्ठे भुजङ्गमः ।
भुजङ्गमफटापृष्ठे नकुलः स्वकुलोचितम् ।। ४२ ।
वैरं परित्यज्य लुठेदुत्प्लुत्योत्प्लुत्य लीलया ।
आलोक्य मूषकं सर्पश्चरन्तं वदनाग्रतः ।। ४३ ।
क्षुधान्धोऽपि न गृह्णाति सोऽपि तस्माद्बिभेति नो ।
प्रसूयमानां हरिणीं दृष्ट्वा कारुण्यपूर्णदृक् ।। ४४ ।
तद्दृष्टिपातं मुञ्चन् वै व्याघ्रो दूरं व्रजत्यहो ।
व्याघ्री व्याघ्रस्य चरितं मृगी मृगविचेष्टितम् ।
उभे कथयतोऽन्योन्यं सख्याविव मुदान्विते ।। ४५ ।
दृष्ट्वाप्युद्दण्डकोदण्डं शबरं शम्बरो मृगः ।
धृष्टो न वर्त्म त्यजपि सोऽपि कण्डूयतेऽपि तम् ।। ४६ ।

केकिकण्ठे मयूरग्रीवायाम् । फटा फणा । फटायान्तु फणाद्वयोरित्यमरः ।। ४२ ।।

लुठेत् क्रीडेत् । उत्प्लुत्योत्प्लुत्य उत्फाल्योत्फाल्य । लीलयाऽवज्ञया भयमगणित्वेति यावत् ।। ४३ ।।

क्षुधा बुभुक्षयार्त्तः पीडित इति यावत् । क्षुधान्ध इति पाठेऽपि स एवार्थः । कारुण्यपूर्णदृक् करुणाव्याप्तज्ञानः ।।४४। अहो इत्याश्चर्ये हर्षे वा ।।४५।

उद्दण्डकोदण्डं स्यूर्जितचापम् । 'अथास्त्रियौ धनुश्चापौ धन्वशराशनकोदण्ड-कार्मुकम्' इत्यमरः । शबरं भिल्लम् । शम्बरो नाम्ना । धृष्टो दृप्तो निर्लज्जो वा । सः शबरो मृगादनोऽपीत्यर्थः ।।४६।

वह साँप मोर के गले पर अपना गला रगड़ रहा है। नेउर भी अपने कुलोचित (सनातन) बैर को भुलाकर सर्प के फन पर खेल से उछल-कूदकर लोट रहा है। सर्प भी क्षुधान्ध होकर मुख के आगे घूमते हुए चूहे को देखने पर भी नहीं पकड़ता है और वह चूहा भी उससे कुछ नहीं डरता है। प्रसव करती हुई हरिनी को देखकर बाघ दया-दृष्टि से उसके दृष्टिपथ को, छोड़ता हुआ दूर चला जा रहा है। अहा ! बाघिन तो बाघ के चरित्र को और मृगी मृग की चेष्टा को परस्पर सखियों की भाँति दोनों प्रसन्नतापूर्वक कह रहीं हैं ।। ४२-४५ ।

ढीठ शंबर मृग बहुत बड़े धनुष को लिए हुए शबर (व्याध) को देखकर भी मार्ग से नहीं हटता और वह व्याध भी उसका स्पर्श कर रहा है ।। ४६ ।

रोहितोऽरण्यमहिषमुद्घर्षति निराकुलः ।
चमरी शबरी केशैः संमिमीते स्वबालधिम् ॥ ४७ ।
गवयः शल्यकश्चायमुभावेकत्र तिष्ठतः ।
तीव्रमात्सर्यमुत्सृज्य मुनितेजो नियन्त्रितौ ॥ ४८ ।
हुण्डौ च मुण्डयुद्धाय न सज्जेते जयैषिणौ ।
एणशावं शृगालोऽपि मृदु स्पृशति पाणिना ॥ ४९ ।

रोहितो मृगगावान्तरजातिभेदः । 'कृष्णसाररुरुन्यङ्कुरङ्कुशम्बररोहिषाः । गोकर्णपृषतैणर्ष्यरोहिताश्चमरो मृगाः' इत्यमरः। उद्घर्षति संस्पृशति संलुण्ठति, न गणयतीत्यर्थः। उद्घर्षतीति पाठः। निराकुलो निश्शङ्कः। चमरी चमरस्य मृगविशेषस्य पत्नी। शबरी शबराङ्गना चाण्डलविशेषस्त्री। 'भेदाः किरातशबरपुलिन्दाम्लेच्छजातयः' इत्यमरः। तस्याः केशैः स्वबालधिं, स्वीयबालहस्तम्। केशवल्लाङ्गूलमिति यावत्। 'बालहस्तस्तु बालधिः' इत्यमरः। संमिमीते परिमिनोति ॥४७॥

गवयो मृगविशेषः। 'गन्धर्वः शरभो रामः सृमरो गवयः शशः। इत्यादयो मृगेन्द्राद्याः' इत्यमरः। शल्यकः श्वावित्। शल्य एव शल्यकः। स्वार्थे कः। 'श्वावित्तु शल्यः' इत्यमरः ॥४८॥

हुमिति शब्दं कृत्वा युद्धाय डीयेते इति **हुण्डौ मेषौ**, तौ मुण्डयुद्धाय न सज्जेते, न प्रवर्त्तेते। यद्वा हुण्डौ तीक्ष्णोद्यमौ जन्तुविशेषौ। 'हुण्डस्तीक्ष्णोद्यमो हुण्डा वह्निघोषे तु कीर्त्तिताः' इति **रत्नमाला**। यद्वा हुण्डौ मदपूर्णौ मल्लौ। 'हुण्डा स्याज्जलहस्तिन्यां मदिराजलहस्तयोः। नलिन्यां शूरयोषायां हुण्डः स्यान्मदनिर्भरः' इति **विश्वप्रकाशः**। 'मल्लयोर्मुण्डयुद्धन्तु शिरः शीर्ष्णोरसोरसौ' इति **भागवते** प्रसिद्धम्। हुण्डौ हुण्डाराविति केचित्। जयैषिणौ जयकाङ्क्षिणौ। मृदु यथा स्यात् ॥४९॥

रोहित मृग निराकुल होकर बनैले भैंसे से टकरा रहा है। फिर वह चमरी मृगी (सुरहागाय) शबरी की चोरी से अपनी पूँछ का मिलान कर रही है ॥ ४७ ।

(देखो) गवयमृग (गवा) और साही दोनों ही अपने बहुत बड़े डाह को छोड़, मुनिराज के तेज से बद्ध होकर एक ही स्थान पर बैठे हुए हैं ॥ ४८ ॥

मेढ़े (हुंडार) मुंड-युद्ध में जीत चाहते हुए भी सुसज्जित नहीं होते हैं। सियार भी हरिण के बच्चे को हाथ से धीरे-धीरे सहला रहा है ॥ ४९ ॥

तृण्वन्ति तृणगुल्मादीन् श्वापदास्त्वापदास्पदम् ।
लोकद्वये दुःखदं हि धिक् तन्मांसस्य भक्षणम् ।। ५० ।
यः स्वार्थं मांसपचनं कुरुते पापमोहितः ।
यावन्त्यस्य तु रोमाणि तावत् स नरके वसेत् ।। ५१ ।
परप्राणैस्तु ये प्राणान् स्वान् पुष्णन्ति हि दुर्धियः ।
आकल्पं नरकान् भुक्त्वा ते भुज्यन्तेऽत्र तैः पुनः ।। ५२ ।
जातु मांसं न भोक्तव्यं प्राणैः कण्ठगतैरपि ।
भोक्तव्यं तर्हि भोक्तव्यं स्वमांसं नेतरस्य च ।। ५३ ।

तृण्वन्ति भक्षयन्ति । तृणु अदने इति धातुः । तृणगुल्मादीन् तृणानि च गुल्मानि च तान्यादीनि येषां तान् । श्वापदा व्याघ्रादयः । शुनामापदो येभ्यस्ते श्वापदा इति व्युत्पत्तिपुरस्कारेण पुंसिश्वापदसर्पयोरित्यादिदर्शनाददन्तत्वेन निपातनात् । [1]पाठान्तरे सुष्ठु आपद् येभ्यः, ते तथा इति व्याख्येयम् । किमिति मांसभक्षणं विहाय तृणादीनदन्ति तत्राह । आपदास्पदम्, आपदाम् आस्पदं स्थानम् । कुतो यतो लोकद्वये दुःखदं यन्मांसस्य भक्षणम्, तद्धिगस्त्वित्यर्थः । आपदां पदमिति क्वचित्पाठः । तत्र पदं स्थानम् ॥५०॥

लोकद्वयदुःखदत्वमेव प्रपञ्चयति । **यः स्वार्थमिति** ॥५१॥

आकल्पं कल्पपर्यन्तम् । कल्पोऽत्र ब्रह्मणो दिनम्, तैरिति । येषां प्राणैर्देहेन्द्रियादिभिः स्वप्राणान् स्वदेहेन्द्रियादीन् ये पुष्णन्ति पालयन्ति, ते अमुत्र तैर्भुज्यन्त इत्यर्थः । तथा च मनुः—

सर्मां स्वादयिता पुत्र यस्य मांसमिहाद्म्यहम् ।
एतन्मांसस्य मांसत्वं प्रवदन्ति मनीषिणः । इति ॥ ५२ ॥

मांस-भोजन को धिक्कार है। वह इस लोक और परलोक में भी दुःखदायक एवं समस्त आपत्तियों का आस्पद है, (बस) इसी विचार से व्याघ्र इत्यादि श्वापद जन्तु भी घास-पात को खा रहे हैं ॥ ५० ॥

जो कोई पाप से मोहित होकर अपने लिये मांस पकाता है, वह उस पशु के देह में जितने रोएँ हैं, उतने ही (वर्ष) नरक में निवास करता है ॥ ५१ ॥

जो दुर्बुद्धि लोग दूसरों के प्राण से अपने प्राण का पोषण करना चाहते हैं, वे सब कल्प भर नरकों को भोग-भोगकर फिर यहीं पर उन (मारे गये जीवों) से खाये जाते हैं ॥ ५२ ॥

प्राण के कण्ठगत होने पर भी कदापि मांस-भोजन नहीं करना चाहिए। यदि खाना ही है, तो अपना ही मांस भक्षण करना उचित है, दूसरे का नहीं ॥ ५३ ॥

१. स्वापदा इत्येवंरूपे ।

वरमेते श्वापदा वै मैत्रावरुणिसेवया ।
येषां न हिंसने बुद्धिर्न तु हिंसापरा नराः ।। ५४ ।
बकोऽपि पल्वले मत्स्यान्नाशनात्यग्रेचरानपि ।
न महान्तोऽप्यमहतो मत्स्या मत्स्यानदन्ति वै ।। ५५ ।
एकतः सर्वमांसानि मत्स्यसांसं तथैकतः ।
स्मृतिः स्मृतेति किन्त्वेभिरतो मत्स्याञ्जहत्यमी ।। ५६ ।
श्येनोऽपि वर्तिकां दृष्ट्वा भवत्येष पराङ्मुखः ।
चित्रमत्रापि मधुपा भ्रमन्ति मलिनाशयाः ।। ५७ ।

वरं श्रेष्ठाः ।।५४।

बकः कङ्वः । पल्वलेऽल्पोदके सरसि । 'वेशन्तः पल्वलं चाल्पसरः' इत्यमरः । अमहतोऽणीयसः ।।५५।

एभिर्बकादिभिः । किं स्मृतेति विमर्शः । तत्र स्मृतैवेति निश्चित्य तत्र हेतुमाह । अत इति । यतो मत्स्यान् जहति, अतः स्मृतिः स्मृतैवेत्यर्थः। अथवा किं स्मृतेति काकूक्त्या स्मृतैवेति । अतोऽतः कारणाद् मत्स्यान् जहति त्यजन्तीति ।।५६।

श्येनः पत्री । 'पत्री श्येनः' इत्यमरः । वर्तिकां वर्तकाख्यं पक्षिविशेषं वनचटकामिनि यावत् । नाववाण्टयीति गौडे प्रसिद्धम् । 'वर्तका वर्तिकादयः' इत्यमरः । चित्रमित्यर्धमुत्तरश्लोकान्वयि ।।५७।

मित्रावरुणि के पुत्र अगस्त्य जी के सेवन से ये सब श्वापद ही बहुत अच्छे हैं; क्योंकि इनकी बुद्धि हिंसा करने से विमुख हो गयी है; न कि वे मनुष्य, जो हिंसा ही में लगे रहते हैं ।। ५४ ।।

बकुला भी गड़हे में सामने ही घूमती हुई मछलियों को नहीं खाता है और न तो बड़े-बड़े मच्छ ही छोटी-छोटी मछलियों को खाते हैं ।। ५५ ।।

"एक ओर सब जीवों के मांस और दूसरी ओर मत्स्य का मांस" यह बात जो धर्मशास्त्र में कही गयी है, वह इन सब बकुलों को स्मरण है, इससे वे मछलियों का खाना छोड़ दिये हैं ।। ५६ ।।

वह बाज पक्षी भी बटेर को देखकर पराङ्मुख हो बैठा है, पर बड़ा आश्चर्य तो यह है कि यहाँ पर भी मलिन आशय वाले मधुप (भौंरे) लोग भ्रमण कर रहे हैं ।। ५७ ।।

सुचिरं नरकान् भुक्त्वा मदिरापानलम्पटाः ।
मधुपा एव जायन्ते भ्रान्तिभाजः पुनः पुनः ॥ ५८ ।
अत एव पुराणेषु गाथेति परिगीयते ।
स्फुटार्थात्र पुराणज्ञैर्ज्ञात्वा तत्त्वं पिनाकिनः ॥ ५९ ।
क्व मांसं क्व शिवे भक्तिः क्व मद्यं क्व शिवार्चनम् ।
मद्यमांसरतानां च दूरे तिष्ठति शङ्करः ॥ ६० ।
विना शिवप्रसादं हि भ्रान्तिः क्वापि न नश्यति ।
अत एव भ्रमन्त्येते भ्रमराः शिववर्जिताः ॥ ६१ ।

सुचिरमिति । सुचिरं नरकान् भुक्त्वाऽत्रापि काश्यामपि मलिनाशया मलिनान्तःकरणाः सन्तो भ्रमन्ति, अहो एतच्चित्रमिति । तत्र हेतुमाह **मदिरेति** । मद्यपानासक्ता अभीक्ष्णमज्ञानमाश्रयन्तो मधुपा एव भवन्तीत्यर्थः । वमन्ति मधुनासयेति क्वचित्पाठस्तदायमर्थः । नरकजन्यं दुःखमस्माकमितःपरं मा स्यादिति खेदेन पीतमपि मधुनासया नासारन्ध्रेण वमन्ति, त्यजन्तीति । अन्यत्पूर्ववत् ॥५८॥

हेतुमेव साधयन्ते । **अत एवेति** । पुराणज्ञैः पुराणो विश्वेशः, तज्ज्ञैरिति वक्ष्यमाणा गाथा पद्यं परिगीयते इत्यन्वयः । स्फुटार्था स्पष्टार्था । विश्वेश्वरस्वरूपज्ञतामेवाहुः । **ज्ञात्वेति** । प्राकृतं व्याख्यानं स्पष्टम् ॥५९॥

गाथामेव पठति । **क्व मांसमिति** । हृदि स्थितोऽपीति शेषः ॥६०॥

विनेति । प्रसादो नाम मामयं जानात्वित्येवंरूपोऽनुग्रहः । शिववर्जिताः शिवतत्त्वज्ञानरहिताः ॥६१॥

जो लोग मदिरा-पान-लम्पट (आदती) होते हैं, वे सब बहुत दिनों तक नरक भोगकर वारम्वार भ्रान्तिशील मधुप ही होते रहते हैं ॥ ५८ ॥

इसीलिए सभी पुराणों में यह गाथा (कहावत) कही जाती है, जिसे पुराण के पण्डितों ने महादेव का तत्त्व विचार कर स्पष्टार्थ कर दिया है कि कहाँ मांस-भोजन और कहाँ शिव में भक्ति ? कहाँ मद्यपान और कहाँ शिव का पूजन ? (क्योंकि) महादेव तो मद्य-मांस के सेवन करनेवालों से दूर ही रहते हैं ॥ ५९-६० ॥

महादेव के प्रसाद विना किसी प्रकार से भ्रान्ति नष्ट नहीं हो सकती, इसी कारण से ये सब भौंरे शिव के तत्त्वज्ञान से शून्य होकर घूम रहे हैं ॥ ६१ ॥

इत्याश्रमचरान् दृष्ट्वा तिर्यञ्चोऽपि मुनीनिव ।
अबोधि विबुधैरित्थं प्रभावः क्षेत्रजस्त्वयम् ॥ ६२ ।
यतो विश्वेश्वरेणैते तिर्यञ्चोऽप्यत्र वासिनः ।
निधनावसरे मोच्यास्तारकस्योपदेशतः ॥ ६३ ।
ज्ञात्वा क्षेत्रस्य माहात्म्यं यो वसेत् कृतनिश्चयः ।
तं तारयति विश्वेशो जीवन्तमथवा मृतम् ॥ ६४ ।
अविमुक्तरहस्यज्ञा मुच्यन्ते ज्ञानिनो नराः ।
अज्ञानिनोऽपि तिर्यञ्चो मुच्यन्ते गतकिल्बिषाः[1] ॥ ६५
इत्याश्चर्यपरा देवा यावद्यान्त्याश्रमं मुनेः ।
तावत् पक्षिकुलं दृष्ट्वा भृशं मुमुदिरे पुनः ॥ ६६ ।

तिरोऽञ्चतीति तिर्यञ्चः । द्वितीयास्थाने प्रथमा । पश्वादीनित्यर्थः । तिरश्च इति वा पाठः । अबोधि ज्ञातः । तुरेवार्थे । अयं प्रभावः क्षेत्रज एव ॥६२।

ज्ञात्वेति । एवार्थेन तुशब्देन तारयतीत्यनेन सम्बन्धः । तारयत्येवेत्यर्थः ॥६४।

अविमुक्तेति । तिर्यञ्चोऽप्येते मुच्यन्त एवेत्यर्थः ॥६५।

पक्षिकुलं पक्षिसमूहम् ॥६६।

इस भ्रान्ति से आश्रमवासी पशु-पक्षियों को मुनियों के समान देखकर, देवताओं ने समझ लिया कि यह क्षेत्र-जनित प्रभाव है ॥ ६२ ॥

(क्योंकि) यहाँ के रहनेवाले पशु-पक्षी इत्यादि जीवों को भी मरण के अवसर पर भगवान् विश्वेश्वर तारकमन्त्र के उपदेश से मुक्त कर देते हैं ॥ ६३ ॥

जो कोई क्षेत्र की महिमा को समझ कर दृढ़ संकल्प होकर यहाँ पर निवास करता है, भगवान् विश्वेश्वर उसे जीते ही अथवा मृत होने पर तार देते हैं ॥ ६४ ॥

ज्ञानी मनुष्य अविमुक्त क्षेत्र के रहस्य को जान लेने पर जैसे मुक्त होते हैं; तिर्यग्-योनि वाले जीव लोग भी काशी के माहात्म्य को विना जाने ही यहाँ पर शरीर-त्याग करने से निष्पाप होकर वैसी ही मुक्ति को प्राप्त कर लेते हैं ॥ ६५ ॥

देवता लोग इस प्रकार से आश्चर्यान्वित होते हुए अगस्त्य-मुनि के आश्रम पर जबतक पहुँचे, इसी बीच पक्षिगण को देख कर मुनिवर बहुत ही प्रसन्न हुए (देखे कि)

---

१. ते त्वकल्मषा इत्यपि पाठः ।

सारसो लक्ष्मणाकण्ठे कण्ठमाधाय निश्चलः ।
मन्यामहे न निद्राति ध्यायेद्विश्वेश्वरं किल ।। ६७ ।
कण्डूयमाना वरटा स्वचञ्चुपुटकोटिभिः ।
हंसं कामयमानन्तु वारयेत् पक्षधूननैः ।। ६८ ।
निरुध्यमाना चक्रेण चक्री क्रेङ्कितभाषणैः ।
वदतीति किमत्रापि कामिता कामिनां वर ! ।। ६९ ।
कलकण्ठः किलोत्कण्ठं मञ्जु गुञ्जति कुञ्जगः ।
ध्यानस्थः श्रोष्यति मुनिः पारावत्येति वार्यते ।। ७० ।

सारसः पुष्कराह्वः । 'पुष्कराह्वस्तु सारसः' इत्यमरः । लक्ष्मणाकण्ठे योषिद्ग्रीवायाम् । मन्यामह इति देवानामुक्तिः । उत्तरत्राप्येतस्य यथासम्भवं सम्बन्धो ज्ञेयः ।।६७।

वरटा हंसस्य भार्या । 'हंसस्य योषिद्वरटा सारसस्य तु लक्ष्मणा' इत्यमरः । स्वचञ्चुपुटकोटिभिः, स्वस्य चञ्चुः स्वत्रोटिरित्यर्थः । 'चञ्चुस्त्रोटिरुभे स्त्रियाम्' इत्यमरः । तस्य पुटं युगलम्, तस्य कोटिभिरग्रभागैः । चञ्चुपुटस्य द्वित्वेऽपि तदग्रावयवानां बहुत्वाद् बहुवचनम् । कण्डूयमाना कण्डूतिं कुर्वाणा हंसं कामयमानं प्रार्थयन्तं पक्षधूननैः पक्षयोश्चलनैर्वारयेदित्यर्थः ।।६८।

निरुध्यमानेति । चक्रेण चक्रवाकेन । 'कोकश्चक्रश्चक्रवाको रथाङ्गाह्वयनामकः' इत्यमरः । क्रेङ्कितभाषणैश्चक्रवाकजातिशब्दैश्चक्री चक्रवाकी रत्यर्थं निरुध्यमाना व्रियमाणा सती हे कामिनां वर श्रेष्ठेति सोपहासोक्तिः । अत्रापि आनन्दकानने, तत्राप्यन्तर्गृहे, तत्राप्यगस्त्यस्याश्रम इत्यपिशब्दार्थः । कामिता कामभाव इति वक्तीत्यर्थः ।।६९।

कलकण्ठ इति । कलो मधुरध्वनिः कण्ठो यस्याऽसौ कलकण्ठः, कलरवः पारावत इति यावत् । उत्कण्ठमूर्ध्वग्रीवं मञ्जु मनोहरं यथा भवति, तथा कुञ्जगोलतादिपिहितोदरस्थः सन् गुञ्जति, अव्यक्तं शब्दं करोति, सपारावत्या पारावतपत्न्या वार्यते । गुञ्जन्निकुञ्जग इति क्वचित्पाठः । किलेत्युत्प्रेक्षायाम् । वार्यत इव । इति निश्चिते प्रसिद्धे वा । कैः पक्षधूननैरित्यनुषञ्जनीयम् । किमिति वार्यते ? तत्राह—ध्यानस्थो मुनिरगस्त्यः श्रोष्यतीति हेतोरित्यर्थः ।।७०।

सारस-पक्षी सारसी के गले पर गला रखकर ऐसा निश्चल हो गया है, जैसे जान पड़ता है कि सोता नहीं, वरन् विश्वनाथ का ध्यान कर रहा है ।। ६६-६७ ।।

हंसी अपने चोंच के अग्रभाग से खुजला कर कामाभिलाषी हंस को पक्षों के फटकार से निवारण कर (फटकार बता) रही है ।। ६८ ।।

चकई चकवा द्वारा छेंक लेने पर मानों अपनी झंक्रितभाषा में कह रही है कि, "हे कामुकश्रेष्ठ ! क्या यहाँ भी काम-वासना लगी ही है ?" ।। ६९ ।।

कुञ्ज में बैठा हुआ कपोत कंठ उठा कर, मनोहर गूँज रहा है, पर कपोती (ध्यान स्थित मुनि सुन लेंगे) बस इसी कारण से निवारण कर रही है ।। ७० ।।

केकी केकां परित्यज्य मौनं तिष्ठति तद्भयात् ।
चकोरश्चन्द्रिकाभोक्ता नक्तव्रतमिवास्थितः ॥ ७१ ॥
पठन्ती सारिका सारं शुकं सम्बोधयत्यहो ।
अपारावारसंसारसिन्धुपारप्रदः शिवः ॥ ७२ ॥
कोकिलः कोमलालापैः कलयन् किल काकलीम् ।
कलिकालौ कलयतः काशिस्थान्नेति भाषते ॥ ७३ ॥

केकी मयूरः । 'मयूरो बर्हिणो बर्ही नीलकण्ठो भुजङ्गभुक् । शिखाबलः शिखी केकी मेघनादानुलास्यपि' इत्यमरः । केकां मयूरध्वनिम् । तद्भयादगस्त्यभयात् । चकोरः पक्षिविशेषः ।'तेषां विशेषा हारीतो मद्गुः कारण्डवः प्लवः । तित्तिरिः कुक्कुभो लावो जीवं जीवश्चकोरकः' इत्यमरः । चन्द्रिका कौमुदी । 'चन्द्रिकाकौमुदीज्योत्स्ना' इत्यमरः । नक्तव्रतं रात्रिभोजनम् ॥७१॥

पठन्तीति । सारिका पक्षिविशेषः शालिक इति प्रसिद्धः । सारं परमार्थं पठन्ती शुकं कीरम् । कीरशुकौ समावित्यमरः । सम्बोधयति । किं तत्सारं कथं वा सम्बोधयति, तत्राह । अहो इति । अहो हे शुक, 'अपारावारसंसारसिन्धुपारप्रदः शिवः' इति । पारं परतीरम्, अवारमर्वाचीनं तीरम् । पारावारे परार्वाचीतीरे इति वचनात् । न विद्येते पारावारे यस्यासावपारावारः, स चासौ संसार एव सिन्धुः समुद्रः । 'देशे नदविशेषेऽब्धौ सिन्धुर्ना सरिति स्त्रियाम्' इत्यमरः । तस्य पारं समाप्तिं प्रददातीति, स तथा । यद्वा अपारावारः संसारसमुद्रो येषाम्, तान् जीवान् पारयति मुक्तिप्रदानात् समाप्तकर्मणः करोतीति । यद्वा पारतीरसमाप्ताविति चौरादिकात् पारधातोरपारावारसंसारपारः परमात्मा, तं प्रददातीति तथा । आत्मप्रदः शिव इति सारम्, भो शुक, इति सम्बोधयति इत्यर्थः । अपारपारेति क्वचित्पाठः । तत्र अनन्तपार इत्यर्थः ॥७२॥

कोकिल इति । कोकिलो वनप्रियः । 'वनप्रियः परभृतः कोकिलः पिकः' इत्यपीत्यमरः । काकलीं सूक्ष्मध्वनिं मधुरध्वनिं वा । 'काकली तु कले सूक्ष्मे ध्वनौ तु मधुरास्फुटा' इत्यमरः । कलयन्नुच्चारयन् । कलिकालौ कलिश्च कालश्च, तौ काशीस्थान्न कलयतः, न मारयत इति वदतीत्यर्थः ॥७३॥

मयूर भी उसी (ध्यानभंग के भय से) अपना कूकना छोड़कर चुप ही बैठा है और चकोर तो चन्द्रिका-भोजी होकर भी मानो नक्तव्रत कर रहा है ॥ ७१ ॥

अहो ! सारिका (मैना) भी इसी सार-वचन को पढ़ती हुई सुग्गे को समझा रही है कि "जिस संसार-सागर का पारावार नहीं है, उसके पार उतारने वाले (एक) महादेव ही हैं" ॥ ७२ ॥

कोकिल भी कुहूकता हुआ अपने आलापों से यही कह रहा है कि, "कलि और काल काशीवासियों का कुछ भी नहीं बिगाड़ सकते" ॥ ७३ ॥

मृगाणां पक्षिणामित्थं दृष्ट्वा चेष्टां त्रिविष्टपम् ।
अकाण्डपातसङ्कष्टं निनिन्दुस्त्रिदशा बहु ॥ ७४ ।
वरमेते पक्षिमृगाः पशवः काशिवासिनः ।
येषां न पुनरावृत्तिर्न देवा न पुनर्भवाः ॥ ७५ ।
काशीस्थैः पतितैस्तुल्या न वयं स्वर्गिणः क्वचित् ।
काश्यां पाताद् भयं नास्ति स्वर्गे पाताद्भयं महत् ॥ ७६ ।
वरं काशीपुरीवासो मासोपवसनादिभिः ।
विचित्रच्छत्रसञ्छायं राज्यं नान्यत्र नीरिपुः ॥ ७७ ।

मृगाणामिति । अकाण्डपातसंकष्टम्, अकाण्डेऽनवसरे हिरण्यकशिपुप्रमुखैः पाताद् भ्रंशात् सम्यक् कष्टं दुःखं यस्मिन् तत्तथा । बहु यथा भवति तथा ॥७४॥

वरमिति । वरं श्रेष्ठा इत्यर्थः । ननु भवन्तोऽप्यमरत्वात् पुनरावृत्य भावेन श्रेष्ठा एवेति स्वयमाशङ्क्य स्वयमेव निराकुर्वन्ति । न देवा न पुनर्भवा इति । देवा वयं पुनर्भवाः पुनर्भवो जन्म येषाम्, पुनर्भवन्ति इति वा पुनर्भवा इति न; अपि तु पुनर्भवा एव '**द्वौ नञौ प्रकृतार्थं गमयतः**' इति न्यायात् । अमरत्वादिश्रवणं त्वापेक्षिकम्; अतो वयं तुच्छा एवेत्यर्थः । यद्वा देवा वयं न इति प्रथमनकारेण सम्बन्धमारचय्य पश्चाद्धेत्वन्वेषणायां न न पुनर्भवा इति सम्बन्धनीयम् । न देवा ये पुनर्भवा इति पाठस्त्वतिरोहितार्थः, स पुनर्भवा इति च ॥७५॥

नीरिपुः । निर्गता रिपवो यस्माद्यस्मिन्निति वा तद्राज्यं तथा ॥७७॥

देवता लोग (वहाँ के) पशु-पक्षियों की भी ऐसी चेष्टा देखकर असमय च्युत होने के संकट से भरे हुए स्वर्ग की बड़ी निन्दा करने लगे ॥ ७४ ॥

देवताओं की अपेक्षा ये सब काशीवासी पशु-पक्षी-मृग और मृगगण बहुत अच्छे हैं; क्योंकि इनका पुनर्जन्म नहीं होता, पर देवताओं को तो पुनर्जन्म का दुःख भोगना ही पड़ता है ॥ ७५ ॥

हम लोग स्वर्गवासी होने पर भी काशीवासी पतितों की बराबरी कभी नहीं कर सकते, कारण, काशी में पतन होने का भय नहीं है; पर स्वर्ग में पतन का बड़ा डर बना रहता है ॥ ७६ ॥

दूसरे स्थान पर विचित्र छत्र की छाया में निष्कंटक राज्य भोग करने से काशीपुरी में मासभर उपवास करके भी रहना पड़े, तो बहुत उत्तम है ॥ ७७ ॥

शशकैर्मशकैः काश्यां यत्पदं हेलयाप्यते।
तत्पदं नाप्यतेऽन्यत्र योगयुक्त्यापि योगिभिः ॥ ७८ ॥
वरं वाराणसी रङ्को निश्शङ्को यो यमादपि।
न वयं त्रिदशां येषां गिरितोऽपीदृशी दशा ॥ ७९ ॥
ब्रह्मणो दिवसाष्टांशे पदमैन्द्रं विनश्यति।
सलोकपालं सार्कञ्च सचन्द्रग्रहतारकम् ॥ ८० ॥
परार्धद्वयनाशेऽपि काशीस्थो यो न नश्यति।
तस्मात्सर्वप्रयत्नेन काश्यां श्रेयः समाचरेत् ॥ ८१ ॥

योगयुक्त्यापि। योगोऽष्टाङ्गादिः। युक्तिर्युजनमनुष्ठानमिति यावत्। योगस्य युक्तिर्योगयुक्तिस्तयापीत्यर्थः ॥७८॥

गिरितो विन्ध्यात्। ईदृशी दशा नाशदशा। यज्ञादेरभावेनाप्यायनाभावादित्यभिप्रायः ॥७९॥

ब्रह्मण इति। ब्रह्मणो हिरण्यगर्भस्य दिवसस्य दिनस्याष्टांशेऽष्टभागे घटिकाचतुष्टये स्थिते सायंकाल इति यावत्। ऐन्द्रं पदं त्रैलोक्यम्। सलोकपालं लोकाश्च तत्पालाश्च, तैः सह वर्तमानम् ॥८०॥

परार्धद्वयेति। परार्धं ब्रह्मणः स्वमानेन पञ्चाशद्वर्षम्। परार्धद्वयं शतवर्षम्, तस्य नाशेऽपि प्राकृतप्रलयेऽपि। अपिः समुच्चयार्थः। यः काशीस्थः सन् विनश्यति। यावज्जीवं कस्याप्युपद्रवस्याभावात्। यथावसरे शरीरपाते च सान्द्रानन्दावबोधब्रह्मत्वेनोपस्थानात्। अत एव विन्ध्योन्नतेः सर्वस्मिन् जगति भयद्रुतेऽपि काशीस्थानां भयद्रवणाद्यभावाद्देवागमनं तीर्थवासार्थिसन्तर्पणं पञ्चरात्रमुषित्वा इत्यादिकं च सर्वं संगच्छत इति पूर्वमेव सकारणमुक्तम्। यत्त्विदानीमन्यथा दृश्यते, तत्प्राणिनां पापोपचयाद्विश्वेशप्रातिकूल्याच्च। तथा चात्रैवोक्तम्—'कलौ विघ्ना भविष्यन्ति काश्यां निवसतां किल', 'ये पापशीलाश्च

(क्योंकि) काशी में शशक किं वा मशक को भी जो पद अनायास ही मिल जाता है, अन्यत्र अष्टाङ्ग योग साधने वाले योगियों को भी वह नहीं प्राप्त होता है ॥ ७८ ॥

काशीवासी रंक भी (हम लोगों से) बहुत अच्छे हैं; क्योंकि वह तो यमराज से निःशंक रहता है, पर हम तो त्रिदश कहला कर भी एक पर्वत के कारण इस दुर्दशा को भोग रहे हैं ॥ ७९ ॥

ब्रह्मा जी के एक प्रहर में, लोकपाल, सूर्य, चन्द्र, ग्रह और ताराओं के सहित इन्द्र का पद विनष्ट हो जाता है ॥ ८० ॥

पर ब्रह्मा के सौ वर्ष बीत जाने पर भी काशीवासी जीव का विनाश नहीं होता, अतएव सब प्रकार के प्रयत्नों को उठाकर काशी में उत्तम कर्म का ही आचरण करे ॥ ८१ ॥

यत्सुखं काशिवासेऽत्र न तद्ब्रह्माण्डमण्डपे ।
अस्ति चेत्तत्कथं सर्वे काशीवासाभिलाषुकाः ॥ ८२ ।
जन्मान्तरसहस्रेषु यत्पुण्यं समुपार्जितम् ।
तत्पुण्यपरिवर्तेन काश्यां वासोऽत्र लभ्यते ॥ ८३ ।
लब्धोऽपि सिद्धिं नो यायाद्यदि क्रुध्येत्त्रिलोचनः ।
तस्माद्विश्वेश्वरं नित्यं शरण्यं शरणं व्रजेत् ॥ ८४ ।
धर्मार्थकाममोक्षाख्यं पुरुषार्थचतुष्टयम् ।
अखण्डं हि यथा काश्यां न तथान्यत्र कुत्रचित् ॥ ८५ ।
आलस्येनापि यो यायाद् गृहाद्विश्वेश्वरालयम् ।
अश्वमेधाधिको धर्मस्तस्य स्याच्च पदे पदे ॥ ८६ ।

शठाश्च मूर्खाः कुर्वन्ति पापान्यविशङ्कमार्ये । तेषामनन्तं भवतीह दुःखमाचन्द्रतारं न हि संशयोऽत्र', 'लब्धोऽपि सिद्धिं नो यायाद्यदि क्रुद्ध्येत्त्रिलोचनः' इत्यादि ॥८१॥

विपक्षे बाधकमाह । **अस्ति चेदिति** । काशीवासाभिलाषुकाः काशीवासाभीप्सवः ॥ ८२ ।

तत्पुण्येति । तच्च तत्पुण्यं चेति तत्पुण्यम्, तस्य परिवर्तेन व्यत्ययेन विनिमयेनेत्यर्थः ॥ ८३ ।

शरणं रक्षितारम् । तं त्यक्त्वा क्वापि न गच्छेदिति भावः ॥ ८४ ॥

अखण्डं समग्रं पूर्णमिति यावत् ॥ ८५ ॥

काशीवास करने में जो सुख यहाँ पर होता है, वह समस्त ब्रह्माण्ड-मण्डप में कहीं भी नहीं है, यदि चेत् कहीं होता तो क्यों सभी लोग काशीवास की अभिलाषा करते ?

कतहुँ न सो ब्रह्माण्ड भरि, जो सुख काशीवास ।
जो होता तो क्यों सबै, चाहत करि करि आस ॥ ८२ ॥

सहस्र जन्म के उपार्जित पुण्यराशि के परिवर्तन (बदले) से इस काशीपुरी में निवास करने को मिलता है ॥ ८३ ।

फिर काशी में वास हो जाने पर भी यदि भगवान् त्रिलोचन अप्रसन्न हो जावें, तो सिद्धि नहीं मिल सकती, अतएव सर्वदेव शरणागत-वत्सल श्रीविश्वेश्वर के शरण में जाकर रहे ॥ ८४ ।

धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष—ये चारों ही पुरुषार्थ पूरे-पूरे जैसे काशी में हैं, वैसे और कहीं भी नहीं मिल सकते ॥ ८५ ॥

आलस्य करके भी जो कोई अपने घर से विश्वनाथ के मन्दिर तक जावे, उसे पद-पद में अश्वमेध यज्ञ से अधिक पुण्य प्राप्त होता है ॥ ८६ ॥

यः स्नात्वोत्तरवाहिन्यां याति विश्वेशदर्शने ।
श्रद्धया परया तस्य श्रेयसोऽन्तो न विद्यते ।। ८७ ।
स्वर्धुनीदर्शनात्स्पर्शात् स्नानादाचमनादपि ।
सन्ध्योपासनतो जप्यात्तर्पणाद्देव पूजनात् ।। ८८ ।
पञ्चतीर्थावलोकाच्च ततो विश्वेश्वरेक्षणात् ।
श्रद्धास्पर्शनपूजाभ्यां धूपदीपादिदानतः ।। ८९ ।
प्रदक्षिणैः स्तोत्रजपैर्नमस्कारैस्तु नर्त्तनैः ।
देव देव महादेव शम्भो शिव शिवेति च ।। ९० ।
धूर्जटे नीलकण्ठेश पिनाकिन् शशिशेखर ।
त्रिशूलपाणे विश्वेश रक्ष रक्षेति भाषणैः ।। ९१ ।

स्वर्धुनीदर्शनादित्यारभ्य पञ्चम्यन्तानां पदानां तृतीयान्तानां च धर्मः स्यादुत्तरोत्तर इत्यग्रिमेण सम्बन्धः ॥८८।

पञ्चतीर्थावलोकनात् । कपालमोचन-पापमोचन-ऋणमोचन-कुलस्तम्भवैतरण्यावलोकनात् । यद्वा वरुणासम्भेदासिसंभेदपञ्चनददशाश्वमेधमणिकर्णिकाऽवलोकनात् । यद्वा आदित्यद्रौपदीविष्णुदण्डपाणिमहेश्वरढुण्ढिविनायकज्ञानवापीनन्दिकेशतारकेशमहाकालेश--पुनर्दण्डपाण्यवलोकनात् । तथा चात्रैव वदिष्यति—

आदित्यं द्रौपदीं विष्णुं दण्डपाणिं महेश्वरम् ।
नमस्कृत्य ततो गच्छेद्द्रष्टुं ढुण्ढिविनायकम् ॥
ज्ञानवापीमुपस्पृश्य नन्दिकेशं ततोऽर्चयेत् ।
तारकेशं ततोऽभ्यर्च्य महाकालेश्वरं ततः ।
पश्येत्पुनर्दण्डपाणिमित्येषा पञ्चतीर्थिका ॥

चकारादन्येषामपि । उत्तरोत्तरमित्येषा पञ्चतीर्थिकेति पारिभाषिकपञ्चतीर्थविधानात् । यद्वा आदित्यादिमहेश्वरान्तमेकम्, ढुण्ढिविनायकमेकम्, ज्ञानवाप्येकम्, नन्दिकेशादित्रयमेकम्, पुनर्दण्डपाणिमेकम्, एवं पञ्चतीर्थिका । चकारादन्येषामपि ॥८९।

पर जो मनुष्य उत्तरवाहिनी गंगा में स्नान कर बड़ी श्रद्धा से विश्वेश्वर के दर्शन को जाता है, उसके पुण्य का अन्त ही नहीं है ॥ ८७ ।

स्वर्धुनी (गंगा) के दर्शन, स्पर्शन, स्नान, आचमन, सन्ध्योपासन, जप, तर्पण, देवपूजन, पञ्चतीर्थ का दर्शन, तदनन्तर विश्वेश्वर का दर्शन, श्रद्धापूर्वक स्पर्शन, पूजन, धूप-दीप इत्यादि के दान, प्रदक्षिणा, स्तोत्रपाठ, जप, नमस्कार, नर्तन, तथा देवदेव ! महादेव ! शम्भो ! शिव ! शिव ! धूर्जटे ! नीलकण्ठ ! ईश ! पिनाकिन् ! शशिशेखर ! त्रिशूलपाणे ! विश्वेश्वर ! रक्षा करो, रक्षा करो—ऐसे कथन, फिर मुक्ति-मण्डप में आधे

मुक्तिमण्डपिकायां च निमेषार्धोपवेशनात् ।
तत्र धर्मकथालापात् पुराणश्रवणादपि ।। ९२ ।
नित्यादिकर्मकरणात्तथाऽतिथिसमर्चनैः ।
परोपकरणाद्यैश्च धर्मः स्यादुत्तरोत्तरः ।। ९३ ।
शुक्लपक्षे यथा चन्द्रः कलया कलयैधते ।
एवं काश्यां निवसतां धर्मराशिः पदे पदे ।। ९४ ।
श्रद्धाबीजो विप्रपादाम्बुसिक्तः
शाखाविद्यास्ताश्चतस्रो दशापि ।
पुष्पाण्यर्था द्वे फले स्थूलसूक्ष्मे
मोक्षः कामो धर्मवृक्षोऽयमीड्यः ।। ९५ ।

उत्तरोत्तर उपर्युपरि श्रेष्ठो वा । 'उपर्युदीच्यश्रेष्ठेष्वप्युत्तरः स्यात्' इत्यमरः । प्रतिदिनं वर्धमान इत्यर्थः ।।९३।

धर्मवृद्धि सदृष्टान्तमाह । **शुक्लपक्ष** इति । पदे पदे क्षणे क्षणे ।।९४।

वृक्षरूपेण धर्मं स्तौति । **श्रद्धेति**। अयं श्रुतिस्मृतिभ्यां प्रतिपादितो धर्मवृक्ष ईड्यः, स्तुत्यः सेव्य इति तावदित्यन्वयः । कथम्भूतः ? श्रद्धाऽऽस्तिक्यबुद्धिर्बीजं यस्य सः । पुनः कथम्भूतः? ब्राह्मणचरणजलैः सिक्तो मीढः क्षरित इति यावत्। पुनः कथम्भूतः? यस्य धर्मवृक्षस्य ताः प्रसिद्धाश्चतस्रो दशचतुर्दशसंख्याकाः शिक्षाकल्पज्योतिश्छन्दोनिरुक्त-व्याकरणऋग्यजुःसामाथर्वमीमांसान्यायपुराणधर्मशास्त्रलक्षणाः, अपिशब्दादायुर्वेदधनुर्वेद-गान्धर्ववेदार्थशास्त्रलक्षणाश्च शाखाः स्कन्धा यस्य सः । तदुक्तं वैष्णवे—

अङ्गानि वेदाश्चत्वारो मीमांसान्यायविस्तरः ।
पुराणं धर्मशास्त्रञ्च विद्या ह्येताश्चतुर्दश ।।
आयुर्वेदो धनुर्वेदो गान्धर्वश्चैव ते त्रयः ।
अर्थशास्त्रं चतुर्थन्तु विद्या ह्यष्टादशैव तु ।।इति।

निमेष भर भी बैठना, तथा वहाँ पर धर्मकथा की चर्चा, पुराण-श्रवण, अन्यान्य नित्य-कर्मों का अनुष्ठान, अतिथि-पूजन एवं परोपकार इत्यादि के करने से उत्तरोत्तर धर्म होता है ।। ८८-९३ ।

जैसे शुक्ल-पक्ष में चन्द्रमा कला-कला बढ़ता है, उसी प्रकार से काशी में रहने वालों की धर्मराशि भी पग-पग में बढ़ा करती है ।। ९४ ।

धर्मरूपी वृक्ष सब लोगों को सेवनीय है। इस धर्म-वृक्ष का बीज श्रद्धा है और वह ब्राह्मणों के चरणोदक से सींचा गया है, इसी की शाखा में चतुर्दश विद्याएँ प्रसिद्ध हैं, इसके पुष्प न्यायपूर्वक उपार्जित धन है एवं इस वृक्ष के स्थूल और सूक्ष्म, काम तथा मोक्ष दोनों ही फल हैं ।। ९५ ।

सर्वार्थनामत्र दात्री भवानी
सर्वान् कामान् पूरयेदत्र ढुण्ढिः।
सर्वान् जन्तून् मोचयेदन्तकाले
विश्वेशोऽत्र श्रोत्रमन्त्रोपदेशात् ॥ ९६ ।
काश्यां धर्मस्तच्चतुष्पादरूपः
काश्यामर्थः सोऽप्यनेकप्रकारः ।
काश्यां कामः सर्वसौख्यैकभूमिः
काश्यां श्रेयस्तत्तु किं नात्र यच्च ॥ ९७ ।
विश्वेश्वरो यत्र न तत्र चित्रं
धर्मार्थकामामृतरूपरूपः ।
स्वरूपरूपः स हि विश्वरूप-
स्तस्मान्न काशीसदृशी त्रिलोकी ॥ ९८ ।

पुनः कीदृशः ? यस्य धर्मवृक्षस्यार्था न्यायोपार्जितधनानि पुष्पाणि कुसुमानि, सः । पुनः कथम्भूतः ? यस्य धर्मवृक्षस्य स्थूलसूक्ष्मे द्वे फले, सः । के ते तत्राह । **मोक्षः काम** इति । सूक्ष्मं फलं मोक्षः, स्थूलं फलं काम इत्यर्थः ॥९५।

ढुण्ढिर्विघ्नाधिराजः । मन्त्रशब्दः प्रणवविषयः, षडक्षररामम[illegible]विषयो वा ॥९६।

काश्यां धर्म इति । स चासौ चतुष्पादरूपश्चेति तथा सम्पूर्ण इत्यर्थः । ते च पादाः सत्यं तपोदयादानमिति । श्रेयः कैवल्यम् ॥९७।

नैतच्चित्रमित्याह । **विश्वेश्वर** इति । धर्मश्चार्थश्च कामश्चामृतं कैवल्यं च तानि तथा तद्रूपेषु तेष्वस्ति भाति प्रियत्वेन रूप स्वरूपं यस्य सः । तदुक्तम्—

अस्ति भाति प्रियं रूपं नाम चेत्यर्थपञ्चकम् ।
आद्यं त्रयं ब्रह्मरूपं जगद्रूपं ततो द्वयम् ॥ इति ।

इस काशीधाम में सब अर्थों को पूर्ण करनेवाली भवानी श्री अन्नपूर्णा हैं। समस्त कामनाओं को सिद्ध करनेवाले ढुण्ढिराज गणेश हैं एवं भगवान् विश्वनाथ अन्त समय में सब जन्तुओं को कान में मन्त्र देकर (भव-बन्धन) से मुक्त कर देते हैं ॥ ९६ ।

काशी में धर्म अपने चारों पैरों से खड़ा है, अर्थ भी काशी में अनेक प्रकार से वर्तमान है, फिर काशी में काम तो समस्त सौख्यों का एकमात्र आश्रय ही रहा है। वस्तुतः ऐसी कौन-सी श्रेयस्कर वस्तु है, जो काशी में नहीं है ॥ ९७ ।

त्वदङ्गलक्षणैः त्वदङ्गे वर्तन्ते यानि लक्षणानि सल्लक्षणानि पातिव्रत्यादिसंसूचकानि, तैरेभिः प्रत्यक्षसिद्धैः । दैत्यास्त्रैः सूकररूपदैत्यस्यायुधैः ॥९१।

बहूनि सौभाग्यानि येभ्यः, तानि च तानि मण्डनानि भूषणानि च, तैः ॥९२।

इस प्रकार से सपत्नीक अगस्त्य ऋषि ने ही प्रिया भगवती महालक्ष्मी की स्तुति करके साष्टांग दण्डवत् प्रणाम किया ॥ ८८ ।

लक्ष्मी जी ने कहा—

हे मित्रावरुणपुत्र अगस्त्य, उठो, उठो, तुम्हारा कल्याण होवे, शुभव्रते ! पतिव्रते ! लोपामुद्रे, तुम भी उठो ॥८९ ।

इस स्तुति से मैं प्रसन्न हूँ, जो हृदय का अभीष्ट हो, उसे प्रार्थना करो (वर माँगो) । हे महाभागे ! पतिव्रते ! पवित्रे, राजपुत्रि ! तुम यहाँ पर बैठ जाओ ॥ ९० ।

पातिव्रत्यादि-सूचक तुम्हारे इन अङ्ग-लक्षणों से और परम पवित्र व्रतों से असुरास्त्र से सन्तापित इस शरीर को शीतल किया चाहती हूँ ॥ ९१ ।

विष्णुप्रिया लक्ष्मी ऐसा कह, उस मुनिपत्नी का आलिङ्गन कर, प्रीतिपूर्वक अनेक सौभाग्यप्रद आभूषणों से अलंकृत करने लगीं ॥ ९२ ।

पुनराह मुने जाने तव हृत्तापकारणम् ।
सचेतनं दुनोत्येव काशीविश्लेषजोऽनलः ॥ ९३ ।
यदा स देवो विश्वेशो मन्दरं गतवान् पुरा ।
तदा काशीवियोगेन जाता तस्येदृशी दशा ॥ ९४ ।
तत्प्रवृत्तिं पुनर्ज्ञातुं ब्रह्माणं केशवं गणान् ।
गणेश्वरश्च देवांश्च प्रेषयामास शूलधृक् ॥ ९५ ।
ते च काशीगुणान् सर्वे विचार्य च पुनः पुनः ।
व्रजन्त्यद्यापि न क्वापि तादृगस्ति क्व वा पुरी ॥ ९६ ।
इति श्रुत्वाऽथ स मुनिः प्रत्युवाच श्रियं ततः ।
प्रणिपत्य महाभागो भक्तिगर्भमिदं वचः ॥ ९७ ।
यदि देयो वरो मह्यं वरयोग्योऽस्म्यहं यदि ।
तदा वाराणसीप्राप्तिः पुनरस्त्वेष मे वरः ॥ ९८ ।

दुनोति व्यथते ॥९३॥ देवान् सूर्यादीन् द्वादशादित्यभेदेन बहुवचनम् । देवीरिति पाठे मातृगणमित्यर्थः ॥९५॥

हे मुने ! तुम्हारे हृदय-सन्ताप के कारण को मैं जानती हूँ । काशी का विरहानल सचेतन (प्राणि) मात्र को व्यथित करता ही है ॥ ९३ ।

पूर्वकाल में जब देवदेव विश्वेश्वर मन्दराचल को गए थे, तो उस समय काशी के वियोग से उनकी भी ऐसी ही दशा हो गई थी ॥ ९४ ।

शूलपाणि ने पुनः काशी के वृत्तान्त जानने के लिए क्रमशः ब्रह्मा, केशव, प्रमथगण, गणेश और अन्य देवताओं को प्रेषित किया था ॥ ९५ ।

ये सब देवगण बारंबार काशी के गुणों का विचार कर आजतक वहाँ से फिर कहीं नहीं गए, (वस्तुतः) वैसी नगरी और कहाँ है ? ॥ ९६ ।

इन बातों को सुनकर महाभाग अगस्त्य ने प्रणामकर भक्तिपूर्वक महालक्ष्मी के प्रति कहा कि यदि आप मुझे वर देना चाहती हैं और यदि मैं भी वरदान के योग्य हूँ, तो मुझे पुनः वाराणसी की प्राप्ति हो, यही वर दीजिए ॥ ९७-९८ ।

ये पठिष्यन्ति च स्तोत्रं त्वद्भक्त्या मत्कृतं सदा।
तेषां कदाचित् सन्तापो माऽस्तु माऽस्तु दरिद्रता ॥ ९९ ।
माऽस्तु चेष्टवियोगश्च माऽस्तु सम्पत्तिसंक्षयः।
सर्वत्र विजयश्चास्तु विच्छेदो माऽस्तु सन्ततेः ॥ १०० ।

श्रीरुवाच—

एवमस्तु मुने सर्वं यत्त्वया परिभाषितम्।
एतत्स्तोत्रस्य पठनं मम सान्निध्यकारणम् ॥ १०१ ।
अलक्ष्मीः कालकर्णी च तद्गेहे न विशेत्क्वचित्।
गजाश्वपशुशान्त्यर्थमेतत्स्तोत्रं सदा जपेत् ॥ १०२ ।
बालग्रहाभिभूतानां बालानां शान्तिकृत्परम्।
भूर्जपत्रे लिखित्वा तु बध्नीयात्कण्ठदेशतः ॥ १०३ ।
इदं बीजरहस्यं मे रक्षणीयं प्रयत्नतः।
श्रद्धाहीने न दातव्यं न देयं चाशुचौ क्वचित् ॥ १०४ ।

सन्ततेर्वंशस्य ॥१००। कालकर्णी राक्षसीविशेषः काकविष्ठा वा ॥१०२। भूर्जपत्रे चर्मपत्रे ॥१०३। इदमिति। बीजरहस्यं बीजं श्रीबीजं ततोऽपि रहस्यं गोप्यम्, अतिमहत्तरमित्यर्थः ॥१०४।

जो कोई मत्कृत आपके इस स्तोत्र को भक्तिपूर्वक पढ़ेगा, उन लोगों को कभी संताप, दरिद्रता, प्रिय-वियोग और संपत्तिक्षय न होगा। सर्वत्र उन लोगों को विजय-लाभ होगा और कभी वंश-विच्छेद न होगा ॥ ९९-१०० ।

लक्ष्मी जी बोलीं—

हे मुने ! जो कुछ तुमने कहा, वह सब होगा। इस स्तोत्र का पाठ करने से मैं सन्निहित होऊँगी ॥ १०१ ।

जिस घर में यह स्तोत्र पढ़ा जाएगा, वहाँ दरिद्रता और कालकर्णी कभी प्रवेश न करेगी। हाथी, घोड़ा और पशु आदि के शान्त्यर्थ सर्वदा इस स्तोत्र को पढ़ना चाहिए ॥ १०२ ।

यह स्तोत्र भोजपत्र पर लिखकर कण्ठदेश में पहिना देने से बालग्रहों से ग्रस्त बालकों के लिए परम शान्तिकारक होता है ॥ १०३ ।

यह मेरा बीज-रहस्य यत्नपूर्वक रक्षणीय है। श्रद्धाहीन जन को यह स्तोत्र कभी न दिया जाय और न अशुचि व्यक्तियों को दिया जाय ॥ १०४ ।

अन्यच्च शृणु विप्रेन्द्र भविष्ये द्वापरे भवान् ।
एकोनत्रिंशके ब्रह्मन् सत्यं व्यासो भविष्यति ॥ १०५ ।
तदा वाराणसीं प्राप्य सिद्धिं प्राप्स्यस्यभीप्सिताम् ।
व्यस्य वेदान् पुराणानि धर्मान्समुपदिश्य च ॥ १०६ ।
हितं च ते वदाम्येकं साम्प्रतं तत्समाचर ।
पश्य किञ्चिदितो गत्वा स्कन्दमग्रेस्थितं प्रभुम् ॥ १०७ ।
वाराणस्या रहस्यं च यथावच्छिवभाषितम् ।
तव तुष्टिकरं ब्रह्मन् कथयिष्यति षण्मुखः ॥ १०८ ।
इति लब्ध्वा वरं सोऽथ महालक्ष्मीं प्रणम्य च ।
ययावगस्तिर्यत्रास्ति कुमारः शिखिवाहनः ॥ १०९ ।

॥ इति श्रीस्कन्दपुराणे काशीखण्डेऽगस्त्यप्रस्थानं नाम पञ्चमोऽध्यायः ॥ ५ ।

हे विप्रेन्द्र ! और सुनो, भावी उनतीसवें द्वापर युग में तुम निश्चय ही व्यास होगे ॥ १०५ ।

तब वेदों का विभाग और पुराण-धर्मशास्त्रों का उपदेश करके तथा वाराणसी में रहते हुए अपनी अभीप्सित (इच्छित) सिद्धि का लाभ करोगे ॥ १०६ ।

सम्प्रति तुम्हारे हित की एक बात कहती हूँ, उसे सुनो, करो। यहाँ से कुछ (थोड़ा) आगे चलकर कार्तिकेय भगवान् को देखोगे ॥ १०७ ।

हे ब्रह्मन् ! वे षण्मुख प्रभु यथावत् शिवभाषित वाराणसी का रहस्य कहेंगे, जिससे तुम्हारा सन्तोष हो जायगा ॥ १०८ ।

अगस्त्य ऋषि ने इस प्रकार वरदान पाकर महालक्ष्मी को प्रणाम करके जहाँ पर मयूरवाहन कुमार निवास करते हैं, वहाँ की यात्रा की ॥ १०९ ।

लखि अगस्त्य को आवते, विन्ध्याचल तजि गर्व ।
करि विनती चरनन पर्यो, भयो दीर्घ ते खर्व ॥ ९ ॥

॥ इति श्रीस्कन्दपुराणे चतुर्थे काशीखण्डे पूर्वार्द्धे भाषाटीकायां अगस्त्यप्रस्थानवर्णनं नाम पञ्चमोऽध्यायः ॥ ५ ॥

अथ षष्ठोऽध्यायः

पाराशर्य उवाच—

श्रृणु सूत महाभाग कथां श्रुतिसहोदराम्।
यां वै हृदि निधायेह पुरुषः पुरुषार्थभाक् ॥ १ ।

ततः श्रीदर्शनानन्दसुधाधाराधुनीं मुनिः।
अवगाह्य सपत्नीकः परां मुदमवाप सः ॥ २ ।

वह्निकुण्डसमुद्भूत सूत निर्मलमानस।
श्रृणुष्वैकं पुराविद्भिर्भाषितं यत्सुभाषितम् ॥ ३ ।

षष्ठे तीर्थप्रशंसाञ्च भार्यया नोदितो मुनिः।
कथयामास कात्स्न्येन मानसादिविभागतः ॥

श्रोतारं प्रोत्साहयति । श्रृण्विति । श्रुतिसहोदरां वेदतुल्यां श्रुतिसहमुदरं यस्याः, ...तथा तां श्रुतिगर्भामित्यर्थः । श्रुतिमनोहरामिति वा पाठः । वै निश्चये ॥ १ ।

श्रीदर्शनानन्द एव सुधाधाराधुनी अमृतसम्पातनदी, ताम् ॥ २ ।

वह्निकुण्डेति । द्रौपदीधृष्टद्युम्नयोरग्निकुण्डसमुत्पन्नयोर्द्रुपदभार्यायां द्रुपदाज्जात-त्ववदग्निकुण्डसमुत्पन्नस्यापि रोमहर्षणस्य ब्राह्मण्यां क्षत्रियाज्जातत्वमविरुद्धम् । यद्वा वह्निकुण्डसमुद्भूतवैन्यस्य यज्ञाग्निकुण्डात्समुत्पन्नः।

त्वं हि स्वायम्भुवे यज्ञे सुत्याहे वितते सति।
सम्भूतः संहितां वक्तुं स्वांशेन पुरुषोत्तमः।
तस्य ते सर्वरोमाणि वचसा हृषितानि च।
द्वैपायनस्य तु भवांस्ततोऽसौ रोमहर्षणः ॥

(तीर्थप्रकरण)

वेदव्यास जी बोले—

हे महाभाग सूत ! श्रवणमनोहारिणी कथा सुनो, जिसे मन में रखकर मनुष्य संसार में समस्त पुरुषार्थ का भागी होता है ॥ १ ।

सहधर्मिणी सहित अगस्त्य ऋषि महालक्ष्मी के दर्शनानन्दरूप अमृतधारावाहिनी नदी में स्नान करके परम हर्ष को प्राप्त हुए ॥ २ ।

हे अग्निकुण्डसम्भूत ! निर्मलहृदय ! सूत ! पुराणतत्त्व के वेत्ताओं की कही हुई एक कथा सुनो ॥ ३ ।

परोपकरणं येषां जागर्ति हृदये सताम्।
नश्यन्ति विपदस्तेषां सम्पदः स्युः पदे पदे ॥ ४।

तीर्थस्नानैर्न सा शुद्धिर्बहुदानैर्न तत्फलम्।
तपोभिरुग्रैस्तन्नाप्यमुपकृत्या यदाप्यते ॥ ५।

परोपकृत्या यो धर्मो धर्मो दानादिसम्भवः।
एकत्र तुलितौ धात्रा तत्र पूर्वोऽभवद्गुरुः ॥ ६।

परिनिर्मथ्य वाग्जालं निर्णीतमिदमेव हि।
नोपकारात्परो धर्मो नापकारादघं परम् ॥ ७।

उपकर्तुरगस्त्यस्य जातमेतन्निदर्शनम्।
क्व तादृक्काशिजं दुःखं क्व तादृक् श्रीमुखेक्षणम् ॥ ८ ॥

इति कूर्मोक्तेः। स्वायम्भुवे स्वयम्भुवा ब्रह्मणा प्रवर्तिते। **स्वांशेन कलया।** वैन्यस्य हि पृथोर्यज्ञे वर्तमाने महात्मनः। सुत्यायामभवत्सूत इति वायूक्तेश्च। ब्रह्मण्यां क्षत्रियाज्जातः सूत इत्यभिधीयते। तत्साधर्म्यादसावपि तथा। तथा हि—तत्र हि पृथोर्यज्ञे बार्हस्पत्यं हविरैन्द्रेण हविषा सम्पृक्तमभिभूतं च ऐन्द्रश्चरुर्मारुतेन हविषा ततः सूत-मागधौ जाताविति पौराणिकी कथा। अत एव तस्य पुराणादिप्रवचनमविरुद्धमिति। कल्पभेदकल्पना तु न चारुतरा। प्रतिलोमजत्वात् प्रतिसम्पराभावात् प्रतिलोमजं शरीरं विहाय शरीरान्तरं यज्ञाग्निकुण्डे लोमहर्षणो वसिष्ठागस्त्याविव साधयामासेति महाभारत-टीकायामिति केचित् ॥ ३-८।

जिन सज्जनों के हृदय में परोपकार जागरूक रहता है, उनकी आपदाएं विनष्ट हो जाती हैं और पद-पद पर सम्पत्तियाँ प्राप्त होती हैं ॥ ४।

उपकार से जो पवित्रता और फल प्राप्त होता है, वह शुद्धि तीर्थस्नान से नहीं होती और न वह फल ही बड़े दान अथवा उग्र तपस्या के द्वारा पाया जाता है ॥ ५।

परोपकाररूप धर्म और दानादि से उत्पन्न धर्म को विधाता ने जब एकत्र करके तौला, तब पहला ही (उपकार) धर्म भारी हुआ ॥ ६।

समस्त (शास्त्रीय) वाग्जाल का मंथन करके केवल यही निश्चय किया गया है कि परोपकार से बड़ा कोई धर्म नहीं होता और परापकार से बढ़कर कोई पाप नहीं होता ॥ ७।

(देखो) उपकारपरायण अगस्त्य मुनि ही इसके उदाहरण हैं। कहाँ तो वह काशी के वियोग का दुःख और कहाँ (साक्षात्) लक्ष्मी के मुख का दर्शन ॥ ८।

करिकर्णाग्रचपलं जीवितं विविधं वसु ।
तस्मात्परोपकरणं कार्यमेकं विपश्चिता ॥ ९ ।
यल्लक्ष्मीनाममात्राप्त्या नरो नो माति कुत्रचित् ।
साक्षात्समीक्ष्य तां लक्ष्मीं कृतकृत्योऽभवन्मुनिः ॥ १० ।
गच्छन् यदृच्छया सोऽथ दूराच्छ्रीशैलमैक्षत ।
यत्र साक्षान्निवसति देवः श्रीत्रिपुरान्तकः ॥ ११ ।
उवाच वचनं पत्नीं तदा प्रीतमना मुनिः ।
इह स्थितैव पश्य त्वं कान्ते कान्ततरं परम् ॥ १२ ।
श्रीशैलशिखरं श्रीमदिदं तद्यद्विलोकनात् ।
पुनर्भवो मनुष्याणां भवेऽत्र न भवेत् क्वचित् ॥ १३ ।
गिरिश्चतुरशीत्यायं योजनानां हि विस्तृतः ।
सर्वलिङ्गमयो यस्मादतः कुर्यात्प्रदक्षिणम् ॥ १४ ।

करिकर्णाग्रचपलं हस्तिकर्णाग्रचपलम् ॥ ९ ।

यल्लक्ष्मीति । या चासौ लक्ष्मीश्चेति यल्लक्ष्मीस्तस्या नाममात्राप्त्या नाममात्रोच्चारणेन नरो यः कश्चिदपि नो माति, न परिमिनोति महत्तरो भवतीत्यर्थः । कृतकृत्यो भवेन्नर इति क्वचित्पाठः ॥ १० ।

ऐक्षत दृष्टवान् ॥ ११ ।

जीवन और नाना प्रकार का धन हस्तिकर्ण के अग्रभाग के सदृश चंचल है। अतः बुद्धिमान् को केवल परोपकार ही करना चाहिए ॥ ९ ।

जिस लक्ष्मी के केवल नाम की ही प्राप्ति से सामान्य मनुष्य भी जगत् में अतुलनीय हो जाता है, अगस्त्य ऋषि उसी महालक्ष्मी का प्रत्यक्ष दर्शन करके कृतकृत्य हो गये (यह कहना बाहुल्यमात्र है) ॥ १० ।

इसके अनन्तर स्वेच्छा से विचरण करते हुए मुनिवर ने दूर से ही श्रीशैल को देखा, जहाँ पर साक्षात् श्रीत्रिपुरान्तक (तारकान्तक) देव निवास करते हैं ॥ ११ ।

प्रसन्नचित्त मुनि ने अपनी पत्नी से कहा—

हे कान्ते ! तुम यहीं स्थित होकर अत्यन्त मनोहर शोभायुक्त श्रीशैल के शिखर को देखो, जिसके दर्शन करने से इस संसार में मनुष्यों को पुनर्जन्मधारण नहीं करना पड़ता ॥ १२-१३ ।

यह पर्वत चौरासी योजन विस्तृत है, यह समस्त पर्वत शिवलिंगमय है, इसलिए इसकी प्रदक्षिणा करनी चाहिए ॥ १४ ।

लोपामुद्रोवाच—

किञ्चिद्विज्ञप्तुमिच्छामि यद्याज्ञा स्वामिनो भवेत् ।
ब्रूते हि याऽननुज्ञाता पत्या सा पतिता भवेत् ॥ १५ ।

अगस्त्य उवाच—

किं वक्तुकामा देवि त्वं ब्रूहि तत्त्वमशङ्किता ।
न त्वादृशीनां वाक्यं हि पत्युः खेदाय जायते ॥ १६ ।
ततः प्रपच्छ सा देवी प्रणम्य मुनिमानता ।
सर्वेषां च हितार्थाय स्वसन्देहापनुत्तये ॥ १७ ।

लोपामुद्रोवाच—

श्रीशैलशिखरं दृष्ट्वा पुनर्जन्म न विद्यते ।
इदमेव हि सत्यं चेत् किमर्थं काशिरिष्यते ॥ १८ ।

अगस्तिरुवाच—

आकर्णय वरारोहे सत्यं पृष्टं त्वयाऽमले ।
निर्णीतमसकृच्चैतन्मुनिभिस्तत्त्वचिन्तकैः ॥ १९ ।

पत्या अननुज्ञाता भर्त्राऽदत्ताऽभ्यनुज्ञेत्यर्थः ॥ १५ ।

इष्यते वाञ्छयते स्वामिनेति शेषः ॥ १८ ।

वरारोहे वरौ श्रेष्ठौ आरोहौ जघने यस्याः, सा, तथा तस्याः सम्बोधनं हे श्रेष्ठजघने इत्यर्थः ॥ १९ ।

लोपामुद्रा बोलीं—

हे नाथ ! यदि आपकी आज्ञा हो तो मैं कुछ पूछना चाहती हूँ; क्योंकि जो स्त्री पति-आज्ञा के बिना बोलती है, वह पतिता है ॥ १५ ।

अगस्त्य ऋषि ने कहा—

हे देवि ! क्या कहना चाहती हो ? तुम निःशंक होकर कहो, तुम्हारी जैसी स्त्रियों की बात से पति को (कभी) खेद नहीं होता ॥ १६ ।

तदनन्तर लोपामुद्रा देवी ने मुनिवर को प्रणाम करके सब लोगों के हितार्थ और अपने सन्देह को दूर करने के लिये अति नम्रतापूर्वक प्रश्न किया ॥ १७ ।

लोपामुद्रा ने कहा—

श्रीशैल शिखर के दर्शन से पुनर्जन्म नहीं होता—यदि यह सत्य है, तो (फिर) काशीवास की इच्छा क्यों की जाती है ? ॥ १८ ।

अगस्त्य ऋषि बोले—

हे सुन्दरि ! तुमने बहुत ही ठीक पूछा, हे निर्मले, इस विषय में तत्त्वचिंतक मुनियों ने बारम्बार जो निर्णय किया है, उसे सुनो। मुक्ति के अनेक स्थान हैं, उस

मुक्तिस्थानान्यनेकानि कुतस्तत्रापि निर्णयः।
तानि ते कथयाम्यत्र दत्तचित्ता भव क्षणम् ॥ २० ।
प्रथमं तीर्थराजन्तु प्रयागाख्यं सुविश्रुतम् ।
कामिकं सर्वतीर्थानां धर्मकामार्थमोक्षदम् ॥ २१ ।
नैमिषञ्च कुरुक्षेत्रं गङ्गाद्वारमवन्तिका ।
अयोध्या मथुरा चैव द्वारकाऽप्यमरावती ॥ २२ ।
सरस्वती सिन्धुसङ्गो गङ्गासागरसङ्गमः ।
कान्ती च त्र्यम्बकञ्चापि सप्तगोदावरीतटम् ॥ २३ ।
कालञ्जरं प्रभासश्च तथा बदरिकाश्रमः ।
महालयस्तथोङ्कारक्षेत्रं वै पौरुषोत्तमम् ॥ २४ ।

सर्वतीर्थानां कामिकं कामाय हितम् । संवत्सरार्जितपापनाशकामनाविषयत्वात् ॥२१।

गङ्गाद्वारं मायापुरी । **अमरावती** गङ्गा, पुरीविशेषो वा । अमरावती वाऽमरावतीति द्वारकाया वा विशेषणम् ॥ २२ ।

सिन्धुर्नदी तस्या सङ्गः सङ्गमः । सागरेणेति शेषः । कान्तीपुरी । काञ्चीति क्वचित् पाठः । त्र्यम्बकं ब्रह्मगिरिर्महाराष्ट्रेषु प्रसिद्धो यतो गौतमी निःसृता । सप्तगोदावरीतटम् आन्ध्रप्रदेशे प्रसिद्धम् ॥ २३ ।

महालयो महास्थानं गौडे प्रसिद्धम् । ॐकारोऽमरकण्टकम् । महालय इति ॐकारस्य विशेषणम् । वै प्रसिद्धम् ॥ २४ ।

गोकर्णेति गोकर्णो नाम तीर्थविशेषो द्रविडेषु प्रसिद्धः । भृगुकच्छभृगुतुङ्गौ गुर्जरदेशे प्रसिद्धौ । यस्मिस्तीर्थे धारया जलं स्रवति, तद्धारातीर्थं द्राविडे कुमारधारेति प्रसिद्धम् । यद्वा धारा नाम तीर्थविशेषः । तदुक्तं वनपर्वणि—

सम्बन्ध में भी उन लोगों ने जो स्थिर कर रखा है, उन सबको मैं कहता हूँ, क्षणमात्र दत्तचित्त हो ॥ १९-२० ॥

प्रथम तो परम प्रसिद्ध तीर्थराज प्रयाग है, जो समस्त तीर्थों में कामनापूरक और धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष के दाता हैं ॥ २१ ।

नैमिषारण्य, कुरुक्षेत्र, गंगा-हरद्वार, अवन्ती, अयोध्या, मथुरा, द्वारका, गंगा, सरस्वती, सिन्धु-संगमस्थल, गंगासागर-संगम, काञ्ची, ब्रह्मगिरि, सप्तगोदावरी, कालंजर, प्रभास, बदरिकाश्रम, महालय, अमरकण्टक, जगन्नाथपुरी, गोकर्ण, भृगुकच्छ, भृगुतुंग,

गोकर्णो भृगुकच्छश्च भृगुतुङ्गश्च पुष्करम् ।
श्रीपर्वतादितीर्थानि धारातीर्थं तथैव च ॥ २५ ।
मानसान्यपि तीर्थानि सत्यादीनि च वै प्रिये ।
एतानि मुक्तिदान्येव नात्र कार्या विचारणा ॥ २६ ।
गया तीर्थञ्च यत्प्रोक्तं तत्पितॄणां हि मुक्तिदम् ।
पितामहानामृणतो मुक्तास्तत्तनया अपि ॥ २७ ।

सधर्मिण्युवाच—

मानसान्यपि तीर्थानि यान्युक्तानि महामते ।
कानि कानि च तानीह ह्येतदाख्यातुमर्हसि ॥ २८ ।

धारा नाम महाप्राज्ञ सर्वपापप्रणाशिनी ।
तत्र स्नात्वा नरव्याघ्र न शोचित नरः क्वचित् ॥ इति ।
धारातीर्थं युद्धमिति केचित् ॥ २५ ।

मानसानि मनःसम्भवानि मानसानि, ब्रह्मात्मैकत्वलक्षणानि ज्ञानानि । बहुवचनन्तु सगुणनिर्गुणभेदाभिप्रायेण । कथम्भूतानि तीर्थानि ? अविद्यातत्कार्ययोर्नाशकानीति यावत् । ऋषिजुष्टजलानीति वा । निपानागमयोस्तीर्थमृषिजुष्टजले गुरावित्यमरः । **ज्ञानानामपि निर्मलत्वसाधर्म्याज्जलत्वम्** । 'सलिल एको द्रष्टेति च' श्रुतिः । सत्यादिशब्देनार्जवदयादीनि गृह्यन्ते । हि निश्चितमवधारणार्थो वा ॥ २६ ।

पितामहानामित्युपलक्षणम्, पित्रादीनामित्यर्थः । मुक्तास्तत्र श्राद्धकर्तार इति शेषः । **तत्तनया** इत्यत्र तच्छब्देन श्राद्धकर्तारो गृह्यन्ते । येषां पितॄणां मुक्तिदम् तेषां तनया अपि मुक्ता इति वाऽन्वयः ॥ २७ ।

सधर्मिण्युवाचेति । सधर्मिणी पत्नी । सस्त्रीको धर्ममाचरेदिति वचनात्तस्या

पुष्कर, श्रीपर्वत, धारातीर्थ इत्यादि बाह्यतीर्थ और सत्यादिक मानस तीर्थ हैं। हे प्रिये ! ये सब तीर्थ मोक्षप्रद हैं, इसमें संदेह नहीं है ॥ २२-२६ ।

(शास्त्रों) में जो गया नामक तीर्थ बताया गया है, वह पितरों को मुक्ति देने वाला है । (वहाँ पर श्राद्ध करके) पितृ-पितामह के ऋण से उनके पुत्र-पौत्र भी मुक्त होते हैं ॥ २७ ।

ऋषि पत्नी ने कहा—

महामते ! जो-जो मानस-तीर्थ कहे गये हैं, वे सब कौन-कौन हैं ? उन्हें भी बताने की कृपा कीजिए ॥ २८ ।

अगस्त्य उवाच—

श्रृणु तीर्थानि गदतो मानसानि ममाऽनघे।
येषु सम्यङ्नरः स्नात्वा प्रयाति परमां गतिम् ॥ २९॥
सत्यं तीर्थं क्षमा तीर्थं तीर्थमिन्द्रियनिग्रहः।
सर्वभूतदयातीर्थं तीर्थमार्जवमेव च ॥ ३०॥
दानं तीर्थं दमस्तीर्थं सन्तोषस्तीर्थमुच्यते।
ब्रह्मचर्यं परं तीर्थं तीर्थञ्च प्रियवादिता ॥ ३१॥
ज्ञानं तीर्थं धृतिस्तीर्थं तपस्तीर्थमुदाहृतम्।
तीर्थानामपि तत्तीर्थं विशुद्धिर्मनसः परा ॥ ३२॥
न जलाप्लुतदेहस्य स्नानमित्यभिधीयते।
स स्नातो यो दमस्नातः शुचिः शुद्धमनोमलः ॥ ३३॥

अपि तज्ज्ञानापेक्षत्वात् सर्वमिणीत्युक्तम्। चकारात् सत्यादीनि च कानि कानि-इति बोद्धव्यम् ॥ २८-२९।

मानसानि तीर्थानि श्रृण्विति प्रतिज्ञाय सूचीकटाहन्यायेन तानि विहाय सत्यादीनि तीर्थान्याह। **सत्यमित्यारभ्य** ज्ञानपूत इत्यतः प्राक्तनेन ग्रन्थेन। तत्र सत्यं यथार्थभाषणम्। आक्रुष्टे ताडिते वा सहनं **क्षमा**। **इन्द्रियनिग्रहो** निषिद्धविषयेभ्योऽत्यन्त-मन्तःकरणनिवृत्तिः। सर्वभूतदया प्राणिमात्रेष्वनुकम्पा। **आर्जवमवक्रत्वम्** ॥ ३०।

दानमर्थिषु **मुक्तहस्तता**। **दमो** निषिद्धविषयेभ्यो बाह्येन्द्रियाणां सर्वथा निवृत्तिः। **सन्तोषो** यदृच्छया लाभेनाऽलंबुद्धिः। ब्रह्मचर्यं यथा यस्य विहितमष्टाङ्गमैथुनपरित्यागादि। **प्रियवादिता** मधुरभाषिता ॥ ३१।

ज्ञानं धर्माऽधर्मविषयं आत्माऽनात्मविवेको वा। धृतिर्देहेन्द्रियाणामवसादे सत्यु-त्तम्भनम्। **तपः** कृच्छ्रचान्द्रायणादि। **विशुद्धिर्विषयातिसङ्गराहित्यम्** ॥ ३२।

परत्वमेवान्वयव्यतिरेकमुखेन दर्शयति। न जलाप्लुतेति त्रयेण। **दमस्नातः**, दम्यन्ते इन्द्रियाण्यनेनेति दमं मनः, तत्र स्नातः प्रतिषिद्धविषयेभ्योऽत्यन्तमनोनिग्रहरूपविशुद्धिमा-

---

अगस्त्य मुनि बोले –

हे अनघे! समस्त मानस-तीर्थों को कहता हूँ, श्रवण करो—जिनमें स्नान करके मनुष्य परम गति को प्राप्त होता है ॥ २९।

सत्य, क्षमा, इन्द्रिय-निग्रह, समस्त भूतों पर दया, आर्जव, ऋजुता, दान, दम (निषिद्ध विषयों से बाह्येन्द्रियों की सर्वथा निवृत्ति), संतोष, ब्रह्मचर्य्य, प्रियवादिता, ज्ञान, धैर्य और तपस्या प्रभृति प्रत्येक तीर्थ हैं और मन की परम शुद्धि ही तीर्थों का भी तीर्थ है ॥ ३०-३२।

केवल जल में डुबकी लगाने का नाम स्नान नहीं है। जो बाह्येन्द्रियों का दमनरूप स्नान करता है, वही स्नान है, जिसका हृदय निर्मल है, वही पवित्र है ॥ ३३।

यो लुब्धः पिशुनः क्रूरो दाम्भिको विषयात्मकः ।
सर्वतीर्थेष्वपि स्नातः पापो मलिन एव सः ॥ ३४ ।
न शरीरमलत्यागान्नरो भवति निर्मलः ।
मानसे तु मले त्यक्ते भवत्यन्तः सुनिर्मलः ॥ ३५ ।
जायन्ते च म्रियन्ते च जलेष्वेव जलौकसः ।
न च गच्छन्ति ते स्वर्गमविशुद्धमनो मलाः ॥ ३६ ।
विषयेष्वतिसंरागो मानसो मल उच्यते ।
तेष्वेव हि विरागोऽस्य नैर्मल्यं समुदाहृतम् ॥ ३७ ।
चित्तमन्तर्गतं दुष्टं तीर्थस्नानान्न शुद्धयति ।
शतशोऽथ जलैर्धौतं सुराभाण्डमिवाऽशुचिः ॥ ३८ ।

नित्यर्थः । अत एव शुचिः रागादिरहितः । अत एव शुद्धमनो मलो विगतविषयातिसंरागः । श्रद्धा शुद्धमनोमल इति क्वचित्पाठः । शुद्धाऽशुद्धमनोमल इत्यन्यत्र ॥ ३३-३५ ।

शरीरमलत्यागान्निर्मलत्वाऽभावे दृष्टान्तमाह । जायन्त इति । जलमोको येषां ते तथा ॥ ३६ ।

अज्ञातमलनैर्मल्ययोस्त्यागादेयतयोरयोगात्तयोः स्वरूपमाह । विषयेष्विति ॥ ३७।

वक्षोऽन्तर्गतमन्तःकरणं विषयाऽभिरागखचितं तीर्थाऽवगाहनान्न शुद्धयतीति सदृष्टान्तमाह । चित्तमिति । बहिर्जलैर्धौतं सुराधिकरणं भाण्डम्, अत एवापवित्रम् ॥३८।

जो व्यक्ति लोभी, निन्दक, झूठा, दाम्भिक और विषयान्ध है, वह सब तीर्थों में नहाने पर भी पापी और मलिन ही बना रहता है ॥ ३४ ।

मनुष्य केवल शरीर की मैल धोकर शुद्ध नहीं होता । जब मन के मल को त्याग देता है, तभी यथार्थ निर्मल होता है ॥ ३५ ।

जोंक जल में ही उत्पन्न होती और जल में ही मर जाती है; परन्तु वे तो स्वर्ग नहीं जातीं; क्योंकि उनकी चित्तशुद्धि नहीं होती ॥ ३६ ।

विषयों में अत्यन्त अनुराग का ही नाम मानस मल है, और विषय का विराग ही मन की निर्मलता कही गई है ॥ ३७ ।

चित्त अन्तर्गत वस्तु है । उसके दोषयुक्त रहने या दुष्ट होने पर तीर्थस्नान से उसकी शुद्धि नहीं होती । सैकडों बार जल से धोए गये मद्यपात्र की नाईं (सर्वदा) अपवित्र ही बना रहता है ॥ ३८ ।

दानमिज्यातपःशौचं तीर्थसेवा श्रुतं तथा।
सर्वाण्येतानि तीर्थानि यदि भावो न निर्मलः ॥ ३९ ॥

निगृहीतेन्द्रियग्रामो [1]यत्रैव च वसेन्नरः।
तत्र तस्य कुरुक्षेत्रं नैमिषं पुष्कराणि च ॥ ४० ॥

ज्ञानपूते ज्ञानजले रागद्वेषमलापहे।
यः स्नाति मानसे तीर्थे स याति परमां गतिम् ॥ ४१ ॥

अन्वयव्यतिरेकाभ्यां सिद्धं मनो विशुद्धेः परतीर्थत्वमुपसंहरति। दानमिति द्वाभ्याम्। इज्या यागः। शौचं मृज्जलाभ्याम्। तीर्थसेवा तीर्थाटनम्। श्रुतं श्रवणम्। सर्वाण्येतानीत्यादीनि सर्वाणीत्यर्थः। अतीर्थानि पवित्रत्वासाधकानि। भावोऽन्तःकरणं निर्मलः शुद्धो यदि चेन्नेत्यर्थः। [1]पाठान्तरे भावो यदि निर्मल एव, तदेव तानि तीर्थानीति ॥ ३९ ॥

बहुवचनान्ता गणस्य संसूचका भवन्तीति न्यायात् पुष्कराणीति बहुवचनेन गङ्गादीनि गृह्यन्ते ॥ ४० ॥

एवं विस्तरेण सत्यादीनि तीर्थान्युक्त्वा मानसतीर्थान्याह। ज्ञानपूत इति। अस्याऽयमर्थः—यः स्नाति अवगाहते, स परमां गतिं परमां निर्वृत्तिं याति प्राप्नोतीत्यन्वयः। क्व मानसे मनसि भवं मानसं ब्रह्मात्मज्ञानलक्षणं तस्मिन्। कथम्भूते तीर्थे? ऋषिभिर्जुष्टे जले इव सेविते। यद्वा तीर्थमिव तीर्थमविद्या तत्कार्ययोर्विनाशकत्वात् तस्मिन्। पुनः कथम्भूते ? ज्ञानपूते ज्ञानं च तत्पूतं चेति ज्ञानपूतं स्वप्रकाशासंगमित्यर्थः। यद्वा ज्ञानेन पूतं ज्ञानपूतं तत्त्वमस्यादिवाक्योत्थबुद्धिवृत्त्या निवृत्ताऽशेषविरोध्यंशमित्यर्थः। तस्मिन्। ध्यानपूत इति क्वचित्पाठः। तत्र विजातीयप्रत्ययतिरस्कारेण सजातीय प्रत्ययो ध्यानम्, तेन पूतमिति व्याख्येयम्। पुनः कथम्भूते ? ज्ञानजले ज्ञानं च तज्जलं स्वच्छं च ज्ञानजलम्। सलिल एको द्रष्टेति श्रुतेः। ज्ञानमेव जलं यस्मिन्-इति वा। पुनः कथम्भूते ? रागद्वेषमलापहे रागद्वेषमलानपहन्तीति, तथा तस्मिन्। तथा च भागवते वेदव्यासस्य स्मरणम्—

ज्ञानह्रदे ध्यानजले रागद्वेषमलापहे।
यः स्नाति मानसे तीर्थे स याति परमां गतिम् ॥
आत्मा नदी संयमतोयपूर्णा सत्यह्रदा शीलतटा दयोर्मिः।
तत्राऽभिषेकं कुरु पाण्डुपुत्र न वारिणा शुद्ध्यति चान्तरात्मा ॥ इति।

दान, यज्ञ, तपस्या, शौच, तीर्थसेवा और (धर्मकथा) श्रवण, ये सभी मनोभाव शुद्ध न होने से क्या तीर्थ हो सकते हैं ? ॥ ३९ ॥

जितेन्द्रिय पुरुष चाहे जहाँ रहे, उसके लिए वहीं पर कुरुक्षेत्र, नैमिषारण्य और पुष्कर इत्यादि तीर्थ वर्तमान हैं ॥ ४० ॥

ध्यान से पवित्र, रागद्वेषरूप मल को दूर करनेवाले, ज्ञान-जल से पूर्ण मानस-तीर्थों में जो स्नान करता है, वही परम गति को प्राप्त होता है ॥ ४१ ॥

१. तदेव तानि तीर्थानि यदि भावोऽस्ति निर्मल इत्येवंरूपे।

एतत्ते कथितं देवि मानसं तीर्थलक्षणम् ।
भौमानामपि तीर्थानां पुण्यत्वे कारणं शृणु ॥ ४२ ।
यथा शरीरस्योद्देशाः केचिन्मेध्यतमाः स्मृताः ।
तथा पृथिव्यामुद्देशाः केचित्पुण्यतमाः स्मृताः ॥ ४३ ।
प्रभावाददद्भुताद्भूमेः सलिलस्य च तेजसा ।
परिग्रहान्मुनीनाञ्च तीर्थानां पुण्यता स्मृता ॥ ४४ ।
तस्माद्भौमेषु तीर्थेषु मानसेषु च नित्यशः ।
उभयेष्वपि यः स्नाति स याति परमां गतिम् ॥ ४५ ।
अनुपोष्य त्रिरात्राणि तीर्थान्यनभिगम्य च ।
अदत्वा काञ्चनं गाश्च दरिद्रो नाम जायते ॥ ४६ ।

भगवच्छङ्कराचार्यस्य च—

यस्मिन् वेदाश्च देवाश्च पवित्रं कृत्स्नमेकताम् ।
व्रजेत्तन्मानसं तीर्थं यस्मिन् स्नात्वाऽमृतो भवेत् ॥ इति ।

एकवचनमेकजीवाऽभिप्रायं जात्यभिप्रायं वा ॥ ४१ ।

यथेति । उद्देशा उत्कृष्टा देशा अवयवाः ॥ ४३ ।

मानसेषु चेति चकारात् सत्यादिषु च । उभयेष्वपीत्यपिशब्दात्तेष्वपि ॥ ४५ ।

यस्येति । यस्य हस्तादि सुसंयतं स्यात्, स तीर्थफलमश्नुत इत्यन्वयः । तत्र हस्तसंयमः प्रतिग्रहपरपीडनादिनिवृत्तिः । पादसंयमो दृष्टिपूते प्रदेशे पादप्रक्षेपादिः ।

हे देवि ! तुमसे मैंने इन सब मानस-तीर्थों का लक्षण कहा । अब भौम-तीर्थों की पवित्रता के कारण सुनो ॥ ४२ ।

जैसे शरीर के अंश परम पवित्र होते हैं, उसी प्रकार पृथिवी के भी कोई-कोई प्रदेश अति पुण्यमय हैं ॥ ४३ ।

भूमि के विचित्र प्रभाव, जल के तेज और मुनिगण के निवासादि परिग्रह में ही सब तीर्थों की पुण्यता के कारण हैं ॥ ४४ ।

अतएव जो कोई भौम-तीर्थ और मानस-तीर्थ—इन दोनों में स्नान करता है, वह परमोत्तम गति को प्राप्त होता है ॥ ४५ ।

जो मनुष्य तीन रात्रि उपवास व्रत, तीर्थयात्रा, सुवर्णदान और गोदान नहीं करता, वह जन्मान्तर में दरिद्र होता है ॥ ४६ ।

अग्निष्टोमादिभिर्यज्ञैरिष्ट्वा विपुलदक्षिणैः ।
न तत्फलमवाप्नोति तीर्थाभिगमनेन यत् ।। ४७ ।
यस्य हस्तौ च पादौ च मनश्चैव सुसंयतम् ।
विद्या तपश्च कीर्तिश्च स तीर्थफलमश्नुते ।। ४८ ।
प्रतिग्रहादुपावृत्तः सन्तुष्टो येन केनचित् ।
अहङ्कारविमुक्तश्च स तीर्थफलमश्नुते ।। ४९ ।
अदम्भको निरारम्भो लघ्वाहारो जितेन्द्रियः ।
विमुक्तः सर्वसङ्गैर्यः स तीर्थफलमश्नुते ।। ५० ।
अकोपनोऽमलमतिः सत्यवादी दृढव्रतः ।
आत्मोपमश्च भूतेषु स तीर्थफलमश्नुते ।। ५१ ।
तीर्थान्यनुसरन् धीरः श्रद्दधानः समाहितः ।
कृतपापो विशुद्ध्येत किं पुनः शुद्धकर्मकृत् ।। ५२ ।

मनः संयमोऽनिष्टचिन्तनाऽभावः । विद्यामन्त्रोपासनादिलक्षणा । तपः स्वधर्मादच्युतिः । कीर्तिः परैः साधुतया वर्णनम् । एतत्त्रितयञ्च यस्य स्यादिति ।। ४८-४९ ।

दम्भो धर्मध्वजित्वम्, न विद्यते दम्भो यस्य स तथा । स्वार्थे कः । अदाम्भिक इति क्वचित्पाठः ।। ५०-५१ ।

तीर्थान्यनुसरन् **धीर इति** । धीरः धर्माधर्षो विद्वान् ।। ५२ ।

तीर्थसेवन से जो फल प्राप्त होता है, प्रचुर दक्षिणा देकर, अग्निष्टोमादिक यज्ञ करने पर भी वह फल नहीं मिलता ।। ४७ ।

जिसके हाथ, पाँव, मन सुसंगत, (स्थिर) रहते हैं, जो विद्या, तपस्या और कीर्ति से युक्त होता है, वही तीर्थ-फल का भोग करता है ।। ४८ ।

जो दान लेने से निवृत्त रहता है, जो येन-केन प्रकारेण संतुष्ट हो जाता है, अहंकार नहीं करता, वही मनुष्य तीर्थ-फलभागी होता है ।। ४९ ।

दम्भ से हीन, कर्मप्रवृत्ति से रहित, लघु-भोजन से संतुष्ट, जीतेन्द्रिय और सम्पूर्ण संगतियों से विमुक्त हो जाता है, वह तीर्थफल का भोक्ता है ।। ५० ।

जो क्रोधी नहीं है, जिसकी बुद्धि शुद्ध है, जो सत्यवादी, दृढ़व्रत और अपने ही समान सब भूतों पर समदर्शी है, वही (यथार्थ) तीर्थफल को भोगता है ।। ५१ ।

जो धीरता, श्रद्धा और एकाग्रता के साथ तीर्थ-पर्यटन करता है, वह पापी भी हो तो विशुद्ध हो जाता है । पुण्यवान् का कहना ही क्या है ? ।। ५२ ।

तिर्यग्योनिं न वै गच्छेत् कुदेशे नैव जायते ।
न दुःखी स्यात् स्वर्गभाक् च मोक्षोपायश्च विन्दति ॥ ५३ ।
अश्रद्दधानः पापात्मा नास्तिकोऽच्छिन्नसंशयः ।
हेतुनिष्ठश्च पञ्चैते न तीर्थफलभागिनः ॥ ५४ ।
तीर्थानि च यथोक्तेन विधिना सञ्चरन्ति ये ।
सर्वद्वन्द्वसहा धीरास्ते नराः स्वर्गभागिनः ॥ ५५ ।
तीर्थयात्रां चिकीर्षुः प्राग्विधायोपोषणं गृहे ।
गणेशं च पितॄन् विप्रान् साधूञ्छक्त्या प्रपूज्य च ॥ ५६ ।
कृतपारणको हृष्टो गच्छेन्नियमधृक् पुनः ।
आगत्याऽभ्यर्च्य च पितॄन् यथोक्तफलभाग्भवेत् ॥ ५७ ।

तिर्यग्योनिमिति । तिर्यग्योनिं न वै गच्छेत्तीर्थान्यनुसरन्नित्येव ॥ ५३ ।

अश्रद्दधान इति । **अश्रद्दधानः** श्रद्धामकुर्वाणः । **पापात्मा** बैडालव्रतिकः। **नास्तिकः** पाखण्डः । **अच्छिन्नसंशयः** न छिन्नो न नष्टः संशयो यस्य स तथा संशयात्मेत्यर्थः। **हेतुनिष्ठो** हैतुकः । तदुक्तं गीतायाम्—

अज्ञश्चाश्रद्दधानश्च संशयात्मा विनश्यति ।
नायं लोकोऽस्ति न परो न सुखं संशयात्मनः ॥ इति ।

वैष्णवे च—

पाखण्डिनो विकर्मस्थान् बैडालव्रतमास्थितान् ।
हैतुकान् बकवृत्तींश्च वाङ्मात्रेणाऽपि नार्चयेत् ॥ इति ।

तीर्थसेवी मनुष्य पशु-पक्षी इत्यादि योनियों में जन्म नहीं पाता, कुदेश में उत्पन्न नहीं होता और दुःखभागी नहीं होता, वरन् स्वर्गलाभ और मोक्षोपाय की प्राप्ति करता है ॥ ५३ ।

श्रद्धाहीन, स्वभावतः पापपरायण, नास्तिक, संदिग्धचित्त और हेतुवादी ये पाँच प्रकार के लोग (कभी) तीर्थफल के भागी नहीं होते ॥ ५४ ।

जो लोग शीत-उष्ण, सुख-दुःख आदि समस्त द्वन्द्वों को सहकर, यथोक्त विधि से तीर्थयात्रा करते हैं, वे ही धीर नर स्वर्गलोक के भोक्ता होते हैं ॥ ५५ ।

तीर्थयात्राभिलाषी मनुष्य पूर्वदिन गृह में उपवास करने के पश्चात् गणेश-पूजन, पितृ-श्राद्ध, ब्राह्मण-भोजन, साधु-सेवन को यथाशक्ति करे; फिर पारण कर नियमधारण-पूर्वक हृष्टचित्त से यात्रा करे। लौटने पर पुनः श्राद्ध करे—तब तीर्थ का सम्पूर्ण फल-भागी होता है ॥ ५६-५७ ।

न परीक्ष्यो द्विजस्तीर्थेऽप्यन्नार्थी भोज्य एव च।
सक्तुभिः पिण्डदानञ्च चरुणा पायसेन च ॥ ५८ ।
कर्तव्यमृषिभिर्दृष्टं पिण्याकेन गुडेन च।
श्राद्धं तत्र प्रकर्तव्यमर्घ्यावाहनवर्जितम् ॥ ५९ ।
अकालेऽप्यथवा काले तीर्थे श्राद्धञ्च तर्पणम् ।
अविलम्बेन कर्तव्यं नैव विघ्नं समाचरेत् ॥ ६० ।
तीर्थं प्राप्य प्रसङ्गेन स्नानं तीर्थे समाचरेत् ।
स्नानजं फलमाप्नोति तीर्थयात्राश्रितं न च ॥ ६१ ।
नृणां पापकृतां तीर्थे पापस्य शमनं भवेत् ।
यथोक्तफलदं तीर्थं भवेच्छ्रद्धात्मनां नृणाम् ॥ ६२ ।
षोडशांशं स लभते यः परार्थञ्च गच्छति ।
अर्धं तीर्थफलं तस्य यः प्रसङ्गेन गच्छति ॥ ६३ ।

बैडालव्रतिकादीनाञ्चेदं लक्षणम्—

यस्य धर्मध्वजो नित्यं सुराध्वज इवोच्छ्रितः।
प्रच्छन्नानि च पापानि बैडालं नाम तद्व्रतम् ॥
भ्रष्टः स्वधर्मात् पाखण्डो विकर्मस्थो निषिद्धकृत् ।
सन्देहकृद्धेतुभिर्यः सत्कर्मसु सहैतुकः ॥ इत्यादि ॥ ५४ ।

मण्डरहितं भक्तं चरुः ॥ ५८ । पिण्याकमत्र तिलपिष्टम् ॥ ५९ । प्रसङ्गेन कार्यान्तराण्युद्दिश्येत्यर्थः ॥ ६३ ।

तीर्थ में ब्राह्मण की परीक्षा न करे । जो अन्नार्थी हो, उसे भोजन करावे। सत्तू, माड़ से रहित भात अथवा पायस (खोवा) का पिण्डदान करे ॥ ५८ ।

गुड़ और पिसे हुए तिल का भी पिण्डदान ऋषि-सम्मत है। तीर्थ में अर्घ्य और आवाहन से रहित श्राद्ध अवश्य करे ॥ ५९ ।

शास्त्र-विहित काल हो, चाहे अविहित काल हो; परन्तु तीर्थ में पहुँचने के साथ ही श्राद्ध और तर्पण कर डाले । विलम्ब से विघ्न न होने पाये ॥ ६० ।

किसी प्रयोजनवश भी तीर्थ में पहुँच जाय, तो भी तीर्थस्नान कर ले। इससे स्नानजन्य फल प्राप्त होता है; किन्तु तीर्थ-यात्रा का फल मिलता ॥ ६१ ।

तीर्थ में जाने से पापियों के भी पाप का शमन हो जाता है; परन्तु श्रद्धापूर्वक यात्रा करनेवाले मनुष्य को तो यथोक्त फल की प्राप्ति होती ही है ॥ ६२ ।

जो दूसरे के लिए तीर्थ-गमन करता है, वह (पुण्य के) सोलहवें भाग को पाता है और जो किसी कार्यवश जाता है, उसे आधा फल प्राप्त होता है ॥ ६३ ।

कुशप्रतिकृतिं कृत्वा तीर्थवारिणि मज्जयेत् ।
मज्जयेच्च यमुद्दिश्य सोऽष्टमांशं लभेत वै ॥ ६४ ।
तीर्थोपवासः कर्तव्यः शिरसो मुण्डनन्तथा ।
शिरोगतानि पापानि यान्ति मुण्डनतो यतः ॥ ६५ ।
यदह्नि तीर्थप्राप्तिः स्यात् ततोऽह्नः पूर्ववासरे ।
उपवासस्तु कर्तव्यः प्राप्ताह्नि श्राद्धदो भवेत् ॥ ६६ ।
तीर्थप्रसङ्गात्तीर्थाङ्गमप्युक्तं त्वत्पुरो मया ।
स्वर्गसाधनमेवैतन्मोक्षोपायश्च वै भवेत् ॥ ६७ ।
काशी कान्ती च मायाख्या त्वयोध्या द्वारवत्यपि ।
मथुराऽवन्तिका चैताः सप्तपुर्योऽत्र मोक्षदाः ॥ ६८ ।
श्रीशैलो मोक्षदः सर्वः केदारोऽपि ततोऽधिकः ।
श्रीशैलाच्चापि केदारात् प्रयागं मोक्षदं परम् ॥ ६९ ।

कुशप्रतिकृतिमिति जीवतां दूरदेशस्थानां मृतानान्तु तर्पणादिना कृतार्थत्वात् ॥ ६४ ।

श्राद्धद इति । श्राद्धादि कृत्वा पारणं कुर्यादित्यर्थः ॥ ६६ ।

सर्वतश्चतुरशीतियोजनपरिमितः ॥ ६९ ।

जिसकी कुश की प्रतिमूर्ति बनाकर तीर्थ-सलिल में डुबाए, उसे भी अष्टमांश फल मिलता है ॥ ६४ ।

तीर्थ में जाकर उपवास और शिर का मुण्डन कराना चाहिए; क्योंकि मस्तक मुड़वा देने से शिरोगत सब पाप दूर हो जाते हैं ॥ ६५ ।

जिस दिन तीर्थ में पहुँचना हो, उसके (पहले ही) दिन में उपवास कर ले और उस दिन श्राद्ध करे ॥ ६६ ।

तीर्थ के प्रसंग से तीर्थयात्रा का अङ्गकार्य्य भी मैंने तुम्हारे सम्मुख बता दिया। यही स्वर्ग-साधन और मोक्ष का उपाय है ॥ ६७ ।

काशी, काञ्ची, मायापुरी, अयोध्या, द्वारावती, मथुरा और अवन्तिका, ये ही सातों नगरियाँ संसार में मोक्ष देनेवाली हैं ॥ ६८ ।

फिर समस्त श्रीशैल मोक्षप्रद है, केदार (क्षेत्र) उससे भी अधिक है, श्रीशैल और केदार से भी विशेष मुक्तिदायक प्रयाग है ॥ ६९ ।

प्रयागादपि तीर्थाग्र्यादविमुक्तं विशिष्यते ।
यथाऽविमुक्ते निर्वाणं न तथा क्वाप्यसंशयम् ॥ ७० ।
अन्यानि मुक्तिक्षेत्राणि काशीप्राप्तिकराणि च ।
काशीं प्राप्याऽपि मुच्येत नान्यथा तीर्थकोटिभिः ॥ ७१ ।
अत्रार्थे कथयिष्येहमितिहासं पुरातनम् ।
यथा विष्णुगणैरुक्तं द्विजाय शिवशर्मणे ॥ ७२ ।
तीर्थाध्यायमिमं श्रुत्वा नरो नियतमानसः ।
श्रावयित्वा द्विजांश्चापि श्रद्धाभक्तिसमन्वितान् ॥ ७३ ।
क्षत्रियान् धर्मनिरतान् वैश्यान् सन्मार्गवर्तिनः ।
शूद्रान् द्विजेषु भक्तांश्च निष्पापो जायते द्विजः ॥ ७४ ।

॥ इति श्रीस्कन्दपुराणे काशीखण्डे तीर्थाध्यायो नाम षष्ठोऽध्यायः ॥ ६ ।

प्राप्यापि मुच्येत । अपिरेवार्थे । मुच्येतैवेत्यर्थः । विमुच्येतेति वा पाठः ॥ ७१ ।
गणैरिति द्विवचनस्थाने बहुवचनं छान्दसं पूजार्थं वा ॥ ७२ ।

॥ इति श्रीरामानन्दकृतायां काशीखण्डटीकायां षष्ठोऽध्यायः ॥ ६ ।

तीर्थराज प्रयाग से भी अतिविशिष्ट अविमुक्त क्षेत्र है। जैसो (सायुज्यादि) मुक्ति अविमुक्तक्षेत्र में मिलती है, वैसी अन्यत्र कहीं नहीं मिलती। यह निश्चित तथ्य है। और सब दूसरे मुक्तिक्षेत्र काशी की ही प्राप्ति कराते हैं। काशी की प्राप्ति होने से ही निर्वाण-पद मिलता है, अन्यथा करोड़ों तीर्थ-सेवन से भी नहीं प्राप्त होता ॥ ७०-७१ ।

इस विषय में विष्णु के गणों ने जो शिवशर्मा द्विज से कहा था, वही पुरातन इतिहास कहता हूँ ॥ ७२ ।

जो मनुष्य इस तीर्थाध्याय को सावधान-चित्त से सुनता है, अथवा जो ब्राह्मण श्रद्धा-भक्ति से युक्त विप्रों को, धर्मपरायण क्षत्रियों को, सत्पथवर्ती वैश्यों को और द्विजातिभक्त शूद्रों को भी सुनाता है, वह निष्पाप हो जाता है ॥ ७३-७४ ।

लोपामुद्रा से कही, श्रीअगस्त्य मुनिराय ।
तीरथयात्रा की विधि, सब प्रकार समुझाय ॥ १ ।

॥ इति श्रीस्कन्दपुराणे चतुर्थे काशीखण्डे पूर्वार्द्धे भाषाटीकायां तीर्थप्रकरणवर्णनं नाम षष्ठोऽध्यायः ॥ ६ ।

अथ सप्तमोऽध्यायः

अगस्तिरुवाच—

मथुरायां द्विजः कश्चिदभूद् भूदेवसत्तमः ।
तस्य पुत्रो महातेजाः शिवशर्मेति विश्रुतः ॥ १ ।
अधीत्य वेदान् विधिवदर्थं विज्ञाय तत्त्वतः ।
पठित्वा धर्मशास्त्राणि पुराणान्यधिगम्य च ॥ २ ।
अङ्गान्यभ्यस्य तर्कांश्च परिलोड्य समन्ततः ।
मीमांसाद्वयमालोक्य धनुर्वेदं विगाह्य च ॥ ३ ।
आयुर्वेदं विचार्यापि नाट्यवेदे कृतश्रमः ।
अर्थशास्त्राण्यनेकानि प्राप्याश्वगजचेष्टितम् ॥ ४ ।

काश्ययोध्या द्वारका च मायाकान्त्यावन्तिका ।
मथुरा च प्रशस्यन्ते पुरः सप्तात्र सप्तमे ॥ १ ॥

अत्रार्थे कथयिष्येऽहमितिहासं पुरातनमित्युक्तमेवेतिहासं सन्दर्शयति । **मथुराया-मिति** । अधीत्य वेदानित्यादीनां द्वितीयान्तपदघटितानां ल्यबन्तानां चिन्तामवाप महतीं शिवशर्माद्विजोत्तम इति षष्ठेनान्वयः । अर्थं वेदानामिति शेषः ॥ २ ।

अङ्गानि शिक्षाकल्पव्याकरणनिरुक्तच्छन्दोज्योतींषि । तर्कान्न्यायादीन् । **धर्म-ब्रह्मलक्षणे मीमांसे द्वे** ॥ ३ ।

नाट्यवेदे गान्धर्ववेदे भरतादिमुनिप्रणीतनृत्यगीतादिविषये । **अर्थशास्त्राणि** औशनसबार्हस्पत्यादीनि । अश्वगजचेष्टितं घोटकहस्तिचेष्टाप्रतिपादकं शास्त्रमित्यर्थः ॥४।

(सप्तपुरी–वर्णन)

अगस्त्य ऋषि बोले—

मथुरापुरी में ब्राह्मणों में उत्तम कोई एक ब्राह्मण था, जिसका पुत्र महातेजस्वी शिवशर्मा नाम से प्रसिद्ध हुआ ॥ १ ।

वेदाध्ययन कर उनके तत्त्वार्थ को जान, धर्मशास्त्रों को पढ़, पुराणों को समझ, वेद के छहों अंगों का अभ्यास कर, तर्कशास्त्र को मथ, पूर्व-उत्तर दोनों मीमांसाओं की आलोचना कर, यजुर्वेद का विलोडन, आयुर्वेद का विचार, नाट्य (गान्धर्व) वेद में परिश्रम कर, अनेक अर्थशास्त्रों की प्राप्ति (के साथ ही) अश्व, गज-चेष्टाओं का

कलासु च कृताभ्यासो मन्त्रशास्त्रविचक्षणः ।
भाषाश्च नानादेशानां लिपीर्ज्ञात्वा विदेशजाः ।। ५ ।

अर्थानुपार्ज्य धर्मेण भुक्त्वा भोगान् यदृच्छया ।
उत्पाद्य पुत्रान् सुगुणांस्तेभ्यो ह्यर्थं विभज्य च ।। ६ ।

यौवनं गत्वरं ज्ञात्वा जरां दृष्ट्वा श्रितां श्रुतिम् ।
चिन्तामवाप महतीं शिवशर्मा द्विजोत्तमः ।। ७ ।

पठतो मे गतः कालस्तथोपार्जयतो धनम् ।
नाराधितो महेशानः कर्मनिर्मूलनक्षमः ।। ८ ।

न मया तोषितो विष्णुः सर्वपापहरो हरिः ।
सर्वकामप्रदो नृणां गणेशो नार्चितो मया ।। ९ ।

कलासु चतुःषष्टिकलानां मध्ये उक्तावशिष्टासु । मन्त्रशास्त्रं गारुडादिशास्त्रमागमशास्त्रं वा । लिपिर्लिबिः । 'लिपिर्लिबिरुभे स्त्रियौ' इत्यमरः । अक्षराणीत्यर्थः ।। ५-६ ।

लोके: कथितां श्रुतिं श्रवणेन्द्रियं श्रितां प्राप्तां जरां दृष्ट्वा ज्ञात्वा ।। ७ ।

अभिज्ञान करके, चौसठों कलाओं में निपुणता, मन्त्रशास्त्र में विलक्षणता, अनेक देशों की भाषाओं का और विदेशीय लेखों का ज्ञान सम्पादन करने के उपरान्त धर्मपूर्वक अर्थ का उपार्जन कर, यथेष्ट भोगों को भोग, सुन्दर, गुणशाली पुत्रों का उत्पादन कर और उन सबको धन वितरित कर, यौवन की अस्थिरता का विचार कर लोक-प्रसिद्ध कर्णसमीप श्वेत केशरूप वृद्धता को देखकर द्विजोत्तम शिवशर्मा को बड़ी चिन्ता हुई ।

श्रवण समीप भये सितकेशा ।
मनहुँ चौथपन, अस उपदेशा ।। २-७ ।

वह चिन्ता करने लगा—पढ़ते-पढ़ते और धनोपार्जन करते-करते मेरा समय (काल) बीत गया; पर कर्मों का क्षय करनेवाले महेश्वर की आराधना नहीं हो सकी ।। ८ ।

समस्त पापों को हरनेवाले सर्वव्यापी हरि को मैंने संतुष्ट नहीं किया । मनुष्यों के सर्वार्थसिद्धिप्रद गणेश की भी पूजा नहीं की ।। ९ ।

तमस्तोमहरः सूर्यो नार्चितो वै मया क्वचित् ।
महामाया जगद्धात्री न ध्याता भवबन्धहृत् ॥ १० ।
न प्रीणिता मया देवा यज्ञैः सर्वैः समृद्धिदाः ।
तुलसीवनशुश्रूषा न कृता पापशान्तये ॥ ११ ।
न मया तर्पिता विप्रा मृष्टान्नैर्मधुरै रसैः ।
इहापि च परत्रापि विपदामनुतारकाः ॥ १२ ।
बहुपुष्पफलोपेताः सुच्छायाः स्निग्धपल्लवाः ।
पथि नारोपिता वृक्षा इहामुत्र फलप्रदाः ॥ १३ ।
दुकूलैः स्वानुकूलैश्च चोलैः प्रत्यङ्गभूषणैः ।
नालङ्कृताः सुवासिन्य इहामुत्र सुवासदाः ॥ १४ ।

तमस्तोमहरोऽज्ञानपूगहरोऽन्धकारसमूहहरो वा । भवबन्धहृत् संसारबन्धनहन्त्री । भवबन्धकृदिति पाठे अभक्तानां संसारबन्धनकर्त्री ॥ १० ।

चोलैः कूर्पासकैः कञ्चुकैरिति यावत् । ऊढाऽनूढा वा पितृगृहे स्थिताः सयौवनाः सुवासिन्यश्चिरण्ट्य इति यावत् । 'चिरण्टी तु सुवासिनी' इत्यमरः । 'सुवासिन्यां **चिरण्टी स्याद्द्वितीयवयसि स्त्रियामिति च'** रुद्रः ॥ १४ ।

अन्धकार के समूह का विनाश करनेवाले सूर्यदेव को भी मैंने अर्चित नहीं किया । संसार-बन्धन विमोचिनी महामाया जगद्धात्री का भी ध्यान नहीं किया ॥ १० ।

समृद्धिदाता देवतागण को भी समस्त यज्ञों के द्वारा तृप्त नहीं किया । पापों के शान्त्यर्थ तुलसी वन की भी सेवा नहीं की ॥ ११ ।

यहाँ पर लोक में भी विपत्तियों से पार लगानेवाले ब्राह्मणों को मिष्ठान्न और मधुर रसों से मैंने सन्तुष्ट नहीं किया ॥ १२ ।

बहुतेरे पुष्प-फल से सम्पन्न, स्निग्ध पल्लव, सुन्दर छायायुक्त वृक्षों की पंक्ति भी मार्ग में नहीं लगाई, जो इस लोक और परलोक उभयत्र बड़े फल को देती है ॥ १३ ।

मैं इस काल और परकाल में सुन्दर वास देनेवाली (निज पितृ-गृह-स्थित युवती कन्या), उसकी सुवासिनियों को मनोनुकूल दुकूल (वस्त्र), चोलियाँ और प्रत्यंग भूषणादिकों से अलंकृत नहीं कर सका ॥ १४ ।

द्विजाय नोर्वरा दत्ता यमलोकनिवारिणी।
सुवर्णं न सुवर्णाय दत्तं दुरितहृत्परम् ॥ १५ ।
नालङ्कृता सवत्सा गौः पात्राय प्रतिपादिता।
इह पापापहन्त्र्याशु सप्तजन्मसुखावहा ॥ १६ ।
ऋणापनुत्तये मातुः कारितो न जलाशयः।
नातिथिस्तोषितः क्वापि स्वर्गमार्गप्रदर्शकः ॥ १७ ।
छत्रोपानत्कुण्डिकाश्च नाध्वगाय समर्पिताः।
यास्यतः संयमिन्यां हि स्वर्गमार्गसुखप्रदाः ॥ १८ ।
न च कन्याविवाहार्थं वसु क्वापि मयार्पितम्।
इह सौख्यसमृद्ध्यर्थं दिव्यकन्यार्पकं दिवि ॥ १९ ।
न वाजपेयावभृथे स्नातो लोभवशादहम्।
इह जन्मनि चान्यस्मिन् बहुमृष्टान्नपानदे ॥ २० ।

उर्वरा सर्वसस्याढ्या भूमिरिति शेषः। 'उर्वरा सर्वसस्याढ्या' इत्यमरः ॥ १५ ।
जलाशयः जलान्या शेरतेऽस्मिन्निति जलाशयो वापीकूपतडागादिः ॥ १७ ।
कुण्डिका कुण्डो कमण्डलुरित्यर्थः। 'अस्त्री कमण्डलुः कुण्डी' इत्यमरः ॥ १८ ।

मैंने यमलोक हारिणी उर्वरा (उपजाऊ) भूमि ब्राह्मण को दान नहीं दी और न ही परम पापहारी सुवर्ण ही वर्णोत्तम (विप्र) को दिया ॥ १५ ।

मैं इस जन्म में शीघ्र पापहन्त्री सात जन्म सुख देनेवाली अलंकृता और वत्स के सहित गौ सत्पात्र को समर्पण नहीं कर सका ॥ १६ ।

फिर मातृ-ऋण से उद्धार होने के लिये जलाशय नहीं खुदवा सका और न स्वर्ग-मार्ग-प्रदर्शक अतिथि को ही सन्तुष्ट कर सका ॥ १७ ।

मैंने यमपुरी-यात्रा के अर्थ स्वर्गमात्र में सुखप्रद छाता, उपानत् (जूता), कमण्डलु (लोटा) आदि पथिकों को नहीं दिया ॥ १८ ।

यहाँ सुखप्राप्ति और परलोक में स्वर्गीय कन्या-लाभ के लिये मैंने कभी कन्या के विवाहार्थ धन भी नहीं अर्पण (दान) किया ॥ १९ ।

उभयत्र अत्यन्त मिष्टान्न देनेवाले वाजपेय यज्ञ के अवभृथ-स्नान को भी लोभवश मैं नहीं कर सका ॥ २० ।

न मया स्थापितं लिङ्गं कृत्वा देवालयं शुभम्।
यस्मिन् संस्थापिते लिङ्गे विश्वं संस्थापितं भवेत् ॥ २१।
विष्णोरायतनं नैव कृतं सर्वसमृद्धिदम्।
न च सूर्यगणेशानां प्रतिमाः कारिता मया ॥ २२।
न गौरी न महालक्ष्मीश्चित्रेऽपि परिलेखिते।
प्रतिमाकरणे चैषां न कुरूपो न दुर्भगः ॥ २३।
सुसूक्ष्माणि विचित्राणि नोज्ज्वलान्यम्बराण्यपि।
समर्पितानि विप्रेभ्यो दिव्याम्बरसमृद्धये ॥ २४।
न तिलाश्च घृतेनाक्ताः सुसमिद्धे हुताशने।
हुता वै मन्त्रपूताश्च सर्वपापापनुत्तये ॥ २५।
श्रीसूक्तं पावमानी च ब्राह्मणो मण्डलानि च।
जप्तं पुरुषसूक्तं न पापारिशतरुद्रियम् ॥ २६।

श्रीसूक्तं हिरण्यवर्णां हरिणीं सुवर्णरजतस्रजामित्यादि। **पावमानो,** स्वादिष्ठयाम-दिष्ठयापवस्वसोमधारयेत्याद्या। **ब्राह्मणो** ब्राह्मणं अग्निर्वै देवानामवमो विष्णुः परम इत्यादि। **मण्डलानि,** यदेतन्मण्डलं तपति, तन्मह इत्यादीनि ऋग्वेदे प्रसिद्धानि दशमण्डलानि इति वा। **पुरुषसूक्तं** सहस्रशीर्षेत्यादि। **शतरुद्रियम्,** अथातः शतरुद्रियं जुहोति अत्रैष सर्वोऽग्निसंस्कृत इत्यादि। पापारीति सर्वेषां विशेषणम् ॥ २६।

जिस लिङ्ग के स्थापन से समस्त विश्व के स्थापन का फल प्राप्त होता है, मैंने देवालय बनाकर उसमें शुभप्रद शिवलिंग की स्थापना भी नहीं की ॥ २१।

समग्र सम्पत्ति देनेवाला विष्णु का मन्दिर भी नहीं बनवाया और सूर्य, गणश की प्रतिमा का भी निर्माण नहीं कराया ॥ २२।

जिनकी मूर्ति बनाने से (बनवाने से) कुरूप और दुर्भाग्यशाली नहीं होना पड़ता है, ऐसी पार्वती और महालक्ष्मी को चित्रपट में भी नहीं लिखवाया ॥ २३।

ब्राह्मणों को दिव्य वस्त्र को प्राप्ति का हेतुभूत अति सूक्ष्म उज्ज्वल विचित्र वस्त्र भी दान नहीं दिया ॥ २४।

समग्र पापों के क्षयार्थ सुप्रसिद्ध हुताशन (अग्नि) में मन्त्र कथन से पवित्र घृत-संयुक्त तिल का हवन भी नहीं किया ॥ २५।

श्रीसूक्त, पवमानी मन्त्र, ब्राह्मण-मन्त्र, मण्डल-मन्त्र, पुरुषसूक्त और शतरुद्रीय— इन सब पापनाशक वेद-मन्त्रों को (गृहस्थ ब्राह्मण होकर भी) मैं नहीं जप सका ॥ २६।

अश्वत्थसेवा न कृता त्यक्त्वा चार्कं त्रयोदशीम् ।
सद्यः पापहरा सा हि न रात्रौ न भृगोर्दिने ।। २७ ।।
शयनीयं न चोत्सृष्टं मृदुलाञ्च प्रतूलिकाम् ।
दीपीदर्पणसंयुक्तं सर्वभोगसमृद्धिदम् ।। २८ ।
अजाश्वमहिषीमेषीदासीकृष्णाजिनं तिलाः ।
सकरम्भास्तोयकुम्भा नासनं मृदुपादुके ।। २९ ।
पादाभ्यङ्गं दीपदानं प्रपादानं विशेषतः ।
व्यजनं वस्त्रताम्बूलं तथान्यं मुखवासकृत् ।। ३० ।
नित्यश्राद्धं भूतबलिं तथाऽतिथिसमर्चनम् ।
विशन्त्यन्यानि दत्वा च प्रशस्यानि यमालये ।। ३१ ।

आर्कम्, अर्कदिनम् । **भृगोर्दिने**, शुक्रवासरे ।। २७ ।

प्रतूलिका, प्रकृष्टा तूलिका बहुमूल्येत्यर्थः । कीदृशी ? **दीपी** दीप्ता, उज्ज्वलेत्यर्थः । दर्पणेति शयनीयविशेषणम् । दीपदर्पणसंयुक्तामिति क्वचित्पाठः ।। २८ ।

सकरम्भा, दध्युपसिक्तसक्तुसहिताः । **'करम्भो दधिसक्तवः'** इत्यमरः । **मृदुपादुके** इति । छत्रोपानदित्यत्र नाध्वगाय समर्पिता इत्युक्तम्, इह तु साधारणेभ्य इत्यपौनरुक्त्यम् ।। २९ ।

वस्त्रताम्बूलमित्येकवद्भावः । तत्र वस्त्रं साधारणमन्यथा न सूक्ष्माणीत्यनेन पुनरुक्तेः । ताम्बूलं गुवाकादित्रितयम् । पादाभ्यङ्गं ब्राह्मणानामिति शेषः । अन्यल्लवङ्गादि । इत्यन्तानां न चोत्सृष्टमिति पूर्वक्रिययैव सम्बन्धः ।। ३० ।

नित्यश्राद्धमिति । नित्यश्राद्धादीनि दत्त्वा कृत्वाऽन्यानि च प्रशस्यानि द्रव्याणि दत्वा यमादीन्न पश्यन्ति यमालयेऽपि न विशन्तीत्यर्थः । कुतो यतस्ते पुण्यभाज इति ।

पीपलवृक्ष की सेवा भी, जो रविवार, शुक्रवार तथा त्रयोदशी और रात्रिभाग को छोड़कर सद्यः पापहरण करनेवाली है, उसे भी नहीं कर पाया ।। २७ ।

अपने भोजन की समृद्धियों को देनेवाली, मृदुल तोषक और दीवट, दर्पण से युक्त शय्या का भी दान नहीं कर सका ।। २८ ।

अज (बकरा), अश्व, भैंस, भेड़, दासी, काला मृगचर्म, तिल, दधियुक्त सत्तू, जलपूर्ण घट, आसन, कोमल पादुका, पादाभ्यङ्ग, दीपप्रज्ज्वालन, विशेष पौंसरा चलाना, पंखा, वस्त्र, ताम्बूल तथा अन्य मुख-सुगन्धि-सम्पादन वस्तु, नित्य-श्राद्ध, भूतबलि और अतिथि-पूजन इत्यादि तथा अन्य उत्तम दान—इन सब द्रव्यों के दान और कर्मों के अनुष्ठान करने से पुण्यभागी लोग यमपुरी में प्रवेश, यमराज और यम

न यमं यमदूतांश्च न यामीरपि यातनाः ।
पश्यन्ति ते पुण्यभाजो नैतच्चापि कृतं मया ॥ ३२ ।
कृच्छ्रचान्द्रायणादीनि तथा नक्तव्रतानि च ।
शरीरशुद्धिकारीणि न कृतानि क्वचिन्मया ॥ ३३ ।
गवाह्निकञ्च नो दत्तं गोकण्डूतिर्न वै कृता ।
नोद्धृता पङ्कमग्ना गौर्गोलोकसुखदायिनी ॥ ३४ ।
नार्थिनः प्रार्थितैरर्थैः कृतार्था हि मया कृताः ।
देहि देहीति जल्पाको भविष्याम्यन्यजन्मनि ॥ ३५ ।
न वेदा न च शास्त्राणि नार्थो दारा न नो सुतः ।
न क्षेत्रं न च हर्म्यादि यायान्तमनुयास्यति ॥ ३६ ॥

यद्वा नित्यश्राद्धादीन्यन्यानि च द्रव्याणि दत्वा यमालये प्रशस्यानि सदनानि विशन्ति । यमं क्रोधाविष्टमित्यादि[1] पूर्ववत् । **यामीर्यमसम्बन्धिनीः** । फलितमाह । नैतदिति ॥३१–३२॥

कृच्छ्रेति । कृच्छ्रञ्च चान्द्रायणञ्च ते आदी येषामतिकृच्छ्रपराकादीनां तानि तथा । कृच्छ्रातिकृच्छ्रस्वरूपं चोक्तं पराशरसंहितायाम्—

न वाहं यतिकृच्छ्रः स्यात् पाणिपूरान्नभोजनम् ।
त्रिरात्रमुपवासः स्यादतिकृच्छ्रं तदुच्यते ॥ इति ॥ ३३ ॥

गवाह्निकं गवाम् अह्नि अह्नि देयमाह्निकम्, प्रतिदिवसदेयं गोग्रासमित्यर्थः । गवानीकमिति पाठे गोसमूहमित्यर्थः ॥ ३४ ।

प्रार्थितैर्याचितैः । प्राकृतैरिति पाठे साधारणैरपीत्यर्थः । देहि देहीति जल्पाकः देहि देहि प्रयच्छेति प्रार्थनाशीलः ॥ ३५–३६ ।

दूतों का दर्शन, तथा यम-यातना के भोगों को नहीं पाते—मुझे यह सब कुछ भी नहीं करते बन पड़ा ॥ २९-३२ ।

कृच्छ्र, चान्द्रायण और नक्तव्रत प्रभृति शरीर की शुद्धि करनेवाले व्रतों का भी मैंने अनुष्ठान नहीं किया ॥ ३३ ॥

मैंने न तो प्रतिदिन गो-ग्रास ही दिया और न ही गौ का शरीर ही खुजलाया, न गोलोक में सुखदायी गौ को पंक में से उद्धार ही किया ॥ ३४ ।

प्रार्थनानुसार अर्थ देकर मैंने अर्थियों को भी कृतार्थ नहीं किया, (हाय !) दूसरे जन्म में "दो-दो" ऐसा बकनेवाला (दीन भिक्षुक) होऊँगा ॥ ३५ ।

वेद, शास्त्र, धन-सम्पत्ति, स्त्री, पुत्र, क्षेत्र, (खेत), हर्म्य (महल) ये सब कोई भी परलोक यात्रा में मेरे साथी नहीं होंगे ॥ ३६ ।

---

१. न पश्यन्तीति ।

शिवशर्मेति सञ्चिन्त्य बुद्धिं सन्धाय सर्वतः।
निश्चिकाय मनस्येवं भवेत्क्षेमतरं मम ॥ ३७ ।
यावत्स्वस्थोऽस्ति मे देहो यावन्नेन्द्रियविक्लवः।
तावत्स्वश्रेयसां हेतुं तीर्थयात्रां करोम्यहम् ॥ ३८ ।
दिनानि पञ्चषाण्येवमतिवाह्य गृहे द्विजः।
शुभे तिथौ शुभे वारे शुभलग्नबले द्विजः ॥ ३९ ।
उपोष्य रजनीमेकां प्रातः श्राद्धं विधाय च।
गणेशान् ब्राह्मणान्नत्वा भुक्त्वा प्रस्थितवान् सुधीः ॥ ४० ।
इति निश्चित्य निर्वाणपदनिःश्रेणिकां पराम्।
सर्वेषामेव जन्तूनां तत्र संस्थितिकारिणाम् ॥ ४१ ।

शिवशर्मा इति, एवं प्रकारेण मम क्षेमतरं कल्याणतरं भवेत् स्यादिति निश्चिकाय निश्चितवानित्यर्थः। क्षेमकरमिति पाठे क्षेमकरं कर्मेत्यर्थः ॥ ३७ ।

तमेव निश्चयं दर्शयति। यावदिति ॥ ३८ ।

एवमेवं विचारयन्नित्यर्थः। पञ्चषाणि पञ्चषड्वासराणीत्यर्थः। लग्नबले लग्ने इत्यर्थः। स्वार्थे वलच् प्रत्ययः ॥ ३९-४० ।

इति निश्चित्येति। इति तीर्थपर्यटनमेव सर्वजन्तूनां निर्वाणपदनिःश्रेणिकां कैवल्यपदसोपानपरम्परामुत्कृष्टां निश्चित्य अवधार्य प्रस्थितवानिति पूर्वक्रिययैवान्वयः। कथम्भूतानाम्? तत्र संस्थिति कारिणां तत्र निर्वाणपदे तीर्थपर्यटने वा सम्यक् स्थितिं कर्तुं शीलं येषां ते, तथा तेषाम् ॥ ४१ ।

शिवशर्मा ने इस प्रकार चिन्तन कर समग्र विषयों से बुद्धि को बटोर (एकाग्र) मन से यही निश्चय किया कि "इसी विधि से मेरा बड़ा कल्याण होगा" ॥ ३७ ।

जब तक मेरा शरीर स्वस्थ है, जब लों (जब तक) इन्द्रियाँ असमर्थ नहीं हो जातीं, तब तक अपने मंगल हेतु जडरूपा तीर्थयात्रा को मैं कर लूँ ॥ ३८ ।

उस बुद्धिमान् ब्राह्मण ने यही स्थिरकर पाँच-छः दिन गृह में बिताने पर शुभ तिथि, शुभ वार, शुभ लग्नबल में प्रस्थान किया ॥ ३९ ।

"तीर्थ-पर्य्यटन में न्यायपूर्वक व्यवहार करनेवाले सभी प्राणियों की मुक्ति-सोपान (सिढ़ी) परम्परा तीर्थयात्रा ही है" ऐसा पूर्व में ही निश्चय कर, यात्रा से पूर्व एक-रात्रि में उपवासी होकर, प्रातःकाल श्राद्धकर गणेशादि देवता और ब्राह्मणों की पूजन-प्रणामादि से संतुष्ट कर पारण के अनन्तर यात्रा प्रारम्भ की ॥ ४०-४१ ।

अथ पन्थानमाक्रम्य कियन्तमपि स द्विजः ।
मुहूर्तं पथि विश्रम्याचिन्तयत् प्राक् क्व याम्यहम् ।। ४२ ।
भुवि तीर्थान्यनेकानि लोलमायुश्चलं मनः ।
ततः सप्तपुरीर्यायां सर्वतीर्थानि तत्र यत् ।। ४३ ।
अयोध्याञ्च पुरीं गत्वा सरयूमवगाह्य च ।
तत्तत्तीर्थेषु अन्तर्प्य पितॄन् पिण्डप्रदानतः ।। ४४ ।
पञ्चरात्रमुषित्वा तु ब्राह्मणान् परिभोज्य च ।
प्रयागमगमद्विप्रस्तीर्थराजं सुहृष्टवत् ।। ४५ ।

अथेति । अचिन्तयत् आलोचितवान् । चिन्तयदिति क्वचित्पाठः, तत्राडभाव आर्षः ।। ४२ ।

भुवीति । ततंस्तस्मात्सप्त पुरीरयोध्याद्या मोक्षदातृत्वेन प्रसिद्धाः । तदुक्तम्—

अयोध्या मथुरा माया काशी कान्ती अवन्तिका ।
पुरी द्वारावती चैव सप्तैता मोक्षदायिकाः ।। इति ।

यायां गच्छेयम् । आदाविति शेषः । यद्यतस्तत्र तासु सर्वतीर्थानीति ।। ४३ ।

इति निश्चित्य स विप्रः पुराऽयोध्यां गत्वा प्रयागमगमदिति द्वितीयश्लोकेनान्वयः । मथुरातो मध्ये प्रयागमुल्लङ्घ्याऽयोध्यायां गमनं मार्गशीर्षे निर्गतस्य प्रयागे माघस्नानानुरोधार्थमिति ज्ञातव्यम् । तथा चाग्रे वक्ष्यति । तत्र माघमुषित्वेति ।। ४४–४५ ।

इसके अनन्तर कुछ दूर चलकर मुहूर्तमात्र विश्राम करके वह ब्राह्मण सोचने लगा कि पहले कहाँ जाऊँ ? ।। ४२ ।

पृथ्वी पर अनेक तीर्थ हैं, आयुष्य भी अस्थिर है और मन परम चंचल है, तब फिर पहले सप्तपुरी की यात्रा करूँ; क्योंकि वहाँ पर समस्त तीर्थ वर्तमान रहते हैं ।। ४३ ।

इस विचार के अनुसार शिवशर्मा ने अयोध्यापुरी में पहुँचकर सरयू में स्नान किया । तदन्तर्गत प्रत्येक तीर्थ में तर्पण, पिण्डदान आदि करता हुआ पंचरात्र निवास तथा ब्राह्मण भोजनादि कर्म सुसम्पादन कर अति प्रसन्न चित्त से तीर्थराज प्रयाग में जा पहुँचा ।। ४४–४५ ।

सिताऽसिते सरिच्छ्रेष्ठे यत्रास्तां सुरदुर्लभे ।
यत्राप्लुतो नरः पापः परं ब्रह्माधिगच्छति ।। ४६ ।
क्षेत्रं प्रजापतेः पुण्यं सर्वेषामेव दुर्लभम् ।
लभ्यते पुण्यसम्भारैर्नान्यथाऽर्थस्य राशिभिः ।। ४७ ।
दमयन्तीं कलिं कालं कलिन्दतनयां शुभाम् ।
आगत्य मिलिता यत्र पुण्या स्वर्गतरङ्गिणी ।। ४८ ।
प्रकृष्टं सर्वयागेभ्यः प्रयागमिति गीयते ।
यज्वनां पुनरावृत्तिर्न प्रयागार्द्रवर्ष्मणाम् ।। ४९ ।
यत्र स्थितः स्वयं साक्षाच्छूलटङ्को महेश्वरः ।
तत्राप्लुतानां जन्तूनां मोक्षवर्त्मोपदेशकः ।। ५० ।

प्रयागं विशिनष्टि । **सिताऽसिते** इत्यादि काशीत्यतः प्राक्तनेन ग्रन्थेन । सिताऽसिते गङ्गायमुनेस्तां भवतः । सुरदुर्लभे देवानामपि दुष्प्राप्ये, तदुक्तम्—

प्रयागं तीर्थराजानं गच्छध्वममरोत्तमाः ।
भवाम्भोजभवाम्भोजनयनानां सुदुर्लभम् ।। इति ।। ४६ ।

दमयन्तीं शमयन्तीम् । कलिकालं कलिं कालञ्च । कलिन्दतनयां कलिन्दः पर्वतः, तस्य तनयां ततो निःसृतामित्यर्थः ।। ४८ ।

प्रकृष्टमिति । यज्वनां यज्ञकर्तृणाम् । यज्विनामिति क्वचित्पाठः, स चिन्त्यः । प्रयागार्द्रवर्ष्मणां प्रयागेऽर्थाद्वेणीजलेनार्द्रं वर्ष्म शरीरं येषां ते तथा तेषाम् ।। ४९-५० ।

माघ मास में स्नान की इच्छा से पहले तीर्थराज को न जाकर शिवशर्मा अयोध्या ही गये, फिर प्रयाग लौटे । वहाँ पर देवगण-दुर्लभ सितासित (गंगा-यमुना) दोनों प्रधान नदियाँ विद्यमान हैं । मनुष्य उन नदियों में स्नानकर परम ब्रह्म को प्राप्त होता है ।। ४६ ।

वह प्रजापति का क्षेत्र सब किसी को दुर्लभ है । परम पुण्य-पुञ्ज से (वह तीर्थ) प्राप्त होता है, अन्यथा धनराशि व्यय करने पर भी तीर्थराज का समागम नहीं होता ।। ४७ ।

कलि और काल को दमन करती हुई शुभावहा कलिन्दजा यमुना में परम-पुण्य जला स्वर्गतरंगिणी गंगा जहाँ पर आकर मिली हैं, समस्त यागों (यज्ञों) से प्रकृष्ट होने से जो प्रयाग (यज्ञों से भी प्रकृष्ट)—ऐसा कहलाता है, उसी प्रयाग के जल में स्नान-रूप यज्ञ करनेवालों को पुनर्जन्म नहीं होता ।। ४८-४९ ।

जहाँ के अधिष्ठाता भगवान् शूलटंकेश्वर हैं—वहाँ स्नान करनेवाले जन्तुओं को

तत्राऽक्षय्यवटोऽप्यस्ति सप्तपातालमूलवान् ।
प्रलयेऽपि यमारुह्य मृकण्डतनयोऽवसत् ॥ ५१ ॥
हिरण्यगर्भो विज्ञेयः स साक्षाद्वटरूपधृक् ।
तत्समीपे द्विजान् भक्त्या सम्भोज्याक्षय्यपुण्यभाक् ॥ ५२ ॥
यत्र लक्ष्मीपतिः साक्षाद्वैकुण्ठादेत्य मानवान् ।
श्रीमाधवस्वरूपेण नयेद्विष्णोः परं पदम् ॥ ५३ ॥
श्रुतिभिः परिपठ्यते सिताऽसितसरिद्वरे ।
तत्राप्लुताङ्गा ह्यमृतं भवन्तीति विनिश्चितम् ॥ ५४ ॥
शिवलोकाद्ब्रह्मलोकादुमालोकवरात्पुनः ।
कुमारलोकाद्वैकुण्ठात् सत्यलोकात्समन्ततः ॥ ५५ ॥

यमारुह्येति कल्पभेदाऽभिप्रायम् । यद्वा यमारुह्येति भगवदुदरस्थितस्य वटस्येन भगवता सह वटस्याऽभेदविवक्षया तथेत्युक्तम् ॥ ५१–५२ ।

परं पदं कैवल्यम् ॥ ५३ ।

तत्र प्रमाणमाह । श्रुतिभिरपि । तथा च श्रुतयः—सिताऽसिते सरिते यत्र संगमे तत्राप्लुता सोदिवमुत्पतन्तीत्याद्याः ॥ ५४ ।

वराच्छ्रेष्ठात् ॥ ५५ । यत्प्रयागाऽनिलानपि यश्चासौ प्रयागश्चेति यत्प्रयागः,

---

(प्राणियों को) मोक्षमार्ग का उपदेश स्वयं देते हैं, वहीं पर अक्षयवट भी है, जिसकी जड़ें सप्त पाताल पर्यन्त गई हैं और प्रलयकाल में भी जिसके अवलम्बन से मार्कण्डेय ऋषि निवास करते हैं, उसे वटरूपधारी साक्षात् हिरण्यगर्भ (ब्रह्मा) ही जानना चाहिए और उसके समीप में ब्राह्मणों को भोजन कराने से अक्षय पुण्यलाभ होता है, वहाँ पर साक्षात् लक्ष्मीपति वैकुण्ठधाम से आकर मनुष्यों को श्रीमाधवस्वरूप से विष्णु के परमपद (मोक्ष) को पहुँचाते हैं ॥ ५०–५३ ।

जिस प्रयाग के सम्बन्ध में वेदों ने भी यह कहा है कि सितासित (श्वेत-श्याम, गंगा-यमुना) दोनों नदियाँ जहाँ पर मिली हैं, वहाँ अवगाहन करने से निश्चय ही अमृतपद (मुक्ति) प्राप्त होती है" ॥ ५४ ।

शिवलोक, ब्रह्मलोक, उमालोक, महर्लोक, स्वर्गलोक, भुवर्लोक, भूलोक, नागलोक, अधिक क्या (कहें) समस्त ब्रह्माण्ड के चतुर्दिक् से प्रत्येक भुवनवासीगण,

तपोजनमहर्भ्यश्च सर्वे स्वर्लोकवासिनः।
भुवो लोकाच्च भूर्लोकान्नागलोकात्तथाऽखिलात् ॥ ५६ ।
अचला हिमवन्मुख्याः कल्पवृक्षादयो नगाः।
स्नातुं माघे समायान्ति प्रयागमरुणोदये ॥ ५७ ।
दिगङ्गनाः प्रार्थयन्ति यत्प्रयागानिलानपि ।
तेऽपि नः पावयिष्यन्ति किं कुर्मः पङ्गवो वयम् ॥ ५८ ।
अश्वमेधादियागाश्च प्रयागस्य रजः पुनः।
तुलितं ब्रह्मणा पूर्वं न ते तद्रजसा समाः ॥ ५९ ।
मज्जागतानि पापानि बहुजन्मार्जितान्यपि ।
प्रयागनामश्रवणात् क्षीयन्तेऽतीव विह्वलम् ॥ ६० ।
धर्मतीर्थमिदं सम्यगर्थतीर्थमिदं परम् ।
कामिकं तीर्थमेतच्च मोक्षतीर्थमिदं ध्रुवम् ॥ ६१ ।

तत्स्पर्शिनो यस्य प्रयागस्य सम्बन्धिनो वायूनपीत्यर्थः। किमिति प्रार्थयन्ति तत्राह। तेऽपीति। स्वयमेव तत्र किमिति न यान्ति, तत्राह ॥ ५८–५९।

मज्जागतानि अस्थिस्नाय्वोरन्तर्वर्तिस्वच्छं जलं मज्जा। अथवा अस्थ्यन्तर्गतो धातुर्मज्जा, तद्गतानीत्यर्थः ॥ ६०। कामिकं कामाय हितम् ॥ ६१।

हिमालय प्रभृति पर्वत, और कल्पद्रुमादि वृक्षगण, माघ मास के अरुणोदय-काल में स्नान करने के लिये प्रयाग में समागत होते हैं ॥ ५५–५७।

दिवङ्गना-गण, प्रयाग वायुओं की भी प्रार्थना करती और कहती है—"वे प्रयाग के वायु आकर क्या हम सबों को पवित्र करेंगे? क्या करें हम लोग तो पङ्गु (लूली) हैं ॥ ५८।

अश्वमेधादिक यज्ञ और प्रयाग की धूलि को ब्रह्मा ने पूर्व में तोला था; परन्तु वे सब यज्ञ उस धूलि के बराबर नहीं हुए ॥ ५९।

बहुजन्म-संचित अस्थि के अन्तर्गत भी पाप-पुञ्ज प्रयाग का नाम सुनते ही अत्यन्त विह्वल होकर क्षय होने लगते हैं ॥ ६०।

यह प्रयाग ही धर्मतीर्थ, अर्थतीर्थ, कामतीर्थ और मोक्षतीर्थ है—इस विषय में सन्देह नहीं है ॥ ६१।

ब्रह्महत्यादिपापानि तावद् गर्जन्ति देहिषु ।
यावन्मज्जन्ति नो माघे प्रयागे पापहारिणि ।। ६२ ।
तद्विष्णोः परमं पदं सदा पश्यन्ति सूरयः ।
एतद्यत्पठ्यते वेदे तत्प्रयागं पुनः पुनः ।। ६३ ।
सरस्वती रजोरूपा तमोरूपा कलिन्दजा ।
सत्त्वरूपा च गङ्गाऽत्र नयन्ति ब्रह्मनिर्गुणम् ।। ६४ ।
इयं वेणी हि निःश्रेणी ब्रह्मणो वर्त्म यास्यतः ।
जन्तोर्विशुद्धदेहस्य श्रद्धाऽश्रद्धाप्लुतस्य च ।। ६५ ।

गर्जन्ति देहिन इति शेषः ।। ६२ ।

तद्विष्णोरिति । विष्णोस्तत्प्रसिद्धं परमं पदं सच्चिदानन्दलक्षणं सदा सूरयो विद्वांसः पश्यन्ति, ऐक्येनानुभवन्ति, एतद्यत्पुनः पुनर्वेदे पठ्यते कथ्यते । प्रयत इति क्वचित्पाठः । तत्प्रयागं तत्प्राप्त्युपायत्वादिति ।। ६३ ।

सरस्वती रजोरूपा रजोगुणोपाधिहिरण्यगर्भरूपा । तमोरूपा तमोगुणोपाधिरुद्ररूपा । सत्त्वरूपा सत्त्वगुणोपाधिविष्णुरूपेत्यर्थः ।। ६४ ।

इयं वेणी । गङ्गायमुनयोः सम्भेदः । निःश्रेणी सोपानपरम्परा । श्रद्धाऽश्रद्धाप्लुतस्यास्तिक्यबुद्ध्या नास्तिक्यबुद्ध्या वा स्नातस्य चकाराद् बलात् स्नापितस्यापीत्यर्थः ।। ६५ ।

भगवन् ! आप सर्वान्तर्यामी, सर्वस्वरूप और सर्वाभीष्ट के दाता हैं; आप ईश्वर हैं, मुझे दैन्यकारिणी याञ्चा के प्रति क्यों नियुक्त करते हैं ? ॥ १३६ ॥

बालरूपी उस देव-देव ने पवित्र पुण्य (शुद्ध) व्रती विश्वानर का यह वचन पवित्र हास्य कर तुरन्त प्रत्युत्तर दिया ॥ १३७ ॥

बाल उवाच—

त्वया शुचे शुचिष्मत्यां योऽभिलाषः कृतो हृदि ।
अचिरेणैव कालेन स भविष्यत्यसंशयः ॥ १३८ ।
तव पुत्रत्वमेष्यामि शुचिष्मत्यां महामते ।
ख्यातो गृहपतिर्नाम्ना शुचिः सर्वाऽमरप्रियः ॥ १३९ ।
अभिलाषाष्टकं पुण्यं स्तोत्रमेतत्त्वयेरितम् ।
अब्दं त्रिकालपठनात् कामदं शिवसन्निधौ ॥ १४० ।
एतत्स्तोत्रस्य पठनं पुत्रपौत्रधनप्रदम् ।
सर्वशान्तिकरं चापि सर्वापत्परिनाशनम् ॥ १४१ ।
स्वर्गाऽपवर्गसम्पत्तिकारकं नाऽत्र संशयः ।
प्रातरुत्थाय सुस्नातो लिङ्गमभ्यर्च्य शाम्भवम् ॥ १४२ ।
वर्षं जपन्निदं स्तोत्रमपुत्रः पुत्रवान् भवेत् ।
वैशाखे कार्तिके माघे विशेषनियमैर्युतः ॥ १४३ ।

बालक बोला—

हे पवित्र मुने ! तुमने शुचिष्मती के प्रति जो अभिलाष हृदय में किया है, थोड़े ही दिनों में वह निःसन्देह पूर्ण होगा ॥ १३८ ॥

हे महामते ! मैं शुचिष्मती के गर्भ में सर्वदेवप्रिय पवित्र और गृहपति नाम से प्रसिद्ध होनेवाले तुम्हारे पुत्ररूप में उत्पन्न होऊँगा ॥ १३९ ॥

तुम्हारा कहा हुआ यह पवित्र अभिलाषाष्टक स्तोत्र वर्षपर्यंन्त शिव के समीप त्रिकाल पाठ करने से सर्व कामनाओं को पूर्ण करता है ॥ १४० ॥

इस स्तोत्र का पाठ पुत्र, पौत्र, धन का दाता, समस्त शान्तियों का कर्त्ता, अखिल आपत्तियों का हर्ता, स्वर्ग और मोक्ष सम्पत्तियों का विधाता है, इसमें सन्देह नहीं। जो पुत्रहीन नर एक वर्ष तक प्रातःकाल सोकर उठते ही स्वच्छता से स्नान कर शिवलिंग की पूजाकर इस स्तुति का पाठ करेगा, वह पुत्रवान् होगा। वैशाख, कार्तिक और माघ मास में विशेष नियम धारण कर, जो स्नान के समय इस स्तोत्र को पढ़ेगा, उसे समस्त फल प्राप्त होंगे। मैं अव्यय (निर्गुण) होकर भी इसी कार्तिक मास के प्रसाद

यः पठेत् स्नानसमये स लभेत् सकलं फलम् ।
कार्तिकस्य तु मासस्य प्रसादादहमव्यय ॥ १४४ ।
तव पुत्रत्वमेष्यामि यस्त्वन्यस्तत् पठिष्यति ।
अभिलाषाऽष्टकमिदं न देयं यस्य कस्यचित् ॥ १४५ ।
गोपनीयं प्रयत्नेन महावन्ध्याप्रसूतिकृत् ।
स्त्रिया वा पुरुषेणापि नियमाल्लिङ्गसन्निधौ ॥ १४६ ।
अब्दं जप्तमिदं स्तोत्रं पुत्रदं नात्र संशयः ।
इत्युक्त्वाऽन्तर्दधे बालः सोऽपि विप्रो गृहं गतः ॥ १४७ ।

॥ इति श्रीस्कन्दपुराणे काशीखण्डे इन्द्राग्निलोकवर्णनं
नाम दशमोऽध्यायः ॥ १० ॥

कार्त्तिकमासाराधनेन तोषितत्वात् तत्प्रसादादित्युक्तम् ॥ १४४ ।
तदभिलाषाष्टकं स्तोत्रम् ॥ १४५ ।
॥ इति श्रीरामानन्दकृतायां काशीखण्डटीकायां दशमोऽध्यायः ॥ १० ॥

से तुम्हारे पुत्रत्व को प्राप्त होऊँगा और दूसरा जो कोई इसे पढ़ेगा (उसे भी पुत्र होगा)। यह अभिलाषाष्टक जिस किसी को नहीं देना चाहिए ॥ १४१-१४५ ॥

प्रयत्नपूर्वक इसे गुप्त ही रखना उचित है। इस स्तुति के पाठ करने से महावन्ध्याओं को भी सन्तान उत्पन्न होता है। स्त्री हो अथवा पुरुष हो, एक वर्षपर्यन्त नियमपूर्वक लिंग के समीप इस स्तोत्र का पाठ करे, तो निश्चय ही उसे पुत्र होगा। यह कहकर वह बालक (उसी लिंग में) अन्तर्धान हो गया और वे ब्राह्मण (विश्वानर मुनि) भी अपने घर को चले गये ॥ १४६-१४७ ॥

इन्द्रपुरी अमरावती, बरनी प्रथम विशेष ।
पावक की ज्योतिष्मती, कही सविस्तर देख ॥ १ ॥

॥ इति श्रीस्कन्दपुराणे चतुर्थे काशीखण्डे पूर्वार्द्धे भाषाटीकायां अमरावती-ज्योतिष्मतीवर्णनं नाम दशमोऽध्यायः ॥

अथ एकादशोऽध्यायः

अगस्तिरुवाच—

श्रृणु सुश्रोणि सुभगे वैश्वानरसमुद्भवम् ।
पुण्यशीलसुशीलाभ्यां यथोक्तं शिवशर्मणे ॥ १ ।
अथ कालेन तद्योषिदन्तर्वत्नी बभूव ह ।
विधिवद्विहिते तेन गर्भाधानाख्यकर्मणि ॥ २ ।
ततः पुंसवनं तेन स्पन्दनात् प्राग् विपश्चिता ।
गृह्योक्तविधिना सम्यक् कृतं पुंस्त्वविवृद्धये ॥ ३ ।
सीमन्तोऽथाऽष्टमे मासि गर्भरूपसमृद्धिकृत् ।
सुखप्रसवसिद्ध्यै च तेनाऽकारि क्रियाविदा ॥ ४ ।

एकादशेऽग्निलोकोऽतिविस्तरेण निरुच्यते ।
वैश्वानरसमुत्पत्तिर्वरप्राप्तिपुरःसरा ॥ १ ।

अथाऽनन्तरम् । तद्योषित्, तस्य विश्वानरस्य भार्या शुचिष्मती । गर्भाधानाख्ये कर्मणि तेन विश्वानरेण विहिते सति अन्तर्वत्नी गर्भवती बभूवेत्यर्थः ॥ २ ।

पुंसवनं गर्भस्य पुंस्त्वाधानम् । स्पन्दनात्प्राक् गर्भचलनात् प्राक् पूर्वम् । गृह्योक्तविधिना वैदिकेन प्रकारेणेत्यर्थः । पुंस्त्वविवृद्धये पुंभाववृद्ध्यर्थम् । गर्भस्य वीर्यातिशयायेत्यर्थः ॥ ३ ।

अकारि कृतः । चकारो भिन्नक्रमे । सुखप्रसववृद्ध्यर्थं क्रिया च शोष्यन्ताख्याऽकारीत्यन्वयः । वेत्तीति वित्तेन विदा जानतेत्यर्थः ॥ ४ ।

(अग्नि की उत्पत्ति)

अगस्त्य मुनि बोले—

हे सुभगे सुश्रोणि ! पुण्यशील और सुशील ने शिवशर्मा के प्रति वैश्वानर की उत्पत्ति की कथा जैसे कही, उसे सुनो ॥ १ ॥

यथासमय यथाविधि गर्भाधान कर्मसम्पादित होने के पश्चात् विश्वानर की स्त्री शुचिष्मती गर्भवती हुई । तत्पश्चात् पण्डित विश्वानर ने गर्भस्फुरण के पूर्व ही (प्रायः तीसरे मास में) पुंस्त्वविधि के लिए गृह्योक्तविधि के अनुसार सम्यक् प्रकार से पुंसवन क्रिया को सुसंपन्न किया ॥ २-३ ॥

विश्वानर ने सुखपूर्वक प्रसव होने और गर्भस्थ बालक के रूप समृद्ध्यर्थ अष्टम मास में सीमन्तोन्नयन-कर्म सम्पादन किया ॥ ४ ॥

अथाऽतः स सुतारासु ताराधिपवराननः ।
केन्द्रे गुरौ शुभे लग्ने सुग्रहेष्वयुगेषु च ॥ ५ ॥
अरिष्टं दीपयन् दीप्त्या सर्वारिष्टविनाशकृत् ।
तनयो नाम तस्यां तु शुचिष्मत्यां बभूव ह ॥ ६ ॥
सद्यः समस्तसुखदो भूर्भुवःस्वर्निवासिनाम् ।
गन्धवाहागन्धवाहादिग्वधूमुखवासनाः ॥ ७ ॥

अथशब्दो मङ्गलार्थः । अतोऽनन्तरं स प्रसिद्धः । नाम प्राकाश्ये । तस्यां शुचिष्मत्यां तनयः पुत्रो बभूवेति द्वितीयेनाऽन्वयः । कथम्भूतः ? ताराधिपवराननः, चन्द्रवत्प्रसन्नमुखः । किं कुर्वन् ? अरिष्टममङ्गलं दीपयन् दहन् नाशयन्नित्यर्थः । यद्वा अरिष्टं सूतिकागृहं दीपयन् प्रकाशयन् । अरिष्टं सूतिकागृहमिति वचनात् । तत्र हेतुगर्भं विशेषणमाह । दीप्त्या तेजसा सर्वारिष्टविनाशकृदिति । कस्मिन् सति । शुभे लग्ने समीचीने राशीनामुदये सति । लग्नस्य शुभत्वमेवाह । सुतारासु शोभनस्तारो ध्वनिर्नामेति यावद् यासां तथाभूतासु तारासु[1] शुभासु सतीष्वित्यर्थः । सुतारासु शोभनतारास्विति वा । शततारास्विति पाठे शतभिषास्वित्यर्थः । तथा गुरौ बृहस्पतौ । केन्द्रे लग्नचतुर्थसप्तमदशमराशौ स्थिते सतीत्यर्थः । तथा सुग्रहेष्वयुगेषु च समीचीनेषु ग्रहेष्वसमेष्वित्यर्थः । चकारः समुच्चये ॥ ५ ।

तनयस्य विशेषणान्तरम् **सद्य इति** । गन्धवाहा वायवः । गन्धवहा इति क्वचित् । कथम्भूता ? गन्धं वहन्तीति गन्धवाहाः, यथार्थाख्या आसन्नित्यर्थः । गन्धवाहानवाहाश्चेति पाठे घनानां विशेषणम् । कथम्भूताः ? दिग्वधूमुखवासनाः, दिग्वधूनां मुखानि वासयन्ति सुगन्धीनि कुर्वन्तीति तथा । यद्वा दिग्वधूमुखानां वासना येषु ते तथा । दिगङ्गनाननामृतवासिता इत्यर्थः । वाहना इति पाठे दिग्वधूमुखेभ्यो वहन्तीति तथा ते प्रसिद्धा घना मेघाः ॥ ७ ।

तदनन्तर उत्तम नक्षत्र, केन्द्रस्थ गुरु, सब शुभग्रह पंचम, नवम इत्यादि विषम (अयुग्म) स्थान स्थित और शुभलग्न, ऐसी वेला में विश्वानर की पत्नी शुचिष्मती के गर्भ से सब अरिष्टों का नाशक, चन्द्रसमान सुन्दर मुखवाला पुत्र उत्पन्न हुआ। उसके भूमिष्ठ होते ही उसी की प्रभा से सूतिका गृह (सौरी) उज्ज्वल हो गया ॥ ५-६ ॥

उसी क्षण भूमि, भुव और स्वर्ग के निवासी लोगों को पूर्ण सुख प्राप्त हुआ, दिग्वधुओं के मुखों को सुवासित करने वाली सुगन्ध से परिपूर्ण वायु बहने लगी ॥ ७ ॥

---

१. एतद्व्याख्याने तारास्वितिपदमध्याहृत्य योजितमिति भाति; परन्त्वेतादृशक्लेशबीजं किमिति न विद्मः ।

इष्टगन्धप्रसूनौघैर्ववर्षुस्ते घनाघनाः

देवदुन्दुभयो नेदुः प्रसेदुः सर्वतो दिशः ॥ ८ ।

परितः सरितः स्वच्छा भूतानां मानसैः सह ।

तमोऽताम्यत्तु नितरां रजोऽपि विरजोऽभवत् ॥ ९ ।

सत्त्वाः सत्त्वसमायुक्ता वसुधाऽऽसीच्छुभा तदा ।

कल्याणी सर्वतो वाणी प्राणिनः प्रीणयन्त्यभूत् ॥ १० ।

तिलोत्तमोर्वशीरम्भा प्रभा विद्युत्प्रभा शुभा ।

सुमङ्गला शुभालापा सुशीलाढ्या वराङ्गना ॥ ११ ।

ववर्षुर्वृष्टिं चक्रुः[1] । कैः । इष्टो गन्धो येषां तथाभूतानां प्रसूनानामोघैः समूहैः । घना निबिडाः । घनाघना इत्येकं वा पदम् । वर्षन्तो मेघा इत्यर्थः ॥ ८ ।

तमोऽज्ञानमन्धकारो वा अताम्यदनशत् । रजोऽपि विरजो विगतरजोऽभवदनशदित्येव ॥ ९ ।

सत्त्वाः प्राणिनः[2] । पुंस्त्वमार्षम् । सत्त्वसमायुक्ताः सत्त्वगुणसम्पन्नाः । शुभाः शोभनाः । पाठान्तरे सुष्ठु धारयमाणाऽमृततुल्या वा । सुधातुल्यफलसस्यादिमतीत्यर्थः । यदा बभूव, तदेति सर्वत्र सम्बध्यते ॥ १० ।

तिलोत्तमेत्यादीनां तत्र विश्वानरगृहे मुदा हर्षेण आजग्मुरित्यग्रिमेणाऽन्वयः । वराङ्गना वराप्सरसः ॥ ११ ।

मेघमण्डल ने सुगन्धित पुष्पों की वृष्टि की । देवताओं का दुन्दुभि (नगाड़ा) बजने लगा, दिशाएँ प्रसन्न हो गईं ॥ ८ ॥

समस्त नदियाँ लोगों के चित्त के साथ-साथ निर्मल हो गईं, तमोगुण अज्ञानरूप अन्धकार विनष्ट हुआ और रजोगुण की धूलिराशि भी विलीन हो गयी ॥ ९ ॥

जीव (प्राणि) गण सत्त्व और वीर्य से युक्त हो चले, पृथिवी भी उस घड़ी मङ्गलमयी हो गई, सब लोगों की प्रीतिवर्द्धिनी कल्याणी वाणी सर्वत्र कही जाने लगी ॥ १० ॥

तिलोत्तमा, उर्वशी, रम्भा, प्रभा, विद्युत्प्रभा, शुभा, सुमङ्गला, शुभालापा और सुशीला आदि अप्सराएँ, प्रसृत मुक्ताफलों से परिपूर्ण, कर्पूर, अगुरु, कस्तूरी और

---

१. आर्षमेतत्; २. सुधा तदेत्येवंरूपे ।

क्वणत्कङ्कणपात्राणि कृत्वा करतले मुदा।
मुक्तमुक्ताफलाढ्यानि यक्षकर्दमवन्ति च ॥ १२ ।
वज्रवैदूर्यदीपानि हरिद्रालेपनानि च।
गारुत्मतैकरूपाणि शङ्खशुक्तिदधीनि च ॥ १३ ।
पद्मरागप्रवालाख्यरत्नकुङ्कुमवन्ति च ।
गोमेदपुष्परागेन्द्रनीलसन्माल्यभाञ्जि च ॥ १४ ।
विद्याधर्यश्च किन्नर्यस्तथाऽमर्यः सहस्रशः ।
चामरव्यग्रहस्ताग्रमङ्गल्यद्रव्यपाणयः ॥ १५ ।
गन्धर्वोरगयक्षाणां सुवासिन्यः शुभस्वराः ।
गायन्त्यो ललितं गीतं तत्राजग्मुरनेकशः ॥ १६ ।

किं कृत्वा ? क्वणत्कङ्कणपात्राणि करतले कृत्वा। क्वणन्ति शब्दं कुर्वन्ति कङ्कणानि येषु तानि पात्राणि तथा। क्वणत्कनकपात्राणीति क्वचित्। पात्राणि विशिनष्टि। मुक्तमुक्ताफलाढ्यानीति त्रिभिः। मुक्तानि प्रसृतानि यानि मुक्ताफलानि, तैराढ्यानि। मुक्तमुक्ताक्षताढ्यानीति क्वचित्। यक्षकर्दमवन्ति कर्पूरागुरुकस्तूरी-कंकोलवन्ति ॥ १२ ।

वज्रवैदूर्या एव दीपाः प्रदीपास्तैः सह वा दीपा येषु तानि तथा। हरिद्रालेपनानीत्यत्र हरिद्राक्षोदवन्तीति हारिद्राचूर्णवन्तीत्यर्थः। गारुत्मता गरुडस्योद्गाराज्जाता मणय एकरूपाः श्रेष्ठरूपा येषु तानि तथा। गारुत्मतैकदूर्वाणीति क्वचित्। शङ्खादियुक्तानि दधीनि येषु तानि। शङ्खेत्यत्र सक्त्विवति क्वचित् ॥ १३ ।

पद्मरागादयो मणिप्रभेदाः। आख्येत्यत्राढ्येति। पद्मरागप्रवालाख्यरत्नरूपं यत् कुङ्कुमं तद्वन्ति। गोमेदादिमयानि सन्माल्यानि विचित्रवर्णदामानि भजन्ते तानि ॥ १४।

अमर्योऽमराङ्गनाः ॥ १५। सुवासिन्यः स्त्रियः ॥ १६।

कंकोल के कर्दम से युक्त हीरा, वैदूर्य के दीपों से समन्वित हरिद्रा से अनुलिप्त मरकत मणि (पन्ना) के समान शङ्ख, शुक्ति, दधि से पूरित पद्मराग, प्रवाल, गोमेद, पुष्पराग, इन्द्रनील और रत्न कुंकुम प्रभृति मणिमाला से भूषित, कणत् कंकण में लगे हुए पात्रों को हाथ में लेकर वहाँ पर उपस्थित हुईं ॥ ११-१४ ॥

सहस्रशः विद्याधरी, किन्नरी और देवांगनाएँ चमर डुलाती-डुलातीं मांगलिक द्रव्यों को हाथ में लिए हुए वहाँ आ गयीं ॥ १५ ॥

सुन्दर स्वर-सम्पन्ना, गंधर्व, नाग और यक्षों की अनेक सुवासिनियाँ सुललित गीत गाती हुई वहाँ पर आकर उपस्थित हुईं ॥ १६ ॥

मरीचिरत्रिः पुलहः पुलस्त्यः क्रतुरङ्गिराः ।
वसिष्ठः कश्यपश्चाहं विभाण्डो माण्डवीसुतः ॥ १७ ।
लोमशो लोमचरणो भरद्वाजोऽथ गौतमः ।
भृगुस्तु गालवो गर्गो जातूकर्ण्यः पराशरः ॥ १८ ।
आपस्तम्बो याज्ञवल्क्यदक्षवाल्मीकिमुद्गलाः ।
शातातपश्च लिखितः शिलादः शङ्ख उञ्छभुक् ॥ १९ ।
जमदग्निश्च सम्बर्तो मतङ्गो भरतोंऽशुमान् ।
व्यासः कात्यायनः कुत्सः शौनकः सुश्रुतः शुकः ॥ २० ।
ऋष्यशृङ्गोऽथ दुर्वासा रुचिर्नारदतुम्बुरू ।
उत्तङ्को वामदेवश्च च्यवनोऽसितदेवलौ ॥ २१ ।
शालङ्कायनहारीतौ विश्वामित्रोऽथ भार्गवः ।
मृकण्डः सह पुत्रेण दाल्भ्य उद्दालकस्तथा ॥ २२ ।
धौम्योपमन्युवत्साद्या मुनयो मुनिकन्यकाः ।
तच्छान्त्यर्थं समाजग्मुर्धन्यं विश्वनराश्रमम् ॥ २३ ।

मरीचिरित । तच्छान्त्यर्थं तस्य गृहपतेरग्नेः शान्त्यर्थं शान्तिकर्मकरणार्थं विश्वानरगृहाश्रमं मरीच्यादय आजग्मुरिति सप्तमेनाऽन्वयः । अहम् अगस्त्यः । माण्डवीसुतो माण्डव्यः । लोमचरणो लोमपादः । जातूकर्णं इति क्वचित् ॥ १७-२० ।

उत्तङ्क इत्यत्रोदङ्क इति च क्वचित् ॥ २१ ।

सह पुत्रेण मार्कण्डेयेन सह ॥ २२-२३ ।

मरीचि, अत्रि, पुलह, पुलस्त्य, क्रतु, अङ्गिरा, वशिष्ठ, कश्यप, मैं (अर्थात् अगस्त्य) विभाण्डक, माण्डव्य, लोमश, लोमचरण, भारद्वाज, गौतम, भृगु, गालव, गर्ग, जातूकर्ण्य, पराशर, आपस्तम्ब, याज्ञवल्क्य, दक्ष, वाल्मीकि, मुद्गल, शातातप, लिखित, शिलाद, शङ्ख, उंछभुक्, जमदग्नि, संवर्त्त, मतङ्ग, भरत, अंशुमान्, व्यास, कात्यायन, कुत्स, शौनक, सुश्रुत, शुक, ऋष्यशृङ्ग, दुर्वासा, रुचि, नारद, तुम्बुरु, उतंक, वामदेव, च्यवन, असित, देवल, शालंकायन, हारीत, विश्वामित्र, भार्गव, पुत्र (मार्कण्डेय) के सहित मृकंड, दाल्भ्य, उद्दालक, धौम्य, उपमन्यु, वत्सप्रभृति मुनि-समाज और मुनि-कन्याएँ उस (बालक) के शान्त्यर्थं धन्य (तम) विश्वानर मुनि के आश्रम पर आ पहुँचे ॥ १७-२३ ॥

ब्रह्मा बृहस्पतियुतो देवो गरुडवाहनः ।
नन्दिभृङ्गिसमायुक्तो गौर्या सह वृषध्वजः ॥ २४ ।
महेन्द्रमुख्या गीर्वाणा नागाः पातालवासिनः ।
रत्नान्यादाय बहुशः ससरित्का महाब्धयः ॥ २५ ।
स्थावरा जङ्गमं रूपं धृत्वाऽऽयाताः सहस्रशः ।
महामहोत्सवे तस्मिन् बभूवाऽकालकौमुदी ॥ २६ ।
जातकर्म स्वयं चक्रे तस्य देवः पितामहः ।
श्रुतिं विचार्य तद्रूपां नाम्नां गृहपतिस्त्वयम् ॥ २७ ।
इति नाम ददौ तस्मै देयमेकादशेऽहनि ।
नामकर्मविधानेन तदर्थं श्रुतिमुच्चरन् ॥ २८ ।

ब्रह्मेति । ब्रह्मादय आयाता इति तृतीयेनाऽन्वयः ॥ २४ ।

अकालकौमुदी अकालेऽसमये चन्द्ररहितेऽपि रात्र्यादौ कौमुदी ज्योत्स्ना, तस्मिन् महामहोत्सवेऽभूदित्यर्थः ॥ २६ ।

जातेति । स्वयं पितामहो ब्रह्मा तस्य बालस्य जातकर्म चक्रे कृतवान् । किं कृत्वा ? तद्रूपां जातकर्मप्रतिपादिकां श्रुतिं विचार्य ॥ २७ ।

नामकर्मविधानेन एकादशे दिवसे नाम्नाऽयं गृहपतिरिति देयं दातुं योग्यं नाम च ददावित्यर्थः । किं कुर्वन् ? तदर्थं नामकरणार्थं श्रुतिं वेदमुच्चरन् उच्चारयन् ॥ २८ ।

बृहस्पति के सहित ब्रह्मा, देवश्रेष्ठ गरुड़ध्वज (विष्णु) और नन्दी, भृङ्गी से युक्त गौरी के साथ वृषभध्वज (महादेव), इन्द्र प्रभृति देवतागण और पातालवासी नागगण एवं नदियों के सहित समस्त समुद्रगण, बहुत से रत्नों को लेकर तथा सहस्र-सहस्र स्थावर पर्वतादि जंगमरूप धारण कर उस महामहोत्सव में आकर उपस्थित हुए । उस समय वहाँ पर (मानो) अकाल चन्द्रिका फैल गई ॥ २४-२६ ॥

पितामह ने स्वयं उस लड़के का जातकर्म संस्कार किया, फिर जातकर्म की प्रतिपादिका श्रुति को विचार कर इस बालक का नाम गृहपति ऐसा देने योग्य नाम ग्यारहवें दिन नामकर्म की रीति से तदर्थ वेदमन्त्रों का उच्चारण करते हुए उसे (बालक) को दिया ॥ २७-२८ ॥

अयमग्निर्गृहपतिर्गार्हपत्यः प्रजाया वसुवित्तमः ।
अग्ने गृहपतेऽभिद्युम्नमभि सह आयच्छस्व ॥ २९ ॥
अग्ने गृहपते स्थित्यापरामपि निदर्शयन् ।
चतुर्निगममन्त्रोक्तैराशीर्भिरभिनन्द्य च ॥ ३० ॥
कृत्वा बालोचितां रक्षां हरेण हरिणा सह ।
निर्ययौ हंसमारुह्य सर्वेषां प्रपितामहः ॥ ३१ ॥
अहो रूपमहो तेजस्त्वहो सर्वाङ्गलक्षणम् ।
अहो शुचिष्मतीभाग्यमाविरासीत्स्वयं हरः ॥ ३२ ॥
अथवा किमिदं चित्रं शर्वभक्तजनेष्वहो ।
आविर्भवेत्स्वयं रुद्रो यतो रुद्रास्तदर्चकाः ॥ ३३ ॥

तामेव दर्शयति । आयमग्निर्गृहपतिरिति सार्धेन । अस्यायमर्थः—योऽयमग्निर्गृहपतिर्गार्हपत्याख्यः प्रजायाश्चातिशयेन धनस्य वेदिता, तमेतं याचे । हे अग्ने गृहपते अभिद्युम्नं द्योततेर्यशो वाऽन्नं वा । अभिसह इति बलस्य नाम । आयच्छस्व । यमेरेतद्रूपम् । एतदुक्तं भवति । अस्मानभि अन्नं यशो वा बलं वा गृह्णीष्व आगमयेत्यर्थः । यद्वा अस्मानभिद्युम्नमभिबलं वा आयच्छस्व स्थापयस्व समर्पय । आयतिः स्थानार्थः ॥ २९ ।

अग्ने गृहपते स्थित्येतिशाखाभेदेन द्रष्टव्यम् । चतुर्वेदोक्तमन्त्रैराशीर्भिरभिनन्द्य वर्धयित्वा पितामहो जगामेति द्वितीयेनाऽन्वयः ॥ ३०-३१ । अहो इत्यन्योऽन्यं स्तुवन्तो यथागतं तथा जग्मुरिति चतुर्थेनाऽन्वयः । किं स्तुवन्त इत्याकाङ्क्षयामाह । **अहो रूप**मिति ॥ ३२ ।

रुद्रः स्वयमाविर्भवतीत्यत्र हेतुमाह । **यत इति** । रुद्रार्चका रुद्रस्वरूपा एवेति

वे वेदमन्त्र 'अयमग्निर्गृहपतिः' और दूसरी शाखा के 'अग्ने गृहपते' इत्यादि चतुर्वेदोक्त मन्त्रों और आशीर्वादों से अभिनन्दन कर सब लोगों के प्रपितामह ब्रह्मा बालक के उचित रक्षार्थं रक्षा-कार्य कर देने पर हरि और हर के सहित हंस पर आरूढ़ होकर वहाँ से चले गये ॥ २९-३१ ।

अहो ! उस बालक का कैसा रूप ? कैसा तेज ? और कैसा सर्वाङ्गलक्षण है ? अहो ! शुचिष्मती का कैसा भाग्य है, जो कि स्वयं महेश्वर आविर्भूत हुए, अथवा शिव-भक्त जनों के निकट यह कौन विचित्र बात है, जो स्वयं शिव प्रकट हुए; क्यों कि शिवभक्त तो स्वयं रुद्र ही हैं ॥ ३२-३३ ।

इति स्तुवन्तस्त्वन्योऽन्यं जग्मुः सर्वे यथागतम् ।
विश्वानरं समापृच्छ्य सम्प्रहृष्टतनूरुहाः ॥ ३४ ।
अतः पुत्रं समीहन्ते गृहस्थाश्रमवासिनः ।
पुत्रेण लोकान् जनयति श्रुतिरेषा सनातनी ॥ ३५ ।
अपुत्रस्य गृहं शून्यमपुत्रस्यार्जनं वृथा ।
अपुत्रस्यान्वयश्छिन्नो ना पवित्रं ह्यपुत्रतः ॥ ३६ ।
न पुत्रात्परमो लाभो न पुत्रात्परमं सुखम् ।
न पुत्रात्परमं मित्रं परत्रेह च कुत्रचित् ॥ ३७ ।
औरसः क्षेत्रजः क्रीतो दत्तः प्राप्तः सुतासुतः ।
आपत्सु रक्षितश्चान्यः पुत्राः सप्ताऽत्र कीर्तिताः ॥ ३८ ।

यतः इति भावः ॥ ३३-३५ ।

नापवित्रमिति । अपुत्रतः पुत्राऽभावात् पुत्ररहितो गृहस्थः पवित्रं ना न स्यादित्यर्थः । यद्वा ना नरोऽपुत्रतोऽपवित्रं स्यादित्यर्थः ॥ ३६-३७ ।

औरस इति । अत्र लोके सप्तपुत्राः कीर्तिता इत्यन्वयः । के ते इत्यत आह— औरस इत्यादिना । औरसो धर्मपत्नीप्रभवः । दत्तः केनचित् । प्राप्तः स्वयमेव । सुतासुतः पुत्रिकाकरणेन ॥ ३८ ।

रोमाञ्चित शरीर होकर परस्पर इसी प्रकार बड़ी बड़ाई करते हुए वे सब लोग विश्वानर मुनि से पूछकर (विदा हो) यथास्थान (जहाँ से आये थे वहाँ) चले गये ॥ ३४।

गृहस्थाश्रमवासी लोग इसी कारण पुत्र की कामना करते हैं, (जैसे कि) यह सनातन श्रुति है "पुत्र के द्वारा सकल लोकों का जय होता है, पुत्र से शून्य व्यक्ति का गृह शून्य है, पुत्रहीन का उपार्जन करना वृथा है। अपुत्र का वंश नहीं है। पुत्र-रहित की अपेक्षा और कुछ अपवित्र नहीं है ॥ ३५-३६ ।

पुत्रलाभ से अधिक परम सुखकर वस्तु दूसरी नहीं है और इस लोक एवं परलोक में पुत्र की अपेक्षा परम मित्र भी कोई नहीं है ॥ ३७ ।

(१) औरस, (२) क्षेत्रज, (३) क्रीत, (४) दत्तक, (५) स्वयंप्राप्त, (६) पुत्रिका पुत्र (दौहित्र, नाती) और (७) विपद्रक्षित, यही सात प्रकार के पुत्र यहाँ पर कहे गए हैं ॥ ३८ ।

एषामन्यतमः कार्यो गृहस्थेन विपश्चिता ।
पूर्वपूर्वः सुतः श्रेयान् हीनः स्यादुत्तरोत्तरः ॥ ३९ ।

गणावूचतुः—

निष्क्रमोऽथ चतुर्थेऽस्य मासि पित्रा कृतो गृहात् ।
अन्नप्राशनमब्दार्धे चूडाब्दे चार्थवत्कृता ॥ ४० ।
कर्णवेधं ततः कृत्वा श्रवणर्क्षे स कर्मवित् ।
ब्रह्मतेजोऽभिवृद्ध्यर्थं पञ्चमेऽब्दे व्रतं ददौ ॥ ४१ ।
उपाकर्म ततः कृत्वा वेदानध्यापयत्सुधीः ।
त्र्यब्दं वेदान् स विधिनाऽध्यैष्ट साङ्गपदक्रमान् ॥ ४२ ।

भवन्तु सप्तपुत्रास्तावता किम् इत्यत आह । एषामिति । तत्र विशेषमाह । पूर्वः पूर्व इति ॥ ३९ ।

अब्दार्धे षष्ठे मासि । चूडाकरणम् अब्दे वर्षे । अर्थं इति पाठे कुसुमगर्भित-स्निग्धकेशार्थं इत्यर्थः । अर्थवद्यथाविधीत्यर्थः । कृती इति क्वचित् । अस्याऽग्रिमेणाऽन्वयः । पूर्वत्र लिङ्गं विपरीणमय्य पूर्वक्रियैव सम्बन्धः ॥ ४० ।

चूडाकर्मानन्तरं व्रतमुपनयनम् ॥ ४१ ।

उपाकर्म श्रावण्यां क्रियमाणं कर्म । वेदान् ऋगादीन् । कथम्भूतान् ? साङ्गपद-क्रमान् अङ्गानि च पदानि च क्रमश्च तत्सहितान् । अध्यैष्ट अधीतवान् पठितवा-नित्यर्थः ॥ ४२ ।

पण्डित (समझदार) गृहस्थ इन सप्तविध पुत्रों के मध्य में से कोई भी पुत्र सम्पादन करे, इनमें प्रत्येक पूर्वपुत्र यथा क्रमश्रेष्ठ और उत्तरोत्तर निकृष्ट हैं ॥ ३९ ।

गणों ने कहा—

पिता विश्वानर ने चतुर्थ मास में गृह से इस पुत्र का निष्क्रमण-कर्म किया, छठवें मास में अन्नप्राशन और प्रथम वर्ष में चूडाकरण भी कर दिया ॥ ४० ॥

इसके पीछे उस कर्मविज्ञ ने श्रवणनक्षत्र में कर्णवेध कृत्य कर ब्रह्मतेज की वृद्धि के लिए पाँचवें वर्ष में यज्ञोपवीत संस्कार किया ॥ ४१ ।

तदनन्तर बुद्धिमान् विश्वानर ने उपाकर्म नामक श्रावणी क्रिया के पश्चात् वेदों को पढ़ाया । तीन वर्ष में विधिपूर्वक अंग, पद, क्रम के सहित चारों वेद (संहिता) और

विद्या जातं समस्तं च साक्षिमात्राद्गुरोर्मुखात् ।
विनयादिगुणानाऽऽविष्कुर्वन् जग्राह शक्तिमान् ॥ ४३ ।
ततोऽथ नवमे वर्षे पित्रोः शुश्रूषणे रतम् ।
वैश्वानरं गृहपतिं दृष्ट्वा कामचरो मुनिः ॥ ४४ ।
विश्वानरोटजं प्राप्य देवर्षिर्नारदः सुधीः ।
पप्रच्छ कुशलं तत्र गृहीतार्घासनः क्रमात् ॥ ४५ ।

नारद उवाच—

निश्वानर महाभाग शुचिष्मति शुभव्रते ।
कुरुते युवयोर्वाक्यमयं गृहपतिः शिशुः ॥ ४६ ।
नान्यत्तीर्थं न वा देवो न गुरुर्न च सत्क्रिया ।
विहाय पित्रोर्वचनं नान्यो धर्मः सुतस्य हि ॥ ४७ ।
न पित्रोरधिकं किञ्चित् त्रिलोक्यां तनयस्य हि ।
गर्भधारणपोषाभ्यां पितुर्माता गरीयसी ॥ ४८ ।

साक्षिमात्रान्निमित्तमात्रात् । आचार्यवान् पुरुषो वेद । आचार्याद्धैव विद्या विदिता साधिष्ठं गमयतीत्यादिश्रुत्यर्थज्ञापनार्थमित्यर्थः ॥ ४३ । दृष्ट्वा ज्ञात्वा ॥ ४४ । तत्र विशेषमाह । गर्भेति ॥ ४८ ।

समस्त विद्याओं को उस शक्तिमान् बालक ने विनयादि गुणों को प्रकट करते हुए साक्षि-मात्र गुरु के मुख से ग्रहण किया ॥ ४२-४३ ॥

तत्त्वज्ञानी स्वेच्छाचारी देवर्षि नारद ने विश्वानर के पुत्र गृहपति को नवम वर्ष की अवस्था में माता-पिता के शुश्रूषण में तत्पर देख विश्वानर मुनि के आश्रम में उपस्थित हो उनको दिये हुए अर्घ आसन आदि को क्रमानुसार वहाँ स्वीकार कर कुशल-प्रश्न किया ॥ ४४-४५ ॥

नारद मुनि कहने लगे—

हे महाभाग ! विश्वानर ! हे शुभव्रते शुचिष्मति ! यह गृहपति बालक तुम दोनों की आज्ञा का पालन करता है ॥ ४६ ॥

माता-पिता के वचन के व्यतीत (अतिरिक्त) पुत्र को और अन्य तीर्थ नहीं है, देवता नहीं है, गुरु नहीं है, सत्कर्म नहीं है और अन्य धर्म भी नहीं है ॥ ४७ ॥

त्रिभुवन में पुत्र के लिए माता-पिता से अधिक और कुछ भी नहीं है, गर्भ में धारण और पोषण करने के कारण माता पिता से भी बड़ी है ॥ ४८ ॥

अम्भोभिरभिषिच्य स्वं जननीचरणच्युतैः ।
प्राप्नुयात् स्वर्धुनीशुद्धकबन्धाधिकशुद्धताम् ॥ ४९ ॥
संन्यस्ताऽखिलकर्माऽपि पितुर्वन्द्यो हि मस्करी ।
सर्ववन्द्येन यतिना प्रसूर्वन्द्या प्रयत्नतः ॥ ५० ॥
इदमेव तपोऽस्त्युग्रमिदमेव परं व्रतम् ।
अयमेव परो धर्मो यत्पित्रोः परितोषणम् ॥ ५१ ॥

अभिषिच्य अभिषेकं कृत्वा । स्वमात्मानं देहसंघातमित्यर्थः । स्वर्धुनीति । स्वर्धुन्या गङ्गाया यत् शुद्धं कमुदकम्, तस्य बन्धाद्धारणादधिकशुद्धतामत्यन्तपवित्रतां गङ्गास्नानादप्यधिकशुद्धिमित्यर्थः । यद्वा स्वर्धुन्याः शुद्धं शोधकं कबन्धं जलम्, तस्मादधिकशुद्धतां पावनतामित्यर्थः ॥ ४९ ॥

इतोऽपि माताऽधिकेत्याह । **संन्यस्तेति । मस्करी** परिव्राट् ।

> भिक्षुः परिव्राट् कर्मन्दी पाराशर्यपि मस्करी ।
> तपस्वी तापसः पारिकाङ्क्षी वाचंयमो मुनिः ॥ इत्यमरः ।

अपिरत्र भिन्नक्रमे । पितुरपि वन्द्य इत्यनेन सम्बध्यते । हीति निश्चितम् । प्रसूर्माता । अत एवोक्तं भगवत्पादैः—

> आस्तां तावदियं प्रसूतिसमये दुर्वारशूलव्यथा
> नैरुज्ये निजशोषणं मलमयी शय्या च साम्बत्सरी ।
> एकस्यापि न गर्भभारभरणक्लेशस्य यस्याः क्षमो
> दातुं निष्कृतिमुन्नतोऽपि तनयस्तस्यै जनन्यै नमः ॥ इति ॥

अहम् इति मन्ये ॥ ५०-५१ ॥

जननी के चरणोदक से अपना शरीर अभिषिक्त करने से गङ्गा के पुण्यजल-स्नान से भी अधिक पवित्रता प्राप्त होती है ॥ ४९ ॥

समस्त कर्मों का त्यागी संन्यासी पिता से भी वन्दनीय है, परन्तु सभी प्रकार के बन्धन होने पर भी यति को माता की वन्दना प्रयत्नपूर्वक करनी चाहिए ॥ ५० ॥

माता-पिता का परितोष करना ही अत्युग्र तपस्या, परमव्रत और सर्वोत्कृष्ट धर्म है ॥ ५१ ॥

मन्ये मान्यो नाधमस्य तथान्यस्य यथा युवाम् ।
सुखाकारैर्विनीतस्य शिशोर्गृहपतेरहम् ॥ ५२ ।
वैश्वानर समभ्येहि ममोत्सङ्गे निषीद भो ।
लक्षणानि परीक्षेऽहं पाणिं दर्शय दक्षिणम् ॥ ५३ ।
इत्युक्तो मुनिना बालः पित्रोराज्ञामवाप्य सः ।
प्रणम्य नारदं श्रीमान् भक्त्या प्रह्व उपाविशत् ॥ ५४ ।
ततो दृष्ट्वाऽस्य सर्वाङ्गं तालुजिह्वाद्विजानपि ।
आनीयकुङ्कुमारक्तं सूत्रं च त्रिगुणीकृतम् ॥ ५५ ।
स्मृत्वा शिवौ गणाध्यक्षमूर्ध्वीभूतमुदङ्मुखम् ।
मुनिः परिममौ बालमापादतलमस्तकम् ॥ ५६ ।

मन्य इति। अहमिति मन्ये। किं तद् युवां युवयोर्गृहपतेः शिशोर्यथाऽहं मान्यो माननीयः पूज्य इत्यर्थः, तथाऽन्यस्याधमस्य गृहस्थस्य शिशोर्नाहं मान्य इत्यहं मन्य इत्यर्थः। यद्वा यथा गृहपतेः शिशोर्युवां पितरौ मान्यौ, तथाऽन्यस्याधमस्य शिशोः पित्रादिर्मान्यो न इत्यहं मन्य इत्यर्थः। कथं भूतस्य गृहपतेः ? सुखाकारैर्विनीतस्य सुखं क्षोभरहितमक्षुब्धं यथा स्यात्तथाकारैः कार्यकारणसंघातैर्विनीतस्य नम्रस्य। मुखाकारैरिति पाठे स्पष्ट एवार्थः। मन्ये मान्यो न धर्मस्य तथान्यस्य यथाऽस्य वे इति क्वचित्पाठः। तत्राप्यस्य शिशोर्धर्मस्य धर्ममूर्तेरिति व्याकर्तव्यम्। अन्यत् पूर्ववत् ॥ ५२-५५ ।

परिममौ गणितवान् ॥ ५६ ।

मुखाकार से ही विनीत यह बालक गृहपति तुम दोनों का जैसा सम्मान करता है, दूसरा नीच बालक वैसा न करेगा—यह मैं भलीभाँति समझता हूँ ॥ ५२ ॥

हे वैश्वानर ! आओ, मेरी गोद में बैठो तो सही, मैं लक्षणों की परीक्षा करूँगा, दाहिना हाथ तो दिखलाओ ॥ ५३ ॥

देवर्षि के ऐसा कहने पर वह श्रीमान् बालक माता-पिता की आज्ञा पाकर भक्तिपूर्वक नम्र होकर (नारद की गोद में) बैठ गया ॥ ५४ ॥

तत्पश्चात् महामुनि नारद ने इसके समस्त अंग, तालु, जिह्वा और दांतों को भी देखकर, फिर कुंकुम से रंजित (रंगा गया) त्रिगुण किये हुए सूत्र (डोरे-नारा को) लाकर महादेव, पार्वती और गणेश्वर को स्मरण कर मुनिवर ने उत्तर मुख खड़े (खड़) उस डोरे से बालक का पाद से मस्तकपर्यन्त नाप किया ॥ ५५-५६ ॥

तिर्यगूर्ध्वं समो माने योऽष्टोत्तरशताङ्गुलः ।
स भवेत् पृथिवीपालो बालोऽयं ते यथा द्विज ॥ ५७ ।

पञ्च सूक्ष्मः पञ्च दीर्घः सप्त रक्तः षडुन्नतः ।
त्रिपृथुर्लघुगम्भीरो द्वात्रिंशल्लक्षणस्त्विवति ॥ ५८ ।

तिर्यगिति । हे द्विज तिर्यगूर्ध्वं विस्तारोच्चमाने परिमाणे अष्टोत्तरशताङ्गुलः, अष्टौ उत्तरा अधिकाः शतमङ्गुलयो यत्र सोऽष्टोत्तरशताङ्गुलः समस्तुल्यो गणितो योऽयं ते बालः, स यथा यथावल्लोकपालो भवेत् भविष्यतीत्यर्थः । अर्चिष्मत्याः पुर्याः पतिरिति तु हृदिस्थम् । तिर्यक्प्रमाणं प्रसारिताभ्यां बाहुभ्यां ज्ञातव्यम् ॥ ५७ ।

पञ्चेति । अयं ते बालो द्वात्रिंशल्लक्षण एवेति विशेष्यं पूर्वश्लोकादनुषज्ज्याऽन्वयः । तान्येव द्वात्रिंशल्लक्षणानि षड्भिर्विशेषणैर्दर्शयति । **पञ्चसूक्ष्मः** पञ्चत्वकेशाङ्गु[1]लिदशनाङ्गुलिपर्वाणि सूक्ष्माणि यस्य स तथा । **पञ्चदीर्घः** पञ्चभुजनेत्रहनुजानुनासा दीर्घा यस्य स तथा । **सप्तरक्तः** सप्तपाणितलनेत्रान्ततालुजिह्वा अधरोष्ठनखा रक्ता यस्य स तथा । **षडुन्नतः** षड्वक्षः कुक्ष्यलकस्कन्धकरवक्त्राणि उन्नतानि यस्य स तथा । **त्रिपृथुः** त्रीणि ललाटकटिवक्षांसि पृथूनि विस्तीर्णानि यस्य स तथा । **लघुगम्भीरः** लघुश्चासौ गम्भीरश्चेति लघुगम्भीरः । अत्र त्रिशब्दावध्याहर्तव्यौ । **त्रिलघुस्त्रिगम्भीर** इत्यर्थः । त्रिलघुः त्रीणि ग्रीवाजङ्घामेहनानि लघूनि ह्रस्वानि यस्य स तथा । **त्रिगम्भीरः** त्रयः स्वरसत्वनाभयो गम्भीरा यस्य स तथा । सामुद्रिके तु त्रिलघुरित्यत्र चतुर्ह्रस्वमित्युक्तम् । तथा हि—

पञ्चदीर्घं चतुर्ह्रस्वं पञ्चसूक्ष्मं षडुन्नतम् ।
सप्तरक्तं त्रिगम्भीरं त्रिविस्तीर्णं प्रशस्यते ॥ इति ५८ ।

(फिर उन्होंने कहा) हे द्विज, जो बालक दोनों हाथ फैलाकर चौड़ाई और ऊँचाई में समान एक सौ-आठ अंगुल का हो, उसे लोकपाल होना चाहिए, जैसा कि यह तुम्हारा पुत्र है ॥ ५७ ॥

जिसके पाँच स्थान छोटे, पाँच बड़े, सात रक्त, छः उन्नत (ऊँचे) तीन भारी, तीन हल्के (लघुह्रस्व) तीन गहरे हों, वह पुरुष बत्तीसों लक्षण से पूर्ण होता है ॥ ५८ ॥

---

१. अत्र नखेति क्वचित्पाठः ॥

पञ्च दीर्घाणि शस्यानि यथा दीर्घायुषोऽस्य वै।
भुजौ नेत्रे हनुर्जानु नासाऽस्य तनस्य ते ॥ ५९।
ग्रीवाजङ्घामेहनैश्च त्रिभिर्ह्रस्वोऽयमीडितः।
स्वरेण सत्वनाभिभ्यां त्रिगम्भीरः शिशुः शुभः ॥ ६०।
त्वक्केशाङ्गुलिदशनाः पर्वाण्यङ्गुलिजान्यपि।
तथाऽस्य पञ्चसूक्ष्माणि दिक्पालपदभाग् यथा ॥ ६१।
वक्षः कुक्ष्यलकं स्कन्धं करं वक्त्रं षडुन्नतम्।
तथाऽत्र दृश्यते बाले महदैश्वर्यभाग् यथा ॥ ६२ ॥
पाण्योस्तले च नेत्रान्ते तालुजिह्वाधरौष्ठकम्।
सप्तारुणं च सनखमस्मिन् राज्यसुखप्रदम् ॥ ६३ ॥

क्रममनादृत्य श्लोकं व्याचष्टे। पञ्चेत्यारभ्य कमठीपृष्ठकठिनावित्यतः प्राक्तनेन। शस्यानि प्रशस्तानि। हनुर्वदनैकदेशः कपोलयोः परभागः। अधःस्याच्चिवुकं गण्डौ कपोलौ तत्परा हनुरित्यमरः। जानु ऊरुपर्व। जङ्घा प्रसृता। जङ्घा तु प्रसृता जानूरुपर्वाष्ठीवदस्त्रियामित्यमरः ॥ ५९।

मेहनं शिश्नः। भगं योनिर्द्वयोः शिश्नो मेढ्रो मेहनशेफसी इत्यमरः। सत्त्वम् अन्तःकरणम् ॥ ६०-६१।

वक्षो हृदयम्। कुक्षि उदरम्। पिचण्डकुक्षीजठरोदरतुन्दमित्यमरः। अलकं चूर्णकुन्तलाः। अलका चूर्णकुन्तला इत्यमरः। उभयत्र क्लीबत्वं छान्दसम्। यद्वा वक्षश्च कुक्षिश्च अलकाश्च वक्षःकुक्ष्यलकम्। समाहारत्वादेकवद्भावः। स्कन्धं भुजशिरः। स्कन्धोभुजशिरोंऽसोऽस्त्रीत्यमरः। करं हस्तः। बलिहस्तांशवः करा इत्यमरः। अत्रा-

---

तुम्हारे इस दीर्घायु पुत्र की दोनों भुजाएँ, दोनों नेत्र, हनु (दाढ़ो), जानु और नासिका, ये पाँचों अंग जैसे दीर्घ (लम्बे) हैं, वे ही प्रशंसनीय हैं ॥ ५९ ॥

ग्रीवा, जंघा और लिंग, ये तीनों इसके ह्रस्व (छोटे-नाटे हैं। स्वर, अन्तःकरण और नाभि इसके इन तीनों वे गम्भीर (गहरे) होने से यह बालक शुभ-लक्षण है ॥६०॥

त्वचा, केश, अंगुलि, दन्त, अंगुलियों के पर्व (पोर)—ये पांचों इसके ऐसे सूक्ष्म (छोटे महीन) हैं, जैसे कि दिक्पाल पदभागी के होते हैं ॥ ६१ ॥

इस बालक का वक्ष, उदर, ललाट, स्कन्ध, हस्त और मुख ये छहों स्थान ऐसे ऊंचे हैं, जिससे यह बड़ा ऐश्वर्यशाली होने के सूचक हैं ॥ ६२ ॥

दोनों हाथों की हथेली, दोनों आँखों के कोने, तालु, जीभ, नीचे का होंठ और नख—इन सातों के रक्तवर्ण (लालरंग) होने से राज्य-सुख का लाभ प्राप्त होता है ॥ ६३ ॥

ललाटकटिवक्षोभिस्त्रिविस्तीर्णो यथा ह्यसौ ॥
सर्वतेजोतिगैश्वर्यं तथा प्राप्स्यति नान्यथा ॥ ६४ ॥
कमठीपृष्ठकठिनावकर्मकरणौ करौ ।
राज्य हेतू शिशोरस्य पादौ चाध्वनिकोमलौ ॥ ६५ ॥
अच्छिन्ना तर्जनीं व्याप्य तथा रेखाऽस्य दृश्यते ।
कनिष्ठापृष्ठनिर्याता दीर्घायुष्यं यथार्पयेत् ॥ ६६ ॥

प्युभयत्र क्लीबत्वं छान्दसम् । स्कन्धकरवक्त्रमिति क्वचित्पाठस्तत्र समाहारत्वादेकवद्भाव उन्नेयः ॥ ६२-६४ ।

कमठीति । अस्य शिशोः करौ राज्यहेतू राजत्वकारणे । पादौ चेत्यन्वयः । कथम्भूतौ तौ करौ ? कमठीपृष्ठकठिनौ, कमठी कूर्मस्य पत्नीडुलिरिति यावत् । भेकस्य पत्नीवर्षाभ्वीकूर्मस्य कमठीडुलिरित्यमरः[1] । तस्याः पृष्ठवत् कठिनौ दृढावित्यर्थः । अकर्मकरणौ कर्मकरणानर्हौ कर्मकरणं विनापि कठिनावित्यर्थः । पादौ चरणौ । कथम्भूतौ ? अध्वनि वर्त्मविषये कोमलौ मृदू इत्यर्थः ॥ ६५ । अच्छिन्नेति । अस्य शिशोर्हस्ते तथा रेखा दृश्यते, यथाऽस्य दीर्घायुष्यमर्पयेदित्यन्वयः । कथम्भूता ? कनिष्ठापृष्ठनिर्याता कनिष्ठाया आङ्गुल्याः पृष्ठात्पश्चान्निर्याता निःसृतेत्यर्थः । अवधिमाह । तर्जनीं व्याप्याच्छिन्नाऽविच्छिन्नेत्यर्थः ॥ ६६ ।

इस लड़के का ललाट, माँथा, कटि (कमर) और वक्षःस्थल (छाती)—ये तीनों ऐसे विस्तीर्ण हैं, जिनके द्वारा यह अवश्य सर्वातिशायि ऐश्वर्य को प्राप्त होगा, यह कथन अन्यथा नहीं होगा ॥ ६४ ॥

इस शिशु के बिन काम-काज किए ही कछुए की पीठ ऐसे कठोर (कड़े) दोनों हाथ और मार्ग विषयक (परिभ्रमण में) अति कोमल चरणद्वय, राज्य-लाभ के हेतु (सूचक) हैं ॥ ६५ ॥

जिसके होने से दीर्घायु होता है, इस बालक को भी वही सूधी (पूरी) तर्जनी की जड़ से लेकर कनिष्ठा अंगुली की पृष्ठमणि तक चली गई रेखा दिखाई पड़ती है ॥ ६६ ॥

---

१. इदं विचारणीयम् ।

पादौ सुमांसलौ रक्तौ समौ सूक्ष्मौ सुशोभनौ।
समगुल्फौ स्वेदहीनौ स्निग्धावैश्वर्यसूचकौ॥ ६७॥
स्वल्पाभिः कररेखाभिरारक्ताभिः सदा सुखी।
लिङ्गेन कृशह्रस्वेन राजराजो भविष्यति॥ ६८॥
[1]उत्कटासनगुल्फस्फिग्नाभिरस्यापि वर्तुला।
दक्षिणावर्तमरुणं महदैश्वर्यसूचिका॥ ६९।

पादाविति। अस्य पादावैश्वर्यसूचकावैश्वर्यस्य प्रापकावित्यर्थः। कथम्भूतौ? मांसलौ बलवन्तौ सुबलिनावित्यर्थः। बलवान् मांसलोंऽसल इत्यमरः। समानवक्रौ सूक्ष्मौ नातिस्थूलावित्यर्थः। सुशोभनौ सुन्दरौ। समगुल्फौ समौ गुल्फौ घुटिके ययोस्तौ समगुल्फौ। तद्ग्रन्थीघुटिके गुल्फावित्यमरः॥ ६७।

स्वल्पाभिरिति। अयं तव शिशुः राजराजो भविष्यति। कीदृशः? सदा सुखी। कैर्लक्षणैः? कररेखाभिरिति। लिङ्गेन च शेफसाशिश्नेनेत्यर्थः। लिङ्गं चिह्नशेफसोरिः इत्यमरः। कथम्भूतेन? कृशह्रस्वेन कृशं च तद्ध्रस्वं चेति तेन। राजराजो लोकपाल इत्यर्थः॥ ६८।

उत्कटेति। अयं शिशुरुत्कटासनगुल्फस्फिक् उत्कटं महत्, तच्च तदासनं चेत्युत्कटासनम्,[2] तद्गुल्फे तद्योग्ये स्फिचौ कटिस्थमांसपिण्डौ यस्य स तथा। 'स्त्रियां स्फिचौ कटिप्रोथौ' इत्यमरः। अस्य गृहपतेर्नाभिरपि वर्तुलाऽऽकारा। कथम्भूता? दक्षिणावर्तमरुणं च यथा भवति, तथा महदैश्वर्यसूचिका प्रकाशिकेत्यर्थः॥ ६९।

अति मांसल रक्तल सम (सूधे) अतिस्थूल (मोटे) नहीं, सुन्दर, समान घुटिका वाले, स्वेद से रहित और चिकने इसके दोनों चरण भी ऐश्वर्यसूचक हैं॥ ६७॥

(तुम्हारा यह लड़का) आरक्त (लाल) और स्वल्प (थोड़ी) हस्तरेखाओं के द्वारा सदा सुखी होगा और कृश एवं ह्रस्व (पतला और छोटा) लिंग होने से राजराज होगा॥ ६८॥

इसके गुल्फ (एड़ी) और कटि के मांस पिण्ड ऊँचे आसन के योग्य हैं और इसकी नाभि भी गोल, दक्षिणावर्त और रक्तवर्ण है—ये सभी महद् ऐश्वर्य को सूचित करते हैं॥ ६९॥

---

१. अत्रापि तत्तुल्ये इत्यपेक्षितमिति भाति।
२. अत्र उत्कटासनतुल्यस्फिगिति पाठोऽपेक्षित इति भाति।

धारैका मूत्रयत्यस्मिन् दक्षिणावर्तिनी यदि ।
गन्धश्च मीनमधुरो यदि वीर्ये तदा नृपः ॥ ७० ।
विस्तीर्णौ मांसलौ स्निग्धौ स्फिचावस्य सुखोचितौ ।
वामावर्तौ सुप्रलम्बौ दोषौ दिग्रक्षणोचितौ ॥ ७१ ।
श्रीवत्सवज्रचक्राब्जमत्स्यकोदण्डदण्डभृत् ।
तथाऽस्य करगा रेखा यथा स्यात्त्रिदिवस्पतिः ॥ ७२ ।
द्वात्रिंशद्दशनश्चायं करकम्बुशिरोधरः ।
क्रौञ्चदुन्दुभिहंसाभ्रस्वरः सर्वेश्वराधिकः ॥ ७३ ।

धारैकेति । अस्मिन् मूत्रयति सति एका धारा यदि दक्षिणावर्तिनी भवति, दक्षिणावर्तेन निःसरतीत्यर्थः । यदि अस्य वीर्ये मीनमधुनोर्मत्स्यक्षौद्रयोर्गन्धश्च भवेत्, तदाऽयं नृप इत्यर्थः ॥ ७० ।

विस्तीर्णाविति । अस्य स्फिचौ कटिस्थमांसपिण्डौ सुखोचितौ सुखयोग्यौ । कथम्भूतौ ? विस्तीर्णौ विस्तृतौ । मांसलौ बलवन्तौ । अंसलावित्यर्थः । स्निग्धौ चिक्कणौ । अस्य दोषौ हस्तौ दिग्रक्षणोचितौ दिक्पालनयोग्यौ । कथम्भूतौ ? वामावर्तौ वामः सुन्दर आवर्त आवर्तनमावलनं ययोस्तौ, तथा । **'वामः सुन्दरमूढयोः'** इति वचनात् । सुप्रलम्बौ आजानुदीर्घावित्यर्थः ॥ ७१ ।

श्रीवत्सेति । अस्य शिशोस्तादृशी करगा रेखाऽस्तीति शेषः । यथाऽयं त्रिदिवस्पतिः स्वर्गाधिपतिः स्यात् । तादृशी कीदृशीत्याकाङ्क्षायामाह । **श्रीवत्सेति** । श्रीवत्सश्च वज्रश्च चक्रं च अब्जं च मत्स्यश्च कोदण्डश्च दण्डश्च तान् बिभर्तीति, तथा । श्रीवत्सो नामाऽत्र दक्षिणावर्तरेखावलिविशेषः । कोदण्डो धनुः ॥ ७२ ।

द्वात्रिंशद्दशन इति । अयं सर्वेश्वराधिको भविष्यतीत्यन्वयः । तत्र हेतुगर्भाणि विशेषणान्याह । किन्त्वित्यतः प्राक्तनेन ग्रन्थेन । द्वात्रिंशद्दशनः द्वाभ्यामधिकास्त्रिंशद्दशना

यदि इस बालक की मूत्रधारा दाहिनी ओर जावे और वीर्य्य में मछली और मधु (सहद) का गंध हो, तो यह नरपाल होगा ॥ ७० ॥

इसके विस्तीर्ण, मांसल, स्निग्ध, (चिकने) दोनों कटि प्रोथ सुखसूचक हैं और सुन्दर गठन, आजानुलम्बित भुज-युगल, दिक्पाल के योग्य हैं ॥ ७१ ॥

श्रीवत्स (एकमणि) वज्र, चक्र, कमल, मत्स्य, धनुष और दण्ड—इन सबके चिह्न से इसकी हस्तरेखा ऐसी सम्पन्न है, जिनसे यह बालक त्रिदिव (स्वर्ग) का अधिपति होने का लक्षण है ॥ ७२ ॥

इस बालक के बत्तीस दन्त और हाथी के शुण्ड के सदृश सुवलित एवं शंख की तरह तीन रेखाओं से अंकित ग्रीवा तथा क्रौञ्च, दुन्दुभि और हंस मेघ के तुल्य स्वर—

मधुपिङ्गलनेत्रोऽसौ नैनं श्रीस्त्यजति क्वचित् ।
पञ्चरेखललाटस्तु तथा सिंहोदरः शुभः ॥ ७४ ।
ऊर्ध्वरेखाङ्कितपदो निःश्वसन् पद्मगन्धवान् ।
अच्छिद्रपाणिः सुनखो महालक्षणवानयम् ॥ ७५ ।
किन्तु सर्वगुणोपेतं सर्वलक्षणलक्षितम् ।
सम्पूर्णनिर्मलकलं पातयेद्विधुवद् विधिः ॥ ७६ ।

यस्य सः । करकम्बुशिरोधरः करः शुण्डादण्डः, कम्बुः शङ्खः । **'कम्बुर्नावलये शंखे'** इत्यमरः । करवद्धस्त्रिशुण्डादण्डवत् सुवलिता कम्बुवत् त्रिधाराङ्किता च शिरोधरा ग्रीवा यस्य सः । क्रौञ्चदुन्दुभिहंसाभ्रस्वरः क्रौञ्चादीनामिव स्वरो यस्य सः । तत्र क्रौञ्चः कुङारव्यः पक्षी । दुन्दुभिर्दमामा इति लोकप्रसिद्धो वाद्यविशेषः । हंसश्चक्राङ्गः । **'हंसास्तु-श्वेतगरुतश्चक्राङ्गा मानसौकसः'** इत्यमरः । अभ्रं मेघः । **'अभ्रं मेघो वारिवाहः'** इत्यमरः ॥ ७३ ।

मधुपिङ्गलनेत्रः । मधुवत् पिङ्गले नेत्रे यस्य सः । पञ्चरेखा यत्र तादृशं ललाटं यस्य सः । सिंहोदरः सिंहस्य उदरमिव उदरं यस्य, सः ॥ ७४ ।

ऊर्ध्वरेखाङ्कितपदः । ऊर्ध्वगामिनीभिः रेखाभिरङ्कितौ चिह्नितौ पादौ यस्य सः । निःश्वसन् सन् । अच्छिद्रपाणिः नतोन्नतरहितौ पाणी हस्तौ यस्य सः । अच्छिद्रौ संहताङ्गुलीहस्तौ यस्येति वा । उपसंहरति । महालक्षणवानिति । सर्वलक्षणवानयमित्यर्थः ॥ ७५ ।

एवं गुणानुक्त्वाऽपमृत्युं दर्शयति । **किन्त्विति** । सर्वलक्षणलक्षितमप्येनं विधिरदृष्टं विधाता वा पातयेदित्यन्वयः । कमिव ? विधुवत् चन्द्रमिव । उपरागे राहुद्वारेत्यर्थः । सर्वलक्षणलक्षितत्वे वा दृष्टान्तो विधुवदिति । कथम्भूतं विधुम् ? सम्पूर्णनिर्मल-

---

इन सब लक्षणों से निश्चय है कि यह बालक समस्त राजाधिराजों में विशेष होगा ॥ ७३ ॥

इसके नेत्र मधु (शहद) के सदृश पिंगल (कुछ पीला रंग) वर्ण हैं, इसे लक्ष्मी कभी परित्याग नहीं करेगी और इसका ललाट पाँच रेखाओं से अंकित है एवं उदर भी सिंह के उदर के समान है । इन सबसे यह बालक बड़ा ही शुभ-लक्षण है ॥ ७४ ॥

इसके पादतल में उर्ध्वरेखा है और श्वास लेने में पद्म की गन्ध आती है एवं सब अंगुलियों को मिलाकर हाथ फैलाने पर (पसारने पर) कहीं भी छिद्र नहीं दिखता और नख भी सुन्दर हैं । यह बालक तो सभी उत्कृष्ट महालक्षणों से युक्त है ॥ ७५ ॥

परन्तु सब गुणों से पूर्ण और समस्त लक्षणों से लक्षित होने पर भी, निर्मल

तस्मात् सर्वप्रयत्नेन रक्षणीयस्त्वसौ शिशुः ।
गुणोऽपि दोषतां याति वक्रीभूते विधातरि ॥ ७७ ।
शङ्केऽस्य द्वादशे वर्षे प्रत्यूहो विद्युदग्नितः ।
इत्युक्त्वा नारदो धीमान् स जगाम यथागतम् ॥ ७८ ।
विश्वानरः सपत्नीकस्तच्छ्रुत्वा नारदेरितम् ।
तदैव मन्यमानोऽभूद्वज्रपातं सुदारुणम् ॥ ७९ ।
हा हतोऽस्मीति वचसा हृदयं समताडयत् ।
मूर्च्छामवाप महतीं पुत्रशोकसमाकुलः ॥ ८० ।
शुचिष्मत्यपि दुःखार्ता रुरोदातीव दुःसहम् ।
आर्त्तस्वरेण हारावैरत्यन्तव्याकुलेन्द्रिया ॥ ८१ ।

कलं सम्पूर्णाः षोडशनिर्मलाः कला यस्य, स पूर्णिमाचन्द्र इत्यर्थस्तम् । तद्धितार्थोपसर्जनस्यापि विधोः सम्पूर्णनिर्मलकलमिति विशेषणं छान्दसम् । पालयेदिति क्वचित्पाठस्तदा पालयेत् पालयत्विति काकूक्त्या विघ्नः सूचितः ॥ ७६ ।

उपसंहरन् पूर्वोक्तं विवृणोति । तस्मादिति सार्धेन । वक्रीभूते विषमीभूते प्रतिकूले जात इत्यर्थः ॥ ७७ ।

प्रत्यूहो विघ्नोऽपमृत्युरित्यर्थः । विद्युदग्नितः वज्राग्नेरित्यर्थः ॥ ७८ ।

कलाओं से परिपूर्ण चन्द्रमा के सदृश इस बालक का विधाता स्यात् (हो न हो) ध्वंस करें ॥ ७६ ॥

अतएव सब प्रकार से प्रयत्नपूर्वक यह बालक रक्षणीय है; क्योंकि विधाता के वक्र (टेढ़े हो जाने पर) गुण भी दोषता को प्राप्त हो जाते हैं ॥ ७७ ॥

इस लड़के को बारहवें वर्ष में वैद्युत् अग्नि के द्वारा विघ्न पड़ने की मुझे शंका है। ऐसा कहकर बुद्धिमान् नारद मुनि यथागत चले गये ॥ ७८ ॥

पत्नी के सहित विश्वानर मुनि ने नारद ऋषि का यह वचन सुनकर उसी घड़ी दारुण वज्राग्नि का दुःख मान लिया ॥ ७९ ॥

विश्वानर 'हा हतोऽस्मि' कहते हुए छाती पीटने लगे और (भावी) पुत्र-शोक से व्याकुल होकर मूर्छा को प्राप्त हुए ॥ ८० ॥

शुचिष्मती भी अत्यन्त व्याकुल इन्द्रियों से दुःखार्त्त होकर हाय ! हाय ! करती हुई आर्त्तस्वर से अतीव दुःसह रोदन करने लगी ॥ ८१ ॥

हा शिशो हा गुणनिधे हा पितुर्वाक्यकारक ।
हा कुतो मन्दभाग्याया जठरे मे समागतः ॥ ८२ ।
त्वदेकपुत्रां हा पुत्र कोऽत्र मां त्रायते पुरा ।
त्वदृते त्वद्गुणोर्म्याढ्ये पतितां शोकसागरे ॥ ८३ ।
हा बाल हा विमल हा कमलायताक्ष
हा लोकलोचनचकोरकुरङ्गलक्ष्मन् ।
हा तात तातनयनाब्जमयूखमालिन्
हा मातुरुत्सवसहस्रसुखैकहेतो ॥ ८४ ।
हा पूर्णचन्द्रमुख हा सुनखाङ्गुलीक
हा चाटुकारवचनामृतवीचिपूर ।
दुःखैः कियद्भिरहहाङ्ग मया त्वमाप्तः
किं किं कृतं गृहपते न मया त्वदाप्त्यै ॥ ८५ ।

त्वदेकपुत्रामिति। हा कष्टे। पुत्र हे पुत्र पुरा पूर्वमेव शोकसागरे पतितां मां कस्त्रायते कस्त्रास्यतीत्यर्थः। भयादिति क्वचित्पाठः अहमेव शोकसागरे त्रास्यामीति चेत्तत्राह। त्वदृते त्वां विनेत्यर्थः। मत्तोऽन्यः पुत्रस्त्रास्यतीत्याशङ्कायामात्मानं विशिनष्टि। **त्वदेकपुत्रामिति**। कथम्भूते शोकसागरे? त्वद्गुणोर्म्याढ्ये तव गुणास्त एवोर्मयस्तरङ्गास्तैराढ्ये आकुले ॥ ८३ ।

शोकाकुला सती बहुधा सम्बोधयति। **हा बालेति**। सर्वत्र हा शब्दो विषादे शोके आर्तौ वा। **लोकेति**। लोकानां लोचनान्येव चकोरो चन्द्ररश्मिभोक्तारः। पक्षिविशेषास्तेषां कुरङ्गलक्ष्मन् मृगलाञ्छनचन्द्रतुल्यः। **'मृगे कुरङ्गवातायुहरिणाजिनयोनयः'** इत्यमरः। **हा तातेति**। तातनयनाब्जमयूखमालिन् पितुर्नेत्राब्जसूर्य। हा तात हा नयनपद्मेति क्वचित्पाठः ॥ ८४ ।

चाटुकारेति। मनोहरवाक्यसुधातरङ्गसमूह समुद्रेति वा। **अहहेति** खेदे।

हा शिशो! हा गुणनिधे! हा पिता के आज्ञापालक! हाय! मुझ-सी अभागिनी के जठर में तुम क्यों आये? ॥ ८२ ॥

हे बेटा! मुझे तुम्हीं एकमात्र पुत्र हो; तुम्हारे गुणरूपी तरंगों से भरे हुए शोक-सागर में निपतित (गिरी) मेरी तुम्हारे बिना दूसरा कौन रक्षा करेगा? ॥ ८३ ॥

हा बाल (हाय बच्चे)! हा सुपवित्र! हा कमलसम आयत (विस्तृत) नयन! हा लोकलोचनरूपी चकोर के चन्द्र! हा तात! हा पिता के नेत्ररूपी कमल के सूर्य! हा माता के (मेरे) सहस्रों उत्सव-सुख के एकमात्र कारण! हा पूर्णचन्द्रमुख! हा

नोप्तो बलिर्न बत कासु च देवतासु
तीर्थानि कानि न मयाऽध्युषितानि वत्स ।
के के मया न नियमौषधमन्त्रयन्त्राः
संसाधितास्तव कृते सुकृतैकलभ्य ॥ ८६ ।

संसारसागरतरे हर दुःखभारं
सारं मुखेन्दुमभिदर्शय सौख्यसिन्धो ।
पुन्नामतीव्रनरकार्णववाडवाग्ने
सञ्जीवयस्व पितरं निजवाक्सुधोक्षैः ॥ ८७ ।

किं देवता अहह जन्ममहोत्सवेऽस्य
ज्ञात्वेति भाविमिलितायुगपत् समस्ताः ।
एकस्थसर्वगुणशीलकलाकलाप
सौन्दर्यलक्षणपरोक्षणपूर्णहर्षाः ॥ ८८ ।

'अहहेत्यद्भुते खेदे' इत्यमरः । अङ्ग हे पुत्र । इह हांगेति क्वचित् । तान्येव दुःखान्याह । किं किं कृतमिति ॥ ८५ ।

नोप्त इति । नोप्तो न दत्त इति नेत्यन्वयः । बतेति खेदे । **'खेदाऽनुकम्पासन्तोषविस्मयामन्त्रणे बत'** इत्यमरः । अध्युषितानि सेवितानि । तव कृते त्वदर्थं के के मया नियमा ओषधानि मन्त्रा यन्त्राश्च न संसाधिता न सेविता इत्यर्थः । तथापि न तैस्त्वं प्राप्त इत्याह सुकृतैकलभ्य विश्वेश्वरेऽर्पितं यत्सुकृतम्, तेन केवलेन लभ्यः ॥ ८६ ।

संसारेति। संसारसमुद्रतारकनौस्वरूप ! निजवाक्सुधोक्षैः स्ववाक्यामृतसेकैः॥८७।

किं देवतेति । अहह खेदे । अस्य शिशोर्जन्ममहोत्सवेऽस्य भाव्यनिष्टं ज्ञात्वा किं

कोमल-नख अंगुलिवाले ! प्रिय वचन सुधा सागर ! अहह बाल गृहपते ! मैंने कितने दुःख उठाकर तुमको पाया और तुम्हारे पाने के लिये क्या-क्या नहीं किया ? ॥ ८४-८५ ॥

हाय बेटा ! तुम्हारे कल्याण हेतु किन-किन देवताओं की पूजा नहीं की, किन-किन तीर्थों में निवास नहीं किया । अरे पुण्य मात्र से लभ्य बच्चे ! तुम्हारे लिए कौन नियम, औषध, मन्त्र और यन्त्रों की साधना नहीं की ? ॥ ८६ ॥

अरे संसार-सागर के नौकारूप पुत्र ! दुःख के भार को हरण करो, हे सुख-समुद्र ! (अपना) मुखचन्द्र दिखलाओ, बेटा ! तुम्हीं हम लोगों के पुन्नाम-नरकरूपी समुद्र के सोखने वाले वड़वानल हो । अपने वचनरूप अमृत सेचन से अपने पिता जी को जिलाओ ॥ ८७ ॥

हाय ! इस भावी अमंगल को जानकर भी क्यों सब देवगण तुम्हारे जन्म

शम्भो महेश करुणाकर शूलपाणे
मृत्युञ्जयस्त्वमिति वेदविदो वदन्ति।
त्वद्दत्तबालतनये यदि कालकालः
स्यादेवमत्र वद कस्य भवेन्न पातः ॥ ८९।

हा हन्त हन्त भवता भवतापहारी
कस्माद् विधेऽत्र विदधे बहुभिः प्रयत्नैः।
बालो विशालगुणसिन्धुमगाधमध्यं
सद्रत्नसारमखिलं सविधं विधाय ॥ ९०।

किमिति युगपन्मिलिताः किमर्थमागता इत्यर्थः। यद्वा अस्य भावि ज्ञात्वा मिलिता इत्येतत् किमिति पृच्छामीत्यर्थः। मेलने हेतुमाह। एकस्येति ॥ ८८।

कालकालः कालेन यमेन कालः, कालनं मारणमिति यावत् ॥ ८९।

हा हन्तेति। हा हन्त विषादे। 'हन्त हर्षेऽनुकम्पायां वाक्यारम्भविषादयोः' इत्यमरः। हन्तेति वाक्यारम्भे हे विधे भवता कस्मादयं बालो विदधेऽकारि। किं कृत्वा? बहुभिः प्रयत्नैः विशालगुणसिन्धुं विस्तृतगुणरूपसमुद्रं विधाय। अर्थादस्मिन् बालक इति शेष इति वा। कथम्भूतम्? अगाधमध्यमनवगाहनीयमध्यमित्यर्थः सद्रत्नसारं सद्रत्नान्येव साराणि यत्र तम्। अखिलं सम्पूर्णम्। सविधं सप्रकारम्। किमित्याकाङ्क्षायामाह—भवतापहारी भवता कृत्वाऽपहारो वर्तते, यस्य स तथा। सृष्ट्वाऽपि मारणीयश्चेत् किमर्थं सृजसीत्यभिप्रायः। भवतापहारीत्येकं वा पदम्। भवतापं हर्तुं शीलं यस्य स तथा। अस्मिन् पक्षे यतोऽग्रे मारयिष्यसीति शेषः ॥ ९०।

महोत्सव में एक साथ मिले और फिर क्यों एक ही स्थान में सकलगुण, शील, कला-कलाप, सौन्दर्य और सुलक्षणों की परीक्षा कर परम हर्षित हुए? ॥ ८८ ॥

हे शम्भो! महेश! करुणाकर! शूलपाणे! आपको वेदज्ञानी लोग मृत्युञ्जय कहते हैं, (तब) आपके दिए हुए बालक पुत्र को भी यदि काल का घात हो, तो इस संसार में किसका निपात न होगा? ॥ ८९ ॥

हाय! हाय! हे विधाता! अपने बड़े प्रयत्न से उस संसार के तापहारी बालक को अगाध मध्य, उत्तम रत्नसार, प्रबल विशाल गुण सागर (और मेरा समीपवर्ती) क्यों निर्माण किया? ॥ ९० ॥

हा काल बालकवती किमु ते न राज्ञी
त्वत् कालतां न हृतवान्न सुताननेन्दुः ।
बालेति कोमलमृणाललताङ्गलीले
दम्भोलिनिष्ठुरकठोरकुठारदंष्ट्रः ॥ ९१ ॥

इत्थं विलप्य बहुशो नयनाम्बुधारा
सम्पातजाततटिनीशतमुत्तरङ्गम्
सा तोकशोकजनितानलतापतप्ता
प्रोच्छ्वस्य दीर्घविपुलोष्णमहोशुशोष ॥ ९२ ॥

हा कालेति । हा विषादे । हे काल ते तव राज्ञी महिषी किमु बालकवती, नापि तु बालकवत्येव । तव सुताननेन्दुः पुत्रवदनचन्द्रः त्वत्कालतां त्वत्कालनतां त्वत्कृतमारणतां न हृतवान्, न दूरीकृतवान्; अपितु कृतवानेव । अतोऽस्मिन् बाले किं किमित्येवं भूतोऽसि । कथम्भूते ? कोमला या मृणाललता तस्यायदङ्गं तस्येव लीला यस्य स तथा तस्मिन् । कोमलमृणाललताङ्गवत् सुकुमार इत्यर्थः । त्वं कथम्भूतः ? दम्भोलिर्वज्रं तद्वन्निष्ठुरस्तीक्ष्णः कठोरो भयङ्करो यः कुठारस्तद्वद्दंष्ट्रा, यस्य सः । स्वपुत्रस्य रक्षणं परपुत्रस्य मारणमेतत्तवाऽनुचितमिति भावः ॥ ९१ ।

इत्थमिति । अहो कष्टम् । सा शुचिष्मती इत्थं विलप्य शुशोष, शोषं प्राप्तवतीत्यन्वयः । दीर्घं बहुकालव्यापि विपुलं गंभीरं उष्णं यथा स्यात्तथा प्रोच्छ्वस्य । तथा नेत्रवार्या सारजनितनदीनां शतमुत्तरङ्गं उच्छलद्भङ्गं यथा स्यादिति ॥ ९२ ।

हे काल ! क्या तुम्हारी रानी पुत्रवती नहीं है ? अथवा उसके पुत्रवती होने पर भी पुत्र का मुखचन्द्र तुम्हारी कालता (अंधकार-नाशकत्व) को नहीं दूर कर सकता, नहीं तो हे वज्रसमनिष्ठुर ! कमलदण्ड के सदृश अतिकोमलांग बालक पर कठोर कुठारतुल्य दंष्ट्राघात क्यों करते ? ॥ ९१ ॥

शुचिष्मती ने अनेक बार इसी प्रकार विलाप किया । उसके नेत्राश्रु की धारा से सैकड़ों नदियां निकल कर उत्ताल तरंग से पूर्ण हो गयीं । अहो ! इसके अनन्तर वह उठी और दीर्घ निःश्वास परित्याग करती-करती सूखने लगी । उसके उस करुण-विलाप को सुनकर (मानो) तरु-लतागण भी वायु के कम्पन छल से बारम्बार शिर हिलाते हुए

आकर्ण्य तत्करुणवत्परिदेवितानि
तानि द्रुमा व्रततयः कुसुमाश्रुपातैः ।
प्रायो रुदन्ति पततां विरुतार्तरावै
रालोल्यमौलिमसकृत् पवनच्छलेन ॥ ९३ ।

रुण्णं तया किल तथा बहुमुक्तकण्ठ-
मार्तस्वरैः प्रतिरवच्छलतो यथोच्चैः ।
तद्दुःखतो नु रुरुदुर्गिरिकन्दरास्थाः
सर्वा दिशः स्थगितपत्रिमृगागमा हि ॥ ९४ ।

श्रुत्वार्तनादमिति विश्वनरोऽपि मोहं
हित्वोत्थितः किमिति किन्त्विति किं किमेतत् ।
उच्चैर्वदन् गृहपतिः क्व स मे बहिस्थः
प्राणोऽन्तरात्मनिलयः सकलेन्द्रियेशः ॥ ९५ ।

आकर्ण्येति । तस्यास्तानि करुणवन्ति परिदेवितानि दृष्ट्वा वा द्रुमा व्रततयः द्रुमाश्च व्रततयो लताश्च कुसुमान्येवाश्रुपाताः, तैः पततां पक्षिणां विरुतानि वासितान्येव आरावा आर्तरावास्तैः असकृत् वारम्वारं पवनच्छलेन वायुव्याजेन मौलिं मस्तकमालोल्य प्रकम्प्य प्रायो रुदन्ति रुदन्तीवेत्युत्प्रेक्षा ॥ ९३ ।

रुण्णमिति । तथा शुचिष्मत्या मुक्तकण्ठं यथा स्यात्तथाऽऽर्तस्वरैरुण्णरोदनं कृतम् । छान्दसोऽयं प्रयोगः । यथा प्रतिरवस्य च्छलतो व्याजेन सर्वा दिशो रुरुदुः । कथम्भूताः ? गिरिकन्दरा एवास्थानि यासां तास्तथा । पुनः कथम्भूताः ? स्थगितपत्रिमृगागमाः स्थगिताः स्तम्भिताः पत्रिणां मृगाणां चागमा आममनानि यासु तास्तथा । यदा अचेतना अपि वृक्षादयो रुरुदुः, तदा सचेतनानां का कथेति हि शब्दार्थः ॥ ९४ ॥

श्रुत्वेति । इत्यार्तनादं श्रुत्वा स विश्वानरः । ह्रस्वश्छान्दसः । पाठान्तरे[1] तु

एवं पुष्परूप बिन्दुओं को गिराते हुए पक्षियों के कूजनस्वरूप आर्तस्वर से प्रायः रुदन करने लगे ॥ ९२-९३ ॥

शुचिष्मती इतना अधिक मुक्त कण्ठ हो (गला फाड़) आर्त्तस्वर से रोयी कि पर्वत की कन्दराएँ एवं समस्त दिशाएँ भी पशु-पक्षियों के आवागमन से शून्य हो, (मानो) उसके दुःख से कातर बनकर प्रतिध्वनि के छल से उसके साथ उच्चस्वर में रोदन करने लगीं ॥ ९४ ।

विश्वानर मुनि भी वह आर्तविलाप सुन, मूर्छा को छोड़ 'यह क्या ! यह

---

१. श्रुत्वा तु इत्येवं रूपे ।

अगस्त्य उवाच—

ततो दृष्ट्वा स पितरौ बहुशोकसमावृतौ ।
स्मित्वोवाच ततो मातस्त्रासस्त्वीदृक्कुतो हि वाम् ॥ ९६ ।
न मां कृतवपुस्त्राणं भवच्चरणरेणुभिः ।
कालः कलयितुं शक्तो वराकी चञ्चलाल्पिका ॥ ९७ ।
प्रतिज्ञां शृणुतं तातौ यदि वां तनयो ह्यहम् ।
करिष्येऽहं तथा तेन विद्युन्मत्तस्त्रसिष्यति ॥ ९८ ।
मृत्युञ्जयं समाराध्य सर्वज्ञं सर्वदं सताम् ।
कालकालं महाकालं कालकूटविषादिनम् ॥ ९९ ।

वितर्के । उभयत्र व्यवधानमार्षम् । किमित्यादि उच्चैर्वदन् मोहं हित्वोत्थित इत्यन्वयः । तु शब्दोऽत्र सम्भ्रमे । अन्तरात्मनिलयः प्रत्यगात्मा सकलेन्द्रियेशः समस्तेन्द्रियाणां साक्षी ॥ ९५ ॥

ततो दृष्ट्वेति । तमो मोहः । प्राधान्यान्मातुः सम्बोधनम् । तुशब्दात्तातेति च ॥ ९६ ।

कलयितुं मारयितुम् । चञ्चला विद्युत् । यत्र कालोऽपि कुण्ठितः, स तत्र वराकी निकृष्टा अल्पा असमर्था चपला कालयितुं न शक्ता इति, किं वाच्यमित्यभिप्रायः ॥९७ ।

वां युवयोः ॥ ९८ ।

क्या ?' मेरा बहिस्थ प्राण, अन्तरात्मा का स्थान, सकल इन्द्रियों का स्वामी, गृहपति कहाँ है ? उच्चस्वर से ऐसा कहते हुए उठ बैठे ॥ ९५ ।

अगस्त्य ऋषि ने कहा—

इसके पश्चात् गृहपति ने माता-पिता को अत्यन्त शोकाकुल देखकर कुछ मुस्करा कर कहा—हे मातः ! इतना भय आप लोगों को कहाँ से हो गया ? आप लोगों की चरण-धूलिरूप कवच को धारण कर लेने पर मुझे साक्षात् काल भी क्यों न हो, नहीं मार सकता । अति क्षुद्र (बेचारी) विद्युत् की बात ही क्या है ? ॥ ९६-९७ ।

आप दोनों जब मेरी प्रतिज्ञा सुन लें—यदि मैं आप लोगों का पुत्र हूँ, तो सर्वज्ञाता सज्जनों के सर्वाभीष्ट दाता, कालकूट नामक महाविष के भोक्ता, काल के भी काल महाकाल मृत्युञ्जय की आराधना कर ऐसा कर्म करूँगा कि विद्युत् भी मुझसे डरने लगेगी ॥ ९८-९९ ।

इति श्रुत्वा वचस्तस्य जरितौ द्विजदम्पती ।
अकालामृतवर्षौघशान्ततापौ तदोचतुः ॥ १०० ।
अपयोदपयोवृष्टिरदुग्धाब्धिः सुधोदयः ।
अनिन्दुः कौमुदीकान्तिः कुतो नौ सुखयत्यलम् ॥ १०१ ।
पुनर्ब्रूहि पुनर्ब्रूहि कीदृक्कीदृक्पुनः पुनः ।
कालः कलयितुं नालं वराकी चञ्चलालिपका ॥ १०२ ।
आवयोस्तापनाशाय महोपायस्त्वयेरितः ।
मृत्युञ्जयस्य देवस्य समाराधनलक्षणः ॥ १०३ ।
तद्गच्छ शरणं तात नातः परतरं हितम् ।
मनोरथपथातीतकारिणः कालहारिणः ॥ १०४ ।

जरितौ जरावन्तौ । ज्वरिताविति क्वचित्पाठः ॥ १०० ।

किमूचतुस्तदाह । अपयोदेति । न विद्यते पयोदो यस्यां चासौ पयोवृष्टिश्च, न दुग्धाब्धिः क्षीराब्धिर्यस्मिन् स, सुधोदयः न विद्यते इन्दुर्यस्यां, कौमुदीकान्तिः कुतः कस्मान् नौ आवामलमत्यर्थं सुखयति सुखिनौ करोतीत्यूचतुरिति ॥ १०१ ।

पुर्नरिति वीप्सात्रयमादरार्थम् । पुनर्वदेति क्वचित् । काल इत्याद्यर्धमनुवादः ॥ १०२ ।

वृद्ध द्विजदम्पती, अकाल की अमृत-वृष्टि के तुल्य पुत्र का वचन सुनकर सन्ताप से शान्त राही होकर उस समय कहने लगे— यह बिना मेघ की वर्षा, बिना क्षीर के समुद्र से अमृत की उत्पत्ति (निकलना) और बिना चन्द्रमा के कौमुदी-कान्ति कहाँ से हम लोगों को अत्यन्त सुखानुभवी बना रही है ? ॥१००-१०१ ।

"क्या कहा, क्या कहा, फिर कहो, फिर कहो" क्या काल भी नहीं मार सकता, अतिक्षुद्र विद्युत् की क्या बात है ? ॥ १०२ ।

(सचमुच) हम लोगों के ताप नाशनार्थं यह देवदेव मृत्युञ्जय की आराधनारूप बड़ा भारी उपाय तुमने बतलाया है ॥ १०३ ।

बेटा ! तो फिर मनोरथ पथ से अतीत फलदाता, कालविनाशी, महादेव के ही शरण जाओ, इससे बढ़कर हितकर दूसरा कुछ भी नहीं है ॥ १०४ ।

किं न श्रुतं त्वया तात श्वेतकेतुं यथा पुरा ।
पाशितं कालपाशेन ररक्ष त्रिपुरान्तकः ॥ १०५ ।
शिलादतनयं मृत्युग्रस्तमष्टाब्दमर्भकम् ।
शिवो निजजनं चक्रे नन्दिनं विश्वनन्दिनम् ॥ १०६ ।
क्षीरोदमथनोद्भूतं प्रलयानलसन्निभम् ।
पीत्वा हालाहलं घोरमरक्षद्भुवनत्रयम् ॥ १०७ ।
जालन्धरं महादर्पं हृतत्रैलोक्यसम्पदम् ।
चरणाङ्गुष्ठरेखोत्थचक्रेण निजघान यः ॥ १०८ ।
य एकेषु निपातोत्थज्वलनैस्त्रिपुरं पुरा ।
विधाय पत्रिणं विष्णुं ज्वालयामास धूर्जटिः ॥ १०९ ।
अन्धकं यस्त्रिशूलाग्रप्रोतं वर्षायुतं पुरा ।
त्रैलोक्यैश्वर्यसंमूढं शोषयामास भानुना ॥ ११० ।

पाशितं बद्धम् ॥ १०५ ।
हालाहलं विषम् ॥ १०७ ।
महान् दर्पो यस्य तम् । महादैत्यमित्यपि क्वचित् ॥ १०८ ।
पत्रिणं बाणम् ॥ १०९ । वर्षायुतम् दशसहस्रवर्षम् ॥ ११० ।

हे तात ! पूर्वकाल में त्रिपुरारि ने कालपाश में बद्ध श्वेतकेतु की जिस रूप से रक्षा की थी, क्या तुमने नहीं सुना है ? ॥ १०५ ।

आठ वर्ष की अवस्था के बालक मृत्युग्रस्त शिलाद मुनि के पुत्र को भगवान् शिव ने रक्षित कर जगदानन्दी नन्दी को अपना पारिषद् बना लिया ॥ १०६ ।

क्षीर समुद्र के मन्थन से उत्पन्न प्रलयाग्नि के सदृश घोर हालाहल (महा) विष को पानकर उन्होंने त्रिभुवन को बचा लिया ॥ १०७ ।

त्रैलोक्य की संपत्ति के हर्ता महाभिमानी जालन्धर नामक असुर को जिन्होंने चरणाङ्गुष्ठ की रेखा से उत्पन्न चक्र के द्वारा काट डाला; (फिर) जिस धूर्जटिदेव ने विष्णु को बाणरूप बनाकर उसी एक बाण के गिरने से उठे हुए अग्नि के द्वारा पूर्व युग में त्रिपुर को दग्ध करा दिया । त्रैलोक्य के ऐश्वर्य मद से मूढ़ अन्धक नामक दैत्य की

कामं दृष्टिनिपातेन त्रैलोक्यविजयोर्जितम् ।
निनायाऽनङ्गपदवीं वीक्षमाणेष्वजादिषु ॥ १११ ॥
तं ब्रह्माद्येककर्तारं मेघवाहनमच्युतम् ।
प्रयाहि पुत्र शरणं विश्वरक्षामणिं शिवम् ॥ ११२ ॥
पित्रोरनुज्ञां प्राप्येति प्रणम्य चरणौ तयोः ।
प्रदक्षिणमुपावृत्य बह्वाश्वास्य विनिर्ययौ ॥ ११३ ॥
स प्राप्य काशीं दुष्प्रापां ब्रह्मनारायणादिभिः ।
महासंवर्तसंवृत्ततापाद् विश्वेशपालिताम् ॥ ११४ ॥
स्वर्धुन्याहारयष्ट्येव राजितां कण्ठभूमिषु ।
विचित्रगुणशालिन्या हारनीहारगौरया ॥ ११५ ॥
बहुसंसारसन्तापसन्तप्तजनतोद्भवम् ।
वारयन्तीं वरणया छिन्दन्तीमसिधारया ॥ ११६ ॥

स गृहपतिः काशीं सम्प्राप्य प्राङ्मणिकर्णिकां लोचनाभ्यां दृष्टवान् ययाविति पञ्चमेनान्वयः। काशीं विशिनष्टि। यल्लभ्यत इत्यतः प्राक्तनेन ग्रन्थेन। महासंवर्तः प्राकृतो लयः ॥ ११४ ॥

कण्ठभूमिषु काश्याः कण्ठस्थानीयासु भूमिषु। नीहारो हिमम् ॥ ११५ ॥

बहुसंसारेति। दुःखमिति शेषः। बहुसंसारसन्तापमिति क्वचित्। असिधारयाऽसिप्रवाहेण ॥ ११६ ॥

जो त्रिशूल के अग्रभाग में प्रोत (खोंस) कर दश सहस्त्र वर्ष पर्यन्त सूर्य के घाम में सुखलाते रहे, जिसने त्रैलोक्य विजय से दर्पित कन्दर्प (काम) देव को ब्रह्मादि देवगण के देखते हुए केवल दृष्टिपात से ही अनंग कर दिया। हे पुत्र ! ब्रह्मादि के भी एकमात्र विधाता, मेघवाहन, अच्युत और संसार-रक्षण के महामणि उसी शिव के शरणापन्न हो जाओ ॥ १०८-११२ ॥

गृहपति माता-पिता की इस आज्ञा को पाकर उन दोनों के चरणों पर (गिरकर) प्रणाम कर, फिर उनकी प्रदक्षिणा करके और बहुत आश्वासन देकर बाहर हुए ॥ ११३ ॥

ब्रह्म और नारायणादिक देवताओं को भी दुर्लभ, प्राकृत-प्रलय-सम्भूत सन्ताप से विश्वेश्वर जिसकी रक्षा किया करते हैं, फिर विचित्र गुणों से सम्पन्न हिमहार के समान श्वेतवर्णा गंगा हारलता के सदृश जिसके कण्ठदेश में शोभायमान हैं, जो संसार के बड़े-बड़े सन्ताप से क्लेशित जनों के पुनर्जन्म को वरणा नदी के द्वारा

यल्लभ्यते च कैवल्यं सुदृढाष्टाङ्गयोगतः ।
विकासयन्तीं तत्सम्यक् काशिकां यां जगुर्बुधाः ॥ ११७ ।
संसारतापतप्ताभ्यां लोचनाभ्यां स दृष्टवान् ।
कर्णाकर्णप्रकीर्णाभ्यां प्राग् ययौ मणिकर्णिकाम् ॥ ११८ ।
तत्र स्नात्वा विधानेन दृष्ट्वा विश्वेश्वरं विभुम् ।
त्रैलोक्यप्राणिसन्त्राणकारिणं प्रणनाम ह ॥ ११९ ।
आलोक्यालोक्य तल्लिङ्गं तुतोष हृदये बहु ।
परमानन्दकन्दाख्यं स्फुटमेतन्न संशयः ॥ १२० ।
अहो न मत्तो धन्योऽस्ति त्रैलोक्ये सचराचरे ।
यदद्राक्षिषमद्याहं श्रीमद्विश्वेश्वरं विभुम् ॥ १२१ ।

मणिकर्णिकां विशिनष्टि । यल्लभ्यत इत्येकेन । कथम्भूतां मणिकर्णिकाम् ? सुदृढोऽविप्लुतो योऽष्टाङ्गयोगः, तस्माल्लभ्यते यत् कैवल्यम्, तत् सम्यग्देहत्यागमात्रेण विकासयन्तीमभिव्यञ्जयन्तीम् । बुधाः काशिकायां जगुस्तामिति ॥ ११७ ।

कथम्भूताभ्यां नेत्राभ्याम ? संसारतापतप्ताभ्याम् । कर्णाकर्णप्रकीर्णाभ्यां कर्णाभ्यां य आकर्णं आकर्णनं श्रवणं तेन प्रकीर्णाभ्यां विस्तीर्णाभ्यामित्यर्थः । आकर्ण्य मणिकर्णिकाभ्यामिति क्वचित् । यद्वा कर्णः आकर्णनम्, तेन आकर्णप्रकीर्णाभ्यां कर्णपर्यन्ताभ्यामिति ॥ ११८ ।

पूजादिकं च विदधे इति हकारार्थः ॥ ११९ ।

यद्यस्मात् । अद्राक्षिषम् दृष्टवान् ॥ १२१ ।

निवारण करती हुई, असि (नदी) की धारा से छेदन करती है, अति दृढ़ अष्टाङ्ग योग के द्वारा जो मुक्ति प्राप्त होती हैं, उसे स्पष्टरूप से प्रकट कर देनेवाली उसका (उस पुरी का) 'काशी' ऐसा नाम पण्डित लोग कहते है ॥ ११४-११७ ।

उसी काशी में प्राप्त होकर वह गृहपति संसार के दुःखों से संतप्त कर्णपर्यन्त फैले हुए नेत्रों से दर्शन करता हुआ सर्वप्रथम मणिकर्णिका पर जा पहुँचा ॥ ११८ ।

उसने वहाँ पर यथाविधि स्नानकर, त्रैलोक्य मात्र के प्राणियों के त्राणकर्ता, विभु विश्वेश्वर का दर्शन कर प्रणाम किया ॥ ११९ ।

गृहपति उस लिङ्ग को देख-देखकर बहुत ही सन्तुष्ट हुआ । उसने (मन ही मन) निश्चय किया कि यही प्रकट परमानन्द के मूल हैं ॥ १२० ।

सचराचर त्रिभुवन में मेरी अपेक्षा दूसरा कोई भी धन्य नहीं है; क्योंकि मैंने आज विभु विश्वनाथ का दर्शन किया ॥ १२१ ।

त्रिलोकीसारसर्वस्वं पिण्डीभूतमिदं किल ।
किं वा पीयूषपिण्डोऽयमुद्गतः क्षीरनीरधेः ॥ १२२ ।
आत्मावबोधमहसः किमसौ प्रथमाङ्कुरः ।
ब्रह्मानन्दसुकन्दो वा किमु ब्रह्मरसायनम् ॥ १२३ ।
योगिहृत्पद्मनिलयं यदनाकारमुच्यते ।
तदाकारत्वमापेदे किमिदं लिङ्गकैतवात् ॥ १२४ ।
ब्रह्माण्डभाण्डमथवा नानारत्नौघपूरितम् ।
अथवा मोक्षवृक्षस्य फलमेतन्न संशयः ॥ १२५ ।

सारसर्वस्वं वरसर्वधनम् । 'सारो बले स्थिरांशे न्याय्ये क्लीबं वरे त्रिषु' इत्यमरः । पिण्डीभूतं लिङ्गाकारेण परिणतम् । किलेत्युत्प्रेक्षायाम् ॥ १२२ ।

आत्मावबोधमहसः स्वप्रकाशप्रत्यग्ज्योतिषः । सुकन्दः शोभनं मूलम् । ब्रह्मरसायनं ब्रह्म च तद्रसश्च तदयनं च तत्तथा । 'रसो वै सः, रसं ह्येवायं लब्ध्वानन्दी भवति' इति श्रुतेः ॥ १२३ ।

योगीति । योगिहृत् कमलाश्रयम् अनाकारं प्रत्यग्भूतं यद् ब्रह्मोच्यते, तल्लिङ्गच्छलादाकारत्वं लिङ्गमूर्तित्वमापेदे, प्राप, किमिति विमर्शः ॥ १२४ ।

फलं नित्यशुद्धबुद्धमुक्तस्वप्रकाशानन्दस्वरूपम् ॥ १२५ ।

निश्चय ही यह त्रैलोक्य का सार सर्वस्व पिण्डरूप से शोभायमान है । अथवा क्षीर-सागर से उत्पन्न (निकला हुआ) यह अमृत पिण्ड है ॥ १२२ ।

क्या यह आत्मज्ञान की ज्योति का प्रथम अंकुर है ? अथवा ब्रह्मानन्द का उत्तम कन्द (मूल-जड़) है ? या ब्रह्मरसायन है ? ॥ १२३ ।

योगिजन के हृदय कमल में स्थित जो आनन्दरूप निराकार ब्रह्म कहा जाता है, क्या वही (तो नहीं) लिङ्गरूप से छल से साकारता को प्राप्त हो गया ? अथवा यह क्या ब्रह्माण्ड का आधारस्वरूप अनेक विधि रत्न-समूहों से पूर्णभाण्ड (पात्र) है ? किं वा यह लिंग मोक्षवृक्ष का फल है ? इस विषय में कुछ संदेह नहीं है, अथवा निर्वाण-लक्ष्मी का सुन्दर पुरुषों से युक्त केशपाश है ? किं वा (हो न हो) यह कैवल्यरूपिणी

निर्वाणलक्ष्म्याः किमथ केशपाशः सुपुष्पयुक् ।
कैवल्यमल्लीवल्ल्याः किं स्तवकः स्तावकार्थदः ॥ १२६ ।
निःश्रेयसश्रियः किं वाऽऽनन्दक्रीडनकन्दुकः ।
अपवर्गोदयाद्रेः किमुदियाय सुधाकरः ॥ १२७ ।
संसारमोहतिमिरभिदुरः किमसौ रविः ।
किमु कल्याणरमणीरम्यशृङ्गारदर्पणः ॥ १२८ ।
आज्ञातं न भवेदन्यत् सर्वेषां देहधारिणाम् ।
अनेककर्मबीजानां बीजपूरोऽयमद्भुतः ॥ १२९ ।
विश्वेषां विश्वबीजानां कर्माख्यानां लयो यतः ।
अस्मिन्निर्वाणदे लिङ्गे विश्वलिङ्गमिदं ततः ॥ १३० ।

केशपाशः चूडा । 'शिखाचूडाकेशपाशः' इत्यमरः । सुपुष्यते इति पाठे सुपुष्पित इत्यर्थः । कैवल्यमल्लीवल्ल्याः कैवल्यमेव मल्लीवल्ली मल्लिका लता, तस्याः स्तवको गुच्छः । स स्तावकानां स्तोतॄणां भक्तानामर्थदः पुरुषार्थचतुष्टयप्रद इत्यर्थः ॥ १२६ ।

आनन्दक्रीडनकन्दुकः सुखक्रीडाकन्दुकः । आनन्द इत्यत्र कम्र इति वा पाठः । कमनीय इत्यर्थः ॥ १२७ ।

कल्याणरमणी कल्याणसुन्दरी, तस्या रम्यः शृङ्गारस्य शोभाया दर्शनार्थं दर्पण आदर्शः ॥ १२८ ।

आज्ञातमिति । आ इति स्मृतौ । बीजपूरः फलपूरः । अद्भुत आश्चर्यमयः ॥ १२९ ।

आश्चर्यमयत्वे हेतुं दर्शयन् विश्वेशलिङ्गमिति नाम निर्वक्ति । विश्वेषामिति । कर्माणीति आख्या येषां कर्माख्यानां विश्वबीजानां विश्वेषां सर्वेषां बीजानां यतो यस्माद-

---

मल्लिका (वेला) लता के पुष्पों का (गुच्छा है जो) स्तुति-तत्पर भक्त-जनों के अभीष्ट अर्थ को देनेवाला है । (नहीं जीव ! यह तो) मोक्ष-लक्ष्मी का आनन्द क्रीडन कन्दुक (खेलने का गेंदा) है । अथवा यह अपवर्गरूपी उदयाचल से उदित सुधाकर है, किं वा संसार के मोहरूपी अन्धकार का विध्वंसकर्ता दिवाकर (सूर्य) है ? अथवा कल्याणमयी रमणी के सुन्दर शृंगार का दर्पण है ? ॥ १२४-१२८ ।

ओः ! (ठीक है अब) समझा, और कुछ नहीं है; अपितु सब देहधारियों के बहुतर कर्मबीजों का आश्रय, यह अद्भुत बीजपूर का फल (विजोरा नींबू) है, क्योंकि इसे

मम भाग्योदयेनैव नारदेन महर्षिणा ।
तदागत्य तथोक्तं यत् कृतकृत्योऽस्म्यहं ततः ॥ १३१ ।
इत्यानन्दामृतरसैर्विधाय स हि पारणम् ।
ततः शुभेऽह्नि संस्थाप्य लिङ्गं सर्वहितप्रदम् ॥ १३२ ।
जग्राह नियमान् घोरान् दुष्करानकृतात्मनाम् ।
अष्टोत्तरशतैः कुम्भैः [1]पूर्णैर्गङ्गामृतद्रवैः ॥ १३३ ।
संस्नाप्य वाससा पूतैः पूतात्मा प्रत्यहं शिवम् ।
नीलोत्पलमयीं मालां समर्पयति सोऽन्वहम् ॥ १३४ ।
अष्टाधिकसहस्रैस्तु सुमनोभिर्विनिर्मिताम् ।
स पक्षार्धेन षण्मासं कन्दमूलफलाशनः ॥ १३५ ।

स्मिँल्लिङ्गे लयो नाशस्तस्मादिदं विश्वलिङ्गमिति । पाठान्तरे[2] तु ननु परिच्छिन्ने कथं सर्वेषां कर्मरूपाणां बीजानां लयः, तत्राह । ततमिति । परिपूर्णमित्यर्थः । परिच्छिन्न-प्रतीतिस्तु भ्रान्त्या श्रीकृष्ण इवेत्यभिप्रायः ॥ १३० ।

तथोक्तं यत् शङ्कोऽस्य द्वादशे वर्षे प्रत्यूहो विद्युदग्नित इत्यादिलक्षणं तत उक्तात् । यद्यस्मात्तत्तस्मादिति वा ॥ १३१ ।

इत्येवं प्रकारेण आनन्दामृतरसैः सुखसुधाद्रवैः ॥ १३२ ।

अकृतात्मनामजितेन्द्रियाणाम् ॥ १३३ । पूतात्मा शुद्धात्मा । अन्वहं प्रत्यहम् ॥ १३४ ।

सुमनोभिर्नीलोत्पलपुष्पैः सपक्षेति । स वैश्वानरः षण्मासं व्याप्य पक्षार्धेन सार्धसप्तदिनैः कन्दमूलफलाशनो बभूव ॥ १३५ ।

निर्वाणमुक्तिप्रद लिंग में कर्मनाशक समस्त विश्व-बीजों का लय हो जाता है, अतएव यह "विश्वलिंग" कहलाता है ॥ १२९-१३० ।

मेरा बड़ा भाग्योदय हुआ, जो महर्षि नारद ने आकर यह बात कही । मैं तो आज उसी के द्वारा कृतार्थ हो गया ॥ १३१ ।

वह गृहपति इस प्रकार आनन्दरूपी अमृत-रसों के पान से पारणकर शुभ दिन में सब किसी को हितप्रद लिंग की स्थापना कराकर अजितेन्द्रिय लोगों के दुष्कर घोरतर नियमों को ग्रहण करने लगा । वह पवित्रात्मा प्रतिदिन एक सौ आठ घड़ों में गंगाजल भर वस्त्र से छानकर शिवलिंग को स्नान कराने के अनन्तर एक सहस्र आठ (१००८) नील कमल के पुष्पों से गुँथी हुई माला समर्पण करने लगा; फिर वह छः

---

१. अमृतप्रदैरित्यपि पाठः । २. इदं ततमित्येवं रूपे ।

शीर्णपर्णाशनः पक्षे त्वाषण्मासं बभूव सः ।
षण्मासं वायुभक्षोऽभूत् षण्मासं जलबिन्दुभुक् ॥ १३६ ।
एवं वर्षद्वयं तस्य व्यतिक्रान्तं तथाऽऽसतः ।
जन्मतो द्वादशे वर्षे तद्वचो नारदेरितम् ॥ १३७ ।
सत्यं करिष्यन्निव तमभ्यगात् कुलिशायुधः ।
उवाच च वरं ब्रूहि दद्मि तन्मनसि स्थितम् ॥ १३८ ।
अहं शतक्रतुर्विप्र प्रसन्नोऽस्मि शुभव्रतैः ।
इत्याकर्ण्य महेन्द्रस्य वाक्यं मुनिकुमारकः ॥ १३९ ।
उवाच मधुरं धीरः कीरवन्मधुराक्षरम् ।
मघवन् वृत्रशत्रो त्वां जाने कुलिशपाणिनम् ॥ १४० ।

स षण्मासं व्याप्य पक्षे पक्षे शीर्णपर्णाशनो बभूवेत्युभयत्र वीप्सा । अन्वयभेदाच्च तच्छन्दस्यावृत्तिरदोषः ॥ १३६ ।

आसतस्तिष्ठतः सतो वर्तमानस्येति वा ॥ १३७ ।

कुलिशायुध इन्द्ररूपेण शङ्कर एव । इन्द्ररूपेण मयैव त्वं हि भीषित इति वक्ष्यमाणत्वात् । यन्मनसि स्थितं तदित्यर्थः ॥ १३८-१३९ ।

मधुरं सारम् । कीरवत् शुकवत् । कुलिशपाणिनम् वज्रपाणिम् ॥ १४० ।

मासपर्यन्त पक्षार्द्ध भर (साढ़े सात दिन में एक बार) कन्द-मूल और फल मात्र भोजन करने लगा ॥ १३२-१३५ ।

फिर छः मास तक प्रति पक्ष में (एकबार) केवल सूखकर गिरे हुए पत्तों को खाने लगा । तत्पश्चात् छह मास तक वायु भोजी और फिर छः मासपर्यन्त जल का बिन्दुमात्र पान करने लगा ॥ १३६ ।

इस प्रकार से तप करते हुए, उसके दो वर्ष व्यतीत हुए । (अब) गृहपति के जन्म से बारहवें वर्ष में नारद के कहे हुए उस वचन को मानो पूरा करने के लिए वज्रधर इन्द्र उसके पास आये और बोले—'वर माँगो, जो कुछ तेरे मन में है, वह मैं देता हूँ' ॥ १३७-१३८ ।

हे विप्र ! मैं साक्षात् शतक्रतु हूँ, तुम्हारे शुभ व्रतों से प्रसन्न हूँ । वह धीर मुनि कुमार महेन्द्र की यह बात सुनकर शुक की तरह मधुर अक्षरों से भरे हुए मीठे वचनों से कहने लगा—हे वृत्रासुर शत्रो ! मघवन् ! मैं आपको वज्रहस्त जानता हूँ; परन्तु

नाहं वृणे वरं त्वत्तः शङ्करो वरदोऽस्ति मे ॥ १४१ ।

इन्द्र उवाच—

न मत्तः शङ्करोऽस्त्यन्यो देवदेवोऽस्म्यहं शिशो ।
विहाय बालिशत्वं त्वं वरं याचस्व मां वरम् ॥ १४२ ।

ब्राह्मण उवाच—

गच्छाहल्यापतेऽसाधो गोत्रारे पाकशासन ।
न प्रार्थये पशुपतेरन्यं देवान्तरं स्फुटम् ॥ १४३ ।
इति तस्य वचः श्रुत्वा क्रोधसंरक्तलोचनः ।
उद्यम्य कुलिशं घोरं भीषयामास बालकम् ॥ १४४ ।
स दृष्ट्वा बालको वज्रं विद्युज्ज्वालाशताकुलम् ।
स्मरन्नारदवाक्यं च मुमूर्च्छ भयविह्वलः ॥ १४५ ।

बालिशत्वं मूर्खत्वम् । वरमभिलाषम् । वरं श्रेष्ठम् । मा चिरमिति क्वचित्पाठः ॥ १४२ ।

न मत्तः शङ्करोऽस्त्यन्यः इत्याद्यखर्वगर्ववचनात् सक्रोधः सन्नाह । गच्छेति॥१४३।
मुमूर्छ मूर्छां गतवान् ॥ १४५ ।

आप से मैं वर नहीं माँगना चाहता, मेरे वरदाता शंकर हैं (मोहिं देने वाला एक शंभु बैल वाला है) ॥ १३९-१४१ ।

इन्द्र कहने लगे—

बालक ! मुझसे भिन्न दूसरा कोई शंकर (कल्याणकर्ता) नहीं है, मैं ही सब देवताओं का देव (स्वामी) हूँ, अतएव तू लड़कपन त्यागकर मुझसे वर की प्रार्थना करो ॥ १४२ ।

ब्राह्मण (बालक) ने कहा—

हे अहल्या के जार ! असाधो ! गोत्र शत्रो ! पाकशासन ! जाओ, मैं तो स्पष्ट ही कह रहा हूँ कि पशुपति से भिन्न अन्य किसी देवता से मैं कुछ भी प्रार्थना नहीं करना चाहता ॥ १४३ ।

इन्द्र ने बालक के इस वचन को सुनते ही क्रोध से रक्तनेत्र होकर घोर (भयंकर) वज्र उठाकर उस लड़के को डरा दिया ॥ १४४ ।

वह बालक सैकड़ों विद्युत् की ज्वाला से परिपूर्ण वज्र को देखकर नारद के वचन को स्मरण करता हुआ भय से विह्वल होकर मूछित हो गया ॥ १४५ ।

अथ गौरीपतिः शम्भुराविरासीत्तमोनुदः ।
उत्तिष्ठोत्तिष्ठ भद्रं ते स्पर्शैः सञ्जीवयन्निव ॥ १४६ ।
उन्मील्य नेत्रकमले सुप्ते इव दिवाक्षये ।
अपश्यदग्रे चोत्थाय शम्भुमर्कशताधिकम् ॥ १४७ ।
भाले लोचनमालोक्य कण्ठे कालं वृषध्वजम् ।
वामाङ्कसन्निविष्टाद्रितनयं चन्द्रशेखरम् ॥ १४८ ।
कपर्देन विराजन्तं त्रिशूलाजगवायुधम् ।
स्फुरत्कर्पूरगौराङ्गं परिणद्धगजाजिनम् ॥ १४९ ।

अथेति । न केवलमाविरासीत् उत्तिष्ठोत्तिष्ठभद्रं ते इति वदन्निति शेषः । स्पर्शैः करस्पर्शैः सञ्जीवयामास[१] चेत्यर्थः ॥ १४६ ।

स बालक उत्थाय नेत्रकमले उन्मील्य विकचय्य विवृत्येति यावत् । अग्रे शम्भुमपश्यदित्यन्वयः । कीदृशे इव ? दिवाक्षये रात्रौ सुप्ते मुद्रिते इव । कीदृशं शम्भुम् ? अर्कशताधिकम्, अपरिमितसूर्याधिकप्रकाशमित्यर्थः ॥ १४७ ।

भाले इति । स एतादृशं रूपं प्रथमत आलोक्य पश्चान्महादेवं परिज्ञाय क्षणं स्थगितवन्निश्चलवत्तस्थाविति चतुर्थेनान्वयः । कीदृशं रूपं तदाह । भाल इति सार्धेन ॥ १४८ ।

कपर्देन जटाजूटेन । आजगवं पिनाकः । परिणद्धं परिहितं गजाजिनं गजासुरस्य चर्म येन स तथा तम् ॥ १४९ ।

तदनन्तर तमोविनाशी गौरीपति भगवान् शम्भु, उठ, उठ, तेरा मंगल (भला) हो—ऐसा कहते और हस्तस्पर्श के द्वारा मानो उसे संजीवित करते हुए, वहाँ पर प्रकट हो गए ॥ १४६ ।

बालक ने रात्रि में सोते हुए के सदृश कमलोपम नेत्रों को खोलते हुए उठकर सैकड़ों सूर्य से भी अधिक प्रकाशमान शम्भु भगवान् का साक्षात् दर्शन पाया ॥ १४७ ।

उस बालक ने ललाट लोचन, नीलकण्ठ, वृषभध्वज, जटाजूट से मण्डित, चन्द्रशेखर, त्रिशूल-पिनाक प्रहरणधारी, उज्ज्वल कर्पूरसम गौराङ्ग, गजचर्म परिधान एवं वामाङ्ग में पार्वती आसीन—उनका ऐसा रूप देखा ॥ १४८-१४९ ।

---

१. पुस्तकान्तरे सञ्जीवयन्निवेत्येवार्थे इवशब्द इति पाठो दृश्यते अयमेव युक्त इति भाति ।

परिज्ञाय महादेवं गुरुवाक्यत आगमात् ।
हर्षबाष्पाकुलः सन्नकण्ठो रोमाञ्चकञ्चुकः ॥ १५० ।
क्षणं स्थगितवत्तस्थौ चित्रकृत्रिमपुत्रकः ।
यथा तथा सुसम्पन्नो विस्मृत्यात्मानमेव च ॥ १५१ ।
न स्तोतुं न नमस्कर्तुं किञ्चिद्विज्ञप्तुमेव च ।
यदासनशशाकालं तदा स्मित्वाऽऽह शङ्करः ॥ १५२ ।

ईश्वर उवाच—

शिशो गृहपते शक्राद्वज्रोद्यतकरादहो ।
ज्ञातो भीतोऽसि मा भैषीर्जिज्ञासा ते कृता मया ॥ १५३ ।
मम भक्तस्य नो शक्रो न वज्रं नान्तकोऽपि वा ।
प्रभवेदिन्द्ररूपेण मयैव त्वं हि भीषितः ॥ १५४ ।

कथम्भूतः ? आनन्दवारिव्याप्तः, अत एव सन्नकण्ठो निरुद्धगलः रोम्णा मञ्च उद्गमः कञ्चुको यस्य सः ॥ १५० ।

चित्रेण रङ्गद्रव्येण चित्रे भित्त्यादौ वा कृत्रिमो लिखितः पुत्रको यथा तथा सम्पन्नो वृत्तः सन् इति पादद्वयस्य पूर्वेणाग्रिमेण वाऽन्वयः ॥ १५१ ।

यदात्मानं विस्मृत्य चकारात् परं च किमपि कर्तुमलं न शशाकैव तदा स्मित्वा ईषद्धास्यं कृत्वा शङ्कर आहेत्यर्थः ॥ १५२ ।

नाऽन्तकोऽपि न यमोऽपि । चपलाऽपि चेति क्वचित्पाठः ॥ १५४ ।

गुरुवाक्य और शास्त्र से महादेव को पहचान हर्षवाष्वाकुल, रुद्धस्वर, रोमाञ्चित शरीर एवं अपने को ही भूलकर वह क्षणमात्र कठपुतली की नाई निस्तब्धभाव से (चुपचाप) खड़ा रहा ॥ १५०-१५१ ।

तदनन्तर वह बालक जब स्तुति करने, नमस्कार करने और कुछ निवेदन करने में भी समर्थ नहीं हुआ, तब शंकर ने कुछ मुस्कराते हुए कहा ॥ १५२ ।

ईश्वर बोले—

अहो बालक ! गृहपते ! उद्यत वज्रपाणि शक्र से तुम डर गये हो, यह मैं जानता हूँ । अब मत डरो । यह तो मैंने तुम्हारी परीक्षा ली थी ॥ १५३ ।

मेरे भक्त के ऊपर इन्द्र के वज्र को कौन कहे, साक्षात् यमराज का भी प्रभुत्व नहीं है । मैंने ही इन्द्ररूप से तुमको डराया था ॥ १५४ ।

वरं ददामि ते भद्र त्वमग्निपदभाग् भव ।
सर्वेषामेव देवानां वदनं त्वं भविष्यसि ॥ १५५ ।
सर्वेषामेव भूतानां त्वमग्नेऽन्तश्चरो भव ।
धर्मराजेन्द्रयोर्मध्ये दिगीशो राज्यमाप्नुहि ॥ १५६ ।
त्वयेदं स्थापितं लिङ्गं तव नाम्ना भविष्यति ।
अग्नीश्वर इति ख्यातं सर्वतेजोभिबृंहणम् ॥ १५७ ।
अग्नीश्वरस्य भक्तानां न भयं विद्युदग्निजम् ।
अग्निमान्द्यभयं नैव नाकालमरणं क्वचित् ॥ १५८ ।
अग्नीश्वरं समभ्यर्च्य काश्यां सर्वसमृद्धिदम् ।
अन्यत्रापि मृतो दैवादग्निलोके महीयते ॥ १५९ ।
ततः काशीं पुनः प्राप्य कल्पान्ते मोक्षमाप्नुयात् ।
वीरेश्वरस्य पूर्वेण गङ्गायाः पश्चिमे तटे ॥ १६० ।

दिगीशोर्दिगीश्वरयोः । दिगीशस्त्वं भव वा ॥ १५६ ।

वीरेश्वरस्येति । वीरेश्वरस्य पूर्वेण पूर्वस्यां दिशि या गङ्गा, तस्याः पश्चिमे तटेऽग्नीश्वरं समाराध्येत्यन्वयः । अतो वीरेश्वरस्य पूर्वस्यां दिशि कथमग्नीश्वर इति नात्र कथन्तेति ॥ १६० ।

॥ इति श्रीरामानन्दकृतायां काशीखण्डटीकायामेकादशोऽध्यायः ॥ ११ ।

हे भद्र, मैं तुम्हें वर देता हूँ कि (आज से तुम अग्निपद के भागी हो और तुम्हीं सब देवताओं के मुख होओगे ॥ १५५ ।

हे अग्ने ! तुम सब भूतों के अन्तश्चारी होगे, धर्मराज और इन्द्र के मध्यवर्ती दिक्पाल होकर तुम राज्य-लाभ करो ॥ १५६ ।

तुम्हारा स्थापित किया हुआ यह लिंग सर्वतेजोऽभिवर्द्धक होकर तुम्हारे नामानुसार 'अग्नीश्वर' नाम से प्रसिद्ध होगा ॥ १५७ ।

जो कोई अनीश्वर का भक्त होगा, उसे कभी विद्युत् की अग्नि का भय नहीं होगा, न मन्दाग्नि का डर रहेगा और अकाल मृत्यु भी कभी नहीं होगी ॥ १५८ ।

काशी में समस्त सिद्धियों के दाता असीश्वर की पूजा करने पर देवात् यदि कहीं भी मरे, तो अग्निलोक में सादर निवास करता है ॥ १५९ ।

इस कल्प के बीत जाने पर फिर काशी में प्राप्त होकर मुक्ति-लाभ करता है । वीरेश्वर के पूर्व और गंगा के पश्चिम तटपर अवस्थित अग्नीश्वर की आराधना करने

अग्नीश्वरं समाराध्य वह्निलोके वसेन्नरः।
पितृभ्यां स्वजनैः सार्धं मित्रबन्धुसमायुतः ॥ १६१।
विमानमिदमारुह्य प्रयाह्येव दिशःपते।
इत्युक्त्वाऽऽनीय तद्बन्धून् पित्रोश्च परिपश्यतोः ॥
दिक्पतित्वेऽभिषिच्याग्निं तत्र लिङ्गे शिवोऽविशत् ॥१६२।

गणावूचतुः—

इत्थमग्निस्वरूपं ते शिवशर्मन् प्रवर्णितम्।
किमन्यच्छ्रोतुकामोऽसि कथयावस्तदीरय ॥ १६३।

॥ इति श्रीस्कन्दपुराणे काशीखण्डे वह्निलोकवर्णनं नामैकादशोऽध्यायः ॥ ११ ॥

से मनुष्य अग्निलोक में निवास करता। हे दिक्पाल! तुम माता, पिता, मित्र, बन्धु और स्वजनों के सहित इस विमान पर चढ़कर यों ही चले जाओ ॥ १६०-१६१।

शिव, यह कहकर उनके बन्धु-बान्धवों को लाकर माता-पिता के सम्मुख गृहपति को दिक्पाल पदपर अभिषिक्त कर उसी लिंग में प्रवेश कर गये ॥ १६२।

विष्णुगणों ने कहा—

हे शिवशर्मन्! यह तो अग्नि का स्वरूप-वर्णन किया गया और क्या सुनना चाहते हो, उसे कहो, हम दोनों वह भी कहेंगे ॥ १६३।

भये प्रकट जेहिं भाँति से, कीन तपस्या घोर।
पावक गृहपति रूप धरि, सो सब बरनि अघोर ॥

॥ इति श्रीस्कन्दे पुराणे चतुर्थे काशीखण्डे पूर्वार्द्धे भाषाटीकायाम् अग्न्युत्पत्ति-वर्णनं नाम एकादशोऽध्यायः ॥ ११ ॥

अथ द्वादशोऽध्यायः

शिवशर्मोवाच—

नैर्ऋतादीन् क्रमाल्लोकानाख्यातं पुरुषोत्तमौ ।
पुरुषोत्तमपादाब्जपरागोद्धूसरालकौ ॥ १ ॥

गणावूचतुः—

आकर्णय महाभाग संयमिन्याः पुरीं पराम् ।
दिक्पतेर्निर्ऋतस्यासौ पुण्या पुण्यजनोषिता ॥ २ ॥
राक्षसा निवसन्त्यस्यामपरद्रोहिणः सदा ।
जातिमात्रेण रक्षांसि वृत्तैः पुण्यजना इमे ॥ ३ ॥

द्वादशे वर्ण्यते लोको निर्ऋतेश्च महर्धिमान् ।
वरुणस्य तथा चैव लोकोऽत्यन्तमनोरमः ॥ १ ॥

पूर्वाऽध्यायान्ते इत्थमग्निस्वरूपं ते शिवशर्मन् प्रवर्णितम् । किमन्यच्छ्रोतुकामोऽसि कथयास्तदीरयेत्युक्तं तत्र पृच्छति । नैर्ऋतेति । हे पुरुषोत्तमौ नैर्ऋतादीन् लोकान् क्रमात् आख्यातं कथयतमित्यन्वयः । पुरुषोत्तमत्वे हेतुमाह । पुरुषोत्तमस्य चरणकमलरेणुनोद्धूलिता आविलश्चूर्णकुन्तला ययोस्ताविति ॥ १ ॥

परामनन्तरां पश्चिमदिग्भवां वा । निर्ऋतस्य निर्ऋतेः ॥ २ ॥

वृत्तैः सदाचारैः । पुण्यजना धार्मिकाः ॥ ३ ॥

(नैर्ऋत और वरुण लोकों का वर्णन)

शिवशर्मा बोले—

हे विष्णु चरणकमल-धूलि-धूसरित केशपाश ! दोनों पुरुषोत्तम ! क्रम से नैर्ऋतादि सब लोकों का सवृत्तान्त वर्णन कीजिए ॥ १ ॥

विष्णु भगवान् के दोनों पार्षदों ने कहा—

हे महाभाग ! श्रवण करो । संयमिनी पुरी के अनन्तर पुण्यजनों से अधिष्ठित दिक्पाल निर्ऋति की यह पवित्र नगरी है ॥ २ ॥

परद्रोह से पराङ्मुख राक्षस लोग सर्वदा इसमें निवास करते हैं । ये लोग जातिमात्र से तो राक्षस हैं, पर सदाचार के द्वारा धार्मिक हैं ॥ ३ ॥

स्मृत्युक्तश्रुतिवर्त्मानो जाता वर्णा वरेष्वपि ।
नाद्रियन्तेऽन्नपानानामस्मृत्युक्तं कदाचन ॥ ४ ।
परदारपरद्रव्यपरद्रोहपराङ्मुखाः ।
जाता जातौ निकृष्टायामपि पुण्यानुसारिणः ॥ ५ ।
द्विजातिभक्त्युत्पन्नार्थैरात्मानं पोषयन्ति ये ।
सदा सङ्कुचिताङ्गाश्च द्विजसम्भाषणादिषु ॥ ६ ।
आहूता वस्त्रवदना वदन्ति द्विजसन्निधौ ।
जय जीव भगो नाथ स्वामिन्निति हि वादिनः ॥ ७ ।
तीर्थस्नानपरा नित्यं नित्यं देवपरायणाः ।
द्विजेषु नित्यं प्रणताः स्वनामाख्यानपूर्वकम् ॥ ८ ।
दमदानदयाक्षान्तिशौचेन्द्रियविनिग्रहाः ।
अस्तेयसत्याहिंसाश्च सर्वेषां धर्महेतवः ॥ ९ ।

वर्णाश्च ते अवराश्चेति तेष्वप्यधमवर्णेष्वपीत्यर्थः । अस्मृत्युक्तं स्मृतिशास्त्रानुक्तमित्यर्थः । भोजनपानमिति शेषः ॥ ४-५ ।

द्विजातयो ब्राह्मणक्षत्रियवैश्यास्तेषां भक्त्या शुश्रूषया उत्पन्ना येऽर्थाः, तैरात्मानं ये पोषयन्ति, तेऽत्र पुरोत्तमे वसन्तीति पञ्चमेनाऽन्वयः । तथाग्रे वक्ष्यमाणानामपि तेनैवाऽन्वयः ॥ ६ । भगो मान्य ॥ ७ ।

दमादयोऽस्तेयादयश्च सर्वेषां प्राणिमात्राणामेते धर्महेतवः । पुण्यकारणानीत्यर्थः । तन्मध्ये शौचं द्विविधम्—बाह्यमाभ्यन्तरञ्च । बाह्यं मृज्जलाभ्याम्, अन्तर्भावशुद्ध्या । अस्तेयं कायवाङ्मनोभिः परद्रव्याग्रहणम् । अहिंसा कायवाङ्मनोभिः प्राणिमात्रस्यापीडा । अन्यत्पूर्वं व्याख्यातम् ॥ ९ ।

जो लोग नीचवर्ण में उत्पन्न होकर भी श्रुति-स्मृति-विहित पथ पर चलते हैं और धर्मशास्त्र के विरुद्ध अन्न-पानादिक कभी ग्रहण नहीं करते हैं, अधम जाति में जन्म लेने पर भी परस्त्री, परद्रव्य और परद्रोह से पराङ्मुख होकर धर्मानुगामी होते हैं, जो लोग ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य की सेवा द्वारा प्राप्त धन से अपना पालन-पोषण करते हैं और द्विजाति के संग वार्तालाप करने में जो सदा संकुचित अङ्ग रहते हैं। आह्वान करने पर, पुकारने पर, जो मुख पर वस्त्र डालकर जय, जीव, भगवन्! नाथ! स्वामिन्! ऐसा कहते हुए द्विजाति के समीप बोलते हैं, जो लोग नित्य ही तीर्थ में स्नान और देव-पूजन किया करते हैं एवं स्वनामकथनपूर्वक द्विजगण को प्रणाम करते हैं तथा दम, दान, दया, क्षमा, शौच, इन्द्रिय-निग्रह, अचौर्य्य, सत्य और अहिंसा—

आवश्येषु सदोद्युक्ता ये जाता यत्र कुत्रचित् ।
सर्वभोगसमृद्धास्ते वसन्त्यत्र पुरोत्तमे ॥ १० ।
म्लेच्छा अपि सुतीर्थेषु ये मृतानात्मघातकाः ।
विहाय काशीं निर्वाणविश्राणान्तेऽत्र भोगिनः ॥ ११ ।
अन्धन्तमो विशेपुस्ते ये चैवात्महनो जनाः ।
भुक्त्वा निरयसाहस्रं ते च स्युर्ग्रामसूकराः ॥ १२ ।
आत्मघातो न कर्तव्यस्तस्मात् क्वापि विपश्चिता ।
इहाऽपि च परत्राऽपि न शुभान्यात्मघातिनाम् ॥ १३ ।

म्लेच्छा इति । काशीं विहाय सुतीर्थेषु ये मृताः, म्लेच्छा अपि अत्र नैर्ऋते लोके भोगिनः स्युः । आत्मघातेनापि सुतीर्थेषु मरणं भवति तं वारयति । **नात्मघातका** इति । काशीं विहायेत्युक्तं तत्र हेतुगर्भं विशेषणमाह । निर्वाणविश्राणमिति । निर्वाणं कैवल्यं विश्राणं फलं यस्याः । निर्वाणं वा विश्राणयति ददातीति सा तथा, ताम् । तन्मरणस्य मोक्षहेतुत्वादिति भावः ॥ ११ ।

नात्मघातका इत्येतत्प्रपञ्चयति । अन्धन्तमो विशेयुस्त इत्यादिना ॥ १२ ।

उपसंहरति । **आत्मघात** इति । विपश्चिता इत्यनेन अविपश्चितां क्षत्रियादीनां प्रयागादावात्मघातोऽनुमन्यते । तथा चोक्तं भगवता युधिष्ठिरं प्रति—

न लोकवचनात्तात न वेदवचनादपि ।
मतिरुत्क्रमणीया ते प्रयागमरणं प्रति ॥
ब्रह्मज्ञानेन मुच्यन्ते प्रयागमरणेन वा ।
अथवा स्नानमात्रेण गोमत्यां कृष्णसन्निधौ ॥ इति ।

विपक्षे बाधकमाह । **इहाऽपि** चेति ॥ १३ ।

जो सब प्राणिमात्र के लिए धर्म के कारण हैं एवं अवश्यकर्त्तव्य धर्म में जो लोग सदा उद्योगी बने रहते हैं, वे चाहे कहीं भी (नीच जाति में) क्यों न जन्म लें, पर वे सब, सम्पूर्ण भोगों से परिपूर्ण होकर इस उत्तम नगर में निवास करते हैं ॥ ४-१० ।

म्लेच्छगण भी यदि मुक्तिदायिनी काशी को छोड़कर दूसरे किसी उत्तम तीर्थ में बिना आत्मघात किए मरे, तो वे भी यहाँ पर भोग पाते हैं ॥ ११ ।

जो लोग आत्मघाती होते हैं, वे अन्धतम नामक नरक में प्रवेश करते हैं, तदनन्तर सहस्रों नरक का भोग करके ग्रामवासी सूकर होते हैं, अतएव विद्वान् को चाहिए कि कदापि आत्महत्या न करे; क्योंकि आत्महिंसकों (आत्मघातियों) को इस लोक और परलोक में भी शुभ-गति नहीं प्राप्त होती ॥ १२-१३ ।

यथेष्टमरणं केचिदाहुस्तत्त्वावबोधकाः ।
प्रयागे सर्वतीर्थानां राज्ञि सर्वाभिलाषदे ॥ १४ ।
अन्त्यजा अपि ये केचिद्दयाधर्मानुसारिणः ।
परोपकृतिनिष्ठास्ते वसन्त्यत्र तु सत्तमाः ॥ १५ ।
अस्य स्वरूपं वक्ष्यावो दिक्पतेः क्षणतः शृणु ।
मध्ये विन्ध्याटविपुरापक्कणस्थजनाग्रणीः ॥ १६ ।
पल्लीपतिरभूदुग्रः पिङ्गाक्ष इति विश्रुतः ।
निर्विन्ध्यायास्तटे शूरः क्रूरकर्मपराङ्मुखः ॥ १७ ।
घातयेद्दूरसंस्थोऽपि यः पान्थपरिपन्थिनः ।
व्याघ्रादीन् दुष्टसत्त्वांश्च स हिनस्ति प्रयत्नतः ॥ १८ ।

तदेवाह । **यथेष्टमरणमिति** । यद्वा क्वापीत्येतत् संकोचयति । यथेष्टमरणमिति ॥ १४-१५ ।

अस्य दिक्पतेरिति सम्बन्धः । मध्येविन्ध्याटवीति पुरा पूर्वं मध्ये विन्ध्याटवि विन्ध्यसम्बन्धिन्या अटव्या मध्ये पिङ्गाक्षः पिङ्गे अक्षिणी यस्य स पिङ्गाक्ष इति विश्रुतो विख्यातोऽभूत् आसीदित्यन्वयः । कीदृक् पक्कणस्थजनाग्रणीः, पक्कणः शबरालयः, तत्स्थःजनानां श्रेष्ठः ॥ १६ ।

पल्लीपतिः शबरालयानां पतिश्च । उग्रः तीव्रपराक्रमः । तं विशिनष्टि । **निर्विन्ध्याया** इत्यादि सार्धपञ्चश्लोकैः । निर्विन्ध्या काचिन्नदी ॥ १७ ।

पान्थपरिपन्थिनः पथिकपरिरोधकान् ॥ १८ ।

कोई-कोई तत्त्वज्ञानी केवल समस्त तीर्थों के राजा (तीर्थराज) और सब किसी के अभिलाष के दाता केवल प्रयाग में इच्छानुसार मरण की (आत्म-त्याग की) बात कहते हैं ॥ १४ ।

दया-धर्म के अनुयायी और परोपकार में निष्ठा रखनेवाले म्लेच्छ लोग भी (परकाल में) श्रेष्ठरूप से इस लोक में निवास करते हैं ॥ १५ ।

अब इस दिक्पाल का वृत्तान्त-वर्णन करते हैं, (सावधानी के साथ) क्षणमात्र सुनो । पूर्वकाल में विन्ध्याचल के जंगल में निर्विन्ध्या नामक नदी के तीर पर शबरों के गाँव के स्वामी और शबरालय स्थित जनों के मुखिया, बड़ा पराक्रमी पिंगाक्ष नाम का (एक व्यक्ति) प्रसिद्ध था, वह बड़ा शूर होने पर भी क्रूर-कर्मों से सदा विमुख ही रहता था ॥ १६-१७ ।

वह दूर रहने पर भी पथिकगण के परिरोधक व्याघ्र आदि दुष्ट जीवों को प्रयत्नपूर्वक बध करता था । यद्यपि वह जीविका-निर्वाह व्याध-धर्म से ही करता

जीवेन्मृगयुधर्मेण तत्रापि करुणापरः।
न विश्वस्तान् पक्षिमृगान्न सुप्तान्न व्यवायिनः ॥ १९ ।
न तोयगृध्नून्न शिशून्नान्तर्वत्नित्वलक्षणान् ।
स घातयति धर्मज्ञो जातिधर्मपराङ्मुखः ॥ २० ।
श्रमातुरेभ्यः पान्थेभ्यः स विश्रामं प्रयच्छति ।
हरेत् क्षुधां क्षुधार्तानामुपानद्दोऽनुपानहे ॥ २१ ।
मृगत्वचोऽतिमृदुला विवस्त्रेभ्योऽतिसर्जति ।
अनुव्रजति कान्तारे प्रान्तरे पथिकान् पथि ॥ २२ ।
न जिघृक्षति तेभ्योऽर्थमभयञ्चेति यच्छति ।
आविन्ध्याटवि मे नाम ग्राह्यं दुष्टभयापहम् ॥ २३ ।

करुणापरो दयापरः । दयापरत्वमेव दर्शयति । न विश्वस्तानिति । व्यवायिनो ग्राम्यधर्मवतः ॥ १९ ।

अन्तर्वत्नित्वं गुर्विणीत्वं लक्षणं चिह्नं येषां तान् न घातयतीत्यन्वयः । ह्रस्वश्छान्दसः ॥ २० ।

उपानद्रहिते पथिके उपानद्दः पादत्राणदः ॥ २१ ।

कान्तारे दुर्गमवर्त्मनि ॥ २२ ।

आविन्ध्याटवि विन्ध्याटवीपर्यन्तम् ॥ २३ ।

था; तथापि उस (वृत्ति) में भी वह बड़ा ही दयालु रहता था। विश्वास से परचे, सोते, पालतू, जल पीते हुए, बच्चे और गर्भलक्षणयुक्त पशु-पक्षियों को दूसरे शबर-जाति के लोगों के समान धर्म से पराङ्मुख होकर वह कभी नहीं मारता था ॥ १८-२० ।

वह व्याध थके-माँदे पथिकों को विश्राम देता, भूखों को भोजन और बिना पदत्राण (जूता) वालों को उपानत् (जूता) भी देता था ॥ २१ ।

जिनके पास वस्त्र नहीं (रहते थे), उन्हें कोमल हरिण की त्वचा (खाल) समर्पण करता रहता था और उस प्रान्त के दुर्गम मार्ग में पथिकगण के साथ-साथ जाकर पहुँचा देता था ॥ २२।

उन लोगों से कुछ धन लेने की भी इच्छा नहीं करता था, वरन् उन पथिकों को अभयदान देकर कह दिया करता था कि समस्त विन्ध्याटवी के बीच चाहे जहाँ हो, मेरा नाम ले लेने से दुष्ट लोगों का कोई भय नहीं रहेगा ॥ २३ ।

नित्यं कार्पटिकान् सर्वान् स पुत्रेण प्रपश्यति ।
तेऽपि च प्रतितीर्थं हितमाशीर्वादयन्ति वै ॥ २४ ।
इति तिष्ठति पिङ्गाक्षे साटवो नगरायिता ।
अध्वनीनेऽध्वगान् कोऽपि न रुणद्धिससाध्वसः ॥ २५ ।
कदाचित्तत्पितृव्येण समीपग्रामवासिना ।
श्रुतः कार्पटिकानां हि सार्थः सार्थो महास्वनः ॥ २६ ।
लुब्धकस्तद्वने लुब्धः क्षुद्रस्तन्निधनोद्यतः ।
स रुरोध तमध्वानमग्रे गत्वाऽतिगूढवत् ॥ २७ ।
तदायुष्यस्य शेषेण पिङ्गाक्षो मृगयां गतः ।
तस्मिन्नरण्ये तन्मार्गं निकषाप्युषितो निशि ॥ २८ ।

आशीर्वादयन्ति आशिषः प्रयच्छन्ति ॥ २४ ।

नगरायिता नगरवज्जाता चेत्यर्थः । अध्वनीनेऽध्वगामिनीत्यर्थः । अध्वनीन इति पाठे शौल्किक इत्यर्थः । यद्वा समर्थोऽध्वनीनोऽध्वगो दुर्बलानध्वगान्न बाधत इत्यर्थः ॥ २५ ।

तत्पितृव्येण पिङ्गाक्षपितृभ्रात्रा ताराक्षेण । तारे उच्चे अक्षिणी यस्येति व्युत्पत्तेः । सार्थः समूहः । सार्थोऽर्थसहितः ॥ २६ ।

लुब्धक इति । तन्निधनोद्यत इत्यत्र तच्छब्दः कार्पटिकविषयः सार्थविषयो वा ॥ २७ ।

निकषाशब्दः समीपविषयः । तन्मार्गस्य समीप इत्यर्थः । अध्युषितः उवास ॥ २८ ।

वह सर्वदा समस्त कार्पटिकों को (वस्त्रधारी गोंसाइं) पुत्र के समान देखता था और वे सब भी प्रति तीर्थ-स्थानों में उसके लिए आशीर्वाद दिया करते थे ॥ २४ ।

पिंगाक्ष के भय से कोई दुष्ट-पथिक अथवा अन्य कोई, पथिक लोगों पर आक्रमण नहीं कर सकता था ॥ २५ ।

एक बार समीप के गाँव में रहने वाले उस पिंगाक्ष के पितृव्य (चाचा) ने धन से सम्पन्न चीर-धारी तपस्वियों के झुण्ड का बड़ा कोलाहल सुन लिया ॥ २६ ।

उस क्षुद्र लुब्धक ने उनके धन के लालच से उस झुण्ड को मारने का उद्योग (तैयारी) किया । उसके चाचा ने आगे जाकर गुप्तरूप से उन सबके मार्ग को रोक दिया ॥ २७ ।

उन पथिकों की आयु अवशिष्ट थी, इसीलिए पिंगाक्ष मृगया (शिकार) के कारण उसी वन में उसी मार्ग के समीप जाकर रात्रि में टिका था ॥ २८ ।

परप्राणद्रुहां पुंसा न सिद्ध्येयुर्मनोरथाः ।
विश्वं कुशलितेनैतद्विश्वेशपरिरक्षितम् ॥ २९ ।
न चिन्तयेदनिष्टानि तस्मात् कृष्टिः कदाचन ।
विधिदृष्टं यतो भावि कलुषं भावि केवलम् ॥ ३० ।
तस्मादात्मसुखं प्रेप्सुरिष्टानिष्टं न चिन्तयेत् ।
चिन्तयेच्चेत्तदा चिन्त्यो मोक्षोपायो न चेतरः ॥ ३१ ।
व्युष्टायामथ यामिन्यामभूत् कोलाहलो महान् ।
घातयध्वं पातयध्वं नग्नयध्वं द्रुतं भटाः ॥ ३२ ।
मा मारयध्वं त्रायध्वं भटाः कार्पटिका वयम् ।
अनायासं लुण्ठयध्वं नयध्वं च यदस्ति नः ॥ ३३ ।

तत्र कारणमाह । **परप्राणेति** । एतद्विश्वमिति सम्बन्धः । यस्माद्विश्वेशरक्षितं जगत्, तस्मात् कुशलीत्यन्वयः ॥ २९ ।

कृष्टिर्विद्वान् । केवलं कलुषं भाव्यनिष्टचिन्तने इति शेषः ॥ ३० । फलितमाह । तस्मादिति ॥ ३१ ।

व्युष्टायां प्रभातायाम् । कोलाहलमाह । घातयध्वमिति सार्धत्रिभिः ॥ ३२-३३ ।

दूसरों के प्राणापहारी पुरुष के मनोरथ कभी सिद्ध नहीं होते; क्योंकि जगदीश्वर से परिरक्षित यह जगत् उन्हीं की कृपा से कुशलान्वित रहता है ॥ २९ ।

इसलिए विद्वान् व्यक्ति कभी किसी की अनिष्ट चिन्ता न करें; क्यों कि विधाता ने जो कुछ स्थिर कर रखा है, वही होता है। अनिष्ट-चिन्ता करने से केवल पाप का ही संचय होता है ॥ ३० ।

अतएव अपने लिए सुख की इच्छा रखनेवाले मनुष्य को इष्ट और अनिष्ट की चिन्ता नहीं करनी चाहिए। यदि (मन न माने), यदि कुछ चिन्ता ही करनी है, तो मोक्ष के उपाय का ही चिन्तन करना चाहिए। दूसरा कुछ भी न सोचे ॥ ३१ ।

रात्रि बीतने और प्रभात होने पर बड़ा भारी कोलाहल होने लगा—'अरे भटगण ! मारते जाओ, गिराते जाओ, झट पट छोड़कर (वस्त्र छीनकर) नंगा करते जाओ' ॥ ३२ ।

'अरे भटगण ! हम लोग चिरधारी गोसाईं हैं, हम लोगों को मत मारो, हमारी रक्षा करो। विना प्रयास हमें लूट लो, हम सब के पास जो कुछ है, लेते जाओ ॥ ३३ ।

वयं पान्था अनाथाः स्मो विश्वनाथपरायणाः ।
सनाथास्तेन दूरं सनाथतां पथिकोऽपरः ॥ ३४ ।
वयं पिङ्गाक्षविश्वासादस्मिन्मार्गेऽकुतोभयाः ।
यातायातं सदा कुर्मः स च दूर इतो वनात् ॥ ३५ ।
इति श्रुत्वाऽथ पिङ्गाक्षो भटः कार्पटिकेरितम् ।
दूरान्मा भैष्ट मा भैष्ट ब्रुवन्निति समागतः ॥ ३६ ।
तत्कर्मसूत्रैराकृष्टो भिल्लः कार्पटिकप्रियः ।
तूर्णं तदायुष्यमिव तत्रोपस्थितवान् क्षणात् ॥ ३७ ।
कोऽयं कोऽयं दुराचारः पिङ्गाक्षे मयि जीवति ।
उल्लुलुण्ठयिषुः पान्थान् प्राणलिङ्गसमान्मम ॥ ३८ ।

तत्र तेन विश्वनाथेन वयं सनाथाः, स तु दूरम् । नाथतां स्वत्राणार्थं याचतामस्माकं कोऽपरो नाथ इत्यर्थः । अयम्भावः—यद्यपि विश्वनाथः सर्वगतः, तथाप्यस्मद्दुरदृष्टवशाद्दूरस्थित इव भातीत्यर्थः ॥ ३४ ।

किञ्च वयमिति ॥ ३५ ।

भिल्लः पिङ्गाक्षः । आयुरेवायुष्यम् ॥ ३७ ।

उत् उन्मुच्य अथवा उन्मूल्य मारयित्वेति यावत् । उल्लुलुण्ठयिषुः लुण्ठितुमिच्छुः ।

हम लोग विश्वनाथ के सेवक अनाथ पांथगण हैं, विश्वनाथ ही हम सब के नाथ हैं; हमारे ही दुरदृष्ट के कारण मानो वह भी इस घड़ी दूरवर्ती हो गए हैं। हाय ! इस अरण्य-पथ में प्राण-भिक्षुक हम लोगों का और कौन नाथ है ? ॥ ३४ ।

हम लोग तो पिंगाक्ष के भरोसे सदैव आया-जाया करते हैं। पर (आज) वह भी इस वन से दूर चला गया है ॥ ३५ ।

वह योद्धा पिंगाक्ष चीरधारी पथिकों का यह वचन सुनते ही, दूर से ही, "तुम लोग मत डरो, मत डरो" यह कहता हुआ आने लगा ॥ ३६ ।

वह तापसप्रिय भिल्ल शबर उन सबके कर्मसूत्र में मानो बद्ध होकर उनके मूर्तिमान् आयुष्य के सदृश क्षणभर में वहाँ पर आकर उपस्थित हुआ ॥ ३७ ।

अरे यह कौन है ? यह कौन दुराचारी है ? जो मुझ पिंगाक्ष के जीते जी मेरे प्राण के समान इन पथिकों का धन लूट लेने का अभिलाषी हुआ है ? ॥ ३८ ।

इति तद्वाक्यमाकर्ण्य ताराक्षस्तत्पितृव्यकः ।
धनलोभेन पिङ्गाक्षे पापं पापो व्यचिन्तयत् ॥ ३९ ॥
कुलधर्मं व्यपास्यैष वर्तते कुलपांसनः ।
चिरं चिन्तितमद्यामुं घातयिष्याम्यसंशयम् ॥ ४० ॥
विचार्येति स दुष्टात्मा भृत्यानाज्ञापयत् क्रुधा ।
आदावेनं घातयन्तु ततः कार्पटिकानिमान् ॥ ४१ ॥
ततोऽयुध्यन् दुराचारास्तेनैकेन च तेऽखिलाः ।
[1]यथाकथञ्चित्तानानयत् यत्स च स्वावसथान्तिकम् ॥ ४२ ॥

प्राणलिङ्गसमान् जङ्गमैर्धार्यमाणशिवलिङ्गतुल्यान् ॥ ३८-३९ ॥

कुलपांसनः कुलदूषणः । कुलपांसुल इति क्वचित्तत्रापि स एवार्थः । इति चिरं मया चिन्तितं ध्यातम्, अतोऽद्याऽमुं घातयिष्यामीत्यर्थः ॥ ४० ।

क्रुधा क्रोधेन ॥ ४१ । तान् कार्पटिकान् । स पिङ्गाक्षः । स्वावसथान्तिकं स्वगृह-समीपम् ॥ ४२ ।

पिंगाक्ष का चाचा पापिष्ठ ताराक्ष, पिंगाक्ष के इन वाक्यों को सुन, धन-लोभ के वश होकर पिंगाक्ष के ही प्रति पाप-चिन्ता करने लगा ॥ ३९ ।

"यह कुल पांसुन अपना कुल-धर्म परित्याग कर वर्तमान है । बहुत दिनों से मैंने विचार किया था कि आज मैं इसे अवश्य ही मार डालूँगा" ॥ ४० ।

इस प्रकार विचार करता हुआ वह दुष्टात्मा क्रोध से अपने भृत्यगण को आज्ञा देने लगा कि पहले तुम लोग इस पिंगाक्ष को ही मारो, तत्पश्चात् इन कार्पटिक तापसों का भी वध करो ॥ ४१ ।

इस बात पर (इस आदेश को सुनकर) ताराक्ष के दुराचारी सब भृत्यगण मिलकर उस अकेले पिंगाक्ष से साथ युद्ध करने लगे । वह पिंगाक्ष भी युद्ध करते-करते किसी प्रकार से उन पथिकों को अपने गाँव के समीप ले आया; परन्तु उस अकेले योद्धा का धनुष-बाण और कवच, उन भटों के शरजाल से कट गया (भला अनेक के

---

१. अक्षराधिक्यमार्षम् ।

आच्छिन्नं हि धनुर्बाणं छिन्नं सन्नहनं शरैः।
असूदयिष्यमेतांस्तदभविष्यं यदीश्वरः ॥ ४३ ।
अभिलष्यन्निति प्राणानत्याक्षीत् स परार्थतः।
तेऽपि कार्पटिकाः प्राप्तास्तत्पल्लीं गतसाध्वसाः ॥ ४४ ।
या मतिस्त्वन्तकाले स्याद् गतिस्तदनुरूपतः।
दिगीशत्वमतः प्राप्तो निर्ऋत्यां नैर्ऋतेश्वरः ॥ ४५ ।
इत्थमस्य स्वरूपं ते आवाभ्यां समुदीरितम्।
एतस्योत्तरतो लोको वरुणस्यायमद्भुतः ॥ ४६ ।

आच्छिन्नमिति। यद्यद्यहं ईश्वरः समर्थोऽभविष्यं भूतः स्यां तत् तदा शरैराच्छिन्नं धनुर्बाणं धनुश्च बाणाश्च धनुर्बाणम्। द्वन्द्वैकवद्भावः। हिशब्दः पादपूरणे। यथा स्यात्तथा छिन्नं सन्नहनं छिन्नं कवचं च यथा स्यात्तथा एतान् असूदयिष्यं सूदितवान् स्यामित्यर्थः। यद्वा हि यस्मादेतैर्मम सरैर्धनुर्बाणं छिन्नं तथा सन्नहनं छिन्नम्, अतो यद्यहमीश्वरो भूतः स्याम्, एतान् निषूदितवान् स्यामित्यर्थः ॥ ४३ ।

इत्यभिलष्यन् अभिलषन्। दैवादिकस्य वा रूपम्। स पिङ्गाक्षः परार्थतः परेषां निमित्तं प्राणानत्याक्षीत् त्यक्तवानित्यर्थः। तत्पल्लीं तस्य पिङ्गाक्षस्य पल्लीमालयं पक्कणमिति यावत्। गतसाध्वसाः विगतत्रासाः ॥ ४४ ।

या मतिरिति। मरणकाले या मतिर्यादृक् भावः स्यात्, तदनुरूपस्तादृग्भावानुसारेण गम्यत इति गतिः फलं स्यादिति यतोऽतो नैर्ऋत्यां दिशि भवानां नैर्ऋत्यानामीश्वरः। स दिगीश्वरत्वं प्राप्तवानित्यर्थः। यलोप आर्षः। अण्प्रत्ययान्तरूपं वा। तदुक्तं भगवता—

यं यं वाऽपि स्मरन् भावं त्यजत्यन्ते कलेवरम्।
तं तमेवेति कौन्तेय सदा तद्भावभावितः ॥ ४५ ।

नैर्ऋतलोकमुपसंहरन् वरुणलोकं निर्दिशति। **इत्थमिति** ॥ ४६ ।

साथ एक का युद्ध कब तक चल सकता है?) यदि मैं राजा होता, तो इन सबको निर्मूल कर डालता ॥ ४२-४३ ।

ऐसी ही अभिलाषा करते हुए उस व्याध ने पराये के अर्थ अपना प्राण-परित्याग किया और वे सब कार्पटिक भी पिंगाक्ष के गाँव पर पहुँच कर निर्भय हो गये ॥ ४४ ।

अन्तकाल (मरण-समय) में जैसी बुद्धि रहती है, परलोक में उसी के अनुरूप गति मिलती है। इसी कारण से उस पिंगाक्ष ने नैर्ऋतों का राजा होकर निर्ऋति (दक्षिण) दिशा के दिक्पाल पद को प्राप्त किया ॥ ४५ ।

हम दोनों ने यह नैर्ऋतेश्वर का स्वरूप (वृत्तान्त) तुम से कह सुनाया, इसके उत्तर में यह वरुण का अद्भुत लोक है ॥ ४६ ।

कूपवापीतडागानां कर्तारो निर्मलैर्धनैः ।
इह लोके महीयन्ते वारुणे वरुणप्रभाः ॥ ४७ ।
निर्जले जलदातारः परसन्तापहारिणः ।
अर्थिभ्यो ये प्रयच्छन्ति चित्रच्छत्रकमण्डलून् ॥ ४८ ।
पानीयशालिकाः कुर्युर्नानोपस्करसंयुताः ।
दद्युर्धर्मघटांश्चापि सुगन्धोदकपूरितान् ॥ ४९ ।
अश्वत्थसेकं ये कुर्युः पथि पादपरोपकाः ।
विश्रामशालाकर्तारः श्रान्तसन्तापनोदकाः ॥ ५० ।
ग्रीष्मोष्महन्तिमायूरपिच्छादिरचितान्यपि ।
चित्राणि तालवृन्तानि वितरन्ति तपागमे ॥ ५१ ।

कूपेति । कूपादीनां कर्ता इहाऽस्मिन् वारुणे लोके महीयते इत्यन्वयः । तत्र कूपोऽन्धुः । 'पुंस्येवान्धुः प्रहिः कूप उदपानं तु पुंसि वा' इत्यमरः । वापी दीर्घिका । वापी तु दीर्घिकेत्यमरः । तडागः पद्माकरः । "पद्माकरस्तडागोऽस्त्री कासारः सरसी सरः' इत्यमरः ॥ ४७ ।

निर्जले निर्गतं जलं यस्मात् तस्मिन् प्रदेश इति शेषः ॥ ४८ ।

पानीयशालिकाः प्रपाः । नानोपस्कराणि विचित्रजलपानभाजनवासार्थलवङ्ग-कर्पूरादीनि । तैः संयुक्ताः ॥ ४९-५० ।

ग्रीष्मोष्महन्ति । निदाघकालजनिततापहन्ति तालवृन्तानि तालादिपत्ररचित-व्यजनानीत्यर्थः । धर्मघटान् वितरन्ति प्रयच्छन्ति । तपागमे ग्रीष्मागमे । ग्रीष्म उष्ण-कालः । 'निदाघ उष्णोपगम उष्ण उष्मागमस्तपः' इत्यमरः ॥ ५१ ।

जो लोग न्याय से उपार्जित धन द्वारा कुआँ, बावली, तालाब इत्यादि का निर्माण कराते हैं, वे लोग इस वरुण-लोक में वरुण के सदृश होकर सादर निवास करते हैं ॥ ४७ ।

निर्जल स्थान में जो जलदान करते हैं और दूसरों का सन्ताप-हरण करते हैं, याचकों को उत्तम छाता और लोटा (इत्यादि) दान करते हैं, जो लोग अनेक (भक्ष्य) सामग्री के सहित पौंसरा चलाते हैं और सुगन्धित जल (गुलाब आदि) से परिपूर्ण धर्मघट दान करते हैं, जो लोग पीपल के वृक्ष को सींचते हैं, मार्ग के पास में वृक्षों को रोपते (वृक्षारोपण) हैं, लखराँव (लगाते हैं), मार्ग में थके पथिकों की थकावट दूर करने के लिए विश्रामशाला बनवा देते हैं, श्रान्तों का सन्ताप दूर करते हैं, जो लोग ग्रीष्मकाल में (गर्मी में) उष्णता-निवारक मोर के पंख इत्यादि से बने चित्र-विचित्र पंखा का वितरण करते हैं, ग्रीष्म-ऋतु में जो लोग रस-युक्त सुगन्धित और

रसवन्ति सुगन्धीनि हिमवन्ति तपर्तुषु ।
विश्राणयन्ति वा तृप्तिपानकानि प्रयत्नतः ॥ ५२ ।
इक्षुक्षेत्राणि संकल्प्य ब्राह्मणेभ्यो ददत्यपि ।
तथा नानाप्रकारांश्च विकारानैक्षवान् बहून् ॥ ५३ ।
गोरसानां प्रदातारस्तथा गोमहिषीप्रदाः ।
धारामण्डपकर्तारश्छायामण्डपकारिणः ॥ ५४ ।
देवालयेषु ये दद्युर्बहुधारागलन्तिकाः ।
तीर्थे वा करहर्तारस्तीर्थमार्गावनेजकाः ॥ ५५ ॥
अभयं ये प्रयच्छन्ति भयार्तोद्यतपाणयः ।
निर्भया वारुणे लोके ते वसन्ति लसन्ति च ॥ ५६ ।

तपर्तुषु ग्रीष्मर्तुषु । आतृप्तिपानकानि तृप्तिपर्यन्तं प्रधानकानीत्यर्थः ॥ ५२ । ऐक्षवान् इक्षुजन्यान् ॥ ५३ ।

धारामण्डपाः जलयन्त्रगृहाः ॥ ५४ ।

गलन्तिका गौडे झरा इति प्रसिद्धाः । तीर्थमार्गावनेजकाः तीर्थमार्गशोधकाः सम्मार्जका इत्यर्थः ॥ ५५ ।

भयार्तेभ्य उद्यताः पाणयो येषां ते तथा । लसन्ति च क्रीडन्ति चेत्यर्थः ॥ ५६ ।

शीतल पानक दान करते हैं, गुलाब जल और बर्फ डाला हुआ शर्बत देते हैं, जो लोग ईख के खेतों को संकल्प करके ब्राह्मणों को दान कर देते हैं तथा और भी नाना प्रकार के बहुत से ईख से बने हुए पदार्थों, जैसे मिश्री, चीनी, गुड़, शक्कर, चोटा, जूसी इत्यादि को दान देते हैं, जो लोग गोरसों (जैसे घी-दूध-दही-मट्ठा आदि के दाता हैं, अथवा गौ, भैंस के दानकर्त्ता हैं, यों ही जो धारा-मण्डप (फुहारा) बनवा देनेवाले हैं तथा छाया-मण्डप के कर्ता हैं, देवालयों में जो लोग बहु-धारा की (अनेक छेद से जल भरने वाली) जलधरी चढ़ा देते हैं और जो लोग तीर्थों से कर (टैक्स) उठवा देते हैं एवं तीर्थों के मार्गों का परिष्कार कर देते हैं, (यों ही) भयातुरों के प्रति जो लोग हाथ उठाकर अभय-दान करते हैं, वे सब इस वरुण-लोक में निर्भय होकर निवास करते हुए क्रीड़ा करते हैं ॥ ४८-५६ ।

विपाशयन्ति ये पुण्या दुर्वृत्तैः कण्ठपाशितान्।
ते पाशपाणेर्लोकेऽस्मिन् निवसन्त्यकुतोभयाः ॥ ५७ ।
नौकाद्युपायैर्नद्यादौ पान्थान् ये तारयन्त्यपि।
तारयन्त्यपि दुःखाब्धेस्तत्र नागरिका द्विज ॥ ५८ ।
घट्टान् पुण्यतटिन्यादेर्बन्धयन्ति शिलादिभिः।
तोयार्थिसुखसिद्ध्यर्थं ये नरास्तेऽत्र भोगिनः ॥ ५९ ।
वितर्षयन्ति ये पुण्यास्तृषितान् शीतलैर्जलैः।
तेऽत्र वै वारुणे लोके सुखसन्ततिभागिनः ॥ ६० ।

विपाशयन्ति विगतपाशान् कुर्वन्ति मोचयन्तीत्यर्थः। कण्ठपाशितान् कण्ठेषु पाशादिभिर्बद्धानित्यर्थः। पाशपाणेर्वरुणस्य। प्रचेता वरुणः पाशीत्यमरः। अकुतोभयाः न विद्यते कुतश्चिद् भयं येषाम्, ते तथा ॥ ५७ ।

नौकादीत्यादिपदेन उडुपादयो गृह्यन्ते। अपिः समुच्चयवाची भिन्नक्रमे। दुःखार्णवादपीत्यर्थः ॥ ५८ ।

तोयार्थेति पाठे तोयनिमित्तसुखसिद्ध्यर्थमित्यर्थः ॥ ५९ ।

वितर्षयन्ति विगततृष्णान् कुर्वन्ति। सुखसन्ततिः सुखपरम्परा तद्भागिनः ॥ ६० ।

दुर्वृत्त लोग, जिनके गले में फाँसी लगा देते हैं, उनकी फाँसी छुड़ा देनेवाले (पुण्यात्मा लोग) इस पाश-पाणि (वरुण) के लोक में अकुतोभय होकर अवस्थिति करते हैं ॥ ५७ ।

हे द्विज ! जो लोग पथिक-गण को नौका आदि उपायों से नदी को पार उतरवा देते हैं, अथवा दुःख-सागर से ही किसी प्रकार उत्तीर्ण करा देते हैं, वे लोग इस वरुण-पुरी में नागरिक (पुरवासी) होकर निवास करते हैं ॥ ५८ ।

जो नर जलार्थी लोगों की सुविधा के लिए शिला इत्यादि से पवित्र नदी आदि में घाटों को बँधवा देते हैं, वे सब इस वरुणलोक में भोग करते हैं ॥ ५९ ।

जो पुण्यात्मा लोग पिपासितों की प्यास ठंढे जल से दूर करते हैं, वे यहाँ वरुण लोक में सुख-सन्तति के भागी होते हैं ॥ ६० ।

जलाशयानां सर्वेषामयमेकतमः पतिः ॥
प्रचेता यादसां नाथः साक्षी सर्वेषु कर्मसु ॥ ६१ ।
अस्योत्पत्तिं शृणु पतेर्वरुणस्य महात्मनः ।
आसीन्मुनिरमेयात्मा कर्दमस्य प्रजापतेः ॥ ६२ ।
शुचिष्मानिति विख्यातस्तनयो विनयोचितः ।
स्थैर्यमाधुर्यधैर्याद्यैर्गुणैरुपचितो हितः ॥ ६३ ।
अच्छोदे सरसि स्नातुं स गतो बालकैः सह ।
जलक्रीडनसंसक्तं शिशुमारोऽहरच्च तम् । ६४ ।

एकतमो मुख्यतमः । यादसां जलजन्तूनाम् । साक्षी सर्वेषु कर्मस्विति । तदुक्तम्—

आदित्यचन्द्रावनिलो नलश्च द्यौर्भूमिरापो हृदयं यमश्च ।
अहश्च रात्रिश्च उभे च सन्ध्ये धर्मश्च जानाति जनस्य वृत्तम् ॥ इत्यादि ॥ ६१ ।

अच्छोदे निर्मलोदके सरसि पद्माकरे । यद्वा अच्छोदानामाग्निष्वात्तानां पितॄणां मानसी कन्या उत्थितमच्छोदम् । तथा च पितृकल्पे हरिवंशे—

एतेषां मानसी कन्या अच्छोदानामविश्रुता ।
अच्छोदं नाम तद्दिव्यं सरो यस्याः समुत्थितम् ॥ इति ।

शिशुं मारयतीति शिशुमारो जलचरविशेषः । तं शुचिष्मन्तम् ॥ ६४ ।

यही जल-जन्तुओं के स्वामी प्रचेता (वरुण) समग्र जलाशयों के मुख्यतम अधिपति और सब कर्मों के साक्षी (देव) हैं ॥ ६१ ।

(सखे) इस महात्मा लोकपाल वरुण की उत्पत्ति सुनो—कर्दम प्रजापति का शुचिष्मान् मुनि नाम से विख्यात एक पुत्र था । वह अप्रमेय बुद्धि, अति विनीत एवं स्थिरता, मधुरता, धीरता आदि गुणों से सम्पन्न था ॥ ६२–६३ ।

एक बार वह बालकों के साथ अच्छोद नामक सरोवर में स्नान करने गया । जल-क्रीड़ा-परायण उस मुनि-कुमार का शिशुमार (सूँइस-जल जंतु विशेष) ने हरण कर लिया ॥ ६४ ।

ततस्तस्मिन्मुनिसुते हृतेऽत्याहितशंसिभिः ।
तैः समागत्य शिशुभिः कथितं तत्पितुः पुरः ।। ६५ ।
हरार्चनोपविष्टस्य समाधौ निश्चलात्मनः ।
श्रुतबालविपत्तेश्च चचाल न मनो हरात् ।। ६६ ।
अधिकं शीलयामास स सर्वज्ञं त्रिलोचनम् ।
पश्यन् शम्भोः समीपे स भुवनानि चतुर्दश ।। ६७ ।
नानाभूतानि भूतानि ब्रह्माण्डान्तर्गतानि च ।
चन्द्रसूर्यर्क्षताराश्च पर्वतान् सरितो द्रुमान् ।। ६८ ।
समुद्रानन्तरीयाणि ह्यारण्यानीस्सरांसि च ।
नानादेवनिकायांश्च बह्वीर्दिविषदां पुरी ।। ६९ ।
वापीकूपतडागानि कुल्याः पुष्करिणीर्बहु ।
एकस्मिन् क्वापि सरसि जलक्रीडापरायणान् ।। ७० ।

ततस्तदनन्तरं तस्मिन् सरसि मुनिसुते हृते सत्यर्थाच्छिशुमारेणेति शेष इति वा । तैः शिशुभिः समागम्य तत्पितुस्तस्य शुचिष्मतः पितुः कर्दमस्य पुरोऽग्रतः कथितमित्यर्थः । पितुः पुरस्तद्धरणमिति वा । कथम्भूतैः अत्याहितशंसिभिः अतिशयेनाहितं अत्याहितमत्यनिष्टमित्यर्थः । तच्छंसितुं कथितुं शीलं येषां तैरिति ।। ६५ ।

श्रुतबालविपत्तेः श्रुता बालविपत्तिर्येन स तथा तस्य मनोऽन्तःकरणम् । हराद् विश्वेश्वरात् ।। ६६ ।

अधिकमिति । अधिकं यथा स्यात्तथा शीलयामास चिन्तयामासेत्यर्थः । तेषां मध्ये इत्यतः प्राक्तनानां द्वितीयान्तानां पदानां पश्यन् शीलयामासेत्यनेनैवाऽन्वयः ।। ६७ ।

उस मुनि-शिशु के हृत हो जाने पर अनिष्ट-भाषक उसके साथी ऋषि-बालकों ने आकर उसके पिता कर्दम के आगे उस वृत्तान्त को कहा ।। ६५ ।

शिवपूजन पर बैठे हुए समाधि में निश्चल-चित्त उन कर्दम प्रजापति ने, पुत्र की विपत्ति सुनने पर भी अपने मन को शिव से नहीं हटाया; प्रत्युत वे सर्वज्ञ त्रिलोचन भगवान् का और भी चित्त लगाकर ध्यान करने लगे । ध्यान करते-करते शिव के समीप में चौदहों भुवन, ब्रह्माण्ड के अन्तर्गत नाना प्रकार के भूत-समूह, चन्द्र, सूर्य, नक्षत्र, पर्वत, नदी, वृक्ष, समुद्र, अन्तरीप, अरण्य, सरोवर, नाना देवयोनि, अनेक देवपुरी, बहुतेरी वापी, कूप, तड़ाग, कृत्रिम क्षुद्र नदी (बनौआ नहर), पुष्करिणी (पोखरी) आदि को देखा । उन्हीं के मध्य किसी एक सरोवर में जल-क्रीड़ा में आसक्त,

बहून् मुनिकुमारांश्च मज्जनोन्मज्जनादिभिः ।
करयन्त्रविनिर्मुक्ततोयधाराभिषेचनैः ॥ ७१ ।
करताडितपानीयशब्ददिङ्मुखनादिभिः ।
जलखेलनकैरित्थं संसक्तान् बहुबालकान् ॥ ७२ ।
तेषां मध्ये ददर्शाथ समाधिस्थः स कर्दमः ।
स्वं शिशुं शिशुमारेण नीयमानं सुविह्वलम् ॥ ७३ ।
कयाचिज्जलदेव्याऽथ तस्माच्च क्रूरयादसः ।
प्रसह्य नीत्वोदधये दृष्टवांस्तं समर्पितम् ॥ ७४ ।
निर्भर्त्स्यं सरितां नाथं केनचिद्रुद्ररूपिणा ।
त्रिशूलपाणिनेत्युक्तं क्रोधताम्राननेन च ॥ ७५ ।

इत्थं[1] संसक्तानासक्तान् बहुबालकान् मुनिकुमारांश्च पश्यन्नित्यन्वयः । इत्थमित्युक्तं प्रकारमभिनयेन दर्शयति । करेति । करा एव यन्त्राणि जलनिषेकयन्त्राणि तैर्विनिर्मुक्तास्त्यक्तास्तोयधारास्ताभिरभिषेचनैरभिषेकैरित्यर्थः ॥ ७१ ।

करैस्ताडितानि यानि पानीयानि जलानि तैर्ये शब्दास्तैर्दिङ्मुखनादिभिर्जलखेलनकैर्जलक्रीडनकैश्चेति ॥ ७२ ।

तेषामिति । अथाऽनन्तरं तेषां बालकानां मध्ये शिशुमारेण शिशुं स्वं नीयमानं ददर्श ॥ ७३ ।

तस्माच्च शिशुमारात् कयाचिज्जलदेवतया प्रसह्य हठान्नीत्वा तं शिशुमुदधये समुद्राय समर्पितमिति च दृष्टवानित्यन्वयः ॥ ७४ ।

इत्युक्तम् वक्ष्यमाणम् ॥ ७५ ।

गोता मारते-उतराते हुए और हाथ की पिचकारी से छूटी हुई जलधारा का अभिषेक कराते यों ही पानी में हाथ पटककर दिङ्मुख-निनादी शब्द जल के खेलों में परायण बहुतेरे मुनिकुमार बालकों को देखा ॥ ६९-७२ ।

इसके अनन्तर उन समाधिस्थ कर्दम प्रजापति ने उन बालकों के मध्यवर्ती अत्यन्त विह्वल अपने पुत्र को खींचकर ले जाते हुए शिशुमार को भी देखा ॥ ७३ ।

उसके पीछे कोई जलदेवी उस क्रूर जल-जन्तु के पास से बलपूर्वक उस लड़के को लेकर समुद्र को दे आई, यह भी कर्दम ने देखा ॥ ७४ ।

तत्पश्चात् प्रजापति ने देखा कि किसी एक त्रिशूलधारी रुद्ररूपी व्यक्ति ने क्रोध (रोष) से रक्तमुख होकर सरित्पति की भर्त्सना करते हुए कहा—हे जलाधिप !

---

१. इदं पदत्रयमग्रिमश्लोकस्थम् ।

कुतो जलानामधिप शिवभक्तस्य बालकः ।
प्रजापतेः कर्दमस्य महाभागस्य धीमतः ॥ ७६ ।
अज्ञात्वा शिवसामर्थ्यं भवता चिरमासितः ।
भयत्रस्तेन तद्वाक्यश्रवणात्तमुदन्वता ॥ ७७ ।
बालं रत्नैरलङ्कृत्य बद्ध्वा तं शिशुमारकम् ।
समर्पितं समानीय शम्भुपादाब्जसन्निधौ ॥ ७८ ।
नत्वा विज्ञापयत्तञ्च नापराध्याम्यहं विभो ।
अनाथनाथ विश्वेश भक्तापत्तिविनाशन ॥ ७९ ।
भक्तकल्पतरो शम्भोऽनेनायं दुष्टयादसा ।
अनायि न मया नाथ भवभक्तजनार्भकः ॥ ८० ।
गणेन तेन विज्ञाय शम्भोरथ मनोगतम् ।
पाशेन बद्ध्वा तद्यादः शिशुहस्ते समर्पितम् ॥ ८१ ।

आसितो वासितः । चिरकालमभिव्याप्य बद्ध इति वा । भयेति । उदन्वता समुद्रेण तस्य रुद्ररूपिणो वाक्यश्रवणात् तं बालं रत्नैरलङ्कृत्य शम्भोः पादाब्जसन्निधौ समर्पितमित्यन्वयः । नपुंसकत्वं छान्दसम् । समर्पितमिति भावे वा निष्ठा । पश्यन्निति वाऽन्वयः ॥ ७७-७८ ।

तं शम्भुं नत्वा विज्ञापयद् व्यज्ञापयत् । अडभावस्त्वार्षः । विज्ञापनमाह । नापराध्यामिति । आपत्तिरापत् ॥ ७९ ।

भो शम्भो अनेन दुष्टयादसा अयं बालोऽनायि आनीतो नो मया । मया नानीत इत्यर्थः । हे नाथ हे भव भवस्य तव भक्तजनार्भक इति वा ॥ ८१ ।

महाभाग, बुद्धिमान्, शिवभक्त कर्दम प्रजापति के बालक को इतने समय तक (अपने पास) क्यों रखा है ? क्या तुम्हें शिव का सामर्थ्य ज्ञात नहीं है ? उनकी बातें सुन भय से त्रस्त समुद्र ने उस बालक को रत्न और अलंकार से विभूषित कर एवं उस शिशुमार को बाँध कर महादेव के चरण-सरोज के समीप लाकर समर्पण किया और प्रणाम करके कहा—"हे विभो ! अनाथों के नाथ ! विश्वनाथ ! आप भक्तों के विपत्ति-भंजक हैं। इस विषय में मेरा कोई अपराध नहीं है ॥ ७५-७९ ।

हे भक्तकल्पद्रुम ! शम्भो ! यही दुष्ट जल-जन्तु इस (लड़के) को ले गया था । हे नाथ ! मैं शिव भक्तजन के बच्चे को नहीं (बहा) ले जा सकता" ॥ ८० ।

उस रुद्रगण ने महेश्वर के मनोगत भाव को समझ उस जलजन्तु को पाश से बाँधकर उस शिशु के हाथ में दे दिया ॥ ८१ ।

गृहाणेमं स्वतनयं पार्षदे शङ्कराज्ञया ।
याहि स्वभवनं वत्स ब्रुवतीति स कर्दमः ॥ ८२ ।
समाधिसमये सर्वमिति शृण्वन्नुदारधीः ।
उन्मील्य नयने यावत् प्रणिधानं विसृज्य च ॥ ८३ ।
सम्पश्यते शिशुं तावत् पुरतः समवैक्षत ।
गृहीतशिशुमारं च पार्श्वेऽलङ्कृतकर्णिकम् ॥ ८४ ।
तोयार्द्रकाकपक्षाग्रं कषायनयनाञ्चलम् ।
किञ्चिद्विरुक्षं त्वक्क्षोभं सम्भ्रमापन्नमानसम् ॥ ८५ ।
कृतप्रणाममालिङ्ग्य जिघ्रस्तन्मुखपङ्कजम् ।
पुनर्जातमिवाऽमंस्त पश्यंश्चापि मुहुर्मुहुः ॥ ८६ ।

गृहाणेति सार्धद्वयं वाक्यम् । पार्षदे शङ्करस्याज्ञया शुचिष्मन्तं प्रति हे वत्स ! स्वभवनं याहि इति ब्रुवति सति तथा कर्दमं प्रति गृहाणेमं स्वं तनयमिति च ब्रुवति सति कर्दमः समाधिसमये इति पूर्वोक्तं शृण्वन् प्रणिधानमेकाग्रतां समाधिं विसृज्य नेत्रे उन्मील्य विकचय्य यावत् संपश्यते संपश्यति पुरतः, तावत् पार्श्वे शिशुं समवैक्षत दृष्टवानित्यर्थः । अलङ्कृते कर्णिके कर्णौ यस्य तम् ॥ ८२-८४ ।

काकपक्षः चूडाकरणात् प्राक् केशः शिखण्डक इत्यर्थः । 'काकपक्षः शिखण्डकः' इत्यमरः । तोयेनार्द्रं काकपक्षस्याग्रं यस्य तम् । कषायनयनाञ्चलं कषायं कषाययुक्तं नयनाञ्चलं नयनमेव अञ्चलं वस्त्रं यस्य । यद्वा कषाययुक्तं नयनयोरञ्चलं प्रान्तो यस्य तम् । किञ्चिद्यथा स्यात्तथा विरुक्षं अस्निग्धमित्यर्थः । त्वक्क्षोभं त्वचि क्षोभो यस्य तम् ॥ ८५ । अमंस्त अमन्यत ॥ ८६ ।

"हे वत्स ! अपने भवन जाओ । मुने ! तुम अपने इस पुत्र को ग्रहण करो" । महादेव की आज्ञानुसार उस रुद्रगण के ऐसा कहने पर उस उदार-बुद्धि कर्दम ऋषि ने समाधिकाल में यह बात सुनकर समाधि का परित्याग कर ज्यों ही आँखे खोलकर सन्मुख देखा; त्यों ही पास में बालक देख पड़ा । वह बालक शिशुमार को पकड़े है, उसके दोनों कान भूषित हैं ॥ ८२-८४ ।

उसके शिर पर के काकपक्ष (चोटी) का अग्र-भाग जल से आर्द्र है, नेत्र के कोणप्रान्त रक्तवर्ण हैं, शरीर रुक्ष हो गया है, देह के चमड़े में भी सिकुड़न पड़ गई है और चित्त घबड़ाया हुआ है ॥ ८५ ।

लड़के द्वारा प्रणाम करने पर उसके मुख-कमल को सूँघते और बारम्बार देखते हुए कर्दम प्रजापति, उस बालक को उत्पन्न हुआ (उसका पुनर्जन्म) समझने लगे ॥ ८६ ।

शतानि पञ्चवर्षाणि प्रणिधानस्थितस्य हि ।
कर्दमस्य व्यतीतानि शम्भुमर्चयतस्तदा ॥ ८७ ।
कर्दमोऽपि च तत्कालमज्ञासीत् क्षणसंगतम् ।
यतो न प्रभवेत् कालो महाकालस्य सन्निधौ ॥ ८८ ।
ततस्तं तनयः पृष्ट्वा पितरं प्रणिपत्य च ।
जगाम तूर्णं तपसे श्रीमद्वाराणसीं पुरीम् ॥ ८९ ।
तत्र तप्त्वा तपो घोरं लिङ्गं संस्थाप्य शाम्भवम् ।
पञ्चवर्षसहस्राणि स्थितः पाषाणनिश्चलः ॥ ९० ।
आविरासीन्महादेवस्तुष्टस्तत्तपसा ततः ।
उवाच कार्दमे ब्रूहि कं ददामि वरोत्तमम् ॥ ९१ ।

कार्दमिरुवाच—

यदि नाथ प्रसन्नोऽसि भक्तानामनुकम्पक ।
सर्वासामाधिपत्यं मे देह्यपां यादसामपि ॥ ९२ ।

क्षणसंगतं क्षणमात्रं संगतम् इत्यज्ञासीज्ज्ञातवानित्यर्थः । तत्र हेतुः । यत इति ॥ ८८ ।

शिव भगवान् की पूजा करते-करते समाधि में निश्चल उस कर्दम मुनि को पाँच सौ वर्ष व्यतीत हो गए; किन्तु कर्दम ऋषि ने उसके (बड़े दीर्घ) काल को भी क्षणमात्र ही समझ रखा था; क्योंकि महाकाल के आगे भला काल को क्या प्रभुता है? ॥ ८७-८८ ।

इसके अनन्तर पुत्र शुचिष्मान् पिता की अनुमति लेकर और उनको प्रणाम कर तपस्या करने के लिए सत्वर (शीघ्र) श्रीमती काशीपुरी को जा पहुँचा ॥ ८९ ।

वहाँ पर एक शिवलिंग की स्थापना कर घोरतर तप के अनुष्ठान में पाँच सहस्र-वर्ष-पर्यन्त पाषाण के समान निश्चल खड़ा रहा ॥ ९० ।

तत्पश्चात् महादेव उनकी तपस्या से सन्तुष्ट होकर वहाँ पर प्रकट हुए और कहने लगे—"हे कर्दमनन्दन ! बोलो, कौन-सा उत्तम वर तुमको हम दें ?" ॥ ९१ ।

कर्दम के पुत्र ने कहा—"हे भक्तों के अनुकम्पक नाथ ! यदि आप मुझ पर प्रसन्न हैं, तो मुझे समस्त जल और जलचर जन्तुओं का आधिपत्य प्रदान कीजिए ॥९२।

इति श्रुत्वा महेशानः सर्वचिन्तितदः प्रभुः ।
अभ्यषिञ्चत तं तत्र वारुणे परमे पदे ॥ ९३ ।
रत्नानामब्धिजातानामब्धीनां सरितामपि ।
सरसां पल्वलानां च वाप्यम्बुस्रोतसां पुनः ॥ ९४ ।
जलाशयानां सर्वेषां प्रतीच्याश्चापि वै दिशः ।
अधीश्वरः पाशपाणिर्भव सर्वाऽमरप्रियः ॥ ९५ ।
ददामि वरमन्यं च सर्वेषां हितकारकम् ।
त्वयैतत्स्थापितं लिङ्गं तव नाम्ना भविष्यति ॥ ९६ ।
वरुणेशमिति ख्यातं वाराणस्यां सुसिद्धिदम् ।
मणिकर्णेशलिङ्गस्य नैर्ऋत्यां दिशि संस्थितम् ॥ ९७ ।
आराधितं सदा पुंसां सर्वजाड्यविनाशकृत् ।
वरुणेशस्य ये भक्ता न तेषां मद्भयं क्वचित् ॥ ९८ ।
न सन्तापभयं तेषां नापायमरणं क्वचित् ।
जलोदरभयं नैव न भयं वै तृषः क्वचित् ॥ ९९ ।

सरसां पद्माकराणाम् । पल्वलानामल्पसरसाम् । वाप्यम्बुस्रोतसां वाप्यम्बूनां स्रोतसां चेत्यर्थः ॥ ९४ ॥

जलाशयानां जलाधाराणाम् 'जलाशयो जलाधारः' इत्यमरः । प्रतीच्याः पश्चिमायाः । 'प्राच्यवाची प्रतीच्यस्ताः पूर्वदक्षिणपश्चिमाः' इत्यमरः ॥ ९५ ।

तृषः तृष्णायाः ॥ ९९ ।

सभी के मनोरथपूरक महेश्वर ने यह बात सुनकर उसको परम उत्कृष्ट वरुण-पद पर अभिषिक्त कर दिया और कहा—"समुद्र से उत्पन्न समस्त रत्न, सागर, नदी, सरोवर, गड्ढा (पोखरी), बावली, जल के सोते, (अर्थात् झरना इत्यादि), समस्त जलाशयों के और पश्चिम दिशा के अधीश्वर होवो। तुम सभी देवताओं के भी प्रिय होगे एवं पाश तुम्हारे हस्त का शस्त्र होगा। फिर सभी का हित-कारक मैं तुम्हें एक वर और भी देता हूँ। तुम्हारा स्थापित यह शिवलिंग तुम्हारे ही नाम के अनुसार वरुणेश्वर नाम से वाराणसी में प्रसिद्ध होगा और बड़ी सिद्धि को देनेवाला होगा—मणिकर्णिकेश्वर लिङ्ग के नैर्ऋत्य-कोण में अवस्थित इस लिंग की निरन्तर आराधना करने से पुरुषादिकों की सभी जड़ता दूर हो जायेगी एवं जो लोग वरुणेश्वर के भक्त होंगे, उन्हें कभी जल

नीरसान्यन्नपानानि वरुणेश्वरसंस्मृतेः ।
सरसानि भविष्यन्ति नात्र कार्या विचारणा ॥ १०० ।
इत्युक्त्वाऽन्तर्दधे शम्भुर्वरुणोऽपि स्वबन्धुभिः ।
इमं लोकमलङ्कुर्वंस्तदारभ्य स्थितो द्विजः ॥ १०१ ।
इदं वरुणलोकस्य स्वरूपं ते निरूपितम् ।
यच्छ्रुत्वा न नरः क्वापि दुरपायैः प्रबाध्यते ॥ १०२ ।

॥ इति श्रीस्कन्दपुराणे काशीखण्डे वह्निलोकवर्णनं नाम द्वादशोऽध्यायः ॥ १२ ॥

वरुणोऽपीति । यद्यपि द्वादशादित्यानां मध्ये वरुण एक आदित्यः कश्यपाददित्यामुत्पन्न इति प्रसिद्धः, तथापि कल्पभेदाऽभिप्रायेणाऽयमिति ज्ञातव्यम् ॥ १०१ ।

दुरपायैरपमृत्युभिः ॥ १०२ ।

॥ इति श्रीरामानन्दकृतायां काशीखण्डटीकायां द्वादशोऽध्यायः ॥ १२ ।

से भय नहीं होगा और न सन्ताप का त्रास होगा, न कहीं अपाय-मरण होगा, न जलोदर रोग का डर रहेगा, न कभी तृषा से भय होगा ॥ ९३-९९ ।

नीरस अन्नपानादिक भी वरुणेश्वर के स्मरण से सरस (स्वाद-युक्त) हो जाएँगे, इसमें सन्देह नहीं है ॥ १०० ।

हे द्विज ! शम्भुदेव इन वरदानों को कहकर (उन्हें देकर) अन्तर्धान हो गए । तभी से कर्दम के पुत्र शुचिष्मान् वरुण होकर अपने बन्धु-बान्धवों के सहित इस लोक को अलंकृत करते हुए यहाँ पर निवास करने लगे ॥ १०१ ।

यह वरुण-लोक के स्वरूप (और वृत्तान्त) का हम लोगों ने तुमसे निरूपण किया । इस कथा का श्रवण करने से मनुष्य कभी अपमृत्यु से ग्रस्त नहीं होता ॥१०२।

पर उपकार करै जो कोई । नीच ऊँच चाहे जो होई ।
सो उत्तम पद के अधिकारी । जस पिंगाक्ष निर्ऋत पदधारी ॥ १ ॥

कर्दम मुनि के सुअन ने, कीन्ह्यो तप अति उग्र ।
लह्यो वरुण दिक्पालपद, शिवप्रसाद समुदग्र ॥ २ ॥

॥ इति श्रीस्कन्दे पुराणे चतुर्थे काशीखण्डे पूर्वार्द्धे भाषाटीकायाम्
अग्न्युत्पत्ति-वर्णनं नाम द्वादशोऽध्यायः ॥ १२ ॥

अथ त्रयोदशोऽध्यायः

गणावूचतुः—

इमां गन्धवतीं पुण्यां पुरीं वायोर्विलोकय ।
वारुण्या उत्तरे भागे महाभाग्यनिधे द्विज ॥ १ ॥
अस्यां प्रभञ्जनो नाम जगत्प्राणो दिगीश्वरः ।
आराध्य श्रीमहादेवं दिक्पालत्वमवाप्तवान् ॥ २ ॥
पुरा कश्यपदायादः पूतात्मेति च विश्रुतः ।
धूर्जटे राजधान्यां स चचार विपुलं तपः ॥ ३ ॥
वाराणस्यां महाभागो वर्षाणामयुतं शतम् ।
स्थापयित्वा महालिङ्गं पावनं पवनेश्वरम् ॥ ४ ॥

त्रयोदशे जगत्प्राणगुह्यकेश्वरयोः पुरे ।
गन्धवत्यलकाख्ये वै वर्ण्येते सुमनोहरे ॥ १ ॥

क्रमप्राप्तां वायोः पुरीं वर्णयतः । इमामिति ॥ १-२ ।

कश्यप एव काश्यपः । दायादः पुत्रः ॥ ३ ।

(वायुलोक और कुबेरलोक का वर्णन)

विष्णु के दोनों पार्षदों ने कहा—

हे महाभाग्यनिधि द्विज ! वरुण-लोक के उत्तरभाग में वायु की गन्धवती नाम इस पवित्र नगरी का अवलोकन करो ॥ १ ।

इस पुरी में प्रभञ्जन नाम के दिगीश्वर वायु अवस्थित हैं । वे श्रीमहादेव की आराधना कर दिक्पाल पद को प्राप्त हुए हैं ॥ २ ।

पूर्वकाल में कश्यप मुनि के पुत्र पूतात्मा नाम से प्रसिद्ध थे । उन महाभाग ने शिव की राजधानी वाराणसी पुरी में अत्यन्त पावन पवनेश्वर नामक लिंग स्थापन कर दश-लक्षवर्ष-पर्य्यन्त विपुल तपश्चर्य्या की ॥ ३-४ ।

यस्य दर्शनमात्रेण पूतात्मा जायते नरः ।
पापकञ्चुकमुत्सृज्य स वसेत् पावने पुरे ॥ ५ ।
ततस्तस्योग्रतपसा तपसां फलदः शिवः ।
आविरासीत् ततो लिङ्गाज्ज्योतीरूपो महेश्वरः ॥ ६ ।
उवाच च प्रसन्नात्मा करुणामृतसागरः ।
देवी की यह बात सुनकर प्रभु ने हँस कर उनसे कहा—"हे उमे ! यह तुम्हारा पुत्र है, दुष्ट-दृष्टि से नहीं ताकता है, तभी तुम्हारे तपोलक्ष्मी का आधिक्य वर्णन कर रहा है" । ईश्वर पार्वती से यह कहकर फिर कुबेर के प्रति बोले--हे वत्स, मैं तुम्हारी इस तपस्या से सन्तुष्ट होकर तुमको वरदान देता हूँ । तूं सब निधियों के स्वामी और गुह्यकों के अधीश्वर होगे ॥ १५३-१५५ ।

हे सुव्रत ! यक्षों के, किन्नरों के और राजाओं के राजा, पुण्यजनों (राक्षसों) के अधिपति और सब किसी के धनदाता हो ॥ १५६ ।

मया सख्यं च ते नित्यं वत्स्यामि च तवान्तिके ।
अलकां निषका मित्र तव प्रीतिविवृद्धये ॥ १५७ ।
आगच्छ पादयोरस्याः पत ते जननी त्वियम् ।
इति दत्त्वा वरान् देवः पुनराह शिवां शिवः ।
प्रसादं कुरु देवेशि तपस्विन्यङ्गजेऽत्र वै ॥ १५८ ।

देव्युवाच—

वत्स ते निश्चला भक्तिर्भवे भवतु सर्वदा ।
भवैकपिङ्गो नेत्रेण वामेन स्फुटितेन ह ॥ १५९ ।
देवेन दत्ता ये तुभ्यं वराः सन्तु तथैव ते ।
कुबेरो भव नाम्ना त्वं मम रूपेर्ष्यया सुत ॥ १६० ।
त्वयेदं स्थापितं लिङ्गं तव नाम्ना भविष्यति ।
सिद्धिदं साधकानां च सर्वपापहरं परम् ॥ १६१ ।

निकषामित्र निकषा राक्षसजातीनां माता, तस्या मित्र । यद्वा अलकां निकषा, अलकायाः समीपे प्रीतिविवृद्धये प्रीत्यतिशयार्थम् । प्रीतिं विवर्धयन्निति क्वचित् ॥ १५७ ।

एकपिङ्गः एकं नेत्रं पिङ्गं स्फुटितं यस्य सः ॥ १५९ ।

कुत्सितो बेरः शरीरं यस्येति कुबेरः ॥ १६० ।

मेरे साथ तुम्हारा सखित्व (मैत्री) हुआ । हे मित्र ! तुम्हारी प्रीतिवर्द्धनार्थ मैं तुम्हारे निकटस्थ स्थान में अलका के समीप ही सर्वदा निवास करूँगा ॥ १५७ ।

आओ, इस (उमा) के चरणों पर गिरो । यह (तो) तुम्हारी जननी है । महादेव इस प्रकार से कुबेर को ये सब वरदान देकर पुनः पार्वती से कहने लगे—हे देवेश्वरि ! इस तपस्वी-पुत्र पर प्रसन्न होओ (प्रसाद करो) ॥ १५८ ।

भगवती बोलीं—"हे बेटा ! सर्वदा तुम्हारी भक्ति शिव पर निश्चल (अटल बनी) रहे, "फूटे हुए वाम-नेत्र के कारण तुम एकलिंग नाम से प्रसिद्ध होओ" ॥ १५९ ।

देवदेव ने जो ये सब वर तुम्हें दिये हैं, वे तदनुसार ही होवें । (परन्तु) हे पुत्र ! मेरे स्वरूप की ईर्ष्या करने से तुम "कुबेर" नाम से विख्यात होगे ॥ १६० ।

तुम्हारा स्थापित यह शिवलिंग साधकों के लिये परम सिद्धिप्रद और पापहर एवं तुम्हारे नाम से विदित होगा ॥ १६१ ।

न धनेन वियुज्येत न सख्या न च बान्धवैः ।
कुबेरेश्वरलिङ्गस्य कुर्याद्यो दर्शनं नरः ॥१६२॥
विश्वेशाद्दक्षिणे भागे कुबेरेशं समर्चयेत् ।
नरो लिप्येत नो पापैर्न दारिद्र्येण नोऽसुखैः ॥१६३॥
इति दत्त्वा वरान् देवो देव्या सह महेश्वरः ।
धनदायाविवेशाऽथ धाम वैश्वेश्वरं परम् ॥१६४॥

गणावूचतुः—

इत्थं सखित्वं श्रीशम्भोः प्रापैष धनदः परम् ।
अलकां निकषा चैव कैलासः शङ्करालयः ॥१६५॥

सख्या मित्रेण ॥ १६२ ।

वैश्वेश्वरं स्वस्वरूपमानन्दवनं वा कैलासं वा ॥ १६४ ।

उपसंहरत इति । इत्थमिति । वैश्वेश्वरं धामेत्युक्तं किं तद्धामेत्याकाङ्क्षायामाह । अलकां निकषेति । अलकायाः समीप इत्यर्थः । यद्वा कैलासं दृष्ट्वा कस्येयं पूरिति पृच्छन्तं शिवशर्माणं प्रत्याहतुरलकामिति ॥ १६५ ।

जो कोई मनुष्य कुबेरेश्वर लिंग का दर्शन करेगा, उसे धन की हीनता (कमी) नहीं होगी, न मित्र से वियोग होगा और न कभी (स्वजन) का विच्छेद ही प्राप्त होगा ॥ १६२ ।

जो मनुष्य विश्वेश्वर के दक्षिण-भाग में स्थित इस कुबेरेश्वरलिंग का दर्शन-पूजन करेगा, वह कभी न तो पाप से, न दरिद्रता से और न दुःख से ही लिप्त होगा ॥ १६३ ।

इस रीति से उमा देवी के सहित भगवान् महेश्वरदेव कुबेर को ये सब वर देकर अपने परम धाम को चले गये ॥ १६४ ।

गणों ने कहा—

इन (धनद) कुबेर ने इस रूप से महादेव के परम सखित्व को प्राप्त किया और अलका के समीप में यही कैलाश-पर्वत शंकर का आलय निवास स्थान है ॥१६५।

पुर्या यक्षेश्वराणां ते स्वरूपमिति वर्णितम् ।
यच्छ्रुत्वा सर्वपापेभ्यो नरो मुच्येतसंशयम् ॥१६६।

॥ इति श्रीस्कन्दपुराणे काशीखण्डे गन्धवत्यलकावर्णनं नाम त्रयोदशोऽध्यायः ॥१३॥

यक्षेश्वराणामिति पूजायां बहुवचनम्। यक्षाश्च तदीश्वराश्च तेषामिति वा। कल्पभेदापेक्षया वा ॥ १६६ ।

॥ इति श्रीरामानन्दकृतायां काशीखण्डटीकायां त्रयोदशोऽध्यायः ॥ १३ ।

यक्षेश्वरादिक की नगरी का स्वरूप वृत्तान्त (कथा) क्रम से वर्णन किया। इस (वैश्रवण की कथा) के श्रवण-मात्र से मनुष्य निःसंदेह समस्त पापों से निर्मुक्त हो जाता है ॥ १६६ ।

"गंधवती अलकापुरी, प्रथमवायु को लोक।
पुनि कुबेर के नगर की, कथा हरत सब शोक ॥ १ ॥

॥ इति श्रीस्कन्दपुराणे चतुर्थे काशीखण्डे पूर्वार्द्धे भाषाटीकायां वायुलोक-कुबेरलोकवर्णनं नाम त्रयोदशोऽध्यायः ॥

अथ चतुर्दशोऽध्यायः

गणावूचतुः—

अलकायाः पुरो भागे पुरैशानी महोदया ।
अस्यां वसन्ति सततं रुद्रभक्तास्तपोधनाः ॥१॥
शिवस्मरणसंसक्ताः शिवव्रतपरायणाः ।
शिवसात्कृतकर्माणः शिवपूजारताः सदा ॥२॥
साभिलाषास्तपस्यन्ति स्वर्गभोगोऽस्त्विवतीह नः ।
तेऽत्र रुद्रपुरे रम्ये रुद्ररूपधरा नराः ॥३॥
अजैकपादहिर्बुध्न्यमुख्या एकादशाऽपि वै ।
रुद्राः परिवृढाश्चात्र त्रिशूलोद्यतपाणयः ॥४॥

चतुर्दशेऽत्र वर्ण्येते लोकौ द्वावतिसुन्दरौ ।
ईशानस्य तथा चैव चन्द्रस्याऽमृतदीधितेः ॥ १ ।

क्रमप्राप्तामैशानीं पुरीं दर्शयतोऽलकाया इति ॥ १ ।

शिवसात्कृतं शिवे समर्पितं सकलं कर्म यैस्ते शिवसात्कृतकर्माणः । शिवसत्कृतकर्माण इति पाठेऽपि स एवार्थः ॥ २ ।

अहिर्बुध्न्य इति । उकारयकारवत्पदम् । अजोऽस्येकपादहिर्बुध्न्य इत्यस्यां श्रुतौ तथा दर्शनात् । परिवृढाः प्रभवः ॥ ४ ।

(ईशान-लोक और चन्द्रलोक का वर्णन)

विष्णु के दोनों गण कहने लगे—

इस अलकापुरी के आगे के भाग में यह महोदया ईशानपुरी है । इसमें सर्वदा शिवभक्त तपोधन लोग निवास करते हैं ॥ १ ।

जो लोग शिव के स्मरण में लगे रहते हैं, जो लोग शिवव्रत में दीक्षित हैं, जिन्होंने अपने समस्त कर्मों को शिवार्पण कर दिया है और नित्य ही शिव-पूजन में तत्पर रहते हैं, वे सब मनुष्य "हमको स्वर्गभोग यहाँ ही प्राप्त होवे" इस कामना से तपस्या करनेवाले रुद्ररूपधारी लोग इस रम्य रुद्रपुर में निवास करते हैं ॥ २-३ ।

अज, एकपाद, अहिर्बुध्न्य प्रभृति हाथ में त्रिशूल धारण किए हुए एकादश रुद्र इस स्थान के प्रभु हैं ॥ ४ ।

पुर्यष्टकं च दुष्टेभ्यो देवध्रुग्भ्यो ह्यवन्ति ते।
प्रयच्छन्ति वरान्नित्यं शिवभक्तजने वराः ॥५॥
एतैरपि तपस्तप्तं प्राप्य वाराणसीं पुरीम्।
ईशानेशं महालिङ्गं परिस्थाप्य शुभप्रदम् ॥६॥
ईशानेशप्रसादेन दिश्यैश्यां हि दिगीश्वराः।
एकादशाप्येकचरा जटामुकुटमण्डिताः ॥७॥
भालनेत्रा नीलगलाः शुद्धाङ्गा वृषभध्वजाः।
असंख्याताः सहस्राणि ये रुद्रा अधिभूतलम् ॥८॥
तेऽस्यां पुरि वसन्त्यैश्यां सर्वभोगसमृद्धयः।
ईशानेशं समभ्यर्च्य काश्यां देशान्तरेष्वपि ॥९॥
विपन्नास्तेन पुण्येन जायन्तेऽत्र पुरोहिताः।
अष्टम्यां च चतुर्दश्यामीशानेशं यजन्ति ये ॥१०॥

देवेभ्यो द्रुह्यन्ति ये देवद्रुहस्तेभ्यो देवध्रुग्भ्यः। वराः श्रेष्ठाः। जनावना इति क्वचित्। जनेऽवना इति चान्यत्र ॥ ५ ।

भालनेत्रा ललाटचक्षुषः ॥ ८ ।

यजन्ति पूजामात्रं कुर्वन्ति। पुरोहिताः पुरोधसः। पुरे हिता इति पाठे हिताहितकारिणः ॥ १० ।

ये श्रेष्ठ रुद्रगण, उक्त अष्ट-पुरियों की दुष्टों से और देव-द्रोहियों से सदा रक्षा करते हैं और शिवजनों को वर प्रदान करते हैं ॥ ५ ।

ये लोग भी वाराणसी पुरी में प्राप्त होकर, शुभप्रद ईशानेश्वर नामक महालिंग स्थापित कर तपस्या कर चुके हैं ॥ ६ ।

ईशानेश लिंग के प्रसाद से ईशान दिशा के दिक्पाल—ये ग्यारहों रुद्र सदा सहचर और जटा-मुकुट से मण्डित रहते हैं ॥ ७ ।

ये सब (के सब) भालनेत्र, नीलकण्ठ, गौरशरीर और वृषभध्वज हैं। पृथिवी पर जो असंख्य रुद्रगण हैं, वे सब समस्त भोगों की समृद्धि को प्राप्तकर इसी ईशानपुरी में निवास करते हैं। काशी में ईशानेश्वर का पूजन करने पर यदि देशान्तर में भी जो लोग मृत्यु को प्राप्त होते हैं, तो वे उसी पुण्य के बल से यहाँ पर पुरोहित होते हैं। जो लोग अष्टमी और चतुर्दशी तिथि पर ईशानेश्वर की पूजा करते हैं,

त एव रुद्रा विज्ञेया इहाऽमुत्राऽप्यसंशयम् ।
कृत्वा जागरणं रात्रावीशानेश्वरसन्निधौ ॥११॥
उपोष्य भूतां यां काञ्चिन्न नरो गर्भभाक् पुनः ।
स्वर्गमार्गे कथामित्थं शृण्वन् विष्णुगणोदिताम् ॥१२॥
शिवशर्मा दिवाऽप्युच्चैरपश्यच्चन्द्रचन्द्रिकाम् ।
आह्लादयन्तीं बहुशः समं सर्वेन्द्रियैर्मनः ॥१३॥
चमत्कृत्य चमत्कृत्य कोऽयं लोको हरेर्गणौ ।
पप्रच्छ शिवशर्मा तौ प्रोचतुस्तं च तौ द्विजम् ॥१४॥

गणावूचतुः—

शिवशर्मन् महाभाग लोक एष कलानिधेः ।
पीयूषवर्षिभिर्यस्य करैराप्याय्यते जगत् ॥१५॥
पिता सोमस्य भो विप्र जज्ञेऽत्रिर्भगवानृषिः ।
ब्रह्मणो मानसात् पूर्वं प्रजासर्गं विधित्सतः ॥१६॥

भूतां चतुर्दशीम् ॥ १२ ।

दिवाऽपि दिनेऽपि । चन्द्रचन्द्रिकां चन्द्रज्योत्स्नाम् । समं सह ॥ १३ ।

चमत्कृत्य चमत्कृत्येत्यादरे वीप्सा । अत्याश्चर्यं विधाय मन आह्लादयन्तीमिति पूर्वेणाऽन्वयः ॥१४।

वे यहाँ और परलोक में अवश्य रुद्र होते हैं । ईशानेश्वर के समीप में किसी भी चतुर्दशी को रात्रि में उपवास और जागरण करने से मनुष्य फिर गर्भ में निवास नहीं करता । स्वर्गमार्ग में विष्णुगण-कथित इस कथा को श्रवण करते हुए शिवशर्मा ने सब इन्द्रियों के सहित मन को अत्यन्त आह्लादित करती हुई यथेष्ट चन्द्र की चन्द्रिका का दिन में ही (दर्शन करते हुए चन्द्र-चन्द्रिका को दिन में ही देखते हुए) अत्यन्त चमत्कृत होकर शिवशर्मा ने प्रश्न किया—"हे विष्णुगण ! यह कौन लोक है ?" ॥८-१४।

विष्णु के दोनों गण बोले—

हे महाभाग ! शिवशर्मन् ! जिसकी अमृतवर्षी किरणजाल से जगत् परितृप्त होता है, उसी कलानिधि का यह लोक है ॥ १५ ।

हे विप्र ! पूर्वकाल में प्रजा-सृष्टि के विधानेच्छु ब्रह्मा के मन से ही इस चन्द्र के पिता भगवान् अत्रि ऋषि उत्पन्न हुए ॥ १६ ।

अनुत्तरं नाम तपो येन तप्तं हि तत्पुरा ।
त्रीणि वर्षसहस्राणि दिव्यानीतीह नो श्रुतम् ॥१७॥
ऊर्ध्वमाचक्रमे तस्य रेतः सोमत्वमीयिवत् ।
नेत्राभ्यां तच्च सुस्राव दशधाद्योतयद्दिशः ॥१८॥
तं गर्भं विधिनादिष्टा दश देव्यो दधुस्ततः ।
समेत्य धारयामासुर्नैव ताः समशक्नुवन् ॥१९॥
यदा न धारणे शक्तास्तस्य गर्भस्य ता दिशः ।
ततस्ताभिः सजूः सोमो निपपात वसुन्धराम् ॥२०॥
पतितं सोममालोक्य ब्रह्मा लोकपितामहः ।
रथमारोपयामास लोकानां हितकाम्यया ॥२१॥

तदनुत्तरं तप इति सम्बन्धः। न विद्यते उत्तरमधिकं यस्मात्तदनुत्तरं सर्वोत्कृष्टमित्यर्थः ॥ १७ ।

ऊर्ध्वं देहस्योर्ध्वप्रदेशमाचक्रमे गतवत् यद्रेतस्तत्सोमत्वमीयिवत् प्राप्तवदित्यर्थः। सोमत्वं सोमतेजस्त्वजन्म अमृतत्वं वा । अनुत्तरभावनायास्तत्फलत्वात् ॥ १८ ।

विधिनादिष्टाः ब्रह्मणा प्रेरिताः । दृष्टा इति पाठे विधिना देवेन। हृष्टा इति पाठेऽपि स एवार्थः ॥ १९ । सजूः सह ॥ २० ।

लोगों ने ऐसा सुना है कि उसी अत्रि ऋषि ने पहले दिव्य परिमाण से तीन सहस्र वर्ष अनुत्तर नामक सर्वोत्कृष्ट तपश्चर्या की थी ॥ १७ ।

उस वेला में अत्रि मुनि का ऊर्ध्वगत रेत सोमत्व को प्राप्त होकर दिङ्मण्डल को प्रकाशित करता हुआ उनके दोनों नेत्रों से दश बार क्षरित हुआ ॥ १८ ।

तदनन्तर ब्रह्मा की आज्ञानुसार दशों दिग्देवियों ने मिलकर उसे धारण किया । पर (वे) न रख सकीं ॥ १९ ।

जब कि वे दिशाएँ उस गर्भ को धारण न रख सकीं, तब उन सबके साथ चन्द्र भूतल पर निपतित हुआ ॥ २० ।

लोकपितामह ब्रह्मा ने चन्द्र को गिरा हुआ देखकर त्रैलोक्य की हित-साधनेच्छा से उसे रथ पर चढ़ा लिया ॥ २१ ।

स तेन रथमुख्येन सागरान्तां वसुन्धराम् ।
त्रिःसप्तकृत्वो द्रुहिणश्चकारामुं प्रदक्षिणम् ॥२२॥
तस्य यस्स्खलितं तेजः पृथिवीमन्वपद्यत ।
तथौषध्यः समुद्भूता याभिः सन्धार्यते जगत् ॥२३॥
स लब्धतेजा भगवान् ब्रह्मणा वर्धितः स्वयम् ।
तपस्तेपे महाभाग पद्मानां दशतीर्दश ॥२४॥
अविमुक्तं समासाद्य क्षेत्रं परमपावनम् ।
संस्थाप्य लिङ्गममृतं चन्द्रेशाख्यं स्वनामतः ॥२५॥
बोजौषधीनां तोयानां राजाऽभूदग्रजन्मनाम् ।
प्रसादाद्देवदेवस्य विश्वेशस्य पिनाकिनः ॥२६॥
तत्र कूपं विधायैकममृतोदमिति स्मृतम् ।
यस्याम्बुपानस्नानाभ्यां नरोऽज्ञानात्प्रमुच्यते ॥२७॥

चकार कारयामास । अमुं चन्द्रम् । अमूमिति पाठे पृथ्वीमित्यर्थः ॥ २२ ।

तथा पृथिव्या पतनप्रकारेण । तेनेति पाठे पृथिवीप्राप्तेन तेजसेत्यर्थः ॥ २३ ।

पद्मानां दशदशतीः शतं वर्षपद्मशतसंख्यावच्छिन्नं कालम् ॥ २४ ।

कुण्डमिति पाठे कुण्डं कूपम् । अज्ञानात्प्रमुच्यते मायातो मुक्तो भवति । ज्ञानेन युज्यत इति क्वचित् ॥ २७ ।

ब्रह्मा ने उसी चन्द्र को रथ पर प्रधान बनाकर इक्कीस बार उसको समुद्रान्त समस्त पृथिवी की प्रदक्षिणा करायी ॥ २२ ।

उसका द्रवित जो तेज पृथिवी में (पर) गिरा, उसी से ये ओषधियाँ उपजीं, जिनके द्वारा जगत् का धारण होता है ॥ २३ ।

हे महाभाग ! स्वयं ब्रह्मा से वर्धित भगवान् चन्द्र तेज पाने पर परम पावन अविमुक्त क्षेत्र को प्राप्त होकर और स्वनामानुसार चन्द्रेश्वर नामक अमृत लिंग की स्थापना कर एक सौ पद्म-प्रमाण वर्षपर्यन्त तपस्या ही करते रहे ॥ २४-२५ ।

देवदेव पिनाकी विश्वेश्वर के प्रसाद से बीज, ओषधि, जल और ब्राह्मणों के राजा हुए ॥ २६ ।

चन्द्र ने तपोनुष्ठान ही के समय वहाँ पर एक अमृतोद नामक कूप प्रस्तुत किया था, जिसके जलपान और स्नान करने से मनुष्य अज्ञान से छुटकारा पा जाता है ॥ २७ ।

तुष्टेन देवदेवेन स्वमौलौ यो धृतः स्वयम् ।
आदाय तां कलामेकां जगत्संजीवनीं पराम् ।।२८।
पश्चाद्दक्षेण शप्तोऽपि मासोने क्षयमाप्य च ।
आप्याय्यतेऽसौ कलया पुनरेव तया शशी ।।२९।
स तत्प्राप्य महाराज्यं सोमः सोमवतां वरः ।
राजसूयं समाजह्रे सहस्रशतदक्षिणम् ।।३०।
दक्षिणामददत् सोमस्त्रीन् लोकानिति नौ श्रुतम् ।
तेभ्यो ब्रह्मर्षिमुख्येभ्यः सदस्येभ्यश्च भो द्विज ।।३१।
हिरण्यगर्भो ब्रह्माऽत्रिर्भृगुर्यत्रर्त्विजोऽभवन् ।
सदस्योऽभूद्धरिस्तत्र मुनिभिर्बहुभिर्वृतः ।।३२।

तुष्टेनेति। तां प्रसिद्धामेकां कलामादाय एकया कलया उपलक्षित इत्यर्थः। तुष्टेन देवेन स्वमौलौ यः स्वयं धृतः। धृतः सदेति वा पाठः। स सोमस्तन्महाराज्यं प्राप्य राजसूयं समाजह्र इति तृतीयेनाऽन्वयः ॥ २८ ।

मासश्चासावूनश्चेति मासोनस्तस्मिन् मुख्ये चान्द्रे मासि समाप्ते सतीत्यर्थः। मासान्त इति पाठेऽपि स एवार्थः। तया महादेवेन शिरो धृतया। अनयेति पाठेऽपि स एवार्थः। यथेति पाठे यथावदित्यर्थः ॥ २९ ।

सोमवतां सोमयागवताममृतवतामिति वा। वरः श्रेष्ठः ॥ ३० ।

नौ आवाभ्याम्। हिरण्यगर्भो ब्रह्माऽभूदित्यग्रिमक्रियानुषज्जते। अत्रिर्भृगुरिति मरीच्यादीनामुपलक्षणार्थम्। अत एवर्त्विजोऽभवन्निति बहुवचनम् ॥ ३२ ।

स्वयं महादेव ने संतुष्ट होकर जगत् संजीवनी नामक उस चन्द्र की एक कला को लेकर अपने शिर पर धारण कर लिया ॥ २८ ।

यह चन्द्र दक्ष-प्रजापति के शापवश मास के अन्त में क्षय प्राप्त होने पर भी शिव की शिरोधृत उसी कला के द्वारा परिपूर्ण हो जाता है ॥ २९ ।

सोमयज्ञ-कर्ताओं में श्रेष्ठ उस चन्द्र ने इस प्रकार से बड़ा राज्य पाकर सहस्र शतदक्षिणा से पूर्ण राजसूय यज्ञ आरम्भ किया ॥ ३० ।

हे द्विज ! हम लोगों ने ऐसा सुना है कि चन्द्रदेव ने उन प्रधान ब्रह्मर्षियों और सदस्यों को तीनों लोक दक्षिणा में दे डाली ॥ ३१ ।

इस यज्ञ में स्वयं ब्रह्मा ही ब्रह्मा थे। अत्रि, भृगु, मरीचि आदि मुनिगण ऋत्विक् थे और ऋषि-मण्डली परिवृत भगवान् हरि सभासद (बने) थे ॥ ३२ ।

तं सिनी च कुहूश्चैव द्युतिः पुष्टिः प्रभावसुः ।
कीर्तिर्धृतिश्च लक्ष्मीश्च नवदेव्यः सिषेविरे ॥३३॥
उमया सहितं रुद्रं सन्तर्प्याध्वरकर्मणा ।
प्राप सोम इति ख्यातिं दत्तां सोमेन शम्भुना ॥३४॥
तत्रैव तप्तवान् सोमस्तपः परमदुष्करम् ।
तत्रैव राजसूयं च चक्रे चन्द्रेश्वराग्रतः ॥३५॥
तत्रैव ब्राह्मणैः प्रीतैरित्युक्तोऽसौ कलानिधिः ।
सोमोऽस्माकं ब्राह्मणानां राजा त्रैलोक्यदक्षिणः ।३६।
तत्रैव देवदेवस्य विलोचनपदं गतः ।
देवेन प्रीतमनसा त्रैलोक्याह्लादहेतवे ॥३७॥
त्वं ममास्य परामूर्तिरित्युक्तस्तत्तपोबलात् ।
जगत्तवोदयं प्राप्य भविष्यति सुखोदयम् ॥३८॥

सिनी सिनीवाली ॥ ३३ । सोमनाम निर्वक्ति । उमयेति ॥ ३४ । तत्रैवाऽविमुक्ते एव । विलोचनपदं विशिष्टनेत्रपदम् ॥ ३७ ।

सिनीवाली, कुहू, द्युति, पुष्टि, प्रभा, वसु, कीर्ति, धृति और लक्ष्मी (क्षोभा)—ये ही नव देवियाँ चन्द्र की सेवा करती थीं ॥ ३३ ।

चन्द्र ने उमा के सहित रुद्रदेव को यज्ञकर्म के द्वारा परितृप्त कर उमा सहित शिव की दी हुई "सोम" इस ख्याति को प्राप्त किया ॥ ३४ ।

सोम ने काशी में चन्द्रेश्वर के सम्मुख ही परम दुष्कर तपश्चर्या और राजसूय-यज्ञ सम्पादन किया ॥ ३५ ।

उसी स्थान पर ब्राह्मणों ने प्रसन्न होकर चन्द्र को यह कहा कि त्रैलोक्य की दक्षिणा के दाता यही सोम हम ब्राह्मण लोगों के राजा हैं ॥ ३६ ।

चन्द्र वहाँ पर ही महादेव के (त्रिलोचन के) वाम-नेत्र-स्थान को प्राप्त हुए । अत्यन्त प्रसन्न चित्त शिव ने त्रिभुवन के आह्लाद-निमित्तक चन्द्र से कहा—'अपने तपोबल से तुम मेरी ही दूसरी मूर्ति हो । संसार तुम्हारे उदय से सुखी होगा ॥३७-३८॥

त्वत्पीयूषमयैर्हस्तैः स्पृष्टमेतच्चराचरम् ।
भानुतापपरीतं च परां ग्लानिं विहास्यति ॥३९।
एतदुक्त्वा[1] महेशानो वरानन्यानदान्मुदा ।
द्विजराजतपस्तप्तं यदत्युग्रं त्वयाऽत्र वै ॥४०।
यच्च क्रतुक्रियोत्सर्गस्त्वया मह्यं निवेदितः ।
स्थापितं यत्त्विदं लिङ्गं मम चन्द्रेश्वराभिधम् ॥४१।
ततोऽत्र लिङ्गे त्वन्नाम्नि सोम सोमार्धरूपधृक् ।
प्रतिमासं पञ्चदश्यां शुक्लायां सर्वगोऽप्यहम् ॥४२।
अहोरात्रं वसिष्यामि त्रैलोक्यैश्वर्यसंयुतः ।
ततोऽत्र पूर्णिमायान्तु कृता स्वल्पाऽपि सत्क्रिया ॥४३।

त्वत्तव । हस्तैः करै रश्मिभिरिति यावत् । परीतं व्याप्तम् ॥ ३९ । **यद्यतः** । एवमग्रेऽपि ॥ ४० ।

यच्चेत्यत्र यत्रेति क्वचित् पाठो दृश्यते, तदा त्वयाऽत्र तपस्तप्तमित्युक्तम् । अत्र कुत्रेत्याकाङ्क्षायामाह । यत्र क्रतुक्रियेति ॥ ४१ ।

त्वन्नाम्नि त्वन्नाम्नोपलक्षिते चन्द्रेश्वर इत्यर्थः । सोम हे सोम सोमार्धरूपधृक उमया सह वर्तत इति सोमम् । तच्च तदर्धं च तद्रूपधृक् उमार्धशरीरधृगित्यर्थः । शुक्लायां पञ्चदश्यां पौर्णमास्यामित्यर्थः ॥ ४२ ।

तत इति । यतोऽत्र स्थानेऽहं निवसिष्यामि, ततोऽत्र स्वल्पाऽपि कृता सत्क्रिया नूनं निश्चितं मम प्रीत्यै महापूजा भविष्यतीति सार्धेनाऽन्वयः ॥ ४३ ।

तुम्हारी अमृतमय किरण-जाल के स्पर्श मात्र से, सूर्य के ताप से व्याप्त यह चराचर जगत् (अपनी) बड़ी ग्लानि को (संताप को) छोड़ देगा ॥ ३९ ।

यह कहकर महेश्वर सहर्ष और भी अनेक वर प्रदान करने लगे । वे बोले—हे द्विजराज ! इस काशी में जो तुमने यह बड़ी तपस्या की है और यह जो यज्ञ-क्रिया (का फल) तुझे समर्पण कर दिया है और फिर यह जो चन्द्रेश्वर नामक मेरा लिंग स्थापित किया है, इन्हीं सब कारणों से उमा के सहित अर्द्धचन्द्र-रूपधारी मैं सर्वव्यापी होने पर तुम्हारे नामयुक्त इस लिंग में प्रतिमास की पूर्णमासी को त्रिभुवन के ऐश्वर्य-

---

१. एवमुक्त्वेत्यपि पाठः ।

जपहोमार्चनध्यानदानब्राह्मणभोजनम् ।
महापूजा च सा नूनं मम प्रीत्यै भविष्यति ॥४४।
जीर्णोद्धाराविकरणं नृत्यवाद्यादिकार्पणम् ।
ध्वजारोपणकर्मादि तपस्वियतितर्पणम् ॥४५।
चन्द्रेश्वरे कृतं सर्वं तदानन्त्याय जायते ।
अन्यच्च ते प्रवक्ष्यामि शृणु गुह्यं कलानिधे ॥४६।
अभक्ताय च नाख्येयं नास्तिकाय श्रुतिद्रुहे ।
अमावास्या यदा सोम जायते सोमवासरे ॥४७।
तदोपवासः कर्तव्यो भूतायां सद्भिरादरात् ।
कृतनित्यक्रियः सोम त्रयोदश्यां निशामय ॥४८।
शनिप्रदोषे सम्पूज्य लिङ्गं चन्द्रेश्वराह्वयम् ।
नक्तं कृत्वा त्रयोदश्यां नियमं परिगृह्य च ॥४९।

सत्क्रियामेव दर्शयति जपहोमेति ॥ ४४ ।

अर्पणं विश्वेश्वरे समर्पणम् । कारणमिति पाठे करणमित्यर्थः ॥ ४५ ।

श्रुतिद्रुहे वेदनिन्दकाय ॥ ४७ ।

भूतायां चतुर्दश्याम् ॥ ४८ ।

सहित रात्रि-दिन विशेषरूप से निवास करूँगा। अतएव पूर्णिमा तिथि में यहाँ पर जो कुछ जप, होम, पूजन, ध्यान, दान और ब्राह्मण-भोजन आदि सत्कर्म बहुत या थोड़ा किया जायेगा, वह सब मेरे तीर्थ निश्चय महापूजा का फलदाता होगा ॥ ४०-४४ ।

जीर्णोद्धार आदि का सम्पादन, नाच, बाजन, (नौबत) (नृत्य, गीत, वाद्य) प्रभृति का अनुष्ठान, ध्वजारोपण और तपस्वियों-यतियों का तृप्ति-साधन, ये सब कर्म चन्द्रेश्वर में करने से अनन्त (फल-जनक) होते हैं। कलानिधि ! एक दूसरी गुप्त बात कहता हूँ, सुनो, अभक्त, नास्तिक और वेदद्रोही से यह (रहस्य-कथा) नहीं कहनी चाहिए। हे सोम ! सोमवार के दिन जब अमावस्या (तिथि) हो, तब सज्जन लोग सादर चतुर्दशी में उपवास करें, त्रयोदशी को नित्यकृत्य समाप्त करके उसी तिथि में शनिवार के दिन प्रदोषकाल में इस चन्द्रेश्वर संज्ञक लिंग का पूजन करने पर नक्त

उपोष्य च चतुर्दश्यां कृत्वा जागरणं निशि।
प्रातः सोमकुहूयोगे स्नात्वा चन्द्रोदवारिभिः ॥५०॥
उपास्य सन्ध्यां विधिवत् कृतसर्वोदकक्रियः।
उपचन्द्रोदतीर्थेषु श्राद्धं विधिवदाचरेत् ॥५१॥
आवाहनार्घ्यरहितं पिण्डान् दद्यात्प्रयत्नतः।
वसुरुद्रादितिसुतस्वरूपपुरुषत्रयम् ॥५२॥
मातामहांस्तथोद्दिश्य तथाऽन्यानपि गोत्रजान्।
गुरुश्वशुरबन्धूनां नामान्युच्चार्य पिण्डदः ॥५३॥
कुर्वञ्छ्राद्धं च तीर्थेऽस्मिन् श्रद्धयोद्धरतेऽखिलान्।
गयायां पिण्डदानेन यथा तुष्यन्ति पूर्वजाः ॥५४॥
तथा चन्द्रोदकुण्डेऽत्र श्राद्धैस्तुष्यन्ति पूर्वजाः।
गयायां च यथा मुच्येत् सर्वर्णात् पितृजान्नरः ॥५५॥

वसुरुद्रादितिसुतेति अश्रद्धामलक्षालनाय पित्रादित्रयाणां वस्वादिरूपकथनम् ॥५२॥

सर्वर्णात् सम्पूर्णादृणात्। क्षणात्पितृकृतादिति क्वचित्पाठः ॥ ५५ ।

(दिन भर उपवास करके रात्रि में भोजन) कर नियमग्रहणपूर्वक चतुर्दशी को उपवास कर रात्रि में जागरण करें; फिर प्रातःकाल सोमवती अमावस्या-योग में चन्द्रकूप के जल से स्नान करके विधिवत् सन्ध्या और तर्पणादि समस्त उदक्-क्रियाओं को समाप्त कर, चन्द्रोद (कूप) तीर्थ के समीप ही सविधि श्राद्ध आरम्भ करे ॥ ४५-५१ ।

इस तीर्थ-श्राद्ध में आवाहन और अर्घ्यदान न करे, वसु, रुद्र और आदित्य-स्वरूप पिता, पितामह, प्रपितामह—इन तीनों पुरुषों को प्रयत्नपूर्वक पिण्डदान करे ॥ ५२ ।

इसी प्रकार मातामहादिक पुरुष-त्रय तथा और भी सगोत्र, गुरु, श्वशुर एवं बन्धुगण का नामोच्चारण करता हुआ पिण्डदान करना चाहिए ॥ ५३ ।

इस तीर्थ में श्रद्धापूर्वक श्राद्ध करने से सबका उद्धार हो जाता है। गया में पिण्डदान करने से पूर्वजों की जैसी तृप्ति होती है, इस चन्द्रकूप पर भी श्राद्ध करने से पूर्वपुरुषों की वैसी हो तुष्टि होती है। मनुष्य जैसे गया के पिण्डदान करने से पितृ-

तथा प्रमुच्यते चर्णाच्चन्द्रोदे पिण्डदानतः ।
यदा चन्द्रेश्वरं द्रष्टुं यायात् कोऽपि नरोत्तमः ॥५६।
तदा नृत्यन्ति मुदितास्तत्पूर्वप्रपितामहाः ।
अयं चन्द्रोदतीर्थेऽस्मिस्तर्पणं नः करिष्यति ॥५७।
अस्माकं मन्दभाग्यत्वाद् यदि नैव करिष्यति ।
तदा तत्तीर्थसंस्पर्शादस्मत्तृप्तिर्भविष्यति ॥५८।
स्पृशेन्नापि यदा मन्दस्तदा द्रक्ष्यति तृप्तये ।
एवं श्राद्धं विधायाऽथ स्पृष्ट्वा चन्द्रेश्वरं व्रती ।
सन्तर्प्य विप्रांश्च यतीन् कुर्याद्वै पारणं ततः ॥५९।
एवं व्रते कृते काश्यां सदर्शे सोमवासरे ।
भवेदृणत्रयान्मुक्तो मृगाङ्क मदनुग्रहात् ॥६०।

स्पृष्ट्वा स्पर्शनं कृत्वा। दृष्ट्वेति केचित् ॥ ५९ ।

सदर्शेऽमावास्यासहिते । ऋणत्रयाद्देवपितृऋषिमानुषलक्षणादित्यर्थः । तथा च श्रुतिः-'जायमानो वै ब्राह्मणस्त्रिभिर्ऋणैर्वा जायते' इति ॥ ६० ।

ऋण से मुक्त होता है, वैसे ही जब कोई नरोत्तम चन्द्रेश्वर के दर्शनार्थ चलता है, तब उस घड़ी उसके पूर्वपुरुष प्रपितामह-प्रभृति (हर्ष से) नृत्य करने लगते हैं। (कहते हैं कि) "यह चन्द्रकूप तीर्थ में हम लोगों का तर्पण करेगा" ॥ ५४-५७ ।

यदि हम सबके दुर्भाग्यवश तर्पण न करेगा तो क्या हुआ ? उस तीर्थ का जल तो स्पर्श करेगा ही, उसी से हम लोगों की तृप्ति हो जायेगी ।। ५८ ।

यदि मूर्खतावश जल का भी स्पर्श न करेगा, तो उसे देखेगा तो (सही), फिर उसी से हमारा सन्तोष हो जावेगा ।" व्रती नर उक्त विधि से श्राद्ध-सम्पन्न कर पश्चात् चन्द्रेश्वर के दर्शन-स्पर्शन के अनन्तर और यतिगण को भोजनादिक के द्वारा सन्तुष्ट होने पर तब अपने व्रत का पारण करे ॥ ५९ ।

हे मृगाङ्क ! काशी में इस विधि से सोमवती अमावस्या पर व्रत करने से, मेरे ही अनुग्रह के कारण देव-ऋण, ऋषि-ऋण एवं पितृ-ऋण से वह मुक्त हो जाता है ॥ ६० ।

अत्र यात्रा महाचैत्र्यां कार्या क्षेत्रनिवासिभिः ।
तारकज्ञानलाभाय क्षेत्रविघ्ननिवर्तिनी ॥६१॥
चन्द्रेश्वरं समभ्यर्च्य यद्यन्यत्राऽपि संस्थितः ।
अघौघपटलीं भित्त्वा सोमलोकमवाप्स्यति ॥६२॥
कलौ चन्द्रेशमहिमा नाभाग्यैरवगम्यते ।
अन्यच्च ते प्रवक्ष्यामि परं गुह्यं निशापते ॥६३॥
सिद्धयोगीश्वरं पीठमेतत्साधकसिद्धिदम् ।
सुराऽसुरेषु गन्धर्वनागविद्याधरेष्वपि ॥६४॥
रक्षोगुह्यकयक्षेषु किन्नरेषु नरेषु च ।
सप्तकोट्यस्तु सिद्धानामत्र सिद्धा ममाग्रतः ॥६५॥
षण्मासं नियताहारो ध्यायन् विश्वेश्वरीमिह ।
चन्द्रेश्वरार्चनायातान् सिद्धान् पश्यति सोऽग्रगान् ॥६६॥

महाचैत्र्यां चैत्रमासोद्भवायां महापूर्णिमायां चित्रानक्षत्रयुक्तायामित्यर्थः ॥ ६१ ।

संस्थितो मृतः । अघौघपटलीं पापसमूहपङ्क्तिम् ॥ ६२ ।

विश्वेश्वरीं सिद्धेश्वरीम् । अयमेव वा पाठः ॥ ६६ ।

काशी क्षेत्र-निवासियों को चित्रा-नक्षत्र-युक्त चैत्रमास की पूर्णिमा को तारक-ज्ञान के लाभार्थ, क्षेत्र विघ्न-विध्वंसिनी (महा) यात्रा करनी आवश्यक है ॥ ६१ ।

यदि कोई, चन्द्रेश्वर लिंग का पूजन करके अन्यत्र भी जाकर मृत्यु को प्राप्त होता है, तो पापपुञ्ज की पंक्ति को भेदकर चन्द्रलोक में पहुँच जाता है ॥ ६२ ।

कलि-काल में भाग्यहीन लोग चन्द्रेश्वर की महिमा को नहीं जान सकते हैं। हे निशापते ! एक बात परम गुह्यतम होनेपर भी तुमसे कहता हूँ ॥ ६३ ।

यह स्थान सिद्धयोगीश्वर पीठ है और साधकों के लिये सिद्धिप्रद है। सुर, असुर, गन्धर्व, नाग, विद्याधर, राक्षस, गुह्यक, यक्ष, किन्नर और मनुष्यगण के मध्य से सात करोड़ साधक, मेरे सन्मुख यहाँ पर सिद्ध हो चुके हैं ॥ ६४-६५ ।

छः मास पर्यन्त नियत आहार (विहार) पूर्वक विश्वेश्वरी का ध्यान करने से चन्द्रेश्वर लिंग के पूजार्थ समागत यहाँ पर सिद्धगण को देखने लगता है ॥ ६६ ।

सिद्धयोगीश्वरी साक्षाद्वरदा तस्य जायते।
तवाऽपि महती सिद्धिः सिद्धयोगीश्वरीक्षणात् ॥६७।
सन्ति पीठान्यनेकानि क्षितौ साधकसिद्धये।
परं योगीश्वरीपीठाद् भूपृष्ठे नाशु सिद्धिदम् ॥६८।
यत्र चन्द्रेश्वरं लिङ्गं त्वयेदं स्थापितं शशिन्।
इदमेव हि तत्पीठमदृश्यमकृतात्मभिः ॥६९।
जितकामा जितक्रोधा जितलोभस्पृहास्मिताः।
योगीश्वरीं प्रपश्यन्ति मम शक्तिं परां हिताम् ॥७०।
ये तु प्रत्यष्टमि जनास्तथा प्रतिचतुर्दशि।
सिद्धयोगीश्वरीपीठे पूजयिष्यन्ति भाविताः ॥७१।
अदृष्टरूपां सुभगां पिङ्गलां सर्वसिद्धिदाम्।
धूपनैवेद्यदीपाद्यैस्तेषामाविर्भविष्यति ॥७२।

जितेति। लोभश्च स्पृहा चास्मिता च तास्तथा जिता लोभस्पृहास्मिता यैस्ते तथा। जितलोभा जितस्पृहा इति क्वचित्पाठः। स्पृहोज्झिता इति चान्यत्र। हितां हितकारिणीम्। हि निश्चितं तां प्रसिद्धामिति वा॥ ७०।

सिद्ध योगीश्वरी देवी उसको वरदान देती हैं। सिद्ध योगीश्वरी के ही दर्शन से तुमको भी बड़ी सिद्धि का लाभ हुआ है॥ ६७।

यद्यपि भूतल में साधकों के सिद्धिप्रद अनेक पीठ हैं; परन्तु इस योगीश्वरी-पीठ के समान दूसरा स्थान शीघ्र ही सिद्धिदान करनेवाला क्षितितल पर वर्तमान नहीं है॥ ६८।

हे शशिन्! जहाँ पर तुमने यह चन्द्रेश्वर लिंग प्रतिष्ठित किया है, यहीं वह अजितेन्द्रिय लोगों से अदृश्य पीठ है॥ ६९।

जितकाम, जितक्रोध, जितलोभ और जितस्पृह लोग ही मेरी परम शक्ति उस योगीश्वरी देवी का दर्शन प्राप्त कर सकते हैं॥ ७०।

जो लोग प्रति अष्टमी और प्रति चतुर्दशी (तिथि) में इस सिद्ध योगीश्वरी पीठस्थान पर अदृष्टरूपा, सुभगा, सकलसिद्धि प्रदात्री, पिंगला देवी का धूप, दीप, नैवेद्य आदि के द्वारा भक्तिभाव से पूजन करेंगे, उन लोगों के समक्ष वह देवी प्रकट होगी॥ ७१-७२।

इति दत्वा वरान् शम्भुस्तस्मै चन्द्रमसे द्विज ।
अन्तर्हितो महेशानस्तत्र वैश्वेश्वरे पुरे ॥७३॥
तदारभ्य च लोकेऽस्मिन् द्विजराजोऽधिपोऽभवत् ।
दिशो वितिमिराः कुर्वन्निजैः प्रसृमरैः करैः ॥७४॥
सोमवारव्रतकृतः सोमपानरता नराः ।
सोमप्रभेण यानेन सोमलोकं वसन्ति हि ॥७५॥
चन्द्रेश्वरसमुत्पत्तिं तथा चान्द्रमसं तपः ।
यः श्रोष्यति नरो भक्त्या चन्द्रलोके स इज्यते ॥७६॥

अगस्तिरुवाच—

शिवशर्मणि शर्मकारिणौं पथि दिव्ये श्रमहारिणौं गणौ ।
कथयन्तौ[१] तु कथामिमां शुभामुडुलोकं परिजग्मतुस्ततः ॥७७॥

॥ इति श्रीस्कन्दपुराणे काशीखण्डे सोमलोकवर्णनं
नाम चतुर्दशोऽध्यायः ॥ १४ ॥

भावो भक्तिस्तामिताः प्राप्ता भाविता भक्तियुक्ता इत्यर्थः ॥ ७१॥ अधिपः श्रेष्ठः ॥ ७४ ॥

॥ इति श्रीरामानन्दकृतायां काशीखण्डटीकायां चतुर्दशोऽध्यायः ॥ १४ ॥

हे द्विज ! महादेव उस विश्वेश्वर-नगरी में चन्द्रमा को ये सब वरदान देकर उसी स्थान पर अन्तर्धान हो गये ॥ ७३ ॥

तभी से द्विजराज चन्द्रमा अपनी फैलती हुई किरणों से दिङ्मण्डल को अन्धकारहीन करते हुए इस लोक में आधिपत्य कर रहे हैं ॥ ७४ ॥

सोमवार के व्रतकर्ता और सोम (लता) के पान में तत्पर नरगण, सोम-प्रभ विमान से जाकर (इसी) सोमलोक में निवास करते हैं ॥ ७५ ॥

जो मनुष्य चन्द्र की उत्पत्ति और उनके तपस्या-प्रकरण को भक्तिपूर्वक श्रवण करेगा, वह (इस) चन्द्रलोक में पूजित होगा ॥ ७६ ॥

---

१. वृत्तभङ्ग आर्षः ।

अगस्त्य बोले—

विष्णु के दोनों पारिषद् स्वर्ग-मार्ग में शिवशर्मा से इस कल्याणकारिणी सकल-श्रमहारिणी और शुभ-दायिनी कथा को कहते हुए वहाँ से नक्षत्र-लोक में चले गये ॥ ७७ ।

"ईशानेशहिं बरनिकै चन्द्रेश्वरहिं बखानि ।
चन्द्रकूप महिमा कही सकल सुमंगल खानि" ॥ १ ।

॥ इति श्रीस्कन्दे पुराणे चतुर्थे काशीखण्डे पूर्वार्धे भाषायां ईशानलोक-चन्द्रलोकवर्णनं नाम चतुर्दशोऽध्यायः ॥ १४ ।

अथ पञ्चदशोऽध्यायः

अगस्तिरुवाच—

शृणु पत्नि महाभागे लोपामुद्रे सधर्मिणि ।
कथां विष्णुगणाभ्यां च कथितां शिवशर्मणे ।। १ ।

शिवशर्मोवाच—

अहो गणौ विचित्रेयं श्रुता चान्द्रमसी कथा ।
उडुलोककथां ख्यातं विष्वगाख्यानकोविदौ ।। २ ।

गणावूचतुः—

पुरा सिसृक्षतः सृष्टिं स्रष्टुरङ्गुष्ठपृष्ठतः ।
दक्षः प्रजाविनिर्माणे दक्षो जातः प्रजापतिः ।। ३ ।

पञ्चाधिके दशे चात्र लोको नाक्षत्रसंज्ञकः ।
तथाऽतिरम्यो लोकोऽत्र बुधस्यापि निगद्यते ।। १ ।

उडुलोककथां कथयितुं भार्यां सावधानयति । शृणु पत्नीति ।। १ ।

उडु नक्षत्रम् । ख्यातं कथयतम् । विष्वगाख्यानकोविदौ सकलाख्याने पण्डितौ ।। २-३ ।

(नक्षत्र-लोक और बुध-लोक का वृत्तान्त)

अगस्त्य मुनि बोले—

महाभागे ! सहधर्मिणि ! पत्नि ! लोपामुद्रे ! विष्णुदेव के दोनों पारिषदों ने शिवशर्मा से जो कथा कही थी, उसे सुनो ।। १ ।

शिवशर्मा ने पूछा—

हे गणद्वय ! यह चन्द्रमा की कथा तो बड़ी ही विचित्र है । ओ, (बाहर) आप लोग समस्त आख्यानों के पण्डित हैं, अतएव इस नक्षत्रलोक का वृत्तान्त भी कहिए ।। २ ।

गणों ने कहा—

पूर्वकाल में प्रजाओं की सृष्टि के अभिलाषी स्रष्टा भगवान् के अंगुष्ठ-पृष्ठ से प्रजा-सर्जन में दक्ष (निपुण) दक्षप्रजापति उत्पन्न हुए ।। ३ ।

षष्टिर्दुहितरस्तस्य तपोलावण्यभूषणाः ।
सर्वलावण्यरोहिण्यो रोहिणीप्रमुखाः शुभाः ॥ ४ ।
ताभिस्तप्त्वा तपस्तीव्रं प्राप्य वैश्वेश्वरीं पुरीम् ।
आराधितो महादेवः सोमः सोमविभूषणः ॥ ५ ।
यदा तुष्टोऽयमीशानो[1] दातुं वरमथाययौ ।
उवाच च प्रसन्नात्मा याचध्वं वरमुत्तमम् ॥ ६ ।
शम्भोर्वाक्यमथाकर्ण्य ऊचुस्ताश्च कुमारिकाः ।
यदि देयो वरोऽस्माकं वरयोग्याः स्म शङ्कर ॥ ७ ।
भवतोऽपि महादेव भवतापहरो हि यः ।
रूपेण भवता तुल्यः स नो भर्ता भवत्विति ॥ ८ ।

तपो विषये यल्लावण्यं प्रावीण्यं सद्भूषणं यासां तास्तथा । रूपलावण्येति क्वचित् । तपो लावण्यसंयुता इति चान्यत्र । न केवलं तदेकभूषणा : सर्वलावण्यरोहिण्यश्च सर्वेषु विषयेषु यानि लावण्यानि, तानि रोहितुमारोहितुं शीलं यासां तास्तथा । सर्व-कल्याणकारिण्य इति पाठे स्पष्ट एवार्थः ॥ ४ ।

सोम उमया सह वर्तमानः ॥ ५ ।

उसी दक्ष की तपरूपी लावण्य से भूषित समस्त कल्याणकारिणी रोहिणी-प्रभृति साठ शुभ कन्याएँ उत्पन्न हुईं ॥ ४ ।

वे सब विश्वनाथपुरी को प्राप्त होकर तीव्र तपस्या के द्वारा उमा-सहित चन्द्रभूषण महादेव की आराधना करने लगीं ॥ ५ ।

जब महादेव तुष्ट होकर वर देने के लिये आये और प्रसन्नचित्त हो बोले—"तुम सब उत्तम वर की प्रार्थना करो" ॥ ६ ।

तब उन कुमारिकाओं ने शिव के वचन को सुनकर कहा—"हे शंकर ! यदि हम लोगों को वर देना है और हम सब वरदान के योग्य हैं, (तो) हे महादेव ! हम लोगों को यही वरदान दें कि—जो आप से भी अधिक संसार का संतापहर्ता और रूप में भी आप ही के समान हो, वही हम लोगों का भर्ता हो ॥ ७-८ ।

---

१. यदेत्यादिश्लोकद्वयं पुस्तकान्तरेषु नास्ति ।

लिङ्गं संस्थाप्य सुमहन्नक्षत्रेश्वरसंज्ञितम् ।
वरणायास्तटे रम्ये सङ्गमेश्वरसन्निधौ ॥ ९ ।
दिव्यं वर्षसहस्रन्तु पुरुषायितसंज्ञितम् ।
तपस्तप्तं महत्ताभिः पुरुषैरपि दुष्करम् ॥ १० ।
ततस्तुष्टो हि विश्वेशो व्यतरद्वरमुत्तमम् ।
सर्वासामेकपत्नीनामेकत्र स्थिरचेतसाम् ॥ ११ ।

श्रीविश्वेश्वर उवाच—

न क्षान्तं हि तपोऽस्त्युग्रमेतदन्याभिरीदृशम् ।
पुराऽबलाभिस्तस्माद्वो नाम नक्षत्रमत्र वै ॥ १२ ।
पुरुषायितसंज्ञेन तप्तं यत्तपसाऽधुना ।
भवतीभिस्ततः पुंस्त्वमिच्छया वो भविष्यति ॥ १३ ।

पुरुषायितसंज्ञितं पुरुषवदाचरितं पुरुषायितं पुरुषैर्यादृशं तपोऽनुष्ठीयते, तादृशमित्यर्थः । तत्संज्ञितं तन्नामकं तपः । पुरुषामितसंज्ञितमिति क्वचित् । पुरुषायुतसंज्ञितमिति चान्यत्र । पाठद्वयेऽपि पुरुषेभ्योऽप्यतिशयितं यत्तपस्तत्संज्ञितमित्यर्थः । अत एवोक्तम्—पुरुषैरपि दुष्करमिति ॥ १० ।

एकस्य पत्न्य एकपत्न्यस्तासाम् । तदेवाह । एकत्र भर्तरि । एकार्थेति पाठेऽपि स एवार्थः ॥ ११ ।

वरान् दास्यन् प्रथमतस्तासां नक्षत्रनाम निर्वक्ति । न क्षान्तमिति । न क्षान्तं न सोढमीर्ष्यावशादित्यर्थः ॥ १२ ।

उन सबों ने वरणा नदी के रम्य तट पर संगमेश्वर के समीप में ही नक्षत्रेश्वर नामक बहुत बड़े लिंग का स्थापन करके देव-परिमाण के अनुसार पुरुषायित संज्ञक महातपस्या करतीं थीं, जो कि पुरुषों के लिए भी दुष्कर है। तदनन्तर सन्तुष्ट होकर विश्वेश्वर भगवान् ने उन सबको एक ही वर पर दत्तचित्ता और एकपत्नी होने की अभिलाषिणी देखकर ये सब उत्तम वरदान दिये ॥ ९-११ ।

श्रीमद्विश्वेश्वर बोले—

पूर्वकाल में दूसरी किसी अबला ने ऐसी उग्र तपस्या (नक्षान्त) सह्य नहीं की थी, अतएव यहाँ तुम सबका नाम नक्षत्र (निर्धारित) हुआ ॥ १२ ।

इस समय तुम सबों ने जो यह पुरुषायित नामक तपस्या की है, इसलिए तुम सब स्वेच्छानुसार पुरुषत्व को प्राप्त होगी ॥ १३ ।

ज्योतिश्चक्रे समस्तेऽस्मिन्नग्रगण्या भविष्यथ ।
मेषादीनां च राशीनां योनयो यूयमुत्तमाः ॥ १४ ।

ओषधीनां सुधायाश्च ब्राह्मणानां च यः पतिः ।
पतिमत्यो भवत्योऽपि तेन पत्या शुभाननाः ॥ १५ ।

भवतीनामिदं लिङ्गं नक्षत्रेश्वरसंज्ञितम् ।
पूजयित्वा नरो गन्ता भवतीलोकमुत्तमम् ॥ १६ ।

उपरिष्टान्मृगाङ्कस्य लोको वस्तु भविष्यति ।
सर्वासां तारकाणां च मध्ये मान्या भविष्यथ ॥ १७ ।

नक्षत्रपूजका ये च नक्षत्रव्रतचारिणः ।
ते वो लोके वसिष्यन्ति नक्षत्रसदृशप्रभाः ॥ १८ ।

सक्षत्रग्रहराशीनां बाधास्तेषां कदाचन ।
न भविष्यन्ति ये काश्यां नक्षत्रेश्वरवीक्षकाः ॥ १९ ।

इस समस्त ज्योतिश्चक्र में तुम लोग अग्रगामिनी होगी और मेष आदि राशियों की उत्तम योनि (उत्पत्ति-क्षेत्र) भी तुम ही सब होगी ॥ १४ ।

हे सुमुखियों ! जो ओषधियों का, सुधा (अमृत) का और ब्राह्मणों का पति है, उसी पति के द्वारा तुम सब भी पतिमती होवोगी ॥ १५ ।

तुम लोगों के द्वारा स्थापित इस नक्षत्रेश्वर संज्ञक लिंग की पूजा करने से, मनुष्य तुम लोगों के उत्तम लोक में जायेंगे ॥ १६ ।

चन्द्रलोक के ऊपर तुम लोगों का निवासोपयोगी लोक होगा और तुम सब समस्त ताराओं में माननीय होंगी ॥ १७ ।

जो लोग नक्षत्रों के पूजक और नक्षत्रों के ही समान व्रताचरण करनेवाले हैं, वे सब नक्षत्रों के ही समान देदीप्यमान होकर तुम लोगों के लोक में बसेंगे । १८ ।

जो लोग काशी में नक्षत्रेश्वर का दर्शन करेंगे, उन लोगों को कभी भी नक्षत्र, ग्रह और राशियों की पीड़ा नहीं होगी ॥ १९ ।

अगस्त्य उवाच—

अतिथित्वमवाप नेत्रयोर्बुधलोकः शिवशर्मणस्त्वथ ।
गणयोर्भगणस्य संकथां क[1]थयित्रोरिति विष्णुचेतसोः ॥२०।

शिवशर्मोवाच—

कस्य लोकोऽयमतुलो ब्रूतं श्रीभगवद्गणौ ।
पीयूषभानोरिव मे मनः प्रीणयतेतराम् ॥ २१ ।

गणावूचतुः—

शिवशर्मन् शृणु कथामेतां पापापहारिणीम् ।
स्वर्गमार्गविनोदाय तापत्रयविनाशिनीम् ॥ २२ ।
योऽसौ पूर्वं महाकान्तिराख्याभ्यां परिवर्णितः ।
साम्राज्यपदमापन्नो द्विजराजस्तवाग्रतः ॥ २३ ।

अतिथित्वमिति। इत्युक्तप्रकारेण भगणस्य नक्षत्रगणस्य संकथां समीचीनां कथां गणयोः कथयतोः सतोः बुधलोकः शिवशर्मणो नेत्रयोरतिथित्वं नेत्रगोचरतामवापेत्यर्थः ॥ २० ।

पीयूषभानोश्चन्द्रस्य लोक इव प्रीणयते तर्पयति हर्षयतीति यावत् ॥ २१ ।

योऽसाविति। योऽसौ पूर्वं महाकान्तिरित्यादिभिः षड्भिः श्लोकैः य एवम्भूतश्चन्द्र इत्यनूद्य स बृहस्पतेर्भार्यां जहारेति सप्तमेनाऽन्वयः ॥ २३ ।

अगस्त्य ने कहा--

विष्णुदेव में स्थिरचित्त उन दोनों गणों के यों ही नक्षत्र लोक की सत्कथा का वर्णन करने पर, कुछ क्षण के अनन्तर बुधलोक शिवशर्मा के नेत्रों का अतिथि (पाहुन) हुआ ॥ २० ।

शिवशर्मा पूछने लगे—

हे भगवान् के दोनों गण ! यह अतुलनीय किसका लोक है ? जो चन्द्रलोक के समान मेरे चित्त को हर्षित कर रहा है ॥ २१ ।

विष्णुगणों ने कहा—

शिवशर्मन् । स्वर्गमार्ग के विनोदार्थ इस पापापहारिणी तापत्रय-विनाशिनी कथा का श्रवण (गोचर) करो ॥ २२ ।

हम लोगों ने जिस साम्राज्यपद को प्राप्त महाकान्तिमान् द्विजराज की कथा तुम्हारे सम्मुख वर्णन की है, जिसने राजसूय यज्ञ में त्रिभुवन भर दक्षिणा में दे डाला

---

१. पुस्तकान्तरेषु कथितवतोरितीति पाठो दृश्यते ।

दक्षिणा राजसूयस्य येन त्रिभुवनं कृता।
तपस्तताप योऽत्युग्रं पद्मानां दशतीर्दश ॥ २४ ।
अत्रिनेत्रसमुद्‌भूतः पौत्रो वै द्रुहिणस्य यः ।
नाथः सर्वौषधीनां च ज्योतिषां पतिरेव च ॥ २५ ।
निर्मलानां कलानां च शेवधिर्यश्च गीयते ।
उद्यन् परोपतापं यः स्वकरैर्गलहस्तयेत् ॥ २६ ।
मुदं कुमुदिनीनां यस्तनोति जगता सह ।
दिग्वधूचारुशृङ्गारदर्शनादर्शमण्डलः ॥ २७ ।
किमन्यैर्गुणसम्भारैरतोऽपि न समं विधोः ।
निजोत्तमाङ्गे सर्वज्ञः कलां यस्यावतंसयेत् ॥ २८ ॥

द्रुहिणस्य ब्रह्मणः ॥ २५ ।

शेवधिर्निधिराश्रय इत्यर्थः । स्वकरैः स्वरश्मिभिः गलहस्तयेत् गलेधृत्वा निस्सारयेन्नाशयेदित्यर्थः ॥ २६ ।

दिग्वध्विति । दिग्वधूनां दिगङ्गनानां ये चारवः शृङ्गारा अलङ्करणानि कुङ्कुमादिभिः मण्डनानि वा तेषां दर्शनार्थमादर्शस्थानीयं दर्पणस्थानीयं मण्डलं यस्य सः ॥ २७ ।

किमन्यैरिति । अन्यैर्गुणसम्भारैर्वर्णितैः किम् ? यतोऽतोऽपि वक्ष्यमाणात् कारणा-दस्य विधोः समं नास्ति । समो ग्रह इति क्वचित्पाठः । तमसो रिपोरिति चान्यत्र । अत इत्यनेनोक्तं हेतुं विवृणोति । **निजेति** । सर्वज्ञ ईश्वरो यस्य चन्द्रस्य कलां निजोत्तमाङ्गे स्वशिरसि अवतंसयेच्छिरोभूषणं कुर्यादित्यर्थः । द्वितीयान्तपाठे निजोत्तमाङ्गं प्रतिभूषये-दिति ॥ २८ ।

था जिसने शतपद्म वर्षपर्यन्त अत्युग्र तप किया था, जो अत्रि के नेत्र से उत्पन्न हुआ और जो स्वयं ब्रह्मा का पौत्र है तथा जो समग्र औषधियों का नाथ एवं सकल ज्योतियों का अधिपति है, जो निखिल निर्मल कलाओं का निधि कहलाता है, जो उदय (उदीय-मान) होकर अपने करों से दूसरों के सन्ताप को मानों गले में धक्का देकर निकाल देता है, जो (उदय को प्राप्त होते ही) जगत् के साथ कुमुदिनी (कोई) को आनन्द-दान करता है और जो दिगङ्गनाओं के सुन्दर शृङ्गार आदि देखने को दर्पणस्वरूप है, उसकी गुणावली के वर्णन का कौन प्रयोजन है ? जब कि सर्वज्ञ महादेव ही उसकी एक कला को अपने उत्तमांग (भाल में) भूषण बनाए हैं, तो भला अब उस चन्द्र के समान और कौन हो सकता है ? ॥ २३-२८ ।

बृहस्पतेः स वै भार्यामैश्वर्यमदमोहितः ।
पुरोहितस्यापि गुरोर्भ्रातुराङ्गिरसस्य वै ॥ २९ ।
जहार तरसा तारां रूपवान् रूपशालिनीम् ।
वार्यमाणोऽपि गीर्वाणैर्बहुदेवर्षिभिः पुनः ॥ ३० ।
नाऽयं कलानिधेर्दोषो द्विजराजस्य तस्य वै ।
हित्वा त्रिनेत्रं कामेन कस्य नो खण्डितं मनः ॥ ३१ ।
ध्वान्तमेतदभितः प्रसारि यत्तच्छमाय विधिना विनिर्मितम् ।
दीपभास्करकरामहौषधं नाधिपत्यतमसस्तु किञ्चन ॥३२।

भ्रातुः पितृव्यपुत्रस्य । अत्र्यङ्गिरसोर्भ्रातृत्वात् । अत एवाङ्गिरसस्येति विशेषणमुक्तम् ॥ २९ ।

रूपवान् रूपशालिनीमिति विशेषणाभ्यां परस्पराऽनुमतेनैव हरणमिति सूचितम्, मत्स्यपुराणे तथा दर्शनात् । तथाहि—

कदाचिदुद्यानगतामपश्यदनेकपुष्पाभरणोपशोभाम् ।
बृहन्नितम्बस्तनभारखेदात् पुष्पाऽवभङ्गेऽप्यतिदुर्बलाङ्गीम् ।
भार्यां च तां देवगुरोरनङ्गबाणातुरामायतचारुनेत्राम् ।
तारां स ताराधिपतिः स्मरार्तः केशेषु जग्राह विविक्तभूमौ ॥
साऽपि स्मरार्ता सह तेन रेमे तद्रूपकान्त्याहतमानसैव ।
चिरं विहृत्याऽथ जगाम तारां विधुर्गृहीत्वा स्वगृहं ततोऽपि ॥ इति ।

बहु बहुवारं यथा भवति तथा ॥ ३० ।

ननु कथमयं सात्त्विको भूत्वा बहुभिर्वार्यमाणोऽत्यन्तनिषिद्धे कर्मणि प्रवृत्त इत्यत आह । नायमिति । न खण्डितं वैकल्यं न प्रापितमपि तु खण्डितमेव ॥ ३१ ।

ननु सनकादीनां मनसः कामाऽखण्डितत्वं दृश्यते, सत्यम्, तेषामाधिपत्यतमोऽभावादित्याशयेनाह । ध्वान्तमिति । एतद्यद्ध्वान्तं तमः । अभितः सर्वतः प्रसरणशीलं

उसी रूपवान् बिधु ने ऐश्वर्य मद से मोहित होकर गुरु-पुरोहित, चचेरे भाई, अंगिरा ऋषि के पुत्र बृहस्पति की परम रूपवती भार्या तारा को देवताओं और देवर्षियों द्वारा अनेक बार निवारित होने पर भी बलपूर्वक हरण कर लिया ॥ २९-३० ।

इसमें उस कलानिधि द्विजराज का कोई दोष नहीं है; (क्योंकि) त्रिलोचन को छोड़कर काम ने किसका मन खण्डित नहीं किया ? ॥ ३१ ।

विशेषतः चारों ओर फैलते हुए तम (अंधकार) के शमन निमित्तक विधाता ने दीप और सूर्य के किरण आदि रूप महौषध बनाए हैं; परन्तु आधिपत्य-जनित तम

आधिपत्यमदमोहितं हितं शंसितं स्पृशति नो हरेर्हितम् ।
दुर्जनं विहिततीर्थमज्जनैः शुद्धधीरिव विरुद्धमानसम् ।।३३।
धिग्धिगेतदधिकर्द्धिचेष्टितं चंक्रमेक्षणविलक्षितं यतः ।
वीक्षते क्षणमचारुचक्षुषा घातितेन विपदः पदेन च ।। ३४ ।

तच्छमाय नाशाय विधिना महद् औषधं विनिर्मितम् । किं तन्महौषधमित्याकाङ्क्षाया- माह । बोधेति । अधिपतेर्भाव आधिपत्यमाधिपत्यतमस आधिपत्यजन्याविवेकज्ञानस्य तु पुनः किञ्चन किञ्चिदप्यौषधं न विहितमित्यर्थः ॥ ३२ ।

वार्यमाणोऽपि जहारेति यदुक्तम्, तत्रैव हेत्वन्तरमाह । **आधिपत्यमिति** । आधिपत्य- मदेन मोहितमन्तःकरणं पुरुषं वा कर्मभूतमिति शेषः । हरेः सम्बन्धि यद्धितं श्रवणादि- निषिद्धवर्जनादिकं तद्यतः शंसितं कथितं सत्कर्तृभूतं न स्पृशति । आधिपत्यमदमुत्सार्य स्वार्थे स्थापयितुं न शक्नोतीत्यर्थः । अत्रानुगुणं दृष्टान्तमाह । **दुर्जनमिति** । तीर्थमज्जनैः तीर्थस्नानादिभिः शुद्धा निर्मला बुद्धिर्यस्य, स यथाविरुद्धमानसं दुष्टमानसं दुर्जनं वञ्चकं न स्पृशति तद्वदिति । हरेर्द्धितमिति पाठे न केवलं नो स्पृशति; अपितु हितं हरेत् । क्रोध- मुत्पाद्यानर्थं सम्पादयेदित्यर्थः । च तं हितैरिति स्थलद्वयपाठे तं चन्द्रं हितैः सुहृद्भिः । अन्यत् सर्वं पूर्ववत् । दुर्जनविहिततीर्थमज्जनमिति क्वचित् पाठः ॥ ३३ ।

आधिपत्यगर्वं निन्दति । **धिग्धिगिति** । अधिकर्द्धिचेष्टितं धिक् गर्हितं निन्दितमिति यावत् । गर्हाधिक्यसूचनार्था वीप्सा । अधिगर्द्धिचेष्टितमिति क्वचित्पाठः । कुत इत्यत आह । यतो येनाधिकर्द्धिचेष्टितेन चंक्रमेक्षणविलक्षितं चंक्रमश्चंक्रमणं परिभ्रमणं तेन यदीक्षणं पृथिवीभ्रमणादिदर्शनम् । यदुक्तं भागवते—'**यथा भ्रमरिकादृष्ट्या भ्राम्यतीव महीयते**' इति । तद्वद्विलक्षितं विपरीतं वीक्षते पश्यति । अहितमेव हितं मन्यत इत्यर्थः । कथम्भूतेनाधिकर्द्धिचेष्टितेन ? अचारुचक्षुषा अविवेकात्मकेन नेत्रेण । पुनः कथम्भूतेन ? क्षणं घातितेन क्षणं यथा स्यात्तथा घातं घातकत्वं इतेन प्राप्तेन नाशकेनेत्यर्थः । पुनः कथम्भूतेन ? विपदः पदेन विपदामाश्रयेणेत्यर्थः ॥ ३४ ।

को दूर करने के लिए कुछ भी नहीं बनाया है; (क्योंकि) आधिपत्य-(प्रभुत्व) मदमोहित जन को कोई भी हितवार्ता, यहाँ तक कि हितकारिणी हरि-कथा भी स्पर्श नहीं करती । जैसे कि विपरीतचित्त दुर्जन व्यक्ति को तीर्थ में स्नान करने पर भी शुद्ध-बुद्धि-स्पर्श नहीं करती, इसे भी वैसा ही समझना चाहिए; क्योंकि (जिसके कारण) विपत्ति के मारे हुए पद से कुटिल नेत्रों द्वारा क्षणमात्र चकराती हुई चकचौंधी लगी हुई दृष्टि की तरह विपरीत ही देख पड़ता है, उस बड़ी सम्पत्ति के चेष्टित को बारम्बार धिक्कार है (अर्थात् अहित को हित-मानता है) ॥ ३२-३४ ।

क: कामेन न निर्जितस्त्रिजगतां पुष्पायुधेनाऽप्यहो
क: क्रोधस्य वशंगतो न च को लोभेन संमोहित: ।
योषिल्लोचनभल्लभिन्नहृदय: को नाप्तवानापदं
को राज्यश्रियमाप्य नान्धपदवीं यातोऽपि सल्लोचन: ॥३५।

आधिपत्यकमलातिचञ्चला प्राप्य तां च यदिहार्जितं किल ।
निश्चलं सदसदुच्चकैर्हितं कार्यमार्यचरितै: सदैव तत् ॥३६।

न यदाङ्गिरसे तारां सव्यसर्जयदुल्बण: ।
रुद्रोऽथ पार्ष्णि जग्राह गृहीत्वाजगवं धनु: ॥ ३७ ।

कामाधिपत्यतमसो उपसंहरन् दृष्टान्तत्वेनार्थाऽन्नराण्याह । क: कामेनेति । जगतां मध्ये । त्रिजगत इति क्वचित् । भल्लो बाण: भल्लीनि पाठेऽपि स एवार्थ: । सल्लोचनो विद्यमाननेत्र: । काचकामलादिदोषराहित्यं वासतोऽर्थ: । सल्लोचन: सद्विवेकवानिति वा ॥ ३५ ।

उपदेशसारमाह । आधिपत्येति । आधिपत्यकमला ऐश्वर्यलक्ष्मीर्या साऽतिचञ्चला तां च पुन: प्राप्य सदसद्वर्जितं तन्निश्चलं स्थिरतरं भवति सुखदु:खप्रापकमवश्यं भवतीत्यर्थ: । तत्तस्मादार्याणां चरितमिव चरितं येषां तैरुच्चकैर्यथा स्यात्तथा सदेव हितं सर्वदा सदनुष्ठानमेव कार्यमिति । किलेति शास्त्रप्रसिद्धिं द्योतयति ॥ ३६ ।

प्रासङ्गिकमुक्त्वा प्रकृतमाहतु: । न यदेति । आङ्गिरसे आङ्गिरसाय बृहस्पतये । व्यसर्जयत् दत्तवान् । उल्बण: तीक्ष्ण उद्भट इति यावत् । पार्ष्णि पृष्ठरक्षां साहाय्यं वा जग्राह कृतवान् । अजस्य च्छागस्य गोश्च शृङ्गाभ्यां निर्मितमाजगवम् ॥ ३७ ।

अहो ! कामदेव ने पुष्पायुध होने पर भी त्रिभुवन के बीच में किसे नहीं जीत लिया ? कौन क्रोध के वशीभूत नहीं हुआ ? लोभ ने किसे मोहित नहीं किया ? कामिनियों के लोचनरूपी भाला से हृदय के विदीर्ण होने पर कौन आपत्ति में नहीं पड़ा ? और ऐसा ही कौन है, जो राज्यश्री को पाकर सुन्दर आँखें रहते भी अन्धे की पदवी पर नहीं विराजमान हुआ ? ॥ ३५ ।

आधिपत्य ऐश्वर्यलक्ष्मी अत्यन्त चंचला है । उसे प्राप्त कर इस संसार में सत्-असत् (भला-बुरा) जो चाहे, वही उपार्जित कर सकता है । फल भी अवश्य ही तदनुरूप मिलेगा । अतएव सच्चरित्र लोगों को जो अपना हितकर हो, वही करना चाहिए ॥३६।

जब चन्द्र ने उद्धत होकर बृहस्पति के लिये तारा को नहीं छोड़ा, तब रुद्रदेव पिनाक धनुष लेकर बृहस्पति के पृष्ठ-पोषक (सहायक) हुए ॥ ३७ ।

तेन ब्रह्मशिरो नाम परमास्त्रं महात्मना।
उत्सृष्टं देवदेवाय तेन तन्नाशितं ततः ॥ ३८ ॥
तयोस्तद्युद्धमभवद् घोरं वै तारकामयम्।
ततस्त्वकाण्डब्रह्माण्डभङ्गाद् भीतोऽभवद् विधिः॥ ३९ ॥
निवार्य रुद्रं समरात् संवर्तानलवर्चसम्।
ददावाङ्गिरसे तारां स्वयमेव पितामहः ॥ ४० ॥
अथाऽन्तर्गर्भमालोक्य तारां प्राह बृहस्पतिः।
मदीयायां न ते योनौ गर्भो धार्यः कथञ्चन ॥ ४१ ॥

तेनेति। तेन चन्द्रेण। ब्रह्म इति पदं शिरसि यस्य तद्ब्रह्मशिरो ब्रह्मास्त्रमस्त्रविशेषं वा ब्रह्मशिरः। अस्त्रं ब्रह्मशिरश्चैव इति पदं शिरसि यस्य तद् ब्रह्मशिरो ब्रह्मास्त्रमस्त्रविशेषं वा ब्रह्मशिरः। अस्त्रं ब्रह्मशिरश्चैव ब्राह्ममस्त्रं तथैव चेति नृसिंहप्रादुर्भावे हरिवंशे दर्शनात्। देवदेवाय रुद्रायोत्सृष्टम्। ततस्तदनन्तरं तद् ब्रह्मशिरोऽस्त्रं तेन देवेन नाशितम्। तत इत्यत्र यश इति पाठे तत्तस्य चन्द्रस्य यशो नाशितमित्यर्थः। उद्धृत्य देवानुत्सृष्टं येनैषां नाशितं यश इति क्वचित्पाठः, तदा तेनेत्यनेनेश्वरस्य चन्द्रस्य वाऽभिधानम्। उद्धृत्य उत्तोल्य। देवान् प्रति एषां देवानाम् ॥ ३८ ॥

तारकामयं तारानिमित्तम्। ततो युद्धात्। कथम्भूतात्? अकाण्डब्रह्माण्डभङ्गादनवसरजगत्प्रलयान्निमित्तात्। विधिर्ब्रह्मा भीतोऽभूत्। भ्रंशभीत इति पाठे ततस्तदनन्तरमिति वाऽर्थः। तु शब्दादन्येऽपि भीता अभूवन्नित्यर्थः ॥ ३९ ॥

सम्बर्तानलवर्चसं प्रलयाग्नितेजसम्। आङ्गिरसे आङ्गिरसाय ॥ ४० ॥

अन्तर्गर्भमुदरस्थं गर्भमित्यर्थः। अस्यामिति पाठे तारायामित्यर्थः। अथाऽत्रेति पाठेऽपि स एवार्थः। योनौ गर्भे क्षेत्रे इति वा। क्षेत्रे मदीये गर्भोऽयं न धार्यः। शशिनस्त्वयेति क्वचित्पाठः ॥ ४१ ॥

तब तो अत्यन्त बली चन्द्रमा ने ब्रह्मशिर नामक घोर अस्त्र को महादेव के ऊपर फेंका। तदनन्तर रुद्र ने भी उस अस्त्र को विनष्ट कर डाला ॥ ३८ ॥

परस्पर उन दोनों का घोर तारकामय संग्राम होने लगा। यह देखकर विधाता अनवसर ही ब्रह्माण्ड के विनाश हो जाने से (जाने की आशंका से) अत्यन्त भीत हुए ॥ ३९ ॥

तब स्वयं पितामह ने प्रलयानल तुल्य तेजस्वी रुद्रदेव को समर से निवृत्त कर तारा को बृहस्पति के अधीन कर दिया ॥ ४० ॥

ततःपरं बृहस्पति ने तारा के अन्तर्गत गर्भ को देखकर उससे कहा—"मेरे क्षेत्र में तू दूसरे का (बीजरूप) गर्भ कभी नहीं धारण कर सकती" ॥ ४१ ॥

इषीकास्तम्बमासाद्य गर्भं सा चोत्ससर्ज ह ।
जातमात्रः स भगवान् देवानामाक्षिपद् वपुः ॥ ४२ ।
ततः संशयमापन्नास्तारामूचुः सुरोत्तमाः ।
सत्यं ब्रूहि सुतः कस्य सोमस्याऽथ बृहस्पतेः ॥ ४३ ।
पृच्छमाना यदा देवैर्नाह ताराऽति सत्रपा ।
तदा सा शप्तुमारब्धा कुमारेणाऽतितेजसा ॥ ४४ ।
तं निवार्य तदा ब्रह्मा तारां प्रपच्छ संशयम् ।
प्रोवाच प्राञ्जलिः सा तं सोमस्येति पितामहम् ॥ ४५ ।
तदा स मूर्ध्न्युपाघ्राय राजा गर्भं प्रजापतिः ।
बुध इत्यकरोन्नाम तस्य बालस्य धीमतः ॥ ४६ ।

इषीकास्तम्बमत्युच्छ्रिततृणविशेषगुच्छम् । ऐषीकास्त्रमथादायेति पाठश्चिन्त्यः ॥ ४२ ।

अतिसत्रपा अतिशयलज्जायुक्ता ॥ ४४ ।

स सोमः प्रजापतिश्चेत्यन्वयः । राजावनस्पतीनाम् । तदा तं तारागर्भमिति स्थलद्वयपाठे प्रजापतिर्ब्रह्मा इत्येव ॥ ४६ ।

तब तो तारा ने इषीकास्तंब (काश के जुट्टे) पर जाकर गर्भ का परित्याग कर दिया। उस भगवान् के उत्पन्न होते ही देवताओं का शरीर प्रभाहीन-सा हो गया ॥ ४२ ।

तत्पश्चात् प्रधान देवताओं ने संशय में पड़कर तारा से पूछा—"सच कहो यह गर्भ किसका है ? सोम का अथवा बृहस्पति का ? किन्तु देवताओं के (बहुत) पूछने पर भी जब तारा ने मारे लज्जा के कुछ भी नहीं कहा, तब वह अति तेजस्वी कुमार उसे अभिशाप (गाली) देने लगा" ॥ ४३-४४ ।

तब फिर ब्रह्मा ने कुमार को रोककर तारा से उस संशय को पूछा। तारा ने हाथ जोड़कर ब्रह्मा से कहा "चन्द्र का" ॥ ४५ ।

इसके पीछे प्रजापति और उस (राजा) चन्द्र ने तारा के गर्भोद्भूत उस बुद्धिमान् बालक का मस्तक सूंघ कर उसका नाम "बुध" रखा ॥ ४६ ।

ततश्च सर्वदेवेभ्यस्तेजोरूपबलाधिकः ।
बुधः सोमं समापृच्छ्य तपसे कृतनिश्चयः ॥ ४७ ।
जगामकाशीं निर्वाणराशिं विश्वेशपालिताम् ।
तत्र लिङ्गं प्रतिष्ठाप्य स स्वनाम्ना बुधेश्वरम् ॥ ४८ ।
तपश्चचार चात्युग्रमुग्रं संशीलयन् हृदि ।
वर्षाणामयुतं बालो बालेन्दुतिलकं शिवम् ॥ ४९ ।
ततो विश्वपतिः श्रीमान् विश्वेशो विश्वभावनः ।
बुधेश्वरान्महालिङ्गादाविरासीन्महोदयः ॥ ५० ।
उवाच च प्रसन्नात्मा ज्योतीरूपो महेश्वरः ।
वरं ब्रूहि महाबुद्धे बुधान्यविबुधोत्तमः ॥ ५१ ।
तवाऽनेनाऽतितपसा लिङ्गसंशीलनेन च ।
प्रसन्नोऽस्मि महासौम्य नादेयं त्वयि विद्यते ॥ ५२ ।

निर्वाणराशिं कैवल्यपुञ्जाम् ॥ ४८ ।

उग्रं विश्वेश्वरं संशीलयन् चिन्तयन् । अयुतं दशसहस्रम् ॥ ४९ ।

उवाचेति । अन्यविबुधोत्तमोऽन्यदेवेषूत्तमस्त्वं ब्रूहीत्यन्वयः पाठान्तरे सम्बोधनम् ॥ ५१ ।

इसके अनन्तर समस्त देवताओं की अपेक्षा अधिक तेज, रूप, और बल से सम्पन्न बुध ने तपस्या के निमित्त निश्चय कर चन्द्रमा की अनुमति पाकर विश्वेश्वर से पालित निर्वाण (मुक्ति) राशि काशी धाम में पहुँचकर वहाँ पर अपने नाम से बुधेश्वर लिंग की प्रतिष्ठा (स्थापना) की ॥ ४७-४८ ।

हृदय में बाल-तिलकधारी मंगलकारी उमाविहारी का ध्यान करते हुए दश सहस्र वर्ष पर्य्यन्त घोर तपस्या का अनुष्ठान सम्पन्न किया ॥ ४९ ।

इसके पश्चात् विश्वपति, विश्वभावन, महोदय श्रीमान् विश्वनाथ देव उसी बुधेश्वर नामक महालिंग से प्रकट हुए ॥ ५० ।

उस ज्योतिरूप महेश्वर ने प्रसन्न मन से कहा—हे महाबुद्धे देवोत्तम बुध ! वर की प्रार्थना करो ॥ ५१ ।

महासौम्य ! तुम्हारे इस तप और लिंग-सेवन से मैं प्रसन्न हूँ । तुम्हारे लिये कुछ भी अदेय नहीं है ॥ ५२ ।

इति श्रुत्वा वचः सोऽथ मेघगम्भीरनिःस्वनम् ।
अवग्रहपरिम्लानसस्यसञ्जीवनोपमम् ॥ ५३ ॥
उन्मील्य लोचने यावत् पुरः पश्यति बालकः ।
तावल्लिङ्गे ददर्शाऽथ त्र्यम्बकं शशिशेखरम् ॥ ५४ ॥

बुध उवाच—

नमः पूतात्मने तुभ्यं ज्योतीरूप नमोऽस्तु ते ।
विश्वरूप नमस्तुभ्यं रूपातीताय ते नमः ॥ ५५ ॥
नमः सर्वार्तिनाशाय प्रणतानां शिवात्मने ।
सर्वज्ञाय नमस्तुभ्यं सर्वकर्त्रे नमोऽस्तु ते ॥ ५६ ॥

इतीति । इति पूर्वोक्तप्रकारं वचः श्रुत्वा स बालको लोचने उन्मील्य **यावत्पुरः** पश्यति, तावल्लिङ्गे त्र्यम्बकं ददर्शेति द्वितीयेनाऽन्वयः । **मेघगम्भीरनिःस्वनं** यथा स्यात्तथा । कथम्भूतम् ? अवग्रहेण वृष्टिप्रतिबन्धेन परिम्लानं परिशुष्कं सस्यं तस्य सञ्जीवनमुपमा यत्र तत्तथा ॥ ५३ ॥

सोमं विश्वेश्वरं देवं दृष्ट्वातिकरुणाकरम् । अष्टभिः परमप्रीतः पद्यैरस्तोद्बुधः शिवम् । **नम इति** । पूतात्मने पूतात्माख्यवाय्वात्मनेऽष्टमूर्तित्वादीश्वरस्य पवित्रात्मने इति वा । पवित्राणां पवित्रं य इति स्मृतेः । सर्वात्मन इति क्वचित् । पूर्णात्मन इति चान्यत्र । हे ज्योतीरूप स्वप्रकाश ते तुभ्यं नमोऽस्तु । **'अत्राऽयं पुरुषः स्वयं ज्योतिः'** इति श्रुतेः । आत्मा स्वप्रकाशश्चिद्रूपत्वाद् गुर्वभिमतज्ञानवदित्यनुमानाच्च । प्रपञ्चितमेतद् **बालबोधिनीटीकायामस्माभिः** । विश्वरूप हे प्रपञ्चात्मन् । **'इदं सर्वं यदयमात्मा'** इति श्रुतेः । **'विश्वं विष्णुर्वषट्कारः'** इति स्मृतेश्च । रूपातीताय रूपाण्यतीत्य वर्तमानाय । **'अगोत्रमस्पर्शमरूपमव्ययम्'** इति श्रुतेः ॥ ५५ ॥

प्रणतानां सर्वार्तिनाशाय भक्तानामाध्यात्मिकाधिदैविकाधिभौतिकतापत्रितय-नाशायेत्यर्थः । **'भिद्यते हृदयग्रन्थिः'**, **'तत्र को मोहः कः शोक एकत्वमनुपश्यतः'** इति श्रुतेः । **'प्रणतार्तिप्रभञ्जनः विशोकः शोकनाशनः'** इति स्मृतेश्च । कथम्भूताय ? शिवात्मने मङ्गलस्वरूपाय । स्मृते सकलकल्याणभाजनं यत्र जायते मङ्गलानाञ्च मङ्गल-

---

बालक बुध ने अवर्षण से मुरझाते हुए सस्य (धान्य) समूह के संजीवन जल के सदृश, मेघ-निर्घोष के समान इस वचन को सुनकर ज्यों ही दोनों आँखें खोलकर सम्मुख देखा, त्यों ही उसी लिंग में चन्द्रशेखर त्रिलोचन भगवान् दिखाई पड़े ॥ ५३-५४ ।

बुध स्तुति करने लगे—"पवित्रात्मन् ! आपको नमस्कार है, ज्योतीरूप (हे ज्योतिःस्वरूप) आपको नमस्कार है । विश्वस्वरूप ! आपको नमस्कार है । हे रूपातीत !

कृपालवे नमस्तुभ्यं भक्तिगम्याय ते नमः।
फलदात्रे च तपसां तपोरूपाय ते नमः ॥ ५७ ।
शम्भो शिव शिवाकान्त शान्त श्रीकण्ठ शूलभृत्।
शशिशेखर शर्वेश शङ्करेश्वर धूर्जटे ॥ ५८ ।

मिति स्मृतेः सर्वं जानातीति सर्वश्चासौ ज्ञश्चेति वा सर्वज्ञः स्वाध्यस्तं सर्वमवभासय-तीत्यर्थः। तदुक्तमुपदेशसाहस्र्यां भगवत्पादैः। सर्वज्ञोऽप्यत एव स्यात् स्वेन भासावभासयन् सर्वमिति। **'यः सर्वज्ञः स सर्ववित्'**, **'साक्षी चेता'** इत्यादि श्रुतेश्च। सर्वकर्त्रे सर्वेषां ब्रह्मादिस्तम्बपर्यन्तानां कर्त्रे उत्पादयित्रे। सर्वासां क्रियाणां हेतुत्वाद्वा सर्वकर्त्र। तदुक्तं तस्यां तैरेवाक्षरचतुष्टयन्यूनेन पूर्वस्यैवार्धेन सर्वं सर्वक्रियाहेतोः सर्वकृत्त्वं तथात्मन इति। **'यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते'**, **'एष सर्वज्ञः'** इत्यादि श्रुतेः। करणं कारणं कर्तेत्यादि स्मृतेश्च ॥ ५६ ।

कृपालवे दयालवे। 'ततोऽन्यं कं वा दयालुं शरणं व्रजेम' इति स्मृतेः। भक्तिगम्याय भक्त्यैकलभ्याय। यस्य देवे परा भक्तिर्यथा देवे तथा गुरौ, यमेवैष वृणुते तेन लभ्य इति श्रुतेः। भक्त्या तुतोष भगवान् गजयूथपायेति स्मृतेश्च। फलदात्रे कर्मफलदात्रे परमार्थ-फलदात्रे वा। रातेर्दातुः परायणमित्यादिश्रुतेः। कैवल्यपतये नम इति स्मृतेश्च। तपसां तपस्विनां तपोरूपाय ज्ञानरूपाय वा ज्ञानदायेत्यर्थः। ज्ञानं यस्य परन्तप इति श्रुतेः। ते तुभ्यं नमः ॥ ५७ ।

शं सुखं भवत्यस्मादिति शम्भुस्तत्सम्बोधनं हे शम्भो ! शिव सुखरूप। सत्यं ज्ञानमानन्दं ब्रह्मेति श्रुतेः। शिवकान्त पार्वतीनाथ। शान्त निर्विकार। न जायते न म्रियते अविनाशी वा अरेऽयमात्मेत्यादि श्रुतेः। श्रीकण्ठ नीलकण्ठ।

इति तस्य वचः श्रुत्वा मया गिरिवरात्मजे।
धृतं कण्ठे विषं घोरं ततः श्रीकण्ठता मम ॥ इति स्मृतेः।

शूलभृत् त्रिशूलभृत्। शशिशेखर चन्द्रावतंस चन्द्रमौले इत्यर्थः। सर्वेश ब्रह्मादि-स्तम्बपर्यन्तानां नियन्तः। शं कल्याणं करोतीति शङ्करः। ईश्वर ईशनशील। धूर्जटे धूर्भारस्तद्रूपा जटा यस्य तत्सम्बोधनं तथा ॥ ५८ ।

आपको नमस्कार है। हे प्रणतजन सर्वार्तिभञ्जन ! आपको नमस्कार है। हे शिवात्मन् सर्वज्ञ ! आपको नमस्कार है। हे सर्वकारक ! आपको नमस्कार है ॥ ५५-५६ ।

हे दयालो ! आप को नमस्कार है, हे भक्तिमात्र लभ्य ! आपको नमस्कार है। हे तपस्याफलदायक तपोरूप ! आपको नमस्कार है ॥ ५७ ।

हे शम्भो ! शिव ! शिवाकान्त ! शान्त ! श्रीकण्ठ ! शूलभृत् ! शशिशेखर ! शर्व ! ईश ! शंकर ! ईश्वर ! धूर्जटे ! पिनाकपाणे ! गिरीश ! शितिकण्ठ ! सदाशिव !

पिनाकपाणे गिरिश शितिकण्ठ सदाशिव ।
महादेव नमस्तुभ्यं देवदेव नमोऽस्तु ते ॥ ५९ ।
स्तुतिं कर्तुं न जानामि स्तुतिप्रिय महेश्वर ।
तव पादाम्बुजद्वन्द्वे निर्द्वन्द्वा भक्तिरस्तु मे ॥ ६० ।
अयमेव वरो नाथ प्रसन्नोऽसि यदीश्वर ।
नाऽन्यं वरं वृणे त्वत्तः करुणाऽमृतवारिधे ॥ ६१ ।
ततः प्राह महेशानस्तत्स्तुत्या परितोषितः ।
रोहिणेय महाभाग सौम्यसौम्यवचोनिधे ॥ ६२ ।
नक्षत्रलोकादुपरि तव लोको भविष्यति ।
मध्ये सर्वग्रहाणां च सपर्यां लप्स्यसे पराम् ॥ ६३ ।

पिनाकपाणे आजगवहस्त । गिरौ कैलासे शेत इति गिरिश । शितिकण्ठ नीलग्रीव । सदाशिवं कल्याणं यस्मात् सर्वदैकसुखस्वरूपेति वा । देवनं देवः महांश्चासौ देवश्चेति तथा । देवानां देवेति देवदेव हे देवेति वा । आदरे वीप्सा ॥ ५९-६० ।

करुणाऽमृतवारिधे दयासुधासिन्धो ॥ ६१ ।

रौहिणेयेति । यद्यपि तारेयोऽयम्, तथापि चन्द्रपत्नीनां मध्ये तस्याः प्राधान्यात् सपत्नमातृत्वाद्वा तया पुष्टत्वाद्वा तथाऽभिधानमिति ज्ञातव्यम् । सौम्यसौम्येत्यादरे वीप्सा । वचोनिधे वाग्मिन् । सौम्यवचोनिधे मधुरवचसां शेवधे आश्रयेति वा ॥ ६२ ।

सपर्यां पूजाम् ॥ ६३ ।

महादेव ! आपको नमस्कार है । हे देवदेव ! आपको नमस्कार है ॥ ५८-५९ ।

द्विज के इन वचनों को सुनकर दोनों गणसत्तम कहने लगे—हे शिवशर्मन् ! विधाता के नियुक्त निर्मल सप्तर्षि प्रजाओं की सृष्टि के निमित्त इस स्थान पर सदा वास करते हैं । मरीचि, अत्रि, पुलह, पुलस्त्य, क्रतु, अंगिरा और वशिष्ठ, ये सातों महाभाग ब्रह्मा के मानसपुत्र हैं, ये सब पुराण में सप्त ब्रह्मा कहकर निश्चित किये गये हैं ॥ ६-८ ।

संभूति, अनसूया, क्षमा, प्रीति, सन्नति, स्मृति और अरुन्धती ये सातों क्रमानुसार उन सप्तर्षियों की पत्नियाँ हैं, और ये ही (सातों) लोकमाताएँ भी हैं ॥ ९ ।

एतेषां तपसा चैतद्धार्यते भुवनत्रयम् ।
उत्पाद्य ब्रह्मणा पूर्वमेते प्रोक्ता महर्षयः ॥ १० ।
प्रजा सृजत रे पुत्रा नानारूपाः प्रयत्नतः ।
ततः प्रणम्य ब्रह्माणं तपसे कृतनिश्चयाः ॥ ११ ।
अविमुक्तं समासाद्य क्षेत्रं क्षेत्रज्ञधिष्ठितम् ।
मुक्तये सर्वजन्तूनामविमुक्तं शिवेन यत् ॥ १२ ।
प्रतिष्ठाप्य च लिङ्गानि ते स्वनाम्नाङ्कितानि च ।
शिवेति परया भक्त्या तेपुरुग्रन्तपो भृशम् ॥ १३ ।
तुष्टस्तत्तपसा शम्भुः प्राजापत्यपदं ददौ ।
लिङ्गान्यत्रीश्वरादीनि दृष्ट्वा काश्यां प्रयत्नतः ॥ १४ ।
प्राजापत्येऽत्र ते लोके वसन्त्युज्ज्वलतेजसः ।
गोकर्णेशस्य सरसः प्रत्यक्तीरे प्रतिष्ठितम् ॥ १५ ।

तत इति । तत आज्ञादानाऽनन्तरं ते मुनयोऽविमुक्तं समासाद्य तत्र स्वनाम्ना लिङ्गानि प्रतिष्ठाप्य शिवे परया भक्त्याऽति अत्यर्थमुक्तं तपस्तेपुरित्यग्रिमेणाऽन्वयः ॥११॥

कीदृशमविमुक्तम् ? क्षेत्रज्ञेन ईश्वरेण धिष्ठितमाश्रितमित्यर्थः । विष्ठितमिति पाठे विशेषेणाधिष्ठितमित्यर्थः । अविमुक्तनामनिरुक्तिर्मुक्तय इति । सकलप्राणिनां मुक्त्यै शिवेनाविमुक्तं न त्यक्तं यत्तदविमुक्तमित्यर्थः । यद्यस्मादिति वा ॥ १२-१३ ।

प्राजापत्ये प्रजापतीनां मरीच्यादीनां सम्बन्धिनि । गोकर्णेशस्य सरसः प्रत्यक्तीरे पश्चिमे तीरे प्रतिष्ठितं प्रतिष्ठाविधिना स्थापितमित्यर्थः । गोकर्णस्यास्येति पाठे बुद्धिसन्निहितत्वादस्येति निर्देशः ॥ १५ ।

इन्हीं सप्तर्षियों के तपोबल से त्रिभुवन रक्षित है। पूर्वकाल में ब्रह्मा ने इन लोगों को उत्पन्न करके कहा—"हे पुत्रों ! प्रयत्नपूर्वक नानारूप को प्रजाओं की सृष्टि करो"। अनन्तर तपस्यार्थ कृतनिश्चय सप्तर्षिगण ब्रह्मा को प्रणाम कर सब जन्तुओं के मुक्तिजन्य शिव जहाँ पर विराजमान रहते हैं, उसी क्षेत्रज्ञ ईश्वर के अधिष्ठित अविमुक्त क्षेत्र में पहुँचकर वे सब अपने-अपने नाम से अंकित शिवलिंगों की स्थापना कर शिव पर प्रगाढ़ भक्तियोग से अत्युग्र तपस्या करने लगे ॥ १०-१३ ।

शिव ने उन सबकी तपश्चर्या से सन्तुष्ट होकर उन लोगों को प्रजापति का पद प्रदान किया। काशी में अत्रीश्वरादिक लिंगों को यत्नपूर्वक देखने से यहाँ इस प्रजापति-लोक (सप्तर्षिमंडल) में उज्ज्वल तेज से सम्पन्न होकर वास मिलता है। गोकर्णेश्वर

लिङ्गमत्रीश्वरं दृष्ट्वा ब्रह्मतेजोऽभिवर्धते ।
कर्कोटवाप्या ईशाने मरीचेः कुण्डमुत्तमम् ॥ १६ ।
तत्र स्नात्वा नरो भक्त्या भ्राजते भास्करो यथा ।
मरीचीश्वरसंज्ञं तु तत्र लिङ्गं प्रतिष्ठितम् ॥ १७ ।
तल्लिङ्गदर्शनाद्विप्र मारीचं लोकमाप्नुयात् ।
कान्त्या मरीचिमालीव शोभते पुरुषर्षभः ॥ १८ ।
पुलहेशपुलस्त्येशौ स्वर्गद्वारस्य पश्चिमे ।
तौ दृष्ट्वा मनुजो लोके प्राजापत्ये महीयते ॥ १९ ।
हरिकेशवने रम्ये दृष्ट्वैवाङ्गिरसेश्वरम् ।
इह लोके वसेद्विप्र तेजसा परिबृंहितः ॥ २० ।
वरणायास्तटे रम्ये दृष्ट्वा वासिष्ठमीश्वरम् ।
क्रत्वीश्वरं च तत्रैव लभते वसतिन्त्विह ॥ २१ ।

मरीचिमाली सूर्यः ॥ १८ ।

इह वाराणस्यां सप्तर्षिमण्डले वा ॥ २१ ।

सरोवर के पश्चिम तीर पर प्रतिष्ठित अत्रीश्वर लिंग के दर्शन से ब्रह्मतेज वृद्धि होती है। कर्कोट वापी के ईशानकोण पर मरीचि का उत्तम कुण्ड है ॥ १४-१६ ।

मनुष्य वहाँ पर भक्तिपूर्वक स्नान करके सूर्य की तरह दीप्तिमान् होता है और उसी स्थान पर मरीचीश्वर नामक लिंग प्रतिष्ठित है ॥ १७ ।

हे विप्र ! उस लिंग के दर्शन से मरीचिलोक की प्राप्ति होती है, और वह पुरुषश्रेष्ठ (जो दर्शन करता है) मरीचिमाली (सूर्य) के समान कान्तिमान् हो जाता है ॥ १८ ।

पुलहेश्वर और पुलस्त्येश्वर ये दोनों लिंग स्वर्गद्वार के पश्चिम ओर अवस्थित हैं। मनुष्य उनके दर्शन से प्रजापतिलोक में सम्मानित होकर वास करता है ॥ १९ ।

हे विप्र ! रम्यतर हरिकेश वन में आंगिरेश्वर-लिंग के अवलोकन करने से, तेज के द्वारा परिपूर्ण होकर इस लोक में वास प्राप्त होता है ॥ २० ।

वरणा नदी के रमणीय (सोहावन) तट पर स्थित वशिष्ठेश्वर एवं क्रत्वीश्वर का दर्शन करने पर भी इसी प्राजापत्यलोक में निवास प्राप्त होता है ॥ २१ ।

काश्यामेतानि लिङ्गानि सेवितानि शुभैषिभिः ।
मनोऽभिवाञ्छितं दद्युरिहलोके परत्र च ॥ २२ ।

गणावूचतुः—

शिवशर्मन् महाभाग तिष्ठते साऽत्र सुन्दरी ।
अरुन्धती महापुण्या पतिव्रतपरायणा ॥ २३ ।
यस्याः स्मरणमात्रेण गङ्गास्नानफलं लभेत् ।
अन्तःपुरचरैर्द्वित्रैः पवित्रैः सहितो विभुः ॥ २४ ।
सदा नारायणो देवो यस्याश्चक्रे कथां मुदा ।
कमलायाः पुरोभागे पातिव्रत्यसुतोषितः ॥ २५ ।
पतिव्रतास्वरुन्धत्याः कमले विमलाशयः ।
यथाऽस्ति न तथाऽन्यस्याः कस्याश्चित्क्वापि भामिनि ॥२६।

शुभैषिभिः कैवल्येप्सुभिः ॥ २२ ।

वसिष्ठस्याप्यरुन्धतीमिति भागवतोक्तेरपिशब्दाद्वसिष्ठस्यान्या पत्न्यस्ति साऽप्यत्र तिष्ठतीत्याहतुः । पतिव्रतेति ॥ २३ ।

हे **कमले** हे भामिनि पतिव्रतासु मध्ये यथाऽरुन्धत्या विमलाशयोऽस्ति विमलश्चासावाशयश्चेति विमलाशयः शुद्धान्तःकरणमित्यर्थः । न तथा कुत्राऽप्यन्यस्याः कस्याश्चिदित्यर्थः ॥ २६ ।

यदि कोई कल्याण की अभिलाषा से काशी में इन लिंगों का सेवन करे, तो ये सब सेवकों की ऐहिक और पारलौकिक दोनों प्रकार की मनोवांछाओं को परिपूर्ण कर देते हैं ॥ २२ ।

गणों ने कहा—

महाभाग शिवशर्मन् ! यहाँ पर वह महापुण्यवती, पतिव्रतपरायणा, सुन्दरी अरुन्धती निवास करती हैं, जिसके स्मरणमात्र से गंगास्नान का फल प्राप्त होता है और अन्तःपुरचारी दो-तीन पवित्र व्यक्तियों के साथ विभु नारायणदेव पातिव्रत्यधर्म से परम संतुष्ट होकर सर्वदेव जिसकी कथा (चर्चा) हर्षपूर्वक लक्ष्मी देवी के सन्मुख किया ही करते हैं ॥ २३-२५ ।

हे कमले ! पतिव्रताओं के मध्य में अरुन्धती का जैसा निर्मल आशय है, हे भामिनि ! अन्य किसी रमणी का वैसा शुद्ध अन्तःकरण कहीं भी नहीं है ॥ २६ ।

न तद्रूपं न तच्छीलं न तत्कौलीन्यमेव च।
न तत्कलासु कौशल्यं पत्युः शुश्रूषणं न तत् ॥ २७।
न माधुर्यं न गाम्भीर्यं न चार्यपरितोषणम्।
अरुन्धत्या यथा देवि तथाऽन्यासां क्वचित्प्रिये ॥ २८।
धन्यास्ता योषितो लोके सभाग्याः शुद्धबुद्धयः।
अरुन्धत्याः प्रसङ्गे या नामाऽपि परिगृह्णते ॥ २९।
यदा पतिव्रतानां तु कथाऽस्मद्भवने भवेत्।
तदा प्राथमिकीं रेखामेषाऽलङ्कुरुते सती ॥ ३०।

न तदिति श्लोकद्वयं वाक्यम्। हे देवि हे प्रिये अरुन्धत्यां यथा रूपादीनि तथाऽन्यासां न सन्तीत्यर्थः। तत् प्रसिद्धम्। शुश्रूषणं न वेति क्वचित्पाठः ॥ २७।

आर्यपरितोषणं श्वशुरादीनां शुश्रूषणम् ॥ २८।

धन्या इति। याः स्त्रियः प्रसङ्गेऽवसरेऽरुन्धत्या नामाऽपि नाममात्रमपि परिगृह्णते परिगृह्णन्ति ता योषितो धन्या इत्यर्थः। प्रसङ्गेन यन्नाम परिगृह्यत इति क्वचित्पाठस्तत्राऽरुन्धत्याः प्रसङ्गेन यन्नाम यासां नाम परिगृह्यते, ता योषित इत्यादि पूर्ववत् ॥ २९।

यदेति। अस्मद्भवने वैकुण्ठे यदा पतिव्रतानां कथा भवेत्तदा प्राथमिकीं रेखामेषाऽरुन्धती सती पतिव्रताऽलङ्कुरुते। पतिव्रतानां गणनायां यदा रेखा ध्रियन्ते, तदा प्रथमा रेखा एतन्नाम्ना ध्रियते। सर्वपतिव्रतानां मध्ये श्रेष्ठत्वादस्या इति भावः ॥ ३०।

हे देवि! न वह रूप, न वह शील, न वह कौलीन्य, न वह कलाओं में कुशलता, न वह पति का शुश्रूषण, न वह माधुर्य, न वह गाम्भीर्य और न वह गुरुजन का परितोषण, हे प्रिये! ये सब (गुण) जैसे अरुन्धती में हैं, कहीं पर और किसी स्त्री में नहीं पाये जाते ॥ २७-२८।

जो स्त्रियाँ वार्ताप्रसंग पड़ने पर भी अरुन्धती का नाममात्र ले लेती हैं, संसार में वे सब शुद्धबुद्धि सौभाग्यवती रमणियाँ धन्य हैं ॥ २९।

मेरे गृह में जब कभी पतिव्रताओं की चर्चा उठती है, तो यह सती अरुन्धती सबसे प्रथमरेखा को अलंकृत करती है ॥ ३०।

ब्रुवतोरिति संकथां तथा गणयोर्वैष्णवयोर्मुदावहाम् ।
ध्रुवलोक उपागतस्ततो नयनातिथ्यमतथ्यवर्जितः ॥ ३१ ॥

॥ इति श्रीस्कन्दपुराणे काशीखण्डे सप्तर्षिलोकवर्णनं नामाऽष्टादशोऽध्यायः ॥ १८ ॥

ब्रुवतोरिति। ततस्तदनन्तरं वैष्णवयोर्गणयोर्नयनातिथ्यं नेत्रगोचरं ध्रुवलोक उपागतः प्राप्त इत्यन्वयः। कीदृशोर्गणयोः? इत्युक्तप्रकारां संकथां समीचीनां कथां ब्रुवतोर्ब्रुवाणयोः। कीदृशीं कथाम्? मुदावहाम्। कथम्भूतो लोकः? अतथ्यवर्जितो दैनन्दिनप्रलयरहितस्त्रैलोक्यनाशेऽप्यविनश्वर इति यावत्। तथा च भागवते भगवद्वचनम्—'स्थास्नुः परस्तात् कल्पवासिनाम्' इति ॥ ३१ ॥

॥ इति श्रीरामानन्दकृतायां काशीखण्डटीकायामष्टादशोऽध्यायः ॥ १८ ॥

इस प्रकार हर्षप्रद कथनोपकथन करते हुए वे दोनों वैष्णवगण आकल्प सत्यमय ध्रुवलोक को दृष्टिगोचर करने लगे ॥ ३१ ॥

अति पुनीत सप्तर्षि के, मण्डल को छबि देख।
शिवशर्मा हरिदूत सम, भयहु प्रसन्न विशेष ॥ १ ॥

॥ इति श्रीस्कन्दपुराणे चतुर्थे काशीखण्डे पूर्वार्द्धे भाषायां सप्तर्षिलोकवर्णनं नामाऽष्टादशोऽध्यायः ॥ १८ ॥

॥ अथैकोनविंशोऽध्यायः ॥

शिवशर्मोवाच—

तिष्ठन्नेकेन पादेन कोऽयं भ्रमति सत्तमौ ।
अनेकरसनाव्यग्रहस्ताग्रो व्यग्रलोचनः ॥ १ ।
त्रिलोकीमण्डपस्तम्भसन्निभोभाभिरावृतः ।
अतुलं ज्योतिषां राशिं तुलया तुलयन्निव ॥ २ ।
सूत्रधार इव व्योमव्यायामपरिमापकः ।
त्रैविक्रमोंघ्रिदण्डो वा प्रोद्दण्डो गगनाङ्गणे ॥ ३ ।

एकोनविंशकेऽध्याय उपरिष्टात्त्रिलोकतः ।
वर्ण्यतेऽत्यद्भुताकारो ध्रुवलोको ध्रुवः परः ॥ १ ।

ध्रुवलोक उपागतस्ततो नयनातिथ्यमित्युक्तं तत्र तिष्ठन्निति प्रथमश्लोकेन सन्दिग्धत्वेनानूद्य त्रिलोकीत्यादिना सार्धद्वयेन मध्ये चतुर्धोत्प्रेक्ष्य पश्चात् कोऽयमित्यर्थेन पृच्छति । **तिष्ठन्नेकेनेत्यादिना** । एकेन पादेनार्थादेकं पादमुत्तोल्येत्यर्थः । यद्वा एकेन पादेन एकरूपत्वेन स्थितेन पादद्वयेनेत्यर्थः । तिष्ठन् हे सत्तमौ सतां मध्ये श्रेष्ठौ कोऽयं भ्रमति ? कथम्भूतः ? अनेकरसनाव्यग्रहस्ताग्रो नानाविधवातमयरज्ज्वाकुलकराङ्गुलिः । व्यग्रलोचनः चञ्चलनेत्रः ॥ १ ।

त्रिलोक्येव मण्डपस्तस्य स्तम्भसन्निभः स्थूणासदृशः । भाभीरश्मिभिरावृतः । एवं सन्देहास्पदत्वेनानूद्य चतुर्धोत्प्रेक्षते । अतुलमपरिमितं ज्योतिषां सूर्यादीनां राशिं तुल्या परिमाणपात्रेण तुलयन्निव परिमाणयन्निवेत्यर्थः ॥ २ ।

व्योमव्यायामस्याकाशविस्तारस्य परिमापकः परिगणको वा । अग्रिमस्य वाशब्दस्याऽत्रानुषङ्गः । क इव ? सूत्रधार इव । यथा गृहीतसूत्रः स्थपत्यादिर्गृहादिभूमिं

(ध्रुवोपाख्यान में ध्रुव का त्याग)

शिवशर्मा कहने लगे—

हे दोनों सत्तम ! एक पद को मोड़े (एक पाँव से खड़ा) वायुमय अनेक रज्जु (डोरी) के खीचने में व्याकुल हस्ताग्र, चंचल नेत्र यह कौन घूम रहा है ?॥ १ ।

यह तेज से व्याप्त, त्रैलोक्य-मंडप के स्तंभसदृश पुरुष, तो मानो (तुला) तराजू पर अतुलनीय ज्योतिराशि को तौल रहा है, (अथवा) सूत्रधार (नट) के नाईं आकाश-विस्तार को माप (नाम) रहा है, या गगनांगण में उत्थित (खड़ा हुआ) त्रिविक्रम

अथवाऽम्बरकासारसारयूपस्वरूपधृक् ।
कोऽयं कथ्यतां देवौ कृपया परया मम ॥ ४ ।
निशम्येति वचस्तस्य वयस्यस्य विमानगौ ।
[1]प्रणयादाहतुस्तस्मै ध्रुवां ध्रुवकथां गणौ ॥ ५ ।

गणावूचतुः—

मनोः स्वायम्भुवस्यासीदुत्तानचरणः सुतः ।
तस्य क्षितिपतेर्विप्र द्वौ सुतौ संबभूवतुः ॥ ६ ।
सुरुच्यामुत्तमो ज्येष्ठः सुनीत्यां तु ध्रुवोऽपरः ।
मध्येसभं नरपतेरुपविष्टस्य चैकदा ॥ ७ ।

परिमापयति, तद्वदित्यर्थः । परिमाणक इति पाठेऽपि स एवाऽर्थः । त्रिविक्रमो वामनः तदीयस्त्रैविक्रमोंघ्रिदण्डः पाददण्डो वा । कथं भूतः ? प्रोद्दण्डो महत्तर इत्यर्थः । गगनमेवाऽङ्गणं प्राङ्गणं तस्मिन् ॥ ३ ।

अथवाऽम्बरमाकाशमेव कासारः सरस्तत्र सारयूपस्वरूपधृक् यूपस्वरूपभृत् । तदेवं चतुर्धोत्प्रेक्ष्य पृच्छति । **कोऽयमिति** ॥ ४ ।

निशम्येत्यगस्त्योक्तिः । ध्रुवां ध्रुवफलां निश्चितफलां निश्चितार्थामिति यावत् ॥ ५ ।

उत्तानचरण उत्तानपादः ॥ ६ ।

अपरः कनिष्ठः । मध्येसभं सभाया मध्ये ॥ ७ ।

(विराट्) भगवान् का चरण है । अथवा हो न हो, यह आकाशरूपी सरोवर के सारयूप (खंभा, लाट) ही का सरूप धारण किये है । हे देव ! यह कौन है ? बड़ी कृपा कर मुझसे कहिये ॥ २-४ ।

विमानस्थित दोनों देवदूत (विष्णुगण) अपने मित्र के इस वचन को सुनकर प्रणयवश ध्रुव के चिरस्थायी होने का वृत्तान्त कहने लगे ॥ ५ ।

दोनों गण बोले—

स्वायंभुव मनु के उत्तानपाद नामक एक पुत्र थे । हे विप्र ! उस राजा के दो पुत्र उत्पन्न हुए ॥ ६ ।

सुरुचि के ज्येष्ठ पुत्र उत्तम और सुनीति के दूसरे पुत्र ध्रुव हुए । एक बार सभा के मध्य में राजा विराजमान थे, तो सुनीति ने अपने पुत्र ध्रुव को वेष-भूषण से

---

१. प्रणयादूचतुरित्यपि पाठः ।

सुनीत्या राजसेवार्थं नियुक्तोऽलङ्कृतोऽर्भकः ।
ध्रुवो धात्रेयिकापुत्रैः समं विनयतत्परः ॥ ८ ।
स गत्वोत्तानचरणं क्षोणीशं प्रणनाम ह ।
दृष्ट्वोत्तमं तदुत्सङ्गे निविष्टं जनकस्य वै ॥ ९ ।
प्रोच्चसिंहासनस्थस्य नृपतेर्बाल्यचापलात् ।
आरोढुकामस्त्वभवत्सौनीतेयस्तदा ध्रुवः ॥ १० ।
आरुरुक्षुमवेक्ष्याऽमुं सुरुचिर्ध्रुवमब्रवीत् ।
दौर्भगेय किमारोढुमिच्छेरङ्कं महीपतेः ॥ ११ ।
बालबालिशबुद्धित्वादभाग्या जठरोद्भव ।
अस्मिन् सिंहासने स्थातुं न त्वया सुकृतं कृतम् ॥ १२ ।
यदि स्यात्सुकृतं तत्कि दुर्भगोदरगोऽभवः ।
अनेनैवाऽनुमानेन बुध्यस्व स्वाऽल्पपुण्यताम् ॥ १३ ।

नियुक्तः प्रेषितः । धात्रेयिकापुत्रैरुपमातृकापुत्रैः सह ॥ ८ ।
आरोढुकाम आरुरुक्षुमित्यत्र च अग्रिमस्याङ्कमित्यस्यानुषङ्गः ॥ १० ।
दौर्भगेय दुर्भगायाः पुत्रः ॥ ११ ।
बाल हे बालक । बालिशबुद्धित्वान्मूर्खबुद्धित्वात् ॥ १२ ।
तत्तदा । किं कथम् । अभवो जातोऽसि ॥ १३ ।

सुसज्जित कर राजा की सेवा में भेजा । विनयतत्पर ध्रुव ने धात्री के बालकों के साथ राजसभा में उपस्थित होकर राजा उत्तानपाद को प्रणाम किया । उस घड़ी सुनीति के पुत्र ध्रुव ने ऊँचे सिंहासन पर बैठे हुए पिता महाराज की गोद में उपविष्ट उत्तम को देखा । बाल्य-चपलता के कारण स्वयं भी उस पर चढ़ना चाहा ॥ ७-१० ।

सुरुचि ने ध्रुव को राजा की गोद में बैठने का अभिलाषी देखकर कहा—रे दुर्भगा-पुत्र ! लड़के ! क्या लड़कपन की बुद्धि से महाराज की गोद में चढ़ना चाहता है ? अरे अभागिनीगर्भसंभूत ! इस सिंहासन पर बैठने का तू ने पुण्य नहीं किया है ॥ ११-१२ ।

यदि कुछ भी पुण्य किया होता, तो दुर्भगा के उदर से क्यों उत्पन्न होता ? इसी अनुमान के द्वारा अपनी अल्पपुण्यता का विषय-विचार देख राजकुमार होने पर भी

भूत्वा राजकुमारोऽपि नालङ्कुर्या ममोदरम् ।
सुकुक्षिजममुं पश्य त्वमुत्तममनुत्तमम् ॥ १४ ।
अधिजानु धराजानेर्मानेन परिबृंहितम् ।
प्रांशोः सिंहासनस्यास्य रुचिश्चेदधिरोहणे ॥ १५ ।
कुक्षिं हित्वा किमवसः सुरुचेश्च सुरोचिषम् ।
मध्ये भूपसभं बालस्तयेति परिभर्त्सितः ॥ १६ ।
पतन्निपीतबाष्पाम्बुर्धैर्यात् किञ्चिन्न चोक्तवान् ।
उचिताऽनुचितं किञ्चिन्नोचिवान् सोऽपि पार्थिवः ॥ १७ ।
नियन्त्रितो महिष्याश्च तस्याः सौभाग्यगौरवात् ।
विसृज्य च सभालोकं शोकं संमृज्य चेष्टितैः ॥ १८ ।

नालङ्कुर्याः नालंकृतवानसि । न विद्यते उत्तमो यस्मात् स तथा तमनुत्तमम् ॥ १४ ।

धराजानेः पृथ्वीपतेः । परिबृंहितमुपलालितम् । प्रांशोरिति । अस्य प्रांशोरुच्चस्य सिंहासनस्याऽधिरोहणे रुचिश्चेत्तदा सुरुचेर्मम कुक्षिमुदरं हित्वा किं किमर्थमवसो वसतिं कृतवानसि सुनीतेः कुक्षाविति शेषः । कथम्भूतं कुक्षिम् ? सुरोचिषं सुष्ठु दीप्तिमन्तम् ॥ १५-१६ ।

पतन्निर्गच्छन्निपीतं बाष्पाम्बु नेत्रजलं येन स पतन्निपीतबाष्पाम्बुः । उचिताऽनुचितम्, भद्राऽभद्रम् ॥ १७ ।

उचिताऽनुचितानुक्तौ हेतुस्तस्याः सुरुच्याः पट्टमहिष्याः सौभाग्यगौरवात् सौभाग्याऽतिशयेन नियन्त्रितो वशीकृत इति ॥ १८ ।

तू मेरे गर्भ को अलंकृत नहीं कर सका । सुन्दर कुक्षि (कोंख—गर्भ) से उत्पन्न हुए परमोत्तम उत्तम को देखो । महीपति की गोद में (जांघों पर) बैठकर आदर और गौरव के साथ कैसा वर्द्धित हो रहा है ? यदि इस ऊँचे सिंहासन पर बैठने की रुचि थी, तो सुरुचि के शोभन गर्भ को छोड़कर दूसरी के उदर में क्यों वसा (रहा) ? राजसभा के बीच सुरुचि ने उस बालक ध्रुव को बहुत ही डपटा (धिक्कारा) ॥ १३-१६ ।

पर ध्रुव गिरते हुए अश्रुजल को पीकर धैर्यवश कुछ नहीं बोला और महिषी सुरुचि के सौभाग्य-गौरव से जकड़े (नियन्त्रित) हुए भूपाल ने भी उचित-अनुचित कुछ भी नहीं कहा । बालक ध्रुव भी सभादर्शन को छोड़, बालोचित चेष्टाओं द्वारा शोक छिपा

शैशवैः स शिशुर्नत्वा नृपं स्वसदनं ययौ।
सुनीतिर्नीतिनिलयमवलोक्याऽथ बालकम् ॥ १९ ॥
मुखलक्ष्यैव चाज्ञासीत् ध्रुवं समवमानितम्।
अभिसृत्य च तं बालं मूर्ध्न्युपाघ्राय साऽसकृत् ॥ २० ॥
किञ्चित्परिम्लानमिव ससान्त्वं परिषस्वजे।
अथ दृष्ट्वा सुनीतिं स रहोऽन्तःपुरवासिनीम् ॥ २१ ॥
दीर्घं निःश्वस्य बहुशो मातुरग्रे रुरोद ह।
सान्त्वयित्वाऽश्रुनयना वदनं परिमार्ज्य च ॥ २२ ॥
दुकूलाञ्चलसम्पर्कैर्मृदुलैर्मृदुपाणिना।
पप्रच्छ तनयं माता वद रोदनकारणम्।
विद्यमाने नरपतौ शिशुः केनाऽपमानितः ॥ २३ ॥

शैशवैः शिशुसम्बन्धिभिश्चेष्टितैः। शोकं संमृज्य प्रकटमकृत्वा स ध्रुवः शिशुर्बालः। शिशुभिः सह सशिशुरिति वा ॥ १९ ॥

मुखलक्ष्म्या मुखशोभया म्लानमुखश्रियेत्यर्थः। समवमानितं सम्यगवज्ञातम् ॥ २० ॥

किञ्चित्परिम्लानमिव मनाक् ग्लानमिव। ससान्त्वनसहितं यथा स्यात् परिषस्वजे आलिङ्गितवती ॥ २१ ॥

दुकूलाञ्चलसम्पर्कैः पट्टवस्त्रान्तसंघर्षणैः। कथम्भूतैः ? मृदुलैः कोमलैः ॥ २३ ॥

राजा को प्रणाम कर अपने घर चला गया। सुनीति भी नीतिशाली उस (अपने) बालक को देखकर मुखश्री के द्वारा ही ध्रुव को अपमानित समझ गयी। सुनीति ने तुरन्त समीप जाकर बारम्बार उसका मस्तक सूँघते हुए मानो कुछ कुम्हिलाये हुए (म्लान) ध्रुव को सांत्वना करती (चुमकारती) हुई हृदय से लगा लिया। तत्पश्चात् सुनीति को निर्जन अन्तःपुर में अकेली देखकर ध्रुव बड़ी लंबी सांस लेकर माता के आगे रोदन करने लगा। माता ने अश्रुपूर्ण नेत्रों से पुत्र को समझाया और कोमल हस्त से, मृदुल वस्त्र के अंचलों से उसके मुख को पोंछकर पूछा—कहो (तो सही) क्यों रोते हो? बेटा! राजा के विद्यमान रहते ही किसने तुम्हारा अपमान किया? ॥ १७-२३ ॥

अपोऽथ समुपस्पृश्य ताम्बूलं परिगृह्य च ।
मात्रा पृष्टः सोपरोधं ध्रुवस्तां पर्यभाषत ॥ २४ ।
संपृच्छे जननि त्वाऽहं सम्यक् शंस ममाऽग्रतः ।
भार्यात्वेऽपि च सामान्ये कथं सा सुरुचिः प्रिया ॥ २५ ।
कथं न भवती मातः प्रिया क्षितिपतेरसि ।
कथमुत्तमतां प्राप्त उत्तमः सुरुचेः सुतः ॥ २६ ।
कुमारत्वेऽपि सामान्ये कथं त्वहमनुत्तमः ।
कथं त्वं मन्दभाग्याऽसि सुकुक्षिः सुरुचिः कथम् ॥२७ ।
कथं नृपासनं योग्यमुत्तमस्य कथं न मे ।
कथं मे सुकृतं तुच्छमुत्तमस्योत्तमं कथम् ॥ २८ ।
इति श्रुत्वा वचस्तस्य सुनीतिर्नीतिमच्छिशोः ।
किञ्चिदुच्छ्वस्य शनकैः शिशुकोपोपशान्तये ॥ २९ ।

केनास्यमानितः केन जनेनापमानिताऽवमानितस्तिरस्कृतोऽसि भवसि जातोऽसीत्येतत् । सोपरोधं उपरोधसहितं यथा स्यात् । यद्वा सोपरोधमन्तःपुरं निभृतमित्येतत् । स ध्रुवस्तामिति पाठे तां मातरं पर्यभाषत परितोभावेन पप्रच्छेत्यर्थः ॥ २४ ।

भाषणमेवाह । संपृच्छे इति चतुर्भिः । संपृच्छे पृच्छामि । जननि हे मातः । त्वा त्वाम् । सम्यक् शंस सत्यं कथय ॥ २५ ।

अहं ते सुत इत्यनुषज्जते । अनुत्तमोऽपकृष्टस्तुच्छ इत्यर्थः ॥ २७ ।

नीतिमद्वच इत्यन्वयः । नीतिमांश्चासौ शिशुश्चेति नीतिमच्छिशुः । नीतिमच्छिशोस्तस्य ध्रुवस्य वचः इति वाऽन्वयः ॥ २९ ।

इसके अनन्तर जल से कुल्लाकर पान ले (खाय) माता के सहठ पूछने पर ध्रुव उससे कहने लगा—माता ! मैं तुमसे पूछता हूँ, मुझसे ठीक-ठीक कहना । तुम और सुरुचि दोनों ही जब महाराज की एक ही रीति की भार्य्या हो, तो वह सुरुचि ही क्यों प्रियतमा है ॥ २४-२५ ।

हे माता ! तुम क्यों भूपति की प्यारी नहीं हो ? समान राजकुमार होने पर भी क्यों उत्तम उत्तम है, और मैं अनुत्तम हूँ ? क्यों तुम मन्दभाग्या हो और सुरुचि क्यों सुकुक्षि है ? क्यों राजा का सिंहासन उत्तम के योग्य है, पर मेरे योग्य नहीं है ? क्यों मेरा पुण्य तुच्छ है और उत्तम का उत्कृष्ट है ? ॥ २६-२८ ।

राजनीति विशारदा सुनीति ने नीतिमान् बालक ध्रुव की इस वाणी को सुनकर धीरे-धीरे कुछ लम्बी सांस लेकर लड़के के कोप-शान्ति-निमित्त सापत्न्य-

स्वभावमधुरां वाणीं वक्तुं समुपचक्रमे ।
सापत्नं प्रतिघं त्यक्त्वा राजनीतिविदांवरा ॥ ३० ।

सुनीतिरुवाच—

अयि तात महाबुद्धे विशुद्धेनान्तरात्मना ।
निवेदयामि ते सर्वं माऽपमाने मतिं कृथाः ॥ ३१ ।
तया यदुक्तं तत्सर्वं तथ्यमेव न चाऽन्यथा ।
सा पत्युर्महिषी राज्ञो राज्ञीनामतिवल्लभा ॥ ३२ ।
तया जन्मान्तरे तात यत्पुण्यं समुपार्जितम् ।
तत्पुण्योपचयाद्राजा सुरुच्यां सुरुचिर्भृशम् ॥ ३३ ।
मादृश्यो मन्दभाग्यायाः प्रमदा सुप्रतिष्ठिताः ।
केवलं राजपत्नीत्ववादस्तासु न तद्रुचिः ॥ ३४ ।

सापत्नं सपत्नीविषयं प्रतिघं प्रतिकूलं प्रतिपक्षमिति यावत् ॥ ३० ।

अयोति सानुकम्पसम्बोधने । कृथाः कुरु ॥ ३१ ।

मादृश्य इति । प्रमदासु मध्ये प्रतिष्ठिताः स्थिता मादृश्यो या मन्दभाग्यास्तास्वस्माकं केवलं राजपत्नीत्ववादो नृपभार्यात्वकथनमात्रं न तद्रुचिः तस्योत्तानपादस्य राज्ञो रुचिः प्रीतिर्नास्तीत्यर्थः ॥ ३४ ।

प्रतिपक्षता (सवतिया डाह) को छोड़कर स्वभावतः मधुर वचन कहना आरम्भ किया ॥ २९-३० ।

सुनीति बोली—

अयि ! महाबुद्धे ! तात (भैया) ! मैं तुमसे विशुद्ध अन्तःकरण से सब बातें निवेदन करती हूँ । इससे मन में अपमान मत करना ॥ ३१ ।

उसने (सुरुचि ने) जो कुछ कहा, वह सब बहुत ठीक ही है, कुछ झूठ नहीं है। वह पति की महिषी है और सब रानियों में राजा की बडी प्रेयसी है ॥ ३२ ।

बाबा ! उसने पूर्वजन्म में जो पुण्य संचित किया है, उसी के प्रकृष्टफल से भूपति सुरुचि पर बड़ी ही सुरुचि बनाये रखते हैं ॥ ३३ ।

मेरी ऐसी मन्दभाग्या राजा की सामान्य-स्त्रियों में गिनी जाती हैं। केवल (नाममात्र को) राजपत्नी कहलाती हैं; परन्तु इन सब पर राजा की वह रुचि नहीं है ॥ ३४ ।

महासुकृतसम्भारैरुत्तमश्चोत्तमोदरे ।
उवास तस्याः पुण्यायाः नृपसिंहासनोचितः ॥ ३५ ।
आतपत्रं च चन्द्राभं शुभे चापि च चामरे ।
भद्रासनं तथोच्चं च सिन्धुराश्च मदोद्धुराः ॥ ३६ ।
तुरङ्गमाश्च तुरगास्त्वनाधिव्याधिजीवितम् ।
निःसपत्नं शुभं राज्यं प्राज्यं हरिहरार्चनम् ॥ ३७ ।
विपुलं च कलाज्ञानमधीतमपराजितम् ।
तथा जयोऽरिषड्वर्गे स्वभावात्सात्त्विकी मतिः ॥ ३८ ।
दृष्टिः कारुण्यसम्पूर्णा वाणी मधुरभाषिणी ।
अनालस्यं च कार्येषु तथा गुरुजने नतिः ॥ ३९ ।
सर्वत्र शुचिता तात सा परोपकृतिः सदा ।
और्जस्वला मनोवृत्तिः सदैवादीनवादिता ॥ ४० ।

आतपात्रं चेत्याद्यानां नियमैर्यमैरित्यन्तानां द्वादशश्लोकानामेतैर्मनोरथफलैस्त-पोद्रुमाः तपांस्येव द्रुमः वृक्षाः फलन्त्येवेति त्रयोदशेनाऽन्वयः । भद्रासनं राजसिंहासनम् । सिन्धुराः गजाः । मदोद्धुरा मदोन्मत्ताः । तुरङ्गमाः अश्वाः । तुरगाः शीघ्रगाः । अनाधिव्याधि न विद्येते आधिव्याधी मानसव्यथारोगौ यस्मिंस्तज्जीवितम् । तथा प्राज्यं प्रजासुखम् । यद्वा प्राज्यं श्रेष्ठम् । प्राच्यमिति पाठे प्राच्यं प्राची दिग् भवमैश्वर्यम् । एतच्चाग्न्यादिदिग्भवैश्वर्याणामुपलक्षणम् ॥ ३६-३७ ।

अपराजितं परैः शत्रुभिरिति शेषः । अरिश्चासौ षड्वर्ग इन्द्रियषड्वर्ग श्चेत्यरि-षड्वर्गः तस्मिन् । इन्द्रियारिषड्वर्गस्य पराभव इत्यर्थः । अरिषड्वर्गैरिति पाठे अजय इति च्छेदः ॥ ३८-३९ ।

सा प्रसिद्धा । येति वा पाठः । और्जस्वला औदार्यवती ॥ ४० ।

उत्तम ने बड़े पुण्यसंभारों से पुण्यमयी माता के उत्तमगर्भ में निवास किया है, अतएव वह सिंहासन के योग्य हुए हैं ॥ ३५ ।

चन्द्रप्रभ छत्र, शुभ्र दो चामर, वैसा ऊँचा राजसिंहासन, मदमत्त हाथियाँ, शीघ्रगामी घोड़े, आधि-व्याधिरहित जीवन, निष्कंटक उत्तम राज्य, सर्वश्रेष्ठ हरिहर का पूजन, विपुल कलाओं का ज्ञान, अध्ययन अपराजय, काम-क्रोधादि अरिषड्वर्ग का जय, स्वभावसिद्ध सात्त्विकी बुद्धि, कारुण्यपूर्ण दृष्टि, मधुर वचन, कार्यों में निरालसता, गुरुजन में प्रणति (नम्रता), सर्वत्र पवित्रता, सर्वदैव परोपकार, औदार्यवती (तेज-

सदोऽजिरे च पाण्डित्यं प्रागल्भ्यं च रणाङ्गणे।
आर्जवं बन्धुवर्गेषु काठिन्यं क्रयविक्रये ॥ ४१ ।
मार्दवं स्त्रीप्रयोगेषु वत्सलत्वं प्रजासु च।
ब्राह्मणेभ्यो भयं नित्यं वृद्धवृत्त्युपजीवनम् ॥ ४२ ।
वासो भागीरथीतरे तीर्थे वा मरणं रणे।
अपराङ्मुखताऽर्थिभ्यः प्रत्यर्थिभ्यो विशेषतः ॥ ४३ ।
भोगः परिजनैः सार्धं दानावन्ध्यदिनागमः।
विद्याव्यसनिता नित्यं नित्यं पित्रोरुपस्थितिः ॥ ४४ ।
यशसः सञ्चयो नित्यं नित्यं धर्मस्य सञ्चयः।
स्वर्गापवर्गयोः सिद्धिः सदा शीलस्य मण्डनम् ॥ ४५ ।
सद्भिश्च सङ्गतिर्नित्यं मैत्री च पितृमित्रकैः।
इतिहासपुराणानामुत्कण्ठा श्रवणे सदा ॥ ४६ ।

सदोऽजिरे सभाङ्गणे ॥ ४१ ।

स्त्रीप्रयोगेषु स्त्रीविषयव्यवहारेषु। वृद्धानां सदाचाराणां या वृत्तिर्वर्तनं तेनोपजीवनं जीवनसम्पादनम्। वृद्धबुध्युपजीवनमिति क्वचित् ॥ ४२ ।

वासो मरणमिति तीर्थे रणे इत्युभयत्र सम्बध्यते। प्रत्यर्थिभ्यः प्रतिकूलार्थिभ्यः शत्रुभ्य इत्यर्थः ॥ ४३ ।

दानावन्ध्यो दानैरव्यर्थो दिनागमो दिवसागमनं प्रत्यहं दानमित्यर्थः। उपस्थितिरुपस्थानमनुकूलाचरणमिति यावत् ॥ ४४ ।

शीलस्य सद्वृत्तस्य मण्डनं भूषणं प्रत्यहं सद्वृत्ताचरणमित्यर्थः ॥ ४५ ।

पितृमित्रकैः पितुर्मित्रैः सह पितृवद्यानि मित्राणि तैः सहेति वा। इतिहासपुराणानां इतिहासा महाभारतादयः, पुराणानि ब्रह्मादीनि तेषाम् ॥ ४६ ।

स्विनी) मनोवृत्ति, निरन्तर अदीनवादिता, सभा के मध्य पाडित्य, रणाजिर से ढिठाई, बन्धुवर्ग पर सरलता (सिधाई), क्रय-विक्रय में कठिनता, स्त्रियों के व्यवहार में कोमलता, प्रजाओं पर वत्सलता, ब्राह्मणगण से सदा भीरुता, सदाचारवृत्ति से जीवन-निर्वाह, भागीरथी (गंगा) के तट पर वास, किसी तीर्थक्षेत्र अथवा रणक्षेत्र में मरण, याचकों से विमुख होना, विशेषतः शत्रुगण से मुँह न मोड़ना, परिजनों सहित (सुखादि) भोग, दानादि के द्वारा दिन को सफल करना, नित्य ही विद्या की व्यसनिता, सर्वदा माता-पिता का सेवन, प्रतिदिन यश का संचय, सदैव धर्म का उपार्जन, स्वर्ग और मोक्ष की सिद्धि, निरन्तर सद्वृत्त का आचरण, सदा सज्जनों की संगति, पिता

विपद्यपि परं धैर्यं स्थैर्यं सम्पत्समागमे ।
गाम्भीर्यं वाग्विलासेषु औदार्यं पात्रपाणिषु ॥ ४७ ।
देहे परैका कृशता तपोभिर्नियमैर्यमैः ।
एतैर्मनोरथफलैः फलन्त्येव तपोद्रुमाः ॥ ४८ ।
तस्मादल्पतपस्त्वाद्धि त्वं चाहं च महामते ।
प्राप्याऽपि राजसान्निध्यं राजलक्ष्म्या न भाजनम् ॥४९।
मानाऽपमानयोस्तस्मात् स्वकृतं कारणं परम् ।
स्त्रष्टाऽपि नापमार्ष्टुं तत् परोष्टे स्वकृतां कृतिम ।
मा शोचस्त्वमतः पुत्र दिष्टमिष्टं समर्पयेत् ॥ ५० ।
इत्याकर्ण्य सुनीत्यास्तन्महावाक्यं सुनोतिमत् ।
सौनोतेयो ध्रुवोवाचमाददे वक्तुमुत्तरम् ॥ ५१ ।

वाग्विलासेषु वचनप्रयोगेषु । औदार्यदातृत्वम् ॥ ४७ ।

परा मुख्या केवला वा । एतैरातपत्रादिकृशतान्तैर्मनोरथफलैर्मनोराज्यवत्फलत्वेन कल्पितैः मनोऽभिलाषितफलैरिति वा कृत्वा तपोद्रुमाः फलन्तीति ॥ ४८ ।

प्रस्तुतमुपसंहरति । **तस्मादिति** ॥ ४९ ।

स्वकृतं स्वेन कृतं कर्म । स्वकृतां कृतिं स्वेन कृतं कर्म स्त्रष्टा पितामपमार्ष्टुं न परोष्टे न समर्थं इत्यर्थः । सान्त्वयति । मा शोच इति । दिष्टं दैवम् । समर्पयेत् प्रापयेत् । समुन्नयेदिति पाठेऽपि स एवाऽर्थः ॥ ५०-५१ ।

के मित्रों के साथ मित्रता, इतिहासपुराण आदि श्रवण (करने) की उत्कंठा, विपत्ति पड़ने पर भी बड़ी धीरता, संपति मिलने पर भी स्थिरता, वाग्विलास में गंभीरता, पात्रपाणि भिक्षुकों पर उदारता, तप, नियम और यम के द्वारा शरीर में एक प्रकार की उत्कृष्ट कृशता, तपस्यारूपी वृक्ष इन्हीं मनोरथमय फलों से फलते हैं। अतएव हे महामते ! तुम और मैं अधिक तपस्या नहीं कर सकी; क्योंकि राजसांनिध्य पाने पर भी राजलक्ष्मी के भागी (पात्र) नहीं हो सकी ॥ ३६-४९ ।

इसलिये मान और अपमान के कारण अपने ही अपने कर्म हैं। ब्रह्मा भी निज-कृतकर्मफल को अन्यथा नहीं कर सकते। अतः हे बेटा ! तुम शोच मत करो। भाग्य ही इष्ट वस्तु को भी समर्पण करता है ॥ ५० ।

सुनीति के इन नीतिमय वाक्यों को सुनकर सुनीति के पुत्र ध्रुव ने उत्तर देना आरम्भ किया ॥ ५१ ।

ध्रुव उवाच—

जनयित्रि सुनीते मे शृणु वाक्यमनाकुलम् ।
मा बाल इति मत्वा मामवमंस्थास्तपस्विनि ॥ ५२ ।
यद्यहं मानवे वंशे जातोऽस्म्यत्यन्तपावने ।
उत्तानपादतनयस्त्वदीयोदरसम्भवः ॥ ५३ ।
तप एव हि चेन्मातः कारणं सर्वसम्पदाम् ।
तत्तदासादितं विद्धि पदमन्यैर्दुरासदम् ॥ ५४ ।
एकमेव हि साहाय्यं कुरु मातरतन्द्रिता ।
अनुज्ञादानमात्रं च आशीर्भिरभिनन्दय ॥ ५५ ।
साऽपि ज्ञात्वा महावीर्यं कुमारं कुक्षिसम्भवम् ।
महत्योत्साहसम्पत्त्या राजमानमुवाच तम् ॥ ५६ ।

अन्यैर्दुरासदं यत्पदं तदासहितं विद्धीत्यन्वयः ॥ ५४ ।

अनुज्ञादानमात्रं चेति चकारो भिन्नक्रमे । अनुज्ञादानमात्रं कुरु आशीर्भिरभिनन्दय चेत्यर्थः ॥ ५५ ।

राजमानं भ्राजमानम् ॥ ५६ ।

ध्रुव बोले—

हे जननि ! सुनीति ! मेरी बात स्थिर होकर सुनो । तपस्विनि ! (कष्टयोगिनि) मुझे लड़का जानकर अपमान मत करो ॥ ५२ ।

(माँ !) यदि मैं अत्यन्त पावन मनुवंश में उत्पन्न हुआ हूँ और महाराज उत्तानपाद का औरस पुत्र हूँ तथा तुम्हारे गर्भ से उत्पन्न हूँ, तो हे माता ! यदि तपस्या ही सब संपत्तियों का कारण है, तो दूसरों से परमदुर्लभ पद को भी प्राप्त ही जानो ॥ ५३-५४ ।

हे माता ! मोह में न पड़कर तपस्या करने की आज्ञा मुझे दो और आशीर्वादों के द्वारा मुझे अभिनन्दित करो । (बस) यही एक सहायता तुम्हारी है ॥ ५५ ।

वह सुनीति निजगर्भसंभव कुमार को महावीर्यशाली और परम उत्साही विचार कर भी उससे कहने लगी—हे स्तन्यपायिन् पुत्र ! आज भी तुम्हारी अवस्था

अनुज्ञातुं न शक्ताऽहं त्वामुत्तानशयाङ्गज ।
साष्टैकवर्षदेशीयं तथापि कथयाम्यहम् ॥ ५७ ।

सपत्नीवाक्यभल्लीभिर्भिन्ने महति मे हृदि ।
तव वाष्पौघवारीणि न तिष्ठन्ति करोमि किम् ॥ ५८ ।

तानि मन्येऽत्र मार्गेण स्रवन्त्यविरतं शिशो ।
स्रवन्तीश्च चिकीर्षयन्ति प्रतिकूलजलाः किल ॥ ५९ ।

शय्यतेऽनेनेति शयः पादः । पादप्रसारणपूर्वकं हि सर्वे शेरत इति सर्वेषामनुभवसिद्धम् । उत्तान उच्चैः शयो यस्य स उत्तानशय उत्तानपादस्तस्याऽङ्गजः उत्तानशयाङ्गजः । हे उत्तानशय हे स्तनन्धयेति पृथग् वा पदम् । स्यादुत्तानशयोडिम्भस्तनयश्च स्तनन्धय इत्यमरः । अनुत्तानशयेप्युत्तानशयपदप्रयोगस्त्वार्द्रचित्ततया । आत्मजेति क्वचित् । साष्टैकवर्षदेशीयम् अष्टाभिः सह वर्तत इति साष्टं, साष्टं च तदेकवर्षं चेति साष्टैकवर्षं ईषदसमाप्तं साष्टैकवर्षं यस्य स साष्टैकवर्षदेशीयः । "ईषदसमाप्तौ कल्पब्देश्यदेशीयरः" इति देशीयर्प्रत्ययः । सप्ताष्टदेश्यवर्षीयमिति पाठे ईषदसमाप्तानि सप्त वाऽष्ट वा वर्षाणि यस्य तमित्यर्थः । एवंभूतं त्वां यद्यप्यनुज्ञातुमाज्ञां दातुं न शक्नोमि, तथापि कथयाम्याज्ञां प्रयच्छामीत्यर्थः ॥ ५७ ।

आज्ञानर्हेप्याज्ञादाने हेतुमाह । **सपत्नीति** । सपत्नीदुष्टवाक्यान्येव भल्ल्यो बाणास्तैर्मे तव च हृदि भिन्ने सति बाष्पनिवहजलानि न तिष्ठन्ति । तव त्वत्सम्बन्धीनि त्वन्निमित्तानि बाष्पौघवारीणीति वा । अतः किं करोमि एतदर्थमाज्ञां प्रयच्छामीत्मर्थः । तत्तद्वाक्यौघवारीणीति क्वचित् ॥ ५८ ।

आज्ञादाने हेत्वन्तरमाह । **तानीति** । किल प्रसिद्धौ । हे शिशो तानि बाष्पौघवारीण्यविरतं नेत्रमार्गेण नेत्ररन्ध्रेण स्रवन्ति । स्रवन्तीश्च नदीः । 'स्रवन्ती निम्नगापगा' इत्यमरः । चिकीर्षन्ति कर्तुमिच्छन्ति । वाञ्छन्तीति यावत् । कथम्भूताः ? प्रतिकूलजलाः दुःखावहा इत्यर्थः । आनन्दबाष्पौघधाराव्यावृत्त्यर्थं विशेषणम् । न केवलं स्रवन्ति स्रवन्तीश्च चिकोर्षन्तीति वाऽन्वयः । प्रतिकूलजना इति वा पाठः । किलेति प्रसिद्धौ ॥ ५९ ।

नववर्ष की पूरी नहीं हुई है । मैं तो तुमको इस विषय में संमति नहीं दे सकती; पर कहती हूँ कि सौत के वचनरूपी भालों से बहुत फटे हुए मेरे हृदय में तुम्हारे वाष्पवृन्द के जल क्षणकाल भी नहीं ठहरते हैं । मैं क्या करूँ ? ॥ ५६-५८ ।

हे बालक ! मानो वे ही सब जल मेरे नेत्रों के मार्ग से निरन्तर झर रहे हैं और वे हीं दुःखावह जल से पूर्ण नदी बनाना चाहते हैं ॥ ५९ ।

त्वदेकतनया तात त्वदाधारैकजीविता ।
त्वमङ्गयष्टिरसि मे त्वन्मुखासक्तलोचना ॥ ६० ।
लब्धोऽसि कतिभिः कष्टैरिष्टाः सम्प्रार्थ्य देवताः ।
त्वन्मुखेन्दूदये तात मन्मनः क्षीरनीरधिः ॥ ६१ ।
आनन्दपयमापूर्य कुचावुद्वेलितो भवेत् ।
त्वदङ्गसङ्गसम्भूतसुखसन्दोहशीतला ॥ ६२ ।
सुखं शये सुशयने प्रावृत्य पुलकाम्बरम् ।
अपोऽथ समुपस्पृश्य ताम्बूलं परिगृह्य च ॥ ६३ ।
त्वदास्यस्यौष्ठपुटकदुग्धवार्धिविवर्धिताम् ।
सुधां सुधांशुवदनधयन्त्यपि धिनोमि न ॥ ६४ ।

एवं कथञ्चिद्दास्यमानाऽनुज्ञायाः पुत्रविश्लेषजनितखेदाया विलापमाहतुरयेत्यतः प्राक्तनेन ग्रन्थेन । षष्टिर्लकुटः ॥ ६० ।

उद्वेलितो लङ्घिततीरमर्याद उत्सिक्ततीरो वा ॥ ६१ ।

शये शयनं कुर्वे । सुशयने शोभनशय्यायाम् । अद्य इति पाठे इदानीं प्रावृत्या-स्तीर्येत्यर्थः । पुलक एवाम्बरं वस्त्रं पुलकाम्बरम् । अप इति । अथानन्तरं अपः समुपस्पृश्य मुखं प्रक्षाल्याचम्येत्यर्थः ॥ ६३ ।

त्वदास्येति । हे सुधांशुवदन चन्द्रानन त्वदास्यस्य तव मुखस्य यदोष्ठपुटकं दन्तच्छदद्वयं तदेव दुग्धवार्धिः क्षीरसमुद्रस्तेन वर्धितामुच्छलितां सुधां पीयूषं धयन्ती पिबन्ती चुम्बनादिना न धिनोमि ग्लानिं न प्राप्नोमीत्यर्थः । अपिशब्दाद् पश्यन्त्य-पश्यन्त्यपि ॥ ६४ ।

भैया ! मेरे तुम्हीं अकेले पुत्र हो । तुम्हीं मेरे जीवन के एकमात्र आधार हो, मेरे नेत्र तुन्हारे ही मुख पर आसक्त रहते हैं ॥ ६० ।

अभीष्ट देवताओं से कितनी प्रार्थना करके तब बड़े कष्ट से तुमको पायी हूँ । तात ! तुम्हारे मुखचन्द्र को देखकर मेरा हृदयरूपी क्षीरसमुद्र आनन्ददुग्ध से परिपूर्ण होकर कुचरूप वेलास्थल को अतिक्रम करता है । तुम्हारे अंगसंगति से उत्पन्न सुख-संदोह से शीतल हो रोमांचरूप-वस्त्र (तोषक) को विछाकर मैं सुखपूर्वक पलंग पर सोती हूँ । तिस पर भी हे चन्द्रवदन ! कुल्ला कर पान को खाय, तुम्हारे मुख के ओष्ठ-पुटरूप क्षीरसागर से समुत्थित अमृत को पीने पर भी मेरी अभिलाषा नहीं मिटती ॥ ६१-६४ ।

त्वदीयः शीतलालापः प्राप श्रुतिपथं यदा ।
सपत्नीवाक्यदवथुस्तदैव स्यात् सवेपथुः ॥ ६५ ।
यदङ्ग निद्रासि चिरं ध्यायन्त्यस्मि तवेत्यहम् ।
कदा निद्रादरिद्रोऽसौ भविताऽर्कोदयेऽब्जवत् ॥ ६६ ।
यदोपेया गृहान् वत्स खेलित्वा बालखेलनैः ।
तदाऽनर्घ्यार्घ्यमुत्स्रष्टुं स्तनौ स्यातामिवोन्मुखौ ॥ ६७ ।
यदा सौधाद्विनिर्याया: पद्मरेखाङ्कितं पदम् ।
प्राणानां ते यियासूनां तदा तदवलम्बनम् ॥ ६८ ।

त्वदीयेति । त्वदीयः शीतलालापः कोमलवचनं मम श्रुतिपथं यदा प्राप, तदेव सपत्नीवाक्यदवथुः सपत्नीवाक्यमेव दवथुस्तस्माद्वा यो दवथुः कम्पः, सवेपथुः सकम्पः स्यान्नश्येदित्यर्थः ॥ ६५ ।

यदङ्गेति । अङ्ग हे पुत्र यद्यदा त्वं चिरं निद्रासि निद्रां करोषि तदेति वक्ष्यमाणं ध्यायन्त्यस्मि चिन्तयन्ती भवामि । किं तत्तदाह । कदाऽसौ निद्रादरिद्रः निद्राया दरिद्रः अभावो भविता । निश्चेष्टत्वसाम्यात् सूर्योदयेऽरविन्दवद् भविष्यति । यथा सूर्योदयेऽरविन्दं विकसितं भवति तथाऽसौ निद्राऽऽक्रान्तनेत्रः कदा विकासं गमिष्यतीत्यर्थः । निद्रादरिद्रोऽसौ ध्रुव इति वा ॥ ६६ ।

उपेया उपगच्छसि । अनर्घ्यार्घ्यममूल्यार्घम् । स्यातां भवेताम् । उन्मुखौ क्षरितचूचुकौ । इवेत्युत्प्रेक्षायाम् ॥ ६७ ।

यदेति । यदा त्वं सौधाद् राजसदनाद् विनिर्यायाः निर्गच्छसि, तदा यियासूनां गन्तुमिच्छूनां प्राणानां धूलकादिप्रदेशे पद्मरेखाचिह्नितं तव यत्पदं तदवलम्बनमाश्रये जीवनहेतुः स्यादित्यर्थः ॥ ६८ ।

तुम्हारा शीतल आलाप जब मेरे कर्णपथ में पहुँच जाता है, तो सौत के कटु-वचन की व्यथा उस क्षण मिट जाती है ॥ ६५ ।

बच्चा ! जब तुम बहुत विलम्ब तक सोते रहते हो, तो मैं मन ही मन यह सोचती हूँ कि सूर्य उदय होने पर कमल सदृश तुम कब निद्रादरिद्र (प्रफुल्ल) होगे ॥ ६६ ।

हे वत्स ! तुम जब अपने संगियों के साथ खेलों को खेलकर घर आते हो, तो उसी क्षण मेरे दोनों वक्षोज मानों तुम्हें अमूल्य अर्घ्य देने ही के लिये उन्मुख हो जाते हैं ॥ ६७ ।

जब तुम अटारी पर से बाहर चले जाते हो, तब पद्मरेखा से अंकित तुम्हारा चरण-चिह्न देखकर ही मेरे निकलते हुए प्राण अवलम्बन पाकर रुक जाते हैं ॥ ६८ ।

यदा यदा बहिर्यासि पुत्र त्रिचतुरं पदम् ।
तदा तदा मम प्राणः कण्ठप्राघुणिकी भवेत् ॥ ६९ ।
चित्रं पुत्र त्वरयति यातुं मे मानसाण्डजः ।
सुधाधाराधर इव बहिश्चिरयति त्वयि ॥ ७० ।
अथ तिष्ठन्तु कठिनाः प्राणाः कण्ठाटवीतटे ।
तपस्यन्तोऽतिसन्तप्तास्तपसे त्वयि यास्यति ॥ ७१ ।
इत्यनुज्ञामनुप्राप्य जननीचरणाम्बुजौ ।
क्षणं मौलिजजम्बालजडौ कृत्वा ध्रुवो ययौ ॥ ७२ ।

यदा यदेति । हे पुत्र त्रिचतुरं त्रयं चतुष्टयं वा पदं यदा त्वं बहिर्यासि, तदा तदा मम प्राणः कण्ठप्राघुणिकी कण्ठातिथिः कण्ठगत इत्यर्थः । यथा यथा तथा तथेति क्वचित् ॥ ६९ ।

चित्रमिति । हे पुत्र एतच्चित्रम् । किं तत् ? त्वयि बहिश्चिरयति विलम्बभाजि सति मम मानसाण्डजो मानसं मन एवाऽण्डजश्चकोराख्यः पक्षी यातुं त्वरयति त्वरां करोति । कथम्भूते इव त्वयि ? सुधाधाराधरे इव सुधाधारामभृतधारां धरतीति तथा तस्मिन्नमृतमये चन्द्र इवेत्यर्थः । चकोराख्याऽण्डजोऽपि चन्द्ररश्म्यमृतं पातुं चन्द्रनिकटे गन्तुं त्वरयते इति लोकप्रसिद्धम् । सुधाधाराधरमय इति क्वचित्पाठः । सुधाधाराधराकार इति चाऽन्यत्र । पाठद्वयेऽपि पूर्वोक्त एवाऽर्थः ॥ ७० ।

कथं कथमप्यनुज्ञां ददात्यथेति ॥ ७१ ।

अनु अनन्तरं पश्चाद्वा । इवेति पाठे स्पष्ट एवाऽर्थः । मौलिजजम्बालजडौ मौलिजाः केशा एव जम्बालाः पङ्कास्तैर्जडौ वेष्टिताविल्यर्थः । निषद्वरस्तु जम्बालः पङ्कोऽस्त्रीशादकर्दमावित्यमरः ॥ ७२ ।

जब-जब तुम तीन-चार पग बाहर चले जाते हो, मेरा प्राण भी तब-तक कंठ में जाकर टिका रहता है ॥ ६९ ।

बेटा ! सुधावर्षी मेघ के तुल्य तुम्हारे बाहर विलम्ब करने पर, मेरा मनरूपी चातक पक्षी भी आश्चर्यरूप से जाने की ही शीघ्रता करता है । अथवा अमृतधारावर्षी चन्द्र के समान तुम्हारे विलम्ब करने पर मेरा हृदयरूपी चकोर (पक्षी) भी (उड़कर वहीं) जाने की त्वरा करता है, यह आश्चर्य है ! ॥ ७० ।

अच्छा तो तुम्हारी तपश्चर्या के लिये चले जाने पर मेरे कठिन प्राण भी अतिसंतप्तरूप से कंठ-कानन के प्रान्त में जाकर अपनी अवस्थिति करें ॥ ७१ ।

ध्रुव ने इस प्रकार माता की आज्ञा पाकर उसके चरणकमल युगल को अपने केशपाशरूपी कीचड़ से लपेट कर यात्रा की ॥ ७२ ।

तयाऽपि धैर्यसूत्रेण सुनीत्या परिगुम्फ्य च ।
नेत्रेन्दीवरजामालाध्रुवस्योपायनी कृता ॥ ७३ ।
मात्रा तन्मार्गरक्षार्थं तदा तदनुगीकृताः ।
परैरवार्यप्रसराः स्वाशीर्वादाः परःशताः ॥ ७४ ।
स्वसौधात् स विनिर्गत्य बालोऽबालपराक्रमः ।
अनुकूलेन मरुता दर्शिताऽध्वाऽविशद्वनम् ॥ ७५ ।
स [1]मरुत्तरुशाखाग्रप्रसारणमिषेण सः ।
कृताहूतिरिव प्रेम्णा वनेन वनमाविशत् ॥ ७६ ।
स मातृदैवतोभिज्ञः केवलं राजवर्त्मनि ।
न वेद काननाध्वानं क्षणं दध्यौ नृपात्मजः ॥ ७७ ।

तया सुनीत्येति सम्बन्धः । परिगुम्फ्य ग्रथित्वा । उपायनीकृता उपहारीकृता । उपायनमुपग्राह्यमुपहारस्तथोपदेत्यमरः ॥ ७३ ।

तदनुगीकृताः तस्य ध्रुवस्य पश्चाद्गाः कृताः । नवार्याः प्रसराः स्वकार्यक्षमता येषां स्वाशीर्वादानां ते तथा । सापेक्षत्वेऽपि समास आर्षः । शतात्परे परःशताः असंख्याता इत्यर्थः ॥ ७४ । मरुता वायुना ॥ ७५ ।

स इति । मरुता वायुना यत्तरुशाखाग्राणां प्रसारणमान्दोलनं तन्मिषेण व्याजेन । वायुना तरुपल्लवग्राणां प्रसारणं मिषं व्याजं यस्मिन्, तेन वनेनेति सामानाधिकरण्यं वा ॥ ७६-७७ ।

उसने भी उसी समय नेत्ररूपी इन्दीवर (कमल) की माला धैर्यसूत्र में गूंथकर भेंट किया ॥ ७३ ।

माता सुनीति ने उसके मार्ग में रक्षा करने के लिये दूसरों से जिनकी रुकावट नहीं हो सके, ऐसे सैकड़ों से अधिक आशीर्वादों को उसके पीछे जाने के लिये नियुक्त कर दिया ॥ ७४ ॥

बड़ा पराक्रमी बालक अपनी अटारी से निकल कर, अनुकूल वायु के द्वारा मार्ग दिखलाये जाने पर वन की ओर चल पड़ा ॥ ७५ ।

वन से वायु-कंपित वृक्ष-शाखाओं के प्रसारण-मिष से मानो बुलाये जाने पर उसने वन में प्रवेश किया ॥ ७६ ।

माता मात्र जिसकी देवता है, ऐसा वह ध्रुव केवल राजपथ को जानता था। वन के मार्ग को पहचानता भी नहीं था, इसी कारण से क्षण भर चिन्ता करने लगा ॥ ७७ ।

---

१. अत्र सुमरुदिति पाठोऽपेक्षित इति भाति, अन्यथा स इति पदस्य द्विवारं पाठोऽसङ्गतः स्यात् ।

यावदुन्मील्य नयने पुरः पश्यति स ध्रुवः ।
तावद्ददर्श सप्तर्षीनतर्कितगतीन् वने ॥ ७८ ॥
बालिशेष्वसहायेषु भवेद्भाग्यं सहायकृत् ।
अरण्यान्यां रणे गेहे ततो भाग्यं हि कारणम् ॥ ७९ ॥
क्व राजतनयो बालो गहनं क्व च तद्वनम् ।
बलात्स्ववसात्प्रकुर्वत्यै नमस्ते भवितव्यते ॥ ८० ॥
यत्र यस्य हि यद्भाव्यं शुभं वाऽशुभमेव च ।
आकृष्य भाविनी रज्जुस्तत्र तस्य हि दापयेत् ॥ ८१ ॥
अन्यथा विदधात्येष मानवो बुद्धिवैभवात् ।
भगवत्या भवित्र्याऽसौ विदध्याद्विधिरन्यथा ॥ ८२ ॥
न वयो न च वैचित्र्यं न चित्रं विदधे हितम् ।
न बलं नोद्यमः पुंसां कारणं प्राक्कृतं कृतम् ॥ ८३ ॥

अरण्यान्यां महारण्ये ॥ ७९ ॥

वैचित्र्यं विविधचित्रीकरणम् । चित्रं चित्रीकरणमात्रम् । चित्तमिति वा पाठः । कृतं कर्म । तदुक्तम्—'नमस्तत्कर्मभ्यो विधिरपि न येभ्यः प्रभवतीति' ॥ ८३ ॥

ज्यों ही ध्रुव ने आँखें खोलीं, त्यों ही वन में आगे उपस्थित, अतर्कितगति सप्तर्षियों का दर्शन पाया ॥ ७८ ॥

असहाय, अज्ञानी लोगों का सहाय भाग्य ही होता है । अरण्य में, रण में और गृह में सर्वत्र भाग्य ही कारण होता है ॥ ७९ ॥

कहाँ तो वह बालक राजकुमार और कहाँ यह गहन वन ? धन्य भवितव्यते ! तुम बलपूर्वक सभी किसी को अपने अधीन कर लेती हो—तुमको प्रणाम है ॥ ८० ॥

जिसका जहाँ पर शुभ किं वा अशुभ होने वाला रहता है, भाविनी पाश खींच कर वहाँ ही दे देता है ॥ ८१ ॥

मनुष्य अपने बुद्धि-वैभव से जैसा किया चाहता है, भवितव्यता उससे दूसरे ही विधि से करा देती है ॥ ८२ ॥

अवस्था, विचित्र कार्य-संपादन करने की शक्ति, वल और उद्योग ये सब पुरुष का कुछ भी हित-साधन नहीं कर सकते । उसका प्राक्तन कर्म ही है, यह आश्चर्य है ! ॥ ८३ ॥

अथ दृष्ट्वा स सप्तर्षीन् सप्तसप्त्यतितेजसः ।
भाग्यसूत्रैरिवाकृष्योपनीतान् प्रमुमोद ह ॥ ८४ ।
तिलकाङ्कितसद्भालान् कुशोपग्रहिताङ्गुलीन् ।
कृष्णाजिनोपविष्टांश्च यज्ञसूत्रैरलङ्कृतान् ॥ ८५ ।
साक्षसूत्रकरान् किञ्चिद्विनिमीलितलोचनान् ।
सुधौतसूक्ष्मकाषायवासः प्रावरणान्वितान् ॥ ८६ ।
अकाण्डेऽपि महाभागान् मिलितान् सप्तनीरधीन् ।
चित्रं विपद्विनिर्मग्नानुद्दिधीर्षूनिव प्रजाः ॥ ८७ ।
उपगम्य विनम्रांसः प्रवद्धकरसम्पुटः ।
ध्रुवो विज्ञापयाञ्चक्रे प्रणम्य ललितं वचः ॥ ८८ ।

ध्रुव उवाच—

अवैत मां मुनिवराः सुनीत्युदरसम्भवम् ।
उत्तानपादतनयं ध्रुवं निर्विण्णमानसम् ॥ ८९ ।

स ध्रुवः सप्तर्षीन् दृष्ट्वा प्रमुमोद ह । अनन्तरं प्रणम्य ललितं वचो विज्ञापयाञ्चक्र इति पञ्चमेनाऽन्वयः । सप्तसप्त्यतितेजसः सूर्याधिकमहसः तद्वदतितेजस इति वा ॥ ८४ ।

अकाण्ड इति । पुनः कीदृशान् ? अकाण्डेऽनवसरे मिलितान् । मेलनहेतोरभावेऽपि समवेतानित्यर्थः । अत एव चित्रमाश्चर्यम् । कानिव । विपद्विनिर्मग्नाः प्रजा उद्दिधीर्षून् उद्धर्तुमिच्छून् सप्तनीरधीन् सप्तसमुद्रानिव । अभूतोपमेयम् । यदा सप्तसागराः प्रजा उद्दिधीर्षवस्तदा यथा मिलन्ति तथा मिलितानित्यर्थः । गुणरत्नाकरत्वागाधबोधादिना समुद्रसाम्यम् ॥ ८७-८९ ।

इसके अनन्तर मानों उसी के भाग्यरूपी सूत्रजाल से (आकृष्ट) आकर्षित होकर प्राप्त हुए सूर्य के समान तेजस्वी उन सप्तर्षियों को देखकर ध्रुव अत्यन्त प्रमुदित हुआ ॥ ८४ ।

जिनके विशाल भाल में तिलक, अंगुलियों में कुशों की गंथी (पवित्री), बैठने का आसन कृष्णाजिन (मृगचर्म), पहिरने का अलंकार यज्ञोपवीत, हाथ में (सुमरिनी), नेत्र कुछ-कुछ (अधखुले), पहनने-ओढ़ने का उत्तम धौत कषाय वस्त्र था ॥ ८५-८६ ।

ओः ! जो अनवसर में भी विपत्तिमग्न प्रजागण के उद्धार करने को मानों सातों समुद्र एकत्रित हुए हैं, ऐसे उन सातों महाभागों के पास जाकर ध्रुव ने प्रणामपूर्वक कंधा झुकाए और हाथों को जोड़े हुए इस ललित वचन को कहा ॥ ८७-८८ ।

ध्रुव बोले—

हे मुनिश्रेष्ठगण ! आप लोग यह जान लेवें—मैं उत्तानपाद का पुत्र, सुनीति के गर्भ से उत्पन्न खिन्न-हृदय ध्रुव हूँ ॥ ८९ ।

इदं वनमनुप्राप्तं सनाथं युष्मदङ्घ्रिभिः ।
प्रायोऽनभिज्ञं सर्वत्र महद्धर्युषितमानसम् ॥ ९० ।
ते दृष्ट्वोर्जस्वलं बालं स्वभावमधुराकृतिम् ।
अनर्घ्यनयनेपथ्यं मृदुगम्भीरभाषिणम् ॥ ९१ ।
उपोपवेश्य शिशुकं प्रोचुर्वै विस्मिता भृशम् ।
अहो बाल विशालाक्ष महाराजकुमारक ॥ ९२ ।
विचार्याऽपि न जानीमो वद निर्वेदकारणम् ।
अद्य ते ह्यर्थचिन्ता नो क्वाऽपमानः प्रसूर्गृहे ॥ ९३ ।
नीरुक्शरीरसम्पत्तिर्निर्वेदे किं नु कारणम् ।
अनवाप्ताऽभिलाषाणां वैराग्यं जायते नृणाम् ॥ ९४ ।

महत्या ऋद्धया उषितमध्युषितमाश्रितं मानसं यस्य स तथा तम् ॥ ९० ।

ऊर्जस्वलं तेजस्विनम् । अनर्घ्यनयनेपथ्यमतिशयनीतिचतुरम् ॥ ९१ ।

नीरुक् रोगरहितः ॥ ९४ ।

आप सबके चरणों से सनाथ इस वन में आ गया हूँ । मैं सब प्रकार से समस्त विषयों में (अनजान) हूँ; क्योंकि आज तक तो मेरा चित्त राजसंपत्ति ही में लगा रहा ॥ ९० ।

उन सप्तर्षियों ने उस बड़े तेजस्वी और सहज मधुर मूर्ति तथा अमूल्य नीति-ज्ञान से अलंकृत एवं मृदु-गंभीर भाषी बालक को देखकर उसे अपने समीप बैठाकर अत्यन्त विस्मित हो पूछा—अहो विशालाक्ष बालक ! महाराजकुमार ! हम लोगों ने विचार करने पर भी तुम्हारे खेद का कारण नहीं समझा, तुम्हीं कहो—अभी तो तुम्हारे मन में अर्थ-चिन्ता नहीं है, माता के घर में रहते हुए अपमान की भी कोई सम्भावना नहीं है ॥ ९१-९३ ।

शरीर में कोई रोग भी नहीं है, तो फिर निर्वेद का कौन-सा कारण है ? जिन लोगों का मनोरथ सिद्ध नहीं होता, उन्हीं के चित्त में वैराग्य उत्पन्न होता है; किन्तु तुम सप्तद्वीपाधिपति के राजकुमार हो, तुम्हारे विषय में तो यह बात आयी नहीं सकती; फिर सबकी प्रकृति स्वभाववश भिन्न-भिन्न है । इसीलिये यहाँ पर (संसार

सप्तद्वीपपते राज्ञः कुमारस्त्वं तथा कथम् ।
स्वभावभिन्नप्रकृतौ लोकेऽस्मिन्न मनोगतम् ॥ ९५ ।
अवगन्तुं हि शक्येत यूनो वृद्धस्य वा शिशोः ।
इति श्रुत्वा वचस्तेषां सहजप्रेमनिर्भरम् ॥ ९६ ।

ध्रुव उवाच—

वाचं जग्राह स तदा शिशुः प्रांशुमनोरथः ।
प्रेषितो राजसेवार्थं जनन्याऽहं मुनीश्वराः ॥ ९७ ।
राजाऽङ्कमारुरुक्षुर्हि सुरुच्या परिभर्त्सितः ।
उत्तमं चोत्तमीकृत्य मां च मन्मातरं तथा ॥ ९८ ।
धिक्कृत्य प्रशशंस स्वं निर्वेदे कारणन्त्विदम् ।
निशम्येति शिशोर्वाक्यं परस्परमवेक्ष्यते ॥ ९९ ।
क्षात्रमेव शशंसुस्तदहो बालेऽपि न क्षमा ॥ १०० ।

तथा वैराग्यवानित्यर्थः । स्वभावभिन्नप्रकृतौ स्वभावान्मायातो भिन्ना नाना प्रकृतिः स्वभावो वासना यस्य तस्मिन् लोके ॥ ९५ ।

प्रांशुमनोरथ उच्चाऽभिलाषः ॥ ९७ ।

क्षात्रं क्षत्रियजातिं क्षत्रियस्वभावं वा । तत्तदा । तत्क्षात्रमिति वा । अहो इत्याश्चर्ये ॥ १०० ।

में) क्या युवा, क्या वृद्ध, क्या बालक, किसी का मनोगत भाव नहीं जाना जाता। उन लोगों का सहज-प्रेम से परिपूर्ण यह वचन सुनकर वह मनोरथसंपन्न शिशु ध्रुव कहने लगा ॥ ९४-९६ ।

ध्रुव बोले—

हे मुनीश्वरों ! माता ने राजसेवा के लिए मुझे सभा (दरबार) में भेज दिया, तदनन्तर मेरे राजा की गोद में जा बैठने का अभिलाषी होने पर विमाता सुरुचि ने मुझे झिड़कार दिया। मुझे और मेरी माता को धिक्कारती हुई अपनी और पुत्र उत्तम की उत्तमता की बड़ी प्रशंसा की। (बस) यही मेरी ग्लानि का कारण है। वे ऋषिगण लड़के की इन बातों को सुनकर परस्पर एक दूसरे का अवलोकन करने लगे ॥ ९७-९९ ।

उन लोगों ने क्षत्रियत्व की बड़ाई करते हुए कहा—अहो ! क्षत्रिय के लड़के में तनिक भी क्षमा नहीं है ? ॥ १०० ।

ऋषय ऊचुः—

किमस्माभिरहो कार्यं कस्तवाऽस्ति मनोरथः ।
ज्ञातो भवतु तावत् स नः श्रवोगोचरो कुरु ॥ १०१ ।

ध्रुव उवाच—

मुनयो मम यो बन्धुरुत्तमश्चोत्तमोत्तमः ।
पित्रा दत्तं च सोऽध्यास्तां तद्भद्रासनमुत्तमम् ॥ १०२ ।
भवत्कृतं हि साहाय्यमेतदिच्छामि सुव्रताः ।
प्रायो जाने न बालत्वादुपदेशस्तदुच्यताम् ॥ १०३ ।
अनन्यनृपभुक्तं तद्यदन्येभ्यः समुच्छ्रितम् ।
इन्द्रादिदुरवापं यत्कथं लभ्यं दुरासदम् ॥ १०४ ।

श्रवः श्रवणेन्द्रियं तद्गोचरी कुरु ॥ १०१ ।

तत्प्रसिद्धम् । भद्रासनं चक्रवर्तिसिंहासनम् ॥ १०२ ।

उपदिश्यत इत्युपदेश उपाय इत्यर्थः । तत्तस्मात् । उच्यतां कथ्यताम् ॥ १०३ ।

कस्योपदेश इत्यत आह । **अनन्येति** । समुच्छ्रितमत्युच्छ्रितमत्युच्चमिति यावत् । समुत्थितमिति पाठेऽपि स एवाऽर्थः । एतादृशं दुरासदं दुर्लभं यत्स्थानमिति शेषस्तत्कथं

ऋषियों ने कहा—

हम लोग तुम्हारा क्या कर सकते हैं ? और तुम्हारा कौन-सा मनोरथ है, अहो, (भला) वह ज्ञात तो हो, हम लोगों को तुम सुनाओ तो सही ॥ १०१ ।

ध्रुव ने कहा—

हे ऋषिगण ! मेरा भाई उत्तमोत्तम उत्तम पिता के दिये हुए उस उत्तम सिंहासन पर (बैठे) राज करे ॥ १०२ ।

हे सुव्रतगण ! मैं आप लोगों के निकट इसी सहायता की प्रार्थना करता हूँ कि मैं जो बात निवेदन करता हूँ, उसका उपाय उपदेश कीजिये; क्योंकि मैं तो बालक होने के कारण प्रायः कुछ भी नहीं जानता ॥ १०३ ।

जिसे पूर्वकाल में भी किसी राजा ने भोग न किया हो, जो सब (पदों) से ऊँचा हो और जो इन्द्र इत्यादि देवताओं को दुर्लभ हो, वह दुरासद पद कैसे मिल सकता है ? ॥ १०४ ।

पित्रोत्सृष्टं न काङ्क्षामि काङ्क्षामि स्वभुजार्जितम् ।
मनोरथपथातीतं भवेद्यत्पितुरप्यहो ॥ १०५ ।
पितृसम्पत्तिभोक्तारः प्रायशो नो यशोधनाः ।
नरोत्तमास्तु ते ज्ञेया ये पित्राधिक्यदर्शिनः ॥ १०६ ।
उपार्जितं हि पित्रा ये नाशयन्ति यशः श्रुतम् ।
धनं निधनमेवास्तु तेषां दुर्वृत्तचेतसाम् ॥ १०७ ।
इति श्रुत्वा वचस्तस्य मुनयः सुनयोर्जितम् ।
यथार्थमेवं प्रत्यूचुर्मरीच्याद्यास्तथा ध्रुवम् ॥ १०८ ।

मरीचिरुवाच—

अनर्चिताऽच्युतपदः पदमापद्यते कथम् ।
यथा तथा त्वमात्थाऽङ्ग नातथ्यं कथयाम्यहम् ॥ १०९ ।

केन प्रकारेण उपायेन लभ्यं स उपदेशः उपायः कथ्यतामिति पूर्वेणैवाऽन्वयः ॥१०४-१०५।

श्रुतं प्रख्यातं धनं च ॥ १०७ ।

इतीति । इत्येवं पूर्वोक्तप्रकारं सुनयोर्जितं शोभननयेन वर्धितं यथार्थं परमार्थं तस्य ध्रुवस्य वचः श्रुत्वा मुनयो मननशीला अपि मरीच्याद्यास्तथा यथार्थं ध्रुवं प्रत्यूचुः प्रत्युत्तरं दत्तवन्त इत्यर्थः ॥ १०८ ।

अनर्चितेति । हे अङ्ग ध्रुव त्वं यथा यादृशं पदम् आत्थ कथयसि, तथा तादृशं पदमनर्चिताऽच्युतपदः कथमापद्यते, न कथञ्चिदपि प्राप्नोति । एतदहं नातथ्यं न मृषा कथयामीत्यर्थः । यथा यथेति पाठे एको यथाशब्दो यथावदित्यर्थे । तथाशब्दोऽ-

---

मैं पिता का दिया हुआ नहीं लेना चाहता । मैं अपनी ही भुजाओं के बल से अर्जित पद की आकांक्षा करता हूँ, जो कि पिता के भी मनोरथपथ से अतीत हो॥१०५।

जो लोग पिता की सम्पत्ति को भोगते हैं, प्रायः वे यश के भागी नहीं होते; परन्तु जो कोई पिता की अपेक्षा अपनी अधिकता दिखलाता है, वह नरोत्तम माना जाता है और जो कोई पिता के उपार्जित, प्रसिद्ध यश अथवा धन को विनष्ट करता है, उन दुर्वृत्तचित्त वालों का (जीने से) मर जाना ही अच्छा है ॥ १०६-१०७ ।

मरीचि आदि मुनिगण ध्रुव की इस नीतिसंगत बात को सुनकर उसको इस प्रकार से यथार्थ उत्तर देने लगे ॥ १०८ ।

मरीचि ऋषि ने कहा—

ऐ बाल ! तुमने जैसा पूछा है, मैं भी वैसा ही उत्तर देता हूँ । मैं मिथ्या नहीं

अत्रिरुवाच—

अनास्वादितगोविन्दपदाम्बुजरजो रसः ।
मनोरथपथातीतं स्फीतं नाकलयेत्पदम् ॥ ११० ।

अङ्गिरा उवाच—

अदवीयः पदं तस्य सर्वासां सम्पदामिह ।
कमलाकान्तकान्तांघ्रि कमले यः सुशीलयेत् ॥ १११ ।

पुलस्त्य उवाच—

यस्य स्मरणमात्रेण महापातकसन्ततिः ।
परमान्तमवाप्नोति स विष्णुः सर्वदो ध्रुव ॥ ११२ ।

व्याहर्तव्यो यत्तदोर्नित्यसम्बन्धात् ॥ १०९ ।

मरीच्यनुरूपमुपदेशमत्रिरुवाच । अनास्वादितेति । पदं स्थानम् । फलमिति क्वचित्पाठः । पथमिति पाठे पन्थानमित्यर्थः । अकारान्तो वा पथशब्दो वाटः पथश्चेति-वचनात् ॥ ११० ।

अत्र्यनुरूपमुपदेशमङ्गिरा अप्युवाच । अदवीय इति । अदवीयो महदित्यर्थः । निकटवर्तीति वा । कान्तांघ्रिकमले सुखसेव्यचरणपद्मे सुशीलयेच्छोभनप्रकारेण ध्यायेत् ॥ १११ ।

परमान्तमात्यन्तिकं नाशम् ॥ ११२ ।

कहता, (भला) बिना अच्युत के चरणारविन्द की आराधना किये ऐसा पद क्योंकर मिल सकता है ? ॥ १०९ ।

अत्रि मुनि बोले—

गोविन्द के चरणकमल की धूलि का रस बिना चखे, यह मनोरथ के पथ से अतीत सुन्दर पद कोई भी नहीं पा सकता है ॥ ११० ।

अंगिरा मुनि कहने लगे—

जो कोई कमलाकान्त के कमनीय चरण-कमलों का सुशीलन करता है, उसे यहाँ पर समस्त संपत्तियों का पद अदूरवर्ती है ॥ १११ ।

पुलस्त्य जी ने कहा—

हे ध्रुव ! जिसके स्मरणमात्र से समस्त पापसमूह एक बार ही विनाश को पहुँच जाते हैं, वे ही विष्णु भगवान् सब कुछ के दाता हैं ॥ ११२ ।

पुलह उवाच—

यदाहुः परमं ब्रह्म प्रधानपुरुषात्परम् ।
यन्मायया ततं सर्वं सर्वं दास्यति सोऽच्युतः ॥ ११३ ।

क्रतुरुवाच—

यो यज्ञपुरुषो विष्णुर्वेदवेद्यो[1] जनार्दनः ।
अन्तरात्माऽस्य जगतः स तुष्टः किं न यच्छति ॥ ११४ ।

वसिष्ठ उवाच—

यद्भ्रूनर्तनवर्तिन्यः सिद्धयोऽष्टौ नृपात्मज ।
तमाराध्य हृषीकेशमपवर्गोऽप्यदूरतः ॥ ११५ ।

प्रधानं प्रकृतिः । पुरुष ईश्वरः । एकवद्भावादेकवचनम् । तस्मात्परं यत् परमं ब्रह्माहुः, सोऽच्युतः सर्वं दास्यतीत्यन्वयः । ननु सजातीयविजातीयस्वगतभेदात् कथं तस्य ब्रह्मत्वं तत्राह । यन्मायया यस्य माययाऽपरं सर्वमिति । ततमिति पाठे यद्ब्रह्म-मायया ततमित्यर्थः ॥ ११३ ।

स विष्णुः । वेति पाठे लोकोक्तिः ॥ ११४ ।

वर्तनं चालनम् । सिद्धयोऽणिमाद्याः ॥ ११५ ।

श्री पुलह बोले—

पंडित लोग जिसे प्रकृति और पुरुष से भी परवर्ती परब्रह्म कहते हैं और जिसकी माया ने समग्र ब्रह्माण्ड को छोप लिया है, वही नारायण सब कुछ देंगे ॥११३।

क्रतुऋषि ने कहा—

जो वेदनिवेदित, यज्ञपुरुष इस जगत की अन्तरात्मा है, वह सर्वव्यापी जनार्दन सन्तुष्ट होकर क्या नहीं दे सकता ? ॥ ११४ ।

वसिष्ठ मुनि बोले—

राजकुमार ! जिसकी भृकुटि घूम जाने से आठों (अणिमादि) सिद्धियाँ (अनायास ही) प्राप्त हो जाती हैं, उस हृषीकेश की आराधना करने पर मोक्ष भी दूर नहीं रह जाता ॥ ११५ ।

---

१. देवदेव इति क्वचित्पाठः ।

ध्रुव उवाच—

सत्यमुक्तं मुनीशाना विष्णोराराधनं प्रति।
कथं वा भगवानिज्यः स विधिश्चोपदिश्यताम् ॥ ११६।

मुनय ऊचुः—

तिष्ठता गच्छता वापि स्वपता जाग्रता तथा।
शयानेनोपविष्टेन जप्यो नारायणः सदा ॥ ११७।
द्वादशाक्षरमन्त्रेण वासुदेवात्मकेन च।
ध्यायंश्चतुर्भुजं विष्णुं जप्त्वा सिद्धिं न को गतः ॥ ११८।

तिष्ठतेति। तदुक्तम्—

न देशनियमश्चात्र न कालनियमस्तथा।
नोच्छिष्टादौ निषेधोऽस्ति हरेर्नामनि लुब्धक ॥ इति। ११७।

मन्त्रस्यैकदेशमुद्धरति। वासुदेवात्मकेनेति। 'ओं नमो भगवते वासुदेवाय' इत्यनेनेत्यर्थः। तथा च वैष्णवे यदभाणि—

'हिरण्यगर्भपुरुषप्रधानाव्यक्तरूपिणे।
ओं नमो वासुदेवाय शुद्धज्ञानस्वरूपिणे' ॥ इति।

तत्तु कल्पभेदाऽभिप्रायेणेति बोद्धव्यम्। जप्त्वा जपित्वा। तप्त्वेति पाठे आलोचयित्वाऽभेदेन ध्यायन्नित्यर्थः। विष्णुर्भूत्वा यजेद्विष्णुमिति वचनात्। सिद्धिं मोक्षाख्यां धमार्थकाममोक्षात्मिकां वा। ध्येयमाह। चतुर्भुजमित्यादि ॥ ११८।

तब ध्रुव ने कहा—

मुनीश्वरगण! आप लोगों ने विष्णु भगवान् की आराधना के विषय में बहुत ठीक कहा है; परन्तु उनकी सेवा किस प्रकार से करनी चाहिए, उसकी भी विधि मुझे बतलाइए ॥ ११६।

मुनियों ने कहा—

ठहरते, चलते, सोते, जागते, चाहे सोया हो अथवा बैठा हो सर्वकाल में नारायण को ही जपता रहे ॥ ११७।

हे ध्रुव! वासुदेवस्वरूप द्वादशाक्षर-मन्त्र का जप तथा विष्णु का ध्यान करता हुआ मनुष्य अवश्य सिद्धि को प्राप्त करता है ॥ ११८ ॥

अतसीपुष्पसंकाशं पीतवाससमच्युतम् ।
क्षणं सर्वात्मकं पश्यन् को न सिध्यति भूतले ॥ ११९ ॥

पुत्रान् कलत्रमित्राणि राज्यं स्वर्गापवर्गकम् ।
वासुदेवं जपन्मर्त्यः सर्वं प्राप्नोत्यसंशयम् ॥ १२० ॥

वासुदेवजपासक्तानपि पापकृतो जनान् ।
नोपस्पृशन्ति वै विघ्ना यमदूताश्च दारुणाः ॥ १२१ ॥

पितामहेन तेऽप्येष महामन्त्र उपासितः ।
मनुना राज्यकामेन वैष्णवेन महर्द्धिना ॥ १२२ ॥

अतसी लोकप्रसिद्धा तत्पुष्पसदृशम् । क्षणं सर्वात्मकं पश्यन्निति । तथा चोक्तम्—

सर्वपापप्रसक्तोऽपि ध्यायन्निमिषमच्युतम् ।
द्विजस्तपस्वी भवति पंक्तिपावनपावनः ॥ इति ।

सिध्यति धूतपाप्मा भवति ॥ ११९ ।

न केवलं सिध्यति; किन्तु पुत्रानिति ॥ १२० ।

नोपस्पृशन्ति नोपसर्पन्ति । अयमेव वा पाठः ॥ १२१ ।

पितामहेन स्वायम्भुवेन ॥ १२२ ।

॥ इति श्रीरामानन्दकृतायां काशीखण्डटीकायामेकोनविंशतितमोऽध्यायः ॥ १९ ।

चतुर्भुज विष्णुदेव का ध्यान करता हुआ, वासुदेवात्मकरूप का ध्यान धर देखकर कौन पृथिवीतल में सिद्ध नहीं हुआ ? ॥ ११९ ।

मनुष्य वासुदेव का जप करके अनकेशः पुत्र, कलत्र, मित्र, राज्य, स्वर्ग और अपवर्ग, यह सब कुछ निःसन्देह पाता है ॥ १२० ।

वासुदेव के जपासक्तचित्त पापी लोगों को भी दारुण विघ्न अथवा यमदूतगण नहीं छू सकते ॥ १२१ ।

महासमृद्धि सम्पन्न वैष्णव (श्रेष्ठ) तुम्हारे पितामह (दादा) स्वायंभुवमुनि ने भी राज्य-कामना से इसी महामंत्र की उपासना की थी ॥ १२२ ।

त्वमप्येतेन मन्त्रेण वासुदेवपरो भव ।
यथाऽभिलषितामृद्धिं क्षिप्रमाप्नुहि सत्तम ॥ १२३ ।
इत्युक्त्वाऽन्तर्हिताः सर्वे महात्मानो मुनीश्वराः ।
वासुदेवमना भूत्वा ध्रुवोऽपि तपसे गतः ॥ १२४ ।

॥ इति श्रीस्कन्दपुराणे काशीखण्डे ध्रुवलोकवर्णने ध्रुवोपदेशोनामैकोनविंशतितमोऽध्यायः ॥ १९ ॥

हे सत्तम ! तुम भी इसी मंत्र को ग्रहण कर वासुदेवपरायण हो इच्छानुरूप सम्पत्ति को शीघ्र ही पावोगे ॥ १२३ ।

॥ इति श्रीस्कन्दपुराणे चतुर्थे काशीखण्डे पूर्वार्धे भाषायां विष्णु-अभिषेकोत्सव-वर्णनं नाम त्रयोविंशतितमोऽध्यायः ॥ २३ ।

॥ अथ चतुर्विंशोऽध्यायः ॥

गणावूचतुः—

शिवशर्मन्नुदर्कं ते कथयावो निशामय ।
त्वमत्र वैष्णवे लोके भुक्त्वा भोगान् सुपुष्कलान् ॥१॥
ब्रह्मणो वत्सरं पूर्णं रममाणोऽप्सरोगणैः ।
सुतीर्थमरणोपात्तपुण्यशेषेण वै पुनः ॥ २ ॥
भविष्यसि महीपालो नगरे नन्दिवर्धने ।
राज्यं प्राप्यासपत्नं च समृद्धबलवाहनम् ॥ ३ ॥
कृष्टिभिर्हृष्टपुष्टैश्च रम्यहाटकभूषणैः ।
संजुष्टमिष्टापूर्तानां धर्माणां नित्यकर्तृभिः ॥ ४ ॥

चतुर्भिरधिके विंशेऽध्यायेऽत्यन्तमनोरमे ।
कैवल्यं परमानन्दं वर्ण्यते शिवशर्मणः ॥ १ ॥

इदानीं कथयिष्यावः तव निर्वाणकारणमित्युक्तं पूर्वं तदेव सप्रपञ्चं कथयतः । **शिवशर्मन्निति** । उदर्कमुत्तरकालभाविसुकृतफलमित्यर्थः । **त्वमत्रेति** । वैष्णवे वैकुण्ठे ॥ १ ॥

भविष्यसीति । राज्यं प्राप्य महीपालः सन्नन्दिवर्धने हर्षजनके तन्नाम्नि नगरे भविष्यसीत्यन्वयः ॥ ३ ॥

राज्यं विशिनष्टि । चतुरक्षरन्यूनसार्द्धाष्टादशभिः । **कृष्टिभिः** पण्डितैः संजुष्टं संसेवितमित्यन्वयः । वर्णैश्चेति क्वचित् । हाटकं सुवर्णम् । इष्टानि अन्तर्वेद्यां दीयमानानि दानानि पूर्तानि वापीकूपतड़ागादिनिर्माणानि तेषां कर्मणां नित्यकर्तृभिः ॥ ४ ॥

(शिवशर्मा का परमपद-लाभ)

दोनों विष्णुदूतों ने कहा—

शिवशर्मन् ? हम दोनों ही तुम्हारे भावी सुकृत के फल को कहते हैं, श्रवण करो, तुम इस वैकुण्ठलोक में बहुतेरे भोगों को भोगकर ब्रह्मा के पूर्ण एक वर्षपर्यन्त अप्सरागण के साथ रमण करते हुए उत्तमतीर्थमरण से प्राप्त पुण्य के अवशिष्ट भाग के द्वारा फिर भी नन्दिवर्धन नगर में राजा होंगे और असपत्न बलवाहनादि से समृद्ध हृष्ट-पुष्ट शरीर, सुन्दर सुवर्णभूषणधारी, नित्य ही इष्टापूर्त-धर्मकर्मों के अनुष्ठाता,

सदा सम्पन्नसस्यं च सूर्वरक्षेत्रसंकुलम् ।
सुदेशं सुप्रजं सुस्थ सुतृणं बहुगोधनम् ॥ ५ ।
देवतायतनानां च राजिभिः परिराजितम् ।
सुयूपा यत्र वै ग्रामाः सुवित्तर्द्धिविराजिताः ॥ ६ ।
सुपुष्पकृत्रिमोद्यानाः ससदा फलपादपाः ।
सपद्मिनीककासारा यत्र राजन्ति भूमयः ॥ ७ ।
सदम्भा निम्नगाराजिर्न यत्र जनता क्वचित् ।
कुलान्येव कुलीनानि न चान्यायधनानि च ॥ ८ ।

सदा सम्पन्नानि सस्यानि यस्मिस्तत् । अत एव सूर्वरक्षेत्रसंकुलं सूर्वराणि शोभनफलसस्याढ्यभूमीनि यानि क्षेत्राणि, तैः संकुलं व्याप्तम् ॥ ५ ।

राजिभिः पङ्क्तिभिः । यत्र राज्ये ॥ ६ ।

सुपुष्पेति । भूमयोऽत्र विशेष्या अन्यानि विशेषणानि । ससदाफलपादपाः सदाफलानि येषां तैः पादपैः सह वर्तमानाः । कासाराः सरांसि ॥ ७ ।

सदम्भो यस्याः सा सदम्भा निम्नगाराजिर्नन्दीवृन्दम् । पक्षान्तरे सदम्भा दम्भो धर्मध्वजित्वं तत्सहिता जनता जनसमूहो यत्र नेत्यर्थः । सर्वत्र शब्दश्लेषाऽलङ्कारोऽयम् । कुलानि गोत्राणि तान्येव कुलीनानि कुलीनशब्दावाच्यानि । कौ पृथिव्यां लीनानि कुलीनानीत्यन्यायधनपक्षे व्याकर्तव्यम् ॥ ८ ।

पण्डितगण से परिपूर्ण सर्वदेव सस्यसम्पन्न उपजाऊ खेतों से हरे-भरे सुदेश, उत्तम प्रजागण से युक्त सुस्थ, सुतृणपूर्ण, बहुगोधन और देवमन्दिरों की मालाओं से विराजमान राज्य को पाओगे, जिस राज्य में समस्त ग्राम यज्ञ के स्तंभों से युक्त और बड़ी धनसम्पत्ति से शोभित रहेंगे ॥ १-६ ।

जहाँ कृत्रिम उद्यान (बगीचा) सुन्दर, पुष्पों से भूषित और सदा फलप्रद (फलिन्द) वृक्षों से शोभायमान होंगे एवं जहां की भूमि कमलिनीसंयुक्त सरोवरों से अलंकृत होगी ॥ ७ ।

जहाँ की नदियाँ (सदंभा) स्वच्छ और स्वादुजल से पूर्ण रहेंगी, पर कहीं भी अधिक जनसमूह दम्भ से युक्त न होगा, जहाँ पर वंश ही कुलीन होंगे, अन्यायोपार्जित धन पृथिवी में लीन (गड़े) न रहेंगे ॥ ८ ।

विभ्रमो यत्र नारीषु न विद्वत्सु च कर्हिचित् ।
नद्यः कुटिलगामिन्यो न यत्र विषये प्रजाः ॥ ९ ।

तमोयुक्ताः क्षपा यत्र बहुलेषु न मानवाः ।
रजोयुजस्त्रियो यत्र न धर्मबहुला नराः ॥ १० ।

धनैरनन्धो यत्रास्ति मनो नैव च भोजनम् ।
अनयः स्यन्दनं यत्र न च वै राजपूरुषः ॥ ११ ।

दण्डः परशुकुद्दालवालव्यजनराजिषु ।
आतपत्रेषु नान्यत्र क्वचित् क्रोधापराधजः ॥ १२ ।

नारीषु विभ्रमो नाम सौरतभावप्रकाशनम् । विद्वत्सु विभ्रमोऽज्ञानम् । कुटिलगामिन्यो वक्रगामिन्यः । प्रजापक्षे विमार्गगामिन्यः । विषये देशे ॥९ ।

तमोयुक्ता अन्धकारमिश्राः । क्षपा रात्रयः । बहुलेषु कृष्णपक्षेषु । पक्षान्तरे तमोगुणयुक्ताः । रजोयुजः ऋतुकालीनशोणितयुक्ताः । पक्षान्तरे रजोगुणयुजः ॥ १० ।

अनन्धोऽगर्विष्ठः । पक्षान्तरेऽन्धोऽन्नं भक्तमिति यावत् तद्रहितमनन्धो भोजनं भुजिक्रिया । न विद्यतेऽयो लोहं यत्र तत्स्यन्दनं तथा, सुवर्णादिमयमित्यर्थः । पक्षान्तरे नयो नीतिस्तद्रहितोऽनयः ॥ ११ ।

दण्डो नालं दाण्डा इति प्रसिद्धः । परशुः कुठारः । वालव्यजनं चामरम् । पक्षान्तरे क्रोधादपराधात् वा जातो धनग्रहणादिरूपो दण्डः ॥ १२ ।

जहाँ नारियों में विभ्रम (एक हाव) होगा, पर विद्वानों में विशेष भ्रम नहीं होगा । जहाँ की नदियाँ ही टेढ़ी चलेंगी, पर प्रजागण नहीं, जहाँ के कृष्णपक्ष की रातें ही तमोयुक्त होंगी, न कि वहाँ के मनुष्य तामस होंगे, और जहाँ की स्त्रियाँ ही रजस्वला होंगी, पर धार्मिक नर रजोगुणी (कभी) न होंगे ॥ ९-१० ।

जहाँ के लोगों का मन धनों के द्वारा अनन्ध (अन्धा नहीं) होगा, पर भोजन अन्ध (भात) के सहित होगा । जहाँ रथ ही अनय (लोह से रहित-सुवर्णादिरचित) होगा, न कि राजपुरुष अन्यायी होंगे ॥ ११ ।

जहाँ फरसा, कुदार, चँवर (पंखा) और छाता इत्यादि में दंड(डंडा) लगेगा, पर क्रोध अथवा अपराध के कारण अन्यत्र कहीं भी न पाया जावेगा, जिसमें जुआरियों के ही स्थान में परिदेवन(क्रीड़ा-खेलवाड़) होगा, तदभिन्न अन्य कहीं भी प्रलाप(बतझड़)

अन्यत्राक्षिकवृन्देभ्यः क्वचिन्न परिदेवनम् ।
आक्षिका एव दृश्यन्ते यत्र पाशकपाणयः ॥ १३ ।
जाड्यवार्ताजलेष्वेव स्त्रीमध्या एव दुर्बलाः ।
कठोरहृदया यत्र सीमन्तिन्यो न मानवाः ॥ १४ ।
औषधेष्वेव यत्रास्ति कुष्ठयोगो न मानवे ।
वेधोऽप्यन्तः सुरत्नेषु शूलं मूर्तिकरेषु वै ॥ १५ ।

अक्षैः सारिभिः व्यवहरन्तीत्याक्षिकास्तेषां वृन्देभ्यः समूहेभ्यः । परिदेवनं द्यूत-क्रीडा । पक्षान्तरे परिदेवनं प्रलापः । आक्षिका एव पाशकपाणयः । पक्षान्तरे पाशा एव पाशका रज्जवस्ते पाणिषु येषां ते तथा । यत्र चानृतवादिन इति क्वचित् पाठः स चिन्त्यः ॥ १३ ।

जाड्यं शैत्यम् । पक्षान्तरे जाड्यं मौर्ख्यम् । स्त्रीमध्याः स्त्रीणां मध्यप्रदेशाः दुर्बलाः कृशाः । पक्षान्तरे दुर्बलाः धनादिबलहीनाः । कठोरं क्षुरधाराभं हृदयं यासां ताः कठोरहृदयाः । सीमन्तिन्यो नार्यः । तथा च भागवते—

शरत्पद्मोत्सवं वक्त्रं वचश्च श्रवणामृतम् ।
हृदयं क्षुरधाराभं स्त्रीणां को वेद चेष्टितम् ॥ इति ।

स्वभावत्वान्नायं विगुणः । यद्वा कठोरहृदयाः कठिनस्तना इत्यर्थः । पक्षान्तरे समान एवार्थः ॥ १४ ।

कुष्ठयोगः कुष्ठ इति प्रसिद्धस्य औषधिविशेषस्य कुष्ठशब्दस्य प्रयोगः । पक्षान्तरे कुष्ठस्य श्वित्रापरपर्यायस्य रोगस्य योगः सम्बन्धः । वेधोऽप्यन्तः सुरत्नेषु शोभन-रत्नेष्वेवान्तर्मध्ये वेधश्छिद्रम् । पक्षान्तरे वेधस्ताडनम् । वेधोऽप्यनः सुरत्नेष्विति क्वचित्पाठः । तत्रानःसु शकटेषु । शूलं मूर्तिकरेषु च । मूर्तयो विश्वेश्वरप्रतिकृतयः । यद्वा मूर्तयो मूर्तिमन्तस्तासां करेष्वेव शूलम् । पक्षान्तरे शूलं रोगविशेषः । वेधस्तिथिषु नक्षत्रे शूलो योगश्च येषु वै इति पाठे तिथिषु वेधो दशमी विद्धैकादश्यादि-रूपः । नक्षत्रवेध एकस्यां तिथौ नक्षत्रयोः सम्बन्धः । शूलः शूलयोगः अन्येषां योगानां च येषु । पक्षान्तरे वेधस्ताडनमित्युक्तमेव ॥ १५ ।

न होगा, जहाँ जुआरियों के ही हाथ में पाश (पासा) दिखलाई पड़ेगा, दूसरों के हाथ में पाश (फाँस-रज्जु) न रहेंगे ॥ १२-१३ ।

जहाँ पर जल में ही जड़ता, अन्य किसी में मूर्खता नहीं, स्त्रियों के कटिस्थल ही दुर्बल (कृश-क्षीण) होंगे और कोई दुर्बल नहीं रहेगा ओर नारियों की ही छाती कठोर होगी, पर मनुष्य कठोरहृदय न रहेंगे ॥ १४ ।

जहाँ औषध ही में कुष्ट (कुट्ट) पाया जायेगा, पर मनुष्यों में कुष्ठरोग (कोढ़) न होगा, मूर्तियों के हाथों में ही शूल (त्रिशूल) रहेगा, पर मनुष्यों को शूलरोग न होगा ॥ १५ ।

कम्पः सात्त्विकभावोत्थो न भयात्क्वापि कस्यचित् ।
संज्वरः कामजो यत्र दारिद्र्यं कलुषस्य च ॥ १६ ।

दुर्लभत्वं सदा कस्य सुकृतेन च वस्तुनः ।
इभा एव प्रमत्ता वै युद्धं वीच्योर्जलाशये ॥ १७ ।

दानहानि गजेष्वेव द्रुमेष्वेव हि कण्टकाः ।
जनेष्वेव विहारा हि न कस्यचिदुरःस्थली ॥ १८ ।

सात्त्विकभावो भक्तिः स्वभर्तृषु स्त्रीणां स्त्रीषु च पुंसाम् । **संज्वरः** कामजनित-प्रक्षोभः । पक्षान्तरे संज्वरो धनादिनिमित्तः सन्तापः । कलुषस्य पापस्य दारिद्र्यं न धनादेः ॥ १६ ।

न विद्यते कं सुखं यस्मात्तदकं पापं तस्य सदा दुर्लभत्वं न पुण्यस्य । सुकृतेन च वस्तुनः सुकृते पुण्यनिमित्ते वस्तुनोऽर्थस्य दुर्लभत्वं न च नास्ति । पुण्यार्थं सर्वेऽपि धनं व्ययन्तीत्यर्थः । दुर्लभत्वं सदैकस्य सुकृतेतरवस्तुन इति पाठे सुकृतेतरवस्तुनः पापस्येति व्याकर्तव्यम् । इभा गजा एव प्रमत्ता न जनाः । वीच्योस्तरङ्गयोरेव जलाशये सरोवरादौ युद्धं न तु परस्परस्पर्धया जनानाम् ॥ १७ ।

दानहानिर्मदोदकत्यागः । पक्षान्तरे दानहानिर्दानाभावः । द्रुमेष्वेव हि कण्टकाः । पक्षान्तरेऽन्यत्र कण्टकाः कण्टकतुल्या दुःखदा इत्यर्थः । जनेष्वेव विहरणं विहारा क्रीडा । स्त्रीत्वमार्षम् । विहरणानि विहारा इति बहुवचनं वा । पक्षान्तरे विगतहारा विहारा ॥ १८ ।

जहाँ सात्त्विकभाव से ही कम्प होगा, न कि कभी भय से किसी को कम्प हो, एवं कामजनित ही संताप होगा, न कि धनादि का संताप हो, पाप ही की दरिद्रता (अभाव) होगी, न कि अन्य किसी वस्तु की ॥ १६ ।

जहाँ सदैव पापमय वस्तु की ही दुर्लभता होगी, न कि पुण्यमय वस्तु की, हाथियाँ प्रमत्त (पागल-मस्त) होंगी, न कि मनुष्य, जलाशयों में ही तरंगों का युद्ध होगा, न कि लोगों में ॥ १७ ।

हस्तियों की ही दान (मदजल) हानि होगी, न कि जनों की दानहानि (दान का बन्द होना) होगी, वृक्षों में ही कंटक होंगे, मनुष्य कंटक (दुःखप्रद) न होंगे, मनुष्यों में ही विहार होगा, पर किसी का वक्षःस्थल हार से रहित न रहेगा ॥ १८ ।

बाणेषु गुणविश्लेषो बन्धोक्तिः पुस्तके दृढा।
स्नेहत्यागः सदैवास्ति यत्र पाशुपते जने ॥ १९ ।
दण्डवार्ता सदा यत्र कृतसंन्यासकर्मणाम् ।
मार्गणाश्चापकेष्वेव भिक्षुका ब्रह्मचारिणः ॥ २० ।
यत्र क्षपणका एव दृश्यन्ते मलधारिणः ।
प्रायो मधुव्रता एव यत्र चञ्चलवृत्तयः ॥ २१ ।

बाणेष्वेव गुणविश्लेषो ज्यापरित्यागः। पक्षान्तरेऽन्यत्र गुणानामुदारतादीनां विश्लेषो विच्छेदो नेत्यर्थः। पुस्तकेषु पुस्तिकायामेव दृढा बन्धोक्तिः, पुस्तकं दृढं बन्धनीयमिति वचनम्। तथा चोक्तम्—

तैलाद्रक्ष जलाद्रक्ष रक्ष मां श्लथबन्धनात्।
आखुभ्यः परहस्तेभ्य एवं वदति पुस्तकम् ॥ इति।

पक्षान्तरेऽन्यत्रायं दृढं बध्यतामिति वचनं नास्तीत्यर्थः, अपराधाभावात्। पाशुपते पाशुपतयोगयुक्ते परमहंसे एव स्नेहत्यागो ममताऽभावः। यद्वा पाशुपते संन्यासिन्येव स्नेहत्यागः स्नेहद्रव्याऽभ्यङ्गस्नेहाक्तभैक्षादित्यागः। तथा च श्रुतिः— 'प्राणसन्धारणार्थं यथा मेदोवृद्धिर्न जायते। औषधवदशनमाचरेत्। हिंसातैलादिमैथुनं च प्रतिषिद्धानि, अभ्यङ्गं चैव ताम्बूलं वर्जयेत् परदारवत्' इत्यादिः।

पक्षान्तरेऽन्यत्र स्नेहस्य दयायाः स्नेहद्रव्यस्य घृतादेर्वा त्यागो नास्तीत्यर्थः ॥ १९।

कृतसंन्यासकर्मणामेकदण्डित्रिदण्डिनामेव दण्डवार्ता वंशदण्डधारणकथा। पक्षान्तरेऽन्यत्र राजदण्डवार्ता राजदण्डकथा नास्तीत्यर्थः। चापकेषु चापेषु धनुःष्विति यावत्। एवं मार्गणा बाणाः। पक्षान्तरेऽन्यत्र मार्गणा याचका न सन्तीत्यर्थः। ब्रह्मचारिण एव भिक्षुका भिक्षाहारोपजीविनः। सन्यासिनां त्वत्यादरेण निमन्त्रणमेव भवतीति भावः ॥ २०।

क्षपणका अवधूता एव मलधारिणो देहमलधारिणो दृश्यन्ते। पक्षान्तरे नान्ये

बाणों में ही गुणविश्लेष (डोरी से छूटना) होगा, लोगों में गुणों का विच्छेद न रहेगा, दृढ़बन्धन पुस्तकों का ही होगा, न कि मनुष्यों का, जहाँ पाशुपत (शैव) परमहंसों में ही सदा स्नेह (ममता) का त्याग होगा, न कि निवासीजनों में दया का त्याग होना ॥ १९।

जहाँ पर संन्यासियों की ही दण्डवार्ता होगी, अन्य की नहीं, धनुषों में ही मार्गण (बाण) मिलेंगे, पर अन्यत्र मार्गण (भिक्षुक) नहीं रहेंगे और ब्रह्मचारी ही जहाँ भिक्षुक होंगे, दूसरे भिक्षुक नहीं रहेंगे ॥ २०।

जहाँ पर अर्हन् उपासक क्षपणक (बौद्ध) लोग ही मलधारी होंगे, और कोई नहीं एवं भ्रमरगण ही प्रायः चंचलवृत्ति होंगे, लोग वैसे न होंगे ॥ २१।

इत्यादिगुणवद्देशे त्वयि राज्यं प्रशासति।
धर्मेण राजधर्मज्ञ शौण्डीर्यगुणशालिनि॥ २२।
सौभाग्यभाजिरूपाढ्ये शौर्योदार्यगुणान्विते।
सीमन्तिनीनां रम्याणां लावण्यार्जितसुश्रियाम्॥ २३।
राज्ञीनामयुतं भावि कुमाराणां शतत्रयम्।
वृद्धकाल इति ख्यात उग्रः परपुरञ्जयः॥ २४।
विजितानेकसमरः श्रीसन्तर्पितमार्गणः।
अनेकगुणसम्पूर्णः पूर्णचन्द्रनिभद्युतिः॥ २५।

इत्यर्थः। मधुव्रता भ्रमरा एव चञ्चलवृत्तयः। पक्षान्तरे नान्य इत्यर्थः। भ्रमरेष्वपि केचन चञ्चलवृत्तयो न भवन्तीति प्रायो ग्रहणम्॥ २१।

उपसंहरति। **इत्यादीति**। पूर्वोक्तप्रकारगुणवति देशे धर्मेण न्यायेन राज्यं राज्ञः कर्मप्रजापालनादि त्वयि प्रशासति कुर्वति सति लावण्येनाङ्गसौन्दर्येणार्जिता प्राप्ता शोभना श्रीर्याभिस्तासां राज्ञीनामयुतं दशसहस्रं तासु च कुमाराणां शतत्रयं भावि भविष्यतीति तृतीयेनान्वयः। राजानं विशेषयतः। शौण्डीर्येति सपादसार्धेन। शौण्डीर्यं शूरता। सौन्दर्येति क्वचित्। तत्र सौन्दर्यं शोभातिशयः। रूपं करचरणादिघटनसौष्ठवं लावण्यमिति यावत्। शौर्यं दाक्ष्यम्। औदार्यं दातृत्वं महत्त्वं वा॥ २२।

वृद्धकाल इति सार्धपञ्चकं वाक्यम्। नाम्ना वृद्धकाल इति ख्यातस्त्वं मध्ये राजसभं राजसभाया मध्ये दूरात्कार्पटिकैः रक्तवस्त्रधारिततपस्विविशेषैर्दृष्टः सन् पश्चात्तैः सर्वैः कार्पटिकैरनेकशः शोभनाशीर्वादैरभिनन्दित आनन्देन सम्बर्धितो भविष्यसीत्यन्वयः। कथम्भूतैः स्वाशीर्वादैः। तत्कर्मभाविसदृशैस्तच्चद्वकुण्ठभोगावसानपुण्यं कर्म तस्य भावि यत्फलं तत्सदृशैस्तद्योग्यैर्यथार्थैरित्यर्थः। त्वद्भाविकर्मसदृशैरिति पाठेऽपि स एवार्थः। त्वं कथम्भूतः? उग्रः प्रतापवान्॥ २४।

श्रिया धनसम्पत्त्या सन्तर्पिता मार्गणा याचका येन सः। श्रीसमर्पितेति पाठेऽपि स एवार्थः॥ २५।

इन सब गुणों से परिपूर्ण उस देश में शौण्डीर्यगुणशाली सौभाग्यभाक् स्वरूपवान् शूरता-उदारतादि गुणों से भूषित राजधर्म के ज्ञाता तुम्हारे धर्मपूर्वक राज्यशासन करने पर लावण्यवती रमणीय दश सहस्र रमणियाँ तुम्हारी रानी होंगी और तीन सौ राजकुमार उत्पन्न होंगे। तुम प्रचण्ड परपुरंजय वृद्धकाल नाम से प्रसिद्ध होगे॥ २२-२४।

तुम अनेक समरों के विजेता, भिक्षुकों को धन से तृप्ति देने वाले, बहुत गुणों

सन्ततावभृथक्लिन्नमूर्धजः क्षितिपर्षभः ।
प्रजापालनसम्पन्नः कोशप्रीणितभूसुरः ॥ २६ ।
पदारविन्दं गौविन्दं हृदि ध्यायन्नतन्द्रितः ।
वासुदेवकथालापपरिक्षिप्तदिनक्षपः ॥ २७ ।
कदाचिदुपविष्टः सन्मध्ये राजसभं द्विज ।
दूरात् कार्पटिकैर्दृष्टो वाराणस्याः समागतैः ॥ २८ ।
त्वत्कर्मभाविसदृशैस्तदा त्वमभिनन्दितः ।
तैः सर्वैः राजशार्दूल स्वाशीर्वादैरनकेशः ॥ २९ ।
श्रीमद्विश्वेश्वरो देवो विश्वेषां जगतां गुरुः ।
काशीनाथस्तु ते कुर्यात् कुमतेरपवर्जनम् ॥ ३० ।

सन्ततमवभृथेन यज्ञसमाप्त्यनन्तरं क्रियमाणेन स्नानेन क्लिन्ना आर्द्रा मूर्धजाः, केशा यस्य सः । सत्तीर्थोदकसंक्लिन्नेति पाठे सत्तीर्थान्युत्कृष्टानि यानि कावेरीतुङ्गभद्रा-कृष्णावेणागौतम्यादीनि । तथा चोक्तम्—

कावेरीतुङ्गभद्रा च कृष्णावेणा च गौतमी ।
भागीरथीति विख्याताः पञ्चगङ्गा प्रकीर्तिताः ॥ इति ।

तेषामुदकैः संक्लिन्ना मूर्धजा यस्य स इत्यर्थः । कोशेन कोशस्थेन न्यायार्जित-धनेन प्रीणितास्तर्पिता भूसुरा ब्राह्मणा येन सः ॥ २६ ।

गोविन्दस्येदं गौविन्दम् । पदारविन्दे कृष्णस्येति पाठे पदारविन्दे इति द्विती-याद्विवचनम् । वासुदेवकथालापेन परिक्षिप्ते निर्वाहिते दिनक्षपे दिवसरात्री येन सः ॥ २७ ।

स्वाशीर्वादमेवाहतुः । **श्रीमद्विश्वेश्वर** इति पञ्चकेन । कुमतेरज्ञानस्य अपवर्जनं नाशनम् ॥ ३० ।

से परिपूर्ण, पूर्णचन्द्र समान द्युतिमान्, निरन्तर अवभृथ (यज्ञान्त-स्नान) से आर्द्रकेश, प्रजापालन में परमसम्पन्न, राजाओं में सर्वोत्तम और कोश (खजाना) के द्वारा ब्राह्मणगण के प्रीतिकर्ता एवं निरालस्य होकर गोविन्द के पादारविन्द का हृदय में ध्यान करते हुए दिन-रात वासुदेव के ही कथालाप में व्यतीत करने लगोगे ॥ २५-२७ ।

हे द्विज ! तुम्हारे हो भाग्यवश कहीं से किसी समय पर काशीक्षेत्र से आये हुए कुछ यात्री राजसभा में तुमको विराजित देख अनेक आशीर्वाद देते हुए इस प्रकार से कहेंगे कि हे राजशार्दूल ! जिससे तुम उस समय बड़े आनन्दित होगे ॥ २८-२९ ।

समस्त जगत् के गुरु काशीनाथ श्रीमान् विश्वेश्वरदेव तुम्हारी कुमति को दूर

नैःश्रेयसीं च सम्पत्तिं यो देयात् स्मरणादपि ।
काशीनाथः स ते दिश्याज्ज्ञानं मलविवर्जितम् ॥ ३१ ।
येन पुण्येन ते प्राप्तं राज्यं प्राज्यमकण्टकम् ।
तत्पुण्यशेषतो भूयाद्विश्वनाथे मतिस्तव ॥ ३२ ।
यस्य प्रसादात् सुलभमायुः पुत्राम्बराङ्गनाः ।
समृद्धयः स्वर्गमोक्षौ स विश्वेशः प्रसीदतु ॥ ३३ ।
नामश्रवणमात्रेण यस्य विश्वेशितुर्विभोः ।
महापातकविच्छेदः स विश्वेशोऽस्तु ते हृदि ॥ ३४ ।

न चात्र साधनप्रयास इत्याह । नैःश्रेयसीं कैवल्याख्याम् । स्मरणादपि शब्दादुच्चारणादपि । तथा च—

सकृदुच्चरितं येन हरिरित्यक्षरद्वयम् ।
बद्धः परिकरस्तेन मोक्षाय गमनं प्रति ॥ इति ।

नन्वज्ञानं ज्ञानेनैव निवर्त्यमतस्तदभावात्कथं तस्यापवर्जनं तत्राहुः । काशीनाथः स इति । स प्रसिद्धः । दिश्यादुपदिशतु । ननु तथापि सार्वज्ञ्यादिज्ञानदाने स दोषस्तदवस्थ एवेत्याशङ्क्याहुर्मलविवर्जितमज्ञानतत्कार्ययोर्नाशकमित्यर्थः ॥ ३१ ।

ननु पुण्यं विना कथं विश्वनाथस्मरणं घटेत् तत्राह । येन पुण्येनेति । प्राज्यमुत्कृष्टं प्रजासु सुखम् । तत्र हेतुरकण्टकं शत्रुरहितम् ॥ ३२ ।

ननु तथापि प्रसन्नः सन्नेकमेव फलं दद्यान्न चिरजीवनमारभ्य मोक्षावसानमित्यत्राहुः । यस्य प्रसादादिति । अम्बरं वस्त्रम् । अङ्गना उत्तमा स्त्री । वराङ्गना इति वा पाठः । समृद्धयो राज्यादिविभूतयः । परमकारुणिकत्वात्तस्येति भावः ॥ ३३ ।

करें, जो स्मरणमात्र से भी मुक्ति-संपत्ति दान करते हैं, वे ही काशीनाथ तुमको निर्मल ज्ञान का उपदेश करें ॥ ३०-३१ ।

जिस पुण्यबल से तुमने इस अकंटक बहुत बड़े राज्य को प्राप्त किया है, उसी पुण्य के शेषभाग-द्वारा तुम्हारी बुद्धि विश्वनाथ में अर्पित हो ॥ ३२ ।

जिस विश्वनाथ के प्रसाद से आयुष्य, पुत्र, वर, अंगना, समृद्धियाँ, स्वर्ग एवं मोक्ष भी सुलभ है, वे ही विश्वेश्वर (तुम पर) प्रसन्न हों ॥ ३३ ।

जिनके केवल नाम सुनते ही महापातकों का विनाश हो जाता है, वे ही विश्वेश्वर तुम्हारे हृदय में निवास करें ॥ ३४ ।

त्वं वृद्धकालो भूपालः श्रुत्वेत्याशीः परम्पराम् ।
स्मरिष्यसीदं वृत्तान्तं पुलकाङ्कवपुस्तदा ॥ ३५ ॥
आकारगोपनं कृत्वा तेभ्यो दत्वा धनं बहु ।
सुमुहूर्तमनुप्राप्य सुते राज्यं विधाय च ॥ ३६ ॥
अनङ्गलेखया राज्ञ्या ततः काशीं गमिष्यसि ।
दत्वा दानानि भूरीणि प्रीणयित्वार्ऽथिनो जनान् ॥ ३७ ॥
स्वनाम्ना तत्र संस्थाप्य लिङ्गं निर्वाणकारणम् ।
प्रासादं तत्र कृत्वोच्चैस्तदग्रे कूपमुत्तमम् ॥ ३८ ॥
विधाय विधिवत्तत्र कलशारोपणादिकम् ।
मणिमाणिक्यचाम्पेयदुकूलेभाश्वगोधनम् ॥ ३९ ॥
महाध्वजपताकाश्च च्छत्रचामरदर्पणम् ।
देवोपकरणं भूरि विश्राण्य श्रमवर्जितः ॥ ४० ॥

त्वमिति । इति आशीः परम्परां पूर्वोक्तामाशीर्वादधारां श्रुत्वा इदम् इमम् अयं चासौ वृत्तान्तश्चेति वा । इदं वृत्तान्त आवाभ्यामिदानीं कथ्यमानस्तं त्वं स्मरिष्यसीत्यर्थः ॥ ३५ ॥

आकारेति साधं वाक्यम् । आकारगोपनमभिप्रायसंगोपनम् । सुमुहूर्तं शोभनं लग्नम् ॥ ३६ ॥

दत्वेति सार्धश्लोकं वाक्यम् । तत्र क्त्वान्तल्यबन्तानां पदानां तत्र काश्यां द्रक्ष्यस्येकं तपोधनमित्यनेनाऽन्वयः ॥ ३७ ॥

चाम्पेयदुकूलं पीतवस्त्रम् ॥ ३९ ॥

विश्राण्य दत्वा । श्रमवर्जितः कार्पण्यजन्यखेदरहितः ॥ ४० ॥

इस आशीर्वाद की परम्परा को सुन, तुम वृद्धकाल-भूपालरूप में रोमांचितशरीर होकर उस घड़ी इस वृत्तान्त का स्मरण करोगे ॥ ३५ ॥

फिर आकार को छिपा, उन सबको बहुत सा धन देकर सुमुहूर्त में पुत्र को राज्य समर्पण कर रानी अनंगलेखा के सहित काशी जाओगे, (वहाँ) अनेक दानों को दे, याचक-जनों को सन्तुष्ट कर, अपने नाम से प्रसिद्ध मुक्तिदाता शिवलिंग की स्थापना कर, उस पर बहुत ही ऊँचा शिवालय बनवा, उसके आगे उत्तम कूप-रचना कर, विधिवत् वहाँ पर कलशारोपणादि व्यवहार कर, मणिमाणिक्य, सुवर्ण, वस्त्र, हस्ती, घोड़ा, गौ, धन, महाध्वज, पताका, क्षत्र, चामर, दर्पण एवं अनेक देवोपकरण (पुजहाई आदि)

व्रतोपवासनियमैः परिक्षीणकलेवरः ।
मध्याह्ने निर्जने तत्र द्रक्षस्येकं तपोधनम् ॥ ४१ ।
अतीवजीर्णवपुषं परिपिङ्गजटान्वितम् ।
मूर्तिमन्तमिव प्रांशुं धर्मं जनमनोहरम् ॥ ४२ ।
भारं शरीरयष्टेश्च वृद्धयष्टचां समर्प्य च ।
गर्भागाराद्विनिष्क्रम्याभ्यान्तरङ्गमण्डपे ॥ ४३ ।
उपविश्य समीपे ते प्रक्षत्येवमनुक्रमात् ।
कोऽसि त्वं किमिहाऽसि त्वं द्वितीय इव कस्त्वयम् ॥४४।
प्रासादः कारितः केन जानास्येष ततो वद ।
अस्य लिङ्गस्य किं नाम प्रायो जाने न वार्धकात् ॥ ४५ ।
पृष्ट त्वमिति तेनाऽथ तदा वृद्धतपस्विना ।
कथयिष्यस्यहं राजा वृद्धकाल इति श्रुतः ॥ ४६ ।

मूर्तिमन्तं धर्ममिवेत्यन्वयः । प्रांशुमुच्चं महान्तं धर्ममिति वा ॥ ४२ ।
गर्भागाराच्छिवालयात् ॥ ४३ ।

उपविश्येत्यर्धं वाक्यम् । स तपोधन इति शेषः । प्रक्ष्यति प्रश्नं करिष्यति । प्रश्नमेवाहतुः । कोऽसीति सार्धेन । द्वितीय इव कस्त्वयमित्यनङ्गलेखासुद्दिश्य । अनेन सम्यग् दृष्टिबलाभावः सूचितः ॥ ४४ ।

अकृपणचित्त से देकर व्रत, उपवास और नियम के द्वारा अतिक्षीण कलेवर होने पर तुम वहाँ निर्जन स्थान में दोपहर की वेला में एक तपोधन को देखोगे ॥ ३६-४१ ।

वह अतीव जीर्णशरीर, पिंगलजटाजूट से शोभित, तपस्वी, उन्नत मूर्तिधारी, धर्म के समान लोगों के मन की श्रद्धा का आस्पद, अपने शरीरयष्टि के भार को दृढ़ छड़ी पर रखे हुए, शिव-मन्दिर के भीतर से निकलकर बाहर सभामंडप में आकर तुम्हारे समीप में बैठकर इस क्रम से पूछने लगेगा—तुम कौन हो ? यहाँ पर क्यों आये हो ? (तुम्हारे ऐसा) यह दूसरा और कौन है ? यह शिवालय किसने बनवाया है ? यदि जानते हो तो बतलाओ इस लिंग का क्या नाम है ? प्रायः वृद्धता के कारण मैं नहीं जान सका ॥ ४२-४५ ।

तब उस वृद्ध तपस्वी के इस प्रकार से पूछने पर तुम कहोगे कि मैं वृद्धकाल

दाक्षिणात्य इह प्राप्तस्त्वेतया सह कान्तया ।
ध्यायामि लिङ्गमेतच्च प्रार्थयामि न किञ्चन ॥ ४७ ।
प्रासादस्यास्य जटिलः स्वयं कारयिता शिवः ।
विशेषतोऽस्य लिङ्गस्य नाम नो वेद्मि निश्चितम् ॥ ४८ ।
इति श्रुत्वा नरपतेर्वाक्यं प्राह जटाधरः ।
सत्यमुक्तं त्वयैकं हि लिङ्गनाम न वेत्सि यत् ॥ ४९ ।
पश्येयं त्वामहं नित्यमुपविष्टं सुनिश्चलम् ।
श्रुतो भविष्यति तव प्रासादो येन कारितः ॥ ५० ।
ममाग्रे तत्समाचक्ष्व यदि जानासि तत्त्वतः ।
आकर्ण्येति वचस्तस्य पुनः प्राह भवानिति ॥ ५१ ।
कर्ता कारयिता शम्भुः किमतथ्यं ब्रवीम्यहम् ।
अथवा चिन्तया किं मे तपस्विन्ननया विभो ॥ ५२ ।

दाक्षिणात्यो दक्षिणदेशोद्भवः । एतयाऽनङ्गलेखया ॥ ४७ ।

भवानिति गणवाक्यम् ॥ ५१ ।

नामक दक्षिण देश का राजा हूँ । इस अपनी सहधर्मिणी के साथ यहाँ आया हूँ और इसी लिंग का ध्यान करता हूँ, पर कुछ भी प्रार्थना नहीं करता ॥ ४६-४७ ।

हे जटिल ! इस शिवालय के बनवाने वाले स्वयं महादेव हैं, विशेषरूप से मैं इस लिंग का निश्चित नाम नहीं जानता ॥ ४८ ।

वह जटाधारी राजा का ऐसा वचन सुनकर कहेगा कि "तुमने एक बात ठीक कही—जो लिंग का नाम नहीं जानते" ॥ ४९ ।

मैं तुमको नित्य ही (यहाँ) स्थिररूप से बैठे देखता हूँ, अतएव (संभव है कि) तुमने यह सुना होगा कि यह शिवालय किसने बनवाया है ? ॥ ५० ।

"यदि ठीक-ठीक जानते हो, तो मेरे सन्मुख उसे कहो" उस तपस्वी की यह बात सुनकर तुम फिर कहोगे कि "क्या मैं झूठ कहता हूँ ! कि कर्ता और कारयिता महादेव ही हैं" । अथवा हे विभो ! तपस्विन् ! इस चिन्ता से मुझे क्या प्रयोजन है ? ॥ ५१-५२ ।

इति त्वयि स्थिते जोषं स पुनर्वृद्धतापसः ।
पिपासुरस्मि पानीयमानीयाशु प्रयच्छ मे ॥ ५३ ।
इति तेन च नुन्नस्त्वं वार्यानीय च कूपतः ।
पाययिष्यसि तं वृद्धं तापसं तत्क्षणाच्च सः ॥ ५४ ।
तदम्बुपानतो भूयात् सुपार्वणशशिप्रभः ।
तरुणो रूपसम्पन्नः कोशोन्मुक्तोरगो यथा ॥ ५५ ।
जाताश्चर्येण भवता पुनरेवाभ्यभाषि सः ।
कः प्रभावो हि भगवन्नेष येन भवान् पुनः ॥ ५६ ।
परित्यज्याऽत्र जरसं नवो भ्राजसि साम्प्रतम् ।
अस्ति चेदवकाशस्ते ततो ब्रूहि तपोधनः ॥ ५७ ।

तपोधन उवाच—

वृद्धकालक्षितिपते जाने त्वां सुमहामते ।
इमामपि च जानेऽहं तव पत्नीं पतिव्रताम् ॥ ५८ ।

जोषं तूष्णोम् ॥ ५३ ।

नुन्नः प्रेरितः प्रार्थित इति यावत् ॥ ५४ ।

तदम्बु-इति । भूयाद् भविष्यति । सुपार्वणशशिप्रभः शोभनपूर्णिमाचन्द्रसदृशः । कोशोन्मुक्तोरगो निर्मोकरहितसर्पः ॥ ५५ ।

इस प्रकार कहकर तुम्हारे चुप हो जाने पर वह वृद्धतापस फिर कहेगा— "बहुत प्यासा हूँ, मुझे पानी लाकर शीघ्र ही दो" ॥ ५३ ।

उसकी ऐसी प्रार्थना करने पर तुम कूप से जल लाकर उस वृद्धतपस्वी को पिलाओगे । (बस) वह तुरत उस पानी के पीने से पूर्णिमा के चन्द्रमा-प्रभा-सम्पन्न सुन्दर-रूप तरुण हो जायेगा, जैसे केंचुली के छोड़ देने पर सर्प फिर नवीन हो जाता है ॥ ५४-५५ ।

तब तुम आश्चर्य में आकर उससे फिर कहोगे कि भगवन् ! यह कौन-सा प्रभाव है ? जिसके द्वारा आप यहाँ बुढ़ौती को छोड़कर संप्रति नवजवान होकर शोभायमान हो रहे हैं ? हे तपोधन ! यदि आप को अवकाश हो तो कहिए ॥५६-५७।

तपोधन ने कहा—

तदनन्तर तपोधन बोलेंगे—हे महामतिमन् ! नरपते ! वृद्धकाल ! मैं तुमको जानता हूँ और तुम्हारी इस पतिव्रता पत्नी को भी जानता हूँ ॥ ५८ ।

जन्मनोऽस्मादियं राजन्नासीद्विप्रस्य कन्यका ।
दुर्वसोर्वेदवपुषः शुभाचारा शुभानना ॥ ५९ ।
तेन दत्ता विवाहार्थं नैध्रुवाय महात्मने ।
स च कालवशं प्राप्तो नैध्रुवोऽप्राप्तयौवनः ॥ ६० ।
वैधव्यं पालयन्त्येषा मृताऽवन्त्यां शुभव्रता ।
तेन पुण्येन संजाता पाण्ड्यस्य नृपतेः सुता ॥ ६१ ।
परिणीता त्वया राजन् पतिव्रतरता सदा ।
त्वया सहेह सम्प्राप्ता मुक्तिं प्राप्स्यत्यनुत्तमाम् ॥ ६२ ।
अयोध्यायामथाऽवन्त्यां मथुरायामथाऽपि वा ।
द्वारवत्यां च कान्त्यां वा मायापुर्यामथो नृप ॥ ६३ ।
अपि पातकिनो ये च कालेन निधनं गताः ।
ते हि स्वर्गादिहागत्य काश्यां मोक्षमवाप्नुयुः ॥ ६४ ।

अन्यानि पुण्यक्षेत्राणि काशीप्रापिकराणीति वक्तुं तयोः पूर्वजन्मवृत्तान्तमाह । **जन्मनोऽस्मादिय**मित्यादिना ॥ ५९ ।

नन्ववन्त्यां मोक्षपुर्यां मृतायाः कथं पुनर्जन्म तत्राह । **अयोध्याया**मित्यादि ॥६३।

हे राजन् ! यह इस जन्म के पूर्व तुर्वसु नामक ब्राह्मण की सदाचारवती सुमुखी कन्या थी ॥ ५९ ।

तुर्वसु ने इसे महात्मा नैध्रुव को विवाहार्थ दान कर दिया; फिर वह नैध्रुव विना यौवन प्राप्त हुए ही कालधर्म के वश हो गया ॥ ६० ।

यह सच्चरित्रा वैधव्य (व्रत) का पालन करती हुई अवन्तीपुरी में मर गयी। उसी पुण्य से पांड्य राजा की बेटी हुई ॥ ६१ ।

राजन् ! (अब) इस पतिव्रता से तुमने विवाह किया और यह तुम्हारे साथ यहाँ आकर उत्तम मुक्ति को पायेगी ॥ ६२ ।

हे नृप ! अयोध्या, अवंतिका, मथुरा, द्वारवती, कांची, अथवा मायापुरी (हरद्वार) में जो पातकी लोग यथाकाल मर जाते हैं, वे सब स्वर्ग से आकर यहाँ काशी में मोक्ष को प्राप्त होते हैं ॥ ६३-६४ ।

अवैमि त्वामपि नृप द्विजोऽभूः पूर्वजन्मनि ।
माथुरः शिवशर्माख्यो मायापुर्यां भवान् मृतः ॥ ६५ ।
तत्पुण्यात्प्राप्य वैकुण्ठं भुक्त्वा भोगान् मनोरमान् ।
तत्पुण्यशेषात् क्षितिपो जातस्त्वं नन्दिवर्धने ॥ ६६ ।
वृद्धकालावनीपाल तेनैव सुकृतेन च ।
मोक्षक्षेत्रमिदं प्राप्तो मुक्तिं प्राप्स्यस्यनुत्तमाम् ॥ ६७ ।
अन्यच्च शृणु राजेन्द्र त्वया यत् समुदीरितम् ।
कर्ता कारयिता शम्भुः प्रासादस्येति तत्स्फुटम् ॥ ६८ ।
सुकृतं नैव सततमाख्यातव्यं कदाचन ।
कृतं मयेति कथनात्पुण्यं क्षयति तत्क्षणात् ॥ ६९ ।
तस्मात् सर्वप्रयत्नेन गोपनीयं निधानवत् ।
सुकृतं कीर्तनाद् व्यर्थं भवेद् भस्महुतं तथा ॥ ७० ।

एवं भार्यायाः पूर्ववृत्तान्तमुक्त्वा तस्याऽप्याह । **अवैमीत्यादिना** ॥ ६१ ।
अन्यच्चेति । स्फुटं निश्चितम् । एतदेव युक्तमिनि भावः ॥ ६८ ।
तदेव दर्शयति । **सुकृतं नैवेति** ॥ ६९ ।
तस्मादिति । निधानवन्निधिवत् ॥ ७० ।

हे नृपते ! मैं तुमको (भले ही) जानता हूँ, तुम पूर्वजन्म में मथुरा के निवासी शिवशर्मा नामक ब्राह्मण थे । तुम हरद्वार (मायापुरी) में मृत्यु को प्राप्त हुए ॥ ६५ ।

उसी पुण्यबल से वैकुण्ठ को प्राप्त हो, मनोरम भोगों को भोगकर फिर उसी पुण्य के शेषांश से नन्दिवर्धन के राजा हुए ॥ ६६ ।

हे वृद्धकाल महिपाल ! उसी सुकृत से इस मोक्षक्षेत्र काशी को प्राप्त हुए और उत्तम मुक्ति को प्राप्त करोगे ॥ ६७ ।

हे राजेन्द्र ! और फिर यह सुनो जो तुमने यह कहा कि—"इस शिवालय के बनाने और बनवानेवाले महादेव हैं" सो बहुत ही ठीक है ॥ ६८ ।

कभी भी जो कुछ पुण्यकर्म करे, उसे किसी से नहीं कहना चाहिए; क्योंकि 'मैंने किया' ऐसा कहते ही उसी क्षण पुण्य का क्षय हो जाता है, अतएव बड़े प्रयत्न से पुण्य को धन के निधि की तरह छिपाये ही रहना चाहिए; क्योंकि कह देने से पुण्य भस्म में दी हुई आहुति के सदृश व्यर्थ हो जाता है ॥ ६९-७० ।

निश्चितं विश्वनाथेन प्रेरितेन त्वयाऽनघ।
कृतं हि कृतकृत्येन प्रासादाविह वेद्म्यहम् ॥ ७१ ।
वृद्धकालेश्वरं नाम लिङ्गमेतन् महीपते।
जानीह्यनादिसंसिद्धं निमित्तं किन्नु वै भवान् ॥ ७२ ।
दर्शनात् स्पर्शनात्तस्य पूजनाच्छ्रवणान्नतेः।
वृद्धकालेशलिङ्गस्य सर्वं प्राप्नोति वाञ्छितम् ॥ ७३ ।
कूपः कालोदको नाम जराव्याधिविघातकृत्।
यदीयजलपानेन मातुः स्तन्यमपानवान् ॥ ७४ ।
कृतकूपोदकस्नानः कृततल्लिङ्गपूजनः।
वर्षेण सिद्धिमाप्नोति मनोऽभिलषितां नरः ॥ ७५ ।
न कुष्ठं न च विस्फोटा न रंघा न विचर्चिका।
पीतात्स्पृष्टात् प्रतिष्ठन्ति कफःकालदमोदकात्॥ ७६ ।

निश्चितमिति.। हि हकारावत्यन्तनिश्चयार्थौ। प्रसादाद्यपीति क्वचित् ॥ ७१ ।

कूप इति। कालं जराव्याधिविघातकमुदकं यस्य सः। तदेव दर्शयति। जराव्याधिविघातकृदिति। कालदम इति पाठे कालं मृत्युं दमयतीति तथा ॥ ७४।

न कुष्ठमिति। कालदमोदकात् पीतात् स्पृष्टाद्वा कुष्ठादयो रोगा न प्रतिष्ठन्तीत्यन्वयः। तत्र कुष्ठं श्वित्रम्। कुष्ठं श्वित्रमित्यमरः। विस्फोटः पिटकः। विस्फोटः पिटकः

हे अनघ! निश्चयरूप से तुमने विश्वनाथ के ही द्वारा प्रेरित और कृतकृत्य होकर इस शिवमन्दिर का निर्माण कराया है, यह मैं (भले) जानता हूँ ॥ ७१।

हे महीपते! यह समझ लो कि यह वृद्धकालेश्वर नामक अनादिसिद्ध लिंग है; परन्तु तुम इसके केवल निमित्तमात्र हुए हो ॥ ७२।

इस वृद्धकालेश्वर लिंग के दर्शन, स्पर्शन, पूजन, श्रवण और प्रणाम से सकल वांछित अर्थ प्राप्त होते हैं ॥ ७३।

यह कालोदकनामा कूप जरा (वृद्धता) और व्याधियों का विघातक है, इसका जलपान करने से फिर माता के स्तन का दूध नहीं पीना पड़ता ॥ ७४।

इस कूप के जल से स्नान कर इस लिंग का पूजन करने वाला नर एकवर्ष में अपनी मनोभिलषित सिद्धि को प्राप्त करता है ॥ ७५।

इस कालदमकूप के जल पीने अथवा स्पर्श करने से कोढ़, विस्फोटक (शीतला), रंघणी, ओदी, खुजली और कफपीड़ा आदि रोग नहीं रह पाते ॥ ७६।

नाग्निमान्द्यं नैव शूलं न मेहो न प्रवाहिका ।
न मूत्रकृच्छ्रं नो पामा पानीयस्यास्य सेवनात् ॥ ७७ ।
भूतज्वराश्च ये केचिद्ये केचिद्विषमज्वराः ।
ते क्षिप्रमुपशाम्यन्ति ह्येतत्कूपोदसेवनात् ॥ ७८ ।
तवाऽग्रतो मम जरापलितं च यथाविधि ।
एतत्कूपोदपानेन क्षणान्नष्टं नवोऽभवम् ॥ ७९ ।
वृद्धकालेश्वरे लिङ्गे सेविते न दरिद्रता ।
नोपसर्गा न वा रोगा न पापं नाघजं फलम् ॥ ८० ।
उत्तरे कृत्तिवासस्य वाराणस्यां प्रयत्नतः ।
वृद्धकालेश्वरं लिङ्गं द्रष्टव्यं सिद्धिकामुकैः ॥ ८१ ।
इत्युक्त्वा तं महीपालं हस्ते धृत्वा तपोधनः ।
सानङ्गलेखा राज्ञीकं तस्मिँल्लिङ्गे लयं ययौ ॥ ८२ ।

स्त्रियामित्यमरः । रंघा रंघणीरोगविशेषः । विचर्चिका किलासम् । किलाससिध्मेकच्छ्वान्तुपामपामे विचर्चिकेत्यमरः ॥ ७६ ।

मेहो व्याधिविशेषः । व्याधिभेदाविद्रधिः स्त्री ज्वरमेहभगन्दरा इत्यमरः । प्रवाहिका ग्रहणी । ग्रहणीरुक् प्रवाहिकेत्यमरः । मूत्रकृच्छ्रमश्मरी । अश्मरी मूत्रकृच्छ्रं स्यादित्यमरः । पामविचर्चिकयोरवान्तरभेदः ॥ ७७ ।

सानङ्गलेखाराज्ञीकं अनङ्गलेखया राज्ञ्या सहितम् ॥ ८२ ।

अग्निमन्दता, शूल (दर्द-हुक्क), प्रमेह, संग्रहणी, मूत्रकृच्छ्र (करकमुत्ती-पथरी), पामा (खजुरी) आदि रोग इस कूपजल के सेवन से दूर हो जाते हैं, और इसी कूपोदक के सेवन से जो भूतज्वर हैं, एवं जितने प्रकार के विषमज्वर हैं, वे सब बहुत ही शीघ्र शान्त हो जाते हैं ॥ ७७-७८ ।

तुम्हारे ही आगे मेरी जरा और पलित (बालों की शुक्लता) इसी कूप के जलपान करने से ही विनष्ट हो गयी और मैं क्षणमात्र में नया बन गया ॥ ७९ ।

इस वृद्धकालेश्वर लिंग की सेवा करने से दरिद्रता, उपसर्ग, रोगगण, पाप और पापजनित फल नहीं होते ॥ ८० ।

वाराणसी-क्षेत्र में सिद्धिलाभार्थियों को प्रयत्नपूर्वक कृत्तिवासेश्वर के उत्तरभाग में वृद्धकालेश्वर लिंग का दर्शन करना चाहिए ॥ ८१ ।

वह तपोधन यह कहकर अनंगलेखा राज्ञी के सहित उस महिपाल का हाथ पकड़कर उसी लिंग में अन्तर्धान हो जाएगा ॥ ८२ ।

महाकाल महाकाल महाकालेति कीर्तनात् ।
शतधा मुच्यते पापैर्नात्र कार्या विचारणा ॥ ८३ ।
इत्थं भवित्री ते मुक्तिः कैटभारातिदर्शनात् ।
भोगान् भुक्त्वा बहुविधान् वैकुण्ठनगरे शुभे ॥ ८४ ।
इति संहृष्टतनूरुहः स विप्रो भगवत्तद्गुणवक्त्रतो निशम्य ।
स्वमुदर्कमथार्ककोटिरम्यं हरिलोकं परिलोकयाञ्चकार ॥८५।

मैत्रावरुणिरुवाच—

लोपामुद्रे स विप्रेन्द्रो भोगान् भुक्त्वा मनोरमान् ।
मायापुर्यां कृतप्राणत्यागपुण्यबलेन च ॥ ८६ ।
वैकुण्ठलोकादागत्य पत्तने नन्दिवर्धने ।
भौमानि भुक्त्वा सौख्यानि पुत्रानुत्पाद्य सुन्दरान् ॥ ८७ ।
तेषु राज्यं विनिक्षिप्य प्राप्य वाराणसीं पुरीम् ।
विश्वेश्वरं समाराध्य निर्वाणपदमीयिवान् ॥ ८८ ।

स्वमुदर्कं स्वीयमुत्तरकालीनं फलम् ॥ ८५ ।
भौमानीति । सुन्दरानन्धपङ्ग्वादिरहितान् । सद्गुणानिति कश्चित् ॥ ८७ ।
विश्वेश्वरमिति । निर्वाणपदं कैवल्यस्थानमीयिवान् प्राप्तवान् ॥ ८८ ।
॥ इति श्रीरामानन्दकृतायां काशीखण्डटीकायां चतुर्विंशतितमोऽध्यायः ॥ २४ ।

मनुष्य—"महाकाल! महाकाल! महाकाल!" इतना कीर्तन करने से ही सैकड़ों प्रकार के पापों से छूट जाता है, इसमें कुछ भी विचार नहीं करना चाहिए ॥ ८३ ।

इसी विधि से विष्णु भगवान् के दर्शन करने पर उत्तम वैकुण्ठपुर में अनेक भोगों को भोगकर अन्त में तुम्हारी मुक्ति हो जाएगी ॥ ८४ ।

अनन्तर वह ब्राह्मण शिवशर्मा उन भगवद्गणों के मुख से अपने भावी वृत्तान्त को सुनकर पुलकित शरीर होकर कोटि सूर्य के समान रमणीय विष्णुलोक का दर्शन करने लगा ॥ ८५ ।

अगस्त्य ऋषि ने कहा—

लोपामुद्रे ! वह मायापुरी में प्राण-त्याग करने के पुण्यबल से मनोरम भोगों को प्राप्त कर वैकुण्ठलोक से नन्दिवर्धन पत्तन (देश-नगर) में आकर भूतल के भोगों को भोग, सुन्दर पुत्रों को उत्पन्न कर, फिर उन सब पर राज्य का भार रख, वाराणसी नगरी में पहुँच, विश्वेश्वर की आराधना कर मोक्षपद को प्राप्त हुआ ॥ ८६-८८ ।

एतत्पुण्यतमाख्यानं विप्रस्य शिवशर्मणः ।
श्रुत्वा पापविनिर्मुक्तो ज्ञानं परममृच्छति ॥ ८९ ।

॥ इति श्रीस्कन्दपुराणे काशीखण्डे शिवशर्मनिर्वाणप्रापणं नाम
चतुर्विंशोऽध्यायः ॥ २४ ॥

शिवशर्मा ब्राह्मण के इस परम पुण्य उपाख्यान के श्रवण करने से मनुष्य समस्त पापों से निर्मुक्त होकर उत्कृष्ट ज्ञान को प्राप्त करता है ॥ ८९ ।

लहो मुक्ति शिवशर्म जिमि, करि वैकुण्ठ निवास ।
वृद्धकाल नृप रूप ते, पुनि करि काशीवास ॥ १ ।
सावन में रविवार को, मेला होत विशेष ।
वृद्धकाल के स्नान ते, छुटत रोग बहु देख ॥ २ ।

॥ इति श्रीस्कन्दपुराणे चतुर्थे काशीखण्डे पूर्वार्धे भाषायां शिवशर्मा-
परमलाभवर्णनं नाम चतुर्विंशतितमोऽध्यायः ॥ २४ ।

॥ अथ पञ्चविंशोऽध्यायः ॥

व्यास उवाच—

शृणु सूत प्रवक्ष्यामि कथां कलशजन्मनः।
यामाकर्ण्य नरो भूयाद्विरजा ज्ञानभाजनम् ॥ १ ।
गिरिं प्रदक्षिणीकृत्य श्रीसंज्ञं कलशोद्भवः।
सपत्नीको ददर्शाऽथ रम्यं स्कन्दवनं महत् ॥ २ ।
सर्वर्तुकुसुमाढ्यं च रसवत्फलपादपम् ।
सुसेव्यकन्दमूलाढ्यं सुवल्कलमहीरुहम् ॥ ३ ।

पञ्चाधिकतमे विंशेऽध्याये कलशजन्मनः।
वर्ण्यतेऽत्र सभार्यस्य शिखिवाहनदर्शनम् ॥ १ ।

एवं तावत् प्रथमतोऽध्यायत्रयेण वृन्दारकहिरण्यगर्भसंवादद्वारेण काशीमाहात्म्यं मनाक् प्रपञ्च्य ततोऽप्यगस्त्यमहालक्ष्मीलोपामुद्रासंवादद्वारेणाधिकतरं प्रपञ्च्य ततोऽप्यगस्त्यकार्तिकेयसंवादेनाधिकतमं प्रपञ्चयितुमुपक्रमते। **शृण्विति**। विरजा विगतरजोगुणः शुद्धसत्त्व इत्यर्थः ॥ १ ।

गिरिमिति। कलशोद्भवः कुम्भसम्भवः कार्तिकेयवनं दृष्टवान्। तत्र च वने षडाननमद्राक्षीदित्यग्रिमेणाऽन्वयः ॥ २ ।

गिरिं विशिनष्टि चतुर्भिः। **सर्वेति**। सौगन्धिकानां कन्दः शालूकं मूलमिति यावत्। तद्व्यतिरिक्तमन्यन्मूलम्। यद्वा कन्दो वर्तुलाकार-आर्द्रकहरिद्रासूरणादिः। मूलमधः सूक्ष्ममुपरि विस्तृताकारं मूलकादिताभ्यामाढ्यम् ॥ ३ ।

(अगस्त्य को कार्तिकेय का दर्शन)

व्यासजी ने कहा—

हे सूत! श्रवण करो, मैं कुंभयोनि अगस्त्य ऋषि की कथा-कीर्तन करता हूँ, जिसे सुनकर मनुष्य रजोगुण से रहित और ज्ञान का भाजन हो जाता है ॥ १ ।

पत्नी के सहित अगस्त्य मुनि ने श्रीशैल की प्रदक्षिणा कर विशाल और परम-रम्य स्कन्दवन का दर्शन पाया ॥ २ ।

यह वन सर्वदा सब ऋतुओं के पुष्पों से हरा-भरा सरसफलपूर्ण वृक्षों से युक्त सुखपूर्वक सेवनयोग्य कन्दमूलों से परिपूर्ण एवं कोमल वल्कलवाले वृक्षों से व्याप्त रहता है ॥ ३ ।

निवीतश्वापदगणं ससरित्पल्वलावृतम् ।
स्वच्छगम्भीरकासारं सारं सर्वभुवः परम् ॥ ४ ॥
नानापतत्रिसंघुष्टं नानामुनिजनोषितम् ।
तपः सङ्केतनिलयमिवैकं सम्पदाम्पदम् ॥ ५ ॥
लोहितो नाम तत्रास्ति गिरिः स्वर्णगिरिप्रभः ।
सुकन्दरप्रस्रवणः स्वसानुशिखरप्रभः ॥ ६ ॥
कैलासस्यैकशकलं कर्मभूमाविहागतम् ।
तपस्तप्तुमिव प्रोच्चैर्नानाश्चर्यसमन्वितम् ॥ ७ ॥

नितरां वीतो गतः श्वापदानां हिंस्रस्वभावानां व्याघ्रादीनां गणो यत्र तत्तथा। विनीतेति पाठे विनीतस्त्यक्तक्रौर्यः श्वापदानां गणो यत्र तत्तथा। सरिद्भिः सहितानि यानि पल्वलान्यल्पोदकसरांसि तैरावृतम्। स्वच्छानि निर्मलानि गम्भीराण्यगाधानि सरोवराणि यस्मिंस्तत्स्वच्छगम्भीरकासारम् ॥ ४ ॥

तपःसङ्केतनिलयं तपसो रहस्यस्थानमिवेत्युत्प्रेक्षा। एकं मुख्यम् ॥ ५ ॥

किञ्च **लोहितो** लोहितगिरिरिति दक्षिणायां प्रसिद्धः पर्वतस्तत्र वनेऽस्ति। स्वर्णगिरिप्रभः सुमेरुरिव सुन्दरः। शोभनाः कन्दरादर्यः प्रस्रवणानि च निर्झरा यत्र सः। सानवः प्रस्थाः पर्वतैकदेशसमभागाः। शिखराणि शृङ्गाणि। स्वानां स्वसम्बन्धिनां सानुशिखराणामेभिर्वा प्रभा शोभा यत्र सः। सु इति क्वचित्। सुसानुशिखरीत्यन्यत्र ॥ ६ ॥

एकशकलमेकखण्डं इह वने उच्चैर्यथा स्यात्तथा तपस्तप्तुमागतमिवेत्युत्प्रेक्षा ॥ ७ ॥

जो वन हिंसक जन्तुओं से रहित, नदी-तडागादि के सहित एवं स्वच्छ और गंभीर पोखरों से व्याप्त समस्त भूतल का उत्तम सारस्वरूप है, जो नानाविध पक्षि-गणों से निनादित, अनेक मुनिजन का निवास-स्थान, मानो तपस्या के संकेत का गृह और सर्वसंपत्तियों का एकमात्र आश्रय है ॥ ४-५ ॥

उसी स्थान पर सुवर्णगिरि के समान लोहित नामक एक पर्वत है, जिसकी कन्दरा, झरना, सानु और शिखर सभी मनोहर हैं, मानो कैलाश पर्वत का एक ऊँचा शृंग (खंड) अनेक आश्चर्यकर वस्तुओं के सहित इस कर्मभूमि में तपस्या करने के ही निमित्त आ गया है ॥ ६-७ ॥

तत्राद्राक्षीन्मुनिश्रेष्ठोऽगस्त्यः साक्षात् षडाननम् ।
प्रणम्य दण्डवद्भूमौ सपत्नीको महातपाः ॥ ८ ॥
तुष्टाव गिरिजासूनुं सूक्तैः श्रुतिसमुद्भवैः ।
तथा स्वकृतया स्तुत्या प्रबद्धकरसम्पुटः ॥ ९ ॥

अगस्तिरुवाच—

नमोऽस्तु वृन्दारकवृन्दवन्द्यपादारविन्दाय सुधाकराय ।
षडाननायाऽमितविक्रमाय गौरीहृदानन्दसमुद्भवाय ॥ १० ॥

साक्षाद् ब्रह्म । यत्साक्षादपरोक्षाद् ब्रह्मेति श्रुतेः । तदेव षडाननम् । भक्तानुजिघृक्षया गृहीतलीलाशरीरमित्यर्थः ॥ ८ ॥

सगुणाऽगुणभेदेन भक्त्या परमया [1]मुदा ।
पद्यैरष्टाभिरस्तौषीदगस्त्यो गिरिजासुतम् ॥

षडाननाय नमोऽस्त्वित्यन्वयः । षडाननं विशिनष्टि । वृन्दारकेत्यारभ्येत्थमित्यतः प्राक्तनेन ग्रन्थेन । वृन्दारकवृन्दैर्देवसमूहैर्वन्द्येऽभिवन्द्ये पादारविन्दे चरणकमले यस्य तस्मै । सुधाकरायाऽमृताब्धये परमानन्दायेत्यर्थः । **'स एष परमानन्दः'** इत्यादि श्रुतेः । षडाननाय षण्णामृतूनामाननं प्रापणं येन तस्मै संवत्सरादिकालरूपायेत्यर्थः । षण्मुखायेति वा । अमितविक्रमायाऽनन्तपराक्रमायेत्यर्थः । गौरी ब्रह्मविद्या निर्मलत्वात्तया हृदानन्दस्य हृदयाभिव्यङ्ग्यानन्दस्य समुद्भवो यस्माद् बुद्धिवृत्त्यभिव्यङ्गत्वात् तस्मै । तथा च श्रुतिः—**'दृश्यते त्वग्र्यया बुद्ध्या सूक्ष्मया सूक्ष्मदर्शिभिः'** इति । पार्वत्या हृदयाह्लादजनकायेति वा ॥ १० ॥

वहाँ पर मुनिवर अगस्त्य ने साक्षात् षण्मुख स्कन्द-भगवान् का दर्शन पाया, तब वे महातपस्वी पत्नी के सहित भूमि पर दण्डवत् प्रणाम कर, दोनों हाथों को जोड़ वेदोक्त सूक्तों से तथा निजनिर्मित स्तुतियों के द्वारा गिरिजासुवन कार्तिकेय की स्तुति करने लगे ॥ ८-९ ॥

अगस्त्य बोले—

देवतागण के वन्दनीय चरणकमल, सुधाकर के समान परमानन्दकर, अपरिमित पराक्रम, गौरी के हृदयानन्दजनक षण्मुख-देव को नमस्कार है ॥ १० ॥

---

१. युत इति क्वचित्पाठः ।

नमोऽस्तु तुभ्यं प्रणतार्तिहन्त्रे कर्त्रे समस्तस्य मनोरथानाम् ।
दात्रे रथानां परतारकस्य हन्त्रे प्रचण्डासुरतारकस्य ॥ ११ ॥
अमूर्तमूर्ताय सहस्रमूर्तये गुणाय गुण्याय परात्पराय ।
अपारपाराय परापराय नमोऽस्तु तुभ्यं शिखिवाहनाय ॥ १२ ॥
नमोऽस्तु ते ब्रह्मविदाम्बराय दिगम्बरायाऽम्बरसंस्थिताय ।
हिरण्यवर्णाय हिरण्यबाहवे नमो हिरण्याय हिरण्यरेतसे ॥ १३ ॥

प्रणतानां भक्तानां वा आर्तिहन्त्रे संसारदुःखनाशकाय। समस्तभक्तवृन्दस्य मनोरथानां मनोऽभिलषितानां धर्मार्थकाममोक्षाणां कर्त्रे सम्पादयित्रे। परतारकस्य परवञ्चकस्य रथानां मनोरथानां दात्रे खण्डयित्रे। नतानामिति पाठे नतानां समस्तस्य प्रपञ्चस्य कर्त्रे छेदकायेति व्याकर्तव्यम्। परतारकस्य प्रचण्डस्याऽसुरस्य तारकस्य हन्त्रे नाशयित्रे, अथवा परं प्रतारकं ज्ञानं प्रणवरूपं षडक्षररामन्त्रराजरूपं वा नतानां तद्दात्रे। शेषं पूर्ववत् ॥ ११ ॥

अमूर्तमूर्ताय अमूर्ते वाय्वाकाशे, मूर्तानि पृथिव्यप्तेजांसि। **मूर्तञ्चामूर्तञ्चेति** श्रुतेः। तद्रूपायापञ्चीकृतभूतपञ्चकात्मकहिरण्यगर्भायेत्यर्थः। सहस्रमूर्तये पञ्चीकृतभूतपञ्चकात्मकविराड्रूपायेत्यर्थः। गुणाय रजःसत्त्वतम आत्मकायाकारप्रश्लेषं विना। अगुणाय निर्गुणायेति वा। गुण्याय गुणेभ्यो हितं गुण्यं प्रधानं तस्य त्रिगुणात्मकत्वात् तद्रूपाय। गुणाग्रगण्यायेति पाठे गुणा एव गण्या यस्य तस्मै निर्दोषायेत्यर्थः। परात्पराय प्रधानादपि श्रेष्ठाय दूरायेति वा। **'प्रधानात्परतः परः'** इति श्रुतेः। अपारोऽगम्यः पारोऽवधिर्यस्य स तथा तस्मै। अपरिच्छिन्नायेत्यर्थः। अपारा जीवास्तान् ज्ञानदानेन पारयतीत्यपारपारस्तस्मा इति वा। परापराय मायया कार्यकारणरूपाय। शिखिवाहनाय मयूररथाय ॥ १२ ॥

ब्रह्मविदांवराय तत्त्वज्ञानिनामादिगुरवे। दिगम्बराय दिग्वाससे। अम्बरसंस्थितायाकाशवासाय। यद्वाऽम्बरसंस्थिताय अम्बरशरीरत्वेन स्थिताय। **'आकाशशरीरं ब्रह्मेति'** श्रुतेः। हिरण्यवर्णाय स्वर्णकान्तये। तथा चोक्तम्—

प्रणत-जनों के दुःख-विघातक, समस्त मनोरथों के सम्पादक, परवंचकों को बेंत लगाने वाले, प्रचण्ड तारकासुर के घातक (नाशक) आपको नमस्कार है ॥ ११ ॥

अमूर्तमूर्त-पंचभूतस्वरूप, सहस्रमूर्ति विराट्रूप, सत्त्वरजस्तमोगुणत्रयात्मक, प्रशस्तगुणान्वित, श्रेष्ठों के प्रधान, अगम्यसीमा, माया के द्वारा कार्यकारणरूप, मयूरवाहन आपको नमस्कार है ॥ १२ ॥

ब्रह्मज्ञानियों में सर्वश्रेष्ठ, दिगम्बर आकाशसंस्थित, सुवर्णवर्ण, सुवर्णभूषितबाहु, स्वयं हिरण्यस्वरूप, हिरण्यरेता आपको नमस्कार है ॥ १३ ॥

तपःस्वरूपाय तपोधनाय तपः फलानां प्रतिपादकाय ।
सदा कुमाराय हि मारमारिणे तृणीकृतैश्वर्यविरागिणे नमः ।। १४ ।
नमोऽस्तु तुभ्यं शरजन्मने विभो प्रभातसूर्याऽरुणदन्तपङ्क्तये ।
बालाय चाबालपराक्रमाय षाण्मातुरायाऽलमनातुराय ।। १५ ।

ध्येयः सदा सवितृमण्डलमध्यवर्ती नारायणः सरसिजासनसन्निविष्टः ।
केयूरवान् मकरकुण्डलवान् किरीटी हारी हिरण्मयवपुर्धृतशङ्खचक्रः ।। इति ।

हिरण्यबाहवे हिरण्यानि स्वर्णमयानि केयूरादीनि बाहुषु हस्तादिषु यस्य तस्मै । हिरण्याय स्वर्णरूपाय । शुद्धसत्त्वात्मकायेति वा । हिरण्यं रेतो यस्य तस्मै अग्निस्वरूपाय रुद्ररूपाय वेत्यर्थः । तथा च भागवते—

यत्र यत्राऽपतन्मह्यां रेतस्तस्य महात्मनः ।
तानि रूप्यस्य हेम्नश्च क्षेत्राण्यासन्महीपते ।। इति ।। १३ ।

तपःस्वरूपाय साक्षात्तपोरूपाय । तपोधनाय तप एव धनमैश्वर्यं यस्य तस्मै । तपोधनानां तपसः फलानां प्रतिपादकाय प्रपादकाय । सदा कुमाराय सर्वदा पञ्चषडब्दार्भकरूपाय । हि प्रसिद्धौ । सनत्कुमारायेति वा । मारमारिणे कामजेत्रे एतत्तु कल्पभेदाऽभिप्रायेण बोद्धव्यम् । देवसेनाया गन्धर्वकन्याया वनपर्वणि परिणेतृत्वदर्शनाद् गुहस्य । वैष्णवे च—'श्रीर्देवसेनामैत्रेय देवसेनापतिर्हरिरिति' यद्वा ब्रह्मणो वरदानात् सदा कुमारत्वम् । तदुक्तं स्कान्दे—

पुत्रस्ते भविता देवि महायोगबलान्वितः ।
सदा बालोऽथ सुभगो धर्मज्ञो धर्मवत्सलः ।। इति ।

मारयन्तीति मारा दुष्टास्तेषां मारिण इति वा । माररूपिण इति पाठे कोटिकन्दर्पसुभगायेत्यर्थः । तृणीकृतमैश्वर्यं येन विरागोऽस्यास्तीति विरागी स च तस्मै ।। १४ ।

शरजन्मने शरस्तम्बोत्पत्तये । शरस्तम्बे निक्षिप्ताद् भवयोर्वीर्यात् कार्तिकेयस्य जन्मेति प्रसिद्धम् । प्रभातसूर्यारुणदन्तपङ्क्तये प्रातःकालीनसूर्यसदृशदन्तराजये । बालाय बालवत्प्रतीयमानाय । [1]अथवाऽबालपराक्रमाय अः विष्णुः स चासौ बालश्चेत्यबालः श्रीकृष्णरामवामनादिस्तस्येव पराक्रमो यस्य तस्मै । प्राकृतं व्याख्यानं स्पष्टम् । षण्णां कृत्तिकानां मातॄणामपत्यं षाण्मातुरः, तस्मै । अलमनातुरायाऽत्यन्तदक्षाय ।। १५ ।

तपस्या की मूर्ति, तपोधन, तपश्चर्याफलों के प्रतिपादक, सर्वदा (पाँच-छः वर्ष के) कुमार, कामदेव के विजयी एवं तृणीकृत ऐश्वर्य होने से परम विरागी आपको नमस्कार है ।। १४ ।

हे विभो ! शरवण में (सरपत के वन में) जन्म ग्रहण करने वाले, प्रभातसूर्य के समान अरुणवर्ण दन्तपंक्ति से शोभित, बालस्वरूप, विशाल-पराक्रमशील, अत्यन्त अनातुर (दक्ष), षाण्मातुर आपको नमस्कार है ।। १५ ।

---

१. यथाश्रुतार्थस्य स्पष्टत्वादर्थान्तरमाह ।

मीढुष्टमायोत्तरमीढुषे नमो नमो गणानां पतये गणाय ।
नमोऽस्तु ते जन्मजरातिगाय नमो विशाखाय सुशक्तिपाणये ॥ १६ ।
सर्वस्य नाथस्य कुमारकाय क्रौञ्चारये तारकमारकाय ।
स्वाहेय गाङ्गेय च कार्तिकेय शैवेय तुभ्यं सततं नमोऽस्तु ॥ १७ ।
इत्थं परिष्टुत्य स कार्तिकेयं नमो नमस्त्वित्यभिभाषमाणः ।
द्विस्त्रिः परिक्रम्य पुरो विवेश स्थितो मुनीशोपविशेति चोक्तः ॥१८।

मीढुष्टमाय सकामेषु फलसेचनकर्तृणां मध्ये श्रेष्ठाय । उत्तरमीढुषे भाविफलानां दात्रे । गणानां रुद्रपार्षदानां देवसेनानां वा पतये स्वामिने । जन्मजरे अतिक्रम्य गच्छतीति जन्मजरातिगस्तस्मै षड्भावविकाररहितायेत्यर्थः । विशाखाय विशाखो नाम कुमारस्याऽनुजस्तस्मै । तथा च वैष्णवे—

अग्निपुत्रः कुमारस्तु शरस्तम्बे व्यजायत ।
तस्य शाखो विशाखश्च नैगमेयश्च पृष्ठजः ॥ इति ।

सुशक्तिपाणये शोभना शक्तिरस्त्रविशेषः पाणौ यस्य तस्मै ॥ १६ ।

सर्वस्य नाथस्येति व्यधिकरणे षठ्यौ । विश्वनाथस्याऽपत्यायेत्यर्थः ॥ १७ ।

इत्थमिति । सोऽगस्त्य इत्थं पूर्वोक्तप्रकारेण परिष्टुत्य स्तुत्वा नमो नम इत्यभिभाषमाणः । तुशब्दो भक्तिश्रद्धाऽतिशयद्योतनार्थः । द्विस्त्रिः परिक्रम्य पञ्चवारान् प्रदक्षिणीकृत्य पुरः स्थितः पश्चाद्धे मुनीश उपविशेति कुमारेणोक्तः सन् विवेश चेत्यर्थः ॥ १८ ।

कामनावालों के फलदायकों में श्रेष्ठ, भाविफलों के दाता आपको नमस्कार है। गणों के अधिपति, गणस्वरूप आपको नमस्कार है, जन्म एवं जरा से रहित आपको नमस्कार है, सुन्दर शक्ति से शोभितपाणि, विशाखमूर्ति आपको नमस्कार है ॥ १६ ।

सर्व (विश्व) नाथ के कुमार (कुँवर), क्रौंच के शत्रु, तारकासुर के निहन्ता, स्वाहा के पुत्र, गंगा के सुत, पार्वती के नन्दन आपको निरन्तर नमस्कार है ॥ १७ ।

अगस्त्य मुनि इस रीति से कार्तिकेय की स्तुति कर "नमो नमोऽस्तु" कहते हुए दो तीन (पांच) बार परिक्रमा करके सन्मुख खड़े हो गये, फिर कुमार के "हे मुनीश ! बैठो" ऐसा कहने पर जा बैठे ॥ १८ ।

कार्तिकेय उवाच—

क्षेमोऽस्ति कुम्भजमुने त्रिदशैकसहायकृत् ।
जाने त्वामिह सम्प्राप्तं तथा विन्ध्याचलोन्नतिम् ॥ १९ ॥
अविमुक्ते महाक्षेत्रे क्षेमं मन्त्र्यक्षेण रक्षिते ।
यत्र क्षीणायुषां साक्षाद् विरूपाक्षोऽस्ति मोक्षदः ॥ २० ॥
भूर्भुवः स्वस्तले वाऽपि न पातालतले मलम् ।
नोर्ध्वलोके मया दृष्टं तादृक् क्षेत्रं क्वचिन्मुने ॥ २१ ॥
अहमेकचरोऽप्यत्र तत्क्षेत्रप्राप्तये मुने ।
तप्ये तपांसि नाऽद्याऽपि फलेयुर्मे मनोरथाः ॥ २२ ॥

अग्रे काशीमाहात्म्यकथनविश्वासाय कुशलप्रश्नपूर्वकं त्वत्प्राप्त्यादिकं सर्वज्ञतया जानामीत्याह **क्षेमोऽस्तीति** । हे त्रिदशैकसहायकृत् ॥ १९ ॥

ननु काश्याः कुशलं त्यक्त्वा किमिति ममैव कुशलं पृच्छ्यते तत्राह । **अविमुक्त इति** । क्षेम क्षेममेव । तत्र हेतुः त्र्यक्षेणेति । त्र्यक्षीशेति पाठे त्र्यक्षश्चासौ ईशश्चेति त्र्यक्षीशः । अदन्तताभावश्छान्दसः । किञ्च कुशलस्य का वार्ता मोक्षोऽपि यत्राऽतिसुलभ इत्याह । यत्रेति ॥ २० ॥

अत एव क्वचिदपि भूर्भुवःस्वस्तलादौ तादृक् क्षेत्रं मयाऽन्विष्यताऽपि न दृष्टम् । तव तु मननशीलत्वादेव दर्शनाभावः सम्भाव्यत इति सूचयति । **हे मुने इति** । यादृगिति पाठे यादृगिदं क्षेत्रं तादृक् क्षेत्रं कुत्राऽपि न दृष्टमित्यर्थः ॥ २१ ॥

काश्यां कृतवासत्वात्त्वं मत्तोऽपि श्रेष्ठ इत्याशयेनाह । **अहमेकेति** ॥ २२ ॥

कार्तिकेय बोले—

देवताओं के एकमात्र सहायक कुंभजमुने ! क्षेम है ? विन्ध्याचल की उन्नति और इसी कारण से तुम्हारा यहाँ का आगमन मैं जानता हूँ ॥ १९ ॥

त्रिलोचन के परिपालित अविमुक्त-क्षेत्र का कुशल क्या पूछूं ? क्योंकि जहाँ पर आयुष्य बीतने पर साक्षात् विरूपाक्ष ही मोक्ष के भी दाता हैं (तो वहाँ सदैव कुशल ही है) ॥ २० ॥

हे मुने ! भूलोक, भुवर्लोक, स्वर्लोक, पातालतल और ऊर्ध्वलोक में भी मैंने वैसा क्षेत्र कहीं भी नहीं देखा ॥ २१ ॥

हे ऋषे ! मैं यहाँ पर एकचर होकर उसी क्षेत्र के प्राप्त्यर्थ तपस्या कर रहा हूँ, पर आज तक मेरे मनोरथ सफल नहीं हुए ॥ २२ ॥

न तत्पुण्यैर्न तद्दानैर्न तपोभिर्न तज्जपैः ।
न लभ्यं विविधैर्यज्ञैर्लभ्यमैशादनुग्रहात् ॥ २३ ।
ईश्वराऽनुग्रहादेव काशीवासः सुदुर्लभः ।
सुलभः स्यान्मुने नूनं न वै सुकृतकोटिभिः ॥ २४ ।
अन्यैव काचित्सा सृष्टिर्विधातुर्याऽतिरेकिणी ।
न तत्क्षेत्रगुणान् वक्तुमीश्वरोऽपीश्वरो यतः ॥ २५ ।
अहो मतेः सुदौर्बल्यमहो भाग्यस्य दौर्विधम् ।
अहो मोहस्य माहात्म्यं यत्काशीह न सेव्यते ॥ २६ ।
शरीरं जीर्यते नित्यं संजीर्यन्तोन्द्रियाण्यपि ।
आयुर्मृगो मृगयुना कृतलक्ष्यो हि मृत्युना ॥ २७ ।

तत्क्षेत्रम् ॥ २३ ।

ईश्वरेति । सुदुर्लभोऽपि काशीवास ईश्वराऽनुग्रहादेव सुलभः स्यादित्यर्थः ॥ २४ ।

अन्यैवेति । विधातुर्याऽतिरेकिणी हिरण्यगर्भस्य सृष्टेर्या भिन्नेत्यर्थः । अतिकारिणीति पाठेऽधिकेत्यर्थः ॥ २५ ।

तर्ह्येतादृक् क्षेत्रं किमिति सर्वैर्न सेव्यते तत्राह । अहो इति । अहो इति खेदे । दौर्बल्यं मान्द्यम् । दौर्विधं कुत्सितत्वम् । माहात्म्यं धाष्ट्र्यम् ॥ २६ ।

ननु तथापि वृद्धावस्थायामेव काशी सेव्या न मरणस्यानियतत्वादित्याह । शरीरमिति त्रिभिः । आयुरेव मृगः स मृत्युना मृगयुना लुब्धकेन कृतलक्ष्यः कृतश्चासौ लक्ष्यश्चेति तथा लक्षीकृत इत्यर्थः ॥ २७ ।

वह क्षेत्र पुण्य, दान, तप, जप और विविध यज्ञादिकों से कभी नहीं प्राप्त होता, वह तो केवल ईश्वर के अनुग्रह होने पर ही मिलता है ॥ २३ ।

हे मुने ! अतिदुर्लभ काशीवास एकमात्र विश्वेश्वर की दया होने पर ही सुलभ हो पाता है, नहीं तो कोटिशः सुकृत करने पर भी निश्चय नहीं मिलता ॥ २४ ।

वह तो ब्रह्मा की सृष्टि से भिन्न दूसरी ही कोई सृष्टि है; क्योंकि स्वयं ईश्वर भी उस क्षेत्र के गुण-कथन में समर्थ नहीं हैं ॥ २५ ।

अहो कैसी बुद्धि को दुर्बलता है ? कैसी भाग्य की दुर्विधता है ? कैसा मोह का माहात्म्य है ? जो काशी का सेवन नहीं बन पड़ता ॥ २६ ।

यह शरीर तो नित्य ही जीर्ण हुआ जाता है, पर इन्द्रियाँ उसके भी पूर्व जीर्णता को प्राप्त हो जाती हैं; फिर यह आयुष्यरूपी मृग मृत्युरूपी व्याध का लक्ष्य बन ही चुका है ॥ २७ ।

सापदं सम्पदं ज्ञात्वा सापायं कायमुच्चकैः ।
चपलाचपलं चायुर्मत्वा काशीं समाश्रयेत् ॥ २८ ।
यावन्नैत्यायुषश्चान्तस्तावत्काशी न मुच्यते ।
कालः कलालवस्याऽपि संख्यातुं नैव विस्मरेत् ॥ २९ ।
जरानिकटनिक्षिप्ता बाधन्ते व्याधयो भृशम् ।
तथापि देहो नानेहो नाहो काशीं समोहते ॥ ३० ।
तीर्थस्नानेन जप्येन परोपकरणोक्तिभिः ।
विनाऽर्थं लभ्यते धर्मो धर्मादर्थः स्वयं भवेत् ॥ ३१ ।
विनैवाऽर्थार्जनोपायं धर्मादर्थो भवेद्ध्रुवम् ।
अतोऽर्थचिन्तामुत्सृज्य धर्ममेकं समाश्रयेत् ॥ ३२ ।

चपलाचपलं विद्युदिवाऽस्थिरम् ॥ २८ ।

न च काशीं प्राप्य पुनरपि कुत्रचिद् गन्तव्यमित्याह । **यावदिति** ॥ २९ ।

एवं मरणस्यानियतत्वाद् बालकावस्थायामेवाऽविमुक्तमाश्रयणीयमित्युक्तं पूर्वमिदानीं वृद्धावस्थायामपि ये काशीं न समाश्रयन्ति तेऽतिमन्दा इत्याह । **जरेति** । नानेहो नानाव्यापारवान् सन् । अहो खेदे ॥ ३० ।

नन्वर्थस्य धर्महेतुत्वात्तदीहां परित्यज्य किमिति काश्येवाश्रयणीया तत्राह । **तीर्थेति** ॥ ३१ ।

धर्मादर्थः स्वयं भवेदित्येतद् विवृण्वन् उपसंहरति । **विनैवेति** । तदुक्तं भारतसावित्र्याम्—

ऊर्ध्वबाहुर्विरौम्येष न च कश्चिच्छृणोति मे ।
धर्मादर्थश्च कामश्च स किमर्थं न सेव्यते ॥ इति ॥ ३२ ।

तब संपत्ति को आपत्ति से युक्त, एवं इस काय को अपायग्रस्त, और आयु को चपला के समान चंचल जानकर (चाहिए कि) काशी का आश्रयण करे ॥ २८ ।

जब तक आयु का अन्त न हो, तब तक कभी काशी को न छोड़े; क्योंकि काल कला के लवमात्र समय की भी गिनती करने में नहीं चूकता ॥ २९ ।

व्याधियाँ जरा के निकट निक्षेप करके अत्यन्त पीड़ा दे रही हैं, तो भी शरीर अनेक प्रकार के व्यापार ही में लगा रहता है, पर काशी सेवन नहीं करता ॥ ३० ।

तीर्थस्थान, जप और परोपकारक वचनों के द्वारा बिना अर्थ के ही धर्म होता है और धर्म से अर्थ तो स्वयं होता ही है ॥ ३१ ।

अर्थ के उपार्जनोपाय के विना भी धर्म से ही अर्थ निश्चय होता है, इसलिये अर्थ की चिन्ता को छोड़कर एकमात्र धर्म का ही आश्रय लेना चाहिए ॥ ३२ ।

धर्मादर्थोऽर्थतः कामः कामात्सर्वसुखोदयः ।
स्वर्गोऽपि सुलभो धर्मात् काश्येका दुर्लभा परम् ॥ ३३ ।
उपायत्रयमेवाऽत्र स्थाणुर्निर्वाणकारणम् ।
शर्वाण्यग्रे बभाणाद्धा परिनिर्णीय सर्वतः ॥ ३४ ।
पूर्वं पाशुपतो योगस्ततस्तीर्थं सिताऽसितम् ।
ततोऽप्येकमनायासमविमुक्तं विमुक्तिदम् ॥ ३५ ।
श्रीशैलहिमशैलाद्या नानान्यायतनानि च ।
त्रिदण्डधारणं चाऽपि संन्यासः सर्वकर्मणाम् ॥ ३६ ।

ननु तर्हि धर्म एव यत्र कुत्राऽप्यनुष्ठेयस्तत एव काश्याप्तिरपि सेत्स्यतीति तत्राह । **धर्मादिति** । परं केवलम् ॥ ३३ ।

